॥ ओ३म् ॥

प्रियं मा कृणु देवेषु प्रियं राजसु मा कृणु ।
प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये ॥ १ ॥

अथर्व० का० १९ सू० ६२ म० १ ॥

प्रिय मोहि करौ देव, तथा राज समाज में ।
प्रिय सब दृष्टि वाले, औ शूद्र और अर्य में ॥

अथर्ववेदस्य गोपथब्राह्मणम् ॥

आर्यभाषायामनुवाद-भावार्थादिसहितं

संस्कृते व्याकरणनिरुक्तादिप्रमाणसमन्वितं च ।

श्रीमद्राजाधिराजप्रथितमहागुणमहिमधीर-वीर-चिरप्रतापि-श्री
सयाजीरावगायकवाडाधिष्ठित बड़ोदेपुरीगतश्रावणमास-
दक्षिणापरीक्षायाम् ऋक्सामाथर्ववेदभाष्येषु
लब्धदक्षिणेन

श्री पण्डित क्षेमकरणदासत्रिवेदिनाथर्ववेदभाष्यकारेण

निर्मितं प्रकाशितं च ।

Make me beloved among the Gods,
beloved among the Princes, make
Me dear to every one who sees,
to Sudra and to Aryanman.
Griffith's Trans. Atharva 19 : 62 : 1.

अयं ग्रन्थः पाण्डेय बदरीप्रसाद शर्म्म प्रबन्धेन
प्रयागनगरे नारायणयन्त्रालये मुद्रितः ।

सर्वाधिकारः स्वाधीन एव भाष्यकारेण रक्षितः ।

प्रथमावृत्तौ १००० पुस्तकानि } संवत् १९८१ वि० सन् १९२४ ई० } मूल्यम् ७।)

पता—पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी, ५२, लूकरगंज प्रयाग (Allahabad).

॥ ओ३म् ॥

नया आनन्द समाचार ॥

पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी कृत वैदिक ग्रन्थ ॥

(अथर्ववेदभाष्य और गोपथब्राह्मण भाष्य पूरे छप गये ।)

१–अथर्ववेदभाष्य–अथर्ववेद का अर्थ अब तक यहां की किसी भाषा में न था और संस्कृत में भी सायण भाष्य पूरा नहीं है। अब परमात्मा की कृपा से इस वेद का हिन्दी और संस्कृत प्रामाणिक भाष्य बीसो काण्ड, विषय सूची, मन्त्र सूची, पद सूची आदि सहित २३ भागों में छप गया। छपाई उत्तम कागज़ देसी बढ़िया रायल अठपेजी, बोझ ६०० तोला (७॥ सेर), मूल्य ४७॥), वी० पी० व्यय ४॥।), पुस्तक थोड़े रहे हैं, ग्राहक महाशय शीघ्र मंगावें।

२–गोपथब्राह्मण भाष्य–गोपथ अथर्ववेद का ब्राह्मण है, इस प्राचीन वैदिक ग्रन्थ का अब तक न कोई संस्कृत भाष्य और न हिन्दी, अंग्रेज़ी आदि किसी भाषा में कोई अनुवाद था। अब परमेश्वर की कृपा से यह सम्पूर्ण ग्रन्थ हिन्दी और संस्कृत प्रामाणिक भाष्य, विषय सूची, मन्त्र सूची आदि सहित छप गया। छपाई उत्तम, कागज़ देसी सफ़ेद बढ़िया रायल अठपेजी। मूल्य ७।) वी० पी० व्यय ॥≡), पुस्तक थोड़े हैं, ग्राहक महाशय शीघ्र मंगावें ॥

३–हवनमन्त्राः–धर्म शिक्षा का उपकारी पुस्तक–चारों वेदों के संगृहीत मन्त्र ईश्वर स्तुति, स्वस्तिवाचन, शान्तिकरण, हवनमन्त्र, वामदेव्य-गान, सरल हिन्दी में शब्दार्थ सहित, गुरुकुलों, डी० ए० वी० कालिजों और स्कूलों में प्रचलित संशोधित ।–), डाक से ।=)

४–रुद्राध्यायः–प्रसिद्ध यजुर्वेद अध्याय १६(नमस्ते रुद्र मन्यव उतो त इषवे नमः) ब्रह्मनिरूपक अर्थ संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेज़ी में मूल्य।=), डाक से ॥)

५–रुद्राध्यायः–मूलमात्र बढ़िया रायल अठपेजी, पृष्ठ १४ मूल्य)॥ डाक से –)

६–वेदविद्यायें–कांगड़ी गुरुकुल में हिन्दी व्याख्यान। वेदों में विमान, नौका, अस्त्र शस्त्र, व्यापार, गृहाश्रम, अतिथि, सभा, ब्रह्मचर्य्यादि का वर्णन मूल्य –)॥, डाक से =)

मार्गशीर्ष शुक्ल ३ सं० १९८१,
१ दिसबर १९२४

पता–पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी
५२, लूकरगंज, प्रयाग।

Address—**Pt. Khem Karan Das Trivedi,**
52, LUKERGANJ, ALLAHABAD.

All rights reserved.

॥ ओ३म् ॥

प्रियं मा कृणु देवेषु प्रियं राजसु मा कृणु ।
प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये ॥ १ ॥

अथर्व० का० १९ सू० ६२ म० १ ॥

प्रिय मोहि करौ देव, तथा राज समाज में ।
प्रिय सब दृष्टि वाले, औ शूद्र और अर्य में ॥

अथर्ववेदस्य गोपथब्राह्मणम् ॥

आर्यभाषायामनुवाद-भावार्थादिसहितं

संस्कृते व्याकरणनिरुक्तादिप्रमाणसमन्वितं च ।

श्रीमद्राजाधिराजप्रथितमहागुणमहिमधीर-वीर-चिरप्रतापि-श्री
सयाजीरावगायकवाडाधिष्ठित बड़ोदेपुरीगतश्रावणमास-
दक्षिणापरीक्षायाम् ऋक्सामाथर्ववेदभाष्येषु
लब्धदक्षिणेन

श्री पण्डित क्षेमकरणदासत्रिवेदिनाथर्ववेदभाष्यकारेण

निर्मितं प्रकाशितं च ।

Make me beloved among the Gods,
beloved among the Princes, make
Me dear to every one who sees,
to Sudra and to Aryanman.

Griffith's Trans. Atharva 19 : 62 : 1.

अयं ग्रन्थः पाण्डेय बदरीप्रसाद शर्म्म प्रबन्धेन
प्रयागनगरे नारायणयन्त्रालये मुद्रितः ।

सर्वाधिकारः स्वाधीन एव भाष्यकारेण रक्षितः ।

प्रथमावृत्तौ १००० पुस्तकानि — संवत् १९८४ वि० / सन् १९२४ ई० — मूल्यम् ७।)

पता—पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी, ५२, लूकरगंज प्रयाग (Allahabad)

गोपथब्राह्मण भाष्य की विषय सूची ।

विषय	पृष्ठ
गोपथ ब्राह्मणभाष्य भूमिका ...	१
१–ईश्वर प्रार्थना ...	१
२–गोपथ ब्राह्मण क्या है ...	३
३–गोपथ के भाष्य करने में कठिनाई	४
४–गोपथ ब्राह्मण का विषय ...	५
५–गोपथ ब्राह्मण का विस्तार	६
६–धन्यवाद	६
७–उपसंहार	७
गोपथ ब्राह्मण का विषय सूचीपत्र	८
भाष्यकार का चित्र ...	२०
गोपथ ब्राह्मण भाष्य ...	१
गोपथ ब्राह्मण भाष्य में वेद-मन्त्र ब्राह्मण वचन की वर्णानुक्रमण सूची ...	६७३

सङ्केत सूची ।

सङ्केत — सङ्केत विषय

अ०, अथर्व०=अथर्ववेद, काण्ड, सूक्त, मन्त्र ।

उ०=उणादिकोष, पाद, सूत्र (स्वामी दयानन्द सरस्वती संशोधित) ।

ऋ० ऋग्०=ऋग्वेद, मण्डल, सूक्त, मन्त्र ।

ऐ० ब्रा०=ऐतरेय ब्राह्मण, पञ्चिका, कण्डिका ।

गो० ब्रा० उ०=गोपथ ब्राह्मण, उत्तर भाग, प्रपाठक, कण्डिका ।

गो० ब्रा० पू०=गोपथ ब्राह्मण पूर्वभाग, प्रपाठक, कण्डिका ।

निघ०=निघण्टु, अध्याय, खण्ड (यास्क मुनि कृत) ।

निरु०=निरुक्त, अध्याय, खण्ड (यास्क मुनि कृत) ।

पा०=पाणिनि व्याकरण–अष्टाध्यायी, अध्याय, पाद, सूत्र ।

य०, यजु०=यजुर्वेद, अध्याय, मन्त्र ।

श० क० द्रु०=शब्दकल्पद्रुम कोष, राजा राधाकान्त देव बहादुर विरचित ।

सा० वे० उ०=सामवेद, उत्तरार्चिक, प्रपाठक, अर्धप्रपाठक, सूक्त वा ऋच ।

सा० वे० पू०=सामवेद, पूर्वार्चिक, प्रपाठक, दशति, मन्त्र ।

( ), इस कोष्ठ में मूल ग्रन्थ के पद हैं ।

[ ], ऐसे कोष्ठ के शब्द व्याख्या वा अध्याहार हैं ।

॥ ओ३म् ॥

गोपथ ब्राह्मण भाष्य भूमिका ॥

१—ईश्वर प्रार्थना ॥

त्वं नं इन्द्रा भंरँ ओजो नृम्णं शंतक्रतो विचर्षणे ।
आ वीरं पृंतनाषहंम् ॥ १ ॥

मन्त्र १—३ अथर्व० २० । १०८ । १—३, ऋग्वे० ८ । ६८ [सायणभाष्य ८७] । १०–१२, साम० उ० ४ । २ । तृच १३ ॥

(शतक्रतो) हे सैकड़ों कर्म करने वाले ! (विचर्षणे) हे विविध प्रकार देखने वाले ! (इन्द्र) हे इन्द्र ! [बड़े ऐश्वर्य वाले जगदीश्वर] (त्वम्) तू (नः) हमारे लिये (ओजः) पराक्रम, (नृम्णम्) धन (आ) और (पृतना-सहम्) सङ्ग्राम जीतने वाले (वीरम्) वीर को (आ) भले प्रकार (भर) पुष्ट कर ॥ १ ॥

हे परमात्मन् ! आप के अनुग्रह से हम सैकड़ों शुभ कर्म करते हुये बलवान्, धनवान् और वीर पुरुषों वाले होवें ॥ १ ॥

त्वं हि नंः पिता वंसो त्वं माता शंतक्रतो बभूविंथ ।
अधा तेसुम्नमीमहे ॥ २ ॥

(वसो) हे बसाने वाले ! (शतक्रतो) हे सैकड़ों कर्मों वाले ! [परमेश्वर] (त्वम्) तू (हि) ही (नः) हमारा (पिता) पिता और (त्वम्) तू ही (माता) माता (बभूविथ) हुआ है, (अध) इस लिये (ते) तेरे (सुम्नम्) सुख को (ईमहे) हम मांगते हैं ॥ २ ॥

हे परमेश्वर ! आप सदा से सब सृष्टि के पालन और पोषण करने वाले हैं, हम आप से प्रार्थना करते हुये सैकड़ों उपकार करके सदा सुखी होवें ॥ २ ॥

त्वां शुष्मिन् पुरुहूत वाजयन्तुपं ब्रुवे शतक्रतो ।
स नो रास्व सुवीर्यम् ॥ ३ ॥

(शुष्मिन्) हे महाबली ! (पुरुहूत) हे बहुत प्रकार से बुलाये गये !

(शतक्रतो) हे सैकड़ों कर्म वाले ! [परमेश्वर] (वाजयन्तम्) बलवान् बनाने वाले (त्वाम्) तुझ को (उप) आदर से (ब्रुवे) मैं बुलाता हूं, (सः) सो तू (नः) हमें (सुवीर्यम्) बड़ा वीरपन (रास्व) दे ॥ ३ ॥

हे अनन्त बल जगदीश्वर ! आप कृपा करें जिस से हम महापराक्रमी और महापुरुषार्थी हो कर सदा आनन्द पावें ॥ ३ ॥

कृतं मे दक्षिणे हस्ते जयो मे सव्य आहितः ।
गोजिद् भूयासमश्वजिद् धनंजयो हिरण्यजित् ॥ ४ ॥

अथर्व० ७ । ५० । ८ ॥

[हे सर्वपोषक परमेश्वर !] (कृतम्) कर्म [वेदविहित व्यवहार] (मे) मेरे (दक्षिणे) दाहिने (हस्ते) हाथ में और (जयः) जीत (मे) मेरे (सव्ये) बायें [हाथ] में (आहितः) ठहरी हो । मैं (गोजित्) भूमि जीतने वाला, (अश्वजित्) घोड़े जीतने वाला, (धनंजयः) धन जीतने वाला और (हिरण्यजित्) तेज जीतने वाला (भूयासम्) रहूं ॥ ४ ॥

हे परमात्मन् ! आप ऐसी कृपा करें जिस से हम सदा वेदविहित कर्म में पुरुषार्थ के साथ आगे बढ़ते हुये संसार में सुखी रहें, और सुपात्र वीर होकर आप से आप की कृपा का दान लेवें ॥ ४ ॥

यत्रा सुहार्दः सुकृतो मदन्ति विहाय रोगं तन्वः स्वायाः ।
अश्लोणा अङ्गैरहुताः स्वर्गे तत्र पश्येम पितरौ च पुत्रान् ॥५॥

अथर्व० ६ । १२० । ३ ॥

(यत्र) जहां पर (सुहार्दः) सुन्दर हृदय वाले, (सुकृतः) सुकर्मी लोग (स्वायाः) अपने (तन्वः) शरीर का (रोगम्) रोग (विहाय) छोड़ कर (मदन्ति) आनन्द भोगते हैं । (तत्र) वहां पर (स्वर्गे) स्वर्ग [सुख] में (अश्लोणाः) बिना लंगड़े हुये और (अङ्गैः) अङ्गों से (अहुताः) बिना टेढ़े हुये हम (पितरौ) माता पिता (च) और (पुत्रान्) पुत्रों [सन्तानों] को (पश्येम) देखें ॥ ५ ॥

हे जगत्पिता परमेश्वर ! हम सब ब्रह्मचर्य आदि सेवन से वेदानुगामी सुकर्मी और नीरोग रहें और उस स्वर्ग में रह कर हम सब मिलकर प्रयत्न-पूर्वक स्थिर सुख पावें ॥ ५ ॥

२—गोपथब्राह्मण क्या है ॥

चार वेदों के चार ब्राह्मण हैं, ऋग्वेद का ऐतरेय, यजुर्वेद का शतपथ, सामवेद का साम, और अथर्ववेद का गोपथ। विदित नहीं है कि गोपथब्राह्मण के कौन कर्ता थे। यह पद तो तीन शब्दों से बना है, गो+पथ+ब्राह्मण, जिनकी सिद्धि इस प्रकार है—गमेर्डोः। उ० २। ६७। गम्लृ गतौ—जाना, जानना और पाना—डोप्रत्यय। पाने योग्य पदार्थ गो शब्द वाणी, भूमि, स्वर्ग, इन्द्रिय आदि का वाचक है। पथ गतौ—अच् प्रत्यय। पथ नाम मार्ग का है। बृंहेर्नोऽच्च। उ० ४। १४६। बृहि वृद्धौ—मनिन्, नकार का अकार और रत्व होकर ब्रह्मन् शब्द [ब्रह्म और ब्रह्मा] सिद्ध होता है फिर। तस्येदम्। पा० ४। ३। १२०। ब्रह्मन्—अण्। इस प्रकार ब्राह्मण [न० लिङ्ग] शब्द बना, जिस का अर्थ ब्रह्म परमेश्वर वा वेद का ज्ञान है। इस से गोपथब्राह्मणम् का यह अर्थ है—गो, वाणी अर्थात् वेद वाणी, भूमि अर्थात् पृथिवी का राज्य और स्वर्ग अर्थात् सुख पाने के मार्ग का ईश्वरीय वा वैदिक ज्ञान। अर्थात् इस ग्रन्थ के पढ़ने और विचारने से वेदों के पढ़ने, राज्य प्रबन्ध करने, और परम आनन्द पाने के लिये मनुष्य का पुरुषार्थ बढ़ता है ॥

भगवान् महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती जी वेदों की पठन पाठन विधि, ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका प्रथमबार पृष्ठ ३२० में इस प्रकार लिखते हैं—**मनुष्य लोग वेदार्थ जानने के लिये अर्थयोजना सहित व्याकरण, अष्टाध्यायी धातुपाठ उणादिगण गणपाठ और महाभाष्य, शिक्षा, कल्प, निघंटु निरुक्त, छन्द और ज्योतिष, ये छः वेदों के अङ्ग। मीमांसा, वैशेषिक, न्याय, योग, सांख्य और वेदान्त, ये छः शास्त्र जो वेदों के उपाङ्ग, अर्थात् जिन से वेदार्थ ठीक ठीक जाना जाता है। तथा ऐतरेय, शतपथ, साम और गोपथ, ये चार ब्राह्मण। इन सब ग्रन्थों को क्रम से पढ़ के अथवा जिन्हों ने उन सम्पूर्ण ग्रन्थों को पढ़ के जो सत्य सत्य वेद व्याख्यान किये हों उन को देख के वेद का अर्थ यथावत् जान लेवें**—इस लेख से प्रकट है कि वेदार्थ जिज्ञासुओं के लिये चारो ब्राह्मण महान् उपयोगी हैं जिन में से यह एक गोपथब्राह्मण है ॥

३—गोपथ के भाष्य करने में कठिनाई ॥

मेरे पास गोपथब्राह्मण के दो पुस्तक हैं, एक पं० राजेन्द्रलाल मित्र सम्पादित, छापा एशियाटिक सोसैटी कलकत्ता सन् १८७२ ईस्वी, दूसरा पं० जीवानन्द विद्यासागर सम्पादित छापा कलकत्ता सन् १८९१ ईस्वी। पं० राजेन्द्रलाल मित्र ने प्रयत्न करके हस्तलिखित पुस्तकों को मिलाकर अपना पुस्तक पहिले ही पहिले छपवाया, उस के पीछे पं० जीवानन्द का छपा। दोनों पुस्तकों में कुछ तो लेख प्रमाद और कुछ छापे की अशुद्धियां हैं। इस के अतिरिक्त ग्रन्थ के प्रयोगों में प्रायः आर्ष शैली है—जैसे (इषे त्वा) के स्थान पर (इखे त्वा—पू० १। २९), (सरसतायै) के स्थान पर (सरस्वतायै—उ० ४। १८), (पारुच्छेपी) के स्थान पर (पारुद्येपी-उ० ६। १), (कवीँरिच्छामि) के स्थान पर (कवां ऋच्छामि-उ० ६। २) इत्यादि इत्यादि। ऐसी अशुद्धियों और शैलियों के यथार्थ रूप वेद मन्त्रों और ऐतरेय ब्राह्मण से यथासम्भव मैं ने शुद्ध कर दिये हैं॥

एक और कठिनाई है कि अब तक इस ब्राह्मण का न तो कोई भाष्य और न कोई अनुवाद उपस्थित है। राजेन्द्रलाल मित्र ने इस के भाष्य के लिये बहुत प्रयत्न किया परन्तु न मिलने से उन्हों ने मूल मात्र ही यथासम्भव शोधकर छपा दिया। पं० राजेन्द्रलाल ने अपने गोपथब्राह्मण की भूमिका में और मौरिस ब्लूम्सफ़ील्ड साहिब ने अपने पुस्तक (The Atharva Veda and the Gopatha Brahmana by Maurice Bloomsfield) में अंगरेज़ी भाषा में कुछ टिप्पणियां दी हैं। वे किसी अंश में उपयोगी हैं। उन महाशयों को धन्यवाद है जिन्हों ने अपने अन्वेषण का फल प्रकाशित कर दिया है। मैं ने भी पुराने भाष्य और अनुवाद के लिये बहुत खोज किया, परन्तु कोई न मिला॥

जब मेरा अथर्ववेद भाष्य हिन्दी अनुवाद सहित पूरा होकर संवत् १९७८ विक्रमीय (सन् १९२१ ईस्वी) में छपकर प्रकाशित हो गया, बहुत से विद्वान् महाशयों ने अनेक पुस्तकों के भाष्य करने की ओर मेरा ध्यान आकर्षित किया, उन में गोपथ के लिये बहु सम्मति थीं, और मैं ने विचार कर कि यह प्राचीन वैदिक ग्रन्थ भी महान् उपयोगी है, इसी के लिये प्रयत्न किया। अपनी वृद्धावस्था के कारण मुझे ग्रन्थ के पूरे हो जाने की आशा न थी, परन्तु सर्वशक्तिमान् परमात्मा की महती कृपा से अब यह ग्रन्थ भाषानुवाद, टिप्पणियों, व्याकरण प्रक्रियाओं और विनियोगीय वेद मन्त्रों आदि सहित सर्वसाधारण के सामने छपकर उपस्थित है। सब विचारशील स्त्री पुरुष आत्मोन्नति करने और वेदार्थ

जानने में उस से लाभ उठावें। संस्कृत कोषों में वैदिक शब्द और ब्राह्मण शब्द बहुधा नहीं मिलते विद्वान् लोग इस ओर भी ध्यान देवें ॥

४—गोपथब्राह्मण का विषय ॥

गोपथब्राह्मण अथर्ववेद का ब्राह्मण कहा जाता है, परन्तु उस में यज्ञ करने के लिये चारों वेदों के मन्त्रों का विनियोग है। इस से विदित है कि ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद चार वेद संहिताओं के अलग अलग नाम हैं और चारो नाम एक दूसरे के भी बोधक हैं। और यह भी प्रकट है कि चारो वेदों का नाम अलग अलग करके तथा मिलाकर त्रयी वा त्रयी विद्या [कर्म, उपासना और ज्ञान] है। गोपथ पू० २। १८ में वर्णन है—(एष ह वै विद्वांत्सर्ववित् ब्रह्मा यद् भृग्वङ्गिरोवित्) यही विद्वान् सब जानने वाला ब्रह्मा [प्रधान ऋत्विज] है जो भृगु-अङ्गिराओं [प्रकाशमान ज्ञानों, चारो वेदों] का जानने वाला पुरुष है। भगवान् यास्क मुनि निरुक्त १। ८ में लिखते हैं—(ब्रह्मैको जाते जाते विद्यां वदति ब्रह्मा सर्वविद्यः सर्वं वेदितुमर्हति, ब्रह्मा परिवृढः श्रुततः) एक ब्रह्मा उत्पन्न हुये उत्पन्न हुये कर्म में विद्या बताता है, ब्रह्मा सब विद्याओं वाला, और सब जानने योग्य होता है, ब्रह्मा वेद विद्या के कारण बढ़ा हुआ होता है। यह भी प्रसिद्ध है कि ब्रह्मा चतुर्मुखी अर्थात् चतुर्वेदी होता है। इन कथनों से स्पष्ट है कि भृग्वङ्गिरस्, अथर्ववेद, ब्रह्मा वेद आदि शब्द वेद की संहिता विशेष [अथर्ववेद] के और चारों संहिताओं के नाम हैं, प्रकरण के अनुसार अर्थ कर लेना चाहिये ॥

गोपथ में यज्ञ विषय [अर्थात् आहवनीय आदि अग्नियों द्वारा वेद मन्त्रों से अग्नि प्रज्वलन] दीख पड़ता है, परन्तु वस्तुतः आत्मिक यज्ञ अर्थात् आत्मा की उन्नति से पुरुषार्थ बढ़ाकर अन्न, प्रजा, पशु और स्वर्ग [सुख] की प्राप्ति का विधान वेद मन्त्रों द्वारा वर्णित है। (या वाक् सेाग्निः, यः प्राणः स वरुणः, यन्मनः स इन्द्रः, यच्चक्षुः स बृहस्पतिः, यच्छोत्रं स विष्णुः—गो० उ० ४। ११) जो वाणी है वह अग्नि [तापक पदार्थ] है, जो प्राण [श्वास] है वह वरुण [स्वीकार करने योग्य पदार्थ] है, जो मन है वह इन्द्र [बड़े ऐश्वर्य वाला पदार्थ] है, जो आंख है वह बृहस्पति [बड़े बड़ों का पालने वाला पदार्थ] है, जो कान है वह विष्णु [व्यापक पदार्थ] है [यह यज्ञ के देवता हैं]। (पुरुषो वै यज्ञः, तस्य शिर एव हविर्धानं, मुखमाहवनायः, उदरं सदः, इत्यादि—गो० उ० ५। ४) पुरुष ही यज्ञ है, उस का शिर ही हविर्धान [हवि का स्थान], मुख आहवनीय

[यज्ञाग्नि] और उदर सद [सभा शाला] है, इत्यादि । (प्रतितिष्ठति प्रजया पशुभिः य एवं वेद—गो० उ० ६ । १२) वह पुरुष प्रजा और पशुओं से प्रतिष्ठा पाता है, जो ऐसा जानता है । इसी प्रकार के अनेक वाक्य आत्मिक यज्ञ के प्रतिपादक हैं । इस के अतिरिक्त विशेष करके सृष्टि विद्या, ओम् शब्द व्याख्या, गायत्री मन्त्र व्याख्या, ब्रह्मचर्य सेवन, शरीर विद्या, सत्यभाषण आदि विषय मनोरोचक, उन्नतिकारक और पुरुषार्थ वर्धक हैं—विषय सूची देखो ॥

५—गोपथब्राह्मण का विस्तार ॥

गोपथब्राह्मण (ओं ब्रह्म ह वा इदमग्र आसीत्) इन पदों से आरम्भ होकर (यत्रैवंविदं शंसति यत्रैवंदिं शंसतीति ब्राह्मणम्) इन पदों पर समाप्त होता है । इस के दो भाग हैं, पूर्वभाग और उत्तरभाग । दोनों भागों में ग्यारह (११) प्रपाठक और दो सौ आठ्ठावन (२५८) कण्डिकायें निम्न प्रकार से हैं ॥

गोपथब्राह्मण के प्रपाठक और कण्डिकायें ॥

प्रपाठक	कण्डिका	प्रपाठक	कण्डिका
पूर्व भाग		उत्तर भाग	
१	३६	१	२६
२	२४	२	२४
३	२३	३	२३
४	२४	४	१६
५	२५	५	१५
		६	१६
योग	१३५	योग	१२३

	प्रपाठक	कण्डिका
पूर्व भाग	५	१३५
उत्तर भाग	६	१२३
महायोग	११	२५८

६—धन्यवाद ॥

उस सर्वशक्तिमान् परमपिता जगदीश्वर को अत्यन्त धन्यवाद है जिस की महती कृपा से अथर्ववेद भाष्य के पीछे यह गोपथब्राह्मण का भाष्य मेरे हाथ

से पूरा होकर सर्वसाधारण के सामने प्रस्तुत है। वृद्धावस्था के कारण शरीर तो कुछ ढीला पड़ गया है, और मृत्युदेव कान में यह कहता रहता है—

काल करे सो आज कर आज करे सो अब।
पल में परलय होइगी फेर करेगा कब॥

इस प्रेरणा से परमेश्वर पर भरोसा करके अन्य आवश्यकताओं से बचे समय को लगातार लगाये रहने से धीरे धीरे यह भाष्य पूरा होगया॥

मैं यहां पर बदायूं निवासी श्रीमान् स्वामी रामभिक्षु जी महाराज को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। उन की प्रेरणा और विचारशीलता आदि सहायता से मेरे चित्त में उत्साह बढ़ता रहा। उक्त स्वामी जी मेरे पास वेदों का स्वाध्याय करने आये थे। जब तक वे रहे, इस भाष्य के और वेद मन्त्रों के देखने, विचारने, लिखने और मुद्रणपत्र (Proof sheet) शोधने तथा सूचीपत्र और अनुक्रमणिका आदि बनाने में प्रेम से मेरे सहायक हुये॥

७—उपसंहार॥

प्रियं मा कृणु देवेषु प्रियं राजसु मा कृणु। प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये—अथ० १९। ६२। १॥ [हे सर्वशक्तिमान् परमात्मन्!] (मा) मुझ (देवेषु) विद्वानों में (प्रियम्) प्रिय (कृणु) बना, (मा) मुझे (राजसु) राजाओं में (प्रियम्) प्रिय (कृणु) बना, (उत) और (आर्ये) वैश्यों में (उत) और (शूद्रे) शूद्रों में, और (सर्वस्य) प्रत्येक (पश्यतः) दृष्टि वाले का (प्रियम्) प्रिय [बना]॥

हे परम पिता! हमें पुरुषार्थ दीजिये जिस से हम वेदों के पठन पाठन, विचार और अभ्यास से सब संसार के उपकार करने में उद्यत रहें॥

ओ३म्। शान्तिश्शान्तिश्शान्तिः॥

हे जगदीश्वर! हमें एक आत्मिक शान्ति, दूसरी शारीरिक शान्ति और तीसरी सामाजिक शान्ति दीजिये॥

क्षेमकरणदास त्रिवेदी।

५२ लूकरगंज, प्रयाग,
[अलाहाबाद]
कार्तिकशुक्ला ७ संवत् १९८१वि०,
ता० ३ नवेम्बर १९२४ ई०॥

जन्म, कार्त्तिक शुक्ला ७ संवत् १९०५
विक्रमीय [ता० ३ नवेम्बर १८४८ ईस्वी]
जन्मस्थान, ग्राम शाहपुर-मडराक,
ज़िला अलीगढ़॥

गोपथब्राह्मण का विषय सूचीपत्र ॥

पूर्वभाग ॥

प्रपाठक १ ॥

कण्डिका	विषय	पृष्ठ
१	ब्रह्म और सृष्टि की इच्छा	१
२	ब्रह्म के रोमों से पसीने की धारायें और सृष्टि की इच्छा ...	३
३	ब्रह्म के बीज का जल में गिरना, समुद्र और भृगु की उत्पत्ति ...	६
४	अथर्वा और प्रजापति	८
५	दस अथर्वा ऋषि, दस आथर्वण, वेद और ओम्	११
६	तीन लोक, तीन देवता, तीन वेद और तीन महाव्याहृति ...	१५
७	समुद्र, वरुण, मृत्यु और अङ्गिरा	१९
८	बीस अङ्गिरा दश आङ्गिरस, वेद और जनत् महाव्याहृति ...	२१
९	ब्रह्म और वेद की सर्वोत्तमता	२४
१०	सर्पवेदादि ५ वेद, वृधत् आदि ५ महाव्याहृति	२६
११	महाव्याहृति शम्	२८
१२	चन्द्रमा, नक्षत्र आदि पदार्थ	२९
१३	ब्रह्मयज्ञ और उस की त्रुटि में अनिष्ट फल	३२
१४	यज्ञ के दोष निवारण से इष्ट फल की प्राप्ति	३४
१५	यज्ञ की सफलता का लाभ	३६
१६	ब्रह्मा का ब्रह्मचर्य, ओम्, जगत् की सृष्टि	३८
१७	ओम् की पहिली स्वर मात्रा से पृथिवी आदि की उत्पत्ति ...	४०
१८	ओम् की दूसरी स्वर मात्रा से वायु आदि की उत्पत्ति ...	४१
१९	ओम् की तीसरी स्वर मात्रा से सूर्य आदि की रचना ...	४२
२०	ओम् की वकार मात्रा से जल आदि की रचना	४२
२१	ओम् से इतिहास पुराण आदि का ज्ञान	४३
२२	ओम् को सहस्र बार जपने की महिमा	४५
२३	आख्यायिका—ओम् द्वारा असुरों से देवताओं की रक्षा ...	४८
२४	ओङ्कार के विषय में ३६ प्रश्न	५०

कण्डिका	विषय	पृष्ठ
२५—आख्यायिका—ओङ्कार के विषय में इन्द्र के प्रश्न और प्रजापति के उत्तर		५२
२६—कण्डिका २४ के ओम् विषयक प्रश्नों के उत्तर		५४
२७—कण्डिका २४ के ओम् विषयक शेष प्रश्नों के उत्तर ...		५६
२८—ओम् को आदि में बोलने का वर्णन		५६
२९—चारों वेद और देवता आदि		६१
३०—ओङ्कार का चिन्तन और उसका फल		६४
३१—मौद्गल्य और मैत्रेय की कथा		६६
३२—मौद्गल्य और मैत्रेय का गायत्री मन्त्र पर वार्तालाप ...		६६
३३—सावित्री वा गायत्री मन्त्र के चौबीस उत्पत्ति स्थान और बारह जोड़ा		७२
३४—सावित्री वा गायत्री मन्त्र के प्रथम पाद की व्याख्या ...		७५
३५—सावित्री वा गायत्री मन्त्र के दूसरे पाद की व्याख्या ...		७७
३६—सावित्री वा गायत्री मन्त्र के तीसरे पाद की व्याख्या ...		७८
३७—बारह महातत्त्वों की परम्परा		८०
३८—दूसरे प्रकार से पूर्वोक्त बारह तत्त्वों का विचार		८१
३९—आचमन के विधान और लाभ		८३
प्रपाठक २ ॥		
१—ब्रह्मचारी की महिमा		९१
२—ब्रह्मचारी का सात मनोरागों का दमन आदि कर्तव्य ...		९४
३—ब्रह्मचारी के कर्तव्य, आचार्य की सेवा आदि कर्म ...		९७
४—ब्रह्मचारी का अपने पांच अग्नियों का वशीकरण और दूसरा विनीत कर्तव्य		९८
५—जनमेजय का दो हंसों और दन्तावल से ब्रह्मचर्य की महिमा और अड़तालीस वर्ष आदि समय पर वार्तालाप		१०२
६—ब्रह्म ने ब्रह्मचारी को और उसे भिक्षा देने वाले गृहपति को छोड़कर सब प्रजाओं को मृत्यु को दिया		१०४
७—ब्रह्मचारी के दोषों का प्रायश्चित्त विधान		१०६
८—ब्रह्मचारी के आश्रम वा तपोवन		१०९
९—होता, अध्वर्यु, उद्गाता और ब्रह्मा का वर्णन		११४

कण्डिका	विषय	पृष्ठ
१०—काबन्धि की मान्धाता के यज्ञ में यज्ञ विषयक वार्ता	...	११६
११—काबन्धि के देवयजन और ऋत्विजों के विषय में प्रश्नोत्तर	...	१२१
१२—काबन्धि का अधिक यज्ञ विषयक विचार	... ...	१२३
१३—काबन्धि का आगे यज्ञ विषयक विचार	... ...	१२४
१४—काबन्धि का देव यजनों के विषय में वर्णन	... ...	१२६
१५—अदिति की सृष्टि रचना के दृष्टान्त से भौतिक यज्ञ की रचना	...	१२८
१६—ब्रह्मज्ञानियों को चार चार प्रकार से ब्रह्म प्राप्ति	... ...	१३१
१७—ईश्वर मानने वाले की महिमा	... ...	१३४
१८—विघ्नों को हटाकर अश्वनामक अग्नि की स्थापना	...	१३६
१९—आख्यायिका—असुरों से इन्द्र द्वारा देवताओं की रक्षा और अग्न्याधान	... ...	१४०
२०—वैश्वानर जातवेदा और अश्व नामक अग्नि	... ...	१४४
२१—वैश्वानर, जातवेदा और अश्व नामक अग्नि का वही विषय	...	१४७
२२—सान्तपन अग्नि में प्राजापत्य हवि के साथ ब्राह्म्य हवि की आवश्यकता	... ...	१५२
२३—बिना यज्ञ अग्नि वाला ब्राह्मण स्वर्ग नहीं पाता	... ...	१५५
२४—ऋत्विजों के चुनाव में ऋग्वेदी होता, यजुर्वेदी अध्वर्यु, सामवेदी उद्गाता, चतुर्वेदी ब्रह्मा होवे	... ...	१५७

प्रपाठक २ ॥

१—ऋत्विज चुने हुये वेदवेत्ता पुरुष होवें	... ...	१६१
२—चतुर्वेदी चार ऋत्विजों के बिना यज्ञ गिर जाता है	...	१६४
३—यज्ञ में त्रुटि होने पर प्रायश्चित्त	... ...	१६५
४—ऋत्विजों के कर्म जिन में वे दक्षिणा पाते हैं	... ...	१६८
५—तीन ऋत्विजों से यज्ञ करना	... ...	१७०
६—उद्दालक ऋषि का उत्तर वालों से शास्त्रार्थ करने का प्रयत्न	...	१७२
७—अमावस्या और पौर्णमासी के यज्ञ के सम्बन्ध से उद्दालक के शरीर सम्बन्धी प्रश्न	... ...	१७४
८—पूर्वोक्त प्रश्नों के विषय में उद्दालक और स्वैदायन वा शौनक का वार्तालाप	... ...	१७६

कण्डिका	विषय	पृष्ठ
९	अमावस्या और पूर्णमासी के यज्ञ विधान से शरीर की अवस्था का वर्णन	१७९
१०	कण्डिका ८ के यज्ञ सम्बन्धी प्रश्नों के उत्तर	१८२
११	प्राचीन योग्य मुनि के उद्दालक से अग्निहोत्र विषयक चालीस प्रश्न	१८५
१२	प्राचीन योग्य के ४० प्रश्नों के उद्दालक के दिये उत्तर ...	१८८
१३	तीनों अग्नियों में विघ्न पड़ने पर उपाय और प्रायश्चित्त ...	१९३
१४	खान पान के लाभ	१९७
१५	क्रियात्मक और मानसिक यज्ञ करना चाहिये	१९९
१६	स्वाहा शब्द के विषय में प्रश्नोत्तर	२०१
१७	अग्निष्टोम विषय	२०२
१८	पशुरूप वेदवाणी की सूक्ष्मता का विचार	२०३
१९	दीक्षित पुरुष के कर्तव्य और अकर्तव्य कर्म	२०७
२०	दीक्षा विषयक प्रश्नोत्तर	२११
२१	दीक्षित के कर्तव्य कर्म और भूल में प्रायश्चित्त	२१३
२२	दीक्षित की भूल के प्रायश्चित्त	२१५
२३	पुत्रेष्टि यज्ञ का विधान	२१६
	प्रपाठक ४ ॥	
१	गृहपति की दीक्षा	२१८
२	ब्रह्मा की दीक्षा	२१९
३	उद्गाता की दीक्षा	२२०
४	होता की दीक्षा	२२०
५	अध्वर्यु की दीक्षा	२२१
६	सहायक ऋत्विजों की दीक्षा	२२२
७	अग्निष्टोम, और अठारह प्रकार के यज्ञों के देवी देवता ...	२२४
८	अठारह प्रकार के यज्ञ और उन के फल और अग्निष्टोम ...	२२७
९	प्रायणीय अतिरात्रादि पन्द्रह प्रकार के यज्ञ और संवत्सर ...	२३१
१०	प्रायणीय अतिरात्रादि पन्द्रह प्रकार यज्ञ और उन के फल और संवत्सर का जन्म	२३४

कण्डिका	विषय	पृष्ठ
११	संवत्सर के ज्ञान की महिमा	२३७
१२	संवत्सर की वृहती छन्द से उपमा और महिमा	२३७
१३	संवत्सर और महाव्रत	२३८
१४	संवत्सर और महाव्रत यज्ञ के विषय में प्रश्नोत्तर ...	२४०
१५	... तथा ... तथा	२४१
१६	... तथा ... तथा	२४२
१७	... तथा ... तथा	२४३
१८	संवत्सर बड़ा गरुड़, विषुवान् आत्मा और दोनों अर्ध संवत्सर दो पक्ष	२४५
१९	विषुवान् से संवत्सर के बारह महीने	२४६
२०	ज्योतिष्टोम आदि यज्ञों के विषय में प्रश्नोत्तर	२४७
२१	संवत्सर का अतिरात्र आदिकों से सम्बन्ध	२४९
२२	... तथा ... तथा	२५०
२३	अभिप्लव और पृष्ठ्य की व्युत्पत्ति और दूसरे यज्ञ	२५१
२४	प्रेदि, कौशाम्बेय, कौसुर विन्दु, और उद्दालक आरुण से संवत्सर और यज्ञीय दिनों के विषय में प्रश्नोत्तर	२५४

प्रपाठक ५ ॥

१	संवत्सर से अभिप्लव का सम्बन्ध	२५७
२	यज्ञों में गाध प्रतिष्ठा और तीर्थ	२५८
३	मनुष्य शरीर के दृष्टान्त से संवत्सर यज्ञ का वृत्तान्त ...	२६१
४	... तथा ... तथा	२६३
५	मनुष्य शरीर के दृष्टान्त से संवत्सर अर्थात् वर्ष का वृत्तान्त ...	२६७
६	संवत्सर यज्ञ में विषुवान् के दोनों ओर यज्ञ की समता ...	२७१
७	पन्द्रह प्रकार के यज्ञों का क्रम, जिन में राजसूय, वाजपेय, अश्वमेध, पुरुषमेध आदि सम्मिलित हैं	२७२
८	प्रजापति की कथा जिस ने बहुत यज्ञों को करके आत्मिक यज्ञ से अत्यन्त सुख पाया	२७४
९	संवत्सर यज्ञ में आवश्यक कर्मों का विधान	२७७
१०	सहस्र संवत्सर यज्ञ और उसके स्थानापन्न विश्वजित् यज्ञ के विषय में कथा	२८०

कण्डिका	विषय	पृष्ठ
११	ऋत्विजों की योग्यता के विषय में प्रजापति और नारायण की कथा	२८३
१२	प्रातःसवन की स्तुति का मन्त्र सोम विषय में	२८५
१३	माध्यन्दिन सवन की स्तुति का मन्त्र सोम विषय में ...	२८७
१४	तृतीय सवन की स्तुति का मन्त्र सोम विषय में	२८९
१५	संस्थित सवन में भर्ग आदि चार पदार्थों का दस प्रकार से वर्णन	२९१
१६	भर्ग [तेज] का वर्णन	२९३
१७	महः वा महत्त्व का वर्णन	२९३
१८	यश वा कीर्ति का वर्णन	२९४
१९	सर्व वा सब ज्ञान का वर्णन	२९५
२०	दश गुणित चार पदार्थों का विराट् से सम्बन्ध	२९५
२१	यज्ञ के विषय में दध्यङ् और अनर्वा का वार्तालाप ...	२९६
२२	मिश्रित यज्ञों का विषय	२९९
२३	विविध यज्ञों के विधान और गणना सहित व्याख्यान श्लोकों में ...	३०१
२४	तपस्वी वैश्वानर से श्रद्धा में अङ्गिरा ऋषि की उत्पत्ति और वेदों का यज्ञों तथा ऋत्विजों से सम्बन्ध	३०५
२५	ऋग्वेद आदि चारो वेदों के स्थान तथा देवता आदि का वर्णन और यह कि चारो वेद ही त्रयी विद्या हैं	३१०

उत्तर भाग ॥

प्रपाठक १ ॥

१	यज्ञ में ब्रह्मा का आसन, प्रणीता पात्र और परिधियां ...	३१५
२	प्रजापति का रुद्र को भाग शून्य करना, प्राशित्र का वर्णन, भग सविता आदि का अङ्गभङ्ग होना और बृहस्पति वा ब्रह्मा का शान्त करना	३१८
३	प्राशित्र [अन्न] का विधान	३२३
४	यज्ञ के विघ्नों का नाश और यज्ञ के आरम्भ का विधान ...	३२६

कण्डिका	विषय	पृष्ठ
५—	पौर्णमासी और अमावस को दक्षिणा के स्थान में ओदन का दान	३२९
६—	यज्ञ में दो प्रकार के देवता आते हैं एक सोमपा दूसरे असोमपा अथवा एक हुताद और दूसरे अहुताद, उनका वर्णन ...	३३०
७—	देवासुर संग्राम में प्रजापति द्वारा ओदन के विभाग से देवों की जीत	३३२
८—	दर्श पौर्णमास यज्ञ के साथ ही सोम यज्ञ करने और यज्ञ करने वालों की उच्चदशा का वर्णन	३३४
९—	चन्द्रमा के उदय होने के पीछे हवि देने का विधान ...	३३५
१०—	पूर्व और उत्तर पूर्णमासी और अमावास्या का विचार ...	३३६
११—	दोनों पौर्णमासी और अमावस में से एक एक ही यज्ञ के आरम्भ और समाप्ति के लिये रहे	३३८
१२—	दर्श पूर्णमास यज्ञ पर अग्नि और विष्णु तथा सरस्वती और सरस्वान् को चरु	३३९
१३—	मार्गकर्ता अग्नि के लिये अष्टाकपाल चरु	३४१
१४—	व्रतपालक अग्नि के लिये अष्टाकपाल चरु, और व्रत में स्त्रीगमन और मांसभक्षण का निषेध	३४१
१५—	व्रतपोषक अग्नि के लिये अष्टाकपाल चरु	३४२
१६—	जिस के पिता, पितामह ने सोमपान नहीं किया, वह सोमयाग करे	३४२
१७—	ओषधियों [अन्न आदि पदार्थों] के पकने पर इन्द्र-अग्नि विश्वे-देवा और सोम के लिये चरु के विषय में कथा	३४५
१८—	अप्रतिरथ नाम सूक्त [युद्ध यात्रा के राग] के प्रयोग की कथा ...	३४७
१९—	चातुर्मास यज्ञ फाल्गुनी पूर्णमासी से करने होते हैं ...	३५०
२०—	अग्नि और सोम के साथ दूसरे देवताओं के यज्ञ	३५२
२१—	प्रजापति के प्रजायें उत्पन्न और वरुण को प्रसन्न करने की कथा ...	३५४
२२—	इन्द्र-अग्नि, वरुण आदि के लिये हवि	३५६
२३—	इन्द्र, अग्नि और मरुत् देवताओं के लिये हवि	३५८
२४—	पितरों के लिये हवि	३६०
२५—	पितृ यज्ञ के साथ देवयज्ञ आदि का विधान	३६३

कण्डिका	विषय	पृष्ठ
२६	तेरहवें महीने और शुनासीर यज्ञ के साथ अग्नि, वायु, सूर्य, संवत्सर और चातुर्मास्यों का वर्णन	३६६

प्रपाठक २ ॥

१	इन्द्र-अग्नि अर्थात् प्राण और अपान के लिये यज्ञ के लाभ ...	३६९
२	देवताओं ने पांच प्रकार से चढ़ाई करके असुरों को जीता ...	३७२
३	यजुर्वेद के मन्त्र के आश्रय से यज्ञ कर्म	३७४
४	सोम यज्ञ में त्रुटि की यजुर्वेद मन्त्र से पूर्ति	३७७
५	यज्ञ में दोषों को ब्रह्मा ठीक कर सक्ता है	३८०
६	यज्ञ, घर्म और प्रवर्ग्य का वर्णन	३८४
७	देवासुर सङ्ग्राम में उपसद् यज्ञ द्वारा देवताओं का विजय ...	३८८
८	उपसद् यज्ञों का अधिक वर्णन	३९२
९	आग्नीध्र द्वारा देवपत्नियों का वर्णन	३९४
१०	यज्ञ में सोमपान की महिमा	३९६
११	देवताओं ने यज्ञ द्वारा असुरों पर विजय पाया	३९९
१२	सोम यज्ञ का वर्णन	४०२
१३	आख्यायिका-वसिष्ठ ने इन्द्र को देखा और इन्द्र ने उसे स्तोम भागों द्वारा ब्रह्मज्ञान बताया	४०६
१४	आगे और स्तोम भागों और व्याहृतियों का वर्णन	४०९
१५	स्तोम भागों से शत्रुओं का नाश	४१३
१६	आग्नीध्र द्वारा यज्ञ की सिद्धि	४१५
१७	प्रवृत्त आहुतियों का वर्णन	४१६
१८	प्रजापति को नमस्कार	४१८
१९	सदस्य गन्धर्वों को नमस्कार	४२०
२०	प्रातःसवन में इन्द्र आदि के लिये हवि का निर्णय ...	४२२
२१	माध्यन्दिन सवन में इन्द्र को हवि	४२६
२२	तृतीय सवन में इन्द्र और ऋभुओं को हवि	४२९
२३	सत्य ही बोलना चाहिये	४३४
२४	दर्शपौर्णमास यज्ञ में देवताओं को एक दिन पहिले निमन्त्रण करे ...	४३५

कण्डिका	विषय	पृष्ठ
	प्रपाठक ३ ॥	
१	वषट्कार और अनुवषट्कार का वर्णन	४३९
२	वषट्कार वज्र, छह ऋतु और छह आकाश आदि हैं ...	४३९
३	तीन वषट्कार वज्र, धामच्छुत् और रिक्त का वर्णन ...	४४१
४	वषट्कार के साथ हवि के लिये देवता का निर्णय ...	४४४
५	वषट्कार को उपयोगी बनाने का उपाय	४४४
६	वाक् और प्राण और अपान ही वषट्कार हैं	४४६
७	प्राण ही ऋतुयाज हैं, ऋतुयाजों में अनुवषट् न करे ...	४४८
८	होता यक्षत् होता यक्षत्–इन मन्त्रों के उच्चारण का विषय ...	४५३
९	हिङ्कार [प्रतिध्वनि] के उच्चारण की महिमा और प्रमाण ...	४५६
१०	प्रातःसवन, माध्यन्दिन और तृतीय सवन में विशेषता से मन्त्रों का प्रयोग	४५९
११	छन्दों के साथ प्रणव का सम्बन्ध और व्याख्यान	४६३
१२	एकाह यज्ञ के प्रातःसवन में प्रजापति मृत्यु को स्तोत्रों द्वारा भगाता है	४६६
१३	प्रातःसवन में मैत्रावरुण द्वारा मित्र और वरुण की स्तुति ...	४६८
१४	प्रातःसवन में ब्राह्मणाच्छंसी द्वारा इन्द्र और सूर्य की स्तुति ...	४७१
१५	प्रातःसवन में अच्छावाक द्वारा इन्द्र और अग्नि की स्तुति ...	४७४
१६	प्रातःसवन में (शंसावोम्) मन्त्र को चार चार वार बोलें ...	४७७
१७	माध्यन्दिन सवन में दक्षिणा दातव्य है	४८०
१८	दक्षिणापात्र लोगों का क्रम	४८१
१९	दक्षिणा में दातव्य पदार्थ और उन के गुण	४८३
२०	आख्यायिका के रूप में ऋक् और साम के सम्बन्ध का वर्णन ...	४८६
२१	स्तोत्रिय आदि यज्ञाङ्गों की आत्मा आदि से सामान्यता ...	४८९
२२	स्तोत्र इत्यादि यज्ञाङ्गों की आत्मा आदि से सदृशता का अधिक विवरण	४९०
२३	माध्यन्दिन सवन के देवता इन्द्र की महिमा	४९३
	प्रपाठक ४ ॥	
१	एकाह यज्ञ के माध्यन्दिन सवन में मैत्रावरुण के मन्त्र प्रयोग ...	४९७

कण्डिका	विषय	पृष्ठ
२–एकाह यज्ञ के माध्यन्दिन सवन में ब्राह्मणाच्छंसी के मन्त्र प्रयोग ...		५००
३–एकाह यज्ञ के माध्यन्दिन सवन में अच्छावाक के मन्त्र प्रयोग ...		५०४
४–एकाह यज्ञ के माध्यन्दिन सवन में (शंसावोम्) मन्त्र को पांच बार बोलें		५०८
५–एकाह यज्ञ के तृतीय सवन में पाक्तीवत स्तोत्र को आग्नीध्र का चुपके चुपके जपने का कारण		५१०
६–तृतीयसवन में शाकला इष्टि		५११
७–अध्वर्यु और यजमान की शुद्धि और अवभृथ स्नान		५१३
८–वेदी पर ओषधी स्थापन और सक्तुओं से होम		५१५
९–एकाष्टका इष्टि और दो अरणियों से अग्नि समारोपण ...		५१७
१०–अग्निष्टोम सूर्य समान है, तीनों सवनों में मन्त्र बोलने का विधान, सूर्य न कभी उदय और न अस्त होता है इसका विचार ...		५२१
११–आख्यायिका—एकाह यज्ञ के तृतीय सवन में से सायंकाल में घुसे हुये असुर लोग इन्द्र, अग्नि, वरुण, बृहस्पति और विष्णु पांच देवताओं अथवा वाक् आदि पांच इन्द्रियों करके निकाले गये		५२५
१२–आख्यायिका—प्रजापति पांच प्राणों से पांच देवताओं को उत्पन्न करता है और पांच देवता स्तुति किये जाते हैं		५२७
१३–उक्थ में दो इन्द्र और अग्नि की स्तुति रहते हुये बहुत देवताओं की स्तुति का विचार		५२८
१४–तीन ऋत्विजों के अलग अलग उक्थ और दो दो देवता वाले उक्थ हैं		५२९
१५–एकाह यज्ञ के तृतीयसवन के उक्थ में मैत्रावरुण ऋत्विज के मन्त्र ...		५३०
१६–एकाह यज्ञ के तृतीय सवन के उक्थ में ब्राह्मणाच्छंसी ऋत्विज के मन्त्र		५३५
१७–एकाह यज्ञ के तृतीय सवन के उक्थ में अच्छावाक ऋत्विज के मन्त्र		५४०
१८–एकाह यज्ञ के तृतीय सवन में (शंशंसावोम्) इस मन्त्र को चार चार वार बोलें		५४५
१९–एकाह यज्ञ में षोडशी शब्द की व्याख्या		५४८

कण्डिका विषय पृष्ठ

प्रपाठक ५ ॥

१–आख्यायिका—अतिरात्र यज्ञ में से इन्द्र और छन्दों ने तीन पर्यायों में असुरों को निकाल दिया ५४६

२–अतिरात्र यज्ञ के तीन पर्यायों में तीन प्रकार से स्तुति ... ५५२

३–अतिरात्र यज्ञ में पवमान आदि स्तोत्रों का विचार ५५३

४–यज्ञ का मनुष्य के अङ्गों और ऋत्विजों का प्राणों आदि के दृष्टान्त से वर्णन ५५६

५–यज्ञ के पर्यायों में स्तोत्रों और शस्त्रों के प्रयोग ५६२

६–आख्यायिका—त्वष्टा का इन्द्र से सोमरस छीनना और सौत्रामणी इष्टि ५६५

७–साम सब वेदों का रस है, सौत्रामणी यज्ञ में सामगान ... ५६७

८–आख्यायिका—वाजपेय यज्ञ का वर्णन ५७०

९–आख्यायिका—आप्तोर्याम यज्ञ का वर्णन ५७५

१०–आप्तोर्याम यज्ञ का अधिक वर्णन ५७७

११–अनैकाहिक वा अहीन अर्थात् अनेक दिनों में होने वाले यज्ञ का वर्णन ५८०

१२–अहीन अहर्गण यज्ञ में आरम्भणीया ऋचाओं का वर्णन ... ५८१

१३–अहीन वा अहर्गण यज्ञ में परिधानीया अर्थात समाप्ति वाली ऋचाओं का वर्णन ५८४

१४–अहीन और एकाह यज्ञों में होत्रक लोगों की दो प्रकार की परिधानीया ऋचायें ५८७

१५–यज्ञों में अच्छावाक ऋत्विज के विशेष स्तोत्र ५९०

प्रपाठक ६ ॥

१–अहीन यज्ञ में सम्पात सूक्तों का वर्णन ५९५

२–अहीन यज्ञ में आवाप सूक्तों का वर्णन और महत्त्व ... ६०६

३–अहीन यज्ञ में कद्वत् प्रगाथों का उपयोग और महत्त्व ... ६०८

४–अहीन यज्ञ में विशेष मन्त्रों का प्रयोग ६११

५–अहीन यज्ञ की युक्ति और विमुक्ति ६१५

६–होताओं और होत्रक लोगों के उक्थों का वर्णन और असुरों से यज्ञ की रक्षा ६१८

कण्डिका	विषय	पृष्ठ
७	यज्ञ में उक्थों और शिल्पों का वर्णन	६२२
८	नाभानेदिष्ठ, नाराशंस, वालखिल्य, प्रगाथ, बृहती, सतोबृहती, वृषाकपि, न्यूङ्ख, एवयामरुत् और याज्या का विनियोग ...	६२६
९	नाभानेदिष्ठ, वालखिल्य, वृषाकपि और एवयामरुत् सहचरणों का वर्णन तथा बुडिल और गोशल के प्रश्नोत्तर	६३१
१०	षडह यज्ञ में पारुच्छेपी ऋचाओं का प्रयोग	६३६
११	देवासुर सङ्ग्राम की आख्यायिका, यज्ञों में छठे दिन के कर्म	६३९
१२	षडह यज्ञ में स्तोत्रिय, अनुरूप, सुकीर्ति, वृषाकपि, कुन्ताप [अथ० २० । १२७–१३६], रैभी, पारिक्षिती, कारव्या, दिशां-कल्पनि और इन्द्र गाथाओं का वर्णन...	६४२
१३	कुन्ताप सूक्तों में ऐतश प्रलाप, प्रवह्लिका, प्रतिराध, आजिज्ञा-सेन्या और अतिवाद मन्त्रों का प्रयोग	६५०
१४	कुन्ताप सूक्तों में आदित्या और आङ्गिरसी ऋचाओं अथवा देव-नीथ सूक्त का प्रयोग, आदित्यों का अङ्गिराओं को पृथिवी की दक्षिणा, पृथिवी की विषमता और भूतेच्छन्द का प्रयोग ...	६५६
१५	कुन्ताप सूक्तों में आहनस्या ऋचाओं का प्रयोग	६६३
१६	कुन्ताप सूक्तों में दाधिक्री, पवमानी और ऐन्द्राबार्हस्पत्य ऋचाओं का प्रयोग, षडह यज्ञ की समाप्ति	६६६

क्षेमकरणदास त्रिवेदी

५२ लूकरगंज, प्रयाग

मार्गशीर्ष शुक्ला २ सं० १९८१ वि०

ता० २८ नोवेम्बर १९२४ ॥

पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी अथर्ववेद तथा गोपथ ब्राह्मण आदि भाष्यकार

जन्म कार्तिक शुक्ला ७ संवत् १९०५ वि०

मुद्रित कार्तिक शुक्ला ७ सं० १९८१ वि०

इंडियन प्रेस, लिमिटेड, प्रयाग ।

॥ ओ३म् ॥

अथर्ववेदस्य गोपथब्राह्मणम्

॥ पूर्वभागः ॥

—::०::—

॥ प्रथमः प्रपाठकः ॥

कण्डिका १ ॥

ओं ब्रह्म ह वा इदमग्र आसीत्, स्वयन्त्वेकमेव तदैक्षत, महद्वै यक्षं, तदेकमेवास्मि, हन्ताहं मदेव मन्मात्रं द्वितीयं देवं निर्मम इति, तदभ्यश्राम्यदभ्यतपत् समतपत्, तस्य श्रान्तस्य तप्तस्य सन्ततस्य ललाटे स्नेहो यदार्घ्नमाजायत तेनानन्दत्तमब्रवीत् महद्वै यक्षं सुवेदमविदामह इति। तद्यदब्रवीत् महद्वै यक्षं सुवेदमविदामह इति, तस्मात् सुवेदोऽभवत्तं वा एतं सुवेदं सन्तं स्वेद इत्याचक्षते। परोक्षेण परोक्षप्रिया इव हि देवा भवन्ति प्रत्यक्षद्विषः ॥ १ ॥

कण्डिका १। ब्रह्म और सृष्टि की इच्छा ॥

(ओम् ब्रह्म ह वै इदमग्रे आसीत्) ओम् [रक्षक परमात्मा है], ब्रह्म [सब से बड़ा परमात्मा] ही निश्चय करके इस [जगत्] के पहिले था। (स्वयम् तु एकम् एव तत् ऐक्षत) और अपने को अकेला ही उसने देखा—(महत् वै यक्षम्, तत् एकम् एव अस्मि) मैं बड़ा ही पूजनीय हूं, सो मैं अकेला ही हूं। (हन्त अहम् मत् एव मन्मात्रं द्वितीयं देवं निर्ममे इति) अरे! मैं अपने से ही अपने समान दूसरा देव [दिव्य पदार्थ] बनाऊं। (तत् अभि अश्राम्यत् अभि

१—(ओम्) अवतेष्टिलोपश्च। उ० १। १४२। अव रक्षणादौ-मन्, टिलोपः, अथवा, अः=विराडादिः, उः=हिरण्यगर्भादिः, मकारः=ईश्वरादिः। हे रक्षक! परमेश्वरस्य सर्वोत्तमनाम। आरम्भः। अनुमतिः (ब्रह्म) बृहेर्नोऽच्च। उ० ४। १४६। बृहि वृद्धौ-मनिन्, नकारस्य अकारः, रत्वं च। ब्रह्म परिवृढं सर्वतः। निरु० १। ७। सर्ववृद्धः परमेश्वरः (ह) निश्चयेन (वै) एव (इदमग्रे) अस्य जगतः

अतपत् सम् अतपत्) उसने सब ओर से श्रम किया, सब ओर से तप किया, भली भांति तप किया । (तस्य श्रान्तस्य तप्तस्य सन्तप्तस्य ललाटे स्नेहः यत् आर्द्रम् आ-अजायत) उस श्रम किये हुये, तपे हुये, भली भांति तपे हुये के ललाट पर चिकना द्रव्य, जो गीलापन है, सब ओर से प्रकट हुआ । (तेन अनन्दत्) उससे वह प्रसन्न हुवा, (तम् अब्रवीत्) और उस [चिकने द्रव्य] से बोला —(महत् वै यक्षम् सुवेदम् अविदामहे इति) मैं बड़ा ही पूजनीय हूं, सुवेद [अच्छे प्रकार जानने योग्य पदार्थ] को हमने जाना है । (तत् यत् अब्रवीत्) वह जो उसने कहा—(महत् वै यक्षम् सुवेदम् अविदामहे इति) मैं बड़ा ही पूजनीय हूं, सुवेद [अच्छे प्रकार जानने योग्य पदार्थ] को हम ने जाना है—(तस्मात् सुवेदः अभवत्) इस लिये वह सुवेद [अच्छे प्रकार जानने योग्य पदार्थ] हुआ । (तम् वै) उस ही (एतम् सुवेदम् सन्तम्) इस सुवेद [अच्छे प्रकार जानने योग्य पदार्थ] होते हुये को (स्वेदः इति आचक्षते) स्वेद [पसीना] कहते हैं । (परोक्षेण) परोक्ष [आंख ओट प्रलय में वर्त्तमान ब्रह्म] के द्वारा (परोक्षप्रियाः इव हि) परोक्षप्रिय [आंख ओट भविष्य के प्रेमी] लोगों के समान ही (देवाः) देवता [विद्वान् लोग] (प्रत्यक्षद्विषः) प्रत्यक्ष [वर्त्तमान अवस्था] के द्वेषी [विरोधी] (भवन्ति) होते हैं [अर्थात् दूरदर्शी लोग ब्रह्म के नियमों को विचार कर, क्षणभङ्गुर वर्त्तमान को छोड़ कर आगे को सुधार करके उन्नति करते हैं । योग दर्शन पाद २ सूत्र १६

पूर्वम् । प्रलयकाले (ऐक्षत) ईक्ष दर्शने—लङ् । अपश्यत् (यक्षम्) यक्ष पूजायाम्—घञ् । पूजनीयम् (हन्त) हर्षे । खेदे (मत्) मत्सकाशात् । आत्मनः (मन्मात्रम्) प्रमाणे द्वयसज्दघ्नञ्मात्रचः । पा० ५ । २ । ३७ । मत्—मात्रच् । आत्मसदृशम् (निर्ममे) माङ् माने-लडर्थे लिट् । रचयामि (ललाटे) लल ईप्सायाम्-अच्+अट गतौ-अण् । ललम् ईप्साम् अटति ज्ञापयतीति ललाट्म् । कपाले (स्नेहः) ष्णिह् प्रीतौ स्नेहने च-घञ् । तैलादिरसः । स्निग्धता (आर्द्रम्) आर्द्र-ष्यञ् । सजलत्वम् (तम्) स्नेहम् (सुवेदम्) विद ज्ञाने-खल् । सुखेन ज्ञेयम् (अविदामहे) विद ज्ञाने विद्लृ लाभे वा-लङ्, छान्दसं रूपम् । वयं ज्ञातवन्तः । वयं लब्धवन्तः (स्वेदः) ष्विदा गात्रप्रक्षरणे-घञ् । घर्मः, प्रस्रवणम् । अत्र तु सुवेद एव स्वेदः (आचक्षते) चक्षिङ् व्यक्तायां वाचि-लट् । समन्तात् कथयन्ति (परोक्षेण) परोक्षे लिट् । पा० ३ । २ । ११५ इति निर्देशात् परस्यौकारः । अप्रत्यक्षेण प्रलये वर्त्तमानेन ब्रह्मणा (परोक्षप्रियाः) परोक्षे भविष्ये रुचिराः (इव)

में कहा है—हेयं दुःखमनागतम्—न आया हुआ अर्थात् आगे का दुःख छोड़ने योग्य है] ॥ १ ॥

भावार्थ—ऋषि लोग विचारते हैं कि प्रलय में भी वर्तमान अविनाशी ब्रह्म सृष्टि करने के लिये अपना ज्ञान प्रकट करता है ॥ १ ॥

टिप्पणी १—(सुवेद और अविदामहे) पदों में यह समता मानी है कि दोनों पद एक ही धातु [विद—ज्ञाने] से बने हैं, (स्वेद) शब्द [ष्विदा गात्रप्रक्षरणे-घञ्] से पसीना अर्थ में बनता है, किन्तु यहां (सुवेद) को ही (स्वेद) पसीना माना है ॥

कण्डिका २ ॥

स भूयोऽश्राम्यद् भूयोऽतप्यत् भूय आत्मानं समतपत्तस्य श्रान्तस्य ततस्य सन्ततस्य सर्वेभ्यो रोमगर्त्तेभ्यः पृथक् स्वेदधाराः प्रास्यन्दन्त । ताभिरनन्दत्, तदब्रवीदाभिर्वा अहमिदं सर्वं धारयिष्यामि यदिदं किञ्चाभिर्वा अहमिदं सर्वं जनयिष्यामि यदिदं किञ्चाभिर्वा अहमिदं सर्वमाप्स्यामि यदिदं किञ्चेति । तद्यदब्रवीदाभिर्वा अहमिदं सर्वं धारयिष्यामि यदिदं किञ्चेति, तस्मात् धारा अभवंस्तद् धाराणां धारात्वं यच्चासु ध्रियते । तद्यदब्रवीदाभिर्वा अहमिदं सर्वं जनयिष्यामि यदिदं किञ्चेति, तस्माज्जाया अभवंस्तज्जायानां जायात्वं यच्चासु पुरुषो जायते, यच्च पुत्रः पुन्नामनरकमतिशततारं तस्मात् जाति पुत्रस्ततः पुत्रस्य पुत्रत्वम् । तद्यदब्रवीदाभिर्वा अहमिदं सर्वमाप्स्यामि यदिदं किञ्चेति, तस्मादापो अभवंस्तदपामाप्तत्वमाप्नोति वै स सर्वान् कामान् यान् कामयते ॥ २ ॥

कण्डिका २ ॥ ब्रह्म के रोमों से पसीने की धारायें और सृष्टि की इच्छा ॥

(सः भूयः अश्राम्यत्) उस [परमात्मा] ने फिर श्रम किया, (भूयः अतप्यत्) फिर तप किया, (भूयः आत्मानं समतपत्) और फिर अपने को भली भांति तपाया । (तस्य श्रान्तस्य ततस्य सन्ततस्य) उस श्रम किये हुये, तपे हुये, भली भांति तपे हुये, [परमात्मा] के (सर्वेभ्यः रोमगर्तेभ्यः) सब रोम कूपों से (पृथक् स्वेदधाराः) अलग अलग पसीने की धारायें (प्र

यथा (देवाः) विद्वांसः (प्रत्यक्षद्विषः) वर्तमानावस्थाविरोधिनः ॥

२—(सः) परमात्मा । ब्रह्म (भूयः) भू + यस् यङ्लुगन्तः-क्विप्, भुवे भावाय यस्यति यतत इति । पुनः (अश्राम्यत्) श्रमु तपसि-लङ् । अश्रमत् (आत्मनि)

अस्यन्दन्त) बहने लगीं । (ताभिः अनन्दत्) उन से वह प्रसन्न हुआ, (तत् अब्रवीत्) तब वह बोला—(आभिः वै अहम् इदं सर्वं धारयिष्यामि यत् इदं किञ्च) इन [पसीने की धाराओं] से ही मैं इस सब को धारण करूंगा, यह जो कुछ भी [होगा], (आभिः वै अहम् इदं सर्वं जनयिष्यामि यत् इदम् किञ्च) इन से ही मैं इस सब को उत्पन्न करूंगा, यह जो कुछ भी [होगा], (आभिः वै अहम् इदम् सर्वम् आप्स्यामि यत् इदं किञ्च इति) इन से ही मैं इस सब में व्यापूंगा यह जो कुछ भी [होगा] । (तत् यत् अब्रवीत्) वह जो उस ने कहा—(आभिः वै अहम् इदं सर्वं धारयिष्यामि यत् इदं किञ्च इति) इन [पसीने की धाराओं] से ही मैं इस सब को धारण करूंगा, यह जो कुछ भी [होगा]—(तस्मात् धाराः अभवन्) उसी से वे धारायें [धारण शक्तियां] हुईं । (तत् च धाराणां धारात्वं यत् आसु ध्रियते) और वह धाराओं का धारापन [धारण सामर्थ्य] है जो इन में धरा गया है । (तत् यत् अब्रवीत्) वह जो उसने कहा—(आभिः वै अहम् इदं सर्वं जनयिष्यामि यत् इदं किञ्च इति) इनसे ही मैं इस सबको उत्पन्न करूंगा यह जो कुछ भी [होगा]—(तस्मात् जायाः अभवन्) उससे वे [पसीने की धारायें] जायायें [माताओं समान उत्पन्न करने वाली शक्तियां] हुईं, (तत् च जायानां जायात्वं यत् आसु पुरुषः जायते) और वह जायाओं का जायापन [उत्पादन सामर्थ्य] है जो इनमें पुरुष [जीव] उत्पन्न होता है, (यत् च पुत्रः) और जो पुत्र [संतान वा जीव] होता है । (पुत् नाम नरकम्) पुत् [जिस अवस्था में पापी लोग जाते हैं] नाम वाला नरक (अनेकशततारम्) अनेक सैकड़ों दबाव वाला है, (तस्मात् पुत्रः त्राति) उस [नरक] से पुत्र बचाता है, (तत् पुत्रस्य पुत्रत्वम्)

स्वेदधाराभिः (धारयिष्यामि) धृञ् धारणे—लृट् । स्थापयिष्यामि (किंच) किमपि (जनयिष्यामि) जन जनने, वा जनी प्रादुर्भावे—लृट् । उत्पादयिष्यामि (आप्स्यामि) आप्लृ व्याप्तौ—लृट् । व्याप्स्यामि (इति) वाक्यसमाप्तौ (धाराः) धृञ् धारणे—णिच्—अङ् । प्रवाहसन्ततयः । धारणशक्तयः (धारात्वम्) धारणसामर्थ्यम् (ध्रियते) स्थाप्यते (जायाः) जनेर्यक् । उ० ४ । १११ । जन जनने—यक् । मातृसदृश्य उत्पादनशक्तयः (पुरुषः) पुरः कुषन् । उ० ४ । ७४ । पुर - अग्रगमने—कुषन् । जीवः (पुत्रः) पुवो ह्रस्वश्च । उ० । ४ । १६५ । पूञ् पवने—क्त्रः, धातोर्ह्रस्वत्वम्, अथवा पुत्+त्रैङ् पालने—क । पुत्रः पुरु त्रायते निपरणाद्वा पुन्नरकं ततस्त्रायत इति वा—निरु० २ । ११ । सन्तानः ।

वह पुत्र का पुत्रपन [नरक से बचाना] है । (तत् यत् अब्रवीत्) वह जो उस ने कहा—(आभिः वै अहम् इदं सर्वम् आप्स्यामि यत् इदं किञ्च इति) इन [पसीने की धाराओं] से ही मैं इस सब में व्यापूंगा यह जो कुछ भी [होगा]—(तस्मात् आपः अभवन्) उससे वे आप् [व्यापक जल] हुये, (तत् अपाम् अप्त्वम्) वह जलों का जलपन [व्यापकपन] है । (सः वै सर्वान् कामान् आप्नोति यान् कामयते) वह अवश्य सब कामनायें पाता है जिन्हें वह चाहता है [जो ऐसा विद्वान् है—देखो कण्डिका ३, ४] ॥ २ ॥

भावार्थ—जगत् की उत्पत्ति में ब्रह्म के पसीने की तीन अवस्थायें मानी हैं, एक धारण सामर्थ्य, दूसरी उत्पादन सामर्थ्य और तीसरी व्यापन सामर्थ्य ॥ २ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका के इन पदों में समता मानी है, (धारयिष्यामि तथा धाराः) दोनों पद धृञ् धारणे से, (जनयिष्यामि तथा जायाः) जन वा जनी जनने से और (आप्स्यामि तथा आपः) आप्लृ व्याप्तौ प्राप्तौ से बने हैं ॥

टिप्पणी २—कण्डिका १-२ का मिलान करो (हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् । स दाधार पृथिवीमुत द्यां कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥) हिरण्यगर्भ, तेजवाले लोकों का आधार, पहिले ही पहिले वर्तमान था, वही प्रकट होकर पृथिवी आदि पंचभूत का एक पति हुआ, उस ने पृथिवी और सूर्य को धारण किया, उस सुखदायक प्रजापति की दिव्य गुण के लिये भक्ति के साथ हम सेवा करें—अथर्व० काण्ड ४ सूक्त २ मन्त्र ७ । (आपो वत्सं जनयन्तीर्गर्भमग्रे समैरयन् । तस्योत जायमानस्योल्ब आसीद्धिरण्ययुः कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥) पहिले ही पहिले बालक रूप संसार को उत्पन्न करती हुई जल धाराओं ने गर्भ, बालक रूप संसार, को यथावत् प्रकट किया और उस उत्पन्न होते हुये [बालक, संसार] का जरायु [गर्भ की झिल्ली] तेजोमय परमात्मा था, उस सुखदायक प्रजापति की दिव्य गुण के लिये भक्ति के साथ हम सेवा करें—अथर्व ४ । २ । ८ ॥

जीवः (पुत्) पुत पुत्त वा गतौ-क्विप् । गच्छन्ति पापिनो यत्र । नरकम् (नरकम्) कृजादिभ्यः संज्ञायां वुन् । उ० । ५ । ३५ । नॄ नये—वुन् । दुःखभोगावस्थाभेदः । (अनेकशततारम्) तॄ अभिभवे स्वार्थे णिच्—घञ् । बहुविधाभिभवयुक्तम् (त्राति) त्रायते (आपः) आप्नोतेर्ह्रस्वश्च । उ० २ । ५८ । आप्लृ व्याप्तौ—क्विप्, ज्ञसि दीर्घः । व्यापनशक्तयः । जलानि ॥

कण्डिका ३ ॥

ता अपः सृष्ट्वाऽन्वैक्षत, तासु स्वां छायामपश्यत् तामस्येक्षमाणस्य स्वयं रेतोऽस्कन्दत्तदप्सु प्रत्यतिष्ठत् तास्तत्रैवाभ्यश्राम्यदभ्यतपत्, समतपत्, ताः श्रान्तास्तप्ताः सन्तप्ताः सार्द्धमेव रेतसा द्वैधमभवंस्तासामन्या अन्यतरा अतिलवणा अपेया अस्वादव्यस्ता अशान्ता रेतः समुद्रं वृत्वाऽतिष्ठन्नथेतराः पेयाः स्वादव्यः शान्तास्तत्रैवाभ्यश्राम्यदभ्यतपत्, समतपत्, ताभ्यः श्रान्ताभ्यस्तप्ताभ्यः सन्तप्ताभ्यो यद्रेत असीत्तदभृज्यत, यदभृज्यत तस्माद् भृगुः समभवत्, तद् भृगोर्भृगुत्वं भृगुरिव वै स सर्वेषु लोकेषु भाति य एवं वेद ॥ ३ ॥

कण्डिका ३ । ब्रह्म के बीज का जल में गिरना, समुद्र और भृगु की उत्पत्ति ॥

(ताः अपः सृष्ट्वा अनु ऐक्षत) उन जलों को उत्पन्न करके उसने फिर देखा, (तासु स्वां छायाम् अपश्यत्) उन में अपनी छाया [कान्ति, तेज्] को देखा । (ताम् ईक्षमाणस्य अस्य) उस [छाया] को देखते हुये इस [ब्रह्म] का (रेतः स्वयम् अस्कन्दत्) बीज अपने आप टपका, (तत् अप्सु प्रति अतिष्ठत्) और वह जलों में ठहर गया । (ताः तत्र एव अभि अश्राम्यत्) उनको वहां ही उसने सब ओर से श्रम दिया [दबाया], (अभि अतपत्) सब ओर से तपाया, (सम् अतपत्) भली भांति तपाया । (ताः श्रान्ताः तप्ताः सन्तप्ताः) वे दबाये हुये, तपाये हुये, भली भांति तपाये हुये [जल] (रेतसा सार्द्धम् एव) बीज के साथ ही (द्वैधम् अभवन्) दो प्रकार से होगये । (तासाम् अन्याः अन्यतराः) उन में से कोई, दोनों में से कोई एक [जलधारायें] (अतिलवणाः) अति खारी, (अपेयाः) न पीने योग्य और (अस्वादव्यः) अरोचक थीं, (ताः अशान्ताः रेतः) वे अशान्त बीज [होती हुयीं] (समुद्रं वृत्वा) समुद्र [परमात्मा] को स्वीकार करके (अतिष्ठन्) ठहरीं

३—(अपः) जलानि (छायाम्) माछाससिसूभ्यो यः । उ० । ४ । १०६ । छो छेदने–यप्रत्ययः । प्रकाशावरणम् । कान्तिम् । प्रतिबिम्बम् । (अस्य) ब्रह्मणः (ईक्षमाणस्य) पश्यतः (रेतः) बीजम् (अस्कन्दत्) अक्षरत् (द्वैधम्) द्विध्योश्च धमुञ् । पा० । ५ । ३ । ४५ । द्वि–धमुञ् । द्विविधम् (अस्वादव्यः) अरुचिराः (समुद्रम्) सम+उत्+द्रु—डप्रत्ययः । समुद्र आदित्यः, समुद्र

[देखो कण्डिका ७] । (अथ इतराः) और दूसरी [जलधारायें] (पेयाः) पीने योग्य, (स्वादूदयः) रोचक और (शान्ताः) शान्त थीं, (ताः तत्र एव अभि अश्राम्यत्) उनको वहां ही उसने सब ओर से दबाया, (अभि अतपत्) सब ओर से तपाया, (सम् अतपत्) भली भांति तपाया । (ताभ्यः श्रान्ताभ्यः तप्ताभ्यः सन्तप्ताभ्यः) उन दबाई हुई, तपाई हुई, भली भांति तपाई हुई [जल धाराओं] से (यत् रेतः आसीत्) जो बीज हुआ, (तत् अभृज्यत) वह पक गया [अथवा चमक उठा]। यत् अभृज्यत) जो वह पक गया [वा चमक उठा], (तस्मात्) उससे (भृगुः) वह भृगुः [भर्ग वाला अर्थात् चमकीला तत्त्व विशेष] (सम् अभवत्) उत्पन्न हुआ, (तत्) वह (भृगोः) भृगु का (भृगुत्वम्) भृगुपन [पक्कपन वा चमकीलापन] है । (भृगुः इव वै) भृगु के समान ही (सः सर्वेषुलोकेषु भाति) वह सब लोकों [जीवों] में चमकता है, (यः एवं वेद) जो ऐसा विद्वान् है ॥ ३ ॥

भावार्थ—ब्रह्म ने जल रूप तत्त्व के दो रूप किये एक अतिसूक्ष्म परमाणु रूप जिसको हम ग्रहण नहीं कर सकते, और दूसरा स्थूल रूप प्रकाश आदि ॥

टिप्पणी १—(अभृज्यत तथा भृगुः) दोनों पद भ्रस्ज पाके दीप्तौ च, एक धातु से बने हैं यह दोनों में समता है ॥

टिप्पणी २—मनु जी महाराज अध्याय १ श्लोक ८, ९, १२, १३ में ऐसा कहते हैं—(सोऽभिध्याय शरीरात् स्वात् सिसृक्षुर्विविधाः प्रजाः । अपएव ससर्जादौ तासु बीजमवासृजत् ॥ ८ ॥ तदण्डमभवद्धैमं सहस्रांशुसमप्रभम् । तस्मिञ् जज्ञे स्वयं ब्रह्मा सर्वलोकपितामहः ॥ ९ ॥ तस्मिन्नण्डे स भगवानुषित्वा परिवत्सरम् । स्वयमेवात्मनो ध्यानादण्डमकरोद् द्विधा ॥ १२ ॥ ताभ्यां स शकलाभ्यां च दिवं भूमिं च निर्ममे । मध्ये व्योम दिशश्चाष्टावपां स्थानं च शाश्वतम् ॥ १३ ॥) उस [परमात्मा] ने अपने शरीर से अनेक प्रजायें उत्पन्न करने की इच्छा करते हुए सब ओर से ध्यान करके अप् [जल तत्त्व] को पहिले

आत्मा—निरु० १४ । १६ । परमात्मानम् । जलौघम् (कृत्वा) स्वीकृत्य (अभृज्यत) भ्रस्ज पाके दीप्तौ च-लङ् । पक्कमभवत् । अदीप्यत (भृगुः) प्रथिभ्रदिभ्रस्जां सम्प्रसारणं सलोपश्च । उ० १ । २८ । भ्रस्ज पाके दीप्तौ च—कु, सम्प्रसारणं सलोपो न्यङ्क्वादित्वात् कुत्वं च । भृगवः, मध्यस्थानदेवताः—निरु० । ११ । १९ । भर्गयुक्तः । परिपक्वः । तेजस्वी । परमात्मरूपम् (वेद) विद ज्ञाने—लट् । वेत्ति । जानाति ॥

उत्पन्न किया और उसमें बीज छोड़ दिया ॥ ८ ॥ वह [बीज] सूर्य के समान प्रकाशवाला चमकीला अण्डा हो गया, उस अण्डे में सब लोकों का पितामह ब्रह्मा [परमात्मा] अपने आप प्रकट हुआ ॥ ९ ॥ उस अण्डे में उस भगवान् [ऐश्वर्य्यवान् परमात्मा] ने वर्ष भर रह कर अपने आप ही अपने ध्यान से उस अण्डे को दो टुकड़े कर दिया ॥ १२ ॥ उस [परमात्मा] ने उन दो टुकड़ों से सूर्य और पृथिवी, बीच में आकाश, आठ दिशाओं और जलों के नित्य स्थायी स्थान को बनाया ॥ १३ ॥

कण्डिका ४ ॥

स॒ भृगुं सृष्ट्वाऽन्तरधीयत, स भृगुः सृष्टः प्राङेजत तं वागन्वदद्वायो वायो इति, स न्यवर्त्तत, स दक्षिणां दिशमेजत तं वागन्वदत् मातरिश्वन् मातरिश्वन्निति, स न्यवर्त्तत स प्रतीचीं दिशमेजत तं वागन्वदत् पवमानः पवमान इति, स न्यवर्त्तत स उदीचीन्दिशमेजत तं वागन्वदद्धात वातेति तमब्रवीन्नन्वविदामह इति, नहीत्यथार्वाङेनमेतास्वेवाप्त्वन्विच्छेति तद्यदब्र वीदथार्वाङेनमेतास्वेवाप्त्वन्विच्छेति तदथर्वाऽभवत्, तदथर्वणोऽथर्वत्वम् । तस्य ह वा एतस्य भगवतोऽथर्वण ऋषेर्यथैव ब्रह्मणो लोमानि यथाऽङ्गानि यथा प्राण एवमेवास्य सर्व आत्मा समभवत्तमथर्वाणं ब्रह्माऽब्रवीत् प्रजापतेः प्रजाः सृष्ट्वा पालयस्वेति । तद्यदब्रवीत् प्रजापतेः प्रजाः सृष्ट्वा पालयस्वेति, तस्मात् प्रजापतिरभवत्, तत् प्रजापतेः प्रजापतित्वमथर्वा वै प्रजापतिः, प्रजापतिरिव वै स सर्वेषु लोकेषु भाति य एवं वेद ॥ ४ ॥

कण्डिका ४ । अथर्वा और प्रजापति ॥

(स भृगुं सृष्ट्वा अन्तर् अधीयत) वह [परमात्मा] भृगु [पकाने वाले वा चमकीले तत्त्व] को उत्पन्न करके अन्तर्धान हो गया । (सः भृगुः सृष्टः प्राङ् एजत=ऐजत) वह भृगु उत्पन्न होकर पूर्व को चला । (तं वाक् अनु अवदत्) उस से वाणी [वेद वाणी] कहने लगी—(वायो वायो इति) हे वायु ! वायु ! [चलनेवाले पवन] । (स न्यवर्तत) वह लौटा । (स दक्षिणां दिशम् एजत) वह दक्षिण दिशा को चला । (तं वाक् अनु अवदत्) उससे

४—(अन्तरधीयत) अन्तर+डुधाञ् धारणपोषणयोः कर्मणि लङ् । अन्तर्हितोऽदृष्टोऽभवत् (प्राङ्) प्र+अञ्चु गतिपूजनयोः—क्विन् । पूर्वस्यां दिशि (एजत) एजृ कम्पने-लङ् । बहुलं छन्दस्यमाङ्योगेऽपि । पा० ६ । ४ । ७५ ।

वाणी कहने लगी—(मातरिश्वन् मातरिश्वन् इति) हे मातरिश्वन् ! हे मातरिश्वन् ! [आकाश में बढ़ने वाले पवन] । (स न्यवर्तत) वह लौटा । (स प्रतीचीं दिशम् एजत) वह पश्चिम दिशा को चला । (तं वाक् अनु अवदत्) उस से वाणी कहने लगी—(पवमानः पवमान इति) हे पवमान ! पवमान [शोधने वाले पवन] । (सः न्यवर्तत) वह लौटा । (स उदीचीं दिशम् एजत) वह उत्तर दिशा को चला । (तं वाक् अनु अवदत्) उससे वाणी कहने लगी (वात वात इति) हे वात ! वात ! [सेवनीय पवन] । (तम्=ताम्) उस [वाणी] से (अब्रवीत्) वह बोला—(ननु अविदामहे इति) क्या [उस परमात्मा को] हमने जाना है ? [वाणी ने कहा] (नहि इति) नहीं [जाना है], (अथ अर्वाङ्) अब सामने (एनम्) इस [पुरुष] को (एतासु एव) इन ही (अप्सु) जलों [भाप समान व्यापक तन्मात्राओं] में (अन्विच्छ इति) खोज । (तत्यत्) वह जो (अब्रवीत्) उस [वाणी] ने कहा—(अथ अर्वाङ् एनम् एतासु एव अप्सु अन्विच्छ इति) अब सामने इस [पुरुष] को इनहीं जलों [भाप समान व्यापक तन्मात्राओं] में खोज—(तत् अथर्वा अभवत्) वह अथर्वा [निश्चल परमात्मा] हुआ [अर्थात् अथर्वा पद अथ और अर्वाङ् से बना है] । (तत् अथर्वणः अथर्वत्वम्) वह अथर्वा का अथर्वपन है [फिर सामने होना है] । (यथा एव ब्रह्मणः लोमानि) जैसे ही ब्रह्म के रोम, (यथा अङ्गानि) जैसे अङ्ग [हाथ पैर आदि] थे और (यथा प्राणः) जैसा प्राण

आडभावः । अकम्पत । अगच्छत् । (वाक्) वेदवाणी (अनु) अनन्तरम् (वायो) कृवापाजिमि० । उ० । १ । १ । वा गतिगन्धनयोः—उण् युक् च । हे गतिशील पवन (मातरिश्वन्) श्वन्नुक्षन् पूषन्० । उ० १ । १५६ मातरि+टुओश्वि गतिवृद्ध्योः, श्वस प्राणने, शीङ् स्वप्ने वा–कनिन् । मातरिश्वा वायुर्मातिर्यन्तरिक्षे श्वसिति मातर्याश्वनितीति वा—निरु० ७ । २६ । मातरि मानकर्तरि आकाशे हे वृद्धिशील पवन (पवमानः) पूङ् शोधने–शानच् मुक् च । आर्षो विसर्गः । हे शोधक पवन (वात) हसिमृग्रिण्वा० । उ० ३ । ८६ वा सुखाप्तिगतिसेवासु–तन् । हे सेवनीय पवन (अर्वाङ्) स्रामदिपद्यर्त्ति० । उ० ४ । ११३ । ऋ गतौ-वनिप्, इति अर्वन् । ऋत्विग् दधृक्० । पा० ३ ।२ । ५९ । अर्वन्+अञ्चु गतिपूजनयोः—किन्, अर्वन्तम् अञ्चतीति । अभिमुखः । (अथर्वा) अथर्वाणोऽथनवन्तस्थर्वतिश्चरतिकर्मा तत्प्रतिषेधः—निरु० ११ । १८ स्रामदिपद्यर्ति० । उ० ४ । ११३ । अ+थर्व चरणे=गतौ—वनिप् । यद्वा अथ+ऋ गतौ—वनिप्, अत्र तु अथ+अर्वाङ् ।

था; (एवम् एव) वैसा ही (अस्य तस्य एतस्य) इस बहुत प्रसिद्ध (भगवतः) भगवान् [ऐश्वर्यवान्] (अथर्वणः ऋषेः) अथर्वा ऋषि का (ह) भी (वै) निश्चय करके (सर्वः आत्मा) सब आत्मा [शरीर] (सम् अभवत्) उत्पन्न हुआ । (तम् अथर्वाणं ब्रह्म अब्रवीत्) उस अथर्वा से ब्रह्म बोला । (प्रजापतेः प्रजाः सृष्ट्वा पालयस्व इति) प्रजापति की प्रजाओं [जीव जन्तु आदि पदार्थों] को उत्पन्न करके पाल । (तत् यत् अब्रवीत्) वह जो उस [ब्रह्म] ने कहा— (प्रजापतेः प्रजाः सृष्ट्वा पालयस्व इति) प्रजापति की प्रजाओं को उत्पन्न करके पाल—(तस्मात् प्रजापतिः अभवत्) उससे वह प्रजापति हुवा, (तत् प्रजापतेः प्रजापतित्वम्) वह प्रजापति का प्रजापतित्व है । (अथर्वा वै प्रजापतिः) अथर्वाही प्रजापति है । (प्रजापतिः इव वै) प्रजापति के समान ही (सः सर्वेषु लोकेषु भाति) वह पुरुष सब लोकों में चमकता है, (यः एवं वेद) जो ऐसा विद्वान् है ॥ ४ ॥

भावार्थ—ऋषि लोग ज्ञान शक्ति से पवन द्वारा सब दिशाओं में ब्रह्म को खोजने लगे, अन्त में ब्रह्म को सब परमाणुओं में सर्वथा व्यापक पाया । ब्रह्म के ही नाम यहां भृगु, अथर्वा और प्रजापति हैं ॥ ४ ॥

कण्डिका ५ ॥

समथर्वाणमृषिमभ्यश्राम्यदभ्यतपत्, समतपत्तस्माच्छ्रान्तात्तप्तात् सन्तप्तात् दशतयानथर्वण ऋषीन्निरमिमतैकर्चान् द्व्यर्चाँस्त्र्यर्चांश्चतुर्ऋचान् पञ्चर्चान् षड्र्चान् सप्तर्चानष्टर्चान्नवर्चान्दशर्चानिति । तानथर्वण ऋषीनभ्यश्राम्यदभ्यतपत् समतपत्, तेभ्यः श्रान्तेभ्यस्तप्तेभ्यः सन्तप्तेभ्यो दशतयानार्थवणानर्षयान्निरमिमतैकादशान् द्वादशांस्त्रयोदशांश्चतुर्दशान् पञ्चदशान् षोड़शान् सप्तदशानष्टादशान्नवदशान् विंशानिति । तानथर्वण ऋषीनाथर्वणांश्चार्षेयानभ्यश्राम्यदभ्यतपत् समतपत् तेभ्यः श्रान्तेभ्यस्तप्तेभ्यः सन्तप्तेभ्यो यान् मन्त्रानपश्यत् स आथर्वणो वेदोऽभवत् तमाथर्वणं वेदमभ्यश्राम्यदभ्यतपत्समतपत्तस्माच्छ्रान्तात्

एतद्ध स्मैतद्, विद्वांसमेकादशाक्षम्मौद्गल्यं श्लावो मैत्रेयोऽभ्याजगाम । स तस्मिन् ब्रह्मचर्य्यं वसतीति विज्ञायोवाच, किं स्विन्मर्य्यादा अयंतं मौद्गल्यो अध्येति यदस्मिन् ब्रह्मचर्य्ये वसतीति । तद्धि मौद्गल्यस्यान्तेवासी शुश्राव । सः आचार्य्यायाब्रज्याचचष्टे, दुरधीयानं वा अयं भवन्तमवोचद्योऽयमद्यातिथिर्भवति । किं सौम्य विद्वानिति । त्रीन् वेदान् ब्रूते भो३ इति तस्य सौम्य यो विस्पष्टी बिजिगीषोऽन्तेवासी तन्मे ह्येति, तमाजुहाव, तमभ्युवाचासाविति भो३ इति किं सौम्य त आचार्य्योऽध्येतीति, त्रीन् वेदान् ब्रूते भो३ इति, यन्नु खलु सौम्यास्माभिः सर्वे वेदा मुखतो गृहीताः कथन्त एवमाचार्य्यो भाषते कथं नु शिष्टाः

३०—(अध्यात्मम्) आत्मज्ञानाधिकरणम् । (आत्मभैषज्यम्) आत्मौषधम् (आत्मकैवल्यम्) आत्ममोक्षसुखम् (आत्मानम्) परमात्मानम् (निरुध्य) प्रतिरुध्य (सङ्गममात्रीम्) सङ्गतिशीलाम् (भूतार्थचिन्ताम्) प्राणिविषयकस्मृतिम् (अतिक्रम्य) तां चिन्तामुल्लंघ्य (सर्वपरम्) सर्वोत्कृष्टम् (अध्यात्मफलम्) आत्मज्ञानफलम् (पदम्) सुप् तिङन्तं पदम् । पा० । १ । ४ । १४ । (विषयी) विषम्—इति । इन्द्रियगोचरज्ञानयुक्तः । (वाकः) वच-घञ् । वचनसामर्थ्यम् । (वाक्य) वच-ण्यत् । पदसमूहे ॥

शिष्टेभ्य एवं भाषेरन्, यं ह्येनमहं प्रश्नं प्रच्छामि न तं विवक्ष्यति न ह्येनमध्येतीति । स ह मौद्गल्यः स्वमन्तेवासिनमुवाच, परेहि सौम्य ग्लावं मैत्रेयमुपसीदाधीहि भोः सावित्रीं गायत्रीञ्चतुर्विंशतियोनिं द्वादशमिथुनां यस्या भृग्वङ्गिरसश्चक्षुर्यस्यां सर्वमिदं श्रितं, तां भवान् प्रब्रवीत्विति स ह तस्मौम्य दुरधीयानो भविष्यत्याचार्य्योवाच ब्रह्मचारी ब्रह्मचारिणे सावित्रीं प्राहेति वक्ष्यति, तत्त्वं ब्रूयात् दुरधीयानन्तं वै भवान् मौद्गल्यमवोचत् स त्वा यं प्रश्नमप्राक्षीत्तं व्यवोचः पुरा संवत्सरादार्त्तिमार्च्छ्यसीति ॥ ३१ ॥

कण्डिका ३१ ॥ मौद्गल्य और मैत्रेय की कथा ॥

(एतत् ह स्म एतत्) यह बहुत प्रसिद्ध है—(विद्वांसम् एकादशाक्षम् मौद्गल्यम् ग्लावः मैत्रेयः अभ्याजगाम) विद्वान् [दो कान, दो आंख, दो नथने, एक मुख, एक ब्रह्मरन्ध्र, एक नाभि, एक उपस्थ एक पायु] ग्यारह इन्द्रियों से युक्त शरीर वाले [सर्वथा स्वस्थ] मौद्गल्य [मुद्गल ऋषि के सन्तान] के पास ग्लाव [चन्द्रवंशीय] मैत्रेय [मित्रयु का शिष्य] आया । (सः तस्मिन् ब्रह्मचर्य्यं वसति इति विज्ञाय उवाच) वह [मौद्गल्य] उस [स्थान] पर ब्रह्मचर्य्य [वेदाभ्यास और इन्द्रियनिग्रह] में रहता है, यह जान कर वह [मैत्रेय] बोला—(किं स्वित् मर्यादाः अयं मौद्गल्यः तम् अध्येति यत् अस्मिन् ब्रह्मचर्य्ये वसति इति) यह क्या मर्यादायें [रीति] हैं यह मौद्गल्य उस [वेद] को पढ़ता है जिस के लिये इस ब्रह्मचर्य्य में मनुष्य रहता है [अर्थात् वेदाभ्यास के लिये इतना ब्रह्मचर्य करना ठीक नहीं है] । (तत् हि मौद्गल्यस्य अन्तेवासी शुश्राव) यह बात मौद्गल्य के शिष्य ने सुनी । (सः आचार्य्याय आव्रज्य आचचक्षे) वह आचार्य्य से आकर बोला–(अयं भवन्तं वै दुरधीयानं अवोचत् यः अयम् अद्य अतिथिः भवति) इस ने आप को निश्चय करके कुपढ़ बताया है जो यह आज अतिथि है । [मौद्गल्य

३१—(एकादशाक्षम्) अक्षू व्याप्तौ—अच् । नासिकाश्रोत्रनेत्राणां द्वयं द्वयं मुखमेकं ब्रह्मरन्ध्रमेकं नाभ्या सहाधःस्थानि त्रीणि, इत्थमेकादश अक्षाणि इन्द्रियाणि यस्मिन् तच्छरीरम्, ततः अर्श आद्यच् । एकादशेन्द्रिययुक्तशरीरवन्तं सर्वथास्वस्थम् (मौद्गल्यम्) मुदिग्रोर्गग्गौ । उ० १ । १२८ । मुद हर्षे—गक् । मुद्गं हर्षं लाति गृह्णातीति । मुद्ग+ला आदाने—क । मुद्गलो मुनिः । ततः ष्यञ् । मुद्गलस्य सन्तानम् (ग्लावः) ग्लानुदिभ्यां डौः । उ० २ । ६४ । ग्लै हर्षक्षये—डौ । ग्लौऽवन्द्रः । ग्लौ—अण् । चन्द्रवंशीयः (मैत्रेयः) मृगय्वादयश्च । उ०

ने कहा] (किं सौम्य विद्वान् इति) हे सौम्य ! [प्रियदर्शन] क्या वह विद्वान् है ? [शिष्य बोला] (त्रीन् वेदान् ब्रूते भो३ इति) महाराज ! वह तीनों वेद बोलता है । [मौद्गल्य ने कहा] (सौम्य विजिगीषोः तस्य यः विस्पष्टः अन्तेवासी तम् मे ह्वय इति) हे प्रियदर्शन, जीतने की इच्छा करने वाले ! उस का जो विशेष करके स्पष्ट शिष्य है, उसे मेरे पास बुला । (तम् आजुहाव) वह [शिष्य] उसे बुला लाया, (तम् अभ्युवाच) और उस [मौद्गल्य] से बोला—(असौ इति भो३ इति) महाराज ! वह यह है । [मौद्गल्य ने कहा] (सौम्य ते आचार्यः किम् अध्येति इति) हे प्रियदर्शन ! तेरा आचार्य क्या पढ़ता है । [वह बोला] (त्रीन् वेदान् ब्रूते भो३ इति) महाराज ! वह तीनों वेदों को बोलता है । [मौद्गल्य ने कहा] (सौम्य यत् नु खलु अस्माभिः सर्वे वेदाः मुखतः गृहीताः कथं ते आचार्यः एवं भाषते) हे सौम्य क्योंकि हमने सब वेद मुख से ग्रहण किये हैं, तेरा आचार्य कैसे ऐसा कहता है । (कथं नु शिष्टाः शिष्टेभ्यः एवं भाषेरन्) कैसे शिष्ट लोग शिष्टों से ऐसा बोलें । (यं हि एनं प्रश्नम् अहं प्रच्छामि न तं विवक्ष्यति न हि एनम् अध्येति इति) जिस इस प्रश्न को मैं पूंछता हूं [जो] उसको वह न बतावेगा, वह इस [वेद] को नहीं पढ़ता है । (सः ह मौद्गल्यः स्वम् अन्तेवासिनम् उवाच) फिर वह मौद्गल्य अपने शिष्य से बोला—(सौम्य परेहि श्लावं मैत्रेयम् उपसीद) हे प्रियदर्शन ! जा और चन्द्रवंशीय मैत्रेय से मिल, [और कह] (भोः चतुर्विंशतियोनिं द्वादशमिथुनां सावित्रीं गायत्रीम् अधीहि) महाराज ! चौबीस योनि [उत्पत्ति स्थान] वाली, बारह जोड़ा वाली,

---

१ । ३७ । मित्र+या प्रापणे—कु । मित्रयुर्लोकव्यवहारवित् । मित्रयोः अपत्यः मित्रि । गृष्ट्यादिभ्यश्च । पा० ४ । १ । १३६ । मित्रयु—ढञ् । दाण्डिनायन हास्तिनायन० । पा० ६ । ४ । १७४ । यु शब्दलोपः । मैत्र—एय । यस्येति च । पा० ६ । ४ । १४८ । मैत्र इत्यस्य अकार लोपः । मित्रयोरपत्यं पुमान् (अन्तेवासी) अन्ते +वस निवासे—णिनि । शयवासवासिष्वकालात् । पा० ६ । ३ । १८ । सप्तम्याः अलुक् । अन्ते विद्यामध्येतुमध्यापकसमीपे वसतीति । शिष्यः । (आचार्य्याय) आङ्+चर गतौ—ण्यत् । वेदाध्यापकाय । उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद् द्विजः । सकल्पं सरहस्यं च तमाचार्यं प्रचक्षते—मनुः २ । १४० (अतिथिः) ऋत्यङ्ञि० । उ० ४ । २ । अत सातत्यगमने—इथिन् । न विद्यते नियता तिथिरस्येति वा । सदा भ्रमणशीलः । अभ्यागतः (सौम्य) सोमो देवता अस्य । सोमाट् ष्यण् । पा० ४ । २ । ३० । सोम—ष्यण् सोमवत् स्वभावयुक्त । प्रिय-

[देखो कण्डिका ३३], सविता देवता वाली गायत्री को पढ, (यस्याः भृग्वङ्गिरसः चक्षुः यस्यां सर्वम् इदं श्रितम् , ताम् भवान् प्रब्रवत् तु इति) जिस के भृगु—अङ्गिरस [प्रकाशमान सब वेद] नेत्र हैं, और जिसमें यह सब ठहरा हुआ है, आप उस गायत्री को समझावें । आचार्य्य = आचार्य्यः, उवाच) फिर आचार्य्य [मौद्गल्य] ने कहा—(सौम्य सः चेत् दुरधीयानः भविष्यति, [भवान्] वक्ष्यति, ब्रह्मचारी ब्रह्मचारिणे सावित्रीं प्राह) हे सौम्य ! जो वह कुपढ़ होवे, [आप] कहें ब्रह्मचारी ब्रह्मचारी को सावित्री [सविता देवता वाली] गायत्री बताता है । (तत्त्वं [भवान्] ब्रूयात्) [तब आप] ठीक ठीक कह दें—(भवान् वै तं मौद्गल्यं दुरधीयानम् अवोचत्) आपने ही उस मौद्गल्य को कुपढ़ कहा है, (सः त्वा यं प्रश्नम् अप्राक्षीत् त पुरा न व्यवोचः, संवत्सरात् आर्तिम् आकृष्यसि इति) उसने तुझसे जो प्रश्न पूंछा था, वह तू ने हमारे सामने नहीं बताया है, एक वर्ष तक तुझे पीड़ा खींचनी होगी ॥ ३१ ॥

भावार्थ—मनुष्य परिश्रम से प्रश्नोत्तर के साथ वेदों को विचार कर तत्त्व का ग्रहण करें ॥ ३१ ॥

कण्डिका ३२ ॥

स तत्राजगाम यत्रेतरो बभूव, तं ह पप्रच्छ स ह न प्रतिपेदे, तं होवाच दुरधीयानं तं वै भवान् मौद्गल्यमवोचत्, स त्वा यं प्रश्नमप्राक्षीन्न तं व्यवोचः पुरा संवत्सरादार्त्तिमाकृष्यसीति । स ह मैत्रेयः स्वानन्तेवासिन उवाच यथार्थं,

---

दर्शन, मनोज्ञ (विजिगीषो) हे जेतुमिच्छुक (शिष्टाः) शासु अनुशिष्टौ—क्त । सुबोधाः । धीराः (विवक्ष्यति) विविधं कथयिष्यति (परेहि) समीपे गच्छ (उपसीद) प्राप्नुहि (अधीहि) अधीष्व । पठ (सावित्रीम्) सवितृ–अण् । सवितृदेवताघतीम् (गायत्रीम्) अमिनक्षियजि० । उ० ३ । १०५ । गै गाने—अत्रन्, स च णित् । आतो युक् चिण्कृतोः । पा० ७ । ३ । ३३ । इति युक्, स्त्रियां ङीष् । गायत्री गायतेः स्तुतिकर्मणस्त्रिगमना वा विपरीता । गायतो मुखादुदपतदिति च ब्राह्मणम्—निरु० ७ । १२ । यद्वा, गायन्तं त्रायते । गै गाने—शतृ+त्रैङ् पालने—क । स्तुत्यं वेदमन्त्रविशेषम् । गायतां रक्षिकामृचम् (योनिम्) उत्पत्तिस्थानम् । (आचार्य्य) विभक्तेर्लुक । आचार्यः (तत्त्वम्) यथार्थम् (पुरा) अग्रे (आर्तिम्) आङ्+ऋ गतौ हिंसने च—क्तिन् । पीडाम् (आकृष्यसि) आकर्षणे करिष्यसि ॥

भवन्तो यथागृहं यथामनो विप्रसृज्यन्तां दुरधीयानं वा अहं मौद्गल्यमवोचं स मा यं प्रश्नमप्राक्षीन्न तं व्यवोचं, तमुपेष्यामि शान्तिं करिष्यामीति । स ह मैत्रेयः प्रातः समित्पाणिर्मौद्गल्यमुपससादास्रावाग्रहं भो मैत्रेयः किमर्थमिति दुरधीयानं वा अहं भवन्तमवोचं त्वं मा यम्प्रश्नमप्राक्षीर्न्न तं व्यवोचं त्वामुपेष्यामि शान्तिं करिष्यामीति, स होवाचात्र वा उपेतश्च सर्वञ्च कृतं पापकेन त्वा यानेन चरन्तमाहूरथोऽयं मम कल्याणस्त ते ददामि तेन याहीति । स होवाचैतदेवात्र-त्विषञ्चानृशंस्यञ्च यथा भवानाहोपायामित्येवं भवन्तमिति तं होपेयाय तं होपेत्य पप्रच्छ किंस्विदासुर्भोः सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य कवयः किमाहुर्धियो विप्रुष्व यदि ताः प्रविश्य प्रचोदयात्सविता याभिरेतीति ।

तस्मा एतत् प्रोवाच वेदाश्छन्दांसि सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य कवयोऽन्नमाहुः । कर्माणि धियस्तदु ह ब्रवीमि प्रचोदयात्सविता याभिरेतीति ।

तमुपसङ्गृह्य पप्रच्छाधीहि भोः कः सविता का सावित्री ॥ ३२ ॥

कण्डिका ३२ ॥ मौद्गल्य और मैत्रेय का गायत्री मन्त्र पर वार्तालाप ॥

(सः तत्र आजगाम यत्र इतरः बभूव) वह वहां आया जहां दूसरा [मैत्रेय] था । (तं ह पप्रच्छ सः ह न प्रतिपेदे) उस से उसने पूंछा और वह [मैत्रेय] न बता सका । (तं ह उवाच) उस [मैत्रेय] से वह बोला—(भवान् तं मौद्गल्यं दुरधीयानम् अवोचत्) आप ने उस मौद्गल्य को कुपढ़ बताया है, (सः त्वा यं प्रश्नम् अप्राक्षीत् तं पुरा न व्यवोचः संवत्सरात् आर्तिम् आकृष्यसि इति) उसने तुझसे जो प्रश्न पूंछा था वह तू ने हमारे सामने नहीं बताया है, एक वर्ष तक तुझे पीड़ा खींचनी होगी । (सः ह मैत्रेयः स्वान् अन्तेवासिनः यथार्थम् उवाच) वह मैत्रेय अपने शिष्यों से ठीक ठीक बोला—(भवन्तः यथागृहं यथामनः विप्रसृज्यन्ताम्) आप लोग अपने अपने घर को जैसा मन हो

३२—(प्रतिपेदे) प्रतिपादितवान् । बोधितवान् (यथागृहम्) गृहमनतिक्रम्य (यथामनः) यथेच्छम् (विप्रसृज्यन्ताम्) विविधं प्रकर्षेण गच्छन्ताम् (शान्तिम्) सन्तोषम् । प्रसन्नताम् (समित्पाणिः) होमार्थं हस्तयोः समिधायुक्तः (आग्रहम्) आग्रह—अर्शआद्यच् । अनुग्रहवन्तम् (कृतम्) करोतेः—क्विप् । कर्तारम् (पापकेन) पापयुक्तेन । दुःखकरेण (आहुः) मनुष्याः कथयन्ति (कल्याणः) मङ्गलकरः (अत्विषम्) नञ् + त्विष् दीप्तौ—क । त्वेषप्रतीका

चले जावें, (अहं वै मौद्गल्यं दुरधीयानम् अवोचम्) मैंने मौद्गल्य को कुपढ़ बताया है, (सः मा यं प्रश्नम् अप्राक्षीत् तं न व्यवोचम्) उसने मुझ से जो प्रश्न पूंछा था वह मैंने न बताया, (तम् उपेष्यामि शान्तिं करिष्यामि इति) मैं उस के पास जाऊंगा और उसकी शान्ति [सन्तुष्टता] करूंगा । (सः ह समित्पाणिः मैत्रेयः प्रातः आग्रहं मौद्गल्यम् उपससाद) वह [यज्ञ के लिये] समिधा हाथ में लिये हुये प्रातःकाल अनुग्रहशील मौद्गल्य के पास पहुंचा [और बोला] —(भो असौ मैत्रेयः) महाराज ! वह मैं मैत्रेय हूं । [मौद्गल्य ने कहा]— (किम् अर्थम् इति) किस लिये । [मैत्रेय बोला]—अहं वै भवन्तं दुरधीयानम् अवोचम्) मैं ने आपको कुपढ़ बताया है, (त्वं मा यं प्रश्नम् अप्राक्षीः तं न व्यवोचम्) तू ने मुझ से जो प्रश्न पूंछा था, वह मैंने नहीं बताया, (त्वाम् उपेष्यामि शान्तिं करिष्यामि इति) तेरे पास आऊंगा और तेरी शान्ति करूंगा । (सः ह उवाच) वह [मौद्गल्य बोला]—(अत्रवै उपेतं च सर्वं च कृतं त्वा पापकेन यानेन चरन्तम् आहुः) यहां पर आये हुये सब काम करने वाले तुझको पापी रथ से चलता हुआ लोग बताते हैं, (अयम् मम रथः कल्याणः तं ते ददामि तेन याहि इति) यह मेरा [शिक्षारूपी] रथ कल्याणकारी है, वह मैं तुझे देता हूं, उससे चल । (सः ह उवाच) वह [मैत्रेय] बोला—(एतत् एव अत्र अभिषक् च अनृशंस्यं च) यही [आप का] कर्म यहां अभय और अक्रूर [अति दयालु] है । (यथा भवान् आह, एवं भवन्तम् उप—अयाम् इति इति) जैसा आप कहते हैं वैसे ही आप के पास मैं आया हूं । (तं ह उप—इयाय) वह उस [मौद्गल्य] के पास आया, (तं ह उपेत्य पप्रच्छ) और पास आकर उससे पूछा—(भोः सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य, कवय किंस्वित् आहुः) हे महाराज ! सवितुर्वरेण्य भर्गो देवस्य—इसका अर्थ कवि लोग क्या कहते हैं, (धियः किम् आहुः) और धियः, इस पद को वे क्या कहते हैं, (विचक्ष) सो बता,

---

भाष्यप्रतीका—निरु० १० । २१ । अभयं कर्म (अनृशंस्यम्) नॄन् शस्यति नृशंसम् । नञ्+शंसु हिंसायाम्—अण्, स्वार्थे यत् । अक्रूरम् । अतिदयालु कर्म (उपायाम्) उप+या गतौ–लङ् । समीपे अगच्छम् । (उपेयाय) उप+इण् गतौ—लिट् । आजगाम (सवितुः) षू प्रसवे प्रेरणे च—तृच् । सविता सर्वस्य प्रसविता—निरु० १० । ३१ । सर्वप्रेरकस्य (वरेण्यम्) वृञ एण्यः । उ० ३ । ९८ । वृञ् वरणे—एण्य । स्वीकरणीयम् । अतिश्रेष्ठम् (भर्गः) अञ्चत्यञ्जियुजिभृजिभ्यः कुश्च । उ० ४ । २१६ । भृजी भर्जने = पाके—असुन्, कुत्वञ्च । तेजः (कवयः)

(यदि सविता प्रविश्य ताः प्रचोदयात् याभिः एति इति) यदि सविता प्रवेश करके उन्हें [कर्मों वा बुद्धियों को] आगे बढ़ाता है जिनसे वह चलता है।

(तस्मै एतत् प्र उवाच) उस [मैत्रेय] से वह यह बात बोला—(वेदाः छन्दांसि) वेद छन्द [आनन्द देने वाले कर्म] हैं, (कवयः देवस्य सवितुः वरेरयं भर्गः अन्नम् आहुः) कवि लोग प्रकाशमान् सविता [सब के चलाने वाले] के अति श्रेष्ठ भर्गः [तेज] को अन्न कहते हैं। (कर्माणि धियः तत् उ ते ब्रवीमि) धियः कर्म हैं, यह भी तुझे बताता हूं, (सविता प्रचोदयात्, याभिः एति इति) [जिनको] सविता [सब का चलाने वाला] आगे बढ़ाता है और जिन से चलता है।

(तम् उपसंगृह्य पप्रच्छ) उसके पास आदर से जाकर उस [मैत्रेय] ने पूछा—(भोः अधीहि कः सविता का सावित्री) महाराज ! पढ़ाओ कौन सविता है कौन सावित्री है ॥ ३२ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को प्रश्नोत्तर करके गायत्री आदि वेद मन्त्रों के अर्थ समझने चाहिये ॥ ३२ ॥

टिप्पणी—त्रिपदा सावित्री वा गायत्री मन्त्र—

तत् सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि । धियो यो नः प्रचोदयात् ॥ ऋ० ३ । ६२ । १०, यजु० ३ । ३५; २२ । ६; ३० । २; ३६ । ३; साम० उ० ६ । ३ । १० । (तत्) उस (देवस्य) प्रकाशमय (सवितुः) सब के चलाने हारे जगदीश्वर के (वरेण्यम्) अति उत्तम (भर्गः) ज्योति को (धीमहि) हम धारण करें, (यः) जो परमेश्वर (नः) हमारी (धियः) बुद्धियों वा कर्मों को (प्रचोदयात्) आगे बढ़ावे ॥

कण्डिका ३३ ॥

मन एव सविता, वाक् सावित्री, यत्र ह्येव मनस्तद् वाक्, यत्र वै वाक् तन्मनः, इत्येते द्वे योनी एकं मिथुनम्, १ अग्निरेव सविता पृथिवी सावित्री, यत्र ह्येवाग्निस्तत् पृथिवी यत्र वै पृथिवी तदग्निरित्येते द्वे योनी एकं मिथुनं, २ वायुरेव सवितान्तरिक्षं सावित्री यत्र ह्येव वायुस्तदन्तरिक्षं, यत्र वा अन्तरिक्षं तद्वा-

---

विद्वांसः (विचक्षव) विविधं कथय (प्रचोदयात्) प्रेरयेत् (उपसंगृह्य) आदरेण प्राप्य (अधीहि) अन्तर्गतण्यर्थः । अध्यापय (सविता) प्रेरकः (सावित्री) सवितृ—अण् । सवितृ देवताका । सवितुः प्रेरकस्योपासिका ॥

युरित्येते द्वे योनी एकं मिथुनम् ३, आदित्य एव सविता द्यौः सावित्री यत्र ह्येवादित्यस्तद्द्यौर्यत्र वै द्यौस्तदादित्य इत्येते द्वे योनी एकं मिथुनं ४, चन्द्रमा एव सविता, नक्षत्राणि सावित्री, यत्र ह्येव चन्द्रमास्तन्नक्षत्राणि यत्र वै नक्षत्राणि तच्चन्द्रमा, इत्येते द्वे योनी एकं मिथुनम् ५, अहरेव सविता, रात्रिः सावित्री, यत्र ह्येवाहस्तद्रात्रिर्यत्र वै रात्रिस्तदहरित्येते द्वे योनी एकं मिथुनम् ६, उष्णमेव सविता, शीत सावित्री, यत्र ह्येवोष्णं, तच्छीतं, यत्र वै शीतं तदुष्णमित्येते द्वे योनी एकं मिथुनम्, अब्भ्रमेव सविता, वर्षं सावित्री, यत्र ह्येवाब्भ्रन्तद्वर्षं यत्र वै वर्षं तदब्भ्रमित्येते द्वे योनी एकं मिथुनं ८, विद्युदेव सविता स्तनयित्नुः सावित्री यत्र ह्येव विद्युत् तत् स्तनयित्नुः यत्र वै स्तनयित्नुस्तद्विद्युदित्येते द्वे योनी एकं मिथुन ९, प्राण एव सविता अन्नं सावित्री, यत्र ह्येव प्राणास्तदन्नं यत्र वा अन्नं तत् प्राण इत्येते द्वे योनी एक मिथुनं १०, वेदा एव सविता छन्दांसि सावित्री, यत्र ह्येव वेदास्तच्छन्दांसि यत्र वै च्छन्दांसि तद् वेदा इत्येते द्वे योनी एकं मिथुनं ११, यज्ञ एव सविता, दक्षिणा सावित्री, यत्र ह्येव यज्ञस्तत् दक्षिणा यत्र वै दक्षिणास्तद्यज्ञ इत्यते द्वे योनी एकं मिथुनम् १२, एतद्ध स्मैतद्विद्वांसमोपाकारिमासस्तुब्रह्मचारी ते संस्थित इत्यथैत आसस्तुराचित इव चितो बभूवाथोत्थाय प्राब्राजीदित्येतद्वाऽहं वेद नतासु योनिष्वित एतेभ्यो वा मिथुनेभ्यः सम्भूतो ब्रह्मचारी मम पुरायुषः प्रेयादिति ॥ ३३ ॥

कण्डिका ३३ ॥ सावित्री वा गायत्री मन्त्र के चौबीस उत्पत्ति स्थान और बारह जोड़ा ॥

(मनः एव सविता वाक् सावित्री) [मौद्गल्य ने कहा]—मन ही सविता [चलानेवाला] और वाणी सावित्री [चलाने वाले की उपासिका वा सेविका] है, (यत्र हि एव मनः तत् वाक्, यत्र वै वाक् तत् मनः इति एते द्वे योनी एकं मिथुनम्) जहां पर ही मन है, वहां वाणी है जहां पर ही वाणी है वहां मन है, यह दो योनि [उत्पत्ति स्थान] और एक जोड़ा है । १ । (अग्निः एव सविता पृथिवी सावित्री) अग्नि ही सविता [चलाने वाला] और पृथिवी

३३—(योनी) वहिश्रिश्रुयुद्रु० । उ० ४ । ५१ । यु मिश्रणामिश्रणयोः—नि । योनिरुदकनाम—निघ० । १ । १२ । गृहनाम—निघ० ३ । ४ । उत्पत्तिस्थानम् (मिथुनम्) जुचिपिशिमिथिभ्यः कित् । उ० ३ । ५५ । मिथ वधे मेधायां च—उनन् कित् । द्वयोः संयोगः (अब्भ्रम्) अपोबिभर्ति, अप्+भृञ्

सावित्री [चलाने वाले की उपासिका] है, (यत्र हि एव अग्निः तत् पृथिवी यत्र वै पृथिवी तत् अग्निः इति एते द्वे योनी एकं मिथुनम्) जहां पर ही अग्नि है वहां पृथिवी है, जहां पर ही पृथिवी है वहां अग्नि है, यह दो उत्पत्तिस्थान और एक जोड़ा है । २ । (वायुः एव सविता अन्तरिक्षम् सावित्री) वायु ही सविता और अन्तरिक्ष सावित्री है, (यत्र हि एव वायुः तत् अन्तरिक्षम् यत्र वै अन्तरिक्षं तत् वायुः इति एते द्वे योनी एकं मिथुनम्) जहां पर ही वायु है वहां अन्तरिक्ष है, और जहां पर ही अन्तरिक्ष है वहां वायु है, यह दो उत्पत्ति-स्थान और एक जोड़ा है । ३ । (आदित्यः एव सविता द्यौः सावित्री) सूर्य ही चलाने वाला और प्रकाश चलाने वाले की सेवा करने वाली है, (यत्र हि एव आदित्यः तत् द्यौः यत्र वै द्यौः तत् आदित्यः इति द्वे योनी एकं मिथुनम्) जहां पर ही सूर्य है वहां प्रकाश है, जहां पर ही प्रकाश है वहां सूर्य है, यह दो उत्प-त्तिस्थान और एक जोड़ा है । ४ । (चन्द्रमाः एव सविता नक्षत्राणि सावित्री) चन्द्रमा ही चलाने वाला और नक्षत्र चलाने वालों की सेवा करने वाली है, (यत्र हि एव चन्द्रमाः तत् नक्षत्राणि यत्र वै नक्षत्राणि तत् चन्द्रमाः इति एते द्वे योनी एकं मिथुनम्) जहां पर ही चन्द्रमा है, वहां नक्षत्र [तारागण] हैं, जहां पर ही नक्षत्र हैं वहां चन्द्रमा है, यह दो उत्पत्ति स्थान और एक जोड़ा है । ५ । (अहः एव सविता, रात्रिः सावित्री,) दिन ही सविता है और रात्रि सावित्री है, (यत्र हि एव अहः तत् रात्रिः यत्र वै रात्रिः तत् अहः इति एते द्वे योनी एकं मिथुनम्) जहां पर ही दिन है वहां रात्रि है, जहां पर ही रात्रि है वहां दिन है, यह दो उत्पत्तिस्थान और एक जोड़ा है । ६ । (उष्णम् एव सविता, शीतं सावित्री) ताप ही चलाने वाला और ठण्ढ चलाने वाले की सेवा करने वाली है, (यत्र हि एव उष्णं तत् शीतम्, यत्र वै शीतं तत् उष्णम् इति एते द्वे

भरणे—क । मेघः (विद्युत्) भ्राजभासधुर्विद्युतोर्जि० । पा० ३ । २ । १७७ । वि + द्युत् दीप्तौ—क्विप् । तडित् । अशनिः (स्तनयित्नुः) स्तनि हृषि पुषि गदि मदिभ्यो णेरित्नुच् । उ० ३ । २६ । स्तन देव शब्दे—इत्नुच् । मेघशब्दः (प्राणः) प्र + अन् जीवने—घञ् । नासाग्रस्थानवर्ती वायुः, तस्य कर्म बहिर्गमनम् (अन्नम्) कृवृजॄसिद्रुपन्यनिस्वपिभ्यो नित् । उ० ३ । १० । अन जीवने-न प्रत्ययः । यद्वा अद् भक्षणे—क । खाद्यपदार्थः (छन्दांसि) चन्देरादेश्च छः । उ० ४ । २१६ । चदि आह्लादने—असुन् चस्य छः । आनन्दप्रदानि कर्माणि । गायत्र्याहीनि वा (ओपाकारिम्) आ + उप + अकारिम् । केरातेः लुङि रूपमार्षम् । अकार्षम् ।

योनी एकं मिथुनम्) जहां पर ही ताप है वहां ठण्ढ है, जहां पर ही ठण्ढ है वहां ताप है, यह दो उत्पत्ति स्थान और एक जोडा है। ७। (अब्भ्रम् एव सविता वर्षम् सावित्री) मेघ ही सविता और वर्षा सावित्री है, (यत्र हि एव अब्भ्रम् तत् वर्षम् यत्र वै वर्ष तत् अब्भ्रम्, इति एते द्वे योनी एकं मिथुनम्) जहां पर ही मेघ है वहां वर्षा है, जहां पर ही वर्षा है वहां मेघ है, यह दो उत्पत्ति स्थान और एक जोड़ा है। ८। (विद्युत् एव सविता स्तनयित्नुः सावित्री) बिजुली ही चलाने वाला और गर्जन चलाने वाले की सेवा करने वाली है, (यत्र हि एव विद्युत् तत् स्तनयित्नुः यत्र वै स्तनयित्नुः तत् विद्युत् इति एते द्वे योनी एकं मिथुनम्) जहां पर ही बिजुली है वहां गर्जन है, जहां पर ही गर्जन है वहां बिजुली है, यह दो उत्पत्तिस्थान और एक जोड़ा है। ९। (प्राणः एव सविता अन्नं सावित्री) प्राण ही सविता है, अन्न सावित्री है, (यत्र हि एव प्राणः तत् अन्नं यत्र वै अन्नं तत् प्राणः इति एते द्वे योनी एकं मिथुनम्) जहां ही प्राण है, वहां अन्न है, जहां ही अन्न है वहां प्राण है, यह दो उत्पत्ति स्थान और एक जोड़ा है। १०। (वेदाः एव सविता छन्दांसि सावित्री) सब वेद ही चलाने वाला है और छन्द [आनन्दकारक कर्म वा गायत्री आदि छन्द] चलाने वाले की सेवा करने वाली है, (यत्र हि एव वेदाः तत् छन्दांसि, यत्र वै छन्दांसि तत् वेदाः इति एते द्वे योनी एकं मिथुनम्) जहां पर ही वेद हैं वहां छन्द हैं, जहां पर छन्द हैं वहां वेद हैं, यह दो उत्पत्तिस्थान और एक जोड़ा है। ११। (यज्ञः एव सविता दक्षिणाः सावित्री) यज्ञ [देवपूजा, सङ्गतिकरण और दान] ही सविता है और दक्षिणायें सावित्री है, (यत्र हि एव यज्ञः तत् दक्षिणाः, यत्र वै दक्षिणाः तत् यज्ञः, इति एते द्वे योनी एकं मिथुनम्) जहां पर ही यज्ञ है वहां दक्षिणायें हैं, जहां पर ही दक्षिणायें हैं वहां यज्ञ है, यह दो उत्पत्ति स्थान और एक जोड़ा है। १२। [यह चौबीस उत्पत्ति स्थान और बारह जोड़ा हुये—देखो क० ३१]। (एतत् ह स

आसमन्तात् उपकृतवानसि (आसस्तुः) सितनिगमिमसि०। उ० १। ६९। आङ् ईषदर्थे+षस् स्वप्ने—तुन्। अल्पशयनः (संस्थितः) सम्यक् स्थितः (एतः) हसिमृग्रण् वा०। उ० ३। ८६। इण् गतौ–तन्। गतिशीलः। पुरुषार्थी (आचितः) आ+चिञ् चयने—क्त। शकटभारः (चितः) संगृहीतः (प्राव्राजीत्) लडर्थे लुङ्। प्रकर्षेण व्रजति (इतः) गतः (सम्भूतः) उत्पन्नः (प्रेयात्) प्र+इण् मरणे वि० लिङ्। म्रियेत ॥

एतत्) यह बहुत प्रसिद्ध है—(विद्वांसम्) विद्वान् को (ओपाकारिम्=आ उप अकारिम्) मैंने भली भांति उपकार किया है (आसस्तुः ब्रह्मचारी ते संस्थितः इति) थोड़ा सोने वाला ब्रह्मचारी तेरे लिये ठीक ठीक खड़ा है। (अथ एतः आसस्तुः आचितः इव चितः बभूर्वः=बभूव) और गतिशील [पुरुषार्थी] थोड़ा सोने वाला पुरुष छकड़े के भार के समान संगृहीत होता है। (अथ उत्थाय प्राव्राजीत् इति एतत् वै अहं वेद) और उठ कर वह भ्रमण करता है यही मैं जानता हूं (एतासु योनिषु इतः एतेभ्यः वा मिथुनेभ्यः सम्भूतः मम ब्रह्मचारी आयुषः पुरा न प्रेयात् इति) इन उत्पत्ति स्थानों में गया हुआ अथवा इन जोड़ों से उत्पन्न हुआ मेरा ब्रह्मचारी आयु से पहिले न मरे ॥ ३३ ॥

भावार्थ—मनुष्य कण्डिका के अनुसार सविता और सावित्री का अर्थ विचार कर पूर्णायु भोगे ॥ ३३ ॥

कण्डिका ३४ ॥

ब्रह्म हेदं श्रियं प्रतिष्ठामायतनमैक्षत, तत्तपस्त्व यदि तदू व्रते श्रियेत तत्सत्ये प्रत्यतिष्ठत्, स सविता सावित्र्या ब्राह्मणं सृष्ट्वा तत् सावित्रीं पर्य्यदधात्, तत् सवितुर्वरेण्यमिति सावित्र्याः प्रथमः पादः, पृथिव्यश्चैं समग्निभाभृचाऽग्निमग्निना श्रियं, श्रिया स्त्रियं, स्त्रिया मिथुनं, मिथुनेन प्रजां, प्रजया कर्म, कर्मणा तपः, तपसा सत्य, सत्येन ब्रह्म, ब्रह्मणा ब्राह्मणं, ब्राह्मणेन व्रतं, व्रतेन वै ब्राह्मणः संशितो भवत्यक्षय्यो भवत्यविच्छिन्नो भवत्यविच्छिन्नोऽस्य तन्तुरविच्छिन्नं जीवनं भवन भवति य एवं वेद यश्चैव विद्वानेवमेतं सावित्र्याः प्रथमं पादं व्याचष्टे ॥ ३४ ॥

कण्डिका ३४ ॥ सावित्री वा गायत्री मन्त्र के प्रथम पाद् की व्याख्या ॥

(इदं ब्रह्म ह श्रियं प्रतिष्ठाम् आयतनम् ऐक्षत) [मौद्गल्य कहता है] इस ब्रह्म ने ही श्री [संपत्ति वा शोभा अर्थात् गायत्री] को प्रतिष्ठा [गौरव] और

३४—(श्रियम्) क्विप् वचिप्रच्छिश्रि० । उ० २ । ५७ । श्रिञ् सेवायाम्—क्विप्, दीर्घश्च । ईश्वरत्वनाम् । शोभाम् । सम्पत्तिम् (प्रतिष्ठाम्) व्रतयजादेः समाप्तिम् । गौरवम् (आयतनम्) आ+यती प्रयत्ने—ल्युट् । आश्रयम । यज्ञस्थानम् (ब्राह्मणम्) वेदज्ञानिनम् (तत्) तस्मै (पर्य्यदधात्) सर्वतः

आश्रय देखा । (तत् तपस्व, यदि तत् वृते [भवान्] म्रियेत तत् सत्ये प्रत्यतिष्ठत्] [हे मैत्रेय !] वह तप कर, यदि उस वृत में आप रक्खे जावें तो आप सत्य में जम जावें । (स सविता सावित्र्या ब्राह्मणं सृष्ट्वा तत् सावित्रीं पर्य्यदधात्) उस सविता [प्रेरक परमात्मा] ने सावित्री [मन्त्र] के साथ ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी पुरुष] को उत्पन्न करके उसके लिये सावित्री को ठहराया, (तत्सवितुः वरेण्यम् इति सावित्र्याः प्रथमः पादः) (तत् सवितुर्वरेण्यम्) उस सविता का अति श्रेष्ठ [तेज] है—यह सावित्री का पहिला पाद है । (पृथिव्या ऋचम् समदधात्, ऋचा अग्निम्, अग्निना श्रियम्, श्रिया स्त्रियम्, स्त्रिया मिथुनम्, मिथुनेन प्रजाम्, प्रजया कर्म, कर्मणा तपः, तपसा सत्यम्, सत्येन ब्रह्म, ब्रह्मणा ब्राह्मणम्, ब्राह्मणेन वृतम्) पृथिवी के साथ ऋग् [स्तुति योग्य विद्या] को उस [पहिले पाद] ने ठहराया, ऋग् के साथ अग्नि को, अग्नि के साथ श्री [शोभा वा सम्पत्ति] को, श्री के साथ स्त्री को, स्त्री के साथ जोड [पुरुष संयोग] को, जोड़ के साथ प्रजा [सन्तान] को, प्रजा के साथ कर्म को, कर्म के साथ तप [ब्रह्मचर्य आदि] को, तप के साथ सत्य [यथार्थता] को, सत्य के साथ ब्रह्म [वेदज्ञान] को, वेदज्ञान के साथ ब्राह्मण [वेदज्ञानी] को, ब्राह्मण के साथ वृत [जितेन्द्रियता आदि] को । (वृतेन वै ब्राह्मणः संशितः भवति, अशून्यः भवति, अविच्छिन्नः भवति, अविच्छिन्नः अस्य तन्तुः, अविच्छिन्नं जीवनं भवनं भवति, यः एवं वेद यः च एवं विद्वान् एवम् एतं सावित्र्याः प्रथमं पादं व्याचष्टे) व्रत [जितेन्द्रियता आदि] से ही वह ब्राह्मण [वेदज्ञानी] तीक्ष्ण बुद्धि वाला [वा यत्नवान्] होता है, शून्य बिना [परिपूर्ण] होता है, अनकट होता है, अनकट उसका तांता [वंश], अनकट जीवन और अस्तित्व [ठह-

---

स्थापितवान् (तत्) तस्य (सवितुः) प्रेरकस्य परमेश्वरस्य (वरेण्यम्) अतिश्रेष्ठं (ऋचम्) ऋग्वेदम् । स्तुत्यां विद्याम् (समदधात्) सम्यक् स्थापितवान् (मिथुनम्) द्वित्वविशिष्टं पुरुषम् । पुरुषसंयोगम् (तपः) ब्रह्मचर्य्यादयनुष्ठानम् (वृतम्) वरणीयं जितेन्द्रियत्वादि कर्म (संशितः) सम् + शो तनूकरणे—क्त । तीक्ष्णबुद्धिः । सम्पादितवृतविषयकयत्नः (अशून्यः) अभावरहितः । परिपूर्णः (अविच्छिन्नः) नञ् + वि + छिदिर् द्वैधीभावे—क्त । अविभक्तः । परंपरागतः (तन्तुः) सितनिगमिमासि० । उ० । १ । ६९ । तनु विस्तारे—तुन् । विस्तारः । वंशसन्ततिः (भवनम्) अस्तित्वम् (व्याचष्टे) चक्षिङ् कथने दर्शने च—लट् । विविधं कथयति ॥

राव] होता है, जो ऐसा जानता है, और जो ऐसा जानकार पुरुष इस प्रकार से सावित्री के इस पहिले पाद को बताता है ॥ ३४ ॥

भावार्थ—मनुष्य सावित्री के प्रथम पाद के साथ ऋग्वेद, पृथिवी अग्नि आदि के विचार से अपने और सन्तान आदि के जीवन को सुदृढ़ करे ॥ ३४ ॥

कण्डिका ३५ ॥

भर्गो देवस्य धीमहीति सावित्र्या द्वितीयः पादोऽन्तरिक्षेण यजुः समदधात् यजुषा वायुं, वायुनाऽवभ्रम्, अवभ्रेण वर्ष, वर्षेणौषधिवनस्पतीनोषधिवनस्पतिभिः पशून् पशुभिः कर्म कर्मणा तपस्तपसा सत्यं, सत्येन ब्रह्म, ब्रह्मणा ब्राह्मणं, ब्राह्मणेन व्रतं, व्रतेन वै ब्राह्मणः संशितो भवत्यशून्यो भवत्यविच्छिन्नो भवत्यविच्छिन्नोऽस्य तन्तुरविच्छिन्नं जीवनं भवति य एवं वेद यश्चैवं विद्वानेवमेतं सावित्र्या द्वितीय पादं व्याचष्टे ॥ ३५ ॥

कण्डिका ३५ ॥ सावित्री वा गायत्री मन्त्र के दूसरे पाद की व्याख्या ॥

(भर्गो देवस्य धीमहि इति सावित्र्याः द्वियीयः पादः) (भर्गो देवस्य धीमहि) प्रकाशमान परमेश्वर के तेज को हम धारण करें—यह सावित्री का दूसरा पाद है । (अन्तरिक्षेण यजुः समदधात्, यजुषा वायुम्, वायुना अवभ्रम्, अवभ्रेण वर्षम्, वर्षेण ओषधिवनस्पतीन्, ओषधिवनस्पतिभिः पशून्, पशुभिः कर्म, कर्मणा तपः, तपसा सत्यम्, सत्येन ब्रह्म, ब्रह्मणा ब्राह्मणम्, ब्राह्मणेन व्रतम्) अन्तरिक्ष [आकाश] के साथ यजु [पूजनीय कर्म वा संगति कर्म] को उस [दूसरे पाद] ने ठहराया, यजु के साथ वायु को, वायु के साथ जल रखने वाले मेघ को, मेघ के साथ वर्षा को, वर्षा के साथ ओषधियों [सोमलता, यव आदि] और वनस्पतियों [पीपल आदि] को, ओषधि और वनस्पतियों के साथ पशुओं [जीवों] को, पशुओं के साथ कर्म को, कर्म के साथ तप [ब्रह्मचर्य आदि] को, तप के साथ सत्य [यथार्थता] को, सत्य के साथ ब्रह्म [वेदज्ञान] को, वेदज्ञान के साथ ब्राह्मण [वेदज्ञानी] को, ब्राह्मण के साथ

३५—(भर्गः) तेजः (देवस्य) प्रकाशमयस्य । परमेश्वरस्य (धीमहि) डुधाञ् धारणपोषणयोः—विधिलिङि छान्दसं रूपम् । दधीमहि । धरेमहि (यजुः) अर्ति पॄ वपि यजि० । उ० २ । ११७ । यज देवपूजासंगतिकरणदानेषु—उसि । यजुर्वेदम् । संगतिकरणम् । सत्कर्मविद्याम् (पशून्) जीवान् । अन्यद् गतम् ॥

व्रत [जितेन्द्रियता आदि] को । (व्रतेन वै ब्राह्मणः संशितः भवति, अशून्यः भवति, अविच्छिन्नः भवति, अविच्छिन्नः अस्य तन्तुः, अविच्छिन्नं जीवनं भवति, यः एवं वेद, यः च एवं विद्वान् एवम् एतं सावित्र्याः द्वितीयं पादं व्याचष्टे) व्रत [जितेन्द्रियता आदि] से ही वह ब्राह्मण [वेदज्ञानी] तीक्ष्ण बुद्धि वाला [वा यत्नवान्] होता है, शून्य बिना [परिपूर्ण] होता है, अनकट होता है, अनकट उसका तांता [वंश], अनकट जीवन होता है, जो ऐसा जानता है और जो ऐसा जानकार पुरुष इस प्रकार से सावित्री के इस दूसरे पाद को बताता है ॥ ३५ ॥

भावार्थ—मनुष्य सावित्री के दूसरे पाद के साथ यजुर्वेद, अन्तरिक्ष वायु आदि के विचार से अपने और सन्तान आदि के जीवन को सुदृढ़ करे ॥ ३५ ॥

कण्डिका ३६ ॥

धियो यो नः प्रचोदयादिति सावित्र्यास्तृतीयः पादो दिवा साम समदधात् साम्नाऽऽदित्यमादित्येन रश्मीन् रश्मिभिर्वर्षं, वर्षेणौषधिवनस्पतीनोषधिवनस्पतिभिः पशून् पशुभिः कर्म कर्मणा तपस्तपसा सत्यं, सत्येन ब्रह्म, ब्रह्मणा ब्राह्मणं, ब्राह्मणेन व्रतं, व्रतेन वै ब्राह्मणः संशितो भवत्यशून्यो भवत्यविच्छिन्नो भवत्यविच्छिन्नोऽस्य तन्तुरविच्छिन्नं जीवनं भवति य एवं वेद यश्चैवं विद्वानेवमेतं सावित्र्यास्तृतीयं पादं व्याचष्टे ॥ ३६ ॥

कण्डिका ३६ ॥ सावित्री वा गायत्री मन्त्र के तीसरे पाद की व्याख्या ॥

(धियो यो नः प्रचोदयात्—इति सावित्र्याः तृतीयः पादः) (धियो यो नः प्रचोदयात्) जो हमारी बुद्धियों वा कर्मों को आगे बढ़ावे—यह सावित्री का तीसरा पाद है । (दिवा साम समदधात, साम्ना आदित्यम्, आदित्येन रश्मीन्, रश्मिभिः वर्षम्, वर्षेण ओषधिवनस्पतीन्, ओषधिवनस्पतिभिः पशून, पशुभिः कर्म, कर्मणा तपः, तपसा सत्यम्, सत्येन ब्रह्म, ब्रह्मणा ब्राह्मणम्, ब्राह्मणेन व्रतम्) प्रकाश के साथ साम [मोक्षज्ञान] को उस [तीसरे पाद] ने ठहराया, साम

३६—(धियः) ध्यायतेः संप्रसारणं च । वा० पा० ३ । २ । १७८ । ध्यै चिन्तने—क्विप् संप्रसारणं च । धीः कर्मनाम—निघ० २ । १ । प्रज्ञानाम—निघ० ३ । ९ । बुद्धीः । कर्माणि (आदित्यम्) आदिप्यमानम् । रसानामादातारम् ।

के साथ प्रकाशमान वा रस लेने वाले सूर्य को, सूर्य के साथ किरणों को, किरणों के साथ वर्षा को, वर्षा के साथ ओषधियों [सोमलता यव आदि] और वनस्पतियों [पीपल आदि] को, ओषधि और वनस्पतियों के साथ पशुओं [जीवों] को, पशुओं के साथ कर्म को, कर्म के साथ तप [ब्रह्मचर्य आदि] को, तप के साथ सत्य [यथार्थता] को, सत्य के साथ ब्रह्म [वेदज्ञान] को, वेदज्ञान के साथ ब्राह्मण [वेदज्ञानी] को, ब्राह्मण के साथ व्रत [जितेन्द्रियता आदि] को। (व्रतेन वै ब्राह्मणः संशितः भवति, अशून्यः भवति, अविच्छिन्नः भवति, अविच्छिन्नः अस्य तन्तुः, अविच्छिन्नं जीवनं भवति, यः एवं वेद, यः च एवं विद्वान् एवम् एतम् सावित्र्याः तृतीयं पादं व्याचष्टे) व्रत [जितेन्द्रियता आदि] से ही वह ब्राह्मण [वेदज्ञानी] तीक्ष्ण बुद्धिवाला [वा यत्नवान्] होता है, शून्य बिना [परिपूर्ण] होता है, अनकट होता है, अनकट उसका तांता—[वंश], अनकट जीवन होता है, जो ऐसा जानता है और जो ऐसा जानकार पुरुष इस प्रकार से सावित्री के इस तीसरे पाद को बताता है॥ ३६॥

भावार्थ—मनुष्य सावित्री के तीसरे पाद के साथ सामवेद द्यौलोक आदित्य आदि के विचार से अपने और सन्तान आदि के जीवन को सुदृढ़ करे॥ ३६॥

कण्डिका ३७॥

तेन ह वा एवं विदुषा ब्राह्मणेन ब्रह्माभिपन्नं असितं परामृष्टं १, ब्रह्मणाऽऽकाशमभिपन्नं असितं परामृष्टमा २, काशेन वायुरभिपन्नो असितः परामृष्टो ३, वायुना ज्योतिरभिपन्न असितं परामृष्टं ४, ज्योतिषाऽपोऽभिपन्ना असिताः परामृष्टा ५, अद्भिर्भूमिरभिपन्ना असिता परामृष्टा ६, भूम्याऽन्नमभिपन्नं असितं परामृष्ट ७, मन्नेन प्राणोऽभिपन्नो असितः परामृष्टः ८, प्राणेन मनोऽभिपन्नं असितं परामृष्टं ९, मनसा वागभिपन्ना असिता परामृष्टा १०, वाचा वेदा अभिपन्ना असिताः परामृष्टा ११, वेदैर्यज्ञोऽभिपन्नो असितः परामृष्ट १२, स्तानि ह वा एतानि द्वादशमहाभूतान्येव विधिप्रतिष्ठितानि तेषां यज्ञ एव परादूर्ध्यः॥ ३७॥

सूर्यम् (रश्मीन्) अश्नोतेरश्च। उ० ४। ४६। अशूङ् व्याप्तौ—मि, धातो रशा देशः। किरणान्। अन्यद्गतम्॥

कण्डिका ३७ ॥ बारह महातत्त्वों की परम्परा ॥

(तेन ह वै एवम् विदुषा ब्राह्मणेन ब्रह्म अभिपन्नं ग्रसितं परामृष्टम्) उस ही ऐसे [सावित्री का अर्थ जानने वाले] विद्वान् ब्राह्मण करके ब्रह्म [ईश्वर] सब प्रकार पाया गया, ग्रसा गया [पचाया गया वा सुधारके उस का रस लिया गया] और प्रधानता से छूआ गया है। १। (ब्रह्मणा आकाशम् अभिपन्नं ग्रसितं परामृष्टम्) ब्रह्म [परमेश्वर] करके आकाश सब ओर से पाया गया, ग्रसा गया और प्रधानता से छूआ गया है। २। (आकाशेन वायुः अभिपन्नः ग्रसितः परामृष्टः) आकाश करके वायु [पवन] सब ओर से पाया गया, ग्रसा गया और प्रधानता से छूआ गया है। ३। (वायुना ज्योतिः अभिपन्नं ग्रसितं परामृष्टम्) वायु करके प्रकाश सब ओर से पाया गया, ग्रसा गया और प्रधानता से छूआ गया है। ४। (ज्योतिषा अपः=आपः अभिपन्नाः ग्रसिताः परामृष्टाः) प्रकाश करके जल सब ओर से पाया गया ग्रसा गया और प्रधानता से छूआ गया है। ५। (अद्भिः भूमिः अभिपन्ना ग्रसिता परामृष्टा) जल कर के भूमि सब ओर से पायी गई, ग्रसी गई और प्रधानता से छूई गई है। ६। (भूम्या अन्नम् अभिपन्नं ग्रसितं परामृष्टम्) भूमि करके अन्न सब ओर से पाया गया, ग्रसा गया और प्रधानता से छूआ गया है। ७। (अन्नेन प्राणः अभिपन्नः ग्रसितः परामृष्टः) अन्न करके प्राण [जीवन सामर्थ्य] सब ओर से पाया गया, ग्रसा गया और प्रधानता से छूआ गया है। ८। (प्राणेन मनः अभिपन्नं ग्रसित परामृष्टम्) प्राण करके मन [अन्तःकरण] सब ओर से पाया गया, ग्रसा गया और प्रधानता से छूआ गया है। ९। (मनसा वाक् अभिपन्ना ग्रसिता परामृष्टा) मन करके वाणी सब ओर से पायी गई, ग्रसी गई और प्रधानता से छूई गई है। १०। (वाचा वेदाः अभिपन्नाः ग्रसिताः परामृष्टाः) वाणी करके

३७—(एवम्) अनेन प्रकारेण। सावित्र्यर्थविचारेण (ब्रह्म) परमेश्वरः (अभिपन्नम्) सर्वतः प्राप्तम् (ग्रसितम्) भक्षितम्। पाचितम्। रसाय गृहीतम् (परामृष्टम्) परा+मृश स्पर्शने प्रणिधाने च—क्त। प्राधान्येन स्पृष्टम् (मनः) मन ज्ञाने—असुन्। संकल्पविकल्पात्मकमन्तःकरणम् (यज्ञः) देवपूजासंगतिकरणदानव्यवहारः (महाभूतानि) पूर्वोक्तानि महातत्त्वानि (विधिप्रतिष्ठितानि) विधानेन स्थापितानि (तेषाम्) भूतानां मध्ये (परार्ध्यः) छन्दसि च। पा० ५। १। ६७। परार्द्ध—यत्। परार्द्धं प्रधानत्वमर्हतीति। अतिश्रेष्ठः ॥

वेद सब ओर से पाये गये, ग्रसे गये और प्रधानता से छूये गये हैं । ११ । (वेदैः यज्ञः अभिपन्नः ग्रसितः परामृष्टः) वेदों करके यज्ञ [देवपूजा, संगतिकरण और दान व्यवहार] सब ओर से पाया गया, ग्रसा गया और प्रधानता से छूआ गया है । १२ । (तानि ह वै एतानि द्वादश महाभूतानि एवं विधिप्रतिष्ठितानि तेषां यज्ञः एव परादूर्ध्यः) यही बारह महातत्त्व इस प्रकार विधान के साथ ठहरे हुये हैं, उनमें यज्ञ ही अति श्रेष्ठ है ॥ ३७ ॥

भावार्थ—ब्रह्मज्ञानी पुरुष ब्रह्म आदि बारह तत्त्वों के यथावत् ज्ञान से परम गति पाता है ॥ ३७ ॥

कण्डिका ३८ ॥

तं ह स्मैतमेवं विद्वांसो मन्यन्ते विद्मैनमिति याथातथ्यमविद्वांसोऽयं यज्ञो वेदेषु प्रतिष्ठितो १, वेदा वाचि प्रतिष्ठिता २, वाङ् मनसि प्रतिष्ठिता ३, मनः प्राणे प्रतिष्ठितं ४, प्राणोऽन्ने प्रतिष्ठितो ५, ऽन्नं भूमौ प्रतिष्ठितं ६, भूमिरप्सु प्रतिष्ठिता ७, आपो ज्योतिषि प्रतिष्ठिता ८, ज्योतिर्वायौ प्रतिष्ठितं ९, वायुराकाशे प्रतिष्ठितः १०, आकाशं ब्रह्मणि प्रतिष्ठितं ११, ब्रह्म ब्राह्मणे ब्रह्मविदि प्रतिष्ठितं १२, यो ह वा एवं वित् स ब्रह्मवित्, पुण्यां च कीर्त्तिं लभते सुरभींश्च गन्धान् सोऽपहतपाप्मानन्त्यश्रियमश्नुते य एवं वेद यश्चैवं विद्वानेवमेतां वेदानां मातरं सावित्रीसम्पदमुपनिषदमुपास्त इति ब्राह्मणम् ॥ ३८ ॥

कण्डिका ३८ ॥ दूसरे प्रकार से पूर्वोक्त बारह तत्त्वों का विचार ॥

(तं ह स्म एतम् एवं विद्वांसः मन्यन्ते विद्म एनम् इति याथातथ्यम् अविद्वांसः) उस ही [यज्ञ] को इस प्रकार जानने वाले मानते हैं—हम इस [यज्ञ] को जानते हैं—सचमुच वे अज्ञानी हैं । (अयम् यज्ञः वेदेषु प्रतिष्ठितः) यह यज्ञ [देवपूजा संगतिकरण दानव्यवहार] वेदों में ठहरा हुआ है । १ । (वेदाः वाचि प्रतिष्ठिताः) वेद वाणी में ठहरे हुये हैं । २ । (वाक् मनसि प्रतिष्ठिता) वाणी मन में ठहरी हुई है । ३ । (मनः प्राणे प्रतिष्ठितम्) मन प्राण में ठहरा हुआ है । ४ । (प्राणः अन्ने प्रतिष्ठितः) प्राण अन्न में ठहरा हुआ

३८—(तम्) पूर्वोक्तं यज्ञम् (विद्वांसः) जानन्तः (मन्यन्ते) जानन्ति (विद्म) वयं जानीमः (एनम्) यज्ञम् (याथातथ्यम्) यथातथा—ष्यञ् । वास्तविकं पदार्थम् (अविद्वांसः) अविदन्तः (पुण्याम्) पवित्राम् (सुरभीन्)

है । ५ । (अन्नं भूमौ प्रतिष्ठितम्) अन्न भूमि में ठहरा हुआ है । ६ । (भूमिः अप्सु प्रतिष्ठिता) भूमि जल में ठहरी हुई है । ७ । (आपः ज्योतिषि प्रतिष्ठिताः) जल प्रकाश में ठहरा हुआ है । ८ । (ज्योतिः वायौ प्रतिष्ठितम्) प्रकाश पवन में ठहरा हुआ है । ९ । (वायुः आकाशे प्रतिष्ठितः) पवन आकाश में ठहरा हुआ है । १० । (आकाशम् ब्रह्मणि प्रतिष्ठितम्) आकाश ब्रह्म [परमात्मा] में ठहरा हुआ है । ११ । (ब्रह्म ब्रह्मविदि ब्राह्मणे प्रतिष्ठितम्) ब्रह्म वेद जानने वाले ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी] में ठहरा हुआ है । १२ । (यः ह वै एवं वित् सः ब्रह्मवित्, पुण्यां च कीर्तिं सुरभीन् च गन्धान् लभते) जो ही ऐसा जानने वाला है वह ब्रह्मज्ञानी है, और पवित्र कीर्ति और सुन्दर गन्धों [चन्दनादि] को पाता है । (सः अपहतपाप्मा अनन्त्यश्रियम् अश्नुते, यः एवं वेद, यः च एवं विद्वान् एवम् एतां वेदानां मातरं सावित्रीसम्पदम् उपनिषदम् उपास्ते इति ब्राह्मणम्) वह पाप से छूटा हुआ पुरुष अनन्त श्री [सेवनीय सम्पत्ति] भोगता है जो ऐसा जानता है, और जो ऐसा विद्वान् इस प्रकार से इस वेदों की माता सावित्री रूप सम्पदा उपनिषद [ब्रह्मविद्या] को भजता है—यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ ३८ ॥

भावार्थ—ईश्वर और उसके कर्मों को वेद द्वारा यथावत् जानकर ब्रह्मज्ञानी बड़ा यश और आनन्द पाता है ॥ ३८ ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका का कण्डिका ३७ से मिलान करके गायत्री मन्त्र के अर्थों के साथ अपनी विचारशक्ति बढ़ाओ ॥

कण्डिका ३९ ॥

आपो गर्भं जनयन्तीरित्यपाङ्गर्भः पुरुषः स यज्ञोऽद्भिर्यज्ञः प्रणीयमानः प्राङ्नीयते, तस्मादाचमनीयं पूर्वमाहारयति स यदाचामति त्रिराचामति त्रिः परिशुम्भत्यायुरवरुद्ध्य पाप्मानं निर्णुदत्युपसाद्य यजुषोद्धृत्य मन्त्रान् प्रयुज्यावसाय प्राचीः शाखाः सन्धायो निरङ्क्ष्ठे पाणावमृतमस्यमृतोपस्तरणमस्यमृताय त्वोपस्तृणामीति पाणावुदकमानीय जीवास्थेति सूक्तेन त्रिराचामति । स यत्पूर्वमाचामति सप्त प्राणांस्तानेतेनास्मिन्प्याययति या ह्येमा वाह्याः शरीरान्मात्रास्तद्यथै-

---

मनोहरान् (अपहतपाप्मा) विनष्टपापः (अनन्त्यश्रियम्) अनन्तसेवनीयसम्पत्तिम् (अश्नुते) प्राप्नोति (सावित्रीसम्पदम्) गायत्रीरूपसम्पत्तिम् (उपनिषदम्) ब्रह्मविद्याम् (उपास्ते) भजते । सेवते ॥

तदग्निं वायुमादित्यं चन्द्रमसमपः पशूनन्यांश्च प्रजास्तानेतेनास्मिन्नाप्याययत्यापोऽमृतम् । स यद् द्वितीयमाचामति सप्तापानांस्तानेतेनास्मिनाप्याययति या ह्येमा बाह्याः शरीरान् मात्रा स्तद्यथैतत्पौर्णमासीमष्टकाममावास्यां श्रद्धां दीक्षां यज्ञं दक्षिणास्तानेतेनास्मिन्नाप्याययत्यापोऽमृतम् । स यत्तृतीयमाचामति सप्त व्यानांस्तानेतेनास्मिन्नाप्याययति या ह्येमा बाह्याः शरीरान्मात्रा स्तद्यथैतत् पृथिवीमन्तरोक्षं दिवं नक्षत्राण्यृतूनार्त्तवान् संवत्सरांस्तानेतेनास्मिन्नाप्याययत्यापोऽमृतं पुरुषो ब्रह्मायमप्रियनिगमो भवति तस्माद्वै विद्वान् पुरुषमिदं पुण्डरीकमिति प्राण एष स पुरि शेते स पुरि शेते इति । पुरिशयं सन्तं प्राणं पुरुष इत्याचक्षते । परोक्षेण परोक्षप्रिया इव हि देवा भवन्ति प्रत्यक्षद्विषः । स यत्पूर्वमाचामति पुरस्ताद्धोमांस्तेनास्मिन्नवरुन्धे स यद् द्वितीयमाचामत्याज्यभागौ तेनास्मिन्नवरुन्धे, स यत्तृतीयमाचामति संस्थितहोमांस्तेनास्मिन्नवरुन्धे, स यद् द्विः परिशुम्भति तत्समित्संधर्दिः, स यत्सर्वाणि खानि सर्वं देहमाप्याययति यज्ञान्यदातारं मन्त्रकाण्डं यज्ञे स्कन्दति सर्वन्तेनास्मिन्नवरुन्धे, स यदो पूर्वान् मन्त्रान् प्रयुङ्क्त आसर्वमेधादेते क्रतव एत एवास्य सर्वेषु लोकेषु सर्वेषु देवेषु सर्वेषु वेदेषु सर्वेषु भूतेषु सर्वेषु सत्वेषु कामचारः कामविमोचनं भवत्यर्द्धे च न प्रमीयते य एवं वेद ।

तदप्येतदृङ्नोक्तम् । आपो भृग्वङ्गिरो रूपमापो भृग्वङ्गिरोमयम् । सर्वमापोमयं भूतं सर्वं भृग्वङ्गिरोमयम् । अन्तरैते त्रयो वेदा भृगूनङ्गिरसोऽनुगाः ।

अपां पुष्पं मूर्तिराकाशं पवित्रमुत्तममित्याचम्याभ्युक्षयात्मानमनुमन्त्रयत इन्द्र जीवेति ब्राह्मणम् ॥ ३६ ॥

इति अथर्ववेदे गोपथब्राह्मणपूर्वभागे प्रथमः प्रपाठकः ॥ १ ॥

कण्डिका ३६ ॥ आचमन के विधान और लाभ ॥

(आपो गर्भं जनयन्तीः इति—अथ० ४ । २ । ८) गर्भ [अर्थात् बालक रूप संसार] को उत्पन्न करते हुये जल [इस मन्त्र से सिद्ध होता है कि] (अपां गर्भः पुरुषः सः यज्ञः) जल का गर्भ [अन्तर्यामी] पुरुष [ब्रह्म] है वही यज्ञ है । (अद्भिः प्रणीयमानः यज्ञः प्राङ्नीयते=णीयते, तस्मात् आचमनीयम् पूर्वम् आहारयति) जल के साथ चलाया हुआ यज्ञ पहिले लाया जाता

३६—(जनयन्तीः) जनयतेः शतृ । जसि पूर्वसवर्णदीर्घः । जनयन्त्यः । उत्पादयन्त्यः (प्रणीयमानः) प्रवर्तमानः (प्राङ्नीयते) लेखप्रमादः । प्राङ्नीयते । प्रा+अञ्चु गतिपूजनयोः—क्विन्+णीञ् प्रापणे कर्मणि लट् । प्राङ् पूर्वं

है, इस लिये आचमन योग्य जल वह [वृत्रधारी] पहिले विधि के साथ पीता है। (सः यत् आचामति त्रिः आचामति) वह जब आचमन करता है, तीन बार आचमन करता है, (द्विः परिशुम्भति) दो बार सजाता है [आगे देखो], (आयुः अवरुह्य पाप्मानं निर्णुदति) आयु पर चढ़ कर [चढ़ाकर] पाप को निकाल देता है। (यजुषा उपसाद्य मन्त्रान् उद्धृत्य प्रयुज्य अवसाय, प्राचीः शाखाः सन्धाय उ निरङ्गुष्टे पाणौ—अमृतम् असि, अमृत उपस्तरणम् असि, अमृताय त्वा उपस्तृणामि इति [ब्राह्मण वचनानि] पाणौ उदकम् आनीय—जीवाः स्थ इति सूक्तेन [अथ० १९ । ६९ । १—४], (त्रिः आचामति) देवपूजा के साथ पास आकर, मन्त्रों को निकाल कर, प्रयोग में लाकर और निश्चय करके, और पुरानी शाखाओं [वेदव्याख्याओं] को मिला कर, अंगूठा छोड़ कर हाथ में—तू अमृत [मृत्यु से बचाने वाला जल] है, हे अमृत ! तू बहुत फैलाने वाला है, अमरपन के लिये तुझे फैलाता हूं [पीता हूं—इन तीन ब्राह्मण वचनों से] हाथ में जल लेकर—तुम जीव वाले हो—इस सूक्त से [चार मन्त्रों से] तीन बार आचमन करता है। (सः यत् पूर्वम् आचामति सप्त तान् प्राणान् एतेन अस्मिन् आप्याययति [ताः च अपि], यः हि शरीरात् बाह्याः एमाः मात्राः, तत् यथा एतत्, अग्निं वायुम् आदित्यं चन्द्रमसम् अपः अन्यान् पशून् च प्रजाः तान् एतेन अस्मिन् आप्याययति—आपः अमृतम्) वह जो पहिला आचमन करता है उन सात प्राणों [शरीर में भीतर जाने वाले जीवनवर्धक श्वासों] को इस [विधि] से इस [शरीर] में पुष्ट करता है [और उन मात्राओं को भी पुष्ट करता है] जो यह शरीर से बाहर चलती हुई मात्रायें हैं, सो जैसे यह हैं—अग्नि १ [अर्थात् शारीरिक, पार्थिव, समुद्रीय, गुप्त प्रकट बिजुली आदि अग्नि विद्या] वायु २ [अर्थात् पवन विद्या, जैसे पवन क्या है और उसका

नीयते चाल्यते (आचमनीयम्) आचमनयोग्यं जलम् (आहारयति) विधिपूर्वकं पिबति (परिशुम्भति) शुम्भ शोभायाम्-णिजर्थे । परिशुम्भयति । सर्वतः शोभयति (अवरुह्य) आरुह्य । दीर्घं कृत्वा (यजुषा) देवपूजनेन (उद्धृत्य) उत्+धृञ् धारणे वा हृञ् हरणे—ल्यप् । पृथक् कृत्वा (प्रयुज्य) प्रयोगे नीत्वा (अवसाय) अव+षो अन्तकर्मणि—ल्यप् । निश्चित्य (प्राचीः) पूर्वस्मिन्काले भवाः (शाखाः) वेदव्याख्याः (संधाय) सम+दधातेः—ल्यप् । संयुज्य (उ) चार्थे (अमृतम्) नास्ति मृतंमरणंयस्मात् तत् । जलम् (उपस्तरणम्) उप+स्तृञ् विस्तारे आच्छादने च—ल्युट् । बहुविस्तारकम् (अमृताय) अमरणाय

प्रभाव सब जीवों, सब पृथिवी सूर्य आदि लोकों पर क्या है], सूर्य ३ [अर्थात् सूर्य विद्या, जैसे सूर्य का पृथिवी आदि लोकों और उनके पदार्थों से और उन सब का सूर्य लोक से क्या सम्बन्ध है], चन्द्रमा ४ [अर्थात् चन्द्र विद्या, जैसे उपग्रह चन्द्रमा अपने ग्रह पृथिवी पर किस सम्बन्ध से क्या प्रभाव करता है और अन्य चन्द्रमाओं का अन्य ग्रहों से क्या सम्बन्ध है], जल ५ [अर्थात् जल विद्या, जैसे जल क्या है और वह भूमण्डल, मेघमण्डल, सूर्यमण्डल आदि लोकों से क्या सम्बन्ध रखता है], जीव वाले पशु ६ [अर्थात् पशु विद्या, जैसे गौ घोड़ा आदि जीव पृथिवी लोक और दूसरे लोकों में कैसे उपकारी होते हैं], और प्रजाओं ७ [अर्थात् प्रजा की विद्या कि परमात्मा की सृष्टि में भूलोक, चन्द्रलोक, सूर्यलोक आदि के मनुष्य और जीवजन्तुओं का सम्बन्ध आपस में और दूसरे लोक वालों से क्या है]—इन सब को इस [विधि] से इस [शरीर] में पुष्ट करता है, [क्योंकि] जल अमृत है । (सः यत् द्वितीयम् आचामति सप्त तान् अपानान् एतेन अस्मिन् आप्याययति [ताः च अपि], याः हि शरीरात् बाह्याः एताः मात्राः, तत् यथा एतत्, पौर्णमासीम् अष्टकाम् अमावास्यां श्रद्धां दीक्षां यज्ञं दक्षिणाः, तान् एतेन अस्मिन् आप्याययति—आपः अमृतम्) वह जो दूसरा आचमन करता है, उन सात अपानों [शरीर से बाहर निकलने वाले प्रश्वासों] को इस [विधि] से इस [शरीर] में पुष्ट करता है [और उन मात्राओं को भी पुष्ट करता है] जो शरीर से बाहर चलती हुई मात्राये हैं, सो जैसे यह हैं—पौर्णमासी १, [अर्थात् पूर्णमासेष्टि, जिस में विचारा जाता है कि उस दिन चन्द्रमा पूरा क्यों दीखता है, पृथिवी, समुद्र आदि पर उसका क्या प्रभाव होता है], अष्टका २, [अष्टमी आदि तिथि का

(उपस्तृणामि) अधिकं विस्तारयामि । आचामामि । (एतेन) अनेन विधिना (अस्मिन्) दृश्यमाने शरीरे (एताः) अर्त्तिस्तुसुहु० । उ० १ । १४० । इण् गतौ—मन्, टाप् । गमनशीला (अग्निम्) अग्निविद्याप्रकाशम् (वायुम्) पवनविद्याम् (आदित्यम्) आदीप्यमानसूर्यविद्याम् (चन्द्रमसम्) आह्लादकचन्द्रविद्याम् (अपः) व्यापकजलविद्याम् (पशून्) गवाश्वादिजीवान् (अन्यान्) माछासासिसूभ्यो यः । उ० ४ । १०६ । अन प्राणने—यप्रत्ययः । प्राणिनः (आप्यायति) आ + ष्यैङ् वृद्धौ—णिच् । समन्तात् वर्धयति । पोषयति (अपानान्) प्रश्वासान् । शरीरबहिर्गामिनो दोषनाशकान् वायून् (पौर्णमासीम्) पौर्णमास—अण्, ङीप् । पूर्णमासेष्टिम् । पूर्णचन्द्रसम्बन्धिनीं विद्याम् (अष्ट-

यज्ञ, जिसमें विद्वान् पितर लोग विचारते हैं कि ज्योतिष शास्त्र की मर्यादा से इन तिथियों में सूर्य और चन्द्र आदि लोकों का क्या प्रभाव पड़ता है], अमावास्या ३, [अर्थात् दर्शेष्टि, जिस में विचार होता है कि अमावस को सूर्य और चन्द्रमा एक राशि में आकर क्या प्रभाव डालते हैं], श्रद्धा ४, [अर्थात् ईश्वर और वेदों में विश्वास], दीक्षा ५, [नियम और व्रत पालन की शिक्षा], यज्ञ ६, [परमेश्वर और विद्वानों का सत्कार, परस्पर संयोग और विद्या आदि का दान], और दक्षिणायें ७, [यज्ञ समाप्ति पर विद्वानों के सत्कार के लिये द्रव्य]—इन सब को इस [विधि] से इस [शरीर] में पुष्ट करता है, [क्योंकि] जल अमृत है । (सः यत् तृतीयम् आचामति सप्त तान् व्यानान् एतेन अस्मिन् आप्याययति [ताः च अपि] याः हि शरीरात् बाह्याः एमाः मात्राः, तत् यथा एतत्, पृथिवीम् अन्तरीक्षं दिवं नक्षत्राणि ऋतून् आर्त्तवान् संवत्सरान् तान् एतेन अस्मिन् आप्याययति—आपः अमृतम्) वह जो तीसरा आचमन करता है, उन सात व्यानों [शरीर में फैले हुये पवनों] को इस [विधि] से इस [शरीर] में पुष्ट करता है [और उन मात्राओं को भी पुष्ट करता है] जो शरीर से बाहर चलती हुई मात्रायें हैं, सो जैसे यह हैं—पृथिवी १, [भूगर्भ विद्या, राज्य पालनादि विद्या], अन्तरिक्ष २, [वायुमण्डल, मेघमण्डल आदि की विद्या], प्रकाश ३, [प्रकाश के ताप, आकर्षण और फैलाव आदि की विद्या], नक्षत्रों ४, [तारागणों के परस्पर आकर्षण रखने, अपने अपने मार्ग पर चलने उछलने डूबने आदि की विद्या], ऋतुओं ५, [वसन्त आदि ऋतुओं के क्रम और कारण

काम्) इष्यशिभ्यां तकन् । उ० ३ । १४८ । अशूङ् व्याप्तौ अश भोजने वा—तकन्, टाप् । अष्टका पितृदेवत्ये । वा० पा० ७ । ३ । ४५ । इत्वाभावः । अष्टम्यादितिथौ पितॄणां समागमेन ज्योतिषविद्याविचारम् (अमावास्याम्) अमा सह वसतः चन्द्रार्कौ यत्र । अमावस्यदन्यतरस्याम् । पा० ३ । १ । १२२ । अमा + वस निवासे—ण्यत्, टाप् । कृष्णपक्षशेषतिथिम्, तद्दिनचन्द्रार्कविकराशिस्थौ भवतः । दर्शेष्टिम् (श्रद्धाम्) ईश्वरवेदयोर्निश्चयम् (दीक्षाम्) नियमव्रतयोः शिक्षाम् (यज्ञम्) यजदेवपूजासंगतिकरणदानेषु—नङ् । परमेश्वरविद्वत्सत्कार—परस्परसंयोग—विद्यादिदानव्यवहारम् (दक्षिणाः) यज्ञसमाप्तौ विद्वद्भ्यः सत्कारद्रव्याणि (व्यानान्) सर्वशरीरव्यापकान् वायून् (पृथिवीम्) भूगर्भविद्यां राज्यपालनादिविद्यां च (अन्तरीक्षम्) मध्यलोकस्थवायुमण्डल मेघमण्डलादिविद्याम् (दिवम्) सूर्यतापाकर्षणविस्तारादिविद्याम् (नक्ष-

आदि की विद्या], आर्त्तवों ६, [ऋतुओं में उत्पन्न पदार्थों, फूल फल आदि की उत्पत्ति और उपकार की विद्या], और संवत्सरों ७, [वर्ष में ऋतु महीने आदि कैसे बसते हैं और सब मनुष्य आदि प्राणी कैसे उसका उपभोग करते हैं, इसकी विद्या]—इन सब को इस [विधि] से इस [शरीर] में पुष्ट करता है, [क्योंकि] जल अमृत है । (पुरुषः ब्रह्म, अथ आप्रियनिगमः भवति) पुरुष ब्रह्म है और यह सब प्रकार प्रिय निगम [वैदिक सिद्धान्त] है, (तस्मात् वै विद्वान् पुरुषम् इदम् पुण्डरीकम् इति [आचष्टे] इस लिये ही विद्वान् मनुष्य पुरुष को ऐश्वर्यवान् शुद्धस्वरूप ब्रह्म [कहता है], (एषः सः प्राणः पुरि शेते सः पुरि शेते इति) यही प्राण शरीर में रहता है, यही शरीर में रहता है । (पुरिशयं सन्तं प्राणं पुरुषः इति आचक्षते) शरीर में वर्तमान रहते हुये प्राण [जीवन साधन] को पुरुष [आत्मा वा परमात्मा] कहते हैं । (परोक्षेण) परोक्ष [आंख ओट प्रत्यय में वर्तमान ब्रह्म] के द्वारा (परोक्षप्रियाः इव हि) परोक्षप्रिय [आंख ओट भविष्य के प्रेमी] लोगों के समान ही (देवाः) देवता [विद्वान् लोग] (प्रत्यक्षद्विषः) प्रत्यक्ष [वर्तमान अवस्था] के द्वेषी (भवन्ति) होते हैं [देखो कण्डिका १ तथा ७]।

[वही प्रकरण दूसरे प्रकार कहा जाता है] (सः यत् पूर्वं आचामति पुरस्ताद्धोमान् तेन अस्मिन् अवरुन्धे, वह जो पहिला आचमन करता है पुरस्तात् होमों [पहिले होम विशेषों के फलों] को उस [विधि] से इस [शरीर] में

त्राणि) णद्व गतौ—अत्रन् । गतिशीलानां तारागणानां परस्पराकर्षणादिज्ञानम् (ऋतून्) वसन्तादीनां क्रमकारणादिबोधम् (आर्तवान्) ऋतु—अण् । ऋतुभवानां पुष्पफलादिपदार्थानां ज्ञानम् (संवत्सरान्) संपूर्वाच्चित् । उ० ३ । ७२ सम्+वस निवासे—सरन् । संवसन्ति वसन्तादयो यत्र । कालापभोगविद्याः (पुरुषः) पुरः कुषन् । उ० ४ । ७४ पुर अग्रगमने—कुषन् । पुरुषः पुरिषादः पुरिशयः पूरयतेर्वा पूरयत्यन्तरित्यन्तरंपुरुषमभिप्रेत्य—निरु० । २ । ३ । अग्रगामी परमात्मा (इदम्) इन्दः कमिन्नलोपश्च । उ० ४ । १५७ । इदि परमैश्वर्ये—कमिन्, नलोपः । परमैश्वर्ययुक्तम् (पुण्डरीकम्) फर्फरीकादयश्च । उ० ४ । २० । पुण शुद्धौ धर्मकृत्यकरणे च—ईकन्, पृषोदरादित्वात् साधुः । शुद्धस्वरूपं ब्रह्म । (पुरिशयम्) पुरि+शीङ् शयने-अच् पुरि शरीरे वर्त्तमानम् (पुरस्ताद्धोमान्) होमविशेषान्, तेषां फलम् (अवरुन्धे) प्राप्नोति (आज्यभागौ) अग्नेरुत्तरदक्षिणभागयोर्घृताहुतिद्वयम् (संस्थितहोमान्) यज्ञ विशेषान् (समित्संवर्हिः)

पाता है। (सः यत् द्वितीयम् आचामति आज्यभागौ तेन अस्मिन् अवरुन्धे) वह जो दूसरा आचमन करता है दो आज्य भागों [अग्नि के उत्तर और दक्षिण भाग में घी की दो आहुति विशेष के फल] को उस [विधि] से इस [शरीर] में पाता है। (सः यत् तृतीयम् आचमति संस्थित होमान् तेन अस्मिन् अवरुन्धे) वह जो तीसरा आचमन करता है संस्थितहोमों [अन्तिम होम विशेषों के फल] को उस [विधि] से इस [शरीर] में पाता है। (सः यत द्विः परिशुम्भति तत् समित्संवर्हिः) वह जो दो बार सजाता है वह समिधा [काष्ठ] और विधिपूर्वक अग्नि है, (सः यत् सर्वाणि खानि सर्वं देहम् आप्याययति, यत् च अन्यत् आतारं मन्त्रकार्यं यज्ञे स्कन्दति सर्वं तेन अस्मिन् अवरुन्धे) वह जो सब इन्द्रियों और सब देह को पुष्ट करता है और जो कोई दूसरा सब प्रकार तराने वाला मन्त्र कार्य यज्ञ में आ जाता है, उस सब को उस [विधि] से इस [शरीर] में पाता है। (सः यत् ओं पूर्वान् मन्त्रान् प्रयुङ्क्ते आसर्वमेधात् अस्य एते एते क्रतवः) वह जो ओम् को पहिले कह के मन्त्रों को प्रयोग में लाता है सर्वमेध यज्ञ [सब पदार्थों पर धारणावती बुद्धि वाले यज्ञ] तक उस के यही यही सब कर्म होते हैं, (सर्वेषु लोकेषु सर्वेषु देवेषु सर्वेषु वेदेषु सर्वेषु भूतेषु सर्वेषु सत्वेषु [अस्य] कामचारः कामविमोचनं भवति अर्द्धे च न प्रमीयते, यः एवं वेद) और सब लोकों में, सब देवों [दिव्य पदार्थों] में, सब वेदों में, सब तत्त्वों में, और सब जीवों में [इसका] सुकामना से विचरना और कुकामना का परित्याग होता है, और वह खण्डित आयु में नहीं मरता है, जो ऐसा जानता है।

यज्ञकाष्ठं विधानपूर्वकोऽग्निश्च (खानि) इन्द्रियाणि (आतारम्) आ+तॄ तारणे—घञ्। समन्तात् तारकमुपकारकम् (स्कन्दति) स्कदिर् गतिशोषणयोः। गच्छति (आसर्वमेधात्) आङ् मर्य्यादायाम्। सर्वपदार्थेषु मेधा धारणावती बुद्धिर्यस्मिन् स सर्वमेधो यज्ञः। तस्य समाप्तिपर्य्यन्तम् (क्रतवः) कृञः क्रतुः। उ० १। ७६। करोतेः—क्रतुः। क्रतुः कर्मनाम—निघ० २। १। प्रज्ञानाम निघ० ३। ९। कर्माणि (एते एते) अभ्यासे भूयांसमर्थं मन्यन्ते—निरु० १०। ४२। इति द्वित्वम् (देवेषु) दिव्यपदार्थेषु (भूतेषु) तत्त्वेषु (सत्वेषु) जीवेषु (कामचारः) स्वकामेन विचरणम् (कामविमोचनम्) कुकामपरित्यागः (अर्द्धे) ऋधु वृद्धौ—घञ्। खण्डिते जीवने (प्रमीयते) मीङ् प्राणवियोगे=मरणे म्रियते (पुष्यम्) पुष्य विकसने=फुल्लने—अच्। विकाशः। विशिष्टप्रकाशः (मूर्तिः) मुर्च्छा मोहवृद्ध्योः-क्तिन्। न ध्याख्यापृमूर्च्छिमदाम्।

(तत् अपि एतत् ऋचा उक्तम्) यह भी इस ऋचा [ब्राह्मण वचन] करके कहा गया है। (आपः भृग्वङ्गिरोरूपम् आपः भृग्वङ्गिरोमयम्। सर्वम् आपोमयं सर्वं भूतं भृग्वङ्गिरोमयम् एते त्रयः वेदाः भृगून् अङ्गिरसः अन्तरा अनुगाः) व्यापक जल प्रकाशमान ज्ञानवाले परमात्मा का रूप है, व्यापक जल प्रकाशमान परमात्मा से परिपूर्ण है। सब जगत् जलमय [जल से परिपूर्ण] है और सब प्राणीमात्र प्रकाशमान ज्ञानवाले परमात्मा से परिपूर्ण है। और यह तीनों वेद [अर्थात् कर्म उपासना ज्ञान] प्रकाशमान ज्ञानवाले [चारों वेदों] के भीतर साथ साथ चलने वाले हैं। [यह षट्पदा अनुष्टुप् छन्द ब्राह्मण है, इस के पिछले चार पाद कण्डिका २९ में आये हैं, (अनुगाः) के स्थान पर वहां (श्रिताः) पद है ॥

(अपां पुष्पं मूर्तिः आकाशम् पवित्रम् उत्तमम् इति आचम्य अभ्युक्ष्य—इन्द्र जीव—आत्मानम् अनुमन्त्रयते इति (ब्राह्मणम्) व्यापक जल का विकाश और वृद्धि, आकाश [के समान व्यापक] पवित्र और उत्तम [ब्रह्म] है—इस [ब्राह्मण वचन] से आचमन करके और मार्जन करके—इन्द्रजीव—अथर्व० १९ । ७० । १ । इस मन्त्र से अपने को मन्त्र के अनुकूल बनाता है, यह ब्राह्मण है ॥३९॥

भावार्थ—व्रतधारी पुरुष आचमनादि क्रिया से स्वस्थचित्त होकर अपने शिर के सात छिद्रों से संबन्ध वाले सात प्राण, सात अपान और सात व्यान वायु को वश में करके अग्नि, वायु आदि इस सप्तक, पौर्णमासी, अष्टका आदि इस सप्तक, तथा पृथिवी, अन्तरिक्ष आदि इस सप्तक और दूसरी पदार्थ विद्याओं से उपकार लेकर संसार की भलाई करता है। अथर्व० १० । २ । ६ में वर्णन है—(कः सप्त खानि वि ततर्द शीर्षणि कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्। येषां पुरुत्रा विजयस्य मह्मनि चतुष्पादो द्विपदो यन्ति यामम्) कर्ता प्रजापति ने [प्राणी के] मस्तक में सात गोलक खोदे, यह दोनों कान, दो नथने, दोनों आंखें और एक मुख। जिन के विजय की महिमा में चौपाये और दोपाये जीव अनेक प्रकार से सन्मार्ग चलते हैं ॥ ३९ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका का मिलान अथर्ववेद का० १५ सूक्त १५, १६ और १७ से करो वहां मन्त्रों और भाष्य में प्राण, अपान और व्यान तथा अग्नि आदि पदार्थों का सविस्तार वर्णन है ॥

पा० ८ । २ । ५७ । तकारस्य नत्वाभावः । वृद्धिः । आकारः । प्रतिमा (अभ्युक्ष्य) मार्जनं कृत्वा (अनुमन्त्रयते) मन्त्रानुकूलं करोति ॥

टिप्पणी २—प्रतीक वाले मन्त्र अर्थ सहित लिखे जाते हैं ।

१—आपो॑ व॒त्सं ज॒नय॑न्ती॒ गर्भ॒ मग्रे॒ समै॑रयन् । तस्यो॒त जाय॑मानस्योल्ब आसीद्धिर॒ण्ययः॒ कस्मै॑ दे॒वाय॑ ह॒विषा॑ विधेम ॥ अथ० ४ । २ । ८ । ऋ० १० । १२१ । ७ । यजु० २७ । २५ । (अग्रे) पहिले ही पहले (वत्सम्) निवास स्थान संसार को वा बालक रूप संसार को (जनयन्तीः) उत्पन्न करते हुये (आपः) जलधाराओं [वा तन्मात्राओं] ने (गर्भम्) बालक [रूप संसार] को (समैरयन्) यथावत् प्रकट किया, (उत) और (तस्य) उस (जायमानस्य) उत्पन्न होते हुये [बालक, संसार] का (उल्बः) जरायु [गर्भ की झिल्ली] (हिरण्ययः) तेजोमय परमात्मा (आसीत्) था, उस (कस्मै) सुखदायक प्रजापति परमेश्वर की (देवाय) दिव्य गुण के लिये (हविषा) भक्ति के साथ (विधेम) हम सेवा किया करें ॥ [ब्राह्मण के (गर्भं) के स्थान पर वेद में (वत्सं) है, दोनों पदों का अर्थ "बालक" है] ॥

२—जी॒वा स्थ॑ जीव्यास॒ꣳ सर्व॒मायु॑र्जीव्यासम् ॥ १ ॥ उ॒प॒जी॒वा स्थोप॑ जीव्यास॒ꣳ सर्व॒मायु॑र्जीव्यासम् ॥ २ ॥ स॒ञ्जी॒वा स्थ॒ सञ्जी॑व्यास॒ꣳ सर्व॒मायु॑र्जीव्यासम् ॥ ३ ॥ जी॒व॒ला स्थ॑ जीव्यासं॒ सर्व॒मायुर्जीव्यासम् ॥ ४ ॥ अथ० कं० १९ । सू० ६९ । [हे विद्वानो !] तुम (जीवाः) जीने वाले (स्थ) हो, (जीव्यासम्) मैं जीता रहूं, (सर्वम्) सम्पूर्ण (आयुः) आयु (जीव्यासम्) मैं जीता रहूं ॥ १ ॥ (हे विद्वानो !) तुम (उपजीवाः) आश्रय से जीने वाले (स्थ) हो, (उपजीव्यासम्) मैं सहारे से जीता रहूं, (सर्वम्) संपूर्ण (आयुः) आयु (जीव्यासम्) मैं जीता रहूं ॥ २ ॥ [हे विद्वानो !] तुम (संजीवाः) मिलकर जीने वाले (स्थ) हो, (संजीव्यासम्) मैं मिलकर जीता रहूं, (सर्वम्) सम्पूर्ण (आयुः) आयु (जीव्यासम्) मैं जीता रहूं ॥ ३ ॥ [हे विद्वानो !] तुम (जीवलाः) जीवनदाता (स्थ) हो (जीव्यासम्) मैं जीता रहूं, (सर्वम्) संपूर्ण (आयुः) आयु (जीव्यासम्) मैं जीता रहूं ॥ ४ ॥

विशेषद्वयम् (ऋचाम्) ऋग्मन्त्राणाम् (काण्डैः) समूहैः (करोति) यज्ञकर्म करोति (अग्निवासाः) वसेर्णित्। उ० ४। २१८। वस निवासे आच्छादने च—असुन्। अग्निना तापेन सह निवासो यस्याः सा। यद्वा तापो वस्त्रं यस्याः सा (असि तन्युः) लेखप्रमादः। असितङ्गूः, इति वेदे। अ+षिञ् बन्धने—क्त। अन्दू दम्फू जम्बू०। उ०। १। ६३। ज्ञा विज्ञापने कू। अवद्यं कर्म ज्ञापयति बोधयति नियोजयति वा सा (निविशते) उपविशते (ह्रीयमाणः) नीयमानः

शाखायें हैं, उससे जड़ शाखा पत्ता फूल फल अङ्कुर रस और गन्ध के साथ यज्ञ होता है, (अद्भिः कर्माणि प्रवर्तन्ते, अद्भिः सोमः विषूयते) जल से कर्म होते रहते हैं, जल से सोम [अमृत रस] निचोड़ा जाता है । (तत् यत् ब्रह्माणम् कर्मणि कर्मणि आमन्त्रयति, अपः तेन अनुजानाति) वह जब ब्रह्मा को काम काम में बुलाता है जल की उस से वह आज्ञा देता है । (एषः हि अस्य भागः तत् यथा भोक्ष्यमाणः अपः एव प्रथमम् आचामयेत् अपः उपरिष्टात्, एवं यज्ञः अद्भिः एव प्रवर्तते अप्सु संस्थाप्यते) यही इस [ब्रह्मा] का भाग है, सो जैसे भोजन चाहता हुआ-पुरुष जल को ही पहिले आचमन करे और जल को ही उपरान्त में, इसी प्रकार यज्ञ जल से ही चलता रहता है और जल में समाप्त होता है । (तस्मात् पुरस्तात्—होम संस्थितहोमैः अन्तरा यज्ञः वर्तते, ब्रह्मा ही पुरस्तात्—होम संस्थितहोमैः अन्तरा यज्ञं परिगृह्णाति) इस कारण पुरस्तात्-होम और संस्थि-होमों के बीच में यज्ञ होता है, ब्रह्मा ही पुरस्तात्-होम और संस्थित-होमों के बीच में यज्ञ को धरता है । (भृग्वङ्गिरसः वेदान् हि ओदुह्य भृग्वङ्गिरसः सोमपानं मन्यन्ते, सोमात्मकः हि अयं वेद = वेदः) प्रकाशमान ज्ञान वाले वेदों को ही भले प्रकार प्राप्त करके प्रकाशमान ज्ञान-वाले मनुष्य सोम पान को जानते हैं, सोमात्मक [अमृतमय] यह वेद है । (तत् अपि एतत् ऋचा उक्तम् । सोमं मन्यते पपिवान् इति) वह भी इस ऋचा से कहा गया है—सोमं मन्यते पपिवान् ·····अथ० १४ । १ । ३ ।

(तत् यथा इमाम् उदीर्णां ज्योतिषा धूमायमानां पृथिवीं वर्षं शमयति एवं ब्रह्मा भृग्वङ्गिरोभिः व्याहृतिभिः यज्ञस्य विरिष्टं शमयति) सो जैसे इस उदार, तेज से धुआं उठती हुई पृथिवी को वर्षा शान्त करती है, वैसे ही ब्रह्मा

(प्रथमजाः) प्रथमेषु जातः (ऋतस्य) सत्यनियमस्य (उच्चायतं तम्) उच्चा पतन्तम्—इति वेदे । उच्चैः ऐश्वर्यं प्राप्नुवन्तम् (ब्रह्मा) चतुर्वेदवेत्ता (काण्डैः) कृवादिभ्यः कित् । उ० १ । ११५ । कमु कान्तौ—डप्रत्ययो दीर्घत्वं च । ग्रन्थ-भागैः (अप्सु अन्तः) जलेषु मध्ये (आमन्त्रयति) संबोधयति (अपः) जलानि (अनुजानाति) आज्ञापयति (भोक्ष्यमाणः) भोक्तुम् इच्छमानः (उपरिष्टात्) उद्ध्वम् (संस्थाप्यते) समाप्यते (ओदुह्य) आ+उत्+वह प्रापणे—ल्यप् । समन्तात् प्राप्य (भृग्वङ्गिरसः) प्रकाशमानज्ञानयुक्ता विद्वांसः (वेद) वेदः । चतुर्वेदसमूहः (उदीर्णाम) उत+ऋ गतौ—क्त । उदाराम् । महतीम् (वर्षम्) वृष्टिः (विरिष्टम्) दोषम् ॥

प्रकाशमान ज्ञानवाले वेदों और व्याहृतियों से यज्ञ के उपद्रव को शान्त करता है। (अग्निः आदित्याय मे इति—एते एते अङ्गिरसः इदं सर्वं समाप्नुवन्ति, वायुः आपः चन्द्रमाः इति एते एते भृगवः इदं सर्वं समाप्याययन्ति, एकम् एव संस्थं भवति इति ब्राह्मणम्) अग्निः आदित्याय में [यह ब्राह्मण वचन है, इस से] यह सब विद्वान् लोग इस सब कर्म को पूरा करते हैं। वायुः आपः चन्द्रमाः [यह ब्राह्मण वचन है इस-से] यह सब भृगु [प्रकाशमान लोग] इस सब [जगत्] को यथावत् पुष्ट करते हैं, एक ही संस्थ होता है—यह ब्राह्मण है ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि वे ऋग्वेदी को होता, यजुर्वेदी को अध्वर्यु, सामवेदी को उद्गाता और चारों वेद जानने वाले को ब्रह्मा वरण करके यज्ञ की सिद्धि करें ॥ ६ ॥

टिप्पणी १—नीचे लिखे शब्द शुद्ध किये हैं।

असि तन्यूः=असितञ्जूः—अथ० १२ । १ । २१, उच्चायतं तम्=उच्चा पतन्तम्—अथ० १२ । २ । ३६, अप्सन्तर्=अपस्वन्तर्—अथ० १८ । ४ । ८६ ।

टिप्पणी २—प्रतीक वाले मंत्र अर्थ सहित नीचे दिए जाते हैं।

१—एकं पाद् द्विपदो भूयो वि चक्रमे द्विपात् त्रिपादमभ्येति पश्चात्। द्विपाद्ध षट्पदो भूयो वि चक्रमे त एकं पदस्तन्वं १ समासते—अथ० १३ । २ । २७ । (एकपात्) एक रस व्यापक परमेश्वर (द्विपदः) दो प्रकार की स्थिति वाले [जङ्गम स्थावर जगत्] से (भूयः) अधिक आगे (वि) फैल कर (चक्रमे) चला गया, (द्विपात्) दो [भूत भविष्यत्] में गति वाला परमात्मा (पश्चात्) फिर (त्रिपादम्) तीन [प्रकाशमान, अप्रकाशमान और मध्य लोकों] में व्याप्ति वाले संसार में (अभि) सब ओर से (एति) प्राप्त होता है, (द्विपात्) दो [जङ्गम और स्थावर जगत्] में व्यापक ईश्वर (ह) निश्चय करके (षट्-पदः) छह [पूर्व दक्षिण पश्चिम उत्तर ऊंची और नीची दिशाओं] में स्थिति वाले ब्रह्माण्ड से (भूयः) अधिक आगे (वि चक्रमे) निकल गया, (ते) वे [योगी जन] (एकपदः) एक रस व्यापक परमेश्वर की (तन्वम्) उपकार क्रिया को (सम्) निरन्तर (आसते) सेवते हैं।

२—अग्निवासाः पृथिव्यं सितञ्जूस्त्विषीमन्तं संशितं मा कृणोतु—अथ० १२ । १ । २१ । (अग्निवासाः) अग्नि के साथ निवास करने वाली [अथवा अग्नि के वस्त्र वाली], (असितञ्जूः) बन्धन रहित कर्म को जताने वाली (पृथिवी)

पृथिवी (मा) मुझ को (तिविषिमन्तम्) तेजस्वी और (संशितम) तीक्ष्ण [फुरतीला] (कृणोतु) करे।

३—अन्तरिक्षे पथिभिरीयमानो न निविशते कतमच्चना हैः । अपां सखा प्रथमजा ऋतावा क' स्विज्जातः कुत आ बभूव—ऋग० १० । १६८ । ३ (अन्तरिक्षे) अन्तरिक्ष में (पथिभिः) अनेक मार्गों से (ईयमानः) चलता हुआ [वायु] (कतमत् चन अहः) किसी दिन भी (न) नहीं (नि विशते) बैठता है। (अपाम्) जल का (सखा) सखा [वायु] (प्रथमजाः) पहले पदार्थों में उत्पन्न होने वाला (ऋतावा) सत्य नियम वाला वह (कस्वित्) कहां पर (जातः) उत्पन्न हुआ और (कुतः) कहां से (आ बभूव) प्राप्त हुआ है॥

४—उच्चा पतन्तमरुणं सुपर्णं मध्ये दिवः स्तरणिं भ्राजमानम् । पश्याम त्वा सवितारं यमाहुरजस्रं ज्योतिर्यद विन्द दत्रिः । अथ० १३ । २ । ३६ । (उच्चा) ऊंचे (पतन्तम्) ऐश्वर्यवान् होते हुये, (अरुणम्) सर्वव्यापक, (सुपर्णम्) बड़े पालने वाले, (दिवः) व्यवहार के (मध्ये) मध्य (तरणिम्) पार करने वाले, (भ्राजमानम्) प्रकाशमान, (सवितारम्) सर्व प्रेरक (त्वा) तुझ [परमेश्वर] को (पश्याम) हम देखें, (यम्) जिस को (अजस्रम्) निरन्तर (ज्योतिः) ज्योति (आहुः) वे [विद्वान् लोग] बताते हैं, (यत्) जिस [ज्योति] को (अत्रिः) निरन्तर ज्ञानी [योगी पुरुष] ने (अविन्दत्) पाया है॥

५—चन्द्रमा अप्स्व १ न्तरा सुपर्णो धावते दिवि । न वो हिरण्यनेमयः पदं विन्दन्ति विद्युतो वित्तं मे' अस्य रोदसी । अथ० १८ । ४ । ८६, ऋग० १ । १०५ । १, साम० पू० ५ । ३ । ६ । (सुपर्णः) सुन्दर पूर्ति करने वाला (चन्द्रमाः) चन्द्रलोक (अप्सु अन्तः) [अपने] जलों के भीतर (दिवि) सूर्य के प्रकाश में (आ धावते) दौड़ता रहता है। (हिरण्यनेमयः) हे प्रकाशस्वरूप परमात्मा में सीमा रखने वाले (विद्युतः) विविध प्रकाशमान [सब लोको !] (वः) तुम्हारे (पदम्) ठहराव को (न विन्दन्ति) नहीं पाते हैं, (रोदसी) हे सूर्य के समान स्त्री पुरुषो ! (मे) मेरे (अस्य) इस [वचन] का (वित्तम्) तुम दोनों ज्ञान करो॥

६—सोमं मन्यते पपिवान् यत् संपिंषन्त्योषधिम् । सोमं यं ब्रह्माणो विदुर्न तस्याश्नाति पार्थिवः—अथ० १४ । १ । ३, ऋग० १० । ८५ । ३ । (सोमम्) चन्द्रमा [के अमृत] को (पपिवान्) मैं ने पी लिया [यह बात मनुष्य]

(मन्यते) मानता है, (यत्) जब (ओषधिम्) औषधि [अन्न सोमलता आदि] को (संपिषन्ति) वे [मनुष्य] पीसते हैं । (यम्) जिस (सोमम्) जगत् स्रष्टा परमात्मा को (ब्रह्माणः) ब्रह्मज्ञानी लोग (विदुः) जानते हैं, (तस्य) उस का [अनुभव] (पृथिवः) पृथिवी [के विषय] में आसक्त पुरुष (न) नहीं (अश्नाति) भोगता है ॥

कण्डिका १० ॥

विचारी ह वै काबन्धिः कबन्धस्याथर्वणस्य पुत्रो मेधावी मीमांसकोऽनूचान आस, स ह स्वेनातिमानेन मानुषं वित्तं नेयाय, तं मातोवाच, त एवैतदब्रुवंस्त इमेषु कुरुपञ्चालेषु अङ्गमगधेषु काशिकौशल्येषु शाल्वमत्स्येषु शवसउशीनरेषु उदीच्येष्वन्नमदन्तीत्यथ वयं तवैवातिमानेनानाद्यास्मो वत्स वाहनमन्विच्छेति स मान्धातुर्यौवनाश्वस्य सार्वभौमस्य राज्ञः सोमं प्रसूतमाजगाम, स सदोऽनुप्रविश्यर्त्विजश्च यजमानञ्चामन्त्रयामास, तद्याः प्राच्यो नद्यो वहन्ति याश्च दक्षिणाच्यो याश्च प्रतीच्यो याश्च उदीच्यस्ताः सर्वाः पृथङ्नामधेयीरित्याचक्षते, तासां समुद्रमभिपद्यमानानां छिद्यते नामधेयं समुद्र इत्याचक्षते, एवमिमे सर्व वेदा निर्मिताः सकल्पाः सरहस्याः स ब्राह्मणाः सोपनिषत्काः सेतिहासाः सान्वाख्याताः सपुराणाः सस्वराः ससंस्काराः सनिरुक्ताः सानुशासनाः सानुमार्जनाः सवाकोवाक्यास्तेषां यज्ञमभिपद्यमानानां छिद्यते नामधेयं यज्ञ इत्येवाचक्षते ॥ १० ॥

कण्डिका १० ॥ काबन्धि की मान्धाता के यज्ञ में यज्ञविषयक वार्ता ॥

(विचारी ह वै काबन्धिः आथर्वणस्य कबन्धस्य पुत्रः मेधावी मीमांसकः अनूचानः आस) तत्त्व निर्णय करने वाला काबन्धि, आथर्वण [निश्चल ब्रह्मज्ञान में श्रद्धा वाले] कबन्ध [ब्रह्म में संयम करने वाले ऋषि] का पुत्र अटल बुद्धिवाला, मीमांसा शास्त्र जानने वाला, साङ्गोपाङ्ग वेद पढ़ा हुआ था । (सः ह स्वेन अतिमानेन मानुषं वित्तं न इयाय) उसने अपने अति घमण्ड से मनुष्य योग्य धन न पाया । (तं माता उवाच—ते एव एतत् अन्नम् अवोचन्) उस से माता बोली—उन्होंने ही इस अन्न के विषय में कहा है । (ते इमम्=इदम् अन्नम् एषु कुरुपञ्चालेषु अङ्गमगधेषु काशिकौशल्येषु शाल्वमत्स्येषु शवसउशीनरेषु उदीच्येषु अदन्ति इति) वे लोग इस अन्न को इन कुरुपञ्चालों में, अङ्गमगधों

में, काशिकौसिल्यों में, शाल्वमत्स्यों में, शवसउशीनरों में, उत्तरदेशवासियों में खाते हैं । (अथ वयं तव एव अतिमानेन अनाद्याः स्मः वत्स वाहनम् अन्विच्छ इति) सो हम तेरे ही अति घमण्ड से बिना अन्न हैं, हे बच्चा ! रथ ढूंढकर ला । (सः यौवनाश्वस्य सार्वभौमस्य राज्ञः मान्धातुः प्रसूतं सोमम् आजगाम) वह युवनाश्व के पुत्र, चक्रवर्ती राजा मान्धाता के निचोड़े हुये सोम [सोमयज्ञ] में आया । (स सदः अनुप्रविश्य ऋत्विजः च यजमानं च आमन्त्रयामास) वह यज्ञशाला में प्रवेश करके ऋत्विजों और यजमान [मान्धाता] से बोला—(तत् याः प्राच्यः याः च दक्षिणाच्यः याः च प्रतीच्यः याः च उदीच्यः नद्यः वहन्ति ताः सर्वाः पृथङ्नामधेयीः इति आचक्षते, तासां समुद्रम् अभिपद्यमानानां नामधेय छिद्यते समुद्रः इति आचक्षते) सो जो पूर्व ओर वाली, और जो दक्षिण ओर वाली, और जो पश्चिम ओर वाली, और जो उत्तर ओर वाली नदियां बहती हैं, वे सब अलग अलग नामवाली हैं, ऐसा कहते हैं, उन समुद्र में पहुंचने वालियों का नाम मिट जाता है, यह समुद्र है-ऐसा कहते हैं, (एवम् इमे सर्वे वेदाः सकल्पाः सरहस्याः सब्राह्मणाः सोपनिषत्काः सेतिहासाः सान्याख्याताः सपुराणाः सस्वराः ससंस्काराः सनिरुक्ताः सानुशासनाः सानुमार्जनाः सवाकोवाक्याः निर्मिताः तेषां यज्ञम् अभिपद्यमानानां नामधेयं छिद्यते यज्ञः इति एव आचक्षते) ऐसे ही यह सब वेद कल्पों सहित रहस्यों सहित, ब्राह्मण ग्रन्थों सहित, उपनिषदों सहित, इतिहासों सहित, व्याख्यानों सहित, पुराणों सहित, स्वरों सहित, संस्कारों सहित, निरुक्तों [निर्वाचनों] सहित, अनुशासनों [धर्मशास्त्रों] सहित, अनुमार्जनों [संशोधनों] सहित, वाकोवाक्यों [पू० १ । २१] सहित बने हुये हैं, उन यज्ञ में पहुंचते हुओं का नाम मिट जाता है, यह यज्ञ है ऐसाही कहते हैं ॥ १० ॥

भावार्थ स्पष्ट है ॥ १० ॥

१०—(विचारी) तत्त्वनिर्णेता (काबन्धिः) अत इञ् । पा० ४ । १ । ९५ । कबन्ध—इञ् । कबन्धपुत्रः । ऋषिविशेषः (कबन्धस्य) के ब्रह्मणि बन्धः संयमो यस्य तस्य । ऋषिविशेषस्य (आथर्वणस्य) निश्चलब्रह्मज्ञाननिष्ठस्य (मीमांसकः) मीमांसाशास्त्रनिपुणः (अनूचानः) उपेयिवाननाश्वाननूचानश्च । पा० ३ । २ । १०९ । अनु+वच कथने—कानच् । साङ्गवेदविचक्षणः (वित्तम्) धनम् (इयाय) इण् गतौ—लिट् । प्राप (उदीच्येषु) द्युप्रागपागुदक प्रतीची यत् । पा० ४ । २ । १०१ । उदच्—यत् उत्तरदेशभवेषु (अनाद्याः) खाद्यवस्तु-

कण्डिका ११ ॥

भूमेर्ह वै एतद्विच्छिन्नं देवयजनं यदप्राक्प्रवणं यदनुदक्प्रवणं यत् कृत्रिमं यत्समविषममिदं ह त्वेव देवयजनं यत्समं समूलमविदग्धं प्रतिष्ठितं प्रागुदक्प्रवणं समं समास्तीर्णमिव भवति, यत्र ब्राह्मणस्य ब्राह्मणतां विद्याद् ब्रह्मा ब्रह्मत्वं करोतीति वोचे छन्दस्तन्न विन्दामो येनोत्तरमेमहीति। तान् ह पप्रच्छ किं विद्वान् होता हौत्रं करोति, किं विद्वानध्वर्य्युराध्वर्य्यवं करोति, किं विद्वानुद्गातौद्गात्रं करोति, किं विद्वान् ब्रह्मा ब्रह्मत्वं करोतीति वोचे छन्दस्तन्न विन्दामो येनोत्तरमेमहीति। ते ब्रूमो वागेव होता हौत्रं करोति वाचो हि स्तोमाश्च यजुष्काराश्चाभिसम्पद्यन्ते, ते ब्रूमो वागेव होता वाग् ब्रह्म वाक् देव इति। प्राणापानाभ्यामेवाध्वर्य्युराध्वर्य्यवं करोति, प्राणः प्रणीतानि ह भूतानि प्राणः प्रणीताः प्रणीतास्ते ब्रूमः प्राणापानावेवाध्वर्य्यू प्राणापानौ ब्रह्म प्राणापानौ देव इति। चक्षुषैवौद्गाता औद्गात्रं करोति चक्षुषा हीमानि भूतानि पश्यन्त्यथो चक्षुरेवौद्गाता चक्षुर्ब्रह्म चक्षुर्देव इति। मनसैव ब्रह्मा ब्रह्मत्वं करोति मनसा हि तिर्य्यक् च दिश ऊर्द्धं च यच्च किञ्च मनसैव करोति तद् ब्रह्म ते ब्रूमो मन एव ब्रह्मा मनो ब्रह्म मनो देव इति ॥ ११ ॥

कण्डिका ११ ॥ काबन्धि के देवयजन और ऋत्विजों के विषय में प्रश्नोत्तर ॥

(भूमेः ह वै एतत् विच्छिन्नं देवयजनं यत् अप्राक्प्रवणं यत् अनुदक्प्रवणं यत् कृत्रिमं यत् समविषमम्) यह भूमि से बांटा गया देवयजन [विद्वानों का पूजास्थान] है, जो पूर्व की ओर न झुका हुआ और न उत्तर की ओर झुका हुआ है, जो बना हुआ है, और जो चौरस और ऊंचा नीचा है। (इदं ह तु एव देवयजनं यत् समं समूलम् अविदग्धं प्रतिष्ठितं प्रागुदक्प्रवणं समं समास्तीर्णम् इव भवति, यत्र ब्राह्मणस्य ब्राह्मणतां विद्यात् ब्रह्मा ब्रह्मत्वं करोति इति)

रहिताः (मान्धातुः) मान पूजायाम्—क्विप् + दधातेः—तृच्। सत्कारधारकस्य राजविशेषस्य (यौवनाश्वस्य) युवनाश्वपुत्रस्य (सार्वभौमस्य) चक्रवर्तिनृपस्य। राजराजेश्वरस्य (प्रसूतम्) षङ् प्रसवे—क्त। निष्पन्नम्। निष्पीडितम् (सदः) यज्ञशालाम् (आमन्त्रयामास) संबोधितवान् (अभिपद्यमानानाम्) प्राप्यमाणानाम् (सान्वाख्याताः) सख्याख्यानाः (सानुमार्जनाः) संशोधनाः ॥

११—(विच्छिन्नम्) विभक्तम् (देवयजनम्) विदुषां पूजास्थानम् (अप्राक्प्रवणम्) प्रुङ् सर्पणे—ल्युट्। अपूर्वदिक्क्रमनिम्नम् (अनुदक्प्रवणम्) अनुत्त-

यह तो देवयजन है जो चौरस, नेव [नीव] वाला, बिना जला हुआ, प्रतिष्ठा-वाला, पूर्व और उत्तर को झुका हुआ, चौरस, और एक सा फैला हुआ सा है, और जिसमें ब्राह्मण की ब्राह्मणता जानी जावे, ब्रह्मा ब्रह्मत्व [ब्रह्मा का काम] करता है । (छन्दः वोचे तत् न विन्दामः येन उत्तरम् एमहि इति) मैं ने वेदज्ञान कहा है, उस को हम [वैसा] नहीं पाते हैं जिस से हम उत्तर पावें । (तान् ह पप्रच्छ किं विद्वान् होता हौत्रं करोति, किं विद्वान् अध्वर्युः आध्वर्यवं करोति, किं विद्वान् उद्गाता औद्गात्रं करोति, किं विद्वान् ब्रह्मा ब्रह्मत्वं करोति इति) उन से उस ने पूंछा—कौन विद्वान् होता होतृकर्म करता है, कौन विद्वान् अध्वर्यु अध्वर्यु कर्म करता है, कौन विद्वान् उद्गाता उद्गातृ कर्म करता है, कौन विद्वान् ब्रह्मा ब्रह्मा का कर्म करता है । (छन्दः वोचे तत् न विन्दामः येन उत्तरम् एमहि इति) मैं ने वेदज्ञान कहा है, उस को हम [वैसा] नहीं पाते हैं जिससे हम उत्तर पावें । [उन्होंने उत्तर दिया]—(ते ब्रूमः वाक् एव होता हौत्रं करोति वाचः हि स्तोमाः च वषट्काराः च अभिसम्पद्यन्ते, ते ब्रूमः वाक् एव होता वाक् ब्रह्म वाक् देवः इति) तुझसे हम कहते हैं—वाणी ही होता [होकर] होतृ कर्म करती है, वाणियों को ही स्तोम [स्तुति के मन्त्र और वषट्कार [आहुतियां] प्राप्त होती हैं, तुझ से हम कहते हैं—वाणी ही होता, वाणी ब्रह्म [वेदज्ञान], और वाणी देवता है । (प्राणापानाभ्याम् एव अध्वर्युः आध्वर्यवं करोति, प्राणः प्राणीतानि ह भूतानि, प्राणः प्रणीताः प्रणीताः—ते ब्रूमः प्राणापानौ एव अध्वर्यू, प्राणापानौ ब्रह्म, प्राणापानौ देवः इति) दोनों प्राण और अपान [श्वास और प्रश्वास] से ही अध्वर्यु अध्वर्यु का काम करता है, प्राण ही अच्छे प्रकार लाये गये जीव है, प्राण ही अच्छे प्रकार लाये गये प्रणीता [यज्ञपात्रविशेष] हैं—तुझ से हम कहते हैं—दोनों प्राण और अपान ही दो अध्वर्यु हैं, प्राण और अपान ब्रह्म [वेदज्ञान], प्राण और अपान देवता हैं ।

रदिक्रमनिश्चम् (कृत्रिमम्) ङ्वितः क्तिः । पा० ३ । ३ । ८८ । डुकृञ् करणे—क्तिच् । त्रेर्ममम्नित्यम् । पा० ४ । ४ । २० । इतिमप् । करणाज्जातम् । रचितम् (समविषमम्) समं समानं च विषमम् असमानम् । उच्चनीचं च (अविदग्धम्) वि+दह भस्मीकरणे—क्त । अविशेषेण दग्धम् । अभस्मीकृतम् (विद्यात्) जानीयात् (वोचे) अवोचे । अहं कथितवान् (छन्दः) वेदज्ञानम् (विन्दामः) प्राप्नुमः (एमहि) आ+ईङ् गतौ—वि० लि० । वयं प्राप्नुयाम (हौत्रम्) होतृ—अण् । होतुः कर्म (वषट्काराः) वह प्रापणे—डषटि । आहुतयः देवयज्ञाः

(चक्षुषा एव उद्गाता औद्गात्रं करोति, चक्षुषा हि इमानि भूतानि पश्यन्ति, अथो चक्षुः एव उद्गाता, चक्षुः ब्रह्म, चक्षुः देवः इति) आंख से ही उद्गाता उद्गाता का काम करता है, आंख से ही यह सब जीव देखते हैं, इस लिये आंख ही उद्गाता, आंख ही ब्रह्म [वेदज्ञान] और आंख ही देवता है। (मनसा एव ब्रह्मा ब्रह्मत्वं करोति, मनसा हि दिशः तिर्य्यक् च ऊर्ध्वं च यत् च किं च मनसा एव करोति तत् ब्रह्म, तै ब्रूमः मनः एव ब्रह्मा मनः ब्रह्म मनः देवः इति) मन से ही ब्रह्मा ब्रह्मा का काम करता है, मन से ही दिशा के तिरछे काम और ऊंचे काम को और भी जो कुछ है [उसको भी] मन से ही करता है, वह ब्रह्म [वेदज्ञान] है, तुझ से हम कहते हैं—मन ही ब्रह्मा, मन ब्रह्म [वेदज्ञान] और मन देवता है ॥ ११ ॥

भावार्थ—इस कण्डिका में भौतिक क्रिया के साथ आत्मिक यज्ञ का वर्णन है। और इसका सम्बन्ध अगली कण्डिका से है ॥ ११ ॥

कण्डिका १२ ॥

तद्यथा ह वा इदं यजमानश्च याजयितारश्च दिवं ब्रूयुः पृथिवीति, पृथिवीं वाक् द्यौरिति ब्रूयुस्तदन्यो नानुजानात्येतामेवं नानुजानाति यदेतद् ब्रूयादथ नु कथमिति होतेत्येव होतारं ब्रूयाद्वाग्निर्वाचं, ब्रह्मेति ब्रह्म, देव इति देवमध्वर्य्युरित्येवाध्वर्य्युं ब्रूयात्, प्राणापानाविति प्राणापानौ, ब्रह्मेति ब्रह्म, देव इति देवमुद्गातेत्येवोद्गातारं ब्रूयाच्चक्षुरिति चक्षुर्ब्रह्मेति ब्रह्म, देव इति देवं ब्रह्मेत्येव ब्रह्माणं ब्रूयान्मन इति मनो ब्रह्मेति ब्रह्म देव इति देवम् ॥ १२ ॥

कण्डिका १२ ॥ कावन्धि का अधिक यज्ञ विषयक विचार ॥

(तत् यथा ह वै इदम् यजमानः च याजयितारः च दिवं ब्रूयुः पृथिवी इति, पृथिवीं, ब्रूयुः वाक् द्यौः इति) [कावन्धि बोला] सो जैसे यह बात है कि यजमान और याजक लोग प्रकाश को कहें यह पृथिवी है, और पृथिवी को कहें यह वाणी [वा] प्रकाश है। (तत् अन्यः न अनुजानाति एताम् एवं न अनुजानाति यत् एतत् ब्रूयात् अथ नु कथम् इति) उस को दूसरा पुरुष नहीं जान लेता है, इस

(वाचः) वाणीः (सम्पद्यन्ते) प्राप्नुवन्ति (ते) तुभ्यम् (प्रणीतानि) प्रा + णीञ् प्रापणे—क्त। प्रकर्षेण प्रापितानि (प्रणीताः) यज्ञपात्रविशेषाः ॥

१२—(दिवम्) प्रकाशम् (ब्रूयुः) कथयेयुः (अनुजानाति) निरन्तरम् अनुभवति ॥

[वार्ता] को ऐसा नहीं जान लेता है कि इस को [वैसा ही] वह कहे, फिर यह कैसे हो सकता है। (होता इति एव होतारं ब्रूयात्, वाक् इति वाचम्, ब्रह्म इति ब्रह्म, देवः इति देवम्, अध्वर्युः इति एव अध्वर्युं ब्रूयात्) यह होता [होम करने वाला] ही है, होता को कहे, यह वाणी है वाणी को, यह ब्रह्म [वेदज्ञान] है ब्रह्म [वेदज्ञान] को, यह देवता है देवता को, और यह अध्वर्यु ही है अध्वर्यु को बतावे। (प्राणापानौ इति प्राणापानौ, ब्रह्म इति ब्रह्म देवः इति देवं, उद्गाता इति एव उद्गातारं ब्रूयात्) यह प्राण और अपान हैं प्राण और अपान को, यह ब्रह्म है ब्रह्म को, यह देवता है देवता को, और यह उद्गाता ही है उद्गाता को ही बतावे। (चक्षुः इति चक्षुः, ब्रह्म इति ब्रह्म, देवः इति देवम्, ब्रह्मा इति एव ब्रह्माणम् ब्रूयात्) यह आंख है आंख को, यह ब्रह्म है ब्रह्म को, यह देवता है देवता को, और यह ब्रह्मा ही है ब्रह्मा को बतावे। (मनः इति मनः, ब्रह्म इति ब्रह्म, देवः इति देवम् [ब्रूयात्]) यह मन है मन को, यह ब्रह्म [वेदज्ञान] है ब्रह्म [वेदज्ञान] को, यह देवता है देवता को [बतावे] ॥१२॥

भावार्थ—मनुष्य को यथार्थ और स्पष्ट बोलना चाहिये ॥ १२ ॥

कण्डिका १३ ॥

नाना प्रवचनानि ह वा एतानि भूतानि भवन्ति ये चैवासोमपं याजयन्ति ये च सुरापं ये च ब्राह्मणं विच्छिन्नं सोमयाजिनं तं प्रातः समित्पाणय उपोदेयुरुपायामो भवन्तमिति, किमर्थमिति यानेव नो भवांस्तां ह्यप्रश्नामपृच्छद्यानेव नो भवान् व्याचक्षीयेति, तथेति तेभ्य एतान् प्रश्नान् व्याचष्टे, तद्येन ह वा इदं विद्यमानञ्चाविद्यमानञ्चाभिनिदधाति तद् ब्रह्म तद्यो वेद स ब्राह्मणोऽधीयानोऽधीत्याचक्षत इति ब्राह्मणम् ॥ १३ ॥

कण्डिका १३ ॥ काबन्धि का आगे यज्ञ विषयक विचार ॥

(नाना प्रवचनानि ह वै एतानि भूतानि भवन्ति ये च एव असोमपं ये च सुरापं ये च विच्छिन्नं ब्राह्मणं सोमयाजिनं याजयन्ति) अनेक प्रकार से प्रसिद्ध बातें और यह सब जीव होते हैं, जो [जीव] सोम रस को न पीने वाले से, और जो सुरा [मद्य] पीने वाले से, और जो वेद मार्ग से अलग किये हुये सोम यज्ञ कराने वाले ब्राह्मण से यज्ञ कराते हैं, (तं प्रातः समित् पाणयः उपोदेयुः, भवन्तम् उपयामः इति) उस [प्रसिद्ध विद्वान्] के पास प्रातः काल [यज्ञ के लिये] समिधा हाथ में लिये हुये जावें [और कहें] हम आप के पास आये हैं। (किम-

र्थम् इति) [वह कहे] किस लिये (यान् एव अप्रश्नान् नः भवान् हि अपृच्छत् यान् एव नः भवान्, तान् व्याचक्षीय इति) जिन ही विरुद्ध प्रश्नों को हम से आप ने पूंछा है, जिन को ही हम से आपने [पूंछा है], उन को मैं बताऊं। (तथा इति) [वे कहें] ऐसा ही हो। (तेभ्यः एतान् प्रश्नान् व्याचष्टे) उन को यह सब प्रश्न वह बतावे। (तत् येन ह वै इदं विद्यमानं च अविद्यमानं च अभिनिदधाति तत् ब्रह्म) सो जिस करके ही यह वर्तमान और अवर्तमान [भूत और भविष्य] सब ओर से धारण किया जाता है वह ब्रह्म है। (तत् यः वेद सः अधीयानः ब्राह्मणः अधीत्य आचक्षते इति ब्राह्मणम्) उस को जो जानता है वह पढ़ा हुआ ब्राह्मण है. [ऐसा] पढ़ करके ही वे लोग कहते हैं—यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ १३ ॥

भावार्थ—अशलील कुमार्गी पुरुष से यज्ञ न कराना चाहिये किन्तु वेदज्ञानी सुशील विद्वान् से यज्ञ कराया जावे ॥ १३ ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका में बहुवचन और एक वचन पदों की और वाक्यों की संगति आर्ष शैली है ॥

कण्डिका १४ ॥

अथातो देवयजनान्यात्मा देवयजनं श्रद्धा देवयजनमृत्विजो देवयजनं भौमं देवयजनं तद्वा एतदात्मा देवयजनं यदुपव्ययच्छमानो वाऽनुपव्ययच्छमानो वा शरीरमधिवसत्येष यज्ञ एष यजत एतं यजन्त एतद्देवयजनमथैतत् श्रद्धा देवयजनं यदैव कदाचिदादद्यात् श्रद्धा त्वेवैनं नातोयात्तद्देवयजनमथैतदृत्विजो देवयजनं यत्र क्वचिद् ब्राह्मणो विद्यावान् मन्त्रेण करोति तद्देवयजनमथैतद्भौमं देवयजनं यत्रापस्तिष्ठन्ति यत्र स्यन्दन्ति प्रतद्वहन्त्युद्वहन्ति तद्देवयजनं यत्समं समूलमविदग्धं प्रतिष्ठितं प्रागुदक्प्रवणं समंसमास्तीर्णमिव भवति यस्य श्वभ्रकूर्मो वृक्षः पर्वतो

१३—(प्रवचनानि) प्रकृष्टवाक्यानि (असोमपम्) न सोमरसपानकर्तारम् (सुरापम्) मद्यपानकर्तारम् (विच्छिन्नम्) वेदमार्गेण वियुक्तम् (तम्) प्रसिद्धं विद्वांसम् (उपोदेयुः) उप+उत्+आ+इयुः, इण् गतौ—वि० लि०। प्राप्नुयुः। (अप्रश्नान्) विरुद्धप्रश्नान् (व्याचक्षीय) अहं विवृणीय (विद्यमानम्) वर्तमानम् (अविद्यमानम्) अवर्तमानं भूतं भविष्यं च (अभिनिदधाति) अभिनिधीयते (अधीत्य) पठित्वा ॥

नदी पन्था वा पुरस्तात्स्यान्न देवयजनमात्रं पुरस्तात्पर्य्यवशिष्येन्नोत्तरतोऽग्नेः पर्य्युपवीदेरन्निति ब्राह्मणम्॥ १४॥

कण्डिका १४॥ काबन्धि का देवयजनों के विषय में वर्णन॥

(अथ अतः देवयजनानि आत्मा देवयजनं श्रद्धा देवयजनम् ऋत्विजः देवयजनं भौमं देवयजनम्) अब यहां से देवयजन [विद्वानों के पूजा स्थान] कहे जाते हैं—देखो कण्डिका ११]—आत्मा देवयजन है, श्रद्धा [पूरा विश्वास] देवयजन है, ऋत्विज [सब ऋतुओं में यज्ञ कराने वाले] देवयजन हैं, जल [जो भूमि से भाप होकर फिर मेह बनकर बरसता है] देव यजन है। (तत् वै एतत् आत्मा देवयजनं यत् उपव्यायच्छमानः वा अनुपव्यायच्छमानः वा शरीरम् अधिवसति, एषः यज्ञः, एषः यजतः, एतं यजन्ते, एतत् देवयजनम्) सो ही यह आत्मा देवयजन है जो [आत्मा] फैलता हुआ अथवा न फैलता हुआ [बड़ा वा छोटा होकर] शरीर में बसता है, यह यज्ञ है, यह यजमान है, इसको पूजते हैं, यह देवयजनहै। (अथ एतत् श्रद्धा देवयजनं यदा एव कदाचित् आदद्यात् श्रद्धा तु एव एनं न अतीयात्, तत् देवयजनम्) फिर यह श्रद्धा देवयजन है, जब कभी भी वह [ब्रह्मचारी] लेवे श्रद्धा तो इस [लेने वाले] को न उल्लङ्घन करे, यह देवयजन है। (अथ एतत् ऋत्विजः देवयजनं यत्र क्वचित् विद्यावान् ब्राह्मणः मन्त्रेण करोति तत् देवयजनम्) फिर यह ऋत्विज लोग देवयजन हैं, जहां कहीं विद्वान् ब्राह्मण मन्त्र से कर्म करता है वह देवयजन है। (अथ एतत् भौमं देवयजन यत्र आपः तिष्ठन्ति यत्र स्यन्दन्ति तत् प्रवहन्ति उद्वहन्ति, तत् देवयजनम्) फिर यह भौम [भूमि से निकला हुआ जल] देवयजन है, जहां जल ठहरता है, जहां चूता है, वहां बहता है और चढ़ता है, वह देवयजन है, (यत् समं समूलम् अविदग्धं प्रतिष्ठितं प्राग्दक्प्रवणं समं समास्तीर्णम् इव भवति)

१४—(श्रद्धा) पूर्णविश्वासः (ऋत्विजः) सर्वेषु ऋतुषु यज्ञकर्तारः (भौमम्) भूमि—अण्। वाष्पमेघरूपेण भूमेर्जातं जलम् (उपव्यायच्छमानः) उप+वि+आ+यम नियमने—शानच्। दीर्घीभवन् (अनुपव्यायच्छमानः) अदीर्घीभवन्। अल्पीभवन् (यजतः) भृ मृ दृशियजि०। उ० ३। ११०। यजदेवपूजासंगतिकरणदानेषु—अतच्। यजमानः (यजन्ते) पूजयन्ति (आदद्यात्) गृह्णीयात् (अतीयात) अति+इण् गतौ—विधि लिङ्। उल्लंघयेत् (आपः) जलानि (तत्) तत्र (प्रवहन्ति) प्रकर्षेण गच्छन्ति (श्वभ्रकूर्मः) श्वभ्र गतौ—घञ्। अर्तेरुच्च। उ० ४। ४४। ऋ गतौ—मि, ऊत्, ततः अर्शआद्यच्। के देहे जले वा

जो [स्थान] चौरस नींव वाला, बिना जला हुआ, प्रतिष्ठा वाला, पूर्व और उत्तर की ओर झुका हुआ, चौरस और एकसा फैला हुआ होवे (यस्य पुरस्तात् श्वभ्रकूर्मः वृक्षः पर्वतः नदी पन्थाः वा स्यात्) जिस के आगे चलते हुये पवन वाला वृक्ष, पहाड़, नदी, अथवा मार्ग हो, (देवयजनमात्रम् पुरस्तात् न पर्य्यवशिष्येत्) देवयजन का परिमाण सामने को न बचा रहे, (न अग्नेः उत्तरतः पर्य्युपसीदेत् इति ब्राह्मणम्) और न अग्नि के उत्तर ओर को बैठ—यह ब्राह्मण है ॥ १४ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को चाहिये कि भौतिक यज्ञ के साथ आत्मिक यज्ञ का विचार करते रहें ॥ १४ ॥

कण्डिका १५ ॥

अदितिर्वै प्रजाकामौदनमपचत् तत उच्छिष्टमश्नात् सा गर्भमधत्त, तत आदित्या अजायन्त, य एष ओदनः पच्यत आरम्भणमेवैतत् क्रियते आक्रमणमेव प्रादेशमात्राः समिधो भवन्त्यतावां ह्यात्मा प्रजापतना सम्मितो ऽग्नेर्वै या यज्ञिया तनूरश्वत्थे तया समगच्छत एषा स्वधृत्या तनूर्यद् घृतं, यद् घृतेन समिधो अनक्ति ताभ्यामेवैनं तन्तनूभ्यां समर्द्धयति यज्ञिमार्गस्यादधात्यवकृत्या वै वीर्य्यं क्रियते यज्ञिमार्गस्यादधात्यवकृत्या एव संवत्सरो वै प्रजननमग्निः प्रजननमेतत् प्रजननं यत्संवत्सर ऋचाऽग्नौ समिधमादधाति, प्रजननादेवैतत्तत् प्रजनयिता प्रजनयित्वत्वत्तुर्वै पुरुषो न हि तद्वेद यदत्तुमभिजायते, यच्चत्रं तदाप्नोति, य एष ओदनः पच्यते, योनिरेवैषा क्रियते, यत्समिध आधीयन्ते रेतस्तत् श्रीयते संवत्सरो वै रेतो हितं प्रजायते, ये संवत्सरे पर्य्येतऽग्निमाप्नुवते प्रजापतिरवत्तमाधत्ते, द्वादशसु रात्रीषु पुरा संवत्सरस्याधेयात्तो हि संवत्सरस्य प्रतिमा अथो तिसृष्वथो द्वयोरथो पूर्वेद्युराधेयात्, ते वा अग्निमादधानादित्या वा इत उत्तरमेष मेऽमुष्मिल्लोक आयंस्ते पथि रक्षन्त इयन्तु यज्ञमाणं प्रतिनुदन्त उच्छेषणभाजा वा आदित्या यदुच्छिष्टं यदुच्छिष्टा समिधो अनक्ति तेभ्य एव प्रोवाच तेभ्य एव प्रोच्य स्वर्गं लोकं यन्ति ॥ १५ ॥

ऊर्मिर्वेगो यस्य सः कूर्मः शरीरस्थो वायुः कच्छपो वा । श्वभ्रं गमनशीलः कूर्मो वायुर्यस्य स तथाभूतः (मात्रम्) परिमाणम् (पर्य्यवशिष्येत्) परि+अव+शिष असर्वोपयोगे—वि० लि० । अवशिष्टं भवेत् (पर्य्युपसीदेरन्) परि+उप+षद्लृ गतौ—वि० लि० । उपविशेयुः ॥

कण्डिका १५ ॥ अदिति की सृष्टि रचना के दृष्टान्त से भौतिक यज्ञ की रचना ॥

(प्रजाकामा अदितिः वै ओदनम् अपचत्) सन्तान चाहने वाली अदिति [अदीन और अखण्ड परमेश्वर शक्ति] ने सींचने वाला भात वा अन्न पकाया [परमाणुओं को चलाया], (ततः उच्छिष्टम् अश्नात्) फिर बचे हुये को खाया [प्रलय से पीछे बचे संयोग वियोग सामर्थ्य को काम में लाया]। (सा गर्भम् अधत्त) उसने गर्भ धारण किया। [गर्भ वा पिंड के रूप में पदार्थ बनाये], (ततः आदित्याः अजायन्त) उस [कर्म] से आदित्य [अखण्ड परमात्मा से उत्पन्न पदार्थ] उत्पन्न हुये। (यः एषः ओदनः पच्यते एतत् आरम्भणम् एव, आक्रमणम् एव क्रियते) [इसी प्रकार यज्ञ में] जो यह भात पकाया जाता है वह आरम्भ कर्म ही और आगे बढ़ने का कर्म ही किया जाता है, (प्रादेशमात्रीः समिधः भवन्ति, एतावान् हि आत्मा प्रजापतिना सम्मितः) प्रादेशमात्री [अङ्गूठे से तर्जनी तक परिमाण वाली] समिधायें होती हैं, इतना ही आत्मा प्रजापति [परमेश्वर] कर के नापा गया है। (अश्वत्थे अग्नेः वै या यज्ञिया तनूः तया समगच्छत) पीपल [आदि काष्ठ] में अग्नि का जो निश्चय कर के पूजनीय शरीर है, उसके साथ वह [अग्नि] मिला है, (एषा स्वधृत्या तनूः यत् घृतम्) यह अपने आप [अग्नि को] पुष्ट करने वाला शरीर है जो घृत है, (यत् घृतेन समिधः अनक्ति ताभ्यां तनूभ्याम् एव एनं तं समर्धयति) वह जो घी से समिधाओं को सींचता है, उन दोनों शरीरों [घी और समिधा] से ही इस प्रसिद्ध [अग्नि] को बढ़ाता है। (यत् निर्मार्गस्य अवकृत्या आदधाति वीर्यं वै क्रियते) जो निश्चित मार्ग के संकल्प

१५—(अदितिः) कृत्यल्युटो बहुलम्। पा० ३। ३। ११३। दीङ् क्षये, दो अवखण्डने, दाप् लवने—क्तिन्। यति स्यतिमास्थामित्ति किति। पा० ७। ४। ४०। इति इत्वम्। दीङ्पक्षे ह्रस्वत्वं नञ् समासः। अदितिः पृथिवी—निघ० १। १। वाक्—निघ० १। ११। गौः—निघ० २। ११। अदीना देवमाता—निरु० ४। २२। अदीना अक्षीणा अखण्डिता वा परमेश्वरशक्तिः (ओदनम्) उन्देर्नलोपश्च। उ० २। ७६। उन्दी क्लेदने—युच्। ओदनो मेघः—निघ० १। १०। ओदनमुदकदानं मेघम्—निरु० ६। ३४। सेचकं भक्तम्। अन्नम् (उच्छिष्टम्) उत+शिष्ल असर्वोपयोगे—क्त। यः प्रलयात् शिष्यते शेषो भवति तं शेष पदार्थम् (अश्नात्) अश भोजने लङ्। अभक्षत्। अगृह्णात् (आदित्याः) दित्यदित्या-

से अग्न्याधान करता है, [उस से] वीर्य्य [सामर्थ्य] ही किया जाता है, (यत् निर्मार्गस्य अवकूत्या एव आदधाति संवत्सरः वै प्रजननम्, अग्निः प्रजननम्, एतत् प्रजननम् यत् संवत्सरः) जो निश्चित मार्ग के संकल्प से ही अग्न्याधान करता है वह संवत्सर ही उत्पादन सामर्थ्य है, अग्नि उत्पादन सामर्थ्य है, यह उत्पादन सामर्थ्य है जो संवत्सर है, (ऋचा अग्नौ समिधम् आदधाति) मन्त्र के साथ अग्नि में समिधा को रखता है। (प्रजननात् एव एनं तत् प्रजनयिता प्रजनयति अत्तुः वै अवति) उत्पादन सामर्थ्य से ही इस अग्नि को तब उत्पन्न करने वाला [यजमान] उत्पन्न करता है और खाने वाले [विघ्न] से बचाता है, (पुरुषः नहि तत् वेद यत् अत्तुम् अभिजायते) पुरुष उस [विघ्न] को नहीं जानता है जो खाने को प्रकट होता है। (यत् नक्षत्रं तत् आप्नोति) जो नक्षत्र [नक्षत्र का वृष्टि आकर्षणादि प्रभाव] है। उसको वह पाता है। (यः एषः ओदनः पच्यते, एषा एव योनिः क्रियते) जो यह भात [यज्ञ में] पकाया जाता है यही गर्भाशय किया जाता है, (यत् समिधः आधीयन्ते तत् रेतः भ्रीयते) जो समिधायें यथावत् रक्खी जाती हैं उस से वीर्य्य धरा जाता है, (संवत्सरः वै हितं रेतः प्रजायते) संवत्सर [समय] ही हितकारी वीर्य होजाता है। (ये एते संवत्सरे, परि अग्निम् आधत्ते प्रजापतिः एव एनम् आधत्ते) यह जो [नियम हैं उनसे] संवत्सर तक अग्न्याधान करता है, प्रजापति [यजमान] ही इस [अग्नि] को यथावत् रखता है। (द्वादशसु रात्रीषु संवत्सरस्य पुरा आधेयात् ताः हि संवत्सरस्य प्रतिमाः, अथो तिसृषु अथा द्वयोः अथा पूर्वेद्युः आधेयात्) बारह रात्रियों में संवत्सर के पहिले [अग्नि को] यथावत् रक्खे वे ही [बारह रातें] संवत्सर की प्रतिमायें [स्थानापन्न] हैं, फिर तीन [रातों] में फिर दो में फिर पहिले दिन में [अग्नि को] यथावत् रक्खे। (ते वै आदित्याः अग्निम् आदधानेन इतः वै उत्तरम्, एष (=एव) मे अमुष्मिन् लोके आयन्) वे ही आदित्य [परमेश्वर के उत्पन्न पदार्थ] निश्चय

दित्य० पा० । ४ । १ । ८५ । अदिति—ण्यप्रत्ययः, अपत्यार्थे । अदितिपुत्राः । सर्वे परमेश्वरजनितपदार्थाः (प्रादेशमात्रीः) हलश्च । पा० ३ । ३ । १२१ । प्र+दिश दाने—घञ्। उपसर्गस्य घञ्यमनुष्ये बहुलम् । पा० ६ । ३ । १२२ । इति दीर्घः । मात्रच्प्रत्ययः । अङ्गुष्ठतर्जनीपरिमिताः (सम्मितः) परिमितः (स्वधृत्या) स्व+धृञ् धारणे—क्यप् । स्वपोषिका (अनक्ति) संयोजयति (निर्मार्गस्य) निश्चितमार्गस्य (अवकूत्या) अव+कूञ् शब्दे—क्तिन्। आकूत्या ।

करके अग्न्याधान से इस से पीछे भी मेरे लिये उस लोक [सुख स्थान] में प्राप्त होवें । (ते पथि रक्षन्तः इयम् [=इदम्] तत् उ यज्ञ्यमाणं प्रतिनुदन्ते उच्छेषणभाजाः वै आदित्याः) वे मार्ग में रक्षा करते हुये इस और उस दातव्य पदार्थ को भेजते रहते हैं, विशेष सामर्थ्य के बांटने वाले ही आदित्य [ईश्वर के उत्पन्न पदार्थ] हैं, (यत् उच्छिष्टम्) जो बचा हुआ पदार्थ है, (यत् उच्छिष्टेन समिधः अनक्ति तेभ्यः एव प्रोवाच तेभ्यः एव प्रोच्य स्वर्गलोकं यन्ति) जो वह बचे हुये पदार्थ से समिधायें सींचता है [पूर्ण आहुति देता है], उस ने उन [ईश्वर के उत्पन्न पदार्थों] के लिये ही कहा है, उन [ईश्वर के उत्पन्न पदार्थों] के लिये ही व्याख्या करके वे पुरुष स्वर्गलोक पाते हैं ॥ १५ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को भौतिक यज्ञ के साथ परमात्मा और जीवात्मा का भी विचार करना चाहिये ॥ १५ ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका को मिलाओ—अथ० ११ । १ ॥

कण्डिका १६ ॥

प्रजापतिरथर्वा देवः स तपस्तप्त्वैतश्चातुष्प्राश्यं ब्रह्मौदनं निरमिमत, चतुर्लोकं चतुर्दैवं चतुर्वेदं चतुर्होत्रमिति, चत्वारो वा इमे लोकाः पृथिव्यन्तरिक्षं द्यौरापः इति, चत्वारो वा इमे देवा अग्निर्वायुरादित्यश्चन्द्रमाः, चत्वारो वा इमे वेदा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदो ब्रह्मवेद इति, चतस्रो वा इमे होत्रा हौत्रमाध्वर्यवमौद्गात्रं ब्रह्मत्वमिति ।

तदप्येतदृचोक्तम् । चत्वारि शृङ्गात्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य । त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महेदेवो मर्त्यम् आविवेश इति ।

चत्वारि शृङ्गेति वेदा वा एत उक्ताः, त्रयो अस्य पादा इति सवनान्येव, द्वे शीर्ष इति ब्रह्मौदनप्रवर्ग्यावेव, सप्त हस्तासो अस्येति छन्दांस्येव, त्रिधा बद्ध इति मन्त्रः कल्पो ब्राह्मणं, वृषभो रोरवीत्येष ह वै वृषभ एष तद्रोरवीति यज्ञेषु शस्त्राणि शंसत्यृग्भिर्यजुर्भिः सामभिर्ब्रह्मभिरिति, महदेवो मर्त्यम् आविवेशेत्येष ह वै महान् देवो यद्यज्ञ एषु मर्त्यम् आविवेश । यो विद्यात्सप्त प्रवत इति प्राणानाह सप्त विद्यात्परावत इत्यापानानाह । शिरो यज्ञस्य यो विद्यादित्ये-

---

संकल्पेन (यज्ञ्यमाणम्) यज दाने स्य, शानच् । दातव्यपदार्थम् (प्रतिनुदन्ते) प्रत्यक्षेण प्रेरयन्ति (उच्छेषणभाजाः) उत+शिष् असर्वोपयोगे—ल्युट्+भाज पृथक्कर्मणि—अण् । विशेषसामर्थ्यस्य विभक्तारः (यन्ति) प्राप्नुवन्ति ॥

तद्वै यज्ञस्य शिरो यन्मन्त्रवान् ब्रह्मौदनो यो ह वा एतममन्त्रवन्तं ब्रह्मौदनमुपेयादपशिरसा ह वा अस्य यज्ञमुपेतो भवति तस्मान्मन्त्रवन्तमेव ब्रह्मौदनमुपेयान्नामन्त्रवन्तमिति ब्राह्मणम्॥ १६॥

कण्डिका १६॥ ब्रह्मज्ञानियों को चार चार प्रकार से ब्रह्मप्राप्ति॥

(प्रजापतिः अथर्वा देवः) प्रजापति अथर्वा [प्रजापालक निश्चल] प्रकाशमान परमात्मा है। (सः तपः तप्त्वा एतं चातुष्प्राश्यं ब्रह्मौदनं निरमिमत, चतुर्लोकं चतुर्दैवं चतुर्वेदं चतुर्हौत्रम् इति) उस ने तप करके इस चार प्रकार से फैले हुये ब्रह्मौदन [ब्रह्मज्ञानियों के अन्न] को बनाया, चार लोक, चार देव, चार वेद, और चार ऋत्विजों के कर्म। (चत्वारः वै इमे लोकाः पृथिवी अन्तरिक्षं द्यौः आपः इति) चार लोक यह हैं—पृथिवी, अन्तरिक्ष, प्रकाश और जल। (चत्वारः वै इमे देवाः अग्निः वायुः आदित्यः चन्द्रमाः) चार देव यह हैं अग्नि, पवन, सूर्य, और चन्द्रमा। (चत्वारः वै इमे वेदाः ऋग्वेदः यजुर्वेदः सामवेदः ब्रह्मवेदः इति) चार वेद यह हैं ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और ब्रह्मवेद [अथर्ववेद]। (चतस्रः वै इमे [=इमाः] होत्राः हौत्रम्, आध्वर्य्यवम् औद्गात्रं ब्रह्मत्वम् इति) चार ऋत्विजों की क्रियायें यह हैं—होता का कर्म, अध्वर्य्यु का कर्म, उद्गाता का कर्म और ब्रह्मा का कर्म।

(तत् अपि एतत् ऋचा उक्तम्) यह भी इस ऋचा करके कहा गया है। (चत्वारि शृङ्गाः त्रयः अस्य पादाः द्वे शीर्षे अस्य सप्त हस्तासः त्रिधा बद्धः वृषभः रोरवीति महः देवः मर्त्यान् आ विवेश इति)—ऋग्वेद ४। ५८। ३, आदि। तथा निरुक्ति १३। ७। (चत्वारि अस्य शृङ्गा इति एते वै वेदाः उक्ताः, त्रयः पादाः इति सवनानि एव द्वे शीर्षे इति ब्रह्मौदनप्रवर्ग्यौ एव, सप्त हस्तासः अस्य इति छन्दांसि एव) इस [यज्ञ] के चार सींग [के समान] यह वेद कहे गये हैं, तीन पग [के समान] सवन [प्रातः सवन, मध्यन्दिन सवन और तृतीय सवन अथवा कर्म उपासना ज्ञान], दो सिर [के समान] ब्रह्मौदन और प्रवर्ग्य [ब्रह्मज्ञानियों का अन्न और यज्ञाग्नि,

---

१६—(अथर्वा) गो० पू० १। ४। निश्चलः परमेश्वरः (चातुष्प्राश्यम्) चतुर्+प्र+अशू व्याप्तौ-एयत्, स्वार्थे ष्यञ्। हलो यमां यमि लोपः। पा० ८। ४। ६४। यलोपः। चतुर्धा व्याप्यम् (ब्रह्मौदनम्) ब्रह्मभ्यो ब्रह्मज्ञानिभ्यः ओदनम् अन्नम् (चतुर्लोकम्) चतुर्णां लोकानां समाहारम् (द्यौः) प्रकाशलोकः (ब्रह्मवेदः) अथर्ववेदः (होत्राः) हुयाम्माश्रुभसिभ्यत्रन्। उ० ४। १६८। हु दानादानादनेषु—त्रन्, टाप्। होत्रा वाक्—निघ० १। ११; यज्ञः—निघ० ३। १७। होत्रा शब्दः

अथवा अभ्युदय और निश्रेयस सुख] हैं, सात हाथ [के समान [गायत्री आदि अक्षरों] छन्द ही हैं। (त्रिधा बद्धः इति मन्त्रः कल्पः ब्राह्मणम्) वह तीन प्रकार से बंधा है, यह मन्त्र [वेदमन्त्र], कल्प [यज्ञपद्धति] और ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] हैं (एषः वृषभः रोरवीति एषः वृषभः ह वै तत् रोरवीति यत् यज्ञेषु शस्त्राणि ऋग्भिः यजुर्भिः सामभिः ब्रह्मभिः शंसति इति) यह वृषभ [बैल समान यज्ञ] बड़ा शब्द करता है, यही वृषभ [यज्ञ] वह बड़ा शब्द करता है जो यज्ञों में शस्त्रों [स्तोत्रों] को ऋग्वेद के मन्त्रों, यजुर्वेद के मन्त्रों, सामवेद के मन्त्रों और ब्रह्मवेद के मन्त्रों से बोलता है। (महः देवः मर्त्यान् आविवेश इति एषः ह वै महान् देवः यत् यज्ञः एषु मर्त्यान् आविवेश) बड़ा देव मनुष्यों में प्रवेश करता है, यही बड़ा देव है जो यज्ञ है वह इन [भूतों] के बीच मनुष्यों में प्रवेश करता है।

(यः सप्त प्रवतः विद्यात् इति) [अथ० १०। १०। २।] प्राणान् आह, सप्त परावतः विद्यात् इति [दूसरा पाद] अपानान् आह) जो सात [२ हाथ, २ पांव, १ पायु, १ उपस्थ, १ उदर] उत्तम गति वालों को जाने यह प्राणों को कहता है, सात [२ कान, २ नथने, २ आंखें, १ मुख] दूर गति वालों को जाने यह अपानों को कहा है। (यः यज्ञस्य शिरो विद्यात् इति [तीसरा पाद] एतत् वै यज्ञस्य शिरः यत् मन्त्रवान् ब्रह्मौदनः) जो यज्ञ के शिर को जाने यही यज्ञ का शिर है जो मन्त्रों सहित ब्रह्मौदन [ब्रह्मज्ञानियों का अन्न] है। (यः ह वै एतम् अमन्त्रवन्तम् ब्रह्मौदनम् उपेयात् अस्य [व्यवहारः] ह वै अपशिरसा यज्ञम् उपेतः भवति) जो कोई भी इस बिना मन्त्र वाले ब्रह्म ओदन को प्राप्त करे उस का [व्यवहार] बिना शिर वाले यज्ञ युक्त होता है। (तस्मात् मन्त्रवन्तम् एव

ऋत्विग्वाची स्त्रीलिङ्गः। होत्राभ्यश्छः। पा० ५। १। १३५, इति निर्देशात्। ततः अर्शआद्यच, टाप्। ऋत्विजीयाः क्रियाः (हौत्रम्) होतुः कर्म (अस्य) वृषभस्य (वृषभः) ऋषिवृषिभ्यां कित्। उ० ३। १२३। वृषु सेचने—अभच्, कित्। सुखवर्षको यज्ञः (रोरवीति) रु शब्दे यङ्लुकि रूपम्। भृशं रौति शब्दयति (महः) मह पूजायाम्—घञर्थे कः। महान् (प्रवर्ग्यः) प्रवर्ग—यत् स्वार्थे। यज्ञाग्निः (शस्त्राणि) स्तोत्राणि (शंसति) कथयति (एषु) उक्तपदार्थेषु (प्रवतः) उपसर्गाच्छन्दसि धात्वर्थे। पा० ५। १। ११८। प्र-वति धात्वर्थे साधने। प्रकृष्टगतीन् लोकान् (परावतः) परावति प्रत्ययः पूर्ववत्। दूरगतीन् देशान् (अपशिरसा) सुपां सुलुक०। पा० ७। १। ३९। अपशिरस्—आ प्रत्ययो द्वितीयार्थे। अपशिरसम्। शिरोरहितम्॥

ब्रह्मौदनम् उपेयात् न अमन्त्रवन्तम् इति ब्राह्मणम्) इस लिये मन्त्र वाले ही ब्रह्मौदन को प्राप्त करे, न बिना मन्त्र वाले को यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान है] ॥ १६ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य चारों वेदों को विचार कर श्रेष्ठ कर्म करता है वही सिद्धि पाता है ॥ १६ ॥

टिप्पणी—ऊपर दिये हुये मन्त्र अर्थ सहित लिखे जाते हैं।

१—चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य। त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यां आविवेश।—ऋ० ४। ५८। ३, यजु० १७। ९१, निरुक्त १३। ७। [शृङ्गाः पद के स्थान पर वहां शृङ्गा पद है] (अस्य) इस [वृषभरूप यज्ञ] के (चत्वारि) चार [वेद] (शृङ्गा) सींग, (त्रय) तीन [कर्म, उपासना ज्ञान] (पादाः) पैर, (द्वे) दो [प्रायणीय और उदयनीय अर्थात् अस्तकाल और उदयकाल] (शीर्षे) सिर और (अस्य) इसके (सप्त) सात [गायत्री आदि छन्द] (हस्तासः) हाथ [समान] हैं। (त्रिधा) तीन प्रकार [मन्त्र, कल्प वा यज्ञ पद्धति और ब्राह्मण वा ब्रह्मज्ञान से] (बद्धः) बन्धा हुआ (वृषभः) वह बैल [समान यज्ञ] (रोरवीति) बड़ा शब्द करता है, (महः देवः) उस महान् देव [कामना योग्य यज्ञ] ने (मर्त्यान्) मनुष्यों में (आ विवेश) प्रवेश किया है ॥

२—यो विद्यात् सप्त प्रवतः सप्त विद्यात् परावतः। शिरो यज्ञस्य यो विद्यात् स वशां प्रतिगृह्णीयात्॥ अथ० १०। १०। २। (यः) जो [विद्वान्] (सप्त) सात [२ हाथ, २ पांव, १ पायु, १ उपस्थ, १ उदर] (प्रवतः) उत्तम गति वाले [लोकों] को (विद्यात्) जाने और (सप्त) सात [२ कान, २ नथने, २ आंखें, १ मुख] (परावतः) दूर गति वाले [लोकों] को (विद्यात्) जान जावे। (यः) जो (यज्ञस्य) यज्ञ [श्रेष्ठ कर्म] के (शिरः) शिर [प्रधान अपने आत्मा] को (विद्यात्) जान लेवे, (सः) वह [पुरुष] (वशाम्) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] को (प्रति) प्रतीति से (गृह्णीयात्) ग्रहण करे ॥

कण्डिका १७ ॥

किमुपयज्ञ आत्रेयो भवतीत्यादित्यं हि तमो जग्राह, तदत्रिरपनुनोद तदत्रिरन्वपश्यत्।

तदप्येतदृचोक्तम्। स्तुताद्यमत्रिर्हिवमुन्निनाय दिवि त्वाऽत्रिरधारयत् सूर्य्यामासाय कर्त्तव इति।

तं होवाच वरं वृणीष्वेति, स होवाच दक्षिणीया मे प्रजा स्यादिति, तस्मादात्रेयाय प्रथमदक्षिणा यज्ञे दीयन्त इति ब्राह्मणम् ॥ १७ ॥

कण्डिका १७ ॥ ईश्वर मानने वाले की महिमा ॥

(उपयज्ञः आत्रेयः किं भवति) यज्ञ में आया हुआ आत्रेय [अत्रि, नित्य ज्ञानी परमेश्वर का मानने वाला ब्राह्मण] क्या होता है। [उत्तर] (आदित्यं हि तमः जग्राह, तत् अत्रिः अपनुनोद, तत् अत्रिः अनु अपश्यत्) सूर्य्य को अन्धकार [प्रलय के अन्धरे] ने पकड़ लिया था, उसको अत्रि [नित्य ज्ञानी परमेश्वर] ने हटा दिया, उसको अत्रि ने [नित्यं ज्ञानी परमेश्वर ने वेद में] दिखा दिया है। (तत् अपि एतत् ऋचा उक्तम्) वही इस ऋचा करके कहा गया है—(स्रुतात् यम् अत्रिः दिवम् उन्निनाय, सूर्य्य ! अत्रिः मासाय कर्तवे त्वा दिवि अधारयत् इति अथर्व० १३। २। ४ पाद ३ और अथ० १३। १२ पाद १, २) जिस [सूर्य] को अत्रि [नित्य ज्ञानी परमात्मा] ने बहते हुये [प्रकृति रूप समुद्र] से आकाश में ऊंचा किया है, हे सूर्य ! [लोकों के चलाने वाले रवि मण्डल] अत्रि [सदा ज्ञानी परमात्मा] ने महीना [काल विभाग] करने के लिये उस तुझ को आकाश में धारण किया है। (तं ह उवाच वरं वृणीष्व इति) उस [ब्राह्मण] से वह [यजमान] बोला—वर मांग। (सः ह उवाच मे प्रजा दक्षिणीया स्यात् इति) वह [ब्राह्मण] बोला—मेरी प्रजा [मेरे समान ब्रह्मज्ञानी] दक्षिणा योग्य होवे। (तस्मात् आत्रेयाय प्रथमदक्षिणाः यज्ञे दीयन्ते इति ब्राह्मणम्) इस लिये आत्रेय [अत्रि, नित्य ज्ञानी परमेश्वर के मानने वाल ब्राह्मण] को पहिली दक्षिणायें यज्ञ में दी जाती हैं—यह ब्राह्मण है ॥ १७ ॥

१७—(उपयज्ञः) उपगतयज्ञः। प्राप्तयज्ञः (आत्रेयः) अदेस्त्रिनिश्च। उ० ४। ६८। अत सातत्यगमने—त्रिप्। अत्रिः सदा ज्ञानवान् परमात्मा। इतश्चानिञः। पा० ४। १। १२२ अत्रि—ढक्, तस्य देवता इति। अस्मिन् विषये यथा। अग्नेर्ढक् पा० ४। २। ३३ अत्रेः सदा ज्ञानवतः परमेश्वरस्य सेवकः (तमः) प्रलयान्धकारः (अत्रिः) उपरि द्रष्टव्यम्। निरन्तर्ज्ञानी परमेश्वरः (अपनुनोद) दूरीकृतवान् (अन्वपश्यत्) निरन्तरं दर्शितवान् वेदे (स्रुतात्) स्रवणशीलात् प्रकृतिरूपसमुद्रात् (दिवम्) आकाशम् (उन्निनाय) उन्नीतवान् (सूर्य्या) सांहितको दीर्घः। हे सूर्य्य (कर्तवे) तुमर्थे सेसेनसे० पा० ३। ४। ९। करोतेः—तवेन्। कर्तुम्। (दक्षिणीयाः) कडङ्करदक्षिणाच्छ च। पा० ५। ३। १। ६९। दक्षिणा—छ प्रत्ययः। दक्षिणायोग्याः।

भावार्थ—मनुष्यों को चाहिये कि चारों वेद जानने वाले ब्रह्मज्ञानी का आदर सब से अधिक करे ॥ १७ ॥

टिप्पणी १—स्तुताद् = स्रुताद्—अथ० १३ । २ । ४ ॥

टिप्पणी २—प्रतीक वाला मन्त्र अर्थ सहित दिया जाता है ॥

स्रुताद् यमत्रिर्दिवमुन्निनाय—अथ० १३।२।४, पाद ३, दिवि त्वात्रि-रधारयत् सूर्या मासाय कर्तवे—अथ० १३ । २। १२, पाद १, २—(यम्) जिस [सूर्य] को (अत्रिः) नित्य ज्ञानी [परमात्मा] ने (स्रुतात्) बहते हुये [प्रकृति रूप समुद्र] से (दिवम्) आकाश में (उन्निनाय) ऊंचा किया है, (सूर्य) हे सूर्य ! [लोकों के चलाने वाले रवि मण्डल (अत्रिः) सदा ज्ञानवान् [परमात्मा] ने (मासाय) महीना [काल विभाग] (कर्तवे) करने के लिये (त्वा) [उस] तुझ को (दिवि) आकाश में (अधारयत्) धारण किया है ॥

कण्डिका १८ ॥

प्रजापतिर्वेदानुवाच अग्नीनादधीयेति, तान्वागभ्युवाचाश्वो वै सम्भाराणामिति, तङ्घोरात् क्रूरात्सलिलात्सरस उदानिन्युस्तान् वागभ्युवाचाश्वः शम्येतेति, तथेति तमृग्वेद एत्योवाचाहमश्वं शमेयमिति तस्मा अविसृताय महद्भयं ससृजे, स एतां प्राचीं दिशमभेजे स होवाचाशान्तो न्वयमश्व इति । तं यजुर्वेद एत्योवाचाहमश्वं शमेयमिति तस्मा अविसृताय महद्भयं ससृजे, सा एतां प्रतीचीन्दिशं भेजे स होवाचाशान्तो न्वयमश्व इति । तं सामवेद एत्योवाचाहमश्वं शमेयमिति, केन नु त्वं शमयिष्यसीति, रथन्तरं नाम मे सामाघोरञ्चाक्रूरञ्च तेनाश्वमभिष्टूयते तस्मा अविसृताय तदेव महद्भयं ससृजे, स एतामुदीचीन्दिशमभेजे, स होवाचाशान्तो न्वयमश्व इति । तान्वागभ्युवाच शंयुमाथर्वणं गच्छथेति, ते शंयुमाथर्वणमासीनं प्राप्योचुर्नमस्ते अस्तु भगवन्नश्वं शम्येतेति । तथेति स खलु कबन्धस्याथर्वणस्य पुत्रमामन्त्रयामास विचारिन्निति, भगो इति हास्मै प्रतिश्रुत प्रतिशुश्रावाश्वं शम्येतेति, तथेति स खलु शान्त्युदकं चकाराथर्वणीभिश्चाङ्गिरसीभिश्चातनैर्मातृनामभिर्वास्तोष्पत्यैरिति शमयति तस्य ह स्नातस्याश्वस्याभ्युक्षितस्य सर्वेभ्यो रोमशमरेभ्योऽङ्गारा आशीर्य्यन्त सोऽश्वस्तुष्टो नमस्कारं चकार नमः शंयुमाथर्वणाय यो मा यज्ञमचीकृपदिति, भविष्यन्ति ह वा अतोऽन्ये ब्राह्मणा लघुसम्भारतमास्त आदित्यस्य पद आधास्यन्त्यनडुहो वत्सस्याजस्य श्रवणस्य ब्रह्मचारिणो वा एतद्वा आदित्यस्य पदं यद्भूमिस्तयैव पद आहितं भविष्यतीति सोऽग्नौ प्रणीयमानेऽश्वेऽन्वारब्धं ब्रह्मा यजमानं वाच-

यति यदक्रन्दः प्रथमं जायमान इति पञ्च, त ब्राह्मणा उपवहन्ति तद्ब्रह्मोपाकुरुते एष ह वै विद्वांस्सर्वविद् ब्रह्मा यद्भृग्वङ्गिरोविदिति ब्राह्मणम्॥ १८॥

कण्डिका १८॥ विघ्नों को हटाकर अश्व नामक अग्नि की स्थापना॥

(प्रजापतिः वेदान् उवाच अग्नीन् आ-दधीय इति) प्रजापति [परमेश्वर] ने वेदों से कहा—अग्नियों [आहवनीय, गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि—क० २२] को मैं स्थापित करूं। (तान् वाक् अभ्युवाच) उन [वेदों] से वाणी ने स्पष्ट कहा—(अश्वः वै सम्भाराणाम् इति) अश्व [व्यापक वा घोड़ा रूप अग्नि] ही संग्रहों का [ले जानेवाला है, यह ब्राह्मण वचन है]। (तं घोरात् क्रूरात् सलिलात् सरसः उत्—आ—निन्युः) उस [अश्व अग्नि] को भयंकर, हिंसक, और जल से भरे हुये सरोवर से उन्हों [वेदों] ने ऊंचा किया। (तान् वाक् अभि-उवाच अश्वः शम्येत इति) उन से वाणी ने स्पष्ट कहा—अश्व [अग्नि] शान्त किया जावे। [वे बोले] (तथा इति) वैसा ही होगा (तम् ऋग्वेदः एत्य उवाच अहम् अश्वं शमेयम् इति) उस से ऋग्वेद आकर बोला—मैं अश्व को शान्त करूं। (तस्मै अविसृप्ताय महत् भयं ससृजे) उस न सरकते हुये [ठहरे हुये अहंकारी] को बड़ा भय उत्पन्न हुआ। (सः एतां प्राचीं दिशं भेजे) उस ने इस पूर्व दिशा को सेया [ऋग्वेदी होता अग्नि के पूर्व मे बैठा]। (सः उवाच अशान्तः नु अयम् अश्वः) उस ने कहा—यह अश्व [अग्नि] अशान्त ही है। (तं यजुर्वेदः एत्य उवाच अहम् अश्वं शमेयम् इति) उस से यजुर्वेद आकर बोला—मैं अश्व [अग्नि] को शान्त करूं। (तस्मै अविसृप्ताय महत् भय ससृजे) उस न सरकते हुये [ठहरे हुये, अहंकारी] को बड़ा भय उत्पन्न हुआ। (सा [सः] एतां प्रतीचीं दिशं भेजे) उस ने इस पश्चिमी दिशा

१८—(प्रजापतिः) प्रजापालकः परमात्मा (अग्नीन्) आहवनीयगार्हपत्य दक्षिणाग्नीन्—क० २२ (आदधीय) आ+दधातेः वि० लि०। अहं यथाविधि धरेय (अश्वः) अशूप्रुषि लटि०। उ० १। १५१। अशू व्याप्तौ—कन्। व्यापको घोटकरूपो वा अग्निः (वाक्) वेदवाणी (सम्भाराणाम्) संग्रहाणां वोढा, इत्यध्याहारः (घोरात्) हन्तेरच् घुर च। उ० ५। ६४। हन् हिंसागत्योः—अच्, धातो घुरादेशश्च। भयानकात् (क्रूरात्) कृतेश्छः क्रू च। उ० २। २१। कृती छेदने—रक्, धातोः क्रू इत्यादेशः। हिंसकात्। कठिनात् (सलिलात्) सलिल—अर्श आद्यच्। जलपूर्णात् (सरसः) सरोवरात्। जलोपद्रवादित्यर्थः (उदानिन्युः) उन्नीतवन्तः (अविसृप्ताय) अविगताय। स्थिताय। अहङ्कार-

को सेया [यजुर्वेदी अध्वर्यु वेदी के पश्चिम में बैठा]। (सः उवाच अशान्तः नु अयम् अश्वः इति) वह बोला–यह अश्व [अग्नि] अशान्त ही है। (तं सामवेदः एत्य उवाच अहम् अश्वं शमेयम् इति) उस से सामवेद आकर बोला––मैं अश्व [अग्नि] को शान्त करूं। [वाणी ने कहा] (केन नु त्वं शमयिष्यसि इति) किस से तू शान्त करेगा। [सामवेद बोला] (रथन्तरं नाम अघोरं च अक्रूरं च मे साम तेन अश्वम् अभि—स्तूयते) रमणीय पदार्थों के साथ पार-लगाने वाला प्रसिद्ध अभयानक और अहिंसक मेरा सामवेद सूक्त है, उस से अश्व [अग्नि] स्तुति किया जावे। (तस्मै अविसृप्ताय तत् एव महत् भयं ससृजे) उस न सरकते हुये [ठहरे हुये अहंकारी] को वैसा ही बड़ा भय उत्पन्न हुआ। (सः एताम् उदीचीं दिशं भेजे) उस ने उत्तर वाली दिशा को सेया [सामवेदी उद्गाता वेदी के उत्तर में बैठा]। (सः ह उवाच अशान्तः नु अयम् अश्वः इति) वह बोला—यह अश्व [अग्नि] अशान्त ही है। (तान् वाक् अभि-उवाच आथर्वणं शंयुं गच्छथ इति) उन से वाणी ने स्पष्ट कहा—निश्चल ब्रह्म को जानने वाले शयु [शान्तिवाले मुनि] के पास जाओ। (ते आथर्वणं शंयुम् आसीनं प्राप्य ऊचुः भगवन् ते नमः अस्तु अश्वं शम्येत इति) वे निश्चल ब्रह्म के जाननेवाले शंयु [शान्तिवाले मुनि] को बैठा हुआ पाकर बोले—हे भगवन् तेरे लिये नमस्कार होवे, आप अश्व [अग्नि] को शान्त करें। [शंयु ने कहा] (तथा इति) वैसा ही होवे। (सः खलु आथर्वणस्य कबन्धस्य पुत्रम् आमन्त्रयामास) प्रसिद्ध है उसने निश्चल ब्रह्म को जानने वाले कबन्ध के पुत्र [काबन्धि—क० १० ।] को बुलाया—(विचारिन् इति, भगोः इति, ह अस्मै प्रतिश्रुत) हे विचारवान्! हे भगवन्! इस के लिये तुम प्रतिज्ञा करो। (प्रतिशुश्राव) उस ने प्रतिज्ञा की। [शंयु बोला] (अश्वं शम्येत इति) अश्व [अग्नि] को आप शान्त करें। (तथा इति) [काबन्धि बोला] ऐसा ही हो। (सः खलु शान्त्युदकम् आथर्वणीभिः च आङ्गिरसीभिः च आतनैः मातृनामभिः

युक्ताय। (रथन्तरम्) रमु क्रीडायां-कथन्+तॄ प्लवनतरणयोः—खच् मुम् च। रथै रमणीयापदार्थैस्तरति येन तत् (अश्वम्) अश्वः (शंयुम्) कंशंभ्यां बभयुस्तितुतयसः। पा० ५। २। १३८। शं—युस् मत्वर्थे, सकारः पदत्वार्थः। शान्तिमन्तम् (आथर्वणम्) निश्चलब्रह्मवेत्तारम् (गच्छथ) गच्छत। लोडर्थे-लट् (कबन्धस्य) गो० पू० । २ । १० । मुनिविशेषस्य (प्रतिश्रुत) प्रतिशृणुत। प्रतिजानीत (रोमशमरेभ्यः) लस्य रः । रोमशमलेभ्यः। रोममलकूपेभ्यः।

वास्तोष्पत्यैः चकार इति) उस ने तब निश्चल ब्रह्म वाली और पूर्ण ज्ञान वाली ऋचाओं के साथ विस्तार वाले प्रमाणकर्ताओं के नाम वाले और गृहपति वाले व्यवहारों से शान्ति के जल को बनाया, (शमयति) और [उसे] शान्त किया। (तस्य ह स्नातस्य अभि—उक्षितस्य अश्वस्य सर्वेभ्यः रोमशमरेभ्यः अङ्गाराः आ—अशीर्य्यन्त) उस शुद्ध किये हुये और भले प्रकार सींचे हुये अश्व [अग्नि] के सब रोम कूपों से अङ्गारे निकल पड़े। (सः अश्वः तुष्टः नमस्कारं चकार आथर्वणाय शंयुं नमः यः मा यज्ञम् अचीकृपत् इति) उस अश्व [अग्नि] ने संतुष्ट होकर नमस्कार किया—निश्चल ब्रह्म को जाननेवाले शंयु [शांतिमान मुनि] को नमस्कार हो, जिस ने मुझे यज्ञ के लिये समर्थ बनवाया है। (अतः अन्ये ब्राह्मणाः ह वै लघुसम्भारतमाः भविष्यन्ति) इस [कर्म] से दूसरे ब्रह्मज्ञानी लोग हलके बोझ वाले होंगे, (ते आदित्यस्य पदे अनडुहः वत्सस्य अजस्य श्रवणस्य ब्रह्मचारिणः [पदम्] वै आ—धास्यन्ति) वे सूर्य के पद में जीवन पहुंचाने वाले, निवास कराने वाले, प्रेरणा कराने वाले, सुनने वाले ब्रह्मचारी के [पद को] स्थापित करेंगे। (एतत् वै आदित्यस्य पदम् यत् भूमिः तया एव पदे [पदम्] आहितं भविष्यति इति) यही सूर्य का पद है जो भूमि है, उस के साथ ही पद में [पद] स्थापित होगा [अग्नि को भूमि पर हवन कुंड में रक्खे]। (अश्वे अग्नौ प्रणीयमाने स ब्रह्मा अन्वरब्धं यजमानं वाचयति—यत् अक्रन्दः प्रथमं जायमानः इति पंच) अश्व अर्थात् अग्नि के संस्कार होते हुये पर वह ब्रह्मा अनुष्ठान करते हुये यजमान से बुलवाता है—[हे अश्व !] जो तूने उत्पन्न होते हुये पहिले शुद्ध किया है

(अङ्गाराः) अङ्गिमदिमन्दिभ्य आरन्। उ० ३। १३४। अगि गतौ—आरन्। निर्धूमाग्नयः (आशीर्य्यन्त) आङ्+शॄ हिंसायां - कर्मणि लङ्। विशीर्णा अभवन् (शंयुम्) शंयवे (अचीकृपत्) कृपू सामर्थ्ये—लुङि चङि रूपम्। समर्थं कारितवान् (अनडुहः) सर्वधातुभ्योऽसुन्। उ० ४। १८९। अन प्राणने—असुन्। किप् च। पा० ३। २। ७६। अनस्+वह प्रापणे—किप्, अनसो डश्च। अनसः प्राणस्य जीवनस्य वा वाहकस्य प्रापकस्य (वत्सस्य) वृतॄवदिवचिवसि०। उ० ३। ६२। वस निवासे—स प्रत्ययः। निवासकस्य (अजस्य) अज गतिक्षेपणयोः—अच्। प्रेरकस्य (श्रवणस्य) श्रवणशीलस्य (आहितम्) स्थापितम् (प्रणीयमाने) संस्क्रियमाणे (अन्वारब्धम्) कृतानुष्ठानम् (उपाकुरुते) संस्करोति॥

इन पांच को [यह प्रतीक ऋग्वेद १ । १६३ । १-५ की है—देखो क० २१] । (तं ब्राह्मणाः उपवहन्ति तत् ब्रह्मा उपाकुरुते) उस [यजमान] को ब्राह्मण समीप लाते हैं और तब ब्रह्मा [उस का] संस्कार करता है । (एषः ह वै विद्वान् सर्ववित् ब्रह्मा यत् भृग्वङ्गिरोपित् इति ब्राह्मणम्) यही विद्वान् सब जानने वाला ब्रह्मा है जो प्रकाशमान ज्ञानों का जानने वाला [अर्थात् चतुर्वेदी पुरुष] है, यह ब्राह्मण है ॥ १८ ॥

भावार्थ—यज्ञ में ऋग्वेदी, यजुर्वेदी, और सामवेदी अलग अलग अपना काम करे और चतुर्वेदी आप्त विद्वान् पुरुष ब्रह्मा का आसन ग्रहण करके सब कार्य करावे । देखो गो० पू० ५ । ११ । निरुक्त १ । ८ में लिखा है (ब्रह्मैको जाते जाते विद्यां वदति ब्रह्मा सर्वविद्यः सर्वं वेदितुमर्हति । ब्रह्मा परिवृढः श्रुततः) एक ब्रह्मा उत्पन्न हुये उत्पन्न हुये कर्म में विद्या बताता है, ब्रह्मा सब विद्याओं वाला और सब जानने योग्य होता है, ब्रह्मा वेद से बढ़ा हुआ होता है ॥ १८ ॥

कण्डिका १६ ॥

देवाश्च ह वा असुराश्चास्पर्द्धन्त ते देवा इन्द्रमब्रुवन्निमन्नस्तावद्यजं गोपाय, यावदसुरैः संयतामहा इति, स वै नस्तेन रूपेण गोपाय येन नो रूपेण भूयिष्ठं छादयसि येन शक्नयसि गोप्तुमिति, स ऋग्वेदो भूत्वा पुरस्तात्परीत्योपातिष्ठन्तं देवा अब्रुवन्नन्यत्तद्रूपं कुरुष्व नैतेन नो रूपेण भूयिष्ठं छादयसि नैतेन शक्नयसि गोप्तुमिति, स यजुर्वेदा भूत्वा पश्चात्परीत्योपातिष्ठत्तं देवा अब्रुवन्नन्यत्तद्रूपं कुरुष्व नैतेन नो रूपेण भूयिष्ठं छादयसि नैतेन शक्नयसि गोप्तुमिति, स सामवेदो भूत्वा उत्तरतः परीत्योपातिष्ठत् तं देवा अब्रुवन्नन्यदेव तद्रूपं कुरुष्व नैतेन नो रूपेण भूयिष्ठ छादयसि नैतेन शक्नयसि गोप्तुमिति, स इन्द्र उष्णीषी ब्रह्मवेदो भूत्वा दक्षिणतः परीत्योपातिष्ठत्तं देवा अब्रुवन्नेतत्तद्रूपं कुरुष्वैतेन नो रूपेण भूयिष्ठं छादयस्येतेन शक्नयसि गोप्तुमिति, तद्यदिन्द्र उष्णीषी ब्रह्मवेदो भूत्वा दक्षिणतः परीत्योपातिष्ठत्तद् ब्रह्माऽभवत्तद्ब्रह्मणो ब्रह्मत्वं तद्ब्रा एतदथर्वणो रूपं यदुष्णीषी ब्रह्मा, तं दक्षिणतो विश्वेदेवा उपासीरंस्तं यद्दक्षिणतो विश्वेदेवा उपासीरंस्तत्सदस्योऽभवत्तत्सदस्यस्य सदस्यत्वं बलेर्ह वा एतद् बलमुपजायते यत्सदस्य आमयो व व्रजस्य बहुलतरं व्रज विन्वन्ति, धारा वा एषा दिग्दक्षिणा शान्ता इतरास्तद्यानि स्तुतानि ब्रह्माऽनुमन्त्रयते मनसैव तानि सदस्यो जनदित्येतां व्याहृतिं जपं चेत्तदात्मानं जनयति नदित्यात्मानमपित्वे दधाति, तं देवा अब्रुवन्वरं वृणीष्वेति वृणा इति, स वरमवृणीतास्यामेव मां होत्रायामिन्द्रभूत

पुनन्तस्तुवन्तः शंसन्तः तिष्ठेयुरिति तं तस्यामेव होत्रायामिन्द्रभूतं पुनन्तस्तवन्तः शंसन्तोऽतिष्ठंस्तं यत्तस्यामेव होत्रायामिन्द्रभूतं पुनन्तस्तुवन्तः संशन्तस्तिष्ठंस्तद् ब्राह्मणाच्छंस्यभवत्तद्ब्राह्मणाच्छंसिनो ब्राह्मणाच्छंसित्वं सैषैन्द्री होत्रा यद् ब्राह्मणाच्छंसीया, द्वितीयं वरं वृणीष्वेति वृणा३ इति स वरमवृणीतास्यामेव मां होत्रायां वायुभूतं पुनन्तस्तुवन्तः शंसन्तस्तिष्ठेयुरिति त तस्यामेव होत्रायां वायुभूतं पुनन्तस्तुवन्तः शंसन्तोऽतिष्ठंस्तं यत्तस्यामेव होत्रायां वायुभूतं पुनन्तस्तुवन्तः शंसन्तस्तिष्ठंस्तत् पोताऽभवत्तत् पोतुः पोतृत्वं सैषा वायव्या होत्रा यत् पोत्रिया, तृतीयं वरं वृणीष्वेति वृणा३ इति स वरमवृणीतास्यामेव मां होत्रायामग्निभूतमिन्धानाः पुनन्तस्तुवन्तः शंसन्तस्तिष्ठेयुरिति तन्तस्यामेव होत्रायामग्निभूतमिन्धानाः पुनन्तस्तुवन्तः शंसन्तोऽतिष्ठंस्त यत्तस्यामेव होत्रायामग्निभूतमिन्धानाः पुनन्तस्तुवन्तः शंसन्तस्तिष्ठंस्तदाग्नीध्रोऽभवत्तदाग्नीध्रस्याग्नीध्रत्वं सैषाग्नेयी होत्रा यदाग्नीध्रीयेति ब्राह्मणम् ॥ १९ ॥

कण्डिका १९ ॥ आख्यायिका—असुरों से इन्द्र द्वारा देवताओं की रक्षा और अग्न्याधान ॥

(देवाः च ह वै असुराः च अस्पर्धन्त) देवता और असुर लड़ने लगे। (ते देवाः इन्द्रम् अब्रुवन् इमं नः यज्ञं तावत् गोपाय, यावत् असुरैः संयतामहै इति) वे देवता इन्द्र से बोले—इस हमारे यज्ञ की तब तक रक्षा कर, जब तक हम असुरों से लड़ें। (सः वै नः तेन रूपेण गोपाय येन रूपेण नः भूयिष्ठं छादयसि येन गोतुं शक्नोसि इति) सो तू हमें उस रूप से बचा जिस रूप से तू हमें बहुत बहुत छिपाता है और जिस से तू रक्षा कर सकता है। (सः ऋग्वेदो भूत्वा पुरस्तात् परीत्य उपातिष्ठत्) वह [इन्द्र] ऋग्वेद होकर पूर्व ओर से घूम कर पास बैठ गया [देखो कण्डिका १८]। (तं देवाः अब्रुवन् अन्यत् तत् रूपं कुरुष्व एतेन रूपेण नः भूयिष्ठं न छादयसि न एतेन गोतुं शक्नोसि इति) उस से देवता बोले— दूसरा वह रूप कर, इस रूप से तू हमें बहुत बहुत नहीं

१९—(गोपाय) रक्ष (संयतामहै) यती प्रयत्ने—लोट्। संग्रामं कुरुवमहै (छादयसि) वेष्टयसि, रक्षसि (उष्णीषी) उष्णीष—इनि। शिरोवेष्टनवान् (ब्रह्मवेदः) चतुर्वेदसमूहः (ब्रह्मा) चतुर्वेदवेत्ता (अथर्वणः) निश्चलब्रह्मणः (विश्वेदेवाः) सर्वे याजकाः (उपासीरन्) आस उपवेशने—वि० लि० लङर्थे। उपातिष्ठन् (सदस्यः) सदस्—यत्। सभायां साधुः (बलेः) उपहारात्। पूजनद्रव्यात् (आमयतः) अम गतौ चुरादिः—शतृ। गच्छतः (व्रजस्य) मार्गस्य

छिपाता है और न इससे तू बचा सकता है।

(सः यजुर्वेदः भूत्वा पश्चात् परीत्य उपातिष्ठत) वह यजुर्वेद हो कर पश्चिम ओर से घूम कर पास बैठ गया। (तं देवाः अब्रुवन् अन्यत् तत् रूपं कुरुष्व एतेन रूपेण नः भूयिष्ठं न छादयसि न एतेन गोतुं शक्नोसि इति) उस से देवता बोले—दूसरा वह रूप कर, इस रूप से तू हमें बहुत बहुत नहीं छिपाता है और न इससे तू बचा सकता है। (स सामवेदः भूत्वा उत्तरतः परीत्य उपातिष्ठत) वह सामवेद होकर उत्तर की ओर से घूमकर पास बैठ गया। (तं देवाः अब्रुवन् अन्यत् एव तत् रूपं कुरुष्व एतेन रूपेण नः भूयिष्ठं न छादयसि न एतेन गोतुं शक्नोसि इति) उस से देवता बोले—दूसरा ही वह रूप कर, इस रूप से तू हमें बहुत बहुत नहीं छिपाता है और न इससे तू बचा सकता है। (सः उष्णीषी इन्द्रः ब्रह्मवेदः भूत्वा दक्षिणतः परीत्य उपातिष्ठत्) वह पगड़ी वाला इन्द्र ब्रह्मवेद [चारों वेदों का समूह] होकर दक्षिण की ओर से घूम कर पास बैठ गया। (तं देवाः अब्रुवन् एतत् तत् रूपं कुरुष्व एतेन रूपेण नः भूयिष्ठं छादयसि एतेन गोतुं शक्नोसि इति) उससे देवता बोले—इस से वह रूप कर, इस रूप से तू हमें बहुत बहुत छिपाता है और इस से बचा सकता है। (तत् यत् उष्णीषी इन्द्रः ब्रह्मवेदः भूत्वा दक्षिणतः परीत्य उपातिष्ठत्, तत् ब्रह्मा अभवत् तत् ब्रह्मणः ब्रह्मत्वम्, तत् वै एतत् अथर्वणः रूपम् यत् उष्णीषी ब्रह्मा) वह जो पगड़ी वाला इन्द्र ब्रह्मवेद [चारो वेदों का समूह] हो कर दक्षिण की ओर से घूम कर पास बैठ गया वह ब्रह्मा हो गया, वह ब्रह्मा का ब्रह्मापन है, वही यह अथर्वा [निश्चल ब्रह्म] का रूप है जो पगड़ी वाला ब्रह्मा है [अर्थात् सब वेद जानने वाला ब्रह्मा होता है —क० १८]।

(तं दक्षिणतः विश्वे देवाः उपासीरन्) उस के दक्षिण ओर सब देवता बैठ गये। (तं दक्षिणतः यत् विश्वेदेवाः उपासीरन् तत् सदस्यः अभवत् तत् सदस्यस्य सदस्यत्वं, बलेः ह वै एतत् बलम् उपजायते यत् सदस्यः आमयतः व वृजस्य बहुलतरं वृजं विन्वन्ति) उसके दक्षिण ओर जो सब देवता बैठ गये, उससे वह

(वृजम्) देशम् (विन्वन्ति) णु स्तुतौ—लट्, आर्षरूपम्। विविधं नुवन्ति स्तुवन्ति (स्तुतानि) स्तोत्राणि (जपं च) जपश्च=जपन् च (जित्या) जयेन (अपित्वे) अ+पिगतौ—त्वन्। अभिपित्वं=अभिप्राप्तिम्—निरु० ३। १५। अप्रातौ (होत्रायाम्) क० १६। स्तुतौ। वाचि (स्तुवन्तः) स्तौति=अर्चति-निघ० ३। १४। पूजयन्तः (शंसन्तः) प्रशंसन्तः (ब्राह्मणाच्छंसी) ब्राह्मणात्-

सदस्य [सभा में चतुर] हुआ, वह सभा में चतुर पुरुष का सभा में चतुर्पन है। बलि [भेंट] से ही यह बल [सामर्थ्य] उत्पन्न होता है जो सभा में चतुर है, चलते हुये मार्ग के देश को बहुत कर के बड़ाई करते हैं। (एषा दक्षिणा दिक् वै घोरा इतराः शान्ताः) यह दक्षिण दिशा भयानक है और दूसरी शान्त हैं। [क्योंकि दक्षिण में यज्ञ का द्वार होता है]। (तत् यानि स्तुतानि ब्रह्मा अनुमन्त्रयते मनसा एव सदस्यः तानि जनत् इति एनां व्याहृतिं जपन् च इति आत्मानं जनयति, जित्या आत्मानम् अप्रित्वे न दधाति) सो जिन स्तोत्रों को ब्रह्मा मन्त्र के अनुकूल करता है, मन से ही सदस्य उन [स्तोत्रों] को और जनत् [गो० पू० १ । ८] इस व्याहृति को जपता हुआ [यज्ञ के] आत्मा को प्रकट करता है और जीत से आत्मा को अप्राप्ति [वस्तुओं को अभाव] में नहीं रखता है [अर्थात् सब पदार्थ पालेता है]। (तं देवाः अब्रुवन् वरं वृणीष्व इति) उस से देवता बोले—वर मांग। (वृणै इति) [इन्द्र बोला] मैं मांगूं। (स वरम् अवृणीत अस्याम् एव होत्रायां माम् इन्द्रभूतं पुनन्तः स्तुवन्तः शंसन्तः तिष्ठेयुः इति) उस ने वर मांगा—इस ही स्तुति में मुझ इन्द्र [सूर्य समान] होते हुये को पवित्र करते हुये, पूजते हुये और बड़ाई करते हुये आप लोग ठहरें। (तस्याम् एव होत्रायां तम् इन्द्रभूतं पुनन्तः स्तुवन्तः शंसन्तः अतिष्ठन्) उस ही स्तुति में उस इन्द्र होते हुये को पवित्र करते हुये, पूजते हुये और बड़ाई करते हुये वे ठहरे। (यत् तस्याम एव होत्रायां तम् इन्द्रभूतं पुनन्तः स्तुवन्तः शंसन्तः तिष्ठन् [= अतिष्ठन्] तत् ब्राह्मणच्छंसी अभवत्) जो उसी ही स्तुति में उस इन्द्र [सूर्य] होते हुये को पवित्र करते हुये, पूजते हुये, और बड़ाई करते हुये वे ठहरे, उस से वह ब्राह्मणाच्छंसी [ब्रह्मज्ञान से स्तुति वाला] हुआ, (तत् ब्राह्मणाच्छंसिनः ब्राह्मणाच्छंसित्वम्) वही ब्राह्मणाच्छंसी का ब्राह्मणाच्छंसीपन है। (सा एषा ऐन्द्री होत्रा यत् ब्राह्मणाच्छंसीया) वही इन्द्र की स्तुति है जो ब्राह्मणच्छंसी की है।

शंसी—इनि प्रत्ययान्तः। ब्राह्मणात् ब्रह्मज्ञानात् शंसा प्रशंसा यस्य सः। इन्द्रस्य विशेषणम् (ऐन्द्री) इन्द्र—अण्, ङीप्। इन्द्रसम्बन्धिनी (ब्राह्मणाच्छंसीया) वृद्धाच्छः। पा० ४। २। ११४। ब्राह्मणाच्छंस—छ। ब्रह्मज्ञानात् प्रशंसासबद्धा (तिष्ठन्) अतिष्ठन् (पोता) नप्तृनेष्टृत्वष्टृहोतृपोतृ०। उ० २। ९५। पुनातेः —तृन्। शोधकः। ऋत्विक् (वायव्या) वायवृतुपितृषोयत्। पा० ४। २। ३१। वायु—यत्। पवनसंबन्धिनी (पोत्रियाः) पोतृ—घप्रत्ययः। पोतृसंबन्धिनो (इन्धानाः) प्रदीपयन्तः (आग्नीध्रः) पू० १। २३। अग्नीध्रः। ऋत्विग्विशेषः।

(द्वितीयं वरं वृणीष्व इति) [देवत बोले] दूसरा वर मांग । (वृणै इति) [इन्द्र बोला] मैं मांगूं । (सः वरम् अवृणीत अस्याम् एव होत्रायां मां वायुभूतं पुनन्तः स्तुवन्तः शंसतः तिष्ठेयुः इति) उस ने वर मांगा—उस ही स्तुति में मुझ पवन होते हुये को पवित्र करते हुये, पूजते हुये और बड़ाई करते हुये आप ठहरें । (तस्याम् एव होत्रायां तं वायुभूतं पुनन्तः स्तुवन्तः शंसन्तः अतिष्ठन्) उस ही स्तुति में उस पवन होते हुये को पवित्र करते हुये, पूजते हुये और बड़ाई करते हुये वे ठहरे । (यत् तस्याम् एव होत्रायां तं वायुभूतं पुनन्तः स्तुवन्तः शंसन्तः तिष्ठन् तत् पोता अभवत् तत् पोतुः पोतृत्वम्) जो उसी ही स्तुति में उस पवन रूप होते हुये को पवित्र करते हुये, पूजते हुये और बड़ाई करते हुये वे ठहरे, उस से वह पोता [शोधने वाला] हुआ, वही पोता का पोतृपन है । (सा एषा वायव्या होत्रा यत् पोत्रिया) वही पवन की स्तुति है जो पोता की है ।

(तृतीयं वरं वृणीष्व) [देवता बोले] तीसरा वर मांग । (वृणै इति) [इन्द्र बोला] मैं मांगूं । (सः वरम् अवृणीत अस्याम् एव होत्रायां माम् अग्निभूतम् इन्धानाः पुनन्तः स्तुवन्तः शंसन्तः तिष्ठेयुः इति) उसने वर मांगा—इस ही स्तुति में मुझ अग्नि [समान] होते हुये को प्रकाश करते हुये, पवित्र करते हुये, पूजते हुये और बड़ाई करते हुये आप ठहरें । (तस्याम् एव होत्रायां तम् अग्निभूतम् इन्धानाः पुनन्तः स्तुवन्तः शसन्तः अतिष्ठन्) उस ही स्तुति में उस अग्नि होते हुये को प्रकाश करते पवित्र करते हुये पूजते हुये और बड़ाई करते हुये वे ठहरे । (यत् तस्याम् एव होत्रायां तम् अग्निभूतम् इन्धानाः पुनन्तः स्तुवन्तः शंसन्तः तिष्ठन् तत् आग्नीध्रः अभवत् तत् आग्नीध्रस्य आग्नीध्रत्वम्) जो उस ही स्तुति में उस अग्नि होते हुये को प्रकाश करते हुये, पवित्र करते हुये, पूजते हुये और बड़ाई करते हुये वे ठहरे, वह अग्नीध्र [अग्नि प्रकाशक] हुआ, यही आग्नीध्र का आग्नीध्रपन है, (सा एषा आग्नेयी होत्रा यत् आग्नीध्रीया इति ब्राह्मणम्) और वही अग्नि की स्तुति है जो आग्नीध्र की है—यह ब्राह्मण है ॥१६॥

भावार्थ—जो मनुष्य चारों वेदों में निपुण है वही निर्विघ्न होकर सब सामग्री यथावत् एकत्र करके अग्न्याधान करावे ॥ १६ ॥

अग्निरर्चकः । अग्निप्रदीपकः । (आग्नेयी) अग्नेर्दक् । पा० ४ । २ । ३३ । अग्नि—ढक्, ङीप् । अग्निसम्बन्धिनी (आग्नीध्रीया) छप्रत्ययान्तः । अग्निप्रदीपक-संबन्धिनी ॥

कण्डिका २० ॥

ब्राह्मणो ह वा इममग्निं वैश्वानरं बभार । सोऽयमग्निर्वैश्वानरो ब्राह्मणेन भ्रियमाण इमांल्लोकान् जनयतेऽथायमीक्षतेऽग्निर्जातवेदा ब्राह्मणद्वितीयो ह वा अयमिदमग्निर्वैश्वानरो ज्वलति हन्ताहं यन्मयि तेज इन्द्रिय वीर्य्यन्तद्दर्शयाम्युत वै मा बिभ्रियादिति, स आत्मानमाप्याययेत्तं पयोधाक्तमिमं ब्राह्मणं दर्शयित्वाऽऽत्मन्यजुहोत् सद्वितीयमात्मानमाप्याययेत्तं घृतमधोक्तमिमं ब्राह्मणं दर्शयित्वा आत्मन्यजुहोत्, स तृतीयमात्मानमाप्याययेत्तदिदं विश्वं विकृतमन्नाद्यमधोक्तमिमं ब्राह्मणं दर्शयित्वाऽऽत्मन्यजुहोत्, स चतुर्थमात्मानमाप्याययेत्तेन ब्राह्मणस्य जायां विराजमपश्यत् तामस्मै प्रायच्छत् स आत्मा अपित्वमभवत्तत इममग्निं वैश्वानरं परास्युर्ब्राह्मणोऽग्निं जातवेदसमधत्त, सोऽयमब्रवीत् अग्ने जातवेदो अभिनिधेहि मेहीति तस्य द्वैतं नामाधत्ताघोरं चाक्रूरञ्च, सोऽश्वोऽभवत्तस्मादश्वो वहेत रथं न भवति पृष्ठेन सादिन, स देवानागच्छत्स देवेभ्योऽन्वातिष्ठत् तस्माद्देवा अबिभयुस्तं ब्रह्मणे प्रायच्छत्तमेतयर्चाऽशमयत् ॥ २० ॥

कण्डिका २० ॥ वैश्वानर, जातवेदा और अश्व नामक अग्नि ॥

(ब्राह्मणः ह वै इमं वैश्वानरं अग्निं बभार) ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी] ने ही इस वैश्वानर [सब नरों के हित करने वाले] अग्नि को धारण किया । (सः अयं वैश्वानरः अग्निः ब्राह्मणेन भ्रियमाणः इमान् लोकान् जनयते) सो यह वैश्वानर अग्नि ब्राह्मण से धारण किया हुआ होकर इन लोकों को उत्पन्न करता है । (अथ ब्राह्मणद्वितीयः अयम् जातवेदाः अग्निः ह वै [इदम्] ईक्षते, अयम् वैश्वानरः अग्निः इदम् ज्वलति) फिर ब्राह्मण को सहायक रखने वाला यह जातवेदा [उत्पन्न पदार्थों में विद्यमान] अग्नि [इस जगत् को] देखता है, और यह वैश्वानर [सब नरों का हितकारी] अग्नि इस [जगत्] को प्रकाशित करता है । (हन्त यत् मयि तेजः इन्द्रियं वीर्य्यं तत् अहम् दर्शयामि, उत् वै मा बिभ्रियात् इति) [अग्नि बोला] हर्ष हो ! जो मुझ में तेज, ईश्वरत्व और वीरपन है उस को मैं दिखाऊं । और वह निश्चय करके मुझ को धारण

२०—(वैश्वानरम्) नृ प्रापणे—अच् । नृणाति । नयतीति नरः । पुरुषः । नरे संज्ञायाम् । पा० ६ । ३ । १२६ । विश्वस्य दीर्घः । तस्मै हितम् । प० ५ । १ । ५ । इत्यण् । वैश्वानरः कस्माद् विश्वान् नरान् नयति विश्व एनं नरा नयन्ति—निरु० ७ । २१ । सर्वनरहितम् (जातवेदाः) गतिकारकोपपदयोः० ।

करे। (सः आत्मानम् आप्याययेत् तं पयः अधोक्) वह [ब्राह्मण, अग्नि के] स्वरूप को पुष्ट करे, और उस [ब्राह्मण] को उस [अग्नि] ने दूध दुहा है, (इमं ब्राह्मणं दर्शयित्वा आत्मनि अजुहोत्) और [वह दूध] इस ब्राह्मण को दिखा कर उस [अग्नि] ने अपने में ले लिया। (सः द्वितीयम् आत्मानम् आप्याययेत् तं घृतम् अधोक्, तम् इमम् ब्राह्मणं दर्शयित्वा आत्मनि अजुहोत्) वह [ब्राह्मण, अग्नि के] दूसरे स्वरूप को पुष्ट करे, और उस ब्राह्मण को उस [अग्नि] ने घृत दुहा है और [वह घृत] इस ब्राह्मण को दिखाकर उस [अग्नि] ने अपने में ले लिया। (सः तृतीयम् आत्मानम् आप्याययेत्, तत् इदं विश्वं विकृतम् अन्नाद्यम् अधोक्, तम् इमं ब्राह्मणं दर्शयित्वा आत्मनि अजुहोत्) वह [ब्राह्मण, अग्नि के] तीसरे स्वरूप को पुष्ट करे, और इस सब विविध प्रकार किये हुये अन्न को उस [अग्नि] ने दुहा है और इस ब्राह्मण को दिखाकर उस ने अपने में ले लिया है। (सः चतुर्थम् आत्मानम् आप्याययेत् तेन ब्राह्मणस्य विराजं जायाम् अपश्यत्) वह [ब्राह्मण, अग्नि के] चौथे स्वरूप को पुष्ट करे, उस से उस [अग्नि] ने ब्राह्मण की विविध ऐश्वर्यवाली जनयित्री शक्ति को देखा। (ताम् अस्मै प्रायच्छत्) उस ने उस [जनयित्री शक्ति] को उस [ब्राह्मण] को दे दिया। (सः आत्मा अप्तित्वम् अभवत्) उस [ब्राह्मण] ने अपने में [अग्नि की] अप्राप्ति को पाया। (ततः परास्युः ब्राह्मणः इमं वैश्वानरम् अग्निं जातवेदसम् अग्निम् अधत्त) तब श्रेष्ठ व्यवहारों के ग्रहण करनेवाले ब्राह्मण ने वैश्वानर [सब नरों के हितकारक] अग्नि और जातवेदा [सब प्राणियों में वर्त्तमान] अग्नि को धारण किया। (सः अयम् अब्रवीत् जादवेदः अग्ने मा अभिनिधेहि इहि इति) सो यह [ब्राह्मण] बोला—हे जातवेदा

उ० ४। २२७। जात+विद् ज्ञाने विद्लृ लाभे, विद सत्तायां वा—असिप्रत्ययः। जातवेदाः कस्मात् जातानि वेद जातानि वैनं विदुर्जाते जाते विद्यत इति वा—निरु० ७। १९। जातेषु उत्पन्नपदार्थेषु विद्यमानः (ब्राह्मणद्वितीयः) ब्राह्मणो द्वितीयः सहायो यस्य सः (इदम्) दृश्यमानं जगत् (ज्वलति) ज्वलयति (हन्त) हर्षे (आत्मानम्) स्वरूपम्। देहम् (पयः) दुग्धम् (अधोक्) दुह प्रपूरणे—लङ्। दुग्धवान्। पूरितवान् (अजुहोत्) हु दानादानादनेषु—लङ्। गृहीतवान् (विकृतम्) विविधं कृतम्। उत्पादितम् (अन्नाद्यम्) भक्षणीयमन्नम्। (जायाम्) जनेर्यक्। उ० ४। १११। जन जनने—यक्, आत्वम्, टाप्। जनयित्रीं शक्तिम् (विराजम्) सत् सुद्भिषदुह०। पा० ३। २। ६१। वि+राजृ दीप्तौ ऐश्वर्ये

[उत्पन्न पदार्थों में विद्यमान] अग्नि ! मुझे सब ओर से पुष्ट कर, तू आ। (तस्य द्वैतं नाम अघोरं च अक्रूरं च अधत्त) और उस का दो प्रकार वाला नाम अभयानक और अहिंसक रक्खा। (सः अश्वः अभवत्) वह [अग्नि] अश्व [व्यापक घोड़े के समान] हो गया। (तस्मात् अश्वः रथं वहेत न पृष्ठेन सादिनम् भवति) इस लिये अश्व रथ [देह] को ले चलता है जैसे वह पीठ से अश्वसवार को पाता है। (सः देवान् आगच्छत् स देवेभ्यः अन्वातिष्ठत्) वह [अग्नि] देवों [इन्द्रियों] में आया। और वह देवों के लिये अनुष्ठान करने लगा। (तस्मात् देवाः अबिभयुः, तं ब्रह्मणे प्रायच्छत्=प्रायच्छन्) उस से देव डर गये, उसे उन्हों ने ब्राह्मण को दे दिया। (तम् एतया ऋचा अशमयत्) उस [ब्राह्मण] ने उस को इस ऋचा से शान्त किया [कण्डिका २१ देखो] ॥२०॥

भावार्थ—देव इन्द्रियां और असुर रोगादि विघ्न हैं, ब्राह्मण जीव है, अश्व, वैश्वानर और जातवेदा अग्नि के नाम हैं। भावार्थ यह है कि जीवात्मा अग्नि को रोगादि विघ्नों से बचाकर, शरीर को स्वस्थ रखकर कार्यकुशल होवे—मिलाओ क० १८, १९, और २० को ॥ २० ॥

कण्डिका २१ ॥

अग्निं त्वाहुर्वैश्वानरं सदनान् प्रदहन्वगाः। स नो देवत्राधिब्रुहि मा रिषामा वयन्तवेति।

तमेताभिः पञ्चभिर्ऋग्भिरुपाकुरुते यदक्रन्दः प्रथमं जायमान इति।

सोऽशाम्यत्तस्मादश्वः पशूनां जिघत्सुरतमो भवति वैश्वानरो ह्येष तस्मादग्निः पदमश्वं ब्रह्मणे ददाति ब्रह्मणे हि प्रत्तस्तस्य रसमपीडयत् स रसोऽभवद्रसो ह वा एष तं वा एतं रसं सन्तं रथ इत्याचक्षते, परोक्षेण परोक्षप्रिया इव हि देवा भवन्ति प्रत्यक्षद्विषः। स देवानागच्छत् स देवेभ्योऽन्वातिष्ठत्तस्माद्देवा

च—क्विप्। विविधदीप्यमानाम्। विविधैश्वर्याम् (आत्मा) आत्मनि (अपित्वम्) क० १९। अप्राप्तिम् (अभवत्) भू प्राप्तौ चिन्तने च—लङ्। प्राप्नोत्। अचिन्तयत् (परास्युः) परान् श्रेष्ठव्यवहारान् असति गृह्णातीति। यजिमनिशुन्धि०। उ० ३। २०। पर+अस गतिदीप्तिग्रहणेषु—युच्, बाहुलकात्। श्रेष्ठव्यवहाराणां ग्रहीता (द्वैतम्) द्विधाभेदयुक्तम् (वहेत) गमयेत् (रथम्) यानम्। शरीरम् (न) उपमायाम्। यथा (सादिनम्) अश्ववारम्॥

अबिभयुस्तं ब्रह्मणे प्रायच्छत्तमेतयर्चाऽऽज्याहुत्याऽभ्यजुहोदिन्द्रस्यौजो मरुतामनीकमिति ।

रथमभिहुत्वा तमेतयर्चाऽतिष्ठद् वनस्पते वीड्वङ्गो हि भूया इति ।

तस्मादाग्न्याधेयिकं रथं ब्रह्मणे ददाति, ब्रह्मणे हि प्रत्तं तस्य तद्वाणस्तनूर्ज्येष्ठां दक्षिणां निरमिमत । तां पञ्चस्वपश्यद्वृचि यजुषि साम्नि शान्तेऽथ घोरे ।

तासां द्वे ब्रह्मण प्रायच्छद्वाचं च ज्योतिश्च, वाग्वै धेनुर्ज्योतिर्हरण्यं तस्मादाग्न्याधेयिकां चातुष्प्राश्यां धेनुं ब्रह्मणे ददाति, ब्रह्मणे हि प्रत्ता पशुषु शाम्यमानेषु चक्षुर्दापयन्ति चक्षुरेव तदात्मनि धत्ते यद्वै चक्षुस्तद्धिरण्यं तस्मादाग्न्याधेयिकं हिरण्यं ब्रह्मणे ददाति, ब्रह्मणे हि प्रत्त तस्यात्मन्नधत्त तेन प्राज्वलयद् यन्नाधत्त तदाग्लाऽभवत्तदाग्ला भूत्वा सा समुद्रं प्राविशत्सा समुद्रमदहत्तस्मात्समुद्रो दुर्गिरपि वैश्वानरेण हि दग्धः सा पृथिवीमुदैत्सा पृथिवीं व्यदहत्सा देवानागच्छत्सा देवानहिडत्ते देवा ब्रह्माणमुपाधावन् स नैवागायन्नानृत्यत् सैषाग्लैषा कारुविदा नाम तं वा एतमाग्लाहतं सन्तमाग्लागृध इत्याचक्षते, परोक्षेण परोक्षप्रिया इव हि देवा भवन्ति प्रत्यक्षद्विषः । य एष ब्राह्मणो गायनो वा नर्त्तनो वा भवति तमाग्लागृध इत्याचक्षते, तस्माद् ब्राह्मणो नैव गायेन्नानृत्येन्माग्लागृधः स्यात्तस्माद् ब्राह्म्यं पूर्वं हविरपरं प्राजापत्यं प्राजापत्यात् ब्राह्मणमेवोत्तममिति ब्राह्मणम् ॥ २१ ॥

कण्डिका २१ ॥ वैश्वानर, जातवेदा और अश्व नामक अग्नि का वही विषय ॥

(त्वा वैश्वानरम् अग्निम् आहुः सदनान् प्रदहन् उ अगाः, सः नः देवत्रा अधिब्रूहि, वयं तव मा रिषाम इति) [क० देखो २०] तुझ को वैश्वानर [सब नरों का हितकारी] अग्नि लोग कहते हैं, [शत्रुओं के] घर वालों को जलाता हुआ तू चला है, सो तू हम से विद्वानों के बीच अधिकार पूर्वक बोल, हम तेरे होकर दुखी न होवें [यह ब्राह्मण वचन है]।

२१—(आहुः) कथयन्ति (सदनान्) सदन—अर्शआद्यच्। शत्रुगृहवतः पुरुषान् (उ) वितर्के (अगाः) प्राप्तवान् (नः) अस्मान् (मा रिषाम) हिंसिता मा भूम (जिघत्सुरतमः) अद भक्षणे-सन्, घस्लृ आदेशः । असेरुरन् । उ० १। ४२ । जिघत्स—उरन्, तमप् । अतिशयेन भक्षणेच्छुः । महाशनः—निरु० २। २७ (पदम्) प्रापणीयम् (प्रतम्) अच उपसर्गात्तः । पा० । ७ । ४ । ४७ ।

(तम् एताभिः पंचभिः ऋग्भिः उपाकुरुते, यत् प्रथमं जायमानः अक्रन्दः इति) उस [अश्व] को इन पांच ऋचाओं से वह [ब्राह्मण] संस्कार करता है—जो तू ने उत्पन्न होते हुये पहिले शब्द किया है, [यह प्रतीक ऋग्वेद १। १६३। १—५ की, है देखो क० १८]।

(सः अशाम्यत्) वह [अश्व अग्नि] शान्त हो गया, (तस्मात् अश्वः पशूनां जिघत्सुरतमः भवति) इसलिये अश्व पशुओं में अधिक खानेवाला होता है [वैसा ही अग्नि है]। (एषः हि वैश्वानरः) यही [अश्व] वैश्वानर [अग्नि] है, (तस्मात् अग्निः पदम् अश्वं ब्रह्मणे ददाति) इस जिये अग्नि पाने योग्य अश्व को ब्रह्मा [विद्वान्] के लिये देता है। (ब्रह्मणे हि प्रत्तं तस्य रसम् अपीडयत्) ब्रह्मा के लिये उस दिये हुये के रस को उस [प्रजापति] ने निचोड़ा। (सः रसः अभवत्) वह रस हो गया। (रसः ह वै एषः, तं वै एतं रसं सन्तं रथः इति आचक्षते) रस ही यह है उस रस होते हुये को ही—यह रथ है—ऐसा लोग कहते हैं। (परोक्षेण) परोक्ष [आंख ओट प्रलय में वर्त्तमान ब्रह्म] के द्वारा (परोक्षप्रियाः इव हि) परोक्षप्रिय [आंख ओट भविष्य के प्रेमी] लोगों के समान ही (देवाः) देवता [विद्वान् लोग] (प्रत्यक्षद्विषः) प्रत्यक्ष [वर्त्तमान अवस्था] के द्वेषी [विरोधी] (भवन्ति) होते हैं [देखो गो० पू० १। १]। (सः देवान् आगच्छत्) वह [रथ वा रस] देवों [इन्द्रियों] में आया। (सः देवेभ्यः अन्वातिष्ठत्) और वह देवों के लिये अनुष्ठान करने लगा। (तस्मात् देवाः अबिभयुः, तं ब्रह्मणे प्रायच्छत्=प्रायच्छन्) उस से देव डर गये, उसे उन्हों ने ब्रह्मा को दे दिया (तम् एतया ऋचा आज्याहुत्या अभ्यजुहोत्) उस को इस ऋचा द्वारा घृत की आहुति से उस ने ग्रहण किया—(इन्द्रस्यौजो मरुतामनीकम् इति) इन्द्रस्यौजो मरुतामनीकम्—अथ० ६। १२५। ३ ॥

प्र+ददातेः—क्त। प्रकर्षेण दत्तम्। दत्तस्य वा (आग्न्याधेयिकम्) रक्षति। पा० ४। ४। ३३। अग्न्याधेय—ठक्। अग्निरूपस्याधेयस्य रक्षकम् (तक्षाणः) कनिन् युवृषितक्षि०। उ० १। १५६। तक्ष् तनूकरणे—कनिन्। सूक्ष्मीकर्तारः (तनुज्येष्ठाम्) तनूः सूक्ष्मक्रिया ज्येष्ठा महाप्रधाना यस्यां ताम् (धेनुः) धेट इच्च। उ० ३। ३४। धेट पाने-नु। धेनुर्वाक्-निघ० १। ११। धेनुर्धयतेर्वा धिनोतेर्वा-निरु०। ११।४२। दोग्ध्री वाक्। नवप्रसूता गौः (चातुष्प्राश्याम्) गो० पू० २। १६। चतुर्धा व्याप्याम् (हापयन्ति) ओहाङ् गतौ—णिच्, आर्षं बहुवचनम्। हापयति गम-

(रथम् अभिहृत्वा तम् एतया ऋचा अतिष्ठत्) रथ को ग्रहण करके उस पर इस ऋचा द्वारा वह बैठा—(वनस्पते वीड्वङ्गो हि भूयाः। इति) वनस्पते वीड्वङ्गो हि भूया। इति·····अथ० ६। १२५। १।

(तस्मात् आग्न्याधेयिकं रथं ब्रह्मणे ददाति) इस लिये अग्नि रूप आधेय के रक्षक रथ को ब्रह्मा के लिये देता है। (ब्रह्मणे हि प्रत्तं तस्य तक्षाणः तनूज्येष्ठां दक्षिणां निरमिमत) ब्रह्मा के लिये दिये हुये उसके सूक्ष्म बनाने वालों ने सूक्ष्मता को महाप्रधान रखने वाली दक्षिणा को बनाया है। (तां पंचसु अपश्यत् ऋचि यजुषि साम्नि शान्ते अथ घोरे) उस [दक्षिणा] को पांच में देखा—ऋग् [स्तुति योग्य विद्या] में, यजु [सत्कर्म विद्या] में, साम [मोक्ष विद्या] में, शान्त [शान्त व्यवहार] में और घोर [भयानक व्यवहार] में।

(तासां द्वे ब्रह्मणे प्रायच्छत् वाचं च ज्योतिः च) उन [विद्याओं] में से दो ब्रह्मा को दीं—वाणी और ज्योति। (वाक् वै धेनुः, ज्योतिः हिरण्यम्) वाणी ही दुधैल गौ [के समाने] और ज्योति तेज है। (तस्मात् आग्न्याधेयिकां चातुष्प्राश्यां धेनुं ब्रह्मणे ददाति) इस लिये अग्नि रूप आधेय की रक्षक चार प्रकार से फैलने योग्य [क० १६] दुधैल गाय ब्रह्मा को देता है। (ब्रह्मणे हि प्रत्ता पशुषु शाम्यमानेषु चक्षुः हापयन्ति=हापयति) ब्रह्मा को ही दी हुई गौ पशुओं के शान्त होने पर आंख पहुंचाती है। (चक्षुः एव तत् आत्मनि धत्ते) आंख को ही तब वह अपने में धारण करता है। (यत् वै चक्षुः तत् हिरण्यम्) जो आंख है वही तेज है (तस्मात् आग्न्याधेयिकं हिरण्यं ब्रह्मणे ददाति) इस लिये अग्नि रूप आधेय का रक्षक तेज ब्रह्मा को वह देता है। (ब्रह्मणे हि प्रत्तं तस्य आत्मन् अधत्त तेन प्राजवलयत्) ब्रह्मा को दिया हुआ [तेज] उस के आत्मा में उस ने धारण किया है, उस से उस ने [जगत् को] प्रकाशित किया है। (यत् न अधत्त तत् आग्ला अभवत्) जो [तेज को] उस ने न धारण किया, उस से आग्ला [बड़ी ग्लानि वा थकावट] हुई। (तत् आग्ला भूत्वा सा समुद्रं प्राविशत्) बड़ी ग्लानि हो कर उस [ग्लानि] ने समुद्र में प्रवेश किया। (सा समुद्रम्

यति प्रापयति (आग्ला) आ+ग्लै हर्षक्षये क्लमे च—ड, टाप्। समन्ताद् ग्लानिः। अमार्तिः (दुर्गिः) खनिकृष्यञ्यसिवसि०। उ० ४। १४०। गम्लृ गतौ—इप्रत्ययः, स च डित्। दुःखेन गमनीयः (अहिडत्) हिड हिडि गत्यनादरयोः—लङ्। तिरस्कृतवती (कारुविद्धा) कृवापाजिमि०। उ० १। १ करोतेः—उण्+विद वेदनायाम्—अङ्, टाप्। कारूणां कर्मकृतां पीडा (आग्लाहतम्) आग्लया ताडि-

अदहत्) उस ने समुद्र को जला दिया । (तस्मात् दुर्गिः अपि समुद्रः वैश्वानरेण हि दग्धः) इस लिये दुर्गम भी समुद्र वैश्वानर [अग्नि] करके जलाया गया । (सा पृथिवीम् उदैत्, सा पृथिवीं व्यदहत्) वह पृथिवी में उदय हुई, उस ने पृथिवी को जला दिया । (सा देवान् आगच्छत् सा देवान् अहिडत्) वह देवों में आई, उस ने देवों का अनादर किया । (ते देवाः ब्रह्माणम् उपाधावन्) वे देव ब्रह्मा के पास दौड़े गये । (सः न एव अगायत् न अनृत्यत्) उस [ब्रह्मा] ने न तो गाया न नाचा । (सा एषा आग्ला एषा कारुविदा नाम) सो यही आग्ला है, यही कर्म करने वालों की वेदना [पीड़ा] नाम है । (तं वै एतम् आग्लाहतं खन्तम् आग्लागृधः इति आचक्षते) उस बड़ी ग्लानि करके ताड़े गये होते हुये [ब्राह्मण] को—यह बड़ी ग्लानि का लालची है—ऐसा लोग कहते हैं । (परोक्षेण) परोक्ष [आंख ओट प्रलय में वर्तमान ब्रह्म] के द्वारा (परोक्षप्रियाः इव हि) परोक्षप्रिय [आंख ओट भविष्य के प्रेमी] लोगों के समान ही (देवाः) देवता [विद्वान् लोग] (प्रत्यक्षद्विषः) प्रत्यक्ष [वर्त्तमान् अवस्था] के द्वेषी [विरोधी] (भवन्ति) होते हैं [ऊपर देखो] । (यः एषः ब्राह्मणः गायनः वा नर्तनः वा भवति तम् आग्लागृधः इति आचक्षते) जो यह ब्राह्मण गवैया वा नचकैया होता है, उस को—यह आग्लागृध [बड़ी ग्लानि का लालची] है—ऐसा लोग कहते हैं । (तस्मात् ब्राह्मणः न एव गायेत् न आनृत्येत् आग्लागृधः मा स्यात्) इस लिये ब्राह्मण न गावै न नाचै और आग्लागृध [बड़ी ग्लानि का लालची] न होवे । (तस्मात् ब्राह्म्यं हविः पूर्वम् प्राजापत्यम् अपरम्) इस लिये ब्राह्म्य [वेद विचार की] हवि पहिले है और प्राजापत्य [वृत विशेष की हवि] पीछे है । (प्राजापत्यात् ब्राह्मणम् एव उत्तमम् इति ब्राह्मणम्) प्राजापत्य वृत की हवि से ब्राह्मण [वेद विचार की] हवि उत्तम है । [प्राजापत्य वृत का लक्षण मनु ११ । २११ में इस प्रकार है—त्र्यहं प्रातः त्र्यहं सायं त्र्यहमद्यादयाचितम् । त्र्यहं परं च नाश्नीयात् प्राजापत्यं चरन् द्विजः ॥ अर्थ-प्राजापत्य वृत का आचरण करने वाला द्विज तीन दिन प्रातःकाल, तीन दिन सायंकाल और तीन दिन बिना मांगा अन्न खावे और फिर तीन दिन न खावे । यह १२ दिन का एक प्राजापत्य वृत होता है] ॥ २१ ॥

तम् (आग्लागृधः) गृधु अभिकांक्षायाम्—क । आग्लायां लुब्धः (ब्राह्म्यम्) ब्रह्मणः इदम्, ब्रह्मन्-ष्यञ् । ब्रह्मसम्बन्धि (प्राजापत्यम्) प्रजापति-ण्य, ततः अर्शआद्यच् । द्वादशाहसाध्यवृतविशेषसंबन्धि हविः—मनुः । ११ । २११ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य अग्नि विद्या का सुप्रयोग करके कर्मकुशल होते हैं, वे आनन्द पाते हैं ॥ २१ ॥

टिप्पणी—प्रतीक वाले मन्त्र अर्थ सहित लिखे जाते हैं।

१—यदक्रन्दः प्रथमं जायमान उद्यन्त्समुद्रादुत वा पुरीषात्। श्येनस्य पक्षा हरिणस्य बाहू उपस्तुत्यं महि जातं ते अर्वन् ॥ १ ॥ यमेन दत्तं त्रित एनमायुनगिन्द्र एणं प्रथमो अध्यतिष्ठत्। गन्धर्वो अस्य रशनामगृभ्णात्सूरादश्वं वसवो निरतष्ट ॥ २ ॥ असि यमो असादित्यो अर्वन्नसि त्रितो गुह्येन व्रतेन। असि सोमेन समया विपृक्त आहुस्ते त्रीणि दिवि बन्धनानि ॥ ३ ॥ त्रीणि त आहुर्दिवि बन्धनानि त्रीण्यप्सु त्रीण्यन्तः समुद्रे। उतेव मे वरुणश्छन्त्स्यर्वन्यत्रा त आहुः परमं जनित्रम् ॥ ४ ॥ इमा ते वाजिन्नव मार्जनानीमा शफानां सनितुर्निधाना। अत्रा ते भद्रा रशना अपश्यमृतस्य या अभिरक्षन्ति गोपाः ॥५॥ ऋग० १ । १६३ । १—५ । अर्थ—(अर्वन) हे विज्ञानी पुरुष ! (यत्) जिस कारण (समुद्रात्) अन्तरिक्ष से (उत वा) अथवा (पुरीषात्) पूर्ण कारण से (उद्यन्) उदय होते हुये [सूर्य के तुल्य] (जायमानः) उत्पन्न होता हुआ तू (प्रथमम्) पहिले (अक्रन्दः) शब्द करता है, (श्येनस्य) बाज के (पक्षा) दो पंखों के समान और (हरिणस्य) हरिण के (बाहू) दो भुजाओं के तुल्य (ते) तेरा (उपस्तुत्यम्) बहुत प्रशंसनीय और (महि) बड़ा (जातम्) उत्पन्न हुआ कर्म है ॥ १ ॥ [शेष मन्त्रों का अर्थ भाष्य में देखो।]

२—इन्द्रस्यौजो मरुतामनीकं मित्रस्य गर्भो वरुणस्य नाभिः। स इमां नो हव्यदातिं जुषाणो देव रथ प्रति हव्या गृभाय ॥ अथ० ६ । १२५ । ३, ऋ० ६ । ४७ । २८, यजु० २९ । ५४ । [हे राजन ! यहां पर] (मरुताम्) शूरों का (अनीकम्) सेना दल, (इन्द्रस्य) बिजुली का (ओजः) बल, (मित्रस्य) प्राण [चढ़ने वाले वायु] का (गर्भः) गर्भ [अधिष्ठान] और (वरुणस्य) अपान [उतरने वाले वायु] का (नाभि [मध्यस्थान] है। (सः) सो तू (देव) हे प्रकाशमान ! (रथ) रमणीय स्वरूप विद्वान् ! (नः) हमारे लिये (इमाम्) इस (हव्यदातिम्) देने योग्य पदार्थों की दान क्रिया को (जुषाणः) सेवता हुआ (हव्या) ग्राह्य वस्तुओं को (प्रति) प्रतीति के साथ (गृभाय) ग्रहण कर ॥३॥

३—वनस्पते वीड्वङ्गो हि भूया अस्मत्सखा प्रतरणः सुवीरः। गोभिः सन्नद्धो असि वीडयस्वास्थाता ते जयतु जेत्वानि ॥ १ ॥ अथ० ६ । १२५ । १, ऋग० ६ । ४७ । २६, यजु० २९ । ५२ । (वनस्पते) हे किरणों के पालन करने वाले सूर्य के समान राजन ! (वीड्वङ्गः) बलिष्ठ अङ्गों वाला तू (हि) ही

(प्रतरणः) बढ़ाने वाला (सुवीरः) अच्छे अच्छे वीरों से युक्त (अस्मत्सखा) हमारा मित्र (भूयाः) हो । तू (गोभिः) वाणों और वज्रों से (सन्नद्धः) अच्छे प्रकार सजा हुआ (असि) है, [हम] (वीडयस्य) दृढ़ बना, (ते) तेरा (आस्थाता) श्रद्धावान् सेनापति (जेत्वानि) जीतने योग्य शत्रुओं की सेनाओं को (जयतु) जीते ॥

कण्डिका २२ ॥

अथर्वाणश्च ह वा आङ्गिरसश्च भृगुचक्षुषी तद् ब्रह्माभिव्यपश्यंस्तद्-जानन्वय वा इदं सर्वं यद्भृग्वङ्गिरस इति । ते देवा ब्राह्म्यं हविर्यत्सान्तपनेऽग्नावजुहवुरेतद्वै ब्राह्म्यं हविर्यत्सान्तपनेऽग्नौ हूयते, एष ह वै सान्तपनोऽग्निर्यद् ब्राह्म-णस्तस्योर्ज्जायोर्ज्जां देवा अभजन्त सुमनस एव स्वधां पितरः श्रद्धया स्वर्गं लोकं ब्राह्मणास्तेन सुन्वन्त्यूपयोऽन्ततः स्त्रियः केवल आत्मन्यवारुन्धत वाह्या उभयेन सुन्वन्ति, यद्वै यज्ञे ब्राह्म्यं हविर्न निरूप्येतानृजवः प्राजापत्यहविषो मनुष्या जाये-रन्नसौ यांल्लोकान् शृणिवति पिता ह्येष आहवनीयस्य गार्हपत्यस्य दक्षिणाग्नेर्योऽ ग्निहोत्रं जुहोतीति, देवा प्रिये धामनि मदन्ति तेषामेषोऽग्निः सान्तपनश्रेष्ठो भवत्येतस्य वाचि तृप्तायामग्निस्तृप्यति, प्राणे तृप्ते वायुस्तृप्यति, चक्षुषी तृप्त आदित्यस्तृप्यति, मनसि तृप्ते चन्द्रमास्तृप्यति, श्रोत्रे तृप्ते दिशश्चान्तर्देशाश्च तृप्यन्ति, स्नेहेषु तृप्तेष्वापस्तृप्यन्ति, लोमसु तृप्तेष्वोषधिवनस्पतयस्तृप्यन्ति, शरीरे तृप्ते पृथिवी तृप्यत्येवमेवैषोऽग्निः सान्तपनः श्रेष्ठस्तृप्तः सर्वांस्तृप्तांस्तर्पय-तीति ब्राह्मणम् ॥ २२ ॥

कण्डिका २२ ॥ सान्तपन अग्नि में प्राजापत्य हवि के साथ ब्राह्म्य हवि की आवश्यकता ॥

२२—(अथर्वाणः = आथर्वणाः) निश्चल ब्रह्म के वेद (च च) और (आङ्गिरसः) पूर्णज्ञान युक्त व्यवहार (ह व) निश्चय कर के (भृगुचक्षुषी) परिपक्व ज्ञान वाले मुनि के दो नेत्र हैं, (तत् ब्रह्म अभिव्यपश्यन् तत् अजानन्) उस ब्रह्म को उन्हों ने [ऋषियों ने] सब ओर से देख लिया और जाना—(वयं वै इदं सर्वम् [जानीम] यत् भृग्वाङ्गिरसः) हम इस सब को [जाने] जो परि-

---

२२—(अथर्वाणः) अथर्वन्—अण्, आर्षो ह्रस्वः । निश्चलब्रह्मवेदाः (आङ्गि-रसः) अङ्गिरस्—अण् । पूर्णज्ञानयुक्तव्यवहाराः (भृगुचक्षुषी) भृगोः परिपक्व-ज्ञानस्य मुनेर्नेत्रद्वयम् (सर्वम्) सर्वं जानीम—इत्यर्थः । (भृग्वङ्गिरसः) परिप-

पञ्चज्ञान हैं । (यत् ब्राह्म्यं हविः ते देवाः सान्तपने अग्नौ अजुहवुः) जो ब्राह्म्य हवि है [उस को] उन देवों ने सान्तपन [पूरे ताप वाले वा ऐश्वर्य वाले] अग्नि में छोड़ा, अथवा सांतपन व्रत में अग्नि पर छोड़ा । [सान्तपन व्रत का लक्षण मनु ११ । २१२ में इस प्रकार है । गोमूत्रं गोमयं क्षीरं दधि सर्पिः कुशोदकम् । एकरात्रोपवासश्च कृच्छ्रं सान्तपनं स्मृतम् ॥ अर्थ—गोमूत्र, गोबर, दूध, दही, घी, कुशा का जल एक दिन खावे और एक रात्रि दिन उपवास करे, यह कृच्छ्र सान्तपन कहा गया है] । (एतत् वै ब्राह्म्यं हविः यत् सान्तपने अग्नौ हूयते) यह ब्राह्म्य हवि है जो सान्तपन अग्नि में छोड़ा जाता है । (एषः वै सान्तपनः अग्निः यत् ब्राह्मणः) यही सान्तपन अग्नि है, जो ब्राह्मण है । (तस्य ऊर्जया देवाः ऊर्जां, सुमनसः पितरः स्वधां स्वर्गं लोकं श्रद्धया एव अभजन्त) उस [ब्राह्मण] के पराक्रम से देवों ने पराक्रम को, प्रसन्न मन वाले पितरों [पालने वाले विद्वानों] ने स्वधा [अपनी धारण शक्ति वा अन्न वा अमृत] और स्वर्ग लोग को सेया है । (ब्राह्मणाः ऋषयः तेन अन्ततः सुन्वन्ति) ब्रह्म ज्ञानी ऋषि लोग उस [कर्म] से अन्त में [सोम रस] निचोड़ते हैं । (स्त्रियः केवले आत्मनि अवारुन्धत) स्त्रियों ने सेवनीय परामात्मा में [स्वर्ग आदि] पाया है । (वाह्याः उभयेन सुन्वन्ति) ले चलने योग्य पुरुष दोनों [ब्राह्म्य और प्राजापत्य हवि] से [सोम रस] निचोड़ते हैं । (यत् वै यज्ञे ब्राह्मं हविः न निरूप्येत प्राजापत्यहविषः मनुष्याः अनृजवः जायेरन्) जो यज्ञ में ब्राह्म्य हवि न बनाया जावे, प्राजापत्य हवि वाले मनुष्य कुटिल हो जावें । (असौ हि एषः पिता यान् लोकान् शृणिवति) वह पिता [पालन करने वाला पुरुष] भी [उन बुरे लोकों में कुटिल होता है] जिन लोकों को वह सुनता है, (आहवनीयस्य गार्हपत्यस्य दक्षिणाग्नेः यः अग्निहोत्रं जुहोति इति) [वह पुरुष भी कुटिल होता है] जो आहवनीय, गार्हपत्य और दक्षिणाग्नि के अग्नि

कज्ञानानि (सान्तपने) सम्+तप दाहे ऐश्वर्य्ये च—ल्युट् । तत्रभवः । पा० । ४ । ३ । ५३ । अण् । संतपने सम्यक्तपनयुक्ते पूर्णैश्वर्य्ययुक्ते वा । अथवा व्रतविशेषे—मनुः ११ । २१२ (ऊर्जया) ऊर्ज बलप्राणनयोः—पचाद्यच् । पराक्रमेण । शक्त्या (सुमनसः) शोभनमनस्काः । (स्वधाम्) आः समिण्निकषिभ्याम् । उ० ४ । १७५ । स्वद स्वादे—आ, दस्य धः । स्वादयति रसान् उत्पादयतीति स्वधा । यद्वा । आतोऽनुपसर्गे कः । पा० ३ । २ । ३ । स्व+डुधाञ् धारणपोषणदानेषु—क, टाप् । अथवा क्विप् । स्वधा=उदकम्-निघ० १ । १२ । अन्नम्

होत्र को ही करता है। (देवाः प्रिये धामनि मदन्ति तेषाम् एषः अग्निः सान्तपनश्रेष्ठः भवति) देव [विद्वान् लोग] प्रिय स्थान में सुख पाते हैं, उनका यह अग्नि सान्तपन [पूरे ऐश्वर्य वाला] श्रेष्ठ होता है। (एतस्य वाचि तृप्तायाम् अग्निः तृप्यति) इस [ब्रह्मा] की वाणी तृप्त होने पर अग्नि तृप्त होता है, (प्राणे तृप्ते वायुः तृप्यति) प्राण तृप्त होने पर पवन तृप्त होता है, (चक्षुषी [=चक्षुषि] तृप्ते आदित्यः तृप्यति) नेत्र तृप्त होने पर सूर्य तृप्त होता है, (मनसि तृप्ते चन्द्रमाः तृप्यति) मन तृप्त होने पर चन्द्रमा तृप्त होता है, (श्रोत्रे तृप्ते दिशः च अन्तर्देशाः च तृप्यन्ति) कान तृप्त होने पर दिशायें और बीच की दिशायें तृप्त होती हैं। (स्नेहेषु तृप्तेषु आपः तृप्यन्ति) रसों वा चिकने पदार्थों के तृप्त होने पर जल तृप्त होते है, (लोमेषु तृप्तेषु ओषधिवनस्पतयः तृप्यन्ति) लोमों के तृप्त होने पर ओषधि और वनस्पतियां तृप्त होती हैं, (शरीरे तृप्ते पृथिवी तृप्यति) शरीर तृप्त होने पर पृथिवी तृप्त होती है। (एवं एषः सान्तपनः श्रेष्ठः तृप्तः सर्वान् तृप्तान् तर्पयति इति ब्राह्मणम) इस प्रकार से यह श्रेष्ठ तृप्त सान्तपन [बड़े ऐश्वर्य वाला] अग्नि सब तृप्त [पदार्थों] को तृप्त करता है, यह ब्राह्मण है ॥ २२ ॥

भावार्थ—मनुष्य सान्तपन अग्नि में ब्राह्म्य हवि और प्राजापत्य हवि छोड़ें। प्राजापत्य और स्त्री आदि शब्दों से शास्त्र रीति पर सन्तानोत्पादन की ओर संकेत जान पड़ता है। इस विषय के लिये देखो बृहदारण्यकोपनिषद्, अध्याय ६ ब्राह्मण ५ ॥

कण्डिका २३ ॥

सान्तपना इदं हविरित्येष ह वै सान्तपनोऽग्निर्यद् ब्राह्मणो यस्य गर्भाधानपुंसवनसीमन्तोन्नयनजातकर्मनामकरणनिष्क्रमणान्नप्राशनगोदानचूडाकरणोपनयनव्रतावनाग्निहोत्रव्रतचर्य्यादीनि कृतानि भवन्ति, स सान्तपनोऽथ योऽयम-

---

निघ० २। ७। पितृणाम् अन्नम्। अमृतम्। आत्मधारणसामर्थ्यम् (सुन्वन्ति) सोमरसम् निष्पीडयन्ति (केवले) केवृ सेवने—कलच्। सेवनीये। निश्चिते (आत्मनि) परमात्मनि (वाह्यः) वह प्रापणे—एयत्। प्रापणीयाः पुरुषाः (उभयेन) ब्राह्म्येन प्राजापत्येन च हविषा (शृणिवति) आर्षप्रयोगः। शृणोति। (धामनि) स्थाने (मदन्ति) हर्षन्ति (चक्षुषी) आर्षो दीर्घः। चक्षुषि (स्नेहेषु) रसयुक्तपदार्थेषु ॥

नग्निकः स कुम्भे लोष्टः, तद्यथा कुम्भे लोष्टः प्रक्षिप्तो नैव शौचार्थाय कल्पते नैव शस्यं निर्वर्त्तयत्येवमेवायं ब्राह्मणोऽनग्निकस्तस्य ब्राह्मणस्यानग्निकस्य नैव दैवं दद्यान्न पित्र्यं न चास्य स्वाध्यायाशिषो न यज्ञ आशिषः स्वर्गङ्गमा भवन्ति।

तदप्येतदृचोक्तम्। अग्निं दूतं वृणीमहे होतारं विश्ववेदसम्। अस्य यज्ञस्य सुक्रतुमिति ब्राह्मणम् ॥ २३ ॥

कण्डिका २३ ॥ बिना यज्ञ अग्नि वाला ब्राह्मण स्वर्ग नहीं पाता ॥

(सान्तपनाः इदं हविः इति) सान्ततपन अग्नियां यह हवि है। (एषः ह वै सान्तपनः अग्निः यत् ब्राह्मणः) यही सान्तपन [बड़े ऐश्वर्य वाला] अग्नि है जो ब्राह्मण है। (यस्य गर्भाधान—पुंसवन—सीमन्तोन्नयन—जातकर्म—नामकरण—निष्क्रमण—अन्नप्राशन—गोदान—चूडाकरण—उपनयन—स्नावन—अग्निहोत्र—वृतचर्य्य—आदीनि कृतानि भवन्ति सः सान्तपनः) जिस [ब्राह्मण] के गर्भाधान १, पुंसवन २, सीमन्तोन्नयन ३, जातमर्म ४, नामकरण ५, निष्क्रमण [बाहर निकालना] ६, अन्नप्राशन [अन्नचटाना] ७, गोदान [केशकाटना] ८, चूडाकरण [चोटी रखना] ९, उपनयन [जनेऊ और वेदारम्भ] १०, स्नावन [विद्यास्नान वा समावर्तन] ११, अग्निहोत्र [नित्यहवन] १२, वृतचर्य [ब्रह्मचर्य] १३, आदि कर्म किये हुये होते हैं, वह [ब्राह्मण] सान्तपन [अग्नि] है। (अथ यः अयम् अनग्निकः सः कुम्भे लोष्टः) और जो यह [ब्राह्मण] बिना यज्ञ अग्निवाला है, वह घड़े में डेला है। (तत् यथा कुम्भे प्रक्षिप्तः लोष्टः न एव शौचार्थाय कल्पते न एव शस्यं निर्वर्तयति, एवम् एव अयम् ब्राह्मणः अनग्निकः) सो जैसे घड़े में गिराया हुआ डेला न तो शौच के ही योग्य उपकारी होता है और न धान्य को ही सिद्ध करता है, ऐसेही यह बिना यज्ञ अग्नि वाला ब्राह्मण है। (तस्य अनग्निकस्य ब्राह्मणस्य नैव दैवं न पित्र्यं [सुफलम्] दद्यात्) उस बिना यज्ञ अग्नि वाले ब्राह्मण का दैव [पहिले जन्म का कर्म] और न पिता का धन [उत्तमफल] देता है। (न च अस्य स्वाध्या-

---

२३—(सान्तपनाः) अग्नयः (हविः) दातव्यं द्रव्यम् (गोदानम्) गावः केशाः दीयन्ते छिद्यन्ते अत्र। गा+दा अवखण्डने—ल्युट्। केशच्छेदनसंस्कारः (चूडाकरणम्) मस्तके शिखाधारणसंस्कारः (स्नावनम्) ष्णुङ् गतौ—णिच्—ल्युट्। मज्जनम्। विद्यान्तस्नानम्। समावर्तनसंस्कारः (अनग्निकः) यज्ञाग्निरहितः। (लोष्टः) लोष्टपलितौ। उ० ३। ९२। लूछेदने—क्त, सुडागमः धातोर्गुणश्च। यद्वा लोष्ठ संघाते—घञ्। मृत्तिकाखण्डः (निर्वर्तयति) निष्पादयति

याशिषः न यज्ञे आशिषः स्वर्गङ्गमाः भवन्ति) और न इसके स्वाध्याय [वेदों के पढ़ने] के आशीर्वाद और न यज्ञ में पाये आशीर्वाद स्वर्ग में पहुंचाने वाले होते हैं।

(तत् अपि एतत ऋचा उक्तम्) वह भी इस ऋचा करके कहा गया है—(अग्निं दूतं वृणीमहे होतारं विश्ववेदसम्। अस्य यज्ञस्य सुक्रतुम्)। अथ० २०। १०१। १, ऋ० १। १२। १, साम० उ० २। १। तृच ६, तथा पू १। १। ३। (दूतम्) पदार्थों के पहुंचाने वाले, (होतारम्) वेग आदि देने वाले, (विश्ववेदसम्) सब धनों के प्राप्त कराने वाले (अस्य) इस [प्रसिद्ध] (यज्ञस्य) यज्ञ [संयोग वियोग व्यवहार] के (सुक्रतुम) सुधारने वाले (अग्निम्) अग्नि [आग, बिजुली, सूर्य] को (वृणीमहे) हम स्वीकार करते हैं—(इति ब्राह्मणम्) यह ब्राह्मण मत है ॥ २३ ॥

भावार्थ—ब्रह्मज्ञानी पुरुष गर्भाधान आदि संस्कारों को अग्निहोत्र के साथ करके जीवन सुफल करें ॥ २३ ॥

कण्डिका २४ ॥

अथ ह प्रजापतिः सोमेन यद्यमाणो वेदानुवाच, कं वो होतारं वृणीयां, कमध्वर्य्युं, कमुद्गातारं, कं ब्रह्माणमिति। त ऊचुर्ऋग्विदमेव होतारं वृणीष्व, यजुर्विदमध्वर्य्युं, सामविदमुद्गातारमथर्वाङ्गिरोविदं ब्रह्माणं, तथा हास्य यज्ञश्चतुर्षु लोकेषु चतुर्षु देवेषु चतुर्षु वेदेषु चतसृषु होत्राषु चतुष्पाद् यज्ञः प्रतिष्ठति, प्रतितिष्ठति प्रजया पशुभिर्य एवं वेद, तस्मादृग्विदमेव होतारं वृणीष्व, स हि हौत्रं वेदाग्निर्वै होता, पृथिवी वा ऋचामायतनमग्निर्देवता गायत्रं छन्दः भूरिति शुक्रं तस्मात्तमेव होतारं वृणीष्वेत्येतस्य लोकस्य जितय एतस्य लोकस्य विजितय एतस्य लोकस्य सञ्जितय एतस्य लोकस्यावरुद्धय एतस्य लोकस्य व्यृद्धय एतस्य लोकस्य समृद्धय एतस्य लोकस्योदात्तय एतस्य लोकस्य व्याप्तय एतस्य लोकस्य पर्य्याप्तय एतस्य लोकस्य समाप्तये, अथ चेन्नैवंविदं होतारं

(दैवम्) पूर्वजन्मकृतकर्म (दद्यात्) सुफलं प्रयच्छेत् (पित्र्यम्) पितुर्यच्च। पा० ४। ३। ७६। पितृ—यत्। रीङ् ऋतः। पा० ७। ४। २७। रीङादेशः। पितुरागतं धनम् (स्वर्गङ्गमाः) स्वर्गप्रापिकाः (दूतम्) पदार्थानां प्रापकं तापकं वा (वृणीमहे) स्वीकुर्मः (होतारम) वेगादिदातारम् (विश्ववेदसम) वेदः धनं—निघ० २। १०। सर्वधन प्रापकम् (सुक्रतुम्) शोभनकर्तारम् ॥

वृणुते, पुरस्तादेवैषां यज्ञो रिच्यते । यजुर्विदमेवाध्वर्य्युं वृणीष्व स ह्याध्वर्य्यवं वेद, वायुर्वा अध्वर्य्युरन्तरिक्षं वै यजुषामायतनं वायुर्देवता त्रैष्टुभं छन्दो भुव इति शुक्रं तस्मात्तमेवाध्वर्य्युं वृणीष्वेत्येतस्य लोकस्येत्येवाथ चेन्नैवंविदमध्वर्य्युं वृणुते, पश्चादेवैषां यज्ञो रिच्यते । सामविदमेवोद्गातारं वृणीष्व स ह्यौद्गात्रं वेदादित्यो वा उद्गाता द्यौर्वै साम्नामायतनमादित्यो देवता जागतं छन्दः स्वरिति शुक्रं तस्मात्तमेवोद्गातारं वृणीष्वेत्येतस्य लोकस्येत्येवाथ चेन्नैवंविदमुद्गातारं वृणुते, उत्तर एवैषां यज्ञो रिच्यते । अथर्वाङ्गिरोविदमेव ब्रह्माणं वृणीष्व स हि ब्रह्मत्वं वेद चन्द्रमा वै ब्रह्मा आपो वै भृग्वङ्गिरसामायतनं चन्द्रमा देवता वैद्युतश्चौष्णिक्काकुभे छन्दसी ओमित्यथर्वणां शुक्र जनदित्यङ्गिरसां, तस्मात्तमेव ब्रह्माणं वृणीष्वेत्येतस्य लोकस्य जितय एतस्य लोकस्य विजितय एतस्य लोकस्य सञ्जितय एतस्य लोकस्यावरुद्धय एतस्य लोकस्य व्यृद्धय एतस्य लोकस्य समृद्धय एतस्य लोकस्योदात्तय एतस्य लोकस्य व्याप्तय एतस्य लोकस्य पर्य्याप्तय एतस्य लोकस्य समाप्तयेऽथ चेन्नैवविदं ब्रह्माणं वृणुते, दक्षिणत एवैषां यज्ञो रिच्यते ॥ २४ ॥

इति अथर्ववेदे गोपथब्राह्मणपूर्वभागे द्वितीयः प्रपाठकः समाप्तः ।

कण्डिका २४ ॥ ऋत्विजों के चुनाव में ऋग्वेदी होता, यजुर्वेदी अध्वर्य्यु, सामवेदी उद्गाता, चतुर्वेदी ब्रह्मा होवे ॥

(अथ ह प्रजापतिः सोमेन यद्यमाणः वेदान् उवाच) फिर प्रजापति [प्रजापालक परमेश्वर] सोम से [सोम याग समान ऐश्वर्य वा उत्पन्न संसार से] यज्ञ करने की इच्छा करता हुआ वेदों से बोला—(कं वः होतारं वृणीयाम्, कम् अध्वर्य्युम्, कम् उद्गातारम् कं ब्रह्माणम् इति) तुम में से किस को होता चुनूं किस को अध्वर्य्यु, किस को उद्गाता और किस को ब्रह्मा । (ते ऊचुः ऋग्विदम् एव होतारं वृणीष्व, यजुर्विदम् अध्वर्य्युम्, सामविदम् उद्गातारम् अथर्वाङ्गिरोविदं ब्रह्माणम्) वे बोले—ऋग्वेद जानने वाले को ही होता चुन, यजुर्वेद जानने वाले को अध्वर्यु, सामवेद जानने वाले को उद्गाता और अथर्वाङ्गिराओं

२४—(प्रजापतिः) प्रजापालकः परमेश्वरः (सोमेन) ऐश्वर्य्येण । उत्पन्नेन संसारेण । सोमरसयागेन (यद्यमाणः) यष्टुमेष्यमाणः (वः) युष्माकंमध्ये (अथर्वाङ्गिरोविदम्) चतुर्वेदवेत्तारम् (अस्य) प्रजापतेः (प्रतितिष्ठति) प्रतिष्ठितो भवति (आयतनम्) आश्रयः (भूः) सर्वाधारः परमेश्वरः

[चारो वेद] जानने वाले को ब्रह्मा। (तथा ह अस्य यज्ञः चतुर्षु लोकेषु चतुर्षु देवेषु चतुर्षु वेदेषु चतुरटषु होत्राषु चतुष्पात् यज्ञः प्रतिष्ठति, प्रजया पशुभिः प्रतितिष्ठति यः एवं वेद) वैसे ही इस [प्रजापति] का यज्ञ चार लोकों में, चार देवों में, चार वेदों में, और चार ऋत्विजों की क्रियाओं में [देखो गो० पू० २ । १६] चार पांव वाला यज्ञ ठहरता है, वह पुरूष प्रजा से और पशुओं से प्रतिष्ठा पाता है जो ऐसा जानता है। (तस्मात् ऋग्विदम् एव होतारं वृणीष्व) इस लिये ऋग्वेद जानने वाले को ही होता चुन। (सः हि हौत्रं वेद, पृथिवी वै ऋचाम् आयतनम् अग्निः देवता गायत्रं छन्दः भूः इति शुक्रम्) वही होता का कर्म जानता है, अग्नि ही होता है, पृथिवी ही ऋग्वेद मन्त्रों का स्थान है, अग्नि देवता है, गायत्री छन्द है, भूः [यह व्याहृति=सर्वाधार परमेश्वर] वीर्य है। (तस्मात् तम् एव होतारं वृणीष्व इति एतस्य लोकस्य जितये १, एतस्य लोकस्य विजितये २, एतस्य लोकस्य संजितये ३, एतस्य लोकस्य अवरुद्धये ४, एतस्य लोकस्य व्यृद्धये ५, एतस्य लोकस्य समृद्धये ६, एतस्य लोकस्य उदात्तये ७, एतस्य लोकस्य व्याप्तये ८, एतस्य लोकस्य पर्य्याप्तये ९, एतस्य लोकस्य समाप्तये १०) इस लिये उस को ही होता चुन, इस संसार के जय के लिये १, इस संसार के विविध जय के लिये २, इस संसार के पूरे जय के लिये ३, इस ससार की रोक [रक्षा] के लिये ४, इस संसार की विविध बढ़ती के लिये ५, इस संसार की पूरी बढ़ती के लिये ६, इस संसार के उठान के लिये ७, इस ससार के फैलाव के लिये ८, इस ससार की पूर्णता के लिये ९, और इस संसार की सिद्धि के लिये १०। (अथ चेत् एवंविद होतारं न वृणुते, पुरस्तात् एव एषां यज्ञः रिच्यते) और जो ऐसे विद्वान् को होता नहीं चुनता, पूर्व दिशा में ही इन [ऋत्विजों] का यज्ञ बिछुड़ जाता है। (यजुर्विदम् एव अध्वर्य्युं वृणीष्व) यजुर्वेद जानने वाले को ही अध्वर्य्यु चुन। (सः हि आध्वर्य्यवं वेद वायुः वै अध्वर्य्युः अन्तरिक्षं वै यजुषाम् आयतनम् वायुः देवता त्रैष्टुभं छन्दः, भुवः इति शुक्रम्) वही अध्वर्य्यु का कर्म जानता है, पवन ही अध्वर्य्यु है, अन्तरिक्ष ही यजुर्वेद मन्त्रों का स्थान है, पवन देवता है, त्रिष्टुप् छन्द है, भुवः [यह व्याहृति

(शुक्रम्) वीर्य्यम् (लोकस्य) ससारस्य (जितये) जयाय (विजितये) विविधजयाय (संजितये) सम्यग् जयाय (अवरुद्धये) निरोधाय। रक्षणाय (व्यृद्धये) विविधवृद्धये (समृद्धये) पूर्णवृद्धये (उदात्तये) उत्+आ+ददातेः —क्तिन्। उत्थानाय (व्याप्तये) विस्ताराय (पर्य्याप्तये) पूर्तये (समाप्तये)

=सर्वव्यापक परमेश्वर] वीर्य है। (तस्मात् तम् एव अध्वर्यु वृणीष्व इति एतस्य लोकस्य इति एव) इस लिये उस को ही अध्वर्यु चुन, इस लोक के इत्यादि ..... । (अथ चेत् एवंविदम् अध्वर्युं न वृणुते, पश्चात् एव एषां यज्ञः रिच्यते) और जो ऐसे विद्वान् को अध्वर्यु नहीं चुनता, पश्चिम दिशा में ही इन [ऋत्विजों] का यज्ञ बिछुड़ जाता है। (सामविदम् एव उद्गातारं वृणीष्व) सामवेद जानने वाले को ही उद्गाता चुन। (सः हि औद्गात्रं वेद, आदित्यः वै उद्गाता, द्यौः वै साम्नाम् आयतनम् आदित्यः देवता जागतं छन्दः स्वः इति शुक्रम्) वही उद्गाता के कर्म को जानता है, सूर्य ही उद्गाता है, प्रकाश ही सामवेद मन्त्रों का स्थान है, सूर्य देवता है, जगती छन्द है, स्वः [यह व्याहृति =सुख स्वरूप परमात्मा] वीर्य है। (तस्मात् तम् एव उद्गातारं वृणीष्व इति एतस्य लोकस्य इति एव) इस लिये उस को ही उद्गाता चुन, इस लोक के इत्यादि..... । (अथ चेत् एवं विदम् उद्गातारं न वृणुते, उत्तरे एव एषां यज्ञः रिच्यते) जो ऐसे जानकार को उद्गाता नहीं चुनता है, उत्तर दिशा में ही इन [ऋत्विजों] का यज्ञ बिछुड़ जाता है। (अथर्वाङ्गिरोविदम् एव ब्रह्माणं वृणीष्व) अथर्वाङ्गिराओं [चारों वेद] जानने वाले को ही ब्रह्मा चुन। (सः हि ब्रह्मत्वं वेद, चन्द्रमाः वै ब्रह्मा, आपः वै भृग्वङ्गिरसाम् आयतनम् वैद्युतः चन्द्रमाः च देवता, उष्णिक्काकुभे छन्दसी ओम् इति अथर्वणां, जनत् इति अङ्गिरसां शुक्रम्) वही ब्रह्मा का काम जानता है, चन्द्रमा ही ब्रह्मा है, जल ही चारों वेदों का स्थान है, और विविध प्रकाश वाला चन्द्रमा देवता है, उष्णिक् काकुभ दो छन्द हैं, ओम् [यह व्याहृति=सर्वरक्षक परमात्मा] निश्चल ज्ञान वालों का और जनत् [यह व्याहृति=सर्वजनक परमेश्वर] पूर्ण ज्ञान वालों का वीर्य है। (तस्मात् तम् एव ब्रह्माणम् वृणीष्व इति एतस्य लोकस्य जितये १, एतस्य लोकस्य विजितये २, एतस्य लोकस्य संजितये ३, एतस्य लोकस्य अवरुद्धये ४, एतस्य लोकस्य व्यूद्धये ५, एतस्य लोकस्य समृद्धये ६, एतस्य लोक-

---

संसिद्धये (पुरस्तात्) पूर्वस्यां दिशि (एषाम्) ऋत्विजां मध्ये (रिच्यते) रिच वियोजनसंपर्चनयोः—कर्मणि लट्। वियुज्यते (भुवः) सर्व व्यापकः परमेश्वरः (पश्चात्) पश्चिमायां दिशि (स्वः) सुखस्वरूपः (उत्तरे) उत्तरस्यां दिशि (भृग्वङ्गिरसाम्) परिपक्वज्ञानवतां चतुर्वेदानाम् (वैद्युतः) विद्युत्—अण्। विविधप्रकाशयुक्तः (ओम्) सर्वरक्षकः (जनत्) सर्वजनकः (दक्षिणतः) दक्षिणस्यां दिशि ॥

स्य उदात्तये ७, एतस्य लोकस्य व्यातये ८, एतस्य लोकस्य पर्य्याप्तये ९, एतस्य लोकस्य समाप्तये १०) इस लिये उस को ही ब्रह्मा चुने, इस संसार के जय के लिये १, इस संसार के विविध जय के लिये २, इस संसार के पूरे जय के लिये ३, इस संसार की रोक [रक्षा] के लिये ४, इस संसार की विविध बढ़ती के लिये ५, इस संसार की पूरी बढ़ती के लिये ६, इस संसार के उठान के लिये ७, इस संसार के फैलाव के लिये ८, इस संसार की पूर्णता के लिये ९, इस संसार के सिद्धि के लिये १० । (अथ चेत्—एवंविदं ब्रह्माणं न वृणुते दक्षिणतः एव एषां यज्ञः रिच्यते,) जो ऐसे जानकार को ब्रह्मा नहीं चुनता है, दक्षिण दिशा इन में [ऋत्विजों] का यज्ञ बिछुड़ जाता है ॥ २४ ॥

भावार्थ—परमेश्वर आप ही यज्ञ रूप संसार में सब ऋत्विजों का काम करके संसार का उपकार करता है ॥ २४ ॥

इति श्रीमद्राजधिराज प्रथितमहागुणमहिम **श्रीसयाजीराव गायक वाडाधिष्ठत** बडोदे पुरीगत श्रावणमासदक्षिणापरीक्षायाम् ऋक् सामाथर्व वेदभाष्येषु लब्धदक्षिणेन **श्री पण्डित होमकरणदास त्रिवेदिना** अथर्व-वेद भाष्यकारेण कृते गोपथब्राह्मण भाष्ये पूर्वभागे द्वितीयप्रपाठकः समाप्तः ॥

अयं प्रपाठकः प्रयागनगरे श्रावणमासे कृष्णचतुर्थ्यां तिथौ १९८० [अशीत्युत्तरैकोनविंशतिशतके] विक्रमीये संवत्सरे धीर-वीर-चिर प्रतापिमहायशस्वि **श्री राजराजेश्वर पंचमजार्ज महोदयस्य** सुसाम्राज्ये सुसमाप्तिमगात् ।

मुद्रितम्—आषाढ कृष्णा ४ संवत् १९८१ वि० ता० २० जून १९२४ ई० ॥

अथ तृतीयः प्रपाठकः ॥

कण्डिका १ ॥

ओं दक्षिणाप्रवणा भूमिर्दक्षिणत आपो वहन्ति तस्माद्यज्ञास्तद्भूमेरुन्नततरमिव भवति यत्र भृग्वङ्गिरसो विष्ठास्तद्यथा आप इमांल्लोकानभिवहन्त्येवमेव भृग्वङ्गिरसः सर्वान् देवानभिवहन्त्येवमेवैषा व्याहृतिः सर्वान् वेदानभिवहन्त्यो३मिति हर्चामो१मिति यजुषामो१मिति साम्नामो१मिति सर्वस्याहाभिवादस्तं ह स्मैतदुत्तरं यज्ञे विद्वांसः कुर्वन्ति देवा ब्रह्माण आगच्छत आगच्छतेत्येते वै देवा ब्रह्माणो यद्भृग्वङ्गिरसस्तानेवैतद् गृणानांस्तान् वृणानां ह्वयन्तो मन्यन्ते नान्यो भृग्वङ्गिरोविद् वृतो यज्ञमागच्छन् यज्ञस्य तेजसा तेज आप्नोत्यूर्जयाऽन्नं यशसा यशो नान्यो भृग्वङ्गिरोविदवृतो यज्ञमागच्छेन्नेद्यज्ञं परिमुष्णीयादिति, तद्यथापूर्वं वत्सोऽधीत्य गां धयेदेवं ब्रह्मा भृग्वङ्गिरोविदवृतो यज्ञमागच्छेन्नेद्यज्ञं परिमुष्णीयादिति, तद्यथा गौर्वाऽश्वो वाऽश्वतरो वैकपात् द्विपात् त्रिपादिति स्यात्, किमभिवहेत् किमभ्यश्नुयादिति, तस्माद्ब्रह्मिदमेव होतारं वृणीष्व. यजुर्विदमध्वर्युं, सामविदमुद्गातारमथर्वाङ्गिरोविदं ब्रह्माणं, तथा हास्य यज्ञश्चतुर्षु लोकेषु चतुर्षु देवेषु चतुर्षु वेदेषु चतसृषु होत्रासु चतुष्पाद्यज्ञः प्रतिष्ठति, प्रतितिष्ठति प्रजया पशुभिर्य एवं वेद यश्चैवमृत्विजामार्त्विज्य वेद यश्च यज्ञे यजनीयं वेदेति ब्राह्मणम् ॥ १ ॥

कण्डिका १ ॥ ऋत्विज चुने हुये वेद वेत्ता पुरुष होवें ॥

(ओम्) सर्वरक्षक परमेश्वर ! (दक्षिणाप्रवणा भूमिः, दक्षिणतः आपः वहन्ति) दक्षिण की ओर झुकी हुई भूमि है, दक्षिण को जल बहते हैं। (तस्मात् यज्ञाः भूमेः तत् उन्नततरम् इव भवति, यत्र भृग्वङ्गिरसो विष्ठाः) इस लिये यज्ञ भूमि के उस अधिक ऊंचे स्थान को ही पाते हैं, जहां पर भृग्वङ्गिराः [परिपक्व ज्ञानवाले चारो वेद] विशेष करके ठहरे होते हैं। (तत् यथा आपः इमान् लोकान् अभिवहन्ति, एवम् एव भृग्वङ्गिरसः सर्वान् देवान् अभिवहन्ति) सो जैसे जल इन लोकों को ले चलते हैं वैसे ही भृग्वङ्गिरा [परिपक्व

१—(दक्षिणाप्रवणा) दक्षिणस्यां दिशि नम्रा (उन्नततरम्) उच्चतरं स्थानम् (इव) एव (भवति=भवन्ति) प्राप्नुवन्ति (भृग्वङ्गिरसः) परिपक्वज्ञानयुक्ताः चत्वारो वेदाः (विष्ठाः) विशेषेण स्थिताः (देवान्) विदुषः पुरुषान्।

ज्ञानवाले चारों वेद] सब दिव्य विद्वानों और पदार्थों को ले चलते हैं। (एवम् एव एषा व्याहृतिः सर्वान् वेदान् अभिवहन्ति [=अभिवहति], ओ३म् इति ऋचाम्, ओ१म् इति यजुषाम्, ओ१म् इति साम्नाम् ओ१म् इति सर्वस्य अभिवादः आह) और इसी प्रकार से ही यह व्याहृति [ओम्] सब वेदों को ले चलती है, ओ३म् यह ऋग्वेद मन्त्रों का, ओ१म् यह यजुर्वेद मन्त्रों का, ओ१म् यह सामवेद मन्त्रों का, ओ१म् यह सब प्रणाम योग्य कहा जाता है, (तं ह स्म एतत् उत्तरं यज्ञे विद्वांसः कुर्वन्ति) और उस ही [ओङ्कार] को यज्ञ में विद्वान् लोग अधिक उत्कृष्ट करते हैं। (देवाः ब्रह्माणः आगच्छत आगच्छत, इति एते वै देवाः ब्रह्माणः, यत् भृग्वङ्गिरसः, एतत् गृणानान् तान् एव वृणानान् तान् ह्वयन्तः मन्यन्ते न अन्यः [मन्यते]) हे विद्वान् ! ब्रह्मज्ञानियो ! आओ आओ, यही विद्वान् ब्रह्मज्ञानी लोग हैं, जो भृग्वङ्गिरा [परिपक्व ज्ञानवाले चारों वेद] हैं, स्तुति किये जाते उन को ही और स्वीकार किये जाते हुये उन को इस प्रकार बुलाते हुये माने जाते हैं, और दूसरा नहीं [माना जाता है]। (भृग्वङ्गिरोवित् वृतः यज्ञम् आगच्छन् यज्ञस्य तेजसा तेजः आप्नोति, ऊर्जया ऊर्जां, यशसा यशः न अन्यः) चारों वेद जानने वाला चुना हुआ पुरुष यज्ञ में आता हुआ यज्ञ के तेज से तेज, बल से बल, यश से यश पाता है, और दूसरा [बिना चुना हुआ] नहीं। (भृग्वङ्गिरोवित् अवृतः यज्ञम् आगच्छेत्, यज्ञं नत् परिमुष्णीयात् इति) चारो वेद जानने वाला बिना चुना हुआ पुरुष यज्ञ में आवे वह यज्ञ को कभी न चुरावे। (तत् यथा वत्सः पूर्वम् अधीत्य गां धयेत्, एवं ब्रह्मा भृग्वङ्गिरोवित् अवृतः यज्ञम् आगच्छेत् यज्ञं नत् परिमुष्णीयात् इति) सो जैसे बछड़ा [दोहने से] पहिले आकर गाय को पी लेवे, ऐसे ही ब्रह्मा चारों वेद जाननेवाला यज्ञ में आवे वह कभी यज्ञ को न चुरावे। (तत्—यथा गौः वा,

---

वायुसूर्य्यादिदिव्यपदार्थान् (आह) कर्मण्यर्थे। कथ्यते (अभिवादः) अर्श आद्यच् । प्रणामयोग्यः (उत्तरम्) उन्नततरम् (गृणानान) कर्मण्यर्थे । ग्रियमाणान् । स्तूयमानान् (तान्) वेदान् (वृणानान्) कर्मण्यर्थे । व्रियमाणान्। स्वीकरणीयान् (ह्वयन्तः) आह्वयन्तः । उच्चारयन्तः (मन्यन्ते) ज्ञायन्ते (अन्यः) भिन्नः (वृतः) स्वीकृतः (ऊर्जया) पराक्रमेण (अवृतः) अस्वीकृतः (नेत्) नैव (परिमुष्णीयात्) अपहरेत् । नाशयेत् (पूर्वम्) दोहनात् पूर्वम् (वत्सः) गोशिशुः (अधीत्य) आगत्य (धयेत्) धेट् पाने । पिबेत् (अभ्यश्नुयात्) प्राप्नुयात् ॥

अश्वः वा, अश्वतरः वा एकपात् द्विपात् त्रिपात् इति स्यात् किम् अभिवहेत् किम् अभ्यश्नुयात् इति) सो जैसे बैल वा घोड़ा वा खच्चर एक पांव वाला, दो पांववाला, वा तीन पांव वाला होवे, वह क्या ले जावे और किस स्थान पर पहुंचे। (तस्मात् ऋग्विदम् एव होतारं वृणीष्व, यजुर्विदम् अध्वर्युं, सामविदम् उद्गातारम्, अथर्वाङ्गिरोविदं ब्रह्माणम्) इस लिये ऋग्वेद जानने वाले को ही होता चुन, यजुर्वेद जानने वाले को अध्वर्यु, सामवेद जानने वाले को उद्गाता और अथर्वाङ्गिरा [चारों वेद] जानने वाले को ब्रह्मा। (तथा ह अस्य यज्ञः चतुर्षु लोकेषु चतुर्षु देवेषु चतुर्षु वेदेषु चतसृषु होत्राषु चतुष्पात् यज्ञः प्रतिष्ठति) उस प्रकार से ही इस [यजमान] का यज्ञ चार लोकों में, चार देवों में, चार वेदों में, चार ऋत्विजों की क्रियाओं में ठहरता है [देखो गो० पू० २। १६ और २४]। (प्रजया पशुभिः प्रतितिष्ठति यः एवं वेद, यः च एवम् ऋत्विजाम् आर्त्विज्यं वेद यः च यज्ञे यजनीयं वेद इति ब्राह्मणम्) वह प्रजा से और पशुओं से प्रतिष्ठा पाता है, जो ऐसा जानता है और जो ऋत्विजों के ऋत्विज कर्म को जानता है और जो यज्ञ में पूजनीय व्यवहार जानता है, यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ १ ॥

भावार्थ—वेदवेत्ता यज्ञकुशल पुरुष ही आदरणीय होवें ॥ १ ॥

कण्डिका २ ॥

प्रजापतिर्यज्ञमतनुत, स ऋचैव हौत्रमकरोत्, यजुषाध्वर्य्यवं, साम्नौद्गात्रमथर्वाङ्गिरोभिर्ब्रह्मत्वं, तं वा एतं महावाद्यं कुरुते, यदृचैव हौत्रमकरोद्यजुषाध्वर्य्यवं साम्नौद्गात्रमथर्वाङ्गिरोभिर्ब्रह्मत्वं स वा एष त्रिभिर्वेदैर्यज्ञस्यान्यतरः पक्षः संस्क्रियते मनसैव ब्रह्मा यज्ञस्यान्यतरं पक्षं संस्करोत्ययमु वै यः पवते स यज्ञस्तस्य मनश्च वाक् च वर्त्ततिर्मनसा चैव हि वाचा च यज्ञे बहुत्यत एव मन इयमेव वाक् स यद्वदन्नास्ति विद्यादर्द्धं मेऽस्य यज्ञस्यान्तरगादिति, तद्यथैकपात् पुरुषो यन्नेकचक्रो वा रथो वर्त्तमानो भ्रेषं न्येत्येवमेवास्य यज्ञो भ्रेषं न्येति, यज्ञस्य भ्रेषमनु यजमानो भ्रेषं न्येति, यजमानस्य भ्रेषमन्वृत्विजो भ्रेषं नियन्ति, ऋत्विजां भ्रेषमनु दक्षिणा भ्रेषं नियन्ति, दक्षिणानां भ्रेषमनु यजमानः पुत्रपशुभिर्भ्रेषं न्येति, पुत्रपशूनां भ्रेषमनु यजमानः स्वर्गेण लोकेन भ्रेषं न्येति स्वर्गस्य लोकस्य भ्रेषमनु तस्यार्द्धस्य योगक्षेमो भ्रेषं न्येति, यस्मिन्नर्द्धे यजन्त इति ब्राह्मणम् ॥ २ ॥

कण्डिका २ ॥ चतुर्वेदी चार ऋत्विजों के बिना यज्ञ गिर जाता है ॥

(प्रजापतिः यज्ञम् अतनुत) प्रजापति [प्रजापालक परमेश्वर वा यजमान] ने यज्ञ फैलाया । (सः ऋचा एव हौत्रम् अकरोत्, यजुषा आध्वर्य्यवं, साम्ना औद्गात्रम्, अथर्वाङ्गिरोभिः ब्रह्मत्वम) उस [प्रजापति] ने ऋग्वेद से ही होता का कर्म किया, यजुर्वेद से अध्वर्य्यु का कर्म, सामवेद से उद्गाता का कर्म और अथर्वाङ्गिराओं [निश्चल ज्ञान वाले चारों वेदों] से ब्रह्मा का काम । (तं वै एतं महावाद्यं कुरुते यत् ऋचा एव हौत्रम् अकरोत्, यजुषा आध्वर्य्यवं, साम्ना औद्गात्रम् अथर्वाङ्गिरोभिः ब्रह्मत्वम्) उस ही इस [यज्ञ] को उस ने अति प्रशंसनीय किया है, जिसने ऋग्वेद से होता का कर्म किया है, यजुर्वेद से अध्वर्य्यु का कर्म, सामवेद से उद्गाता का कर्म और निश्चल ज्ञान वाले चारों-वेदों से ब्रह्मा का कर्म । (त्रिभिः वेदैः यज्ञस्य सः वै एषः अन्यतरः पक्षः संस्क्रियते, मनसा एव ब्रह्मा यज्ञस्य अन्यतरं पक्षं संस्करोति) तीनों वेदों [त्रयी विद्या] से यज्ञ का वही कोई सा पक्ष [भाग] सिद्ध किया जाता है, मन से ही ब्रह्मा किसी ही पक्ष को सिद्ध करता है । (अयम् उ वै यः पवते सः यज्ञः) और यह जो चलता है, वह यज्ञ है । (तस्य मनः च वाक् च वर्तनिः) उस [ब्रह्मा] का मन और वाणी प्रवृत्ति मार्ग है । (मनसा च एव हि वाचा च यज्ञे वहति, अतः एव मनः इयम् एव वाक्) मन से और वाणी से ही वह यज्ञ में चलता है, इस से ही मन यही वाणी है । (सः यत् वदन् न अस्ति विद्यात् मे अस्य यज्ञस्य अर्द्धम् अन्तः अगात् इति) जो वह [ब्रह्मा] बताता हुआ नहीं रहता है, वह जाने कि मेरे इस यज्ञ की ऋद्धि [सम्पत्ति] छिप गई । (तत् यथा एकपात् पुरुषः यन्, एकचक्रः रथः वा वर्तमानः भ्रेषं न्येति एवम् एव अस्य यज्ञः भ्रेषं न्येति) और जैसे एक पांव वाला पुरुष जाता हुआ अथवा एक पहिये वाला रथ चलता हुआ गिर जाता है, वैसे ही इस का यज्ञ गिर जाता है । (यज्ञस्य भ्रेषम् अनु यजमानः भ्रेषं न्येति) यज्ञ के गिराव के साथ यजमान गिर जाता है । (यजमानस्य भ्रेषम् अनु ऋत्विजः भ्रेषं नियन्ति) यजमान के गिराव के समय

२—(अतनुत) व्यस्तारयत् (महावाद्यम्) अतिशयेन कथनीयम् । प्रशंसनीयम् (अन्यतरः) अन्यतमः । बहूनां मध्ये निर्धारित एकः (पक्षः) भागः (संस्क्रियते) सम्पाद्यते (संस्करोति) सम्यक् सम्पादयति (पवते) गच्छति-निरु० २ । ४ (वर्त्तनिः) प्रवृत्तिमार्गः (वदन्) कथयन् (अर्द्धम्) पू० १ । १३ । ऋद्धिम् । संपत्तिम् (अन्तः) मध्ये (यन्) इण गतौ—शतृ । गच्छन् (भ्रेषम्)

ऋत्वियज लोग गिर जाते हैं । (ऋत्विजां भ्रेषम् अनु दक्षिणाः भ्रेषं नियन्ति) ऋत्विजों के गिराव के साथ दक्षिणायें गिर जाती हैं । (दक्षिणानाम् भ्रेषम् अनु यजमानः पुत्रपशुभिः भ्रेषं न्येति) दक्षिणाओं के गिराव के साथ यजमान पुत्र और पशुओं सहित गिर जाता है । (पुत्रपशूनां भ्रेषम् अनु यजमानः स्वर्गेण लोकेन भ्रेषं न्येति) पुत्र और पशुओं के गिराव के साथ यजमान स्वर्गलोक से गिर जाता है । (स्वर्गस्य लोकस्य भ्रेषम् अनु तस्य अर्द्धस्य योगक्षेमः भ्रेषं न्येति, यस्मिन् अर्द्धे यजन्ते इति ब्राह्मणम्) स्वर्गलोक के गिराव के साथ उस की सम्पत्ति का योगक्षेम [पाने योग्य का पाना और पाये हुये का बचाना] गिर जाता है, जिस सम्पत्ति में लोग यज्ञ करते हैं—यह ब्राह्मण [वेदज्ञान] है [इस कण्डिका का मिलान करो—गोपथ पू० १ । १३] ॥ २ ॥

भावार्थ—कर्मकुशल ऋत्विजों के न होने से यज्ञ में विघ्न पड़ता है ॥२॥

कण्डिका ३ ॥

तदु ह स्माह श्वेतकेतुरारुणेयो ब्रह्माणं दृष्ट्वा भाषमाणमर्द्धं मेऽस्य यज्ञस्यान्तरगादिति, तस्माद्ब्रह्मा स्तुते बहिःपवमाने वाचोयम्यमुपांश्वन्तर्याममाभ्यामथ ये पवमान उदूचुस्तेष्वथ यानि च स्तोत्राणि च शस्त्राण्यावषट्कारात्तेषु स यद्ब्रूको भ्रेषन्नियच्छेद्भूर्जनदिति गार्हपत्ये जुहुयात्, यदि यजुष्ट ओं भुवो जनदिति दक्षिणाग्नौ जुहुयात्, यदि सामत ओं स्वर्जनदित्याहवनीये जुहुयात्, यद्यनाज्ञाता ब्रह्मता ओं भूर्भुवः स्वर्जनदोमित्याहवनीय एव जुहुयात्, तद्वाकोवाक्यस्यर्च्चां यजुषां साम्नामथर्वाङ्गिरसामथापि वेदानां रसेन यज्ञस्य विरिष्टं सन्धीयते, तद्यथा लवणेनेत्युक्तं, तद्यथा उभयपात्पुरुषो यत्रुभयचक्रो वा रथो वर्त्तमानोऽभ्रेषं न्येत्येवमेवास्य यज्ञोऽभ्रेष न्येति, यज्ञस्याभ्रेषमनु यजमानोऽभ्रेषं न्येति, यजमानस्याभ्रेषमन्वृत्विजोऽभ्रेषं नियन्ति, ऋत्विजामभ्रेषमनु दक्षिणा अभ्रेषं नियन्ति, दक्षिणानामभ्रेषमनुयजमानः पुत्रपशुभिरभ्रेषं न्येति, पुत्रपशूनामभ्रेषमनु यजमानः स्वर्गेण लोकेनाभ्रेषं न्येति, स्वर्गस्य लोकस्याभ्रेषमनु तस्यार्द्धस्य योगक्षेमोऽभ्रेषं न्येति, यस्मिन्नर्द्धे यजन्त इति ब्राह्मणम् ॥ ३ ॥

कण्डिका ३ ॥ यज्ञ में त्रुटि होने पर प्रायश्चित्त ॥

(आरुणेयः श्वेतकेतुः तत् उ स्म ब्रह्माणं भाषमाणं दृष्ट्वा आह मे अस्य

भ्रेष चलने—भ्रस् । अधःपतनम् (न्येति) निश्चयेन प्राप्नोति (अर्द्धस्य) सम्पत्तेः (योगक्षेमः) गो० पू० १ । १३ । प्राप्तस्य रक्षणम् ॥

यज्ञस्य अर्द्धम् अन्तर् अगात् इति) अरुण का पुत्र श्वेतकेतु तब ही ब्रह्मा को बोलते हुये देख कर कहने लगा—मेरे इस यज्ञ का आधा भाग छिप गया। (तस्मात् ब्रह्मा वहिःपवमाने वाचोयम्यम् उपांशु यामाभ्याम् अन्तर् स्तुते) इस लिये ब्रह्मा दो वहिःपवमान स्तोत्र को वाणी रोक कर चुपचाप दो पहर तक बोलता है। (अथ ये पवमाने उदूचुः तेषु, अथ यानि च स्तोत्राणि च शस्त्राणि आवषट्कारात् तेषु सः यत् ऋक्तः भ्रेषं नियच्छेत् ओं भूः जनत् इति गार्हपत्ये जुहुयात्) और जो पुरुष दो पवमान स्तोत्रों को बोलें उनमें, और जो स्तोत्र और शस्त्र वषट्कार के साथ यज्ञ समाप्ति तक होते हैं उन में, वह [ब्रह्मा] जो ऋग्वेद से गिराव [त्रुटि] को रोके, ओम् भूः जनत्—इन [व्याहृतियों] से गार्हपत्य अग्नि में हवन करे। (यदि यजुष्टः ओं भुवः जनत् इति दक्षिणाग्नौ जुहुयात्) जो यजुर्वेद से [त्रुटि को रोके]—ओम् भुवः जनत्—इन से दक्षिणाग्नि में हवन करे। (यदि सामतः, ओं स्वः जनत् इति आहवनीये जुहुयात्) जो सामवेद से [त्रुटि को रोके]—ओं स्वः जनत्—इन से आहवनीय अग्नि में हवन करे। (यदि अनाज्ञाताः ब्रह्मणः, ओं भूः भुवः स्वः जनत् ओम् इति आहवनीये एव जुहुयात्) जो न जानी हुई ब्रह्मा की क्रियाओं को [रोके]—ओम् भूः भुवः स्वः जनत्—इन [व्याहृतियों] से आहवनीय अग्नि में ही हवन करे। (तत् ऋचां, यजुषां, साम्नाम्, अथर्वाङ्गिरसां वाकस्य वाकः) वह ऋग्वेद मन्त्रों के, यजुर्वेद मन्त्रों के, सामवेद मन्त्रों के और चारों वेद मन्त्रों के वाक्य [पदसमूह] का वाक [उच्चारण सामर्थ्य] है। (अथ अपि वेदानां रसेन यज्ञस्य विरिष्टम् सन्धीयते, तत् यथा लवणेन इति उक्तम्) तब ही वेदों के रस [ध्वनि] से यज्ञ का दोष सुधर जाता है। सो जैसे लवण [खार] के साथ यह कहा गया है [गोपथ पू० १ । १४], (तत् यथा उभयपात् पुरुषः यन्, उभयचक्रः रथः वा वर्तमानः अभ्रेषं न्येति एवम् एव अस्य यज्ञः अभ्रेषं न्येति) सो जैसे दो पांव वाला पुरुष चलता हुआ, अथवा दो पहिये वाला रथ वर्त्तमान [जाता हुआ] अचलता [स्थिरता] पाता है, वैसे ही इस [यजमान] का यज्ञ निश्चलता पाता है। (यज्ञस्य अभ्रेषम् अनु यजमानः अभ्रेषं न्येति) यज्ञ

३—(आरुणेयः) अरुण - ढक्। अरुणस्य पुत्रः (अन्तर्) अदर्शनम्। मध्ये (स्तुते) स्तौति (वहिः पवमाने) स्तोत्रविशेषद्वयम् (वाचोयम्यम्) यम् नियमने —यत्। वाचः वाण्याः यम्यं यमनं निरोधं कृत्वा (उपांशु) अप्रकाशे गुप्ते (यामाभ्याम्) प्रहराभ्याम् (उदूचुः) उच्चारितवन्तः (आवषट्कारात्) वषट्

की निश्चलता के साथ यजमान निश्चलता पाता है । (यजमानस्य अभ्रेषम् अनु ऋत्विजः अभ्रेषं नियन्ति) यजमान की निश्चलता के साथ ऋत्विज लोग निश्चलता पाते हैं । (ऋत्विजाम् अभ्रेषम् अनु दक्षिणाः अभ्रेषं नियन्ति) ऋत्विजो की निश्चलता के साथ दक्षिणायें निश्चलता पाती हैं । (दक्षिणानाम् अभ्रेषम् अनु यजमानः पुत्रपशुभिः अभ्रेषं न्येति) दक्षिणाओं की निश्चलता के साथ यजमान पुत्रों और पशुओं सहित निश्चलता पाता है । (पुत्रपशूनाम् अभ्रेषम् अनु यजमानः स्वर्गेण लोकेन अभ्रेषं न्येति) पुत्रों और पशुओं की निश्चलता के साथ यजमान स्वर्ग लोक के सहित निश्चलता पाता है । (स्वर्गस्य लोकस्य अभ्रेषम् अनु तस्य अर्द्धस्य योगक्षेमः अभ्रेषं न्येति, यस्मिन् अर्द्धे यजन्ते इति ब्राह्मणम्) स्वर्ग लोक की निश्चलता के साथ उस [यजमान] की ऋद्धि [सम्पत्ति] का योगक्षेम [पाने योग्य का पाना और पाये हुये का बचाना] निश्चलता पाता है, जिस सम्पत्ति में वे यज्ञ करते हैं, यह ब्राह्मण [वेदज्ञान] है ॥ ३ ॥

भावार्थ—यज्ञ में त्रुटि का प्रायश्चित्त कर देने से यज्ञ की सिद्धि और यजमान की वृद्धि होती है ॥ ३ ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका को मिलाओ—गो० पू० १ । १४ और ऐतरेय ब्राह्मण ५ । ३४ ॥

कण्डिका ४ ॥

तद्यदौदुम्बर्यान्म आसिष्ट, हिङ्कृणोत् मे प्रास्तावीन्म उदके आसीत् मे सुब्रह्मण्यामाह्वासीदित्युद्गात्रे दक्षिणा नीयन्ते, ग्रहान् मेऽग्रहीत् प्राचारीन्मेऽशुश्रुवन् मे समनसस्कार्षीदयाक्षीन्मेऽशांसीन्मेऽवषट्कार्षीन्म इत्यध्वर्य्यवे, होतृषदन आसिष्ट, अयाक्षीन्मेऽशांसीन्मेऽवषट्कार्षीन्म इति होत्रे, देवयजनं मेऽचीकृपद् ब्रह्मा सादं मेऽस्वीसृपद् ब्रह्मन्नपान्मेऽजपीत् पुरस्ताद्धोम-संस्थित होमान्मेऽहौषादयाक्षीन्मेऽशाँसीन्मेऽवषट् कार्षीन् म इति ब्रह्मणे भूयिष्ठेन मा ब्रह्मणाकार्षीदित्येतद्वै भूयिष्ठं ब्रह्म यद्ऋग्वाङ्गिरसः, येऽङ्गिरसो येऽङ्गिरसः स रसः, येऽथ-

---

कारेण यज्ञसमाप्तिपर्यन्तम् (भ्रेषम्) अधःपतनम् (नियच्छेत्) यम नियमने—वि० लि० । नियमे कुर्यात् । अवरुन्धेत (वाकः) गो० पू० १ । ३० । वचनसामर्थ्यम् (वाक्यस्य) गो० पू० १ । ३० । पदसमूहस्य (यन्) गच्छन् (अभ्रेषम्) अचलनम् । दृढत्वम् । स्थिरताम् ।

र्वाणो येऽथर्वाणस्तद्भेषजं, यद्भेषज तदमृतं, यदमृतं तद् ब्रह्म, स वा एष पूर्वेषामृत्विजामर्द्धभागस्यार्द्धमितरेषामर्द्धं ब्रह्मण इति ब्राह्मणम् ॥ ४ ॥

कण्डिका ४ ॥ ऋत्विजों के कर्म जिन में वे दक्षिणा पाते हैं ॥

(तत् यत् औदुम्बर्य्यां मे आसिष्ट, हिङ्कृणोत् मे, प्रास्तावीत् मे, उदगे आसीत् मे, सुब्रह्मण्याम् आह्वासीत् इति उद्गात्रे दक्षिणाः नीयन्ते) वह जो [उद्गाता] औदुम्बरी [गूलर के मचान] पर मेरे [यजमान के] लिये बैठा, मेरे लिये हिङ् शब्द किया, मेरे लिये स्तुति की, मेरे लिये जल में हुआ, सुब्रह्मण्या [भली भांति ब्रह्म को बताने वाली ऋचा] बोला, इस लिये उद्गाता को दक्षिणायें दी जाती हैं । (ग्रहान् मे अग्रहीत्, प्राचारीत् मे, अशुश्रुवत् मे, संमनसः कार्षीत्, अयाक्षीत् मे, अशांसीत् मे, अवषट्कार्षीत् मे, इति अध्वर्यवे) [जिस लिये अध्वर्यु ने] ग्रहों [सोमपात्रों] को मेरे लिये ग्रहण किया, मेरे लिये प्रचार किया, मेरे लिये-[वेदमन्त्र] सुनवाये, [लोगों को] समान मन वाला किया, मेरे लिये यज्ञ किया, मेरे लिये स्तुति की, मेरे लिये वषट् [समाप्ति का शब्द] किया, इस लिये अध्वर्यु को [दक्षिणायें लायी जाती हैं] । (होतृषदने आसिष्ट, अयाक्षीत् मे, अशांसीत् मे, अवषट्कार्षीत् मे, इति होत्रे) [जिस लिये होता] होतृसदन में बैठा, मेरे लिये यज्ञ किया, मेरे लिये स्तुति की, मेरे लिये वषट्कार किया, इस लिये होता को [दक्षिणायें लायी जाती हैं] । (ब्रह्मा देवयजनं मे अचीकृपत्, सादं मे असीसृपत् ब्रह्मजपान् मे अजपीत्, पुरस्ताद्धोमसंस्थितहोमान् मे अहौषीत्, अयाक्षीत् मे, अशांसीत् मे, अवषट्कार्षीत् मे, इति ब्रह्मणे) [जिस लिये] ब्रह्मा ने देवयजन मेरे लिये ठीक बनाया,

---

४—(औदुम्बर्य्याम्) पृभिदिव्यधि० । उ० १ । २३ । उड संहतौ संहनने समूहे वा, सौत्रो धातुः—कु । संज्ञायां भृतृ वृ० । पा० ३ । २ । ४६ । उडु+वृञ् वरणे—खच् । मुम् च डस्य दः, वस्य बः । ततः अण् ङीप् । उदुम्बरकाष्ठनिर्मितायां खट्वायाम् (मे) मदर्थम् (आसिष्ट) आसु उपवेशने—लुङ् । उपविष्टवान् (अस्तावीत्) स्तुतवान् (आसीत्) अभवत् (सुब्रह्मण्याम्) तत्र साधुः । पा० ४ । ४ । ९८ । सुब्रह्मन्—यत्, टाप् । सुब्रह्मणि सुष्ठु वेदज्ञाने प्रवृत्ताम् स्तुतिम् ऋचं वा (आह्वासीत्) आ+ह्वेञ् शब्दे—लुङ् । आहूतवान् (नीयन्ते) प्राप्यन्ते । दीयन्ते (ग्रहान्) सोमपात्राणि (अशुश्रुवन्) श्रु श्रवणे—णिच्, लुङ् । श्रावितवान् (समनसः) समानहृदयान् (अशांसीत्) शंसु स्तुतौ—

मेरे लिये स्थान पहुंचाया, मेरे लिये वेद के जप जपे, मेरे लिये पुरस्तात्होम और संस्थितहोमों को हवन किया, मेरे लिये यज्ञ किया, मेरे लिये स्तुति की, मेरे लिये वषट् [यज्ञ समाप्ति का शब्द] किया, इस लिये ब्रह्मा को [दक्षिणायें दी जाती हैं]। (भूयिष्ठेन ब्रह्मणा मा अकार्षीत् इति एतत् वै भूयिष्ठं ब्रह्म यत् भृग्वङ्गिरसः) [ब्रह्मा ने] बहुत अधिक ब्रह्मज्ञान के साथ मुझे किया है, यही बहुत अधिक ब्रह्मज्ञान है, जो भृगु अङ्गिरा [परिपक्व ज्ञान वाले चारो वेद] हैं। (ये अङ्गिरसः ये अङ्गिरसः सः रसः,) जो अङ्गिरस [ज्ञान वाले चारो वेद] हैं, जो अङ्गिरस [ज्ञान वाले चारो वेद] हैं, वह रस है। (ये अथर्वाणः ये अथर्वाणः तद् भेषजम्) जो अथर्वा [निश्चल ज्ञान वाले चारो वेद] हैं, जो अथर्वा [निश्चल ज्ञान वाले चारो वेद] हैं; वह औषध है। (यत् भेषजं तत् अमृतं यत् अमृतं तत् ब्रह्म, सः वै एषः) जो औषध है वही अमृत है, जो अमृत है वह ब्रह्म [वेद ज्ञान] है, वही [ज्ञान स्वरूप] यह [ब्रह्मा] है। (पूर्वेषाम् ऋत्विजाम् अर्द्धभागस्य अर्द्धम् इतरेषाम् ब्रह्मणः अर्द्धम् इति ब्राह्मणम्) पहिले ऋत्विजों की सम्पत्ति के भाग का आधा दूसरों [उद्गाता, अध्वर्यु और होता] का है और आधा ब्रह्मा का है; यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ ४ ॥

भावार्थ—चार ऋत्विजों में ब्रह्मा चतुर्वेदी और यज्ञविधान दर्शक होता है और शेष तीन एक एक वेद वाले होते हैं, इस लिये यजमान ब्रह्मा का औरों से उच्च पद जाने और उस का अधिक सत्कार करे ॥ ४ ॥

कण्डिका ५ ॥

देवाश्च ह वा असुराश्च संग्रामं समयतन्त, तत्रैतास्तिस्रो होत्रका जिह्मं प्रतिपेदिरे, तासामिन्द्र उच्छानि सामानि लुलोप, तानि होत्रे प्रायच्छदाज्यं ह वै होतुर्बभूव, प्रउगं पोतुर्वैश्वदेवं ह वै होतुर्बभूव, निष्केवल्यं नेष्टुर्मरुत्वतीयं ह वै होतुर्बभूव, आग्निमारुतमाग्नीध्रस्य, तस्मादेतदभ्यस्ततरमिव शस्यते यदाग्नि-मारुतं यस्मादेते संशंसुका इव भवन्ति यद्धोता पोता नेष्टाग्नीध्रो मुमीहे वसीत

लुङ । स्तुतवान् (अवषट्कार्षीत्) वषट्कार, नामधातुः—लुङ् । वषट् शब्दम् अकार्षीत् (अचीकृपत्) समर्थं योग्यं कृतवान् (सादम्) स्थानम् (असीसृपत्) सृप्लृ गतौ—णिच्—लुङ् । अगमयत् । प्रापितवान् (भूयिष्ठेन) बहुतमेन (ब्रह्मणा) वेदज्ञानेन (भेषजम्) औषधम् (अर्द्धम्) ऋधु वृद्धौ—घञ्। द्वयो-र्मध्ये समभागः । समृद्धिः ॥

तद् ब्रह्मेयसामिवास तासामर्द्धं प्रतिलुलोप प्रथमार्हणञ्च प्रथमपदञ्चैतद्दक्षिणाञ्चै-तत्परिशिषेदेदिति ब्राह्मणम् ॥ ५ ॥

कण्डिका ५ ॥ तीन ऋत्विजों से यज्ञ करना ॥

(देवाः च ह वै असुराः च संग्रामं समयतन्त) देवता और असुर लोग संग्राम में जुटे [विद्वान् और अविद्वान् ऋत्विज लड़ने लगे] । (तत्र एताः तिस्रः होत्रकाः जिह्मं प्रतिपेदिरे) उस [संग्राम] में इन तीन होताओं ने कुटिलता विचारी । (तासाम् इन्द्रः उच्छानि सामानि लुलोप) इन्द्र ने उन [ऋत्विजों] के एकत्र किये हुये साम स्तोत्रों को तोड़ डाला । (तानि होत्रे प्रायच्छत्) उस [इन्द्र] ने उन [स्तोत्रों] को होता को दे दिया । (आज्यं ह वै होतुः बभूव) वही [स्तोत्र] आज्य [घृत स्तोत्र] होता का हुआ, (पोतुः प्रउगं होतुः वैश्व-देवं ह वै बभूव) वही [स्तोत्र] पोता [शोधने वाले ऋत्विज] का प्रउग [प्रयोजनीय स्तोत्र] होता का ही वैश्वदेव [स्तोत्र] हुआ, (नेष्टुः निष्केवल्यं ह वै होतुः मरुत्वतीयं बभूव आग्नीध्रस्य आग्निमारुतम्) वही [स्तोत्र] नेष्टा [नायक ऋत्विज] का निष्केवल्य स्तोत्र ही होता का मरुत्वतीय [स्तोत्र] हुआ, और आग्नीध्र [अग्नि प्रकाशक ऋत्विज] का आग्निमारुत [स्तोत्र हुआ], (तस्मात् एतत् अभ्यस्ततरम् इव शस्यते यत् आग्निमारुतम्) इस लिये यह [स्तोत्र] अधिक बार बार ही बोला जाता है, जो आग्निमारुत है । (यस्मात् एते संशंसुकाः इव भवन्ति यत् होता पोता नेष्टा आग्नीध्रः सुमोहे [=सुमोहे] वसीत) जिस कारण यह सब लोग संशंसुक [मिल कर स्तुति करने वाले] ही होते हैं, जो होता पोता, नेष्टा और आग्नीध्र बड़े मोह में घिर जावें, (तत्

५—(होत्रकाः) होत्रा-कन्, टाप् स्त्रीलिङ्गः । होत्राः-गो० पू० २ । १६ । ऋत्विजः (जिह्मम्) जहातेः सन्वदाकारलोपश्च । उ० १ । १४१ । ओहाक् त्यागे-मन् । कुटिलभावम् । मन्दत्वम् (प्रतिपेदिरे) प्रतिपादितवन्तः । आचरितवन्तः (उच्छानि) उच्छि कणशआदाने—घञ् । संगृहीतानि (सामानि) सामवेद-स्तोत्राणि (लुलोप) लुपॢ छेदने—लिट् । छिन्नवान् (प्रउगम्) उञ्छादीनां च । पा० ६ । १ । ६० । प्र+युजिर् योगे-घञ्, अगुणः, कुत्वं यलोपः । प्रयोगार्हं स्तोत्रम् (निष्केवल्यम्) इन्द्रस्य शस्त्रं स्तोत्रम् (नेष्टुः) नप्तृनेष्टृत्वष्टृ० । उ० २ । ९५ । णीञ् प्रापणे—तृन्, षुक् च । नयनकर्तुः । ऋत्विग्विशेषस्य (मरुत्व-तीयम्) मध्वादिभ्यश्च । पा० ४ । २ । ८६ । मरुत्—मतुप्, मस्य वः । मरुत्वत्-

ब्रह्मा इयसाम् आस इव) और तब ब्रह्मा उदासीन ? सा हुआ । (तासाम् अर्धं प्रतिलुलोप) उन [होत्रक लोगों का आधा भाग उस [इन्द्र यजमान] ने काट दिया । (एतत् प्रथमार्हणं च प्रथमपदं च एतत् दक्षिणां च परिशिषेदेत् इति ब्राह्मणम्) इस कारण प्रथम पूजन और प्रथम पद [ब्रह्मा पद] को और इस कारण दक्षिणा को प्रतिषेध करे [रोक देवे]—यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ ५ ॥

भावार्थ—इस कण्डिका का शब्दार्थ समझ में नहीं आया, विद्वान् लोग विचार लेवें । भाव यह जान पड़ता है कि ब्रह्मा के अभाव में यज्ञ पूरा पूरा सिद्ध नहीं होता, इस लिये सहायक ऋत्विजों को आधी दक्षिणा दी जावे और आधा बचा ली जावे ॥ ५ ॥

कण्डिका ६ ॥

उद्दालको ह वा आरुणिरुदीच्यान् वृतो धावयाञ्चकार, तस्य ह निष्क उपाहिता बभूव, उपवादाद् बिभ्यतो, यो मा ब्राह्मणोऽनूचानउपवदिष्यति तस्मा एतं प्रदास्यामीति, तद्धोदीच्यान् ब्राह्मणान् भयं बिभेद उद्दालको ह वा अयमायाति, कौरुपाञ्चाला ब्रह्मा ब्रह्मपुत्रः स ऊर्द्धं वृतो न पर्य्यादधीत केनेमं वीरेण प्रतिसंयतामहा इति, तं यत एव प्रपन्नं दध्रे तत एवमनुप्रतिपेदिरे, तं ह स्वैदायनं शौनकमूचुः, स्वैदायन त्वं वै नो ब्रह्मिष्ठोऽसीति त्वयेमं वीरेण प्रतिसंयतामहा इति, तं यत एव प्रपन्नं दध्रे तत एवमनुप्रतिपेदिरे, तं ह स्वैदायना इत्यामन्त्रयामास, स हो गोतमस्य पुत्रेतीतिहास्मा असूयात्, प्रतिश्रुतं प्रतिशुश्राव, स वै गोतमस्य पुत्र ऊर्द्ध्वं वृतोऽधावीत् ॥ ६ ॥

छप्रत्ययः । मरुत्वान् इन्द्रः, तस्य स्तोत्रम् (आग्नीध्रस्य) अग्निमिन्धे अग्नीत्, अग्नि+इन्धी दीप्तौ—क्विप् । अग्नीधः शरणे रण् भं च । वा० पा० ४ । ३ । १२० ॥ अग्नीध्—रण् । अग्निप्रदीपकस्य ऋत्विग्विशेषस्य (संशंसुकाः) सम्यक् कर्म उकन् । उ० २ । २६ । सम्+शंसु स्तुतौ—उकन् । संयोगेन स्तोतारः (सुमोहे) प्रमादपाठः । सुमोहे । सु+मुह वैचित्ये—घञ् । महत्यज्ञाने (वसीत) वस आच्छादने । आच्छाद्यते (इयसाम्+आस) ? इयस उदासीनतायां—लिट् ? आर्षप्रयोगः । उदासीनो बभूव (इव) यथा (प्रतिलुलोप) प्रत्यक्षेण लुप्तवान् (प्रथमार्हणम्) अर्ह पूजने योग्यत्वे च—ल्युट् । प्रथमपूजनम् (एतत्) अनेन प्रकारेण (परिशिषेदेत्) विध गत्याम्, अस्यार्षरूपम् । निषेधेत् । वर्जयेत् ॥

कण्डिका ६ ॥ उद्दालक ऋषि का उत्तर वालों से शास्त्रार्थ करने का प्रयत्न ॥

(वृतः आरुणिः उद्दालकः ह वै उदीच्यान् धावयांचक्रार) चुने हुये आरुणि [अरुण के पुत्र] उद्दालक [अज्ञान दलने वाले ऋषि] ने उत्तर निवासियों पर धावा किया । (उपवादात् बिभ्यतः तस्य ह निष्कः उपाहितः बभूव) शास्त्रार्थ से डरते हुये उस [उद्दालक] का हार पण में रक्खा गया था । (यः अनूचानः ब्राह्मणः मा उपवदिष्यति तस्मै एतं प्रदास्यामि इति) [उद्दालक ने कहा] जो अनूचान [अङ्ग उपाङ्ग सहित वेद जानने वाला] ब्राह्मण मुझ से शास्त्रार्थ करेगा उस को यह [हार] दूंगा । (तत् ह उदीच्यान् ब्राह्मणान् भयं विभेद) उस से उत्तर निवासी ब्राह्मणों को भय ने छेद डाला । (अयम् उद्दालकः ह वै आयाति, कौरुपाञ्चालः ब्रह्मा ब्रह्मपुत्रः, सः वृतः ऊद्ध्वं न पर्य्यादधीत इमं केन वीरेण प्रतिसंयतामहै) यह उद्दालक ही आता है, यह कुरु पञ्चाल का रहने वाला ब्रह्मा [चारो वेद जानने वाला], ब्रह्मा का पुत्र है, वह चुना हुआ [हार को] ऊपर न धारण करे, [इस लिये] इस को किस वीर के साथ हम जुटावें । (यतः एव तं प्रपन्नं दध्रे ततः एवम् अनुप्रतिपेदिरे) जो कि उस [उद्दालक] ने उस [हार] को सामने रख दिया था, इस लिये उन्हों ने ऐसा विचार किया । (तं ह स्वैदायनं शौनकम् ऊचुः) उस के विषय में स्वैदायन शौनक से वे बोले—(स्वैदायन त्वं वै नः ब्रह्मिष्ठः असि इति इमं त्वया वीरेण प्रतिसंयतामहै इति) हे स्वैदायन! तू ही हम में बड़ा ब्रह्मज्ञानी है, इस को तुझ वीर के साथ हम जुटावें । (यतः

६—(उद्दालकः) उत्+दल भेदने—घञ्, स्वार्थे कन् । उत्कर्षेन दलति भिनत्ति अज्ञानानि यः । मुनिभेदः (आरुणिः) अरुण—इञ् । अरुणस्य पुत्रः (उदीच्यान्) द्युप्रागपागुदक् प्रतीचो यत् । पा० ४ । २ । १०१ । उदच्—यत् । उत्तरदेशनिवासिनः (निष्कः) वक्षोभूषणम् । हारः (उपाहितः) उप+आ+दधातेः—क्त । पणे आरोपितः (उपवादात्) शास्त्रार्थात् (बिभ्यतः) बिभेतेः—शतृ । भयं गच्छतः पुरुषस्य (अनूचानः) साङ्गोपाङ्गवेदवेत्ता (उपवदिष्यति) उपेत्य कथयिष्यति । शास्त्रार्थं करिष्यति (कौरुपाञ्चालः) तस्य निवासः । पा० ४ । २ । ६९ । कुरुपञ्चाल—अण् । अनुशतिकादीनां च । पा० ७ । ३ । २० । उभयपदादिवृद्धिः । कुरुपञ्चालदेशनिवासी । उद्दालकः (ऊद्ध्वम्) उच्चम् (वृतः) स्वीकृतः (दध्रे) दधार (स्वैदायनम्) स्वेदायन

एव तं प्रपन्नं दध्रे ततः एवं तं ह स्वदायनाः अनुप्रतिपेदिरे इति) जो कि उस [उद्दालक] ने उस [हार] को सामने रख दिया था, इस लिये ऐसा उस के विषय में ही स्वैदायन लोगों ने विचार किया । (सः आमन्त्रयामास हो गोतमस्य पुत्र इति इति ह अस्मै असूयात्) वह [स्वेदायन] बोला—हे गोतम के पुत्र ! आप इस [मुझ] से युद्ध करें । (प्रतिश्रुतं प्रतिशुश्राव) उस [उद्दालक] ने अङ्गीकृत वचन को अङ्गीकार किया । (सः वै गोतमस्य वृतः पुत्रः ऊर्द्ध्वम् अधावीत्) वही गोतम का चुना हुआ पुत्र ऊंचे स्थान को शीघ्र गया ॥ ६ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग परस्पर प्रश्नोत्तर करके ब्रह्मज्ञान की उन्नति करें ॥ ६ ॥

टिप्पणी—बिभ्रतः = बिभ्यतः—एशियाटिक सोसैटी पुस्तक ॥

कण्डिका ७ ॥

यस्तदर्शपूर्णमासयोरूपं विद्यात् कस्मादिमाः प्रजाः शिरस्तः प्रथमं लोमशा जायन्ते १, कस्मादासामपरमिव श्मश्रूण्युपकक्षाण्यन्यानि लोमानि जायन्ते २, यस्तदर्शपूर्णमासयो रूपं विद्यात् कस्मादिमाः प्रजाः शिरस्तः प्रथमं पलिता भवन्ति ३, कस्मादन्ततः सर्वा एव पलिता भवन्ति ४, यस्तदर्शपूर्णमासयो रूपं विद्यात् कस्मादिमाः प्रजा अदन्तिका जायन्ते ५, कस्मादासामपरमिव जायन्ते ६, यस्तद-र्शपूर्णमासयो रूपं विद्यात् कस्मादासां सप्तवर्षाष्टवर्षाणां प्रमिद्यन्ते ७, कस्मादासां पुनरेव जायन्ते ८, कस्मादन्ततः सर्व एव प्रमिद्यन्ते ९, यस्तदर्शपूर्णमासयो रूपं विद्यात् कस्मादधरे दन्ताः पूर्वे जायन्ते १०, पर उत्तरे ११, यस्तदर्शपूर्णमासयो रूपं विद्यात् कस्मादधरे दन्ताः अणीयांसो ह्रसीयांसः १२, प्रथीयांसो वर्षीयांस उत्तरे १३, यस्तदर्शपूर्णमासयो रूपं विद्यात् कस्मादिमौ दंष्ट्रौ दीर्घतरौ १४, कस्मा-त्समे इव जम्भे १५, यस्तदर्शपूर्णमासयो रूपं विद्यात् कस्मादिमे श्रोत्रेऽन्ततः समे इव दीर्णे १६, यस्तदर्शपूर्णमासयो रूपं विद्यात् कस्मात् पुमांसः श्मश्रुवन्तो १७, ऽश्मश्रुवः स्त्रियः १८, यस्तदर्शपूर्णमासयो रूपं विद्यात् कस्मादासां सन्ततमिव

—अण् । स्वेदायनस्य पुत्रम् । (शौनकम्) शुन गतौ—क. ततः कन्, अण् च । ज्ञानवान् । मुनिविशेषः (ब्रह्मिष्ठः) ब्रह्म—इष्ठन् । अतिशयेन ब्रह्मज्ञानी (अस्मै) क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः । पा० १ । ४ । ३७ । असूयात् इति क्रियया सह चतुर्थी (असूयात्) असूञ् उपतापे—वि० लि० । विवादयेत् (प्रतिश्रुतम्) स्वीकृतम् (प्रतिशुश्राव) स्वीकृतवान् ॥

शरीरं भवति १६, कस्मादासामस्थीनि दृढतराणीव भवन्ति २०, यस्तदर्शपूर्णमासयो रूपं विद्यात् कस्मादासां प्रथमे वयसि रेतः सिक्तं न सम्भवति २१, कस्मादासां मध्यमे वयसि रेतः सिक्तं सम्भवति २२, कस्मादासामुत्तमे वयसि रेतः सिक्तं न सम्भवति २३, यस्तदर्शपूर्णमासयो रूपं विद्यात् कस्मादिदं शिश्नमुच्छ्रयति २४, नीचीपद्यते २५, कस्मात्सकृदपानम् २६ ॥ ७ ॥

कण्डिका ७ ॥ अमावस्या और पूर्णमासी के यज्ञ के सम्बन्ध से उद्दालक के शरीर सम्बन्धी प्रश्न ॥

(तत् यः दर्शपूर्णमासयोः रूपं विद्यात्) [उद्दालक ने कहा] सो जो पुरुष अमावस्या और पूर्णमासी के [यज्ञ के] रूप को जाने [वह उत्तर देवे]—(कस्मात् इमाः प्रजाः प्रथमं शिरस्तः लोमशाः जायन्ते १, कस्मात् आसाम् अपरम् इव श्मश्रूणि उपकक्षाणि अन्यानि लोमानि जायन्ते २) कैसे यह सब प्रजायें पहिले शिर पर लोम वाले उत्पन्न होते हैं १, कैसे पीछे से इन के दाढ़ी मूंछ और कांख के और दूसरे लोम उत्पन्न होते हैं २ । (तत् यः दर्शपूर्णमासयोः रूपं विद्यात्) सो जो पुरुष अमावस्या और पूर्णमासी के [यज्ञ के] रूप को जाने [वह उत्तर देवे]—(कस्मात् इमाः प्रजाः प्रथमं शिरस्तः पलिताः भवन्ति ३, कस्मात् अन्ततः सर्वाः एव पलिताः भवन्ति ४) क्यों यह प्रजायें पहिले शिर पर श्वेत हो जाते हैं ३, क्यों अन्त में सब ही श्वेत हो जाते हैं ४ । (यः तत् दर्शपूर्णमासयोः रूपं विद्यात्) सो जो पुरुष अमावस्या और पूर्णमासी के [यज्ञ के] रूप को जाने [वह उत्तर देवे]—(कस्मात् इमाः प्रजाः अदन्तिकाः जायन्ते ५, कस्मात् आसाम् अपरम् इव जायन्ते ६) क्यों यह प्रजायें बिना दांत वाले उत्पन्न होते हैं ५, क्यों इन के [दांत] पीछे निकलते हैं ६ । (तत् यः दर्शपूर्णमासयोः रूपं विद्यात्) सो जो पुरुष अमावस्या और पूर्णमासी के [यज्ञ के] रूप को जाने [वह उत्तर देवे]—कस्मात् आसां सप्तवर्षाष्टवर्षाणां प्रभिद्यन्ते ७, कस्मात् आसां पुनः एव जायन्ते ८, कस्मात् अन्ततः सर्वे एव प्रभिद्यन्ते ९) क्यों इन सात वर्ष आठ वर्ष वालों के [दांत] उखड़ जाते हैं ७, क्यों इन के [दांत] फिर भी निकल आते हैं ८, क्यों अन्त में सभी उखड़ जाते हैं ९ । (तत् यः दर्श-

---

७—(उपकक्षाणि) कक्षसमीपस्थानि (पलिताः) श्वेताः (अदन्तिकाः) दन्तरहिताः (अणीयांसः) अणु—ईयसुन् । अतिसूक्ष्माः (ह्रसीयांसः) ह्रस्व—ईयसुन् । निर्बलतराः । कोमलतराः (प्रथीयांसः) पृथु—ईयसुन् । स्थूलतराः (वर्षीयांसः) वृद्ध—ईयसुन् । वृद्धतराः । सबलतराः (उत्तरे) उपरिस्थाः

पूर्णमासयोः रूपं विद्यात्) सो जो पुरुष अमावस्या और पूर्णमासी के [यज्ञ के] रूप को जाने [वह उत्तर देवे]—(कस्मात् अधरे दन्ताः पूर्वे जायन्ते १०, परे उत्तरे ११) क्यों नीचे वाले दांत पहिले निकलते हैं १०, और पीछे ऊपर वाले ११ । (तत् यः दर्शपूर्णमासयोः रूपं विद्यात्) सो जो पुरुष अमावस्या और पूर्णमासी के [यज्ञ के] रूप को जाने [वह उत्तर देवे]—(कस्मात् अधरे दन्ताः अणीयांसः, ह्रसीयांसः १२, उत्तरे प्रथीयांसः वर्षीयांसः १३) क्यों नीचे वाले दांत अधिक सूक्ष्म और निर्बल होते हैं १२, और ऊपर वाले अधिक चौड़े और सबल होते हैं १३ । (तत् यः दर्शपूर्णमासयोः रूपं विद्यात्) सो जो पुरुष अमावस्या और पूर्णमासी के [यज्ञ के] रूप को जाने [वह उत्तर देवे]—(कस्मात् इमौ दंष्ट्रौ दीर्घतरौ १४, कस्मात् समे इव जम्भे १५) क्यों यह दोनों [सामने के] बड़े दांत अधिक लम्बे होते हैं १४, क्यों दोनों डाढ़ें चौकोर सी हैं १५ । (तत् यः दर्शपूर्णमासयोः रूपं विद्यात्) सो जो पुरुष अमावस्या और पूर्णमासी के [यज्ञ के] रूप को जाने [वह उत्तर देवे]—(कस्मात् इमे श्रोत्रे अन्ततः समे इव दीर्णे १६) क्यों यह दोनों कान अन्त में समान से फटे होते हैं १६ । (तत् यः दर्शपूर्णमासयोः रूपं विद्यात्) सो जो पुरुष अमावस्या और पूर्णमासी के [यज्ञ के] रूप को जाने [वह उत्तर देवे]—(कस्मात् पुमांसः श्मश्रुवन्तः १७, स्त्रियः अश्मश्रवः १८) क्यों पुरुष दाढ़ी मूछ वाले होते हैं १७, और स्त्रियां बिना दाढ़ी मूछवाली १८ । (तत् यः दर्शपूर्णमासयोः रूपं विद्यात्) सो जो पुरुष अमावस्या और पूर्णमासी के [यज्ञ के] रूप को जाने [वह उत्तर देवे]—(कस्मात् आसां शरीरं सन्ततम् इव भवति १९, कस्मात् आसाम् अस्थीनि दृढतराणि इव भवन्ति २०) क्यों इन [प्रजाओं] का शरीर फैला हुआ सा होता है १९, क्यों इन की हड्डियां अधिक दृढ़ होती हैं २० । (तत् यः दर्शपूर्णमासयोः रूपं विद्यात्) सो जो पुरुष अमावस्या और पूर्णमासी के [यज्ञ के] रूप को जाने [वह बतावे]—(कस्मात् आसां प्रथमे वयसि रेतः सिक्तं न सम्भवति २१, कस्मात् आसां मध्यमे वयसि रेतः सिक्तं सम्भवति २२, कस्मात्

(समे) समाने (सन्ततम् विस्तृतम् (सिक्तम्) सिंचितम् (सम्भवति) उत्पद्यते (शिश्नम्) मेढ्रम् (सकृत्) शके ऋतिन् । उ० ४ । ५८ । शक्लृ शक्तौ-ऋतिन् । वा शस्य सः । पुरीषम् । वीर्यम् (अपानम्) अप+अन प्राणने-अच् । अधःपतनशीलम् । अथवा अप+आ+णीञ् प्रापणे—डप्रत्ययः । अधोगमनशीलम् ॥

आसाम् उत्तमे वयसि रेतः सिक्तं न सम्भवति २३) क्यों इन [प्रजाओं] की पहिली अवस्था में वीर्य सींचा हुआ नहीं निकलता है २१, क्यों इन की मध्यम अवस्था में वीर्य सींचा हुआ निकलता है २२, क्यों इन की पिछली अवस्था में वीर्य सींचा हुआ नहीं निकलता है २३। (तत् यः दर्शपूर्णमासयोः रूपं विद्यात्) सो जो पुरुष अमावस्या और पूर्णमासी के [यज्ञ के] रूप को जाने [वह बतावे]—(कस्मात् इदं शिश्नम् उच्चशः एति २४, नीचीपद्यते २५, कस्मात् सकृत् अपानम् २६) क्यों यह मनुष्य लिङ्ग ऊंचा जाता है २४, और नीचा होता है २५, क्यों सकृत् [मल वा वीर्य] नीचे जानेवाला होता है २६ ॥७॥

भावार्थ—अमावस्या और पूर्णमासी को चन्द्रमा की गति का प्रभाव शरीर पर क्या होता है, इस का विचार विद्वान् करते रहें। उत्तरों के लिये कण्डिका ६ देखो ॥ ७ ॥

कण्डिका ८ ॥

अथ यः पुरस्तादष्टावाज्यभागान् विद्यात् मध्यतः पञ्च हविर्भागाः, षट् प्राजापत्याः उपरिष्टादष्टावाज्यभागान् विद्यात् १ अथ यो गायत्रीं हरिणीं ज्योतिष्पक्षां सर्वैर्यज्ञैर्यजमानं स्वर्गं लोकमभिवहन्तीं विद्यात् २, अथ यः पङ्क्तिं पञ्चपदां सप्तदशाक्षरां सर्वैर्यज्ञैर्यजमानं स्वर्गं लोकमभिवहन्तीं विद्यात् ३ अस्मै ह निष्कं प्रयच्छन्नु वाचानूचानो ह वै स्वैदायना स सुवर्णं वै सुवर्णविदे ददामीति तदुपयम्य निश्चक्राम, तत्रापव्राज यत्रेतरो बभूव, तं ह पप्रच्छ किमेष गोतमस्य पुत्र इत्येष ब्रह्मा ब्रह्मपुत्र इति होवाच, यदेनं कश्चिदुपवदेतात मीमांसेत ह वा मूर्द्धा वा अस्य विपतेत्, प्राणा वैनं जह्युरिति, ते मिथ एव चिक्रन्देयुर्विप्रापव्राज यत्रेतरो बभूवुस्ते प्रातः समित्पाणय उपेयुरुपायामो भवन्तमिति, किमर्थमिति यानेव नो भवांस्तां ह प्रश्नानपृच्छद्यानेव नो भवान् व्याचक्षीयेति, तथेति तेभ्य एतान् प्रश्नान् व्याचचष्टे ॥ ८ ॥

कण्डिका ८ ॥ पूर्वोक्त प्रश्नों के विषय में उद्दालक और स्वैदायन वा शौनक का वार्तालाप ॥

(अथ यः पुरस्तात् अष्टौ आज्यभागान् विद्यात् मध्यतः पञ्चहविर्भागाः, षट् प्राजापत्याः, उपरिष्टात् अष्टौ आज्यभागान् विद्यात् १) फिर जो पहिले आठ आज्य भागों [घी की आहुति विशेषों] को जाने, मध्य में पांच हविर्भाग [हवि की आहुतियां] और छह प्राजापत्य [प्रजापति की आहुतियां] हैं उनको

और] पीछे से आठ आज्य भागों को जाने १, (अथ यः हरिणीं ज्योतिष्पक्षां सर्वैः यज्ञैः यजमानं स्वर्गं लोकम् अभिवहन्तीं गायत्रीं विद्यात् २) फिर जो सुवर्ण मूर्ति, ज्योति के पंख वाली, सब यज्ञों के द्वारा यजमान को स्वर्ग लोक में पहुंचाने वाली गायत्री को [कण्डिका १०] जाने २, (अथ यः पंचपदां सप्तदशाक्षरां सर्वैः यज्ञैः यजमानं स्वर्गं लोकम् अभिवहन्तीं पङ्क्तिं विद्यात् ३) फिर जो पांच पाद वाली, सत्रह अक्षर वाली, सब यज्ञों के द्वारा यजमान को स्वर्ग लोक में पहुंचाने वाली पङ्क्ति को [क० १०] जाने ३, (अस्मै निष्कं प्रयच्छन् सः ह वै अनूचानः उवाच, स्वैदायनाः सुवर्णं वै सुवर्णविदे ददामि इति) उस [जानकर] पुरुष को हार देता हुआ वही अनूचान [अङ्ग उपाङ्ग सहित वेदों का जानने वाला उद्दालक] बोला—हे स्वैदायन के लोगो ! सुवर्ण [सोने का हार] सुवर्ण [सुन्दर वरणीय स्वीकरणीय व्यवहार] जानने वाले को दूंगा । (तत् उपयम्य निश्चक्राम) यह निश्चित करके वह बाहिर गया, (तत्र अपव्राज यत्र इतरः बभूव) और वहां पहुंचा जहां दूसरा [स्वैदायन] था । (तं ह पप्रच्छ किम् एषः गोतमस्य पुत्रः इति) उस से उस [स्वैदायन] ने पूंछा—क्या यह गोतम का पुत्र है ? (ह उवाच एषः ब्रह्मा ब्रह्मपुत्रः इति) वह [उद्दालक] बोला—यह [मैं] ब्रह्मा [चारो वेद जानने वाला] और ब्रह्मा [चारो वेद जानने वाले] का पुत्र है, (यत् एनं कश्चित् उपवदेत उत मीमांसेत ह वा अस्य मूर्द्धा विपतेत् वा प्राणाः एनं जह्युः इति) जो कोई इसके साथ शास्त्रार्थ करे और अथवा विचार करे अथवा इसका मस्तक गिर पड़े अथवा इसको प्राण छोड़ देवें—(ते मिथः एव चिक्रन्देयुः=विक्रन्देयुः) वे आपस में चिल्लाने लगे । (विप्रापव्राज यत्र इतरः बभूवुः=बभूव) वह [स्वै-

---

८—(हरिणीम्) श्यास्त्याहृञ्भ्रविभ्य इनच् । उ० २ । ४६ । हृञ् हरणे—इनच्, ङीप् । दुःखहरणशीलाम् । सुवर्णप्रतिमाम् (सुवर्णविदे) कृवृजॄसि० । उ० ३ । १० । वृञ् वरणे—नप्रत्ययः + विद ज्ञाने—क्विप् । सुष्ठु वरणीयस्य स्वीकरणीयस्य व्यवहारस्य ज्ञात्रे (उपयम्य) निश्चित्य (निश्चक्राम) बहिर्जगाम (अपव्राज) वलोपः । अपवव्राज । अपजगाम (मीमांसेत) विचारयेत् (जह्युः) ओहाक् त्यागे—वि० लि० । त्यजेयुः (चिक्रन्देयुः) क्रन्द आह्वाने वैकल्ये च, आर्षरूपम् । आक्रोशं कृतवन्तः (विप्रापव्राज) वि + प्र + अप + वव्राज । (बभूवुः) आर्षं बहुवचनम् । बभूव (उपोदेयुः) उप + उत् + आ + ईयुः । समीपे आजग्मुः (व्याचक्षीय) व्याख्यानं कुर्याम् (व्याचचक्षे) व्याख्यातवान् ॥

दायन वहां पहुंचा जहां दूसरा [उद्दालक] था । (प्रातः ते समित्पाणयः उपौदेयुः, भवन्तम् उपयामः इति) वे [स्वैदायन] प्रातःकाल समिधायें हांथ में लिये हुये पहुंचे [और बोले]—हम आपके पास आये हैं । (किमर्थम् इति) [उद्दालक बोला] किस लिये । (यान् एव प्रश्नान् भवान् नः ह्य [=ह्यः] अपृच्छत्, यान् एव नः भवान्, तान् व्याचक्षीय इति) [स्वैदायन बोला] जिन प्रश्नों को हमसे आप ने कल्य पूंछा था, जिन को हम से आप ने [पूछा था], उन को मैं बताऊं । (तथा इति) [उद्दालक बोला] वैसा ही हो । (तेभ्यः एतान् प्रश्नान् व्याचचष्टे) उन [उद्दालक] को उस [स्वैदायन] ने यह प्रश्न बताये ॥८॥

भावार्थ—विद्वान् लोग विद्वानों से सत्कार पूर्वक प्रश्नोत्तर करके सत्य का निर्णय करें ॥ ८ ॥

कण्डिका ९ ॥

यत्पुरस्तात् वेदेः प्रथमं वर्हिस्तृणाति तस्मादिमाः प्रजाः शिरस्तः प्रथमं लोमशा जायन्ते १, यदपरमिव प्रस्तरमनुस्तृणाति तस्मादासामपरमिव श्मश्रूण्यु-पकक्षाण्यन्यानि लोमानि जायन्ते २, यत् प्राग्वर्हिषः प्रस्तरमनुप्रहरति तस्मादिमाः प्रजाः शिरस्तः प्रथमं पलिता भवन्ति ३, यदन्ततः सर्वमेवानुप्रहरति तस्मादन्ततः सर्वा एव पलिता भवन्ति ४, यत्प्रयाजा अपुरोऽनुवाक्यावन्तो भवन्ति तस्मादिमाः प्रजा अदन्तिका जायन्ते ५, यद्बर्हींषि पुरोऽनुवाक्यावन्ति भवन्ति तस्मादासामपरमिव जायन्ते ६, यदनुयाजा अपुरोऽनुवाक्यावन्तो भवन्ति तस्मादासां सप्तवर्षाष्टवर्षाणां प्रभिद्यन्ते ७, यत्पत्नीसंयाजाः पुरोऽनुवाक्यावन्तो भवन्ति तस्मादासां पुनरेव जायन्ते ८, यत्समिष्टयजुरपुरोऽनुवाक्यावद्भवति तस्मादन्ततः सर्व एव प्रभिद्यन्ते ९, यद्गायत्र्याऽनूच्य त्रिष्टुभा यजति तस्मादधरे दन्ताः पूर्वे जायन्ते १०, पर उत्तरे ११, यद्गचाऽनूच्य यजुषा यजति तस्मादधरे दन्ता अणीयांसः ह्रसीयांसः १२, प्रथीयांसो वर्षीयांस उत्तरे १३, यदाधारौ दीर्घतरौ प्राञ्चावाधारयति तस्मादिमौ दंष्ट्रौ दीर्घतरौ १४, यत् संयाज्ये सञ्छन्दसी तस्मात् समे इव जम्भे १५, यच्चतुर्थे प्रयाजे समानयति तस्मादिमे ओत्र अन्ततः समे इव दीर्णे १६, यज्जपं जपित्वाऽभिहिङ्कृणोति तस्मात् पुमांसः श्मश्रुवन्तो १७, ऽश्मश्रुव स्त्रियः १८, यत् सामिधेनीः सतत्वन्नाह तस्मादासां सन्ततमिव शरीरं भवति १९, यत् सामिधेन्यः काष्ठहविषो भवन्ति तस्मादासामस्थीनि दृढतराणीव भवन्ति २०, यत् प्रयाजा आज्यहविषो भवन्ति तस्मादासां प्रथमे वयसि रेतः सिक्तं न सम्भवति २१, मन्मध्ये हविषां दध्ना च पुरोडाशेन च प्रचरन्ति तस्मादासां मध्यमे

वयसि रेतः सिक्तं सम्भवति २२, यदनुयाजा आजयहविषो भवन्ति तस्मादासामुत्तमे वयसि रेतः सिक्तं न सम्भवति २३, यदुत्तमेऽनुयाजे सकृदपानिति तस्मादिदं शिश्नमुच्चश एति २४, नीचीपद्यते २५, यन्नापानेत् सकृच्छ्लूनं स्याद्यन्मुहुरपानेत् सकृत्यन्नं स्यात् तस्मात् सकृदपानिति नेत् सकृच्छ्लूनं स्यात् सकृत्यन्नं वेति २६ ॥ ६ ॥

कण्डिका ६ ॥ अमावस्या और पूर्णमासी के यज्ञविधान से शरीर की अवस्था का वर्णन ॥

(यत् वेदेः पुरस्तात् प्रथमं बर्हिः स्तृणाति तस्मात् इमाः प्रजाः शिरस्तः प्रथमं लोमशाः जायन्ते १) [स्वैदायन के उत्तर । प्रश्नों के लिये कण्डिका ७ देखो] जो वेदी के पूर्व में पहिले कुशासन वह बिछाता है, इस लिये यह प्रजायें शिर पर पहिले लोम वाले होते हैं १ । (यत् अपरम् इव प्रस्तरम् अनुस्तृणाति तस्मात् आसाम् अपरम् इव श्मश्रूणि उपकक्षाणि अन्यानि लोमानि जायन्ते २) जो कि पीछे से प्रस्तर [कुशा का मुट्ठा] बिछाता है, इस लिये पीछे से इनके दाढ़ी मूंछ और कांख के और दूसरे लोम उत्पन्न होते हैं २ । (यत् प्राक् बर्हिषः प्रस्तरम् अनुप्रहरति तस्मात् इमाः प्रजाः शिरस्तः प्रथमं पलिताः भवन्ति ३) जो पूर्व दिशा में कुशा के मुट्ठे को समेट लेता है, इस लिये यह प्रजायें शिर पर पहिले श्वेत हो जाते हैं ३ । (यत् अन्ततः सर्वम् एव अनुप्रहरति तस्मात् अन्ततः सर्वाः एव पलिताः भवन्ति ४) जो कि अन्त में सब को ही समेट लेता है, इस लिये अन्त में सभी श्वेत हो जाते हैं ४ । (यत् प्रयाजाः अपुरोऽनुवाक्यावन्तः भवन्ति तस्मात् इमाः प्रजाः अदन्तिकाः जायन्ते ५) जो कि प्रयाज [यज्ञाङ्ग विशेष] पुरोऽनुवाक्या बिना होते हैं, इस लिये यह प्रजायें बिना दांत वाले होते हैं ५ । (यत् हवींषि पुरोऽनुवाक्यावन्ति भवन्ति तस्मात् आसाम् अपरम् इव जायन्ते ६) जो कि हवि पुरोऽनुवाक्या वाले होते हैं, इस लिये इन के [दान्त] पीछे निकलते हैं ६ । (यत् अनुयाजाः अपुरोऽनुवाक्यावन्तः भवन्ति तस्मात् आसाम्

६—(स्तृणाति) आच्छादयति (लोमशाः) लोमवन्तः (प्रस्तरम्) दर्भमुष्टिम् (अनुप्रहरति) संगृह्णाति (पत्नीसंयाजाः) देवपत्नीनां स्तुतियुक्तयज्ञाङ्गविशेषाः । देवपत्नयः यथा इन्द्राणी, अग्नायी, वरुणानी, इत्यादयः (आघारौ) आ+घृ क्षरणे—घञ् । घृतदानहोमविशेषौ (प्राञ्चौ) प्रकर्षेण पूजनीयौ (आघारयति) समन्तात् सिञ्चति (सामिधेनीः) समिधामाधाने षेण्यण् । वा० पा० ४ । ३ । १२० । समिध्—षेण्यण्, षित्वात् ङीष्, यलोपः । अग्निप्रज्वलने

सप्तवर्षाष्टवर्षाणां प्रभिद्यन्ते ७) जो कि अनुयाज [यज्ञाङ्गविशेष] पुरोऽनुवाक्या बिना होते हैं, इस लिये सात वर्ष आठ वर्ष वालों के [दांत] उखड़ जाते हैं ७ । (यत् पत्नीसंयाजाः पुरोऽनुवाक्यावन्तः भवन्ति तस्मात् आसाम् पुनः एव जायन्ते ८) जो कि देवपत्नियों के यज्ञ पुरोऽनुवाक्या वाले होते हैं, इस लिये इनके [दांत] फिर भी निकल आते हैं ८ । (यत् समिष्टयजुः अपुरोऽनुवाक्यावत् भवति तस्मात् अन्ततः सर्वे एव प्रभिद्यन्ते ६) जो कि समिष्टयजु [यज्ञविशेष] पुरोऽनुवाक्या बिना होता है, इस लिये अन्त में सब ही [दांत] उखड़ जाते हैं ६ । (यत् अनूच्य गायत्र्या त्रिष्टुभा यजति तस्मात् अधरे दन्ताः पूर्वे जायन्ते १० परे उत्तरे ११) जोकि [मन्त्रों को] पढ़ कर गायत्री के साथ और त्रिष्टुप् के साथ यज्ञ करता है, इस लिये नीचे वाले दांत पहिले निकलते हैं १०, और पीछे ऊपर वाले ११ । (यत् अनूच्य ऋचा यजुषा यजति तस्मात् अधरे दन्ताः अणीयांसः, ह्रलीयांसः १२, उत्तरे प्रथीयांसः वर्षीयांसः १३) जो कि [मन्त्रों को] पढ़कर ऋग्वेद के साथ और यजुर्वेद के साथ यज्ञ करता है, इस लिये नीचे वाले दांत अधिक सूक्ष्म और निर्बल होते हैं १२, और ऊपर वाले अधिक चौड़े और सबल होते हैं १३ । (यत् दीर्घतरौ प्राञ्चौ आधारौ आधारयति तस्मात् इमौ दंष्ट्रौ दीर्घतरौ १४) जो कि अधिक लम्बे और अधिक पूजनीय दोनों आधार [घृतदान के होमविशेष] को सींचता है, इस लिये यह [सामने के] दोनों बड़े दांत अधिक लम्बे होते हैं १४ । (यत् संयाज्ये सञ्छन्दसी तस्मात् समे इव जम्भे १५) जोकि दोनों संयाज्य समान छन्द वाले होते हैं, इस लिये दोनों दाढ़ें चौकोर सी हैं १५ । (यत् चतुर्थे प्रयाजे समानयति तस्मात् इमे श्रोत्रे अन्ततः समे इव दीर्णे १६) जो कि चौथे प्रयाज [यज्ञ] में [हवि] समान लाता है, इस लिये यह दोनों कान अन्त में समान से फटे हुये हैं १६ । (यत् जपं जपित्वा अभिहिङ्कृणोति तस्मात् पुमांसः श्मश्रुवन्तः १७ स्त्रियः अश्मश्रुवः १८) जो जप को जप कर हिङ्कार शब्द करता है, इस लिये पुरुष दाढ़ी मूंछ वाले होते हैं १७, और स्त्रियां बिना दाढ़ी मूंछ वाली १८ । (यत् सामिधेनीः सतत्त्वन् [= संतन्वन्] आह तस्मात् आसां सन्ततम् इव शरीरं भवति १६) जो

ऋचः (सतत्त्वन् = संतन्वन्) सम्यग् विस्तारयन् (सकृत्) क० ७ । एकवारम् मलम् । वीर्यम् (अपानिति) अपानयति । अग्नौ हविःशेषं क्षिपति (सकृच्छूनम्) सकृता । वीर्येण शून्यम् (अपानेत्) प्रक्षिपेत् (सकृति) वीर्ये (अन्नम्) अन्नरसः (वेति) वी गत्यादिषु । गच्छति ॥

कि सामिधेनी ऋचाओं [अग्नि जलाने के मन्त्रों] को फैलाता हुआ बोलता है, इस लिये इन [प्रजाओं] का फैला हुआ सा शरीर होता है १९। (यत् सामिधेन्यः काष्ठहविषः भवन्ति तस्मात् आसात् अस्थीनि दृढतराणि इव भवन्ति २०) जोकि सामिधेनी ऋचायें काष्ठ के हवि वाली होती हैं, इस लिये इन की हड्डियां अधिक दृढ होती हैं २०। (यत् प्रयाजाः आज्यहविषः भवन्ति, तस्मात् आसां प्रथमे वयसि रेतः सिक्तं न सम्भवति २१) जो कि प्रयाज [यज्ञ] जमे हुये घी के हवि वाले होते हैं, इस लिये इन [प्रजाओं] की पहिली अवस्था में वीर्य सींचा हुआ नहीं निकलता है २१। (यत् हविषां मध्ये दध्ना च पुरोडाशेन च प्रचरन्ति तस्मात् आसां मध्यमे वयसि रेतः सिक्तं सम्भवति २२,) जो हवियों के मध्य में दही से और पुरोडाश [मालपूये] से हवन करते हैं, इस लिये इन की मध्यम अवस्था में वीर्य सींचा हुआ निकलता है २२। (यत् अनुयाजाः आज्यहविषः भवन्ति तस्मात् आसाम् उत्तमे वयसि रेतः सिक्तं न सम्भवति २३,) जो अनुयाज [पिछले यज्ञ] जमे हुये घी वाले होते हैं, इस लिये इन की पिछली अवस्था में वीर्य सींचा हुआ नहीं निकलता है २३। (यत् उत्तमे अनुयाजे सकृत् अपानिति तस्मात् इदं शिश्नम् उच्चशः एति २४, नीचीपद्यते २५) जो कि सब से पिछले अनुयाज में सकृत् [एक बार, शेष हवि उठा कर] गिराता है, इस लिये यह मनुष्य लिङ्ग ऊंचा जाता है २४, और नीचा होता है २५। (यत् न अपानेत् सकृच्छूनं स्यात्) जो [हवि] न गिरावे, [लिङ्ग] सकृच्छून [वीर्य शून्य] हो जावे, (यत् मुहुः अपानेत् सकृति अन्नं स्यात्) और जो बार बार [हवि को] गिरावे, सकृत् [वीर्य] में अन्न [का रस] होवे, (तस्मात् सकृत् अपानिति सकृच्छूनं नेत् स्यात्) इस लिये सकृत् एक बार, [हवि को उठ कर] गिरावे और वह सकृच्छून [वीर्यशून्य] न होवे, (सकृति अन्नं वेति) सकृत् [वीर्य] में अन्न [का रस] पहुंचता है २६ ॥ ९ ॥

भावार्थ—कण्डिका ७ के प्रश्न देखो ॥ ९ ॥

कण्डिका १० ॥

अथ ये पुरस्तादष्टावाज्यभागाः पञ्च प्रयाजा द्वावाघारौ द्वावाज्यभागावाग्नेया आज्यभागानां प्रथमः सौम्यो द्वितीयो हविर्भागानां हविर्ह्येव सौम्यमाग्नेयः पुरोडाशोऽग्निषोमीय उपांशुयाजोऽग्नीषोमीयः पुरोडाशोऽग्निः स्विष्टकृदित्येते मध्यतः पञ्च हविर्भागाः। अथ ये षट् प्राजापत्या इडा च प्राशित्रञ्च यच्चाग्नीध्रीयावद्यति, ब्रह्मभागो यजमानभागोऽन्वाहार्य्य एव षष्ठोऽथ य उपरिष्टाद्दृष्टावाज्य-

भागास्तेषोऽनुयाजाश्चत्वारः पत्नीसंयाजाः समिष्टयजुरष्टममथ या गायत्री हरिणी ज्योतिष्पक्षा सर्वैर्यज्ञैर्यजमानं स्वर्गं लोकमभिवहति, वेदिरेव सा, तस्य ये पुरस्ता-दष्टावाज्यभागाः स दक्षिणः पक्षोऽथ ये उपरिष्टादष्टावाज्यभागाः स उत्तरः पक्षः, हवींष्यात्मा, गार्हपत्यो जघनमाहवनीयः शिरः, सौवर्णराजतौ पक्षौ, तद्यदादित्यं पुरस्तात् पर्य्यन्तं न पश्यन्ति तस्मादज्योतिष्क उत्तरो भवति । अथ या पङ्क्तिः पञ्चपदा सप्तदशाक्षरा सर्वैर्यज्ञैर्यजमानं स्वर्गं लोकमभिवहति याज्येव सा, तस्या ओं श्रावयेति चतुरक्षरम्, अस्तु श्रौषडिति चतुरक्षरं, यजेति त्र्यक्षरं, ये यजा-महे इति पञ्चाक्षरं, त्र्यक्षरो वै वषट्कारः, सैषा पङ्क्तिः पञ्चपदा सप्तदशाक्षरा सर्वैर्यज्ञैर्यजमानं स्वर्गं लोकमभिवहति, तद्यत्रास्यैश्वर्य्यं स्याद्यत्र वैनमभिवहेयुरे-वंविदमेव तत्र ब्रह्माणं वृणीयाद्यानेवंविदमिति ब्राह्मणम् ॥ १० ॥

कण्डिका १० ॥ कण्डिका ८ के यज्ञ सम्बन्धी प्रश्नों के उत्तर ॥

(अथ ये पुरस्तात् अष्टौ आज्यभागाः, आज्यभागानां पंचप्रयाजाः, द्वौ आज्यभागौ द्वौ आधारौ आग्नेयौ, प्रथमः द्वितीयः सौम्यः) [सौदायन ने उत्तर दिये—कण्डिका ८ देखो] फिर जो पहिले आठ आज्य भाग [घी की आहु-तियां] हैं, उन आज्य भागों में पांच प्रयाज [पांच प्राण देवता वाली आहुतियां —प्राणाः वै प्रयाजाः—ऐतरेय ब्राह्मण १ । ११] ५, दो आज्य भाग दो आघार [नामक आहुति] दोनों आग्नेय [अग्नि देवता वाली] और पहिली और दूसरी सौम्य [एक सोम देवता की] है । (हविर्भागांना हविः हि एव सौम्यम्, आग्नेयः पुरोडाशः, अग्निषोमीयः उपांशुयाजः, अग्निषोमीयः पुरोडाशः, अग्निः स्विष्टकृत् इति एते मध्यतः पंचहविर्भागाः) हविर्भागों में हवि ही सोम देवता का है १, अग्नि का पुरोडाश २, अग्नि और सोम का उपांशु याज [मौन आहुति] ३, अग्नि और सोम का पुरोडाश ४, अग्नि का स्विष्टकृत् [आहुति] है ५, यह मध्य के पांच हविर्भाग हैं । (अथ ये षट् प्राजापत्याः, इडा च प्राशित्रं च यत् च आग्निध्रीयौ अद्यति, ब्रह्मभागः, अन्वाहार्यः यजमान-

---

१०—(सौम्यः) सोमदेवताकः (उपांशुयाजः) अप्रकाशमन्त्रयज्ञः (प्राशि-त्रम्) प्र+अश भोजने—इत्रन् । प्राशनम् (इडा) इल गतौ क्षेपे च—क, टाप् । पृथिवी । गौः । वाक्, (अद्यति) आर्षं दिवादित्वम् । अत्ति भक्षति (अन्वाहार्य्यः) अनु+आ+हृञ् हरणे—ण्यत् । प्रतिमासकर्तव्याऽमावास्याविहिताश्राद्धोपेतः (पुरस्तात्) पूर्वस्यां दिशि (पर्य्यन्तम्) परिगतौ अन्तो येन तम् । (याज्या) यजते—ण्यत् । याजनीया । इष्टिः (औषट्) ओषटि । यज्ञादौ हविर्दा-

भागः, एव षष्ठः) और जो छह प्राजापत्य] प्रजापति देवता की आहुति हैं उनमें] इड़ा भूमि नामक] १, और प्राशित्र [प्राशन वा ओदन नामक] २, और जो दो आग्नीध्रीय [आग्नीध्र वाली दो आहुति को अग्नि] खाता है ३, ४, ब्रह्मा का भाग ५, और प्रति मास अमावस को करने योग्य श्राद्ध वाला यजमान का भाग छठा है ६। (अथ ये उपरिष्टात् अष्टौ आज्यभागाः, त्रयः अनुयाजाः, चत्वारः पत्नीसंयाजाः अष्टमं समिष्टयजुः) और जो पिछले आठ आज्य भाग हैं, [उन में] तीन अनुयाज, चार पत्नी संयाज और आठवां समिष्टयजु है। (अथ या गायत्री हरिणी ज्योतिष्पक्षा सर्वैः यज्ञैः यजमानं स्वर्गं लोकं अभिवहति सा वेदिः एव) और जो गायत्री सुवर्ण मूर्ति, ज्योति के पंख वाली होकर सब यज्ञों के द्वारा यजमान को स्वर्ग लोक में पहुचाती हैं, वह वेदी [यज्ञ कुण्ड] ही है। (तस्य ये पुरस्तात् अष्टौ आज्यभागाः स दक्षिणः पक्षः, अथ ये उपरिष्टात् अष्टौ आज्यभागाः स उत्तरः पक्षः, हवींषि आत्मा, गार्हपत्यः जघनम्, आहवनीयः शिरः, सौवर्णराजतौ पक्षौ) उस [यजमान] के जो पहिले आठ आज्य भाग हैं वह [वेदी का] दाहिना पंख है, और जो पीछे वाले आठ आज्य भाग हैं वह बांयां पंख है, सब हवि आत्मा हैं, गार्हपत्य [अग्नि] जंघा है, आहवनीय शिर है, सोने और चांदी वाले दोनों पंख हैं, (तत् यत् आदित्यं पुरस्तात् पर्य्यन्तं न पश्यन्ति तस्मात् अज्योतिष्कः उत्तरः भवति) सो जो सूर्य को पूर्व से पश्चिम में जाता हुआ नहीं देखते हैं इस लिये बिना ज्योति वाला पिछला [यज्ञ वा पक्ष] होता है। [अर्थात् सूर्य को अवश्य देखे जिस से ज्योति बढ़े]। (अथ या पङ्क्तिः पंचपदा सप्तदशाक्षरा सर्वैः यज्ञैः यजमानं स्वर्गं लोकम् अभिवहति सा याज्या इव) और जो पङ्क्ति पांच पाद वाली सत्रह अक्षर वाली होकर सब यज्ञों के द्वारा यजमान को स्वर्ग लोक में पहुंचाती है वह याज्या [नाम वाली इष्टि] ही है। (तस्याः ओं श्रावय इति चतुरक्षरम्, अस्तु श्रौषट् इति चतुरक्षरम्, यज इति द्व्यक्षरं, ये यजामहे इति पंचाक्षरं, द्व्यक्षरः वै वषट्कारः) उस [याज्या] के ओं श्रावय [ओं को तू सुना] यह चार अक्षर वाला है, अस्तु श्रौषट् [श्रौषट् होवे] यह चार अक्षर वाला है, यज [यज्ञ कर] यह दो अक्षर वाला है, ये यजामहे [जो हम यज्ञ करते हैं] यह पांच अक्षर वाला है, वषट् [यह शब्द] दो अक्षर वाला ही है। (सा एषा पङ्क्तिः

नम् (वषट्कारः) वह प्रापणे—उषटि+कृञ्+घञ् । देवोद्देश्यकहविस्त्यागः (वृणीयात्) स्वीकुर्यात् (अनेवंविदम्) अनेवंविधज्ञातारम् ॥

पंक्तपदा सप्तदशाक्षरा सर्वैः यज्ञैः यजमानं स्वर्गं लोकम् अभिवहति) सो यही पङ्क्ति पांच पाद वाली और सत्रह अक्षर वाली होकर सब यज्ञों के द्वारा यजमान को स्वर्ग लोक में पहुंचाती है (तत् यत्र अस्य ऐश्वर्य्यं स्यात्, वा यत्र एनम् अभिभवेयुः एवंविदम् एव तत्र ब्रह्माणं वृणीयात् न अनेवंविदम् इति ब्राह्मणम्) सो जहां [यज्ञ में] इस [यजमान] का ऐश्वर्य्य होवे, अथवा जहां इस को [शत्रु लोग] हरावें, वहां ऐसे जानकार को ही ब्रह्मा चुने, ऐसे न जानने वाले को नहीं, यह ब्राह्मण है ॥ १० ॥

भावार्थ—यथाविधि यज्ञ करने से मनुष्य कार्यसिद्धि करें ॥ १० ॥

कण्डिका ११ ॥

अथ ह प्राचीनयोग्य आजगामाग्निहोत्रं भवन्तं पृच्छेद् गोतम इति, पृच्छ प्राचीनयोग्येति । किन्देवत्यं ते गर्वीडायां १, किन्देवत्यमुपहूतायां २, किन्देवत्यमुपसृष्टायां ३, किन्देवत्यं वत्समुन्नीयमान ४, किन्देवत्यं वत्समुन्नीतं ५, किन्देवत्य दुह्यमानं ६, किन्देवत्यं दुग्धं ७, किन्देवत्यं प्रक्रम्यमाणं ८, किन्देवत्यं ह्रियमाणं ९, किन्देवत्यमधिश्रीयमाणं १०, किन्देवत्यमधिश्रितं ११, किन्देवत्यमभ्यवज्वाल्यमानं १२, किन्देवत्यमभ्यवज्वालितं १३, किन्देवत्यं समुद्वान्तं १४, किन्देवत्यं विष्यन्नं १५, किन्देवत्यमद्भिः प्रत्यानीतं १६, किन्देवत्यमुद्वास्यमानं १७, किन्देवत्यमुद्वासितं १८, किन्देवत्यमुन्नीयमानं १९, किन्देवत्यमुन्नीतं २०, किन्देवत्य प्रक्रम्यमाणं २१, किन्देवत्यं ह्रियमाणं २२, किन्देवत्यमुपसाद्यमानं २३, किन्देवत्यमुपसादितं २४, किन्देवत्या समित् २५, किन्देवत्यां प्रथमामाहुतिमहौषीः २६, किन्देवत्यं गार्हपत्यमवेक्षिष्ठाः २७, किन्देवत्योत्तराहुतिः २८, किन्देवत्यं हुत्वा स्रुचं त्रिरुदञ्चमुन्नैषीः २९, किन्देवत्यं वर्हिषि स्रुचन्निधायोन्मृज्योत्तरतः पाणी निर्मार्ष्टीः ३०, किन्देवत्यं द्वितीयमुन्मृज्य पित्र्युपवीतं कृत्वा दक्षिणतः पितृभ्यः स्वधामकार्षीः ३१, किन्देवत्यं प्रथमं प्राशीः ३२, किन्देवत्यं द्वितीयं ३३, किन्देवत्यमन्ततः सर्वमेवाप्राशीः ३४, किन्देवत्यमप्रक्षालितयोदकं स्रुचा न्यनैषीः ३५, किन्देवत्यं प्रक्षालितया ३६, किन्देवत्यमपरेणाहवनीयमुदकं स्रुचा न्यनैषीः ३७, किन्देवत्यं स्रुवं श्रुचश्च प्रत्यताप्सीः ३८, किन्देवत्यं रात्रौ स्रुग्दण्डमवमार्ष्टीः ३९, किन्देवत्यं प्रातरुन्मार्ष्टीरित्येतच्चेद्वेत्थ ४०, गोतम हुतं, चेद्यद्यु न वेत्थाहुतं त इति ब्राह्मणम् ॥ ११ ॥

कण्डिका ११ ॥ प्राचीनयोग्य मुनि के उद्दालक से अग्निहोत्र विषयक चालीस प्रश्न ॥

(अथ ह प्राचीनयोग्यः आजगाम) फिर प्राचीनयोग्य [सनातन वेदों में समर्थ मुनि विशेष] आया । (अग्निहोत्रं भवन्तं पृच्छेत् गोतम इति) [उस ने कहा] अग्निहोत्र को आप से यह पूंछेगा, हे गोतम!! (पृच्छ प्राचीनयोग्य इति) [उद्दालक ने कहा—क० ६] पूंछ, हे प्राचीनयोग्य। [प्राचीनयोग्य बोला] (किंदेवत्यं ते इडायां गवि १) तेरी इडा [पाने योग्य] गौ [यज्ञ के लिये दूध देने वाली कामधेनु] में कौन देवता वाला कर्म है १, (किंदेवत्यम् उपहूतायाम् २) उस बुलाई हुई में कौन देवता वाला कर्म है २, (किंदेवत्यम् उपसृष्टायाम् ३) उस पास आयी हुई में कौन देवता वाला कर्म है ३, (वत्सम् उन्नीयमानम् किंदेवत्यम् ४) बछड़े को लाया जाता हुआ कर्म कौन देवता वाला है ४, (वत्सम् उन्नतं किंदेवत्यम् ५) बछड़ा लाया गया कर्म कौन देवता वाला है ५, (दुह्यमानं किंदेवत्यम् ६) दुहता हुआ कर्म क्या देवता है ६, (दुग्धं किंदेवत्यम् ७) दूध क्या देवता है ७, (प्रक्रम्यमाणं किंदेवत्यम् ८) घुमाया जाता हुआ [दूध] क्या दवता है ८, (ह्रियमाणं किंदेवत्यम् ९) लिया जाता हुआ [दूध] क्या देवता है ९, (अधिश्रीयमाणं किंदेवत्यम् १०) रक्खा जाता हुआ दूध क्या देवता है १०, (अधिश्रितं किंदेवत्यम् ११) रक्खा गया दूध क्या देवता है ११, (अभ्यवज्वाल्यमानं किंदेवत्यम् १२) औटता हुआ दूध क्या देवता है १२, (अभ्यवज्वालितं किंदेवत्यम् १३) औटा हुआ दूध क्या देवता है १३, समुद्वान्तं किंदेवत्यम् १४) उफनता हुआ दूध क्या देवता है १४, (विष्यन्नं किंदेवत्यम् १५) बहता हुआ दूध क्या देवता है १५, (अद्भिः प्रत्यानीतं किंदेवत्यम् १६) जल से लौटा दिया गया दूध क्या देवता है १६, (उद्वास्यमानं

११—(प्राचीनयोग्यः) प्राचीनेषु सनातनेषु वेदेषु योग्यः समर्थः । मुनिविशेषः (किन्देवत्यम्) किम्+देवता—यत् । किंदेवताविषयकं कर्म (गवि) यज्ञार्थं दुग्धदात्र्यां धेनौ (इडायाम्) इल गतौ—क, टाप् लस्य डः । प्रापणीयायां गवि (उपसृष्टायाम्) संगतायाम् (वत्सम्) गोशिशुम् (प्रक्रम्यमाणम्) मथ्यमानम् (ह्रियमाणम्) निःस्रियमाणम् (समुद्वान्तम्) सम्+उत्+टुवम उद्गिरणे—क्त । उद्गीर्णम् । उद्गतम् (विष्यन्नम्) वि+स्यन्दू प्रस्रवणे—क्त । प्रस्रुतम् (उद्वास्यमानम्) विसृज्यमानम् (उद्वासितम्) विसृष्टम् (उपसा-

किंदेवत्यम् १७) छोड़ा जाता हुआ दूध क्या देवता है १७, (उद्वासितं किंदेवत्यम् १८) छोड़ा हुआ दूध क्या देवता है १८, (उह्यीयमानं किंदेवत्यम् १९ ऊपर लाया जाता हुआ [नवनीत माखन] क्या देवता है १९, (उह्यीतं किंदेवत्यम् २०) ऊपर लाया गया नवनीत क्या देवता है २०, (प्रक्रम्यमाणं किंदेवत्यम् २१) घुमाया जाता हुआ नवनीत क्या देवता है २१, (ह्रियमाणं किंदेवत्यम् २२) लिया जाता हुआ नवनीत क्या देवता है २२, (उपसाद्यमानं किंदेवत्यम् २३) पास लाया जाता हुआ नवनीत क्या देवता है २३, (उपसादितं किंदेवत्यम् २४) पास रक्खा गया नवनीत क्या देवता है २४, (समित् किंदेवत्या २५) समिधा कौन देवता वाली है २५, (किंदेवत्यां प्रथमाम् आहुतिम् अहौषीः २६) कौन देवता वाली पहिली आहुति को तूने दिया है २६, (किंदेवत्यं गार्हपत्यम् अवेक्षिष्ठाः २७) कौन देवता वाली गार्हपत्य अग्नि वाली हवि को तूने विचारा है २७, (किंदेवत्या उत्तरा आहुतिः २८) कौन देवता वाली पिछली आहुति है २८, (किंदेवत्यं हुत्वा उदञ्चं स्रुचं त्रिः उन्नैषीः २९) कौन देवता वाली हवि को देकर उत्तर ओर रक्खी हुई स्रुचा [वट के पत्ते के समान रूप वाला विकङ्कट काठ का बना हुआ भुजा तुल्य चमचा] को तीन बार तूने उठाया है २९, (किंदेवत्यं स्रुचं बर्हिषि निधाय उन्मृज्य उत्तरतः पाणी निर्माक्षीः=निर्मार्क्षीः ३०) कौन देवता वाली स्रुचा को कुशासन पर धर के और धोके उत्तर की ओर दोनों हाथों को तूने धोया है ३०, (किंदेवत्यं द्वितीयम् उन्मृज्य पिञ्युपवीतं कृत्वा दक्षिणतः पितृभ्यः स्वधाम् अकार्षीः ३१) कौन देवता वाली दूसरी [स्रुचा] को धोकर पिञ्य [पितृतीर्थ अर्थात् तर्जनी और अंगूठे के बीच] में यज्ञोपवीत करके दक्षिण ओर में पितरों [बड़े बूढ़े विद्वानों] के लिये तूने स्वधा [अन्न] किया है ३१, (किंदेवत्यं प्रथमं प्राशीः ३२) कौन देवता वाली पहिली [हवि] को तूने खाया है ३२, (किंदेवत्यं द्वितीयम् ३३) कौन देवता वाली दूसरी [हवि को तूने खाया है] ३३, (किंदेवत्यं सर्वम् एव अन्ततः आप्राशीः ३४) कौन देवता वाली सब ही [हवि] को

दितम्) समीपे स्थापितम् (अहौषीः) हु होमे—लुङ्। हुतवान् असि (अवेक्षिष्ठाः) अव+ईक्ष दर्शने—लुङ्, अडभावः । दृष्टवानसि (स्रुचम्) यज्ञपात्रम् (उदञ्चम्) उदङ्मुखंकृत्वा (उत्तरतः) उत्तरस्यां दिशि (निर्माक्षीः=निर्मार्क्षीः) निर+मृजू शोधने—लुङ्। नितरां शोधितवानसि (पिञ्युपवीतम्=पिञ्योपवीतम्) पिञ्यं पितृतीर्थं तर्जन्यङ्गुष्ठयोर्मध्ये स्थितं यज्ञोपवीतम् ।

तू ने खा लिया है ३४, (किंदेवत्यम् उदकम् अप्रक्षालितया स्रुचा न्यनैषीः ३५) कौन देवता वाले जल को बिना धुली हुई स्रुचा से तू ने गिराया है ३५, (किंदेवत्यं प्रक्षालितया ३६) कौन देवता वाले [जल] को धुली हुई [स्रुचा] से [गिराया है] ३६, (किंदेवत्यं उदकम् अपरेण स्रुचा आहवनीयम् न्यनैषीः ३७) कौन देवता वाले जल को दूसरे स्रुचा से आहवनीय अग्नि पर तू ने गिराया है ३७, (किंदेवत्य स्रुवं श्रुचं च प्रत्यताप्सीः ३८) कौन देवता वाले स्रुवा [खैर की लकड़ी का बना हुआ हाथ भर का यज्ञ पात्र] और श्रुचा को तू ने तपाया है ३८, (किंदेवत्यं स्रुग्दण्डं रात्रौ अवमार्ष्टीः ३९) कौन देवता वाले स्रुचा के दण्ड को रात्रि में तू ने धोकर रख दिया है ३९, (किंदेवत्यं प्रातः उन्मार्ष्टीः इति ४०) कौन देवता वाले [स्रुचा के दण्ड को] प्रातःकाल तू ने धोकर उठाया है ४०, (एतत् चेत् वेत्थ, गोतम, हुतम्, चेत् यदि उ न वेत्थ ते अहुतम् इति ब्राह्मणम्) इस को जो तू जानता है, हे गोतम ! [उद्दालक ! तेरा] अग्निहोत्र है और जो तू नहीं जानता है, तेरा निषिद्ध अग्निहोत्र है, यह ब्राह्मण है ॥ ११ ॥

भावार्थ—स्पष्ट है ॥ ११ ॥

कण्डिका १२ ॥

स होवाच, रौद्रं मे गवीडायां १, मानव्यमुपहूतायां २, वायव्यमुपसृष्टायां ३, वैराजं वत्समुन्नीयमानं ४, जागतमुन्नीतम् ५, आश्विनं दुह्यमानं ६, सौम्यं दुग्धं ७, वार्हस्पत्यं प्रक्रम्यमाणं ८, द्यावापृथिव्यं ह्रियमाणम् ९, आग्नेयमधिश्रीयमाणं १०, वैश्वानरीयमधिश्रितं ११, वैष्णवमभ्यवज्वाल्यमानं १२, मारुतमभ्यवज्वालितं १३, पौष्णं समुद्वान्तं १४, वारुणं विष्यन्नं १५, सारस्वतमद्भिः प्रत्यानीतं १६, त्वाष्ट्रमुद्वास्यमान १७, धात्रमुद्वासितं १८, वैश्वदेवमुन्नीयमानं १९, सावित्रमुन्नीतं २०, वार्हस्पत्यं प्रक्रम्यमाणं २१, द्यावापृथिव्यं ह्रियमाणम् २२, ऐन्द्रमुपसाद्यमानं २३, बलायोपसन्नम् २४, आग्नेयी समिद् २५, यां प्रथमामाहुतिमहोषं मामेव तत् स्वर्गे लोकेऽधां २६, यद्गार्हपत्यमवेक्षिषमस्य लोकस्य

(दक्षिणतः) दक्षिणस्यां दिशि (पितृभ्यः) पितृतुल्यमाननीयेभ्यो विद्वद्भ्यः (प्राशीः) अश भोजने—लुङ् । भक्षितवानसि (अप्रक्षालितया) अशोधितया (प्रत्यताप्सीः) प्रत्यक्षेण तप्तवानसि (वेत्थ) विद ज्ञाने—लट् । जानासि (हुतम्) अग्निहोत्रम् (अहुतम्) निषिद्धाग्निहोत्रम् ॥

सन्तत्यै २७, प्राजापत्योत्तरा हुतिः, तस्मात् पूर्णतरा मनसैव सा २८, यद्भुत्वा स्रुचं त्रिरुदञ्चमुन्नैषं रुद्रांस्तेनाप्रैषं २९, यद्बर्हिर्षि स्रुचं निधायोन्मृज्योत्तरतः पाणी निर्मार्ष्टियमोषधिवनस्पतींस्तेनाप्रैषं ३०, यद् द्वितीयमुन्मृज्य पित्र्युपवीतं कृत्वा दक्षिणतः पितृभ्यः स्वधामकार्षं पितॄंस्तेनाप्रैषं ३१, यत्प्रथमम्प्राशिषं प्राणांस्तेनाप्रैषं ३२, यद् द्वितीयं गर्भांस्तेन, तस्मादनश्नन्तो गर्भा जीवन्ति ३३, यदन्ततः सर्वमेवाप्राशिषं विश्वान्देवांस्तेनाप्रैषं ३४, यदप्रक्षालितयोदकं स्रुचा न्यनैषं सर्पैतरजनांस्तेनाप्रैषं ३५, यत् प्रक्षालितया सर्पपुण्यजनांस्तेन ३६, यदपरेणाहवनीयमुदकं स्रुचा न्यनैषं गन्धर्वाप्सरसस्तेनाप्रैषं ३७, यत् ध्रुवं स्रुचञ्च प्रत्यताप्सं सप्तऋषींस्तेनाप्रैषं ३८, यद्रात्रौ स्रुग्दण्डमवमार्ष्टयं ये रात्रौ संविशन्ति दक्षिणांस्तमुन्नैषं ३९, यत् प्रातरुन्मार्ष्टयं ये प्रातः प्रव्रजन्ति दक्षिणांस्तामुन्नैषमिति ४०, ब्राह्मणम् ॥ १२ ॥

कण्डिका १२ ॥ प्राचीनयोग्य के ४० प्रश्नों के उद्दालक के दिये उत्तर ॥

(सः ह उवाच) वह [उद्दालक] बोला—(रौद्रं मे इडायां गवि १) रुद्र [शत्रुओं का रुलाने वाला शूरवीर] देवता वाला कर्म मेरी प्राप्ति योग्य गौ में है १, (मानव्यम् उपहूतायाम् २) मानव [मननशील मनुष्य] देवता वाला कर्म उस बुलाई हुई में है २, (वायव्यम् उपसृष्टायाम् ३) वायु [गति वाला पवन] देवता वाला कर्म उस पास आयी हुई में है ३, (वैराजं वत्सम् उन्नीयमानम् ४) विराट् [विविध प्रकाशवाले] देवता वाला कर्म बछड़े को लाया जाता हुआ कर्म है ४, (जागतम् उन्नीतम् ५) जगत् [संसार] देवता वाला कर्म लाया गया [बछड़ा] है ५, (आश्विनं दुह्यमानम् ६) दोनों अश्वी [स्त्री पुरुष] देवता वाला दुहा जाता हुआ कर्म है ६, (सोम्यं दुग्धम् ७) सोम [सोमलता ओषधि] देवता वाला दूध है ७, (बार्हस्पत्यं प्रक्रम्यमाणम् ८) बृहस्पति [बड़ी विद्याओं का स्वामी] देवता वाला घुमाया जाता हुआ दूध है ८, (द्यावापृथिव्यं ह्रियमाणम् ९) द्यावापृथिवी [सूर्य और भूमि] देवता वाला लिया जाता हुआ दूध है ९, (आग्नेयम् अधिश्रीयमाणम् १०) अग्निदेवता

१२—(रौद्रम्) रुद्रदेवत्यम्, रुद्रः शत्रुरोदकः शूरवीरः (मानव्यम्) ब्राह्मणमाणवचाडवाद् यन् । पा० ४ । २ । ४२ । मानव—यन् । मानवसमूहदेवताकम् । मानवो मननशीलो मनुष्यः (वायव्यम्) वायूवृतुपित्रुषसो यत् । पा० ४ । २ । ३१ । वायु—यत् । वायुदेवताकम् (वैराजम्) विराज्—अण् ।

वाला रक्खा जाता हुआ दूध है १०, (वैश्वानरीयम् अधिश्रितम् ११) वैश्वानर [सब नरों का हितकारक] देवता वाला रक्खा गया दूध है ११, (वैष्णवम् अभ्यवज्वाल्यमानम् १२) विष्णु [व्यापक अग्नि] देवता वाला ओटता हुआ दूध है १२, (मारुतम् अभ्यवज्वालितम् १३) मरुत् [वायु] देवता वाला औटा हुआ दूध है १३, (पौष्णं समुद्वान्तम् १४) पूषा [पुष्ट करने वाला सूर्य] देवता वाला उफनता हुआ दूध है १४, (वारुणं विष्यन्नम् १५) वरुण [जल] देवता वाला बहता हुआ दूध है १५, (सारस्वतम् अद्भिः प्रत्यानीतम् १६) सरस्वती [जल वाली नदी] देवता वाला जल से लौटा दिया गया दूध है १६, (त्वाष्ट्रम् उद्वास्यमानम् १७) त्वष्टा [सूक्ष्म बनाने वाला विद्वान्] देवता वाला छोड़ा जाता हुआ दूध है १७, (धात्रम् उद्वासितम् १८) धाता [सब का धारण करने वाला] देवता वाला छोड़ा हुआ दूध है १८, (वैश्वदेवम् उन्नीयमानम् १९) विश्वे देवा [सब दिव्य गुण] देवता वाला ऊपर लाया जाता हुआ [नवनीत माखन] है १९, (सावित्रम् उन्नीतम् २०) सविता [सर्वप्रेरक] देवता वाला ऊपर लाया गया नवनीत है २०, (बार्हस्पत्यं प्रक्रम्यमाणम् २१) बृहस्पति [बड़ी विद्याओं का स्वामी] देवता वाला घुमाया जाता हुआ नवनीत है २१, (द्यावापृथिव्यं ह्रियमाणम् २२) द्यावापृथिवी [सूर्य और भूमि] देवता वाला लिया जाता हुआ नवनीत है २२, (ऐन्द्रम् उपसाद्यमानम् २३) इन्द्र [बड़े ऐश्वर्य वाले] देवता वाला पास लाया जाता हुआ नवनीत है २३, (बलाय उपसन्नम् २४) बल के लिये पास रक्खा गवा नवनीत है २४, (आग्नेयी समित् २५) अग्नि देवता वाली समिधा है २५, (यां प्रथमाम् आहुतिम् अहौषम् माम् एव तत् स्वर्गेलोके अधाम् २६) जिस पहिली आहुति को मैं ने दिया है, उस से अपने को मैं ने स्वर्गलोक में रक्खा है २६, (यत् गार्हपत्यम् अवेक्षिषम् अस्य लोकस्य संतत्यै २७) जो मैं ने गार्हपत्य अग्नि

विराड्देवताकम्। विराड् विविधैश्वर्यवान् (जागतम्) जगत्—अण्। जगद्देवताकम् (आश्विनम्) अश्विन्—अण्। अश्विदेवताकम्। अश्विनौ स्त्रीपुरुषौ। कुहस्विद् दोषा कुह वस्तोरश्विना—ऋ० १०। ४०। २ (सौम्यम्) सोम्—ष्यण्। सोमदेवताकम्। ओषधिः सोमः सुनोतेः—निरु० ११। २ (बार्हस्पत्यम्) बृहस्पति—एय। बृहस्पतिदेवताकम्। बृहस्पतिः। बृहतीनां विद्यानां पतिः। वाचस्पतिः (वैश्वानरीयम्) वैश्वानर—छ। वैश्वानरदेवताकम्। वैश्वानरः सर्वनरहितः (वैष्णवम्) विष्णुदेवताकम्। विष्णुः व्यापको-

वाली हवि को विचारा है, वह इस लोक के विस्तार के लिये है २७, (प्राजापत्या उत्तरा आहुतिः, तस्मात् सा पूर्णतरा मनसा एव २८) प्रजापति [प्रजापालक ईश्वर वा गृहस्थ] देवता वाली पिछली आहुति है, इस कारण वह मनन के साथही अधिक पूर्ण है २८, (यत् हुत्वा उदञ्चम् स्रुचं त्रिः उन्नैषं रुद्रान् तेन अप्रैषम् २९) जो हवि देकर उत्तर ओर रक्खी हुई स्रुचा [वट के पत्ते के समान रूप वाला विकङ्कट काष्ठ का बना हुआ भुजा तुल्य चमचा] को तीन वार मैं ने उठाया है, रुद्रों [शत्रुनाशक शूरवीरों] को मैंने तृप्त किया है २९, (यत् बर्हिषि स्रुचं निधाय उन्मृज्य उत्तरतः पाणी निर्मार्ष्टयं=निर्मार्ज्यं, तेन ओषधिवनस्पतीन् अप्रैषम् ३०) जो कुशासन पर स्रुचा को धर के और धोके उत्तर की ओर दोनों हाथों को मैंने धोया है, उस से ओषधि वनस्पतियों को मैंने तृप्त किया है ३०, (यत् द्वितीयम् उन्मृज्य पित्र्युपवीतं कृत्वा दक्षिणतः पितृभ्यः स्वधाम् अकार्षम् तेन पितॄन् अप्रैषम् ३१) जो दूसरी [स्रुचा] को धोकर पित्र्य [पितृतीर्थ अर्थात् तर्जनी और अंगूठे के बीच] में यज्ञोपवीत करके दक्षिण ओर में पितरों [बड़े बूढ़े विद्वानों] के लिये स्वधा [अन्न] मैं ने किया है, उस से पितरों [बड़े बूढ़े विद्वानों] को मैंने तृप्त किया है ३१, (यत् प्रथम प्राशिषं तेन प्राणान् अप्रैषम् ३२) जो पहिली [हवि] को मैंने खाया है, उस से प्राणों को मैं ने तृप्त किया है ३२, (यत् द्वितीयं तेन गर्भान्, तस्मात् अनश्यन्तः गर्भाः जीवन्ति ३३) जो दूसरी [हवि] को [मैं ने खाया है] उस से गर्भों को [मैंने तृप्त किया है], इस कारण विना खाते हुये [अर्थात् नाभि की नाड़ी से रस खींचते हुये] गर्भ जीते हैं ३३, (यत् अन्ततः सर्वम् एव आप्राशिषं तेन विश्वान् देवान् अप्रैषम् ३४) जो अन्त में सब ही [हवि] को मैं ने खालिया है, उस से सब दिव्य गुणों को मैं ने तृप्त किया है ३४, (यत् उदकम्

ऽग्निः (मारुतम्) मरुत्—स्वार्थे अण्। वायुदेवताकम् (पौष्णम्) पूषन्—अण्। पूषदेवताकम्। पूषा पोषकः सूर्यः (वारुणम्) वरुणदेवताकम्। वरुणो जलम् (सारस्वतम्) सरस्वतीदेवताकम्। सरस्वती जलवती नदी (त्वाष्ट्रम्) त्वष्टृदेवताकम्। त्वष्टा सूक्ष्मीकर्ता। विश्वकर्मा (वैश्वदेवम्) सर्वदिव्यगुणदेवताकम् (सावित्रम्) सर्वप्रेरकदेवताकम् (ऐन्द्रम्) ऐश्वर्यदेवताकम् (अहौषम्) हुतवानस्मि (माम्) आत्मानम् (अधाम्) धारितवानस्मि (प्राजापत्या) प्रजापतिः ईश्वरो गृहस्थो वा, तद्देवताका (रुद्रान्) शत्रुरोदकान् (अप्रैषम्) प्रीञ् तर्पणे—लुङ्। तर्पितवानस्मि (प्राशिषम्) प्रक-

अप्रक्षालितया स्रुचा न्यनैषं तेन सर्पेतरजनान् अप्रैषम् ३५) जो जल को बिना धुली स्रुचा से मैं ने गिराया है, उस से गतिशीलों से भिन्न पामरजनों को मैं ने तृप्त किया है ३५, (यत् प्रक्षालितया तेन सर्पपुण्यजनान् ३६) जो धुली हुई [स्रुचा] से [मैं ने जल गिराया है], उस से गतिशील पवित्र आचरण वाले लोगों को [मैं ने तृप्त किया है] ३६, (यत् अपरेण स्रुचा उदकम् आहवनीयं न्यनैषं तेन गन्धर्वाप्सरसः अप्रैषम् ३७) जो दूसरी स्रुचा से जल को आहवनीय अग्नि पर मैं ने गिराया है, उस से गन्धर्व अप्सरसों [पृथिवी के धारण करने वालों और आकाश में चलने वालों] को मैं ने तृप्त किया है ३७, (यत् ध्रुवं स्रुचं च प्रत्यतापसं तेन सप्तऋषीन् अप्रैषम् ३८) जो स्रुवा [खैर की लकड़ी का बना हुआ हाथ भर का यज्ञपात्र] और श्रुचा को मैं ने तपाया है, उस से सात ऋषियों [त्वचा, नेत्र, कान, जिह्वा, नाक, मन और बुद्धि] को मैं ने तृप्त किया है ३८, (यत् रात्रौ स्रुग्दण्डम् अवमार्ष्टं ये रात्रौ संविशन्ति ताम्=तान् दक्षिणान् उन्नैषम् ३९) जो रात्रि में स्रुचा के दण्डे को मैं ने धोकर रख दिया है, जो रात्रि में सोते हैं उन चतुर लोगों को मैं ने उठाया है ३९, (यत् प्रातः उन्मार्ष्टम्, ये प्रातः प्रव्रजन्ति ताम्=तान् दक्षिणान् उन्नैषम् ४० इति ब्राह्मणम्) जो प्रातःकाल [स्रुचा के दण्डे को मैं ने धोकर उठाया है, जो प्रातःकाल चलते फिरते हैं उन चतुर लोगों को मैं ने उठाया है ४०, यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है १२॥

भावार्थ—दूध घी आदि पदार्थों का उपयोग विचारपूर्वक करना चाहिये ॥ १२ ॥

र्षेण भक्षितवानस्मि (अनश्नन्तः) न भक्षन्तः (सर्पेतरजनान्) सर्पन्ति गच्छन्ति सर्पाः गतिशीलाः। इतरः भिन्नः जनः पामरलोकः। गतिशीलेभ्यो भिन्नान् पामरजनान् (सर्पपुण्यजनान्) गतिशीलान् पवित्राचरणान् (गन्धर्वाप्सरसः) गां वाणीं पृथिवीं गतिं वा धरति धारयति वा स गन्धर्वः। कृगृशृदृभ्यो वः। उ० १। १५५। गो+धृञ् धारणे—वप्रत्ययः, गो शब्दस्य गम्। सत्तरप्पूर्वादसिः। उ० ४। २३७। अप्+सृ गतौ—असि। अप्सरसः अप्सु आकाशे सरणशीलाः। पृथिवीधारकान् आकाशे गमनशीलां च (सप्तऋषीन्) इगुपधात् कित्। उ० ४। १२०। ऋष गतौ दर्शने च—इन्। ऋत्यकः। पा० ६। १। १२८। इति प्रकृतिभावः। सप्तऋषयः प्रतिहिताः शरीरे—यजु० ३४। ५५। त्वक्चक्षुः श्रवणरसनाघ्राणमनोबुद्धीः (संविशन्ति) शेरते (दक्षिणान्) कुशलान् (ताम्=तान्) (प्रव्रजन्ति) प्रकर्षेण गच्छन्ति ॥

कण्डिका १३ ॥

एवमेवैतद्भो यथा भवानाह पृच्छामि त्वेव भवन्तमिति, पृच्छ प्राचीनयोग्येति । यस्य सायमग्नय उपसमाहिता स्युः सर्वे ज्वलयेयुः प्रक्षालितानि यज्ञपात्राण्युपसन्नानि स्युरथ चेद् दक्षिणाग्निरुद्वायात् किं वा ततो भयमागच्छेदिति, क्षिप्रमस्य पत्नी प्रैति, यो विद्वान् जुहोति विद्यया त्वेवाहमभिजुहोमीति, का ते विद्या का प्रायश्चित्तिरिति १, गार्हपत्यादधि दक्षिणाग्निं प्रणीय प्राचोऽङ्गारानुद्धृत्य प्राणापानाभ्यां स्वाहेति जुहुयादथ प्रातर्यथास्थानमग्नीनुपसमाधाय यथापुरं जुहुयात्सा मे विद्या सा प्रायश्चित्तिरिति २, अथ चेदाहवनीय उद्वायात् किं वा ततो भयमागच्छेदिति क्षिप्रमस्य पुत्रः प्रैति, यो विद्वां जुहोति विद्यया त्वेवाहमभिजुहोमीति, का ते विद्या का प्रायश्चित्तिरिति २, गार्हपत्यादध्याहवनीयं प्रणीय प्रतीचोऽङ्गारानुद्धृत्य समानव्यानाभ्यां स्वाहेति जुहुयादथ प्रातर्यथास्थानमग्नीनुपसमाधाय यथापुरञ्जुहुयात् सा मे विद्या सा प्रायश्चित्तिरिति २। अथ चेद्गार्हपत्य उद्वायात् किं वा ततो भयमागच्छेदिति, क्षिप्रं गृहपतिः प्रैति, यो विद्वां जुहोति विद्ययात्वेवाहमभिजुहोमि इति का ते विद्या का प्रायश्चित्तिरिति ३, सभस्मकमाहवनीयं दक्षिणेन दक्षिणाग्निं परिहृत्य गार्हपत्यस्यायतने प्रतिष्ठाप्य ततः आहवनीयं प्रणीय उदीचोऽङ्गारानुद्धृत्योदानरूपाभ्यां स्वाहेति जुहुयादथ प्रातर्यथास्थानमग्नीनुपसमाधाय यथापुरं जुहुयात् सा मे विद्या सा प्रायश्चित्तिरिति ३, अथ चेत्सर्वेऽग्नय उद्वायेयुः किं वा ततो भयमागच्छेदिति, क्षिप्रं गृहपतिः सर्वेभ्यानिञ्जीयते, यो विद्वां जुहोति विद्यया त्वेवाहमभिजुहोमीति, का ते विद्या का प्रायश्चित्तिरिति ४, आनडुहेन शकृत्पिण्डेनाग्न्यायतनानि परिलिप्य होम्यमुपसाद्याग्निं निर्मथ्य प्राणापानाभ्यां स्वाहा समानव्यानाभ्यां स्वाहा उदानरूपाभ्यां स्वाहेति जुहुयादथ प्रातर्यथास्थानमग्नीनुपसमाधाय यथापुरञ्जुहुयात् सा मे विद्या सा प्रायश्चित्तिरिति ४, अथ चेन्नाग्निं जनयितुं शक्नुयुर्न कुतश्चन वातो वायात् किं वा ततो भयमागच्छेदिति मोघमस्येष्टं च हुतञ्च भवति, यो विद्वां जुहोति विद्यया त्वेवाहमभिजुहोमीति, का ते विद्या का प्रायश्चित्तिरित्यानडुहेनैव शकृत्पिण्डेनाग्न्यायतनानि परिलिप्य होम्यमुपसाद्य वात आवातु भेषजमिति सूक्तेनात्मन्येव जुहुयादथ प्रातरग्निं निर्मथ्य यथास्थानमग्नीनुपसमाधाय यथापुरं जुहुयात् सा मे विद्या सा प्रायश्चित्तिरिति ५ ब्राह्मणम् ॥ १३ ॥

कण्डिका १३ ॥ तीनों अग्नियों में विघ्न पड़ने पर उपाय और प्रायश्चित्त ॥

(भो एवम् एव एतत् यथा भवान् आह, तु एव भवन्तं पृच्छामि इति) [प्राचीनयोग्य बोला] महाराज ! ऐसा ही यह है जैसा आप कहते हैं, फिर भी आप से मैं पूंछता हूं । (प्राचीनयोग्य पृच्छ इति) [उद्दालक बोला] हे प्राचीनयोग्य ! पूंछ । (यस्य सायम् अग्नयः उपसमाहिताः स्युः सर्वे ज्वलयेयुः प्रक्षालितानि यज्ञपात्राणि उपसन्नानि स्युः) [प्राचीनयोग्य बोला] जिस की सायंकाल को सब अग्नियां यथाविधि ठीक की गयी हों, और सब जलती हों और धुले हुये यज्ञपात्र समीप हों, (अथ चेत् दक्षिणाग्निः उद्वायात् किं वा ततः भयम् आगच्छेत् इति क्षिप्रम् अस्य पत्नी प्रैति, यः विद्वान् जुहोति विद्यया तु एव अहम् अभिजुहोमि इति, का ते विद्या का प्रायश्चित्तिः इति १) फिर जो दक्षिणाग्नि भड़क उठे [अधिक बढ़ जावे] अथवा उस से कुछ भय आवे, [जिस से उसकी पत्नी शीघ्र चली जावे, और जो विद्वान् पुरुष होम करता है—(विद्यया·····) विद्या के साथ फिर भी मैं सब प्रकार होम करूं [यह कहे, उस में] तेरी क्या विद्या है और क्या प्रायश्चित्त [पापशोधन विधि] है १ । (गार्हपत्यात् अधि दक्षिणाग्निं प्रणीय प्राचः अङ्गारान् उद्धृत्य प्राणापानाभ्यां स्वाहा इति जुहुयात्, अथ प्रातः यथास्थानम् अग्नीन् उपसमाधाय यथापुरं जुहुयात् सा मे विद्या सा प्रायश्चित्तिः इति) [उद्दालक बोला] गार्हपत्य अग्नि से दक्षिणाग्नि लेकर पूर्व दिशा वाले अङ्गारों को निकाल कर—(प्राणापानाभ्यां स्वाहा) भीतर जाने वाले और बाहर आने वाले श्वास के लिये सुन्दर आहुति है—[इस मन्त्र से] होम करे, फिर प्रातःकाल अपने अपने स्थान में अग्नियों को ठीक कर के पहिले के समान होम करे, यह मेरी विद्या और यह प्रायश्चित्त है १ । (अथ चेत् आहवनीयः उद्वायात् किं वा ततः भयम् आगच्छेत् इति क्षिप्रम् अस्य पुत्रः प्रैति, यः विद्वान् जुहोति, विद्यया तु एव अहम् अभिजुहोमि

१३—(तु) पुनः (उपसमाहिताः) यथाविधिसंस्कृताः (प्रक्षालितानि) क्षल शोधने—क्त । संशोधितानि (उपसन्नानि) उप+षद् गतौ—क्त । समीपस्थानि (उद्वायात्) उद्गच्छेत् (प्रैति) प्र+इण् गतौ—लट् । प्रकर्षेण गच्छति (प्रायश्चित्तिः) प्र+इण् गतौ—घञ्+चिती संज्ञाने—क्तिन् । प्रायस्य चित्तिचित्तयोः । वा० पा० ६ । १ । १५७ इति सुट् । पापशोधनविधिः (प्राचः) पूर्वदिक्स्थितान् (समाधाय) यथाविधि संस्कृत्य (यथापुरम्) पुर अग्रगमने—क ।

इति, का ते विद्या का प्रायश्चित्तिः इति २) [प्राचीनयोग्य बोला] फिर जो आहवनीय अग्नि भड़क उठे अथवा उस से कुछ भय आवे, [जिस से] उस का पुत्र शीघ्र चला जावे और जो विद्वान् होम करता है—(विद्यया ·····) विद्या के साथ फिर भी मैं सब प्रकार होम करूं [यह कहे, इस में] तेरी क्या विद्या है और क्या प्रायश्चित्त है २। (गार्हपत्यात् अधि आहवनीयं प्रणीय प्रतीचः अङ्गारान् उद्धृत्य समानव्यानाभ्यां स्वाहा इति जुहुयात्) [उद्दालक बोला] गार्हपत्य अग्नि से आहवनीय अग्नि को लेकर पश्चिम ओर वाले अङ्गारों को निकाल कर—(समानव्यानाभ्यां स्वाहा) नाभि वाले और सब शरीर में फैलने वाले श्वास के लिये सुन्दर आहुति है—इस मन्त्र से होम करे, (अथ प्रातः यथास्थानम् अग्नीन् उपसमाधाय यथापुरं जुहुयात् सा मे विद्या सा प्रायश्चित्तिः इति) फिर प्रातःकाल अपने अपने स्थान पर अग्नियों को ठीक कर के पहिले के समान होम करे, यह मेरी विद्या और यह प्रायश्चित्त है २। (अथ चेत् गार्हपत्यः उद्धायात् किं वा ततः भयम् आगच्छेत् इति, क्षिप्रं गृहपतिः प्रैति, यः विद्वान् जुहोति विद्यया तु एव अहम् अभिजुहोमि इति, का ते विद्या का प्रायश्चित्तिः इति ३) [प्राचीनयोग्य बोला] फिर जो गार्हपत्य अग्नि भड़क उठे अथवा उस से कुछ भय आवे, [जिस से] गृहपति शीघ्र चला जावे, और जो विद्वान् होम करता है [विद्यया ·····) विद्या के साथ फिर भी मैं सब प्रकार होम करूं [यह कहे, उस में] तेरी क्या विद्या है और क्या प्रायश्चित्त है ३। (दक्षिणेन दक्षिणाग्निं परिहृत्य सभस्मकम् आहवनीयं गार्हपत्यस्य आयतने प्रतिष्ठाप्य ततः आहवनीयं प्रणीय उदीचः अङ्गारान् उद्धृत्य उदानरूपाभ्यां स्वाहा इति जुहुयात्, अथ प्रातः यथास्थानम् अग्नीन् उपसमाधाय यथापुरं जुहुयात् सा मे विद्या सा प्रायश्चित्तिः इति ३) [उद्दालक बोला] दाहिने हाथ से दक्षिणाग्नि को छोड़ कर, भस्म सहित आहवनीय अग्नि को गार्हपत्य के स्थान में रख कर फिर आहवनीय अग्नि को लेकर उत्तर ओर वाले अङ्गारों को निकाल कर—

यथापूर्वम् (प्रतीचः) पश्चिमदिशि स्थितान् (परिहृत्य) परित्यज्य (आयतने) यज्ञस्थाने (उद्धृत्य) उत+हृञ् हरणे—ल्यप् । बहिष्कृत्य (सर्वज्यानिम्) वीज्याज्वरिभ्यो निः । उ० ४ । ४८ । ज्या वयोहानौ—नि । सर्वक्षतिः । (जीयते) कर्मणि प्रयोग आर्षः । जयति प्राप्नोति (आनडुहेन) अनडुही—अण् । धेनुसंबन्धिनी (शकृत्पिण्डेन) विष्ठासंचयेन (होम्यम्) होम—यत् । होमाय हितं हविः । (मोघम्) निष्फलम् (इष्टम्) अभीष्टम् (आत्मनि) मनसि ॥

(उदानरूपाभ्यां स्वाहा) कण्ठ से ऊपर वाले वायु और रूप के लिये सुन्दर आहुति है—इस मन्त्र से हवन करे, फिर प्रातःकाल अपने अपने स्थान में अग्नियों को ठीक कर के पहिले के समान होम करे, यह मेरी विद्या और यह प्रायश्चित्त है ३ । (अथ चेत् सर्वे अग्नयः उद्वायेयुः किं वा ततः भयम् आगच्छेत् इति, क्षिप्रं गृहपतिः सर्वज्यानिं जीयते, यः विद्वान् जुहोति विद्यया तु एव अहम् अभि जुहोमि इति, का ते विद्या का प्रायश्चित्तिः इति ४) [प्राचीनयोग्य बोला] फिर जो सब अग्नियां भड़क उठें, अथवा उस से कुछ भय आवे [जिस से] गृहपति शीघ्र सब हानि प्राप्त करे, और जो विद्वान् होम करता है—[विद्यया·····] विद्या के साथ फिर भी मैं सब प्रकार होम करूं [यह कहे, इस में तेरी क्या विद्या है और क्या प्रायश्चित्त है ४ । (आनडुहेन शकृत्पिण्डेन अग्न्यायतनानि परिलिप्य होम्यम् उपसाद्य अग्निं निर्मथ्य प्राणापानाभ्यां स्वाहा, समानव्यानाभ्यां स्वाहा, उदानरूपाभ्यां स्वाहा इति जुहुयात् अथ प्रातः यथास्थानम् अग्नीन् उपसमाधाय यथापुरं जुहुयात् सा मे विद्या सा प्रायश्चित्तिः इति ४) [उद्दालक बोला] गौ के गोबर से अग्नि के स्थानों को लीपकर, होम योग्य द्रव्य को पास लाकर, अग्नि को मथकर (प्राणापानाभ्यां स्वाहा, समानव्यानाभ्यां स्वाहा, उदानरूपाभ्यां स्वाहा) [ऊपर वाले इन तीन मन्त्रों से] होम करे, फिर प्रातःकाल अपने अपने स्थान में अग्नियों को ठीक करके पहिले के समान होम करे, यह मेरी विद्या और यह प्रायश्चित है ४ । (अथ चेत् अग्निं जनयितुं न शक्नुयुः न कुतश्चन वातः वायात् किं वा ततः भयम् आगच्छेत् इति अस्य इष्टं च हुतं च मोघं भवति, यः विद्वान् जुहोति विद्यया तु एव अहम् अभिजुहोमि इति, का ते विद्या का प्रायश्चित्तिः इति ५) [प्राचीनयोग्य बोला] फिर जो अग्नि को लोग न उत्पन्न कर सकें और जो कहीं से वायु न चले अथवा उस से कुछ भय आवे [जिस से] उस का अभीष्ट और होम निष्फल होवे, और जो विद्वान्—होम करता है—(विद्यया·····) विद्या के साथ फिर भी मैं सब प्रकार होम करूं [यह कहे, इस में] तेरी क्या विद्या है और क्या प्रायश्चित्त है ५ । (आनडुहेन एव शकृत्पिण्डेन अग्न्यायतनानि परिलिप्य होम्यम् उपसाद्य, वातः आवातु भेषजम् इति सूक्तेन आत्मनि एव जुहुयात् अथ प्रातः अग्निं निर्मथ्य यथास्थानम् अग्नीन् उपसमाधाय यथापुरं जुहुयात्, सा मे विद्या सा प्रायश्चित्तिः ५ इति ब्राह्मणम्) [उद्दालक बोला] गौ के ही गोबर से अग्नि के स्थानों को लीप कर, होमयोग्य पदार्थ को पास लाकर, (वातः

आवातु भेषजम्) वायु औषध लावे—[इस मन्त्र का मिलान करो अथर्व ४ । १३ । ३] इस सूक्त से आत्मा [अपने] में ही [मानसिक] होम करे, फिर प्रातःकाल अग्नि को मथ कर अपने अपने स्थान में अग्नियों को ठीक कर के पहिले के समान होम करे, यह मेरी विद्या और यह प्रायश्चित्त है ५ । यह ब्राह्मण है ॥ १३ ॥

भावार्थ—अग्नियों के अभाव में मनुष्य मानसिक हवन ही करे ॥ १३ ॥

टिप्पणी—पूर्वोक्त मन्त्र यहां लिखा जाता है ।

आ वात वाहि भेषजं वि वात वाहि यद्रपः । त्वं हि विश्वभेषज देवानां दूत ईयसे ॥ अथ० ४ । १३ । ३, ऋ० १० । १३७ । ३ । (वात) हे वायु (भेषजम्) स्वास्थ्य को (आ वाहि) बहकर ला, और (वात) हे वायु ! (यत् रपः=यत् रपः तत्) जो दोष है उसे (वि वाहि) बह कर निकाल दे, (हि) क्योंकि (विश्वभेषज) हे सर्वरोगनाशक [वायु] ! (त्वम्) तू (देवानाम्) इन्द्रियों, विद्वानों और सूर्यादि लोकों के बीच (दूतः) चलने वाला वा दूत [समान सन्देश पहुंचाने वाला] होकर (ईयसे) फिरता रहता है ॥

कण्डिका १४ ॥

एवमेवैतद् भो भगवन् यथा भवानाहोपायामित्येव भवन्तमित्येवं चेन्नावद्ये मूद्ध्वा ते व्यपतिष्यतीति हन्त तु ते तद्वद्यामि यथा ते न व्यपतिष्यतीति, यो ह वा एवंविद्वानश्नाति च पिबति च वाक् तेन तृप्यति, वाचि तृप्तायामग्निस्तृप्यत्यग्नौ तृप्ते पृथिवी तृप्यति, पृथिव्यां तृप्तायां यानि पृथिव्यां भूतान्यन्वायत्तानि तानि तृप्यन्ति १, यो ह वा एवंविद्वानश्नाति च पिबति च प्राणस्तेन तृप्यति, प्राणे तृप्ते वायुस्तृप्यति, वायौ तृप्तेऽन्तरिक्षं तृप्यति अन्तरिक्षे तृप्ते यान्यन्तरिक्षे भूतान्यन्वायत्तानि तानि तृप्यन्ति २, यो ह वा एवं विद्वानश्नाति च पिबति च चक्षुस्तेन तृप्यति, चक्षुषी तृप्त आदित्यस्तृप्यत्यादित्ये तृप्ते द्यौस्तृप्यति, दिवि तृप्तायां यानि दिवि भूतान्यन्वायत्तानि तानि तृप्यन्ति ३, यो ह वा एवं विद्वानश्नाति च पिबति च मनस्तेन तृप्यति, मनसि तृप्ते चन्द्रमास्तृप्यति चन्द्रमसि तृप्ते आपस्तृप्यन्त्यप्सु तृप्तासु यान्यप्सु भूतान्यन्वायत्तानि तानि तृप्यन्ति ४, यो ह वा एवं विद्वानश्नाति च पिबति च श्रोत्रं तेन तृप्यति, श्रोत्रे तृप्ते दिशश्चान्तर्देशाश्च तृप्यन्ति, दिक्षु चान्तर्देशेषु च तृप्तेषु च यानि दिक्षु चान्तर्देशेषु च भूतान्यन्वायत्तानि तानि तृप्यन्ति ५, यो ह वा एवं विद्वानश्नाति च पिबति च तस्यायमेव दक्षिणः पाणिर्जुह्वः सव्य उपभृत् करण्डो ध्रुवाऽऽत्मा हविः

प्राणा ज्योतींषि सदेष्टं सदा हुतं सदाशितं पायितमग्निहोत्रं भवति य एवं वेद यश्चैवं विद्वानग्निहोत्रं जुहोतीति ब्राह्मणम् ॥ १४ ॥

कण्डिका १४ ॥ खान पान के लाभ ॥

(भो भगवन् एवम् एव एतत् यथा भवान् आह, उपायाम् इति एव भवन्तम् इति) [प्राचीनयोग्य बोला] हे भगवन् यह वैसा ही है जैसा आप ने कहा कि मैं आप के पास ही आया हूं । (एवं चेत् न अवक्ष्यः ते मूर्द्धा व्यपतिष्यति इति) जो तू ऐसा [यथार्थ] न कहे तो तेरा मस्तक गिर जायगा [देखो कं० ८], (तु हन्त ते तत् वक्ष्यामि यथा ते न व्यपतिष्यति इति) किन्तु, हे भाई ! तुझ से वह कहूंगा जिस से तेरे लिये [मेरा मस्तक] न गिरेगा । (यः ह वै एवं विद्वान् अश्नाति च पिबति च वाक् तेन तृप्यति) जो ही ऐसा [सत्यवादी] विद्वान् खाता और पीता है, वाणी उस से तृप्त होती है १, (वाचि तृप्तायाम् अग्निः तृप्यति) वाणी के तृप्त होने पर अग्नि तृप्त होता है २, (अग्नौ तृप्ते पृथिवी तृप्यति) अग्नि के तृप्त होने पर पृथिवी तृप्त होती है ३, (पृथिव्यां तृप्तायां पृथिव्यां यानि अन्वायत्तानि भूतानि तानि तृप्यन्ति) पृथिवी के तृप्त होने पर पृथिवी पर जो एक दूसरे के वशीभूत प्राणी आदि हैं वे तृप्त होते हैं । ४, १ । (यः ह वै एवं विद्वान् अश्नाति च पिबति च प्राणः तेन तृप्यति) जो ही ऐसा विद्वान् खाता और पीता है प्राण उस से तृप्त होता है १, (प्राणे तृप्ते वायुः तृप्यति) प्राण के तृप्त होने पर वायु तृप्त होता है २, (वायौ तृप्ते अन्तरिक्षं तृप्यति) वायु के तृप्त होने पर अन्तरिक्ष [मध्यलोक] तृप्त होता है ३, (अन्तरिक्षे तृप्ते अन्तरिक्षे यानि अन्वायत्तानि भूतानि तानि तृप्यन्ति) अन्तरिक्ष के तृप्त होने पर अन्तरिक्ष में जो एक दूसरे के आधीन प्राणी आदि हैं वे तृप्त होते हैं ४, २ । (यः ह वै एवं विद्वान् अश्नाति च पिबति च चक्षुः तेन तृप्यति) जो ही ऐसा विद्वान् खाता और पीता है आंख उस से तृप्त होती है १, (चक्षुषी [=चक्षुषि] तृप्ते आदित्यः तृप्यति) आंख तृप्त होने पर सूर्य तृप्त होता है २, (आदित्ये तृप्ते द्यौः तृप्यति) सूर्य के तृप्त होने पर प्रकाशलोक [जहां पर सूर्य

१४—(उपायाम्) उप+या गतौ—लङ् । आगतवानस्मि (अवक्ष्यः) वच परिभाषणे—लृङ् । अकथयिष्यः (व्यपतिष्यति) वि+पत्लृ पतने—लृट्, अडागम आर्षः । विविधं पतिष्यति । अधोगमिष्यति (वक्ष्यामि) कथयिष्यामि (अश्नाति) भक्षति (पिबति) पानं करोति (तृप्यति) हृष्यति (भूतानि) सत्तामात्रवस्तूनि (अन्वायत्तानि) परस्परवशीभूतानि (अन्तरिक्षम्) मध्य-

का प्रकाश है] तृप्त होता है ३, (दिवि तृतायां दिवि यानि अन्वायत्तानि भूतानि तानि तृप्यन्ति) प्रकाशलोक तृप्त होने पर प्रकाशलोक में जो एक दूसरे के आधीन प्राणी आदि हैं वे तृप्त होते हैं ४, ३ । (यः ह वै एवं विद्वान् अश्नाति च पिबति च मनः तेन तृप्यति) जो ही ऐसा विद्वान् खाता और पीता है, मन उस से तृप्त होता है १, (मनसि तृप्ते चन्द्रमाः तृप्यति) मन तृप्त होने पर चन्द्रमा तृप्त होता है २, (चन्द्रमसि तृप्ते आपः तृप्यन्ति) चन्द्रमा तृप्त होने पर जल तृप्त होता है ३, (अप्सु तृप्तासु अप्सु यानि अन्वायत्तानि भूतानि तानि तृप्यन्ति) जल तृप्त होने पर जल में जो एक दूसरे के आधीन प्राणी आदि हैं, वे तृप्त होते हैं ४, ४ । (यः ह वै एवं विद्वान् अश्नाति च पिबति च श्रोत्रं तेन तृप्यति) जो ही ऐसा विद्वान् खाता और पीता है, कान उस से तृप्त होता है १, (श्रोत्रे तृप्ते दिशः च अन्तर्देशाः च तृप्यन्ति) कान तृप्त होने पर दिशायें और बीच वाले देश तृप्त होते हैं २, (दिक्षु च अन्तर्देशेषु च तृप्तेषु च दिक्षु च अन्तर्देशेषु च यानि अन्वायत्तानि भूतानि तानि तृप्यन्ति) दिशाओं और बीच वाले देशों के तृप्त होने पर दिशाओं और बीच वाले देशों में जो एक दूसरे के आधीन प्राणी आदि हैं, वे तृप्त होते हैं ३, ५ । (यः ह वै एवं विद्वान् अश्नाति च पिबति च, तस्य अयम् दक्षिणः पाणिः जुहूः, सव्यः उपभृत्, ललाटः ध्रुवा, अन्नं हविः, प्राणाः ज्योतींषि, सदेष्टं सदाहुतं सदाशितं पायितम् अग्निहोत्रं भवति, यः एवं वेद यः च एवं विद्वान् अग्निहोत्रं जुहोति इति ब्राह्मणम्) जो ही ऐसा विद्वान् खाता और पीता है, उसका यही दाहिना हाथ जुहू [पलाश की लकड़ी का बना हुआ चन्द्राकार यज्ञपात्र], बांयां हांथ उपभृत् [चक्राकार यज्ञपात्र], ललाट ध्रुवा [बट के पत्राकार यज्ञपात्र] है, अन्न हवि है, प्राण ज्योति हैं, सदा अभीष्ट, सदा हवन और सदा खाया पिया अग्निहोत्र है, जो ऐसा जानता है और जो ऐसा विद्वान् अग्निहोत्र करता है, यह ब्राह्मण है ॥ १४ ॥

लोकः (चक्षुषी) इयाडियाजीकाराणामुपसंख्यानम् । वा० पा० ७ । १ । ३९ । इति सप्तम्या ईकारादेशः । चक्षुषि नेत्रे (द्यौः) सूर्यप्रकाशस्थानम् (जुहूः) हु दानादानादनेषु—क्विप् । पलाशकाष्ठनिर्मितार्धचन्द्राकृतियज्ञपात्रभेदः (उपभृत्) उप+भृञ् भरणे—क्विप् । चक्राकारयज्ञपात्रम् (ध्रुवा) ध्रुस्थैर्ये—क, टाप् । वटपत्राकृतियज्ञपात्रम् (ज्योतींषि) सूर्य्यादीनि (सदा—अशितम्) नित्यभक्षितम् (पायितम्) पा पाने स्वार्थे—णिच्, क्त । पीतम् ॥

भावार्थ—मनुष्य खान पान के उपयोग से स्वस्थ रहकर संसार का उपकार करे ॥ १४ ॥

कण्डिका १५ ॥

प्रियमेधा ह वै भरद्वाजा यज्ञविदो मन्यमानास्ते ह स्म न कञ्चना वेदविद-मुपयन्ति, ते सर्वमविदुस्ते सहैवाविदुस्तेऽग्निहोत्रमेव न समवादयन्त, तेषा-मेकः सकृदग्निहोत्रमजुहोत् द्विरेकस्त्रिरेकस्तेषां यः सकृदग्निहोत्रमजुहोत्तमित-रावपृच्छतां कस्मै त्वं जुहोषीति एकधा वा, इदं सर्वं प्रजापतिः प्रजापतय एवाहं सायं जुहोमीति प्रजापतये प्रातरिति । तेषां यो द्विरजुहोत् तमितरावपृच्छतां काभ्यां त्वं जुहोषीति, अग्नये प्रजापतय इति सायं, सूर्याय प्रजापतय इति प्रातः। तेषां यस्त्रिरजुहोत्तमितरावपृच्छतां केभ्यस्त्वं जुहोषीत्यग्नये प्रजापतयेऽनुमतय इति सायं, सूर्याय प्रजापतये अग्नये स्विष्टकृत इति प्रातः । तेषां यो द्विरजुहोत्स्व आर्ध्नोत्स भूयिष्ठोऽभवत्प्रजया चेतरौ श्रिया चेतरावत्याक्रामत्तस्य ह प्रजामि-तरयोः प्रजासु या तत्त्वमुपेयातां तस्माद् द्विर्होतव्यं, यजुषा चैव मनसा च यामेव ऋद्धिमार्ध्नोति तामृध्नोति य एवं वेद, यश्चैवंविद्वानग्निहोत्रं जुहोतीति ब्राह्मणम् ॥ १५ ॥

कण्डिका १५ ॥ क्रियात्मक और मानसिक यज्ञ करना चाहिये ॥

(प्रियमेधाः ह वै भरद्वाजाः यज्ञविदः मन्यमानाः) भरद्वाज गोत्र वाले बुद्धि को प्रिय रखने वाले [अपने को] यज्ञ जानने वाले समझते थे । (ते ह स्म कञ्चना वेदविदं न उपयन्ति) वे किसी वेदज्ञाता के पास नहीं जाते थे। (ते सर्वम् अविदुः ते सह एव अविदुः) [वे मानते थे] वे सब जानते हैं, वे मिलकर ही जानते थे । (ते अग्निहोत्रम् एव न समवादयन्त) वे अग्नि-होत्र का ही अब संवाद करने लगे । (तेषाम् एकः सकृत् अग्निहोत्रम् अजु-होत् द्विः एकः त्रिः एकः) उन में एक एक बार [एक देवता के लिये] अग्निहोत्र करता था, दो बार [दो देवता के लिये] एक और तीन बार [तीन देवता के लिये] एक ।

१५—(प्रियमेधाः) प्रियामेधा धारणावती बुद्धिर्येषां ते ऋषयः (भर-द्वाजाः) भरद्वाजवंशीयाः (यज्ञविदः) यज्ञवेत्तारः (मन्यमानाः) जानन्तः (कञ्चना) आर्षो दीर्घः । कञ्चन । कमपि (उपयन्ति) समीपे गच्छन्ति (अविदुः) अजानन् (न) सम्प्रति—निरु० ७ । ३१ (समवादयन्त) परस्परम् अकथयन्त

(तेषां यः सकृत् अग्निहोत्रम् अजुहोत् तम् इतरौ अपृच्छताम् कस्मै त्वम् एकधा वै जुहोषि इति) उन में जो एक बार अग्निहोत्र करता था, उस से अन्य दोनों ने पूंछा—तू किस देवता के लिये एक प्रकार ही यज्ञ करता है। (इदं सर्वं प्रजापतिः प्रजापतये एव अहं सायं जुहोमि इति, प्रजापतये प्रातः इति) [वह बोला] यह सब प्रजापति है, प्रजापति के लिये ही मैं सायंकाल होम करता हूं, और प्रजापति के लिये प्रातःकाल। (तेषां यः द्विः अजुहोत् तम् इतरौ अपृच्छताम्, काभ्यां त्वं जुहोषि इति) उन में से जो दो बार होम करता था, उस से अन्य दोनों ने पूंछा—कौन दो देवताओं के लिये तू होम करता है। (अग्नये प्रजापतये इति सायं, सूर्याय प्रजापतये इति प्रातः) [वह बोला] अग्नि प्रजापति के लिये सायंकाल, [तथा] सूर्य प्रजापति के लिये प्रातःकाल [अग्नि और सूर्य एक ही देवता हैं] (तेषां यः त्रिः अजुहोत् तम् इतरौ अपृच्छताम् केभ्यः त्वं जुहोषि इति) उन में जो तीन बार [तीन देवताओं के लिये] होम करता था, उस से अन्य दोनों ने पूंछा—किन देवताओं के लिये तू होम करता है। (अग्नये प्रजापतये अनुमतये इति सायं, सूर्याय प्रजापतये स्विष्टकृते अग्नये इति प्रातः) [वह बोला] अग्नि, प्रजापति और अनुमति [अनुकूल बुद्धि वाले] के लिये सायंकाल और सूर्य, प्रजापति और स्विष्टकृत् [उत्तम मनोरथ सिद्ध करने वाले] अग्नि के लिये प्रातःकाल [होम करता हूं]।

(तेषां यः द्विः अजुहोत् सः आर्ध्नोत्, सः भूयिष्ठः अभवत्, प्रजया च इतरौ श्रिया च इतरौ अत्याक्रामत्) उन में जो दो बार [दो देवता के लिये] होम करता था वह समृद्ध हुआ और बहुत अधिक हुआ और प्रजा [बाल बच्चों] के साथ अन्य दूसरों से और लक्ष्मी के साथ अन्य दूसरों से बढ़ गया। (तस्य ह प्रजां या तत्त्वम्, इतरयोः [आत्मनोः] प्रजासु उपेयाताम्) उस की

(सकृत्) एकवारम्। एकस्मै देवाय (द्विः) द्विवारम्। द्वाभ्यां देवाभ्याम् (त्रिः) त्रिवारम्। त्रिभ्यो देवेभ्यः (एकधा) एकप्रकारेण (अनुमतये) अनुकूलबुद्धियुक्ताय (स्विष्टकृते) उत्तममनोरथसाधकाय (आर्ध्नोत्) अवर्धत (भूयिष्ठः) बहु—इष्ठन्। अतिशयेन बहुः (अत्याक्रामत्) अति+आ+अक्रामत्। अत्यगच्छत् (उपेयाताम्) उप+इण् गतौ—वि० लि०। उपगच्छेताम् (यजुषा) हविरादिसंगतिकरणेन। भौतिकयज्ञेन (मनसा) अन्तःकरणेन। मानसिकयज्ञेन (ऋद्धिम्) सिद्धिम्। ऐश्वर्यम्। (आर्ध्नोति) पूजयति (ऋध्नोति) वर्धयति ॥

प्रजा को, जो तत्त्व [यथार्थ है] अपनी प्रजाओं में वे दोनों प्राप्त करें । (तस्मात् द्विः होतव्यम्) इस लिये दो बार [दो देवता के लिये] हवन करना चाहिये । (यजुषा च एव मनसा च याम् एव ऋद्धिं सः आप्नोति ताम् ऋध्नोति यः एवं वेद यः च एवं विद्वान् अग्निहोत्रं जुहोति इति ब्राह्मणम्) यजु [हवि आदि सामग्री के संगतिकरण] से और मन [मानसिक यज्ञ] से जिस ऋद्धि को वह पूजता है उस को वह बढ़ाता है जो ऐसा जानता है जो ऐसा विद्वान् अग्निहोत्र करता है —यह ब्राह्मण है ॥ १५ ॥

कण्डिका १६ ॥

स्वाहा वै कुतः सम्भूता, केन प्रकृता, किं वाऽस्या गोत्रं, कत्यक्षरा, कतिपदा, किम्पूर्वावसाना, क्वचित् स्थिता, किमधिष्ठाना, ब्रूहि स्वाहाया यद्दैवतं रूपञ्च । स्वाहा वै सत्यसम्भूता, ब्रह्मणा प्रकृता, लामगायनसगोत्रा, द्वे अक्षरे, एकं पदं, त्रयश्च वर्णाः शुक्लः पद्मः सुवर्ण इति, सर्वच्छन्दसां वेदेषु समासभूतैकोच्छ्वासा वर्णान्ते चत्वारो वेदाः शरीरे, षड़ङ्गान्योषधिवनस्पतयो लोमानि चक्षुषी सूर्य्याचन्द्रमसौ, सा स्वाहा सा स्वधा सैषा यज्ञेषु वषट्कारभूता प्रयुज्यते, तस्या अग्निर्दैवतं ब्राह्मणो रूपमिति ब्राह्मणम् ॥ १६ ॥

कण्डिका १६ ॥ स्वाहा शब्द के विषय में प्रश्नोत्तर ॥

(स्वाहा वै कुतः सम्भूता १, केन प्रकृता २, किं वै अस्याः गोत्रम् ३, कत्यक्षरा ४, कतिपदा ५, किंपूर्वावसाना ६, क्वचित् स्थिता ७, किमधिष्ठाना ८, ब्रूहि स्वाहायाः यत् दैवतम् ९, रूपं च १० ।) स्वाहा [सुवाणीं, आशीर्वाद, सुदान] कहां से उत्पन्न हुई १, किस करके बनाई गई २, क्या इसका गोत्र है ३, कितने अक्षर वाली है ४, कितने पाद वाली है ५, कौन आदि अन्त वाली है ६, कहां ठहरी हुई है ७, कौन अधिष्ठान[आश्रय] वाली है ८, तू बता स्वाहा का जो देवता ९, और रूप है १० । (स्वाहा वै सत्यसम्भूता) [उत्तर] स्वाहा सत्य से उत्पन्न है १, (ब्रह्मणा प्रकृता) ब्रह्म करके बनाई गई है २, (लामगायनसगोत्रा)

१६—(स्वाहा) सु+आङ्+ह्वेञ् आह्वाने—डा । वाङ् नाम—निघ० १ । ११ । स्वाहेत्येतत् सु आहेति स्वा वागाहेति वा स्वं प्राहेति वा स्वाहुतं हविर्जुहोतीति वा—निरु० ८ । २० सुवाणी । आशीर्वादः । सुदानम् । (संभूता) उत्पन्ना (प्रकृता) सृष्टा (कतिपदा) कतिपादयुक्ता (किंपूर्वावसाना) किमाद्यन्ता (लामगायनसगोत्रा) रमु क्रीडायाम्—घञ्, रस्य लः, गै गाने—ल्युट् ।

लामगायन [मनोहर वेदों के गाने वाले] के साथ एक गोत्र वाली है ३, (द्वे अक्षरे) दो अक्षर हैं ४, (एकं पदम्) एक पाद है ५, (त्रयः च वर्णाः शुक्लः पद्मः सुवर्णः इति) और तीन वर्ण हैं शुक्ल [श्वेत], पद्म [कमलवर्ण] और सुवर्ण [सोना] ६, (वेदेषु सर्वच्छन्दसां समासभूता वर्णान्ते एकोच्छ्वासा) वेदों में सब छन्दों की संग्रह रूप और वर्णों के अन्त में एक श्वास वाली है ७, (चत्वारः वेदाः षट् अङ्गानि शरीरे, ओषधिवनस्पतयः लोमानि चक्षुषी सूर्याचन्द्रमसौ) चारो वेद और छह अङ्ग [शिक्षा कल्प व्याकरण निरुक्त छन्द और ज्योतिष] दो शरीर, ओषधि वनस्पति लोम और दोनों आंखें सूर्य चन्द्रमा हैं ८, (सा स्वाहा सा स्वधा सा एषा यज्ञेषु वषट्कारभूता प्रयुज्यते, तस्याः अग्निः दैवतम् ब्राह्मणः रूपम् इति ब्राह्मणम्) वह स्वाहा, वह स्वधा और वही वषट्कार रूप होकर यज्ञों में प्रयुक्त की जाती है, उस का अग्नि देवता ९, और ब्राह्मण [वेदज्ञाता] रूप है १०—यह ब्राह्मण है ॥ १६ ॥

कण्डिका १७ ॥

अथापि कारवो ह नाम ऋषयो अल्पस्वा आसंस्त इममेकगुमग्निष्टोमं ददृशुस्तमाहरंस्तेनायजन्त ते स्वर्य्ययुः, स य इच्छेत् स्वर्य्ययीति स एतेनैकगुनाऽग्निष्टोमेन यजेतेति ब्राह्मणम् ॥ १७ ॥

कण्डिका १७ ॥ अग्निष्टोम विषय ॥

(अथ अपि कारवः ह नाम ऋषयः अल्पस्वाः आसन्) फिर स्तुति करने वाले प्रसिद्ध ऋषि थोड़े धन वाले थे । (ते इमम् एकगुम् अग्निष्टोमं ददृशुः) उन्हों ने इस एक वाणी [पाद] वाले अग्निष्टोम [स्वाहाकार] को देखा । (तम् आहरन्, तेन अयजन्त, ते स्वः ययुः) व उसे ले आये, उस से यज्ञ किया और उन्हों ने स्वर्ग पाया । (सः यः इच्छेत् स्वर्ययी इति सः एतेन एकगुना

लामगायनेन रामगायनेन मनोहरवेदगायकेन समानगोत्रा (समासभूता) संग्रहभूता (एकोच्छ्वासा) एकश्वासयुक्ता । एकविरामा (वर्णान्ते) मन्त्राणां वर्णान्ते (शरीरे) शरीरद्वयम् ॥

१७—(कारवः) कृवापाजिमि० । उ० १ । १ । करोतेः—उण् । कारुः कर्ता स्तोमानाम्—निरु० ६ । ६ । स्तोतारः (नाम) प्रसिद्धौ (ऋषयः) सूक्ष्मदर्शिनः (अल्पस्वाः) अल्पधनाः (इमम्) पूर्वोक्तं स्वाहाकारम् (एकगुम्) गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य । पा० १ । २ । ४८ । गो शब्दस्य ह्रस्वः । गौर्वाङ्नाम—निघ० १ ।

अग्निष्टोमेन यजेत इति ब्राह्मणम्) जो चाहे कि मैं स्वर्ग पाने वाला होऊं—वह इस एक वाणी [पाद] वाले अग्निष्टोम [स्वाहाकार] से यज्ञ करे—यह ब्राह्मण है ॥ १७ ॥

कण्डिका १८ ॥

अथातः सवनीयस्य पशोर्विभागं व्याख्यास्यामः उद्धृत्यावदानानि, हनू सजिह्वे प्रस्तोतुः, कण्ठः सकाकुदः प्रतिहर्त्तुः, श्येनं पक्ष उद्गातुर्दक्षिणं पार्श्वं सांसमध्वर्य्योः, सव्यमुपगातॄणां, सव्योऽंसः प्रतिप्रस्थातुर्दक्षिणा श्रोणिरथास्थी ब्रह्मणोऽवरसक्थं ब्राह्मणाच्छंसिनः, ऊरुः पोतुः, सव्या श्रोणिर्होतुरवरसक्थं मैत्रावरुणस्योरुरच्छावाकस्य, दक्षिणा दोर्नेष्टुः, सव्या सदस्यस्य, सदञ्चानूकञ्च गृहपतेर्जाघनी पत्न्यास्तां सा ब्राह्मणेन प्रतिग्राहयति, वनिष्ठुर्हृदयं वृक्कौ चाङ्गुल्यानि दक्षिणो बाहुराग्नीध्रस्य, सव्य आत्रेयस्य, दक्षिणौ पादौ गृहपतेर्व्रतप्रदस्य, सव्यौ पादौ गृहपत्न्या व्रतप्रदायाः, सहैवैनयोरोष्ठस्तं गृहपतिरेवानुशास्ति मणिर्जाश्च स्कन्धास्तिस्रश्च कीकसा आवस्तुतस्तिस्रश्चैव कीकसा अर्द्धञ्चापानश्चाच्छेतुरत उद्ध्वं चमसाध्वर्यूणां क्लोमाः श्मयितुः, शिरः सुब्रह्मण्यस्य, यश्च सुत्यामुद्यते तस्य चर्म तथा खलु षट्त्रिंशत्सम्पद्यन्ते षट्त्रिंशदक्षरा बृहती, बार्हतो वै स्वर्गो लोकः बृहत्या वै देवाः स्वर्गं लोकं यजन्ते, बृहत्या स्वर्गं लोकं प्रतिष्ठति, प्रतितिष्ठति प्रजया पशुभिर्य एवं विभजन्ते। अथ यदतोऽन्यथाशीलिको वा पापकृतो वा हुतादो वाऽन्यजना वाऽपि मथ्नीरन्नेवमेवैषां पशुर्विमथितो भवत्यस्वर्गदेवता यो ह वा इमां श्रुतऋषः पशोर्विभागं विदाञ्चकार, तामु ह गिरिजाय बाभ्रव्यायान्यो मनुष्येभ्यः प्रोवाच, तत इयमर्वाङ् मनुष्येष्वासीदिति ब्राह्मणम् ॥ १८ ॥

कण्डिका १८ ॥ पशुरूप वेदवाणी की सूक्ष्मता का विचार ॥

(अथ अतः सवनीयस्य पशोः अवदानानि उद्धृत्य विभागं व्याख्यास्यामः) अब यहां यज्ञ योग्य पशु के खण्डों को निकाल कर विभाग की हम व्याख्या करेंगे। (सजिह्वे हनू प्रस्तोतुः) जिह्वा सहित दोनों जावड़े प्रस्तोता [ऋत्विज] के हैं १, (सकाकुदः कण्ठः प्रतिहर्तुः) तालु सहित कण्ठ प्रति-

---

११। एकवाचम्। एकपादयुक्तम् (आहरन्) आनीतवन्तः (स्वः) स्वर्गलोकम् (ययुः) जग्मुः। आयुः (स्वर्यायी) आङि णित्। उ० ४। ७। स्वः + या गतौ—इनि णित्। स्वर्गगामी, स्याम् इति अध्याहार्यः ॥

हर्ता का है २, (श्येनं पक्षः [=वक्षः] उद्गातुः) श्येन पक्षी के आकार वाली छाती उद्गाता की है ३, (सांसं दक्षिणं पार्श्वम् अध्वर्योः) कन्धे सहित दाहिना पांजर अध्वर्यु का है ४, (सव्यम् उपगातॄणाम्) बांयां [पांजर] उपगाताओं का है ५, (सव्यः अंसः प्रतिप्रस्थातुः) बांयां कन्धा प्रतिप्रस्थाता का है ६, (दक्षिणा श्रोणिः अथ्याखी ब्रह्मणः) दाहिना कूल्हा अथ्याखी [? ?] ब्रह्मा का है ७, (अवरसक्थं ब्राह्मणाच्छंसिनः) [दाहिनी] नीचे वाली पिंडली ब्राह्मणाच्छंसी की है ८, (ऊरुः पोतुः) जांघ पोता [ऋत्विज] की है ९, (सव्या-श्रोणिः होतुः) बांयां कूल्हा होता का है १०, (अवरसक्थ मैत्रावरुणस्य) [बायीं] नीचे वाली पिंडली मैत्रावरुण [प्राण और अपान वायु के जानने वाले ऋत्विज] की है ११, (ऊरुः अच्छावाकस्य) [बायीं] जांघ अच्छावाक की है १२, (दक्षिणा दोः नेष्टुः) दाहिना भुजदण्ड नेष्टा का है १३, (सव्या सदस्यस्य) बांयां [भुजदण्ड] सदस्य का है १४, (सदं च अनूकं च गृहपतेः) पीठ का बांस [रीढ़] और मूत्र की थैली गृहपति की है १५, १६, (जाघनी पत्न्याः तां सा ब्राह्मणेन प्रतिग्राहयति) पूंछ पत्नी की है, उस को वह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी] से स्वीकार कराती है १७, (वनिष्ठुः हृदयं वृक्कौ च आङ्गुल्यानि दक्षिणः बाहुः आग्नीध्रस्य) वनिष्ठु [भीतरली मल की मोटी आंत], हृदय, दो अण्डकोश, अंगुलियों के जोड़ और दाहिनी भुजा आग्नीध्र की है १८, १९, २०, २१, २२, (सव्यः आत्रेयस्य) बायीं [भुजा] आत्रेय [सदा ज्ञानी परमेश्वर के उपासक ऋत्विज] की है २३, (दक्षिणौ पादौ गृहपतेः व्रतप्रदस्य) दोनों दाहिने पांव गृहपति के भोजन देने वाले के हैं २४, (सव्यौ पादौ गृहपत्न्याः व्रतप्रदायाः) दोनों बायें पांव गृहपत्नी के भोजन देने वाली की हैं २५, (ओष्ठः सह एव एनयोः तं गृहपतिः एव अनुशास्ति) ओंठ मिल करके ही इन दोनों

१८—(सवनीयस्य) यज्ञीयस्य (उद्धृत्य) उत्+हृञ् हरणे—ल्यप्। उत्क्षिप्य (अवदानानि) खण्डनानि (श्येनम्) श्येनाकारम् (पक्षः) पचिवचिभ्यां सुट् च । उ० ४ । २२० । डुपचष् पाके, अथवा वच व्यक्तायां वाचि—असुन्, सुट् च । पक्ष एव वक्षः—ऐतरेय ब्राह्मणे ७ । १ । उरः (पार्श्वम्) स्पृशेः श्वस्गुनौ पृ च । उ० ५ । २७ । स्पृश संपर्शे—श्वण् पृ इत्यादेशः । कक्षाधोभागः (श्रोणिः) वहि श्रि श्रु यु द्रु० । उ० ४ । ५१ । श्रु गतौ श्रुतौ च—नि । कटिपश्चाद्भागः । नितम्बः । (अथ्याखी) ? ? (अवरसक्थम्) असिसञ्जिभ्यां क्थिन् । उ० ३ । १५४ । सञ्ज संगे—क्थिन् । बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णो स्वाङ्गात् षच् । पा०

[भोजन देने वाले भोजन देने वाली] का है, उस को गृहपति ही बांटता है २६, (मणिर्जाः [=मणिकाः] च स्कन्धाः तिस्रः कीकसाः च आवस्तुतः) मणिर्जा [मणिका अर्थात् मणि समान मांसखण्ड] और स्कन्धों के अवयव और तीन कीकसायें [हंसली की हड्डियां] आवस्तोता [शास्त्र जताने वालों की स्तुति करने वाले] के हैं २७, २८, २९, (तिस्रः च एव कीकसाः अर्धं च अपानः च उन्नेतुः) तीनों ही कीकसायें और डेढ़ अपान [गुह्यस्थान उपस्थेन्द्रिय] उन्नेता के हैं ३०, ३१ ½ (अतः ऊर्ध्वं चमसा अध्वर्य्यूणाम्) उस से ऊपर वाला [आधा अपान और चमसा [अङ्गविशेष] सब अध्वर्य्यू का है [३१+½] ३२, ३३, (क्लोमाः शमयितुः) क्लोम [फेफड़ों के अवयव] शमयिता [शान्तिकर्ता] के हैं ३४, (शिरः सुब्रह्मण्यस्य) शिर सुब्रह्मण्य का है ३५, (यः च सुत्याम् आह्वयते तस्य चर्म) और जो [ऋत्विज] सुत्या [सोम निचोड़ने की क्रिया] को बुलाता है उस का चर्म है ३६। (तथा खलु षट्त्रिंशत् सम्पद्यन्ते) इस प्रकार से ही छत्तीस [भाग] बनते हैं। (षट्त्रिंशदवदाना गौः षट्त्रिंशदक्षरा बृहती) छत्तीस खण्ड वाली गौ है [और गौ के समान] छत्तीस अक्षर वाला बृहती छन्द [अर्थात् समस्त वेदवाणी] है। (बार्हतः वै स्वर्गः लोकः) बृहती [वेदवाणी] वाला ही स्वर्गलोक है। (बृहत्या वै देवाः स्वर्गे लोके यजन्ते) बृहती [वेदवाणी] के द्वारा देवता [विद्वान् लोग] स्वर्गलोक में पूजे जाते हैं। (बृहत्या स्वर्गे लोके प्रतिष्ठति, प्रजया पशुभिः प्रतितिष्ठति यः एवं विभजन्ते) बृहती [वेदवाणी] के द्वारा स्वर्गलोक में वह ठहरता है और प्रजा के साथ और पशुओं के साथ प्रतिष्ठा पाता है जो इस प्रकार बांट करता

५। ४। ११३। सक्थि शब्दस्य षच्। तत्पुरुषेऽपि बाहुलकात्। दक्षिणजंघाधोभागः (मैत्रावरुणस्य) प्राणापानयोर्वेत्तुः। ऋत्विग्विशेषस्य (अच्छावाकस्य) वच परिभाषणे—घञ्। ऋत्विग्विशेषस्य (दोः) भुजदण्डः (सदम्) पृष्ठवंशः (अनूकम्) मूत्रवस्तिः (जाघनी) जघन—अण्, ङीप्। पुच्छम्। लाङ्गूलम् (प्रतिग्राहयति) स्वीकारयति (वनिष्टुः) वन् संभक्तौ—इष्टुप्। वनिष्टुः। स्थूलान्तरम् (वृक्कौ) सृ वृ भू शुषि मुषिभ्यः कक्। उ० २। ४१। वृक आदाने कक्। अण्डकोशौ (आत्रेयस्य) गो० पू० २। १७ सदाज्ञानवतः परमेश्वरस्य सेवकस्य। ऋत्विग्विशेषस्य (व्रतप्रदस्य) भोजनदायिनः (व्रतप्रदायाः) भोजनदात्र्याः (अनुशास्ति) विभज्य ददाति (मणिर्जाः) मणिकाः, इति पाठ ऐत० ब्रा० ७। १। मणिसदृशमांसखण्डाः (आवस्तुतः) अन्येभ्योपि दृश्यन्ते।

है । (अथ यत् अतः अन्यथाशीलिकः वा पापकृतः वा हुतादः वा अन्यजनाः वा अपि मथ्नीरन् एवम् एव एषां पशुः विमथितः अस्वर्गः भवति) फिर जो इस से विरुद्ध शीलवाले, अथवा पाप करने वाले, अथवा हवि खाने वाले, अथवा दूसरे मनुष्य ही मथैं [सूक्ष्म विचार करैं], इस प्रकार से इन सब का पशु [पशुरूप वेदज्ञान] विरुद्ध मथा हुआ और अस्वर्ग [नरक समान] होता है । (देवता यः ह वै श्रुतः ऋषिः पशोः इमां विभागं विदाञ्चकार, ताम् उ ह बाभ्रव्याय गिरिजाय, अन्यः मनुष्येभ्यः प्रोवाच, ततः इयम् अर्वाङ् मनुष्येषु आसीत् इति ब्राह्मणम्) उस देवता [विद्वान्] ने जिस श्रुत [वेदशास्त्र जानने वाले] ऋषि ने पशु के इस विभाग को जाना था, उस [विभाग] को बभ्रु [पालन-कर्ता] के सन्तान गिरिज [ऋषि] को [बताया] और दूसरे [गिरिज ऋषि] ने मनुष्यों को बताया, उस से यह [विभाग] अर्वाचीन मनुष्यों में हुआ है—यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है १८ ॥

भावार्थ—यहां उपकारी गौ के ३६ अवयव मान कर ३६ अक्षर वाले बृहती छन्द से उपमा दिखाई है, बृहती वाणी को भी कहते हैं, इस लिये बृहती छन्द समस्त वेदवाणी का उपलक्षण है—अर्थात् मनुष्यों को चाहिये कि वेदवाणी के सब अङ्गों और उपाङ्गों को बड़ी सूक्ष्म दृष्टि से विचार कर आनन्द पावैं ॥ १८ ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका का मिलान ऐतरेय ब्राह्मण ७ । १ से करो ॥

पा० ३ । २ । ७५ । ग्रह उपादाने, गृ विज्ञापने, शब्दे, निगरणे वा—क्तिनिप्, पृषोदरादिरूपम् । ष्टुञ् स्तुतौ—क्विप् । श्रावणां शास्त्रविज्ञापकानां स्तोतुः (अपानः) गुह्यस्थानम् । उपस्थेन्द्रियम् (कीकसाः) अत्यविचमि० । उ० ३ । ११७ । कक लोल्ये—असच्, धातोः कीकादेशः । जत्रुवक्षोगतास्थीनि (चमसा) अङ्गविशेषः (इमाः) क्लुङ् गतौ—मन् । फुप्फुसावयवाः । हृदयपार्श्वस्थमांसखण्डाः (शमयितुः) शमु शान्तीकरणे—तृन् । शान्तीकरस्य (सुत्याम) सोमाभिषवक्रियाम् (बृहती) षट्त्रिंशदक्षरच्छन्दोभेदः । वाक् । वेदवाणी (यजन्ते) इज्यन्ते । पूज्यन्ते । (विभजन्ते) आर्षं बहुवचनम् । विभजति (अन्यथाशीलिकः) शीलम् । पा० ४ । ४ । ६१ । अन्यथाशील—ठक् । विरुद्धस्वभावयुक्ताः । एकवचनमार्षम् (पापकृतः) पापकर्मकर्तारः (हुतादः) अदोऽनन्ने । पा० ३ । २ । ६८ । हुत+अद भक्षणे—विट् । हुतभक्षकाः (मथ्नीरन्) मन्थ विलोडने—लिङ् । विलोडयेयुः (विमथितः) विरुद्धविलोडितः (श्रुतः) तत्त्वज्ञः । ऋषिविशेषः (विभागम्) पुंलिङ्गेपि स्त्रियां प्रयोगः । विभक्तिम् (बाभ्रव्याय) बभ्रुसंतानाय (अर्वाङ्) अर्वाचीनेषु ॥

कण्डिका १९ ॥

अथातो दीक्षाः। कस्यस्विद्धेतोर्दीक्षित इत्याचक्षते, श्रेष्ठां धियं क्षियतीति, तं वा एतं दीक्षितं सन्तं दीक्षित इत्याचक्षते, परोक्षेण परोक्षप्रिया इव हि देवा भवन्ति प्रत्यक्षद्विषः। १। कस्यस्विद्धेतोर्दीक्षितोऽप्रत्युत्थायिको भवत्यनभिवादुकः प्रत्युत्थेयोऽभिवाद्यो ये प्रत्युत्थेयाभिवाद्यास्त एनमाविशन्ति भवन्ति२, अथर्वाङ्गिरसस्तस्य किमाथर्वणमिति, यदात्मन्येव जुह्वति न परस्मिन्नेवं ह्याथर्वणानामोदनसमानामात्मन्येव जुह्वति न परस्मिन् ३, अथास्य किमाङ्गिरसमिति, यदात्मनश्च परेषां च नामानि न गृह्णात्येवं ह तस्मिन्नासादात्मनश्चैव परेषां च नामानि न गृह्यन्ते, विचक्षणवतीं वाचम्भाषन्ते चनसितवतीं विचक्षयन्ति, ब्राह्मणं चनसयन्ति प्राजापत्यं, सैषा व्रतधुगथर्वाङ्गिरसस्तां ह्यन्वायत्ताः ४, कस्यस्विद्धेतोर्दीक्षितो नाश्यन्नो भवति नास्य नाम गृह्णान्त्यन्नस्थो नामस्थो भवतीत्याहुस्तस्य येऽन्नमदन्ति तेऽस्य पाप्मानमदन्त्यथास्य ये नाम गृह्णन्ति तेऽस्य नाम्नः पाप्मानमपाघ्नते५। अथापि वेदानां गर्भभूतो भवतीत्याहुस्तस्याजातस्याविज्ञातस्याक्रीतसोमस्याभोजनीयं भवतीत्याहुः। स दीक्षाणां प्रातर्जायते सोमं क्रीणन्ति तस्य जातस्य विज्ञातस्य क्रीतसोमस्य भोजनीय भवतीत्याहुः ६। कस्यस्विद्धेतोः संसवा परिजिहीर्षिता भवन्ति यतरो वीर्य्यवत्तमो भवति स परस्य यज्ञं परिमुष्णाति ७। कस्यस्विद्धेतोर्दैवे न ध्यायेत् संस्थिते नाधीयेतेति संसवस्यैव हेतोरिति विद्योतमाने स्तनयत्यथो वर्षति वायव्यमभिषुण्वन्ति वै देवाः सोमञ्च भक्षयन्ति तदभिषुण्वन्ति ब्राह्मणाः शुश्रुवांसोऽनूचानास्तेषां सर्वरसभक्षाः पितृपितामहा भवन्ति, स दैवे न ध्यायेत् संस्थितेनाधीयेतेति ब्राह्मणम्। ८ ॥ १९ ॥

कण्डिका १९ ॥ दीक्षित पुरुष के कर्तव्य और अकर्तव्य कर्म ॥

(अथ अतः दीक्षाः) अब यहां दीक्षायें [कही जाती हैं]। (कस्यस्वित् हेतोः दीक्षितः इति आचक्षते) किस हेतु से यह दीक्षित [नियम धारण करने वाला] है, ऐसा कहते हैं। (श्रेष्ठां धियं क्षियति इति, तं वै एतं दीक्षितं सन्तं दीक्षित इति आचक्षते) [उत्तर] श्रेष्ठ [धी] बुद्धि को [क्षियति] प्राप्त होता है, उस ही दीक्षित [धीक्षित] होते हुये को दीक्षित ऐसा कहते हैं। (परोक्षेण) परोक्ष [आंख ओट प्रलय में वर्तमान ब्रह्म] के द्वारा (परोक्षप्रियाः इव हि)

१९—(दीक्षाः) दीक्ष मौण्ड्ये, यागे, उपनयने नियमव्रतयोरादेशे च—अ, टाप्। अभीष्टप्रदमन्त्र ग्रहणानि (कस्य स्वित् हेतोः) सर्वनाम्नस्तृतीया च पा० २। ३। २७। इति षष्ठी। कस्मादेव कारणात् (दीक्षितः) दीक्ष मौण्ड्या-

परोक्षप्रिय [आंख ओट भविष्य के प्रेमी] लोगों के समान ही (देवाः) देवता [विद्वान् लोग] (प्रत्यक्षद्विषः) प्रत्यक्ष [वर्तमान अवस्था] के द्वेषी [विरोधी] (भवन्ति) होते हैं [गो० ब्रा० पू० १ । १] ' १ । (कस्य स्वित् हेतोः दीक्षितः अप्रत्युत्थायिकः अनभिवादुकः प्रत्युत्थेयः अभिवाद्यः भवति) किस कारण से दीक्षित पुरुष बड़ों के लिये न उठने वाला और न नमस्कार करने वाला, [किन्तु] बड़ों से उठ कर आदर योग्य और नमस्कार योग्य होता है । (ये प्रत्युत्थे याभिवाद्याः ते ह्यनम् आविष्टाः भवन्ति २) [उत्तर] जो पुरुष उठ कर आदर योग्य और नमस्कार योग्य होते हैं । वे [उन के गुण] इसमें प्रविष्ट हो जाते हैं २ । (अथर्वाङ्गिरसः तस्य किम् आथर्वणम् इति) निश्चल ब्रह्म के जानने वाले और वेद विज्ञान रखने वाले उस [दीक्षित] का क्या अथर्वपन [निश्चल ब्रह्म का ज्ञान] है । (यत् आत्मनि एव जह्वति न परस्मिन्, एवं ह ओदनसमानाम् आथर्वणानाम् आत्मनि एव जुह्वति [जुहोति] न परस्मिन् ३) [उत्तर] क्योंकि आत्मा में ही वे [विद्वान्] होम करते हैं, न दूसरे [अग्नि] में, ऐसे ही एकसे हवि रखने वाले निश्चल ब्रह्मज्ञानियों के मध्य वह [दीक्षित] आत्मा में ही होम करता है न दूसरे [अग्नि] में [यह अथर्वपन है] ३ । (अथ अस्य किम् आङ्गिरसम् इति) फिर इस [दीक्षित] का क्या आङ्गिरस [वेदज्ञान का भाव] है । (यत् आत्मनः च परेषां च नामानि न गृह्णाति [गृह्णन्ति], एवं ह तस्मिन् आसात् आत्मनः च एव परेषां च नामानि न गृह्यन्ते) [उत्तर] क्योंकि वे [विद्वान्] अपने और दूसरों के नाम नहीं लेते हैं, ऐसे ही उस [यज्ञ] में आसन पर से अपने और दूसरों के नाम [उस दीक्षित करके] नहीं लिये जाते हैं, (विचक्षणवती वाचं भाषन्ते [भाषते] चन-

---

दिषु—क्त । अथवा । तदस्य संजातं तारकादिभ्य इतच् । पा० ५ । २ । ३६ । दीक्षा—इतच् । अथवा । धी+क्षि गतिनिवासयोः—क्त, धस्य दः । प्राप्तदीक्षः । सोमयागादौ संकल्पं विधाय धृतनियमः (धियम्) बुद्धिम् (क्षियति) गच्छति प्राप्नोति (दीक्षितम्) धीक्षितम्, धस्य दः । प्राप्तबुद्धिम् (अप्रत्युत्थायिकः) अप्रति+उत्+स्था गतिनिवृत्तौ । जनेर्यक् । उ० ४ । १११ । इति यक्, ततः ठक् । सम्मानार्थम् आसनात् अनुत्थितः (अनभिवादुकः) अनभिवादनकर्ता (आविष्टाः) प्रविष्टाः (अथर्वाङ्गिरसः) अथर्वणः निश्चलब्रह्मविदस्य, अङ्गिरसो वेदविज्ञान-युक्तस्य (आथर्वणम्) अथर्वभावः (जुह्वति) होमं कुर्वन्ति (आथर्वणानाम्) निश्चलब्रह्मज्ञानिनाम् (ओदनसमानाम्) समानहविष्कानाम् (आङ्गिरसम्) अङ्गि-

सितवती विचक्षयन्ति [विचक्षयति], प्राजापत्यं ब्राह्मणं च नसयन्ति [चनसयति] वह [दीक्षित] विचक्षण [विविधदर्शी] शब्दवाली वाणी बोलता है, और चनसित [पूजनीय] शब्द वाली कहता है, और प्रजापति देवता वाले ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी] को चनसित [पूजनीय] शब्द वाली वाणी बोलता है [और क्षत्रिय और वैश्य को विचक्षण वाली वाणी बोलता है, जैसे देवदत्त चनसित ! बीरेन्द्र विचक्षण ! धनपाल विचक्षण—गो० ब्रा० उ० २ । २३] । (सा एषा व्रतधुक्, अथर्वाङ्गिरसः तां हि अन्वायत्ताः ४) यह [वाणी] व्रत पूर्ण करने वाली होती है, निश्चल ब्रह्मज्ञानी और वेदज्ञान वाले पुरुष उस के आधीन होते हैं । ४ । (कस्यस्वित् हेतोः दीक्षितः आश्यन्नः न भवति, अस्य नाम न गृह्णन्ति अन्नस्थः नामस्थः भवति इति आहुः) किस कारण से ही दीक्षित पुरुष अन्न खिलाने वाला नहीं होता है और न इसका नाम लोग लेते हैं, वह [दीक्षित] अन्न वाला और नाम वाला होता है, ऐसा कहते हैं । (ये तस्य अन्नम् अदन्ति ते अस्य पाप्मानम् अदन्ति, अथ ये अस्य नाम गृह्णन्ति ते अस्य नाम्नः पाप्मानम् अपाघ्नते ५) जो पुरुष उसका अन्न खाते हैं वे उस का पाप [न खाने योग्य भोजन] खाते हैं और जो इस का नाम लेते हैं वे इस के नाम का पाप मिटाते हैं [उस के नाम को निष्पाप और बड़ा समझते हैं] । ५ । (अथ अपि वेदानां गर्भभूतः भवति इति आहुः, तस्य अजातस्य अविज्ञातस्य अक्रीतसोमस्य अभोजनीयं भवति इति आहुः) फिर वह [दीक्षित] वेदों का गर्भभूत [आधार] होता है ऐसा कहते हैं, उस न उत्पन्न हुये, न जाने गये, और सोम न मोल लेने वाले [दीक्षित] का अभोजनीय [अन्न] होता है । (सः दीक्षाणां प्रातः जायते सोमं क्रीणन्ति [क्रीणाति] तस्य जातस्य विज्ञातस्य क्रीतसोमस्य

रोभावम् (विचक्षणवतीम्) विचक्षणशब्दयुक्ताम् । विचक्षणः । वि+चक्षिङ् कथने दर्शने च—युच् । विविधं द्रष्टा (चनसितवतीम्) चनसितशब्दयुक्ताम् । चायतेरन्ने ह्रस्वश्च । उ० ४ । २०० । चायृ पूजादौ—असुन्, नुट् च । इति चनस् । चनस् शब्दे नामधातौ कृते—क्त । इति चनसितशब्दः (चनसयन्ति) चनसितशब्दयुक्तां वाचं कथयति (व्रतधुक्) व्रतस्य नियमस्य दोग्ध्री पूरयित्री (न) निषेधे (आश्यन्नः) अश भोजने—एयत्, आर्षो ह्रस्वः । आश्यान्नः । आश्यं भोजनीयमन्नं यस्मात् सः । अन्नस्य भोजयिता यद्वा अश भोजने—णिनि । वाहिताग्न्यादिषु । पा० २ । २ । ३७ । इति आशीशब्दस्य पूर्वप्रयोगः । अन्नाशी । अन्नभक्तकः (संसवाः) द्वयोर्बहूनां वा यजमानानां सम्भूय सोमाभिषवाः, ते च

भोजनीयं भवति इति आहुः ६) [उत्तर] वह दीक्षाओं के मध्य प्रातःकाल उत्पन्न होता है, सोम मोल लेता है, उस उत्पन्न हुये, जाने हुये, सोम मोल ले चुके हुये [दीक्षित] का भोजनीय [अन्न] होता है, ऐसा कहते हैं । ६ । (कस्य स्वित् हेतोः संसवाः परिजिहीर्षिताः भवन्ति)—किस कारण से ही संसव [दो वा बहुत यजमानों के मिलकर सोम निचोड़ने के यज्ञ] छोड़ने योग्य होते हैं । (यतरः वीर्य्यवत्तमः भवति सः परस्य यज्ञं परिमुष्ण ति ७) [उत्तर] उन में जो कोई अधिक बलवान् होता है वह दूसरे के यज्ञ को लूट लेता है [इस से यज्ञों के बीच में नदी वा पहाड़ का अन्तर रहे] । ७ । (कस्य स्वित हेतोः देवे न ध्यायेत् संस्थिते न अधीयेत इति संसवस्य एव हेतोः इति) किस कारण से ही देव [मेघ] सम्बंधी कर्म में न चिन्ता करे, और संसव दोष [दो यज्ञों में गड़बड़ पड़ जाने] के कारण से संस्थित [समाप्त यज्ञ] में न मन्त्र पढ़े । (विद्योतमाने स्तनयति अथो वर्षति वायव्यं सोमं च वै देवाः अभिषुण्वन्ति भक्षयन्ति, तत् शुश्रुवांसः अनूचानाः ब्राह्मणाः [सोमं अभिषुण्वन्ति] तेषां पितृपितामहाः सर्वरसभक्षाः भवन्ति, सः दैवे न ध्यायेत् संस्थिते न अधीयेत इति ब्राह्मणम् ८)—[उत्तर] बिजुली चमकते हुये, गरजते हुये और बरसते हुये पर वायु देवता वाले सोम [जल] को देव [मेघ] निचोड़ते हैं और खाते हैं इस लिये वेद सुने हुये और अङ्गों सहित वेद विचारने वाले ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी सोम को] निचोड़ते हैं, उन के मध्य पितर और पितामह [बाप और दादे के समान आदर योग्य विद्वान्] सम्पूर्ण रस खाने वाले होते हैं, [इस लिये] वह दैव [मेघ सम्बंधी कर्म] में न चिन्ता करे और न संस्थित [समाप्त यज्ञ] में मन्त्र पढ़े, यह ब्राह्मण [ब्राह्मज्ञन] है । ८ ॥ १६ ॥

भावार्थ—दीक्षित यजमान ऐसा प्रयत्न करे कि सब विघ्नों को हटा कर उस का यज्ञ निर्विघ्न पूरा होवे ॥ १६ ॥

महान्तो दोषाः (परिजिहीर्षिताः) परिहर्तुमभिकांक्षिताः (यतरः) अनयोर्मध्ये यः (परिमुष्णाति) परिलुण्ठति (दैवे) दैवो मेघः । मेघसंबन्धिनि कर्मणि (संस्थिते) समाप्तयज्ञे (विद्योतमाने) विद्युत्प्रकाशमानेमेघे (स्तनयति) स्तन मेघशब्दे—शतृ । मेघशब्दं कुर्वति (वायव्यम्) वायुदेवताकं सोमम् (देवाः) मेघाः । विद्वांसः (सोमम्) जलरसम् । सोमलतारसम् (शुश्रुवांसः) श्रु श्रवणे-कसु । वेदं श्रुतवन्तः (अनूचानाः) अनु+वच परिभाषणे—कानच् । साङ्गवेदविचक्षणाः (पितृपितामहाः) पितरश्च पितामहाश्च । तत्समानपूज्याः विद्वांसः ॥

टिप्पणी—विचक्षणवती वाणी और चनसितवती वाणी के विषय में ऐतरेय ब्राह्मण १ । ६ और उस पर सायण भाष्य और आगे गो० ब्रा० उ० २ । २३ देखो ॥

कण्डिका २० ॥

समावृत्त आचार्य्या निषेदुस्तान् ह यज्ञो दीक्षिष्यमाणानां ब्राह्मणरूपं कृत्वोपोदेयायेत्थञ्चेद्वोपसमवत्सुर्हन्त वोऽहं मध्ये दीक्षा इति, न ऊचुर्नैव त्वा विद्मः न जानीमः को होदविज्ञायमानेन सह दीक्षिष्यसीति, यन्विदं दीक्षिष्यध्वे भूयो न दीक्षिष्यध्वेऽथ वा उ एकं दीक्षयिष्यथ सं वै तर्हि मोहिष्यथ मोहिष्यति वो यज्ञः सर्वे ते दीक्षयिष्यतेत्यथ वा उ एक दीक्षयिष्यथ ते वा अहीनत्विजो गृहपतयो भविष्यथ, ते तूष्णीं ध्यायन्त आसाञ्चक्रिरे, सहोवाच किन्नु तूष्णीमाध्वे भूयो वः पृच्छामः पृच्छतेति यन्विदं दीक्षिष्यध्व उपयेम एतस्मिन् संवत्सरे मिथुनं चरिष्यथ नोपेष्यथेति धिमिति होचुः, कथं नु दीक्षिता उपेष्यामो नोपेष्यामहा इति, ते वै ब्राह्मणानामभिमन्दारा भविष्यथ रेतो ह वो य एतस्मिन् संवत्सरे ब्राह्मणास्तद्भविष्यंस्ते वोधिमता भविष्यथेत्यथ वा उपेष्यामो नोपेष्यामहा इति, ते वै दीक्षिता अवकीर्णिनाम भिष्यथ, न ह वै देवयानः पन्थाः प्रादुर्भविष्यति तिरो वो देवयानः पन्था भविष्यतीति, ते वयं भगवन्तमेवोपधावाम यथा स्वस्ति संवत्सरस्योदचं समश्नवामहा इति ब्राह्मणम् ॥ २० ॥

कण्डिका २० ॥ दीक्षा विषयक प्रश्नोत्तर ॥

(समावृत्तः [समावृत्ताः] आचार्य्याः निषेदुः) समावर्त्तन संस्कार किये हुये आचार्य लोग बैठे । (दीक्षिष्यमाणानां यज्ञः ब्राह्मणरूपं कृत्वा तान् ह उपोदयाय, इत्थं च इत् ह उपसमवत्सुः) उन दीक्षा चाहने वालों में यज्ञ ब्राह्मण रूप करके उन के पास आया और इस प्रकार से ही यथाविधि ठहरा (हन्त अहं मध्ये वः दीक्षे इति) हे पुरुषो ! मैं मध्य में [बैठ कर] तुम्हें दीक्षा

२०—(समावृत्तः) कृतसमावर्तनसंस्काराः (आचार्य्याः) वेदाध्यापयितारः (दीक्षिष्यमाणानाम्) दीक्षितुमिच्छतां मध्ये (उपोदेयाय) उप+उत्+आ+इण् गतौ—लिट् । समीपे आजगाम (इत्थम्) अनेन प्रकारेण (इत् ह) अवश्यमेव (उपसमवत्सुः) उप+सम्+वस निवासे—लुङ, बहुवचनं ह्रस्वत्वं चार्षम् । अवात्सुः । अवात्सीत् । सम्यक् निवसितवान् (वः) युष्मान् (दीक्षे) दीक्षितान् करवाणि (दीक्षिष्यसि) दीक्षा प्राप्स्यति (दीक्षयिष्यथ) दीक्षितं कुरुत

दूं । (ते ऊचुः न एव त्वा विद्यः न जानीमः कः हि इत् अविज्ञायमानेन सह दीक्षिष्यसि [—ष्यति] इति) वे बोले, न तो तुझ को हम जानते हैं, न पहचानते हैं, कौन अनजाने के साथ दीक्षा लेगा । (यत् नु इदं दीक्षिष्यध्वे भूयः न दीक्षिष्यध्वे) [ब्राह्मण बोला] जो अब तुम दीक्षा लोगे, फिर तुम न दीक्षा लोगे । (अथ वै उ एकं दीक्षयिष्यथ [ब० व०] [आचार्य बोले] तो एक को ही तुम दीक्षा दो । (तार्हि वै संमोहिष्यथ वः यज्ञः मोहिष्यति, सर्वे ते दीक्षयिष्यत इति) [ब्राह्मण बोला] तब [एक दीक्षित होने पर] तुम बेसुध हो जाओगे, तुम्हारा यज्ञ बेसुध हो जायगा, सो तुम सब दीक्षा लोगे । (अथ वै उ एकं दीक्षयिष्यथ ते वै गृहपतयः अहीनर्त्विजः भविष्यथ [—ष्यन्ति] फिर तुम एक को ही दीक्षा दो, वे सब गृहपति ऋत्विज वाले हो जायंगे । (ते तूष्णीं ध्यायन्तः आसाञ्चक्रिरे) वे चुप चाप ध्यान करते हुये बैठ गये । (सः ह उवाच किं नु तूष्णीम् आध्वे) वह बोला—क्यों तुम चुपचाप बैठते हो । (भूयः वः पृच्छामः) [वे बोले] फिर हम तुम से पूंछते हैं । (पृच्छत इति) [ब्राह्मण बोला] पूंछो । (यत् नु इदं दीक्षिष्यध्वे) [आचार्य बोले] अब तुम [एक को] दीक्षा दो । (उपयेमः, एतस्मिन् संवत्सरे मिथुनं चरिष्यथ) [ब्राह्मण बोला], हम समीप आते हैं, इसी संवत्सर [वर्ष] में मिथुन [मेधा वा धारणावती बुद्धि] प्राप्त करोगे । (न उपेष्यथ इति धिक् इति) क्या तुम समीप न आओगे, धिक्कार है । (ह ऊचुः कथं नु दीक्षिताः उपेष्यामः) वे बोले—कैसे दीक्षित होकर हम पास आवें, (न उपेष्यामहै इति) क्या हम पास न आवें । (ते वै ब्राह्मणानाम् अभिमन्दारः भविष्यथ) [ब्राह्मण बोला] वे ही [दीक्षित पुरुष] ब्राह्मणों में सब ओर से स्तुति करने वाले [वा स्तुति योग्य] होंगे, (ये ब्राह्मणाः एतस्मिन्

(मोहिष्यथ) मुग्धा भविष्यथ (अहीन-ऋत्विजः) ऋत्विग्भिः सह वर्तमानाः (आध्वे) आस् उपवेशने—लट् । उपविशथ (उपयेमः) उपयामः । उपेयुः (मिथुनम्) क्षुधिपिशिमिथिभ्यः कित् । उ० ३ । ५५ । मिथ बधे मेधायां च—उनन् कित् । मेधाम् । संयोगाम् (चरिष्यथ) प्राप्स्यथ (अभिमंदारः) अङ्गिमदिमन्दिभ्य आरन् । उ० ३ । १३४ । मदि स्तुता—आरन् । सर्वतः स्तोतारः स्तुत्या वा (रेतः) सामर्थ्यम् (बोधिमताः) सर्वधातुभ्य इन् । उ० ४ । ११८ । बुध ज्ञाने—इन्+ मन पूजायां ज्ञाने च—क्त । बोधेन पूजिताः (अवकीर्णिनः) कॄ—विक्षेपे—क्तः । धर्मभ्रष्टाः (देवयानः) देवगमनयोग्यः (उद्दचम्) उत् उत्तमां समाप्तिविषयाम् ऋचम् (समश्नवामहै) सम्यक् प्राप्नुयाम ॥

संवत्सरे वः रेतः ह तत् भविष्यन् ते बोधिमताः भविष्यथ इति) जो ब्राह्मण तुम्हारे बीच इस वर्ष उस प्रकार से सामर्थ्य पावेंगे, वे ज्ञान से सन्मानित होंगे। (अथ वै उपेष्यामः, न उपेष्याममहै इति) [आचार्य बोले] अब हम पास आवें, क्या हम पास न आवें, (ते वै दीक्षिताः अवकीर्णिनः भविष्यथ [भविष्यन्ति], देवयानः पन्थाः न ह वै प्रादुर्भविष्यति, वः देवयानः पन्थाः तिरः भविष्यति इति) [ब्राह्मण बोला] सो तुम [अन्यथा] दीक्षित होकर धर्म भ्रष्ट हो जाओगे, विद्वानों के चलने योग्य मार्ग कभी प्रकट न होगा, तुम्हारे लिये विद्वानों के चलने योग्य मार्ग गुप्त हो जायगा। (ते वयं भगवन्तम् एव उपधावाम, यथा स्वस्ति संवत्सरस्य उदृचं समश्नवामहै, इति ब्राह्मणम्) [आचार्य बोले] सो हम आप भगवान् [श्रीमान्] के ही पास आवें, जिस से कल्याण के साथ संवत्सर [यज्ञ] की समाप्ति वाली ऋचा को हम प्राप्त करें, यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ २० ॥

भावार्थ—सब ऋत्विज लोग दीक्षा लेकर अपना अपना कर्तव्य कर्म ह करें जिस से यज्ञ निर्विघ्न समाप्त होवे ॥ २० ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका के पदों में बहुत आर्ष प्रयोग हैं, विद्वान् विचार लें ॥

कण्डिका २१ ॥

स होवाच, द्वादश ह वै वसूनि दीक्षितादुत्क्रामन्ति, न ह वै दीक्षितोऽग्निहोत्रं जुहुयात्, न पौर्णमासेन यज्ञेन यजेत, नामावास्येनास्मिन्वसीत, न पितृयज्ञेन यजेत, न तत्र गच्छेद्यत्र मनसा जिगमिषेन्नेष्ट्या यजेत, न वाचा यथाकथाचिदभिभाषेत, न मिथुनं चरेत् नान्यस्य यथाकाममु युञ्जीत, न पशुबन्धेन यज्ञेन यजेत, न तत्र गच्छेद्यत्र चक्षुषा परापश्येत्, कृष्णाजिनं वसीत, कुरीरन्धारयेन्मुष्टीकुर्यादङ्गुष्ठप्रभृतयस्तिस्र उच्छ्रयेत्, मृगशृङ्गं गृह्णीयात्तेन कषेताथ यस्य दीक्षितस्य वाग्वायता स्यान् मुष्टी वा विसृष्टौ स एतानि जपेत् ॥ २१ ॥

कण्डिका २१ ॥ दीक्षित पुरुष के कर्तव्य कर्म और भूल में प्रायश्चित्त ॥

(सः ह उवाच) वह [ब्राह्मण—क० २०] बोला—(द्वादश ह वै वसूनि दीक्षितात् उत्क्रामन्ति) बारह उत्तम कर्म [क० २२] दीक्षित [संकल्प करके नियम धार करने वाले] से उन्नति पाते हैं। (दीक्षितः अग्निहोत्रं न ह वै

जुहुयात्) दीक्षित पुरुष अग्निहोत्र को अब अवश्य ही करे १, (न पौर्णमासेन यज्ञेन यजेत्) अब पौर्णमासी के यज्ञ से होम करे २, (न अमावास्येन अस्मिन् वसति) अब अमावस्या के यज्ञ से इस [यज्ञशाला] में निवास करे ३, (न पितृयज्ञेन यजेत्) अब पितृ यज्ञ से होम करे ४, (न तत्र गच्छेत् यत्र मनसा जिगमिषेत्) अब वहां जावे जहां मन से जाना चाहे ५, (न इष्ट्या यजेत्) अब इष्टि [जैसे पुत्रेष्टि, नवशस्येष्टि, संवत्सरेष्टि] से यज्ञ करे ६, (न वाचा यथाकथाचित् अभिभाषेत) अब वाणी के किसी ही [उचित] प्रकार बातचीत करे, (न मिथुनं चरेत्) अब मिथुन [मेधा, धारणावती बुद्धि] का अनुष्ठान करे ८, (न अन्यस्य यथा कामम् उ युञ्जीत) अब दूसरे से अपनी इच्छा के अनुसार ही मिले ९, (न पशुबन्धेन यज्ञेन यजेत) अब पशु के बन्धन वाले यज्ञ से यज्ञ करे १०, (न तत्र गच्छेत् यत्र चक्षुषा परापश्येत्) अब वहां जावे जहां नेत्र से दूर तक देखे ११। (कृष्णाजिनं वसीत) काली मृगछाला पहिने ११, (कुरीरं धारयेत्) केश रखावे १२, (मुष्ठी कुर्यात्) दोनों मुठ्ठी बांधे १३, (अङ्गुष्ठप्रभृतयः तिस्रः उच्छ्रयेत्) अंगूठा आदि तीन [अंगुलियों] को ऊचा रक्खे १४, (मृगशृङ्गं गृह्णीयात् तेन कषेत) हरिण के सींग को लिये रहे, उस से खुजावे १५। (अथ यस्य दीक्षितस्य वाक् वा अयता स्यात् मुष्टी वा विसृष्टौ, सः एतानि जपेत्) जिस दीक्षित पुरुष की वाणी बेनियम हो जावे अथवा दोनों मुठ्ठी खुल जावें, वह इन [वाक्यों] को जपे [कण्डिका २२]॥ २१॥

२१—(द्वादश) द्वादशसंख्यायुक्तानि—क० २२ (वसूनि) उत्तमानि कर्माणि (दीक्षितात्) संकल्पं विधाय धृतनियमात् (उत्क्रामन्ति) उन्नतानि गच्छन्ति (न) सम्प्रति—निरु० ७। ३१ (वसीत) वसेत (जिगमिषेत्) गन्तुमिच्छेत् (इष्ट्या) यज्ञविशेषेण। यथा पुत्रेष्ट्या नवशस्येष्ट्या, संवत्सरेष्ट्या (यथाकथाचित्) येन केन प्रकारेणापि (मिथुनम्) क० २०। मेधाम्। संयोगम् (चरेत्) प्राप्नुयात् (यथाकामम्) स्वेच्छाचारेण (परापश्येत्) दूरमवलोकयेत् (कृष्णाजिनम्) कृष्णसारमृगचर्म (वसीत) आच्छादयेत् (कुरीरम्) कृञ उच्च। उ० ४। ३३। डुकृञ् करणे—ईरन्, ऋकारस्य उर्। केशम्। (उच्छ्रयेत्) ऊर्ध्वं धारयेत् (अयता) नञ्+यम नियमने—क्त। अनियमिता। अवशीभूता (विसृष्टौ) वियुक्तौ (एतानि) वक्ष्यमाणानि वाक्यानि॥

कण्डिका २२ ॥

अग्निहोत्रञ्च मा पौर्णमासश्च यज्ञः पुरस्तात् प्रत्यञ्चमुभौ कामप्रौ भूत्वा क्षित्या सहाविशतां, वसतिश्च माऽमावास्यश्च यज्ञः पश्चात् प्राञ्चमुभाविति समानं, मनश्च मा पितृयज्ञश्च यज्ञो दक्षिणत उदञ्चमुभाविति समानं, वाक् च मेष्टिश्चोत्तरतो दक्षिणाञ्चमुभाविति समानं, रेतश्च माऽन्नं चेत ऊर्द्ध्वञ्चमुभाविति समानम्। चक्षुश्च मा पशुबन्धश्च यज्ञोऽमुतोवाञ्चमुभौ कामप्रौ भूत्वा क्षित्या सहाविशतामिति। खलु ह वै दीक्षितो य आत्मनि वसूनि धत्ते न चैवास्य काचनार्त्तिर्भवति, न च यज्ञविस्कन्धमुपयात्यापहन्ति पुनर्मृत्युमपाप्त्येति पुनराजातिं, कामचारोऽस्य सर्वेषु लोकेषु भाति य एवं वेद, यश्चैवं विद्वान् दीक्षामुपैतीति ब्राह्मणम् ॥ २२ ॥

कण्डिका २२ ॥ दीक्षित की भूल के प्रायश्चित्त ॥

भवतीति यमेवामुं पुरस्ताद्विषुवतोऽतिरात्रमुपयन्ति तेनेति ब्रूयादभिप्लवात् पृष्ट्यो निर्मितः, पृष्ट्यादभिजित्, अभिजितः स्वरसामानः, स्वरसामभ्यो विषुवान्, विषुवतः स्वरसामानः, स्वरसामभ्यो विश्वजित्, विश्वजितः पृष्ट्याभिप्लवौ, पृष्ट्याभिप्लवाभ्यां गवायुषी, गवायुभ्यां दशरात्रोऽथ ह देवेभ्यो महाव्रतं न तस्थे कथमूर्द्ध्वैः स्तोमैर्विषुवन्तमुपागातां वृत्तैर्मामिति ते देवो इह सामिवा सुरुप तं यज्ञक्रतुं जानीमो य ऊर्द्ध्वस्तोमो येनैतदहरवाप्नुयामेति तत एतं द्वादशरात्रमूर्द्ध्वस्तोमं ददृशुस्तमाहरंस्तेनायजन्त तत एभ्योऽतिष्ठंस्तिष्ठति हास्मै महाव्रतं महाव्रतं प्रतिष्ठति प्रतितिष्ठति प्रजया पशुभिर्य एवं वेद स वा एष संवत्सरः ॥१५॥

कण्डिका १५ ॥ संवत्सर और महाव्रत के विषय में प्रश्नोत्तर ॥

(अथ यत् चतुर्विंशम् अहः उपेत्य विषुवन्तम् अनुपेत्य महाव्रतम् उपेयात्, कथम् अनाकूत्यै भवति इति) फिर जब चतुर्विंश अह [चौबीस दिन वाले यज्ञ] को स्वीकार करके और विषुवान् को न स्वीकार करके महाव्रत को स्वीकार करे, कैसे वह [यजमान्] अयोग्य संकल्प के लिये होता है। (यम् एव अमुम् अतिरात्रं विषुवतः पुरस्तात् उपयन्ति तेन इति ब्रूयात्) [उत्तर] जिस ही उस अतिरात्र [यज्ञ] को विषुवान् से पहिले स्वीकार करते हैं, उस से [वह अयोग्य संकल्प के लिये होता है], ऐसा कहे। (अभिप्लवात् पृष्ट्यः निर्मितः) [क्योंकि] अभिप्लव [यज्ञ] से पृष्ठ्य [यज्ञ] बनाया गया है १, (पृष्ट्यात् अभिजित्) पृष्ठ्य से अभिजित् २, (अभिजितः स्वरसामानः) अभिजित् से स्वरसाम ३, (स्वरसामभ्यः विषुवान्) स्वरसामों से विषुवान् [क० १४] ४, (विषुवतः स्वरसामानः) विषुवान् से स्वरसाम ५, (स्वरसामभ्यः विश्वजित्) स्वरसामों से विश्वजित् ६, (विश्वजितः पृष्ट्याभिप्लवौ) विश्वजित् से पृष्ठ्य और अभिप्लव ७, (पृष्ट्याभिप्लवाभ्यां गवायुषी) पृष्ठ्य और अभिप्लव से गवायुषी [क० ६] ८, (गवायुभ्यां दशरात्रः) दोनों गवायु से दशरात्र [बनाया गया है] ९। (अथ ह देवेभ्यः महाव्रतं न तस्थे कथम् ऊर्द्ध्वैः स्तोमैः विषुवन्तम् उपागाताम्) फिर भी देवताओं के लिये महाव्रत न ठहरा, किस प्रकार ऊर्द्ध्व स्तोमों [स्तोत्र विशेषों] से विषुवान् यज्ञ को स्वीकार करे। (वृत्तैः माम् इति, ते देवः इह सामिवासुः, तं यज्ञक्रतुम् उपजानीमः

१५—(न) निषेधे (तस्थे) तस्थौ (उपागाताम्) उप+आ+गाङ् गतौ—लोट्। उपागच्छेत्। उपेयात् (वृत्तैः) वृतु वर्तने—क्त। सच्चरित्रैः (सामिवासुः) कृवापाजिमि० उ० १। १। साम्नि+वस निवासे—उण्, नकार-

यः ऊर्द्ध्वस्तोमः, येन एतत् अहः अवाप्नुयाम इति) सच्चरित्रों से मुझ को, तेरे लिये देवता [विद्वान् लोग] यहां मोक्ष विद्या में निवास करने वाला है, उस यज्ञ कर्म को समीप होकर हम जानें जो ऊर्द्ध्वस्तोम है और जिस से इस अह [दिन अर्थात् यज्ञ विशेष] को हम प्राप्त करें [इन ब्राह्मण वचनों से विषुवान् यज्ञ को स्वीकार करे] । (ततः एतं द्वादशरात्रम् ऊर्द्ध्वस्तोमं ददृशुः तम् अहारन् तेन अयजन्त ततः एभ्यः अतिष्ठन्) इसी से इस द्वादशरात्र ऊर्द्ध्वस्तोम को उन्हों [ऋषियों] ने देखा, उसे वे ले आये, उस से यज्ञ किया, उसी से उन [देवताओं] के लिये वह [महाव्रत] ठहरा । (अस्मै ह महाव्रतं तिष्ठति महाव्रतं प्रतिष्ठति, प्रजया पशुभिः प्रतितिष्ठति यः एवं वेद) उस [पुरुष] के लिये ही महाव्रत ठहरता है, महाव्रत अच्छे प्रकार ठहरता है, और वह प्रजा और पशुओं से प्रतिष्ठा पाता है जो ऐसा जानता है । (सः वै एषः संवत्सरः) वही यह संवत्सर है ॥ १५ ॥

कण्डिका १६ ॥

अथ यच्चतुर्विंशमहरुपेत्यानुपेत्य विषुवन्तं महाव्रतमुपेयात् कथमनाकूत्यै भवतीति यमेवामुं पुरस्ताद्विषुवतोऽतिरात्रमुपयन्ति तेनेति ब्रूयात् तदाहुः कति संवत्सरस्य पराञ्च्यहानि भवन्ति, कत्यर्वाञ्चि, तद्यानि सकृत् सकृदुपयन्ति तानि पराञ्चि, अथ यानि पुनः पुनरुपयन्ति तान्यर्वाञ्चि, इत्येवैनां न्युपासीरन् षड़हयोर्ह्यावृत्तिमन्वावर्त्तन्ते य एवं वेद स वा एष संवत्सरः ॥ १६ ॥

कण्डिका १६ ॥ संवत्सर और महाव्रत के विषय में प्रश्नोत्तर ॥

(अथ यत् चतुर्विंशम् अहः उपेत्य विषुवन्तम् अनुपेत्य महाव्रतम् उपेयात् कथम् अनाकूत्यै भवति इति) फिर जब चतुर्विंश अह [चौबीस दिन वाले यज्ञ] को स्वीकार करके और विषुवान् को न स्वीकार करके महाव्रत को स्वाकार करे, कैसे वह [यजमान] अयोग्य संकल्प के लिये होता है। (यम् एव अमुम् अतिरात्रं विषुवतः पुरस्तात् उपयन्ति तेन इति ब्रूयात्) [उत्तर] जिस ही उस अतिरात्र [यज्ञ] को विषुवान् से पहिले स्वीकार करते हैं, उस से [वह अयोग्य संकल्प के लिये होता है], ऐसा कहे ।

लोपः । साञ्चिवासकः । मोक्षज्ञाने निवासशीलः (उप) उपेत्य (यज्ञक्रतुम्) यज्ञकर्म । यज्ञप्रज्ञाम् (अतिष्ठन्) अतिष्ठत् ॥

१६—(कति) संख्याभेदपरिज्ञानाय प्रश्नः (पराञ्चि) पर+अञ्चु गतिपूजनयोः—क्विन् । परकालगतानि । पराचीनानि (अर्वाञ्चि) अवर+अञ्च

(तत् आहुः संवत्सरस्य कति पराञ्चि अहानि भवन्ति, कति अर्वाञ्चि) यह कहते हैं कि संवत्सर के कितने पराञ्चि [प्राचीन वा पुराने] दिन होते हैं और कितने अर्वाञ्चि [अर्वाचीन वा नूतन] । (तत् यानि सकृत् सकृत् उपयन्ति तानि पराञ्चि, अथ यानि पुनः पुनः उपयन्ति तानि अर्वाञ्चि इति एव एनानि उपासीरन्) [उत्तर] सो जिन को एक एक वार स्वीकार करते हैं वे पराञ्चि हैं, फिर जिन को बार २ स्वीकार करते हैं वे अर्वाञ्चि हैं, मनुष्य इन की ही उपासना करें । (षडहयोः हि आवृत्तिम् अन्वावर्तन्ते यः एवं वेद) वह दोनों षड् अह [छह दिन वाले यज्ञों] की आवृत्ति निरन्तर करता रहै जो ऐसा जानता है । (सः वै एषः संवत्सरः) सो यही संवत्सर है ॥ १६ ॥

कण्डिका १७ ॥

अथ यच्चतुर्विंशमहरुपेत्यानुपेत्य विषुवन्तं महाव्रतमुपेयात् कथमनाकूत्यै भवतीति यमेवामु पुरस्ताद्विषुवतोऽतिरात्रमुपयन्ति तेनेति ब्रूयादभिप्लवं पुरस्तात् विषुवतः पूर्वमुपयन्ति पृष्ठ्यमुपरिष्टात् पिता वा अभिप्लवः पुत्रः पृष्ठ्यस्तस्मात्पूर्वे वयसि पुत्राः पितरमुपजीवन्ति पृष्ठ्यं पश्चाद्विषुवतः पूर्वमुपयन्ति अभिप्लवमुपरिष्टात् पिता वा अभिप्लवः पुत्रः पृष्ठ्यस्तस्मादुत्तमे वयसि पुत्रान् पितोपजीवति य एवं वेद ।

तदप्येतदृचोक्तम् । शतमिन्नु शरदो अन्ति देवा यत्रानश्चक्रा जरसं तनूनाम् । पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मा नो मध्या रीरिषतायुर्गन्तोरिति ।

उप ह वा एनं पूर्वे वयसि पुत्राः पितरमुपजीवन्त्युपोत्तमे वयसि पुत्रान् पितोपजीवन्ति य एवं वेद स वा एष संवत्सरः ॥ १७ ॥

कण्डिका १७ ॥ संवत्सर और महाव्रत के विषय में प्रश्नोत्तर ॥

(अथ यत् चतुर्विंशम् अहः उपेत्य विषुवन्तम् अनुपेत्य महाव्रतम् उपेयात् कथम् अनाकूत्यै भवति इति) फिर जब चतुर्विंश अह [चौवीस दिन वाले यज्ञ] को स्वीकार कर के और विषुवान् [तुल्य दिन रात वाले काल के यज्ञ] को न स्वीकार करके महाव्रत को स्वीकार करे, कैसे वह [यजमान] अयोग्य संकल्प के लिये होता है । (यम् एव अमुम् अतिरात्रं विषुवतः पुर-

---

गतिपूजनयोः—क्विन् । पश्चात्काले भवानि । अर्वाचीनानि (सकृत्) एकवारम् (आवृत्तिम्) पुनः पुनरभ्यासम् (अन्वावर्तन्ते) अनुगत्य प्रवर्तते ॥

१७—(वयसि) अज गतिक्षेपणयोः—असुन्, वीभावः । अवस्थायाम् (उपजीवन्ति) आश्रित्य जीवन्ति (इत्) निश्चयेन (नु) शीघ्रम् एव (शरदः)

स्तात् उपयन्ति तेन इति ब्रूयात्) [उत्तर] जिस ही उस अतिरात्र [यज्ञ] को विषुवान् से पहिले स्वीकार करते हैं, उस से [वह अयोग्य संकल्प के लिये होता है], ऐसा कहे। (पूर्वं अभिप्लवं विषुवतः पुरस्तात् उपयन्ति पृष्ठ्यम् उपरिष्टात् पिता वै अभिप्लवः पुत्रः पृष्ठ्यः, तस्मात् पूर्वे वयसि पुत्राः पितरम् उपजीवन्ति) पहिले अभिप्लव को विषुवान् से पहिले स्वीकार करते हैं और पृष्ठ्य [यज्ञ] को पीछे, पिता ही अभिप्लव और पुत्र पृष्ठ्य है, इस लिये पहिली अवस्था में पुत्र पिता के सहारे जीते हैं, (पूर्वं पृष्ठ्यं विषुवतः पश्चात् उपयन्ति अभिप्लवम् उपरिष्टात् पिता वै अभिप्लवः पुत्रः पृष्ठ्यः, तस्मात् उत्तमे वयसि पिता पुत्रान् उपजीवति यः एवं वेद) पहिले पृष्ठ्य को विषुवान् से पीछे स्वीकार करते हैं और अभिप्लव को पीछे, पिता अभिप्लव और पुत्र पृष्ठ्य है, इस लिये पिछली अवस्था में पिता पुत्रों के सहारे जीता है जो ऐसा जानता है।

(तत् अपि एतत् ऋचा उक्तम्) यही इस ऋचा करके कहा गया है। शतमित्तु शरदो अन्ति देवा यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम्। पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मा नो मध्या रीरिषतायुर्गतीः, इति—कुछ भेद से ऋग्वेद १। ८९। ९॥ (अन्ति) हे जीवधारी (देवाः) विद्वानों ! (यत्र) जहां पर (नः) हमारे लिए (शतं शर्दः) सौ वर्ष तक (इत्) निश्चय करके (तु) ही (तनूनाम्) अपने शरीरों के (जरसम्) बुढ़ापे को (चक्र) तुम व्यतीत करो, (यत्र) जहां पर (पुत्रासः) पुत्र लोग (पितरः) पिता [वयोवृद्ध और विद्यावृद्ध पिता के समान] (भवन्ति) होवें, [वहां] (नः) हमारे (आयुः) जीवन और (गतीः) गतियों को (मध्या) बीच में (मा रीरिषत) मत नष्ट करो॥

(पूर्वे वयसि पुत्राः ह वै एनं पितरम् उपजीवन्ति, उत्तमे वयसि पिता पुत्रान् उपजीवन्ति यः एवं वेद) पहिली अवस्था में पुत्र निश्चय करके इस पिता के ही सहारे जीते हैं और पिछली अवस्था [सन्न्यास वा बुढ़ापे] में पिता पुत्रों के सहारे जीता है जो ऐसा जानता है। (सः वै एषः संवत्सरः) वही यह संवत्सर है॥ १७॥

शरद्ऋतूपलक्षितान् (अन्ति) पदिप्रथिभ्यां नित्। उ० ४। १८३। अन जीवने— ति, नित्। सुपांसुलुक्०। पा० ७। १। ३९। जसो लुक्। हे अन्तयः। जीविताः (देवाः) विद्वांसः (नः) अस्मभ्यम् (चक्र) यूयं कृतवन्तः वा कुरुत, लोडर्थे-लिट् (जरसम्) वृद्धावस्थाम् (पितरः) पितृवद्रक्षितारः (नः) अस्माकम् (मध्या) सप्तम्या डादेशः। मध्ये (मा रीरिषत) रिष हिंसायाम्—णिच्। मा हिंसिष्ट (आयुर्गतीः) जीवनस्य मार्गान् (उपजीवन्ति) उपजीवति पिता॥

भावार्थ—जैसे विषुवान् यज्ञ अभिप्लव और पृष्ठ्य यज्ञ से मिला होता है, वैसे ही पिता और पुत्र प्रीतिपूर्वक परस्पर रक्षा करें ॥ १७ ॥

कण्डिका १८ ॥

अथ हैष महासुपर्णस्तस्य यान् पुरस्ताद्विषुवतः षण्मासानुपयन्ति स दक्षिणः पक्षोऽथ यानावृत्तानुपरिष्टात् षडुपयन्ति स उत्तरः पक्षः आत्मा वै संवत्सरस्य विषुवानङ्गानि पक्षौ यत्र वा आत्मा तत्पक्षौ यत्र वै पक्षौ तदात्मा न वा आत्मा पक्षावतिरिच्येते नो पक्षावात्मानमतिरिच्यन्त इत्येवमु हैव तदपरेषां स्विदितमहां परेषामित्यपरेषां चैव परेषां चेति ब्रूयात्स वा एष संवत्सरः ॥ १८ ॥

कण्डिका १८ ॥ संवत्सर बड़ा गरुड़, विषुवान् आत्मा और दोनों अर्धसंवत्सर दो पक्ष ॥

(अथ ह एषः महासुपर्णः) फिर यही [संवत्सर] बड़ा गरुड़ हैं। (विषुवतः पुरस्तात् तस्य यान् षट् मासान् उपयन्ति सः दक्षिणः पक्षः, अथ उपरिष्टात् यान् आवृत्तान् षट् उपयन्ति सः उत्तरः पक्षः) विषुवान् से पहिले उस [संवत्सर] के जिन छह महीनों को स्वीकार करते हैं वह दक्षिण पक्ष [दाहिना पंख] है, फिर [विषुवान् से] पीछे जिन लौटते हुये छह [महीनों] को स्वीकार करते हैं वह उत्तर पक्ष [बायां पंख] है। (संवत्सरस्य वै आत्मा विषुवान् अङ्गानि पक्षौ) संवत्सर का ही आत्मा [देह] विषुवान् और अङ्ग दोनों पंख हैं। (यत्र वै आत्मा तत् पक्षौ, यत्र वै पक्षौ तत् आत्मा) जहां पर ही आत्मा [देह] है वहां दोनों पंख हैं, जहां पर ही दोनों पंख हैं वहां आत्मा है। (आत्मा वै पक्षौ न अतिरिच्येते नो पक्षौ आत्मानम् अतिरिच्यन्ते इति) आत्मा निश्चय कर के दोनों पक्षों से भिन्न नहीं है और न दोनों पक्ष आत्मा से भिन्न हैं। (एवम् उ ह एव अपरेषाम् अहां तत् स्विदितं परेषाम् इति) इसी प्रकार से ही [विषुवान् से] इधर वाले दिनों का वह पसीना [निचोड़] है, जो उधर वालों का है। (परेषां च अपरेषां च एव इति ब्रूयात्) और [जो विषुवान् से] उधर वाले [दिनों] का [पसीना] है, वह इधर वालों का है-ऐसा कहना चाहिये। (सः वै एषः संवत्सरः) वही यह संवत्सर है ॥ १८ ॥

१८—(महासुपर्णः) महागरुडः। पक्षिराजः (आवृत्तान्) अभ्यस्तान्। पुनः पुनर्वर्त्तमानान् (आत्मा) देहः। जीवः (तत्) तत्र (अतिरिच्येते) आर्षप्रयोगः। अतिरिणक्ति। भिन्नौ करोति (अतिरिच्यन्ते) अतिरिङ्क्तः। भिन्नं कुरुतः (स्विदितम्) ञिष्विदा घर्मस्नुतौ—क्त। स्वेदः। घर्मनिस्सरणम् ॥

भावार्थ—संवत्सर में विषुवान् [तुल्य रात्रि दिन का काल दो बार एक ग्रीष्म में और एक शीत में होता है और दोनों का काल परिमाण और प्रभाव तुल्य है, ऐसा ज्योतिष से जानना चाहिये ॥ १८ ॥

कण्डिका १९ ॥

तदाहुर्यद् द्वादश मासाः संवत्सरोऽथ हैतदहरवाप्नुयामेति यद्वैषुवतमपरेषां स्विदितमह्नां परेषामित्यपरेषां चैव परेषां चेति ब्रूयादात्मा वै संवत्सरस्य विषुवानङ्गानि मासौ यत्र वा आत्मा तदङ्गानि यत्राङ्गानि तदात्मा, न वा आत्माऽङ्गान्यतिरिच्येते नोऽङ्गान्यात्मानमतिरिच्यन्त इत्येवमु हैव तदपरेषां स्विदितमह्नां परेषामित्यपरेषां चैव परेषां चेति ब्रूयात्स वा एष संवत्सरः ॥ १९ ॥

कण्डिका १९ ॥ विषुवान् से संवत्सर के बारह महीने ॥

(तत् आहुः यत् द्वादश मासाः संवत्सरः) यह कहते हैं कि बारह महीने संवत्सर है, (अथ ह एतत् अहः. अवाप्नुयाम यत् वैषुवतम् इति) अब ही हम वह दिन प्राप्त करें जो विषुवान् वाला [दिन] है, (अपरेषाम् अह्नां स्विदितं परेषाम् इति, परेषां च अपरेषां च एव इति ब्रूयात्) [विषुवान् से] इधर वाले दिनों का वह पसीना [निचोड़] है जो उधर वालों का है, और [विषुवान् से] उधर वाले [दिनों] का [पसीना] है, वह इधर वालों का है—ऐसा कहना चाहिये। (संवत्सरस्य वै आत्मा विषुवान् अङ्गानि मासौ) संवत्सर का ही आत्मा [देह] विषुवान् और अङ्ग दो महीने [=बारह महीने] हैं। (यत्र व आत्मा तत् अङ्गानि यत्र अङ्गानि तत् आत्मा) जहां पर ही आत्मा है वहां अङ्ग हैं, जहां अङ्ग हैं वहां आत्मा है। (आत्मा वै अङ्गानि न अतिरिच्येते नो अङ्गानि आत्मानम् अतिरिच्यन्ते इति) आत्मा निश्चय करके अङ्गों से भिन्न नहीं है, न अङ्ग आत्मा से भिन्न हैं। (एवम् उ ह एव अपरेषाम् अह्नां तत् स्विदितं परेषाम् इति) इसी प्रकार से ही [विषुवान् से] इधर वाले दिनों का वह पसीना [निचोड़] है, जो उधर वालों का है। (परेषां च अपरेषां च एव इति ब्रूयात्) और [जो विषुवान् से] उधर वाले [दिनों] का [पसीना] है, वह इधर वालों का है—ऐसा कहना चाहिये। (सः वै एषः संवत्सरः) वही यह संवत्सर है ॥ १९ ॥

१९—(अवाप्नुयाम) प्राप्नुयाम (वैषुवतम्) विषुवत्—अण्। विषुवतः सम्बद्धम् (मासौ) मासाः। अन्यत् पूर्ववत् ॥

भावार्थ—विषुवान् अर्थात् मेष-तुला की संक्रान्ति पर तुल्य दिन रात का समय वर्ष में दो बार होता है, एक ग्रीष्म में दूसरा शीत में और दोनों छह मासी में ताप और शीत तुल्य होता है, इस से संवत्सर यज्ञ चाहे किसी विषुवान् से आरम्भ किया जावे ॥ १६ ॥

कण्डिका २० ॥

तदाहुः कथमुभयतो ज्योतिषोऽभिप्लवा अन्यतरो ज्योतिस्पृष्ठ्य इत्युभयतो ज्योतिषो वा इमे लोका अग्निनेता आदित्येनामुत इत्येष ह वा एतेषां ज्योतिर्य एनं प्रमृदीव तपति देवचक्रे ह वा एते पृष्ठ्यं प्रतिष्ठिते पाप्मानं हंहती परिप्लवेते तद्य एवं विदुषां दीक्षितानां पापकं कीर्त्तयेदेत एवास्य तद्देवचक्रे शिरश्छन्दतो दशरात्रमुद्धिं पृष्ठ्याभिप्लवौ चक्रे दशरात्रमुद्धिं पृष्ठ्याभिप्लवौ चक्रे तन्त्रं कुर्वीतेति ह स्माह वास्युस्तयो स्तोत्राणि च शस्त्राणि च सञ्चारयेद्यः सञ्चारयेत्तस्मादिमे पुरुषे प्राणा नाना सन्त एकोदयाच्छरीरमधिवसति यन्न सञ्चारयेत् प्रमायुको ह यजमानः स्यादेष ह वै प्रमायुको योऽन्धो वा वधिरो वा न चाग्निष्टोमा मासि सम्पद्यन्ते न वै प्राणा प्राणैर्यज्ञस्तायत एकविंशतिरुक्थ्या एकोक्थ्यः षोड़श्यन्नं वा उक्थ्यं वीर्य्यं षोड़शैव तया रूढ्वा स्वर्गं लोकमध्यारोहन्ति ॥ २० ॥

कण्डिका २० ॥ ज्योतिष्टोम आदि यज्ञों के विषय में प्रश्नोत्तर ॥

(तत् आहुः कथं ज्योतिषः उभयतः अभिप्लवौ, अन्यतरः ज्योतिः पृष्ठ्यः इति) यह कहते हैं कि किस प्रकार ज्योति [ज्योतिष्टोम] के दोनों ओर [आदि और अन्त में] दो अभिप्लव यज्ञ हैं, दोनों में कोई पृष्ठ्य ज्योतिष्टोम होता है । (ज्योतिषः उभयतः वै इमे लोकः अग्निनेता आदित्येन अमुतः इति) [उत्तर] ज्योति [सूर्य] के दोनों ओर ही यह लोक अग्नि से चलाये गये सूर्य्य द्वारा उस [सूर्यलोक] से हैं । (एषः ह वै एतेषां ज्योतिः यः एनं प्रमृदी इव तपति) यही सूर्य इन [लोकों] के बीच में है जो [लोढ़ा से] पीसने वाले के समान इस [लोक] को तपाता है । (एते ह वै देवचक्रे पृष्ठ्यं प्रतिष्ठिते

२०—(उभयतः) उभयपार्श्वे । आद्यन्तयोः (ज्योतिषः) ज्योतिष्टोमस्य । सूर्यस्य (अग्निनेता) बहुवचनस्येकवचनम् । अग्निर्नेता येषां ते अग्निनेताः (अमुतः) तस्मात् । सूर्यलोकात् (प्रमृदी) प्र+मृद क्षोदे—क्विप् । इयाडियाजीकाराणामुपसंख्यानम् । वा० पा० ७ । १ । ३९ । प्रथमायाः ईकारादेशः । प्रमर्दकः । प्रपेषा (इव) यथा (तपति) तापयति (देवचक्रे) ज्योतिश्चक्रे

दृंहती पाप्मानं परिप्लवेते) यही दोनों देव [सूर्य और अग्नि] के चक्र पृष्ठ्य यज्ञ में स्थापित किये हुये दृढ़ होकर पाप [दोष] को चलायमान कर देते हैं। (तत् यः एवं विदुषां दीक्षितानां पापकं कीर्तयेत्, एते एव देवचक्रे तत् अस्य शिरः छृन्दतः) सो जो मनुष्य इस प्रकार विद्वान् दीक्षित लोगों के पाप [दोष] बतावे, यही दोनों देवचक्र [दोनों पृष्ठ्य और अभिप्लव] तब उस [पाप] के शिर को हटा देते हैं। (दशरात्रम् उद्धिं पृष्ठ्याभिप्लवौ चक्रे, दशरात्रम् उद्धिं पृष्ठ्याभिप्लवौ चक्रे) दशरात्र रथनाभि है और दोनों पृष्ठ्य अभिप्लव दो पहिये हैं, दशरात्र रथनाभि है और दोनों पृष्ठ्य अभिप्लव दो पहिये हैं [अर्थात् अवश्य हैं]। (वास्युस्तयः ह स्म आह तन्त्रं कुर्वीत इति स्तोत्राणि च शस्त्राणि च संचारयेत्) दोषनाशक [ब्रह्मा] ऐसा कहता है कि वह [यजमान] उपाय करे और स्तोत्रों और शस्त्रों [स्तुतिविधायक मन्त्रों और नियम विधायक मन्त्रों] को बोले। (यः सञ्चारयेत् तस्मात् पुरुषे इमे प्राणाः नाना सन्तः एकोदयात् शरीरम् अधिवसति) जो पुरुष [स्तोत्रों और शस्त्रों को] बोले उस से [उस] पुरुष में यह प्राण अनेक प्रकार होकर एक में उदय करने के कारण शरीर में टिकते हैं। (यत् न संचारयेत् यजमानः प्रमायुकः ह स्यात्) यदि वह [स्तोत्रों और शस्त्रों को] न बोले, यजमान मृतक ही हो जावे। (एषः ह वै प्रमायुकः यः अन्धः वा बधिरः वा न च अग्निष्टोमाः मासि सम्पद्यन्ते न वै प्राणाः प्राणैः यज्ञः तायते) वही मृतक है जो अन्धा वा बहिरा है और न [जिस करके] अग्निष्टोम महीने में किये जाते हैं और न प्राण प्राणों के साथ [किये जाते हैं और न दूसरा] यज्ञ फैलाया जाता है। (एकविंशतिः उक्थ्याः) इक्कीस उक्थ्य [यज्ञ विशेष] हैं। (एकोक्थ्यः षोडशी, अन्नं वै उक्थ्यं वीर्यं

(पाप्मानम्) पापम्। दोषम्। (दृंहती) दृहि वृद्धौ—शतृ। वर्धमाना। दृढा (छृन्दतः) छृदि अपवारणे—लट्। अपवारयतः। नाशयतः (उद्धिम्) उपसर्गे घोः किः। पा० ३। ३। ९२। उत्+डुधाञ् धारणपोषणयोः—किः, प्रथमाया द्वितीया। प्रधिः। रथनाभिः (चक्रे) रथचक्रद्वयं यथा (तन्त्रम्) उपायम्। यज्ञकार्यम् (वास्युस्तयः) वसिवपियजि०। उ० ४। १२५। वस वधे—इञ्। वलिमलितनिभ्यः कयन्। उ० ४। ९९। वासि+वस्त वधे-कयन्, कित्त्वात् संप्रसारणम्। वासीनां हिंसकानाम् उस्तयो हिंसकः। दोषनाशकः (शस्त्राणि) नियमान्। स्तोत्रविशेषान् (संचारयेत्) सम्यक् चालयेत्। उच्चारयेत् (एकोदयात्) एकस्मिन् देहे उद्गमनात् (अधिवसति) निवसन्ति (प्रमायुकः) लषपतपदस्था०।

षोडश एव) एक उक्थ्य षोडशी [सोलह मन्त्र वाला] है अत्र ही उक्थ्य सम्बन्ध वाला सामर्थ्य षोडश [सोलह प्रकार] है, [वे सोलह यह हैं—चार वर्ण, चार आश्रम, श्रवण, मनन, निदध्यासन तीन कर्म, अप्राप्त की इच्छा, प्राप्त की रक्षा, रक्षित का बढ़ाना, बढ़े हुये का अच्छे मार्ग में व्यय करना, और सोलहवां मोक्ष का अनुष्ठान—जैसा दयानन्द भाष्य यजुर्वेद ९ । ३४ में व्याख्यात है] । (तया रूढ्वा स्वर्गं लोकम् अध्यारोहन्ति) उस [इष्टि] के द्वारा चढ़ कर स्वर्ग लोक को चढ़ते हैं ॥ २० ॥

भावार्थ—सूर्यमण्डल प्रकाशपिण्ड है, उस के दोनों ओर आगे पीछे प्रकाश है, इसी प्रकार यज्ञ के दोनों ओर आदि अन्त में अभिप्लव अथवा पृष्ठ्य यज्ञ होता है ॥ २० ॥

कण्डिका २१ ॥

अथातोऽह्नामध्यारोहः । प्रायणीयेनातिरात्रेणोदयनीयमतिरात्रमध्यारोहन्ति, चतुर्विंशेन महाव्रतमभिप्लवेन परमभिप्लवं, पृष्ठ्येन परं पृष्ठ्यमभिजिता ऽभिजितं, स्वरसामभिः परान् स्वरसामानोऽथ हैनदहरवाप्नुयामेति यद्वैपुवतमपरेषां स्विदितमहां परेषामित्यपरेषां च परेषां चेति ब्रूयात्स वा एष संवत्सरः ॥ २१ ॥

कण्डिका २१ ॥ संवत्सर का अतिरात्र आदिकों से संबन्ध ॥

(अथ अतः अह्नाम् अध्यारोहः) अब यहां दिनों [यज्ञ विशेषों] का चढ़ाव [कहा जाता है] । (प्रायणीयेन अतिरात्रेण उदयनीयम् अतिरात्रम् अध्यारोहन्ति) प्रायणीय अतिरात्र [यज्ञ] से उदयनीय अतिरात्र को चढ़ते हैं,

---

पा० ३ । २ । १५४ । प्र+मीञ् हिंसायाम्—उकञ् । युक् च । मृतकः (षोड़शी) षोडश—इनि । षोडशमन्त्रोपेतः (षोडश) षोडशन्—डट् ततः अर्शादिअच् । विभक्तेर्लुक् । षोडशम् । षोडशावयवयुक्तम् । चत्वारोवर्णाश्चत्वारः आश्रमाः, श्रवण मनन निदध्यासनानि त्रीणि कर्माणि, अलब्धस्य लिप्सा, लब्धस्य यत्नेन रक्षणं, रक्षितस्य वृद्धिः वृद्धस्य सन्मार्गे व्ययकरणम् एष चतुर्विधः पुरुषार्थः, एतैः पंचदशभिः प्राप्तः षोडशो मोक्षः—यथा व्याख्यातं दयानन्द भाष्ये यजुर्वेदे । ९ । ३४ । एतैः षोडशभिर्युक्तम् (रूढ्वा) अधिरुह्य ॥

२१—(अध्यारोहः) आरोहणम् (अध्यारोहन्ति) उपरिगच्छन्ति (परम्) पश्चाद्भवम् (स्वरसामानः) स्वरसाम्नः । यज्ञविशेषान् । अन्यद्गतम्—क० १९ ॥

(चतुर्विंशेन महाव्रतम्) चतुर्विंश से महाव्रत को, (अभिप्लवेन परम् अभिप्लवम्) अभिप्लव से पिछले अभिप्लव को, (पृष्ठ्येन परं पृष्ठ्यम्) पृष्ठ्य से पिछले पृष्ठ्य को, (अभिजिता अभिजितम्) अभिजित् से अभिजित् को, (स्वरसामभिः परान् स्वरसामानः) स्वरसामों से पिछले स्वरसामों को [चढ़ते हैं]। (अथ ह एतत् अहः अवामुयाम यत् वैषुवतम् इति) अब हम ही वह दिन प्राप्त करें जो विषुवान् वाला [दिन] है, (अपरेषाम् अह्नां स्विदितं परेषाम् इति, परेषां च अपरेषां च इति ब्रूयात्) [विषुवान् से] इधर वाले दिनों का पसीना [निचोड़] है जो उधर वालों का है, और [विषुवान् से] उधर वाले [दिनों] का [पसीना] है, वह इधर वालों का है—ऐसा कहना चाहिये। (सः वै एषः संवत्सरः) वही यह संवत्सर है [देखो क० १६] ॥ २१ ॥

भावार्थ—दोनों विषुवानों में से किसी ही विषुवान् से संवत्सर यज्ञ आरम्भ करना चाहिये। यह विषुवान् से एक ओर वाले यज्ञों का वर्णन है ॥२१॥

कण्डिका २२ ॥

अथातोऽह्नां नीवाहः। प्रायणीयोऽतिरात्रश्चतुर्विंशायाह्ने निवहति, चतुर्विंशमहरभिप्लवाय, अभिप्लवः पृष्ठ्याय, पृष्ठ्योऽभिजिते, अभिजित् स्वरसामभ्यः, स्वरसामानो विषुवते, विषुवान् स्वरसामभ्यः, स्वरसामानो विश्वजिते, विश्वजित् पृष्ठ्याभिप्लवाभ्यां, पृष्ठ्याभिप्लवौ गवायुभ्यां, गवायुषी दशरात्राय, दशरात्रो महाव्रताय, महाव्रतमुदयनीयायातिरात्राय, उदयनीयोऽतिरात्रः स्वर्गाय लोकायान्नाद्याय प्रतिष्ठित्यै य एवं वेद स वा एष संवत्सरः ॥ २२ ॥

कण्डिका २२ ॥ संवत्सर का अतिरात्र आदिकों से संबन्ध ॥

(अथ अतः अह्नां नीवाहः) अब यहां दिनों [यज्ञ विशेषों] का उतार [कहा जाता है]। (प्रायणीयः अतिरात्रः चतुर्विंशाय अह्ने निवहति) प्रायणीय अतिरात्र चतुर्विंश दिन के लिये उतरता है, (चतुर्विंशम् अहः अभिप्लवाय) चतुर्विंश दिन अभिप्लव के लिये, (अभिप्लवः पृष्ठ्याय) अभिप्लव पृष्ठ्य के लिये, (पृष्ठ्यः अभिजिते) पृष्ठ्य अभिजित् के लिये, (अभिजित् स्वरसामभ्यः) अभिजित् स्वरसामों के लिये, (स्वरसामानः विषुवते) सब स्वरसाम यज्ञ विषुवान् के लिये, (विषुवान् स्वरसामभ्यः) विषुवान् स्वरसामों के लिये,

---

२२—(नीवाहः) अधोगमनम् (निवहति) अधोगच्छति अन्यद् गतम् —क० १४ ॥

(स्वरसामानः विश्वजिते) सब स्वरसाम विश्वजित् के लिये, (विश्वजित् पृष्ठ्याभिप्लवाभ्याम्) विश्वजित् पृष्ठ्य और अभिप्लव के लिये, (पृष्ठ्याभिप्लवौ गवायुभ्याम्) दोनों पृष्ठ्य और अभिप्लव दोनों गवायु के लिये, (गवायुषी दशरात्राय) दोनों गवायु दशरात्र के लिये, (दशरात्रः महाव्रताय) दशरात्र महाव्रत के लिये, (महाव्रतम् उदयनीयाय अतिरात्राय) महाव्रत उदयनीय अतिरात्र के लिये, (उदयनीयः अतिरात्रः स्वर्गाय लोकाय अन्नाद्याय प्रतिष्ठित्यै यः एवं वेद) उदयनीय अतिरात्र [उस के] स्वर्ग लोक के लिये, भोजन योग्य अन्न के लिये और प्रतिष्ठा के लिये [उतरता है], जो ऐसा जानता है। (सः वै एषः संवत्सरः) सो यही संवत्सर है [देखो क० १४] ॥ २२ ॥

भावार्थ—यहां विषुवान् के दूसरी ओर वाले यज्ञों का वर्णन है [देखो कण्डिका १४] ॥ २२ ॥

कण्डिका २३ ॥

आदित्याश्च ह वा आङ्गिरसश्च स्वर्गे लोकेऽस्पर्द्धन्त वयं पूर्वे स्वरेष्यामो वयं पूर्व इति त आदित्या लघुभिः सामभिश्चतुर्भिस्तोमैर्द्वाभ्यां पृष्ठ्याभ्यां स्वर्गं लोकमभ्यप्लवन्त, यदभ्यप्लवन्त तस्मादभिप्लवोऽन्नञ्च एवाङ्गिरसः गुरुभिः सामभिः सर्वैः स्तोमैः सर्वैस्पृष्ठ्यैः स्वर्गं लोकमभ्यस्पृशन्त, यदभ्यस्पृशन्त तस्मात् पृश्यस्तं वा एतं स्पृशं सन्तं पृष्ठ्य इत्याचक्षते, परोक्षेण परोक्षप्रिया इव हि देवा भवन्ति प्रत्यक्षद्विषः। अभिप्लवात्पृष्ठ्यो निर्मितः, पृष्ठ्यादभिजित्, अभिजितः स्वरसामानः, स्वरसामभ्यो विषुवान्, विषुवतः स्वरसामानः, स्वरसामभ्यो विश्वजिद्विश्वजितः पृष्ठ्याभिप्लवौ, पृष्ठ्याभिप्लवाभ्यां गवायुषी, गवायुभ्यां दशरात्रस्तानिहि वा एतानि यज्ञारण्यानि यज्ञकृतन्त्राणि तेषां शतं रथानां न्यन्तरं तद्यथाऽरण्यन्यारूढा अशनापिपासे ते पाप्मानं द्वंहती परिप्लवेते एवं हैवैते प्लवन्ते ये विद्वांस उपयन्त्यथ ये विद्वांसमुपयन्ति तद्यथा प्रवाहात् प्रवाहं स्खलात् स्खलं समात्समं सुखात् सुखमभयादभयमुपसङ्क्रामन्तीत्येवं हैवैते सवत्सरस्योदृचं समश्नवामहा इति ब्राह्मणम् ॥ २३ ॥

कण्डिका २३ ॥ अभिप्लव और पृष्ठ्य की व्युत्पत्ति और दूसरे यज्ञ ॥

(आदित्याः च ह वै आङ्गिरसः च स्वर्गे लोके अस्पर्धन्त, वयं पूर्वे स्वरेष्यामः वयं पूर्वे इति) आदित्य [अखण्ड व्रतधारी सूक्ष्मदर्शी ऋषि] और

आङ्गिरस [अङ्गों के रस जानने वाले स्थूलदर्शी ऋषि लोग] स्वर्ग लोक के विषय में झगड़ने लगे, हम पहिले स्वर्ग को जायंगे, हम पहिले। (ते आदित्याः लघुभिः सामभिः चतुर्भिः स्तोमैः द्वाभ्यां पृष्ठ्याभ्यां स्वर्गं लोकम् अभ्यप्लवन्त) आदित्य ऋषि सूक्ष्म सामों से, चार स्तोमों से, और दो पृष्ठ्यों से स्वर्ग लोक को कूद कर पहुंचे। (यत् अभ्यप्लवन्त तस्मात् अभिप्लवः अह्नं च एव) जो वे कूद कर पहुंचे, इसी से अभिप्लव [कूद कर पहुंचने वाला यज्ञ हुआ] और वही अह्न है। (आङ्गिरसः गुरुभिः सामभिः सर्वैः स्तोमैः सर्वैः पृष्ठ्यैः स्वर्गं लोकम् अभ्यस्पृशन्त) आङ्गिरस ऋषि स्थूल सामों से, सब स्तोमों से, सब पृष्ठ्यों से स्वर्ग लोक को छूकर पहुंचे। (यत् अभ्यपृशन्त तस्मात् पृश्यः [=स्पृश्यः], तं वै एतं स्पृशं [स्पृश्यम्] सन्तं पृष्ठ्यः इति आचक्षते) जो वे छूकर पहुंचे, इसी से पृश्य [छूने योग्य] हुआ, उस ही स्पृश [छूने योग्य] होते हुये को यह पृष्ठ्य यज्ञ है—ऐसा कहते हैं। (परोक्षेण) परोक्ष [आंख ओट प्रलय में वर्त्तमान ब्रह्म] के द्वारा (परोक्षप्रियाः इव हि) परोक्षप्रिय [आंख ओट भविष्य के प्रेमी] लोगों के समान ही (देवाः) देवता [विद्वान् लोग] (प्रत्यक्ष-द्विषः) प्रत्यक्ष [वर्त्तमान अवस्था] के द्वेषी [विरोधी] (भवन्ति) होते हैं [देखो—गो० पू० १। १]। (अभिप्लवात् पृष्ठ्यः निर्मितः) अभिप्लव से पृष्ठ्य बनाया गया है, (पृष्ठ्यात् अभिजित्) पृष्ठ्य से अभिजित्, (अभिजितः स्वरसामानः) अभिजित् से स्वरसाम्, (स्वरसामभ्यः विषुवान्) स्वरसामों से विषुवान्, (विषुवतः स्वरसामानः) विषुवान् से स्वरसाम, (स्वरसामभ्यः विश्वजित्) स्वरसामों से विश्वजित्, (विश्वजितः पृष्ठ्याभिप्लवौ) विश्व-जित् से पृष्ठ्या और अभिप्लव, (पृष्ठ्याभिप्लवाभ्यां गवायुषी) दोनों पृष्ठ्य और अभिप्लवों से दोनों गवायु, (गवायुभ्यां दशरात्रः) दोनों गवायु से दश-रात्र [यज्ञ बनाया गया है]। (तानि ह वै एतानि यज्ञायज्ञीयानि यज्ञकृत्तन्त्राणि) वे ही यज्ञ रूप बन और यज्ञ करने वाले के तन्त्र [उपाय] हैं। (तेषां शतं शतं रथानां न्यन्तरम्) उन [यज्ञों] के बीच सौ सौ रथों [पगों वा मान विशेषों]

२३—(आदित्याः) अदिति—ण्य । अखण्डव्रतधारिणो विद्वांसः । अथवा आङ्+दीपी दीप्तौ—क्विप्। पृषोदरादिरूपम्। आदीप्यमानाः। सूक्ष्म-दर्शिनः (आङ्गिरसः) तं वा एतमङ्गरसं सन्तमङ्गिरा इत्याचक्षते—गो० पू० १। ७। तद्धीते तद् वेद। पा० ४। २। ५९। अङ्गिरस्—अण्, बहुवचनस्यैक-त्वचनं च। आङ्गिरसाः। अङ्गानां रसवेत्तारः। स्थूलदर्शिनः (लघुभिः) सूक्ष्मैः

का निश्चित अन्तर हो । (तत् यथा अरण्यानि आरूढाः पाप्मानं हंहती ते अशनापिपासे परिप्लवेते एवं ह एव एते प्रप्लवन्ते ये विद्वांसः उपयन्ति, अथ ये विद्वांसम् उपयन्ति) सो जैसे बन में चढ़े हुये पुरुष कष्ट को बढ़ाती हुई उन दोनों भूख प्यास को लांघ जाते हैं, ऐसे ही यह [यजमान लोग यज्ञ को] पार करते हैं जो विद्वान् लोग [यज्ञ को] स्वीकार करते हैं और जो लोग विद्वान् को स्वीकार करते हैं । (तत् यथा प्रवाहात् प्रवाहं स्थलात् स्थलं समात् समं सुखात् सुखम् अभयात् अभयम् उपसङ्क्रामन्ति इति एवं ह एव एते संवत्सरस्य उद्दचं समश्नवामहै इति ब्राह्मणम्) सो जैसे प्रवाह [जलवहाव] से प्रवाह को, स्थल [सूखे स्थान] से स्थल को, सम [एक से स्थान] से सम को, सुख से सुख को, और अभय से अभय को यथावत् पाते हैं, वैसे ही यह हम संवत्सर [यज्ञ] की समाप्ति वाली ऋचा को पावें—यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥२३॥

भावार्थ—कोई विद्वान् सूक्ष्म से स्थूल की ओर चल कर अर्थात् कारण से कार्य का ज्ञान प्राप्त करके सुख पाते हैं और कोई स्थूल से सूक्ष्म की ओर जाकर अर्थात् कार्य से कारण को खोज कर आनन्द भोगते हैं ॥ २३ ॥

कण्डिका २४ ॥

प्रेदिह वै कौशाम्बेयः कौसुरबिन्दुरुद्दालक आरुणो ब्रह्मचर्य्यमुवाच तमाचार्य्यः पप्रच्छ कुमारः कति ते पिता संवत्सरस्याहान्यमन्यथेति कति त्वेवेति दशेति होवाच दश वा इति होवाच दशाक्षरा विराड् वैराजो यज्ञः १ । कति त्वेवेति नवेति होवाच नव वा इति होवाच नव वै प्राणाः प्राणैः यज्ञस्तायते २ । कति त्वेवेत्यष्टेति होवाचाष्ट वा इति होवाचाष्टाक्षरा गायत्री गायत्रो यज्ञः ३ । कति त्वेवेति सप्तेति होवाच सप्त वा इति होवाच सप्त छन्दांसि छन्दोभिर्यज्ञस्तायते ४ । कति त्वेवेति षड़िति होवाच षड् वा इति होवाच षड् वा ऋतव ऋतूनामाप्त्यै ५ । कति त्वेवेति पञ्चेति होवाच पञ्च वा इति होवाच पञ्चपदा पङ्क्तिः पाङ्क्तो यज्ञः ६ । कति त्वेवेति चत्वारीति होवाच चत्वारि वा इति होवाच चत्वारो वै वेदा वेदैर्यज्ञस्तायते ७ । कति त्वेवेति त्रीणीति होवाच त्रीणि वा

(सामभिः) मोक्षज्ञानैः (पृश्यः) स्पृश सम्पर्के—क्यप्, सलोपः । स्पृश्यः (स्पृशम्) स्पृश्यम् (तान हि) लेखदोषः । तानि ह (स्थानाम्) चरणानाम् मानविशेषाणाम् (न्यन्तरम्) निश्चितव्यवधानम् (परिप्लवेते) परिप्लवन्ते । सर्वतः प्राप्नुवन्ति ॥

इति होवाच त्रिषवणो वै यज्ञः सवनैर्यज्ञस्तायते ८ । कति त्वेवेति ढे इति होवाच ढे वा इति होवाच द्विपाद्वै पुरुषो द्विप्रतिष्ठः पुरुषः पुरुषो वै यज्ञः ९ । कति त्वेवेत्येकमिति होवाचैकम् वा इति होवाचाहरहरित्येकमेव सर्वं संवत्सरम् १० ॥ २४ ॥

इत्यथर्ववेदस्य गोपथब्राह्मणपूर्वभागे चतुर्थः प्रपाठकः समाप्तः ।

कण्डिका २४ ॥ प्रेदि कौशाम्बेय कौसुरविन्दु और उद्दालक आरुण से संवत्सर और यज्ञीय दिनों के विषय में प्रश्नोत्तर ॥

(प्रेदिः ह वै कौशाम्बेयः कौसुरविन्दुः, उद्दालकः आरुणः ब्रह्मचर्यम् उवाच) प्रेदि [बड़ा ऐश्वर्यवान् ऋषि] कौशाम्बेय [कौशाम्बी अर्थात् पटना नगरी का रहने वाला], कौसुरविन्दु [भूमि के ऐश्वर्य का जानने वाला] था, [उस को] उद्दालक [गो० पू० ३ । ६ आरुण [अरुण के पुत्र] ने ब्रह्मचर्य का उपदेश किया । (तम् आचार्यः पप्रच्छ कुमारः ते पिता संवत्सरस्य कति अहानि अमन्यथ इति, कति तु एव इति) उस [प्रेदि] से आचार्य [उद्दालक] ने पूंछा—हे कुमार ! तेरा पिता संवत्सर यज्ञ के कित ने दिन मानता था, फिर कितने । (दश इति ह) [प्रेदि] अरे दस । (उवाच दश वै इति ह) वह [उद्दालक] बोला—अरे दस ही । (उवाच दशाक्षरा विराट्, वैराजः यज्ञः) वह [प्रेदि] बोला—दस अक्षर वाला विराट् [छन्द] है और विराट् [अर्थात् वेद] से सिद्ध किया हुआ यज्ञ है । १ । (कति तु एव इति), [उद्दालक] फिर कितने । (नव इति) [प्रेदि] अरे नौ । (उवाच नव वै इति ह) [उद्दालक] अरे नौ ही हैं । (उवाच नव वै प्राणाः प्राणैः यज्ञः तायते) [प्रेदि] बोला—नौ ही प्राण [सात मस्तक के दो नीचे के छिद्र] हैं, प्राणों से यज्ञ फैलाया जाता है । २ । (कति तु एव इति) [उद्दालक] फिर कितने । (अष्ट इति ह) [प्रेदि] अरे आठ । (उवाच अष्ट वै इति ह) [उद्दालक] अरे आठ ही हैं । (उवाच

२४—(प्रेदिः) इगुपधात् कित् उ० ४ । १२० । प्र+इदि परमैश्वर्य्ये—इन् कित्, नलोपः । परमैश्वर्य्यवान् । ऋषिविशेषः (कौशाम्बेयः) तेन निर्वृत्तम् । पा० ४ । २ । ६८ । कुशाम्ब—अण् । कुशाम्बेन निर्वृत्ता नगरी कौशाम्बी । कुसुमपुरी । पाटलिपुत्रनगरी । पटना इति भाषायाम् । सोऽस्य निवासः । पा० ४ । ३ । ८९ । कुशाम्बी—ढञ् । कौशाम्बीनिवासी (कौसुरविन्दुः) सुसूधाञ्गृधिभ्यःक्रन् । उ० २ । २४ । कु+षु प्रसवैश्वर्ययोः—क्रन् । कुसुरः भूमी-

अष्टाक्षरा गायत्री गायत्रः यज्ञः) [प्रेदि] आठ अक्षर [के पाद] वाली गायत्री है, गायत्री से सिद्ध किया हुआ यज्ञ है । ३ । (कति तु एव इति) [उद्दालक] फिर कितने । (सप्त इति) [प्रेदि] अरे सात । (उवाच सप्त वै इति ह) [उद्दालक] बोला अरे सात ही हैं । (उवाच सप्त छन्दांसि छन्दोभिः यज्ञः तायते) [प्रेदि] बोला—सात [गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पङ्क्ति, त्रिष्टुप्, और जगती] छन्द हैं, छन्दों से यज्ञ फैलाया जाता है । ४ । (कति तु एव इति) [उद्दालक] फिर कितने, (षट् इति ह) [प्रेदि] अरे छह । (उवाच षट् वै इति ह) [उद्दालक] अरे छह ही हैं । (उवाच षट् वै ऋतवः ऋतूनाम् आप्त्यै) [प्रेदि] बोला—छह ही [वसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमन्त और शिशिर—साम० उ० ६ । १३ । २] ऋतु हैं, ऋतुओं के लाभ के लिये [यज्ञ है] । ५ । (कति तु एव इति) [उद्दालक] फिर कितने । (पंच इति ह) [प्रेदि] अरे पांच । (उवाच पंच वै इति ह) [उद्दालक] अरे पांच ही हैं । (उवाच पंचपदा पङ्क्तिः पाङ्क्तः यज्ञः) [प्रेदि] बोला—पांच पाद वाली पङ्क्ति [पांच अक्षर के पांच पाद वाली पदपङ्क्ति अथवा आठ अक्षर के पांच पाद वाली पथ्यापङ्क्ति] है, पाङ्क्त [पङ्क्ति, वेदवाणी से सिद्ध किया हुआ] यज्ञ है । ६ । (कति तु एव इति) [उद्दालक] फिर कितने । (चत्वारि इति ह) अरे चार । (उवाच चत्वारि वै इति ह) [उद्दालक] अरे चार ही हैं । (उवाच चत्वारः वै वेदाः, वेदैः यज्ञः तायते) [प्रेदि] चार ही वेद [ऋग्, यजुः, साम और अथर्व] हैं, वेदों से यज्ञ फैलाया जाता है । ७ । (कति तु एव इति) [उद्दालक] फिर कितने । (त्रीणि इति ह) [प्रेदि] अरे तीन । (उवाच त्रीणि वै इति ह) [उद्दालक] अरे तीन ही हैं । (उवाच त्रिपवणः वै यज्ञः सवनैः यज्ञः तायते) [प्रेदि] बोला—[प्रातःसवन, माध्यन्दिन सवन और तृतीय सवन] तीन सवन वाला ही यज्ञ है, सवनों से यज्ञ फैलाया जाता है । ८ । (कति तु एव इति) उद्दालक] फिर कितने । (द्वे इति ह) [प्रेदि] अरे दो ।

श्वरः, ततः अण् भावे । कौसुरं भूम्यैश्वर्य्यम् । विन्दुरिच्छुः । पा० ३ । २ । १६६ । विद् ज्ञाने—उ, नुमागमः । भूम्यैश्वर्यस्य ज्ञाता (उद्दालकः) गो० पू० ३ । ६ । मुनिविशेषः (आरुणः) अरुण-अण् । अरुणपुत्रः (कुमारः) हे कुमार (अमन्यथ) अमन्यत । ज्ञातवान् (वैराजः) विराजा निर्वृतः (गायत्र, गायत्र्या निर्वृतः (पञ्च) सप्तशब्द्यां तुट् च । उ० १ । १५७ । पचि व्यक्तीकरणे-कनिन् । संख्याविशेषः (पङ्क्तिः) पचि व्यक्तीकरणे विस्तारे-क्तिन् घा क्तिच् । अत्र

(उवाच द्वे वै इति ह) [उद्दालक] बोला—अरे दो ही हैं (उवाच द्विपात् वै पुरुषः द्विप्रतिष्ठः पुरुषः पुरुषः वै यज्ञः) [प्रेदि] बोला—दो पांव वाला पुरुष है, दो [कर्म और ज्ञान] से प्रतिष्ठा किया गया पुरुष है, पुरुष ही यज्ञ है। ९। (कति तु एव इति) [उद्दालक] फिर कितने । (एकम् इति ह) [प्रेदि] अरे एक [दिन]। (उवाच एकं वै इति ह) [उद्दालक] अरे एक ही है । (उवाच अहः अहः इति एकम् एव सर्वं संवत्सरम्) [प्रेदि] बोला—दिन दिन यह एक ही [मिलकर] पूरा संवत्सर यज्ञ है ॥ १० ॥ २४ ॥

भावार्थ—मनुष्य को यज्ञ के अङ्ग उपाङ्गों के समान प्रत्येक पदार्थ के अङ्ग उपाङ्गों को जानकर कर्तव्य पूरा करना चाहिये ॥ २४ ॥

इति श्रीमद्राजाधिराज प्रथितमहागुणमहिम **श्रीसयाजीराव गायकवाडाधिष्ठित** बड़ोदे पुरीगत श्रावणमासदक्षिणापरीक्षायाम् ऋक्सामाथर्ववेदभाष्येषु लब्धदक्षिणेन **श्री पण्डित क्षेमकरणदास त्रिवेदिना** अथर्ववेदभाष्यकारेण कृते गोपथब्राह्मणभाष्ये पूर्वभागे चतुर्थः प्रपाठकः समाप्तः ॥

अथ प्रपाठकः प्रयागनगरे भाद्रपदमासे शुक्लद्वादश्यां तिथौ १९८० [अशीत्युत्तरैकोनविंशतिशतके] विक्रमीये संवत्सरे धीर-वीर-चिरप्रतापि-महायशस्वि **श्री राजराजेश्वर पञ्चम जार्ज महोदयस्य** सुसाम्राज्ये सुसमातिमगात् ।

मुद्रितः—आषाढशुक्ला १२ संवत् १९८१ वि० ता० १३ जूलाई सन् १९२४ ई० ॥

नु । पङ्क्तिविंशतित्रिंशच्चत्वारिंशत्० । पा० ५ । १ । ५९ । पञ्चन्—तिप्रत्ययः, टिलोपः । पञ्चैव पङ्क्तिः । पदपङ्क्तिः पञ्च । पिङ्गलशास्त्रे ३ । ४६ । पञ्चाक्षरयुक्ता पञ्चपदा पदपङ्क्तिः । अथवा । पथ्यापञ्चभिर्गायत्रैः । पिङ्गल० ३ । ४८ । अष्टाक्षरयुक्ता पञ्चपदा पथ्यापङ्क्तिः (पाङ्क्तः) पङ्क्ति-अण् । पञ्चावयवोपेतः (द्विप्रतिष्ठितः) द्वाभ्यां कर्मज्ञानाभ्यां प्रतिष्ठितः (संवत्सरम्) संवत्सरयज्ञः ॥

अथ पञ्चमः प्रपाठकः ।

कण्डिका १ ॥

ओं अभिप्लवः षडहः षडहानि भवन्ति ज्योतिर्गौरायुर्गौरायुर्ज्योतिः १, अभिप्लवः पञ्चाहः पञ्च ह्येवाहानि भवन्ति यद्ध्येव प्रथममहस्तदुत्तममहः २, अभिप्लवश्चतुरहश्चत्वारो हि स्तोमा भवन्ति त्रिवृत् पञ्चदशः सप्तदशैकविंश एव ३, अभिप्लवस्त्र्यहस्त्र्यहावृत्तिर्ज्योतिर्गौरायुर्गौरायुर्ज्योतिः ४, अभिप्लवो द्व्यहो द्वे ह्येव सामनी भवतो बृहद्रथन्तर एव ५, अभिप्लव एकाह एकाहस्य स्तोमैः स्तायते ६, चतुर्णामुक्थ्यानां द्वादशस्तोत्राण्यतिरिच्यन्ते स सप्तमोऽग्निष्टोमस्तथा खलु सप्ताग्निष्टोमा मासि सम्पद्यन्ते इति ब्राह्मणम् ॥ १ ॥

कण्डिका १ ॥ संवत्सर से अभिप्लव का सम्बन्ध ॥

(ओं अभिप्लवः षडहः षट् अहानि भवन्ति ज्योतिः, गौः, आयुः, गौः, आयुः, ज्योतिः १) ओम् । अभिप्लव छह दिन वाला है, छह दिन यह होते हैं ज्योति, गौ, आयु, गौ, आयु, ज्योति । १ । (अभिप्लवः पञ्चाहः पञ्च हि एव अहानि भवन्ति यत् हि एव प्रथमम् अहः तत् उत्तमम् अहः २) अभिप्लव पांच दिन वाला है, क्योंकि पांच ही दिन होते हैं, जो हि पहिला दिन है वह ही पिछला दिन है [अर्थात् ज्योति ज्योति एक बार ही ज्योति है] । २ । (अभिप्लवः चतुरहः चत्वारः हि स्तोमाः भवन्ति त्रिवृत् पञ्चदशः सप्तदश एकविंशः एव ३) अभिप्लव चार दिन वाला है क्योंकि चार स्तोम होते हैं त्रिवृत्, पञ्चदश, सप्तदश, और एकविंश ही । ३ । (अभिप्लवः त्र्यहः त्र्यहा आवृत्तिः ज्योतिः गौः आयुः गौः आयुः ज्योतिः ४) अभिप्लव तीन दिन वाला है, तीन दिन वाली आवृत्ति [लौटा फेरी] है ज्योति, गौ, आयु, गौ, आयु, ज्योति [अर्थात् दो दो बार आये हुये एक एक दिन होवें] । ४ । (अभिप्लवः द्व्यहः द्वे हि एव सामनी भवतः, बृहद्रथन्तरे एव ५) अभिप्लव दो दिन वाला है, क्योंकि दो ही साम [के विभाग] होते हैं बृहत् और रथन्तर [पूर्वार्चिक और उत्तरार्चिक] ही । ५ । (अभिप्लवः एकाहः एकाहस्य स्तोमैः तायते ६) अभिप्लव एक दिन वाला है, एक दिन वाले के स्तोमों से वह [यज्ञ] फैलाया जाता है, । ६ । (चतुर्णाम् उक्थ्यानां द्वादश स्तोत्राणि अतिरिच्यन्ते स सप्तमः अग्निष्टोमः ७)

१—(बृहद्रथन्तरे) सामविभागौ । पूर्वार्चिकोत्तरार्चिकौ (अतिरिच्यन्ते) अतिरिक्तानि अधिकानि भवन्ति ॥

चार उक्थ्य यज्ञों में बारह स्तोत्र अधिक हो जाते हैं, वह सातवां अग्निष्टोम है । ७ । (तथा खलु सप्त अग्निष्टोमाः मासि सम्पद्यन्ते इति ब्राह्मणम्) इस प्रकार ही सात अग्निष्टोम महीने में किये जाते हैं यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ १ ॥

कण्डिका २ ॥

अथातो गाधप्रतिष्ठा समुद्रं वा एते प्रतरन्ति ये संवत्सराय दीक्षन्ते तेषां तीर्थमेव प्रायणीयोऽतिरात्रस्तीर्थेन हि प्रतरन्ति तद्यथा समुद्रं तीर्थेन प्रतरेयुस्तादृक् तद्गाधप्रतिष्ठा १, चतुर्विंशमहर्यथोपकक्षदघ्नं वा कण्ठदघ्नं वा यतो विश्रम्य प्रश्नायेयुस्तादृक् तत्प्रश्ने योऽभिप्लवः प्रश्नेयः पृष्ट्येा गाधप्रतिष्ठा २, अभिजिद्यथोपकक्षदघ्नं वा कण्ठदघ्नं वा यतो विश्रम्य प्रश्नायेयुस्तादृक् तन्नीविदघ्न एव प्रथमः स्वरसामा जानुदघ्नो द्वितीयः कुल्युदघ्नस्तृतीयो दीपप्रतिष्ठा ३, विश्वजित्यथोपकक्षदघ्नं वा कण्ठदघ्नं वा यतो विश्रम्य प्रश्नायेयुस्तादृक् तत्कुल्युदघ्न एव प्रथमोऽर्वाक् स्वरसामा जानुदघ्नो द्वितीयो नीविदघ्नस्तृतीयो गाधप्रतिष्ठा ४, विश्वजित्यथोपकक्षदघ्नं वा कण्ठदघ्नं वा यतो विश्रम्य प्रश्नायेयुस्तादृक् तत् प्रश्नेयः पृष्ट्याः प्रश्नेयोऽभिप्लवः प्रश्नेयी गवायुषी प्रश्नेयो दशरात्रो गाधप्रतिष्ठा ५, महाव्रतं यथोपकक्षदघ्नं वा कण्ठदघ्नं वा यतो विश्रम्य प्रश्नायेयुस्तादृक् तत्तेषां तीर्थमेवोदनीयोऽतिरात्रस्तीर्थेन ह्युद्यन्ति तद्यथा समुद्रं तीर्थेनोदेयुस्तादृक् तत् ६, अथ ह स्माह श्वेतकेतुरारुणेयः संवत्सरस्यान्वहं दीक्षा इति तस्य ह पिता मुखमुदीक्ष्योवाच वेत्थ सुत त्वमायुष्मान् संवत्सरस्य गाधप्रतिष्ठे इति वेदेत्येतद्ध स्मैतद्विद्वानाहेति ब्राह्मणम् ॥ २ ॥

कण्डिका २ ॥ यज्ञों में गाधप्रतिष्ठा और तीर्थ ॥

(अथ अतः गाधप्रतिष्ठा) अब यहां गाध प्रतिष्ठा [गहराई की मर्य्यादा कही जाती है] । (समुद्रं वै एते प्रतरन्ति ये संवत्सराय दीक्षन्ते) समुद्र [यज्ञ] को वे ही पार करते हैं जो संवत्सर के लिये दीक्षा पाते हैं । (तेषां तीर्थम् एव प्रायणीयः अतिरात्रः) उन लोगों का तीर्थ [पार होने का साधन घाट, नौका आदि] ही प्रायणीय अतिरात्र है । (तीर्थेन हि प्रतरन्ति तत् यथा समुद्रं तीर्थेन प्रतरेयुः तादृक् तत् गाधप्रतिष्ठा १) क्योंकि तीर्थ [नौका आदि] से ही पार

२—(गाधप्रतिष्ठा) तलस्पर्शमर्य्यादा (तीर्थम्) तरणसाधनम् (उपकक्षदघ्नम्) प्रमाणे द्रयसज् दघ्नञ्मात्रचः । पा० ५ । २ । ३७ । इति दघ्नच् । उप-

करते हैं, सो जैसे समुद्र को तीर्थ से पार करें, वैसे ही यह गाधप्रतिष्ठा [यज्ञ] है । १ । (चतुर्विंशम् अहः यथा उपकक्षदघ्नं वा कण्ठदघ्नं वा यतो विश्रम्य प्रश्नायेयुः तादृक् तत् प्रश्नेयः अभिप्लवः प्रश्नेयः पृष्ठ्यः गाधप्रतिष्ठा २) चतुर्विंश अह [तीर्थ]—जैसे कांख प्रमाण वाले अथवा कण्ठ प्रमाण वाले जल में अथवा जहां ठहरें वहां स्नान करें, वैसे ही वह स्नान योग्य अभिप्लव और स्नान योग्य पृष्ठ्य गाधप्रतिष्ठा है । २ । (अभिजित् यथा उपकक्षदघ्नं वा कण्ठदघ्नं वा यतः विश्रम्य प्रश्नायेयुः तादृक् तत् नीविदघ्नः एव प्रथमः स्वरसामा जानुदघ्नः द्वितीयः कुल्युदघ्नः तृतीयः दीपप्रतिष्ठा ३) अभिजित् [तीर्थ]—जैसे कांख प्रमाण वाले अथवा कण्ठ प्रमाण वाले जल में अथवा जहाँ ठहरें वहां स्नान करें, वैसे ही वह [अभिजित्] है—कटि प्रमाण वाला ही पहिला स्वरसाम, जानु प्रमाण वाला दूसरा और घुटने प्रमाण वाला तीसरा है, यह दीपप्रतिष्ठा है । ३ । (विषुवान् यथा उपकक्षदघ्नं वा कण्ठदघ्नं वा यतः विश्रम्य प्रश्नायेयुः तादृक् तत् कुल्युदघ्नः एव प्रथमः अर्वाक् स्वरसामा जानुदघ्नः द्वितीयः नीविदघ्नः तृतीयः गाधप्रतिष्ठा ४) विषुवान् [तीर्थ]—कांख प्रमाण वाले अथवा कण्ठ प्रमाण वाले जल में अथवा जहां ठहरें वहां स्नान करें, वैसे ही वह [विषुवान्] है—घुटने प्रमाण वाला ही पहिला निकटवर्ती स्वरसाम, जंघा प्रमाण वाला दूसरा, कटि प्रमाण वाला तीसरा है—यह गाधप्रतिष्ठा है । ४ । (विश्वजित् यथा उपकक्षदघ्नं वा कण्ठदघ्नं वा यतः विश्रम्य प्रश्नायेयुः तादृक् तत् प्रश्नेयः पृष्ठ्यः प्रश्नेयः अभिप्लवः प्रश्नेयौ गवायुपौ प्रश्नेयः दशरात्रः गाधप्रतिष्ठा ५) विश्वजित् [तीर्थ]—कांख प्रमाण वाले वा कण्ठ प्रमाण वाले जल में अथवा जहां ठहरें वहां स्नान करें वैसे ही वह [विश्वजित्] है— स्नान योग्य पृष्ठ्य, स्नान योग्य अभिप्लव, स्नान योग्य दोनों गवायु, और स्नान योग्य दशरात्र है—यह गाधप्रतिष्ठा है । ५ । (महाव्रतं यथा उपकक्षदघ्नं वा कण्ठदघ्नं वा यतः विश्रम्य प्रश्नायेयुः तादृक् तत् तेषां तीर्थम् एव उदयनीयः अतिरात्रः, तीर्थेन हि उद्यन्ति तत् यथा समुद्रं तीर्थेन उदेयुः तादृक् तत् ६) महाव्रतं [तीर्थ]—जैसे कांख प्रमाण वाले

कक्षप्रमाणोपेतम् (विश्रम्य) विरम्य । विरामं कृत्वा (प्रश्नायेयुः) आर्षरूपम् । प्रस्नायेयुः । प्रकर्षेण स्नानं कुर्युः (प्रश्नेयः) प्र+स्ना शौचे—यत् । स्नानयोग्यः, एवम् अग्रेऽपि (नीविदघ्नः) कटिप्रमाणः (कुल्युदघ्नः) भुजिस्तुङ्भ्यां युक्त्युकौ । उ० ३ । २१ । कुल संघाते बन्धे च—युक् । गुल्फोपरिभागप्रमाणः (आर्ष्णेयः)

वा करठ प्रमाण वाले जल में अथवा जहां ठहरें वहां स्नान करें, वैसे ही वह [महाव्रत] है—उन [याजकों] का तीर्थ ही उदयनीय अतिरात्र है; [क्योंकि] तीर्थ से ही पार होते हैं सो जैसे समुद्र को तीर्थ [नौका] से पार करें, वैसे ही वह [महाव्रत] है। ६। (अथ ह श्वेतकेतुः आरुणेयः आह स्म, संवत्सरस्य अनु अहं दीक्षै इति) फिर ही श्वेतकेतु [श्वेत पताका वाला] अरुण का पुत्र बोला—संवत्सर के अनुकूल हो कर मैं दीक्षा लूं। (तस्य ह पिता मुखम् उदीक्ष्य उवाच आयुष्मान् त्वं सुत संवत्सरस्य गाधप्रतिष्ठे वेत्थ इति) उस का पिता मुख देख कर बोला—बड़ी आयु वाला तू हे पुत्र ! संवत्सर [यज्ञ] की गाधप्रतिष्ठा [गहराई और मर्यादा] जानता है। (वेद इति) [पुत्र बोला] मैं जानता हूं। (एतत् ह स्म एतत् विद्वान् आह इति ब्राह्मणम्) यही निश्चय कर के, यही विद्वान् कहता है—यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ २ ॥

कण्डिका ३ ॥

पुरुषो वाव संवत्सरस्तस्य पादावेव प्रायणीयोऽतिरात्रः पादाभ्यां हि प्रयन्ति तयोर्यच्छुक्लं तदह्नो रूपं यत् कृष्णं तद्रात्रेः नखानि नक्षत्राणां रूपं लोमान्योषधिवनस्पतीनामूरू चतुर्विंशमहरुरोऽभिप्लवं पृष्ठ्यं पृष्ठ्यः शिर एव त्रिवृत् त्रिवृतं ह्येव शिरो भवति त्वगस्थिमज्जामस्तिष्कं ग्रीवाः पञ्चदशश्चतुर्दश ह्येवैतस्यां कराणि भवन्ति वीर्यं पञ्चदशं तस्मादियमाभिरण्वीभिः सतीभिर्गुरुं भारं हरति तस्माद् ग्रीवाः पञ्चदश उरः सप्तदशौष्ठावन्ये यत्र वौष्ठावन्य उरः सप्तदशं तस्मादुरः सप्तदश उदरमेकविंशो विंशतिर्ह्येवैतस्यान्तर उदरे उत्तापानि भवन्त्युदरमेकविंशं तस्मादुदरमेकविंशः पार्श्वे त्रिणवस्त्रयोदशान्याः पर्शवोऽन्याः पार्श्वे त्रिणवस्तस्मात् पार्श्वे त्रिणवोऽनूकं त्रयस्त्रिंशो द्वात्रिंशतिर्ह्येवैतस्यां पृष्ठी कुण्डी उलानि भवन्त्यनूकं त्रयस्त्रिंशः तस्मादनूकं त्रयस्त्रिंशस्तस्यामेव दक्षिणो बाहुरभिजित्तस्येमे दक्षिणे त्रयः प्राणाः स्वरसामान आत्मा विषुवांस्तस्येमे सव्ये त्रयः प्राणा अर्वाक् स्वरसामानस्तस्यायं सव्यो बाहुर्विश्वजिदुक्तौ पृष्ठ्याभिप्लवौ यावत्र्यौ प्राणौ तौ गवायुषौ अङ्गानि दशरात्रो मुखं महाव्रतं तस्य हस्तावेवोदयनीयोऽतिरात्रो हस्ताभ्यां ह्युद्यन्ति य एवं वेद स वा एष संवत्सरः ॥ ३ ॥

अरुणापत्यम् (अनु) अनुकूलो भूत्वा (उदीक्ष्य) उत्कर्षेण दृष्ट्वा (वेत्थ) जानासि ॥

कण्डिका ३ ॥ मनुष्य शरीर के दृष्टान्त से संवत्सर यज्ञ का वृत्तान्त ॥

(पुरुषः वाव संवत्सरः) मनुष्य ही संवत्सर यज्ञ है । (तस्य पादौ एव प्रायणीयः अतिरात्रः) उस [मनुष्य] के दोनों पांव प्रायणीय अतिरात्र [संवत्सर के अङ्ग] हैं । (पादाभ्यां हि प्रयन्ति) दोनों पावों से ही आगे को चलते हैं । (तयोः यत् शुक्लं तत् अह्नः रूपं यत् कृष्णं तत् रात्रेः) उन दोनों [पावों] में जो श्वेतपन है वह [यज्ञ के लिये] दिन का रूप और जो कालापन है वह रात्रि का है । (नखानि नक्षत्राणां रूपं लोमानि ओषधिवनस्तीनाम्) नख नक्षत्रों के रूप हैं और रोम औषधि वनस्पतियों के । (ऊरू चतुर्विंशम् अहः, उरः अभिप्लवं, पृष्ठ्यं पृष्ठ्यः) दोनों जंघायें चतुर्विंश अह, छाती [हृदयस्थान] अभिप्लव, और पीठ पृष्ठ्य है । (शिरः एव त्रिवृत् त्रिवृतं हि एव शिरो भवति त्वक् अस्थि मज्जा मस्तिष्कम्) शिर ही त्रिवृत है, क्योंकि तीन अवयव वाला ही शिर होता है त्वचा, हाड़, मज्जा [हाड़ों का सार] अथवा मस्तिष्क [भेजा वा घृत के रूप चिकनाई] । (ग्रीवाः पंचदशः चतुर्दश ही एव एतस्यां कराणि भवन्ति वीर्यं पंचदशं) ग्रीवा पंचदश यज्ञ है [क्योंकि] इस में चौदह ही [अवयव विशेष] होते हैं और पन्द्रहवां वीर्य [बल] है, (तस्मात् इयम् आभिः अणवीभिः सतीभिः गुरुं भारं हरति तस्मात् ग्रीवाः पंचदशः) इस लिये यह [ग्रीवा] इन छोटी छोटी नाड़ियों होती हुई के द्वारा भारी बोझ ले जाती है, इस लिये ग्रीवा पंचदश यज्ञ है । (उरुः सप्तदश ओष्ठौ अन्ये यत्र वा ओष्ठौ अन्ये उरुः सप्तदशं तस्मात् उरः सप्तदशः) उरु [ग्रीवा और उदर का बीच ?] सप्तदश यज्ञ है कोई कोई दोनों ओंठ [बताते हैं] और दूसरे जहां दोनों ओष्ठ हैं वहां उरु सत्रहवां [कहते हैं], इस लिये उर [उरु] सप्तदश यज्ञ है । (उदरम् एकविंशः विंशतिर्हि एव एतस्य आन्तरे उदरे उत्तापानि भवन्ति, उदरम् एकविंशम्, तस्मात् उदरम् एकविंशः) उदर [पेट] एकविंश यज्ञ है, [क्योंकि] बीस ही इसके भीतरले उदर में उत्ताप [तापवाली आंतें] हैं और उदर इक्कीसवां है, इस लिये उदर एकविंश यज्ञ है । (पार्श्वे त्रिणवः अन्याः पार्श्वः त्रयोदश

३—(वाव) एव (तस्य) पुरुषस्य (प्रयन्ति) प्रकर्षेण गच्छन्ति (तयोः) पादयोः (ऊरू) जंघे (पृष्ट्यम्) स्वार्थे यत् । पृष्ठम् (त्रिवृतम्) त्रि+वृञ् वरणे-क्त । त्र्यवयवयुक्तम् (मज्जा) टुमस्जो शुद्धौ-अच् टाप् । अस्थिसारः (मस्तिष्कम्) मस्तकस्थो घृताकारः पदार्थः (ग्रीवाः) कन्धराः (एतस्याम्) ग्रीवायाम् (कराणि)

अन्याः पार्श्वे त्रिणवः तस्मात् पार्श्वे त्रिणवः) दोनों पार्श्व [कांख के नीचे के स्थान] त्रिणव यज्ञ है, कोई पसलियां त्रयोदश यज्ञ और कोई दोनों पार्श्व [कांख के नीचे के स्थान] त्रिणव यज्ञ है [ऐसा कहते हैं], इस लिये दोनों पार्श्व त्रिणव यज्ञ हैं । (अनूकं त्रयस्त्रिंशः, द्वात्रिंशतिः हि एव एतस्यां पृष्टौ कुण्डीं उलानि भवन्ति अनूकं त्रयस्त्रिंशः तस्मात् अनूकं त्रयस्त्रिंशः) अनूक [मूत्र थैली] त्रयस्त्रिंश यज्ञ है, [क्योंकि] बत्तीस ही इसमें पृष्टी, कुण्डी, और उल [नाड़ी विशेष] हैं और अनूक तैतीसवां है, इस लिये अनूक त्रयस्त्रिंश यज्ञ है । (तस्य दक्षिणः बाहुः अयम् एव अभिजित्) उस [मनुष्य] का दाहिना बाहु ही यह अभिजित् यज्ञ है, (तस्य दक्षिणे इमे त्रयः प्राणाः स्वरसामानः) उस के दाहिने [बाहु] में यह तीन प्राण [भुजदण्ड, भुजा और हाथ] स्वरसाम यज्ञ हैं । (आत्मा विषुवान्) [उसका] आत्मा विषुवान् यज्ञ है । (तस्य सव्ये इमे त्रयः प्राणाः अर्वाक् स्वरसामानः) उस के बायें [बाहु] में [पूर्वोक्त] तीन प्राण अर्वाक् स्वरसाम यज्ञ हैं । (तस्य अयम् सव्यः बाहुः विश्वजित्) उस का यह बायां बाहु विश्वजित् यज्ञ है । (उक्तौ पृष्ठ्याभिप्लवौ) दोनों पृष्ठ्य और अभिप्लव कह दिये हैं । (यौ अवाञ्चौ प्राणौ तौ गवायुषी) जो नीचे वाले दो प्राण [पायु और उपस्थ] हैं वे दो गवायुषी यज्ञ हैं । (अङ्गानि दशरात्रः, मुखं महाव्रतम्) [शेष] अङ्ग दशरात्र और मुख महाव्रत यज्ञ है । (तस्य हस्तौ एव उदयनीयः अतिरात्रः) उस [मनुष्य] के दोनों हाथ ही उदयनीय अतिरात्र यज्ञ हैं । (हस्ताभ्यां हि उद्यन्ति यः एवं वेद) वह दोनों हाथों से चढ़ता है जो ऐसा जानता है । (सः वै एषः संवत्सरः) सो यही संवत्सर यज्ञ है ॥ ३ ॥

भावार्थ—मनुष्य शरीर के अवयवों को जानकर उन्हें पुष्ट रक्खे ॥ ३ ॥

कण्डिका ४ ॥

पुरुषो वाव संवत्सरः, तस्य प्राण एव प्रायणीयोऽतिरात्रः प्राणेन हि प्रयन्ति वागारम्भणीयमहर्यद्यदारभते वागारम्भते वाचैव तदारभते । तस्यायमेव दक्षिणः पाणिरभिप्लवस्तस्यैदं प्रातःसवनमिदं माध्यन्दिनं सवनमिदं तृतीयं

अवयवविशेषाः (अणवीभिः) सूक्ष्माभिर्नाडीभिः (उरुः) सुहेः किच्च । उ० २ । १२० । उर् गतौ, सौत्रः-उसि कित् । शरीराङ्गविशेषः (उरः) उरु एव (आन्तरे) अन्तर-अण् । आभ्यन्तरे (उलापानि) तानि आन्त्राणि (अन्याः) अन्ये (अनूकम्) मूत्रवस्तिः (अवाञ्चौ) अधोगतौ । पायूपस्थे (उद्यन्ति) उच्चैर्गच्छति ॥

सवनं गायत्र्या आयतने तस्मादियमस्यै ह्रसिष्ठा । १ । तस्येदं प्रातःसवनमिदं माध्यन्दिनं सवनमिदं तृतीयसवनं त्रिष्टुभ आयतने तस्मादियमस्यै वरिष्ठा । २ । तस्येदं प्रातःसवनमिदं माध्यन्दिनं सवनमिदं तृतीयसवनं जगत्या आयतने तस्मादियमनयोर्वरिष्ठा । ३ । तस्येदं प्रातःसवनमिदं माध्यन्दिनं सवनमिदं तृतीयसवनं पङ्क्त्या आयतने पृथुरिव वै पङ्क्तिस्तस्मादियमासां प्रतिष्ठा । ४ । तस्येदं प्रातःसवनमिदं माध्यन्दिनं सवनमिदं तृतीयसवनं विराज आयतनेऽन्नं वै श्रीः विराडन्नाद्यस्य श्रियोऽवरुध्यै तस्मादियमासां वरिष्ठा । ५ । तस्येदं प्रातःसवनमिदं माध्यन्दिनं सवनमिदं तृतीयसवनमतिच्छन्दसाम् आयतनेऽतिच्छन्दो वै छन्दसामायतनं तस्मादिदं प्रतिष्ठं फलकं । ६ । तस्येदं प्रातःसवनमिदं माध्यन्दिनं सवनमिदं तृतीयसवनं सैतः सैतोऽभिप्लवः सैत आत्मा पृष्ठ्यः प्लवतीवाभिप्लवस्तिष्ठतीव पृष्ठ्यः प्लवत इव ह्येवमङ्गैरितष्ठतीवात्मना । ७ । तस्यायमेव दक्षिणः कर्णोऽभिजित् । तस्य यद् दक्षिणमक्ष्णः शुक्लं स प्रथमस्वरसामा यत् कृष्णं स द्वितीया यन्मण्डलं स तृतीयो, नासिके विषुवान्, मण्डलमेव प्रथमेऽवाक् स्वरसामा यत् कृष्णं स द्वितीया यत् शुक्लं स तृतीयस्तस्यायं सव्यः कर्णो विश्वजिदुक्तो पृष्ठ्याभिप्लवौ यावबाहूं प्राणौ तौ गवायुषी अङ्गानि दशरात्रो मुखं महाव्रतं तस्योदान एवोदयनीयोऽतिरात्र उदानेन ह्युद्यन्ति य एवं वेद स वा एष संवत्सरः ॥ ४ ॥

कण्डिका ४ ॥ मनुष्य शरीर के दृष्टान्त से संवत्सर यज्ञ का वृत्तान्त ॥

(पुरुषः वाव संवत्सरः) मनुष्य ही संवत्सर यज्ञ है । (तस्य प्राणः एव प्रायणीयः अतिरात्रः, प्राणेन हि प्रयन्ति) उस [मनुष्य] का प्राण ही प्रायणीय अतिरात्र यज्ञ है, प्राण से ही आगे बढ़ते हैं । (वाक् आरम्भणीयम् अहः, यत् यत् आरभते वाक् आरभते । वाचा एव तत् आरभते) वाणी आरम्भ करने योग्य दिन [यज्ञ] है, जो जो आरम्भ किया जाता है वाणी आरम्भ करती है, वाणी से ही वह आरम्भ किया जाता है । (तस्य दक्षिणः पाणिः अयम् एव अभिप्लवः) उस [मनुष्य] का दाहिना हाथ यही अभिप्लव है । (तस्य इदं प्रातःसवनम् इदम् माध्यन्दिनं सवनं इदं तृतीयं सवनं गायत्र्याः आयतने, तस्मात् इयम् अस्यै ह्रसिष्ठा १) उस [मनुष्य] का यह प्रातःसवन [प्रातःकाल का

४—(आरभते) आरभ्यते (प्रातःसवनम्) बाल्यमितियावत् (माध्यन्दिनंसवनम् , यौवनम् (तृतीयसवनम्) वृद्धत्वम् (आयतने) स्थाने (ह्रसिष्ठा)

यज्ञ अर्थात् बालकपन], यह माध्यन्दिन सवन [दोपहर का यज्ञ अर्थात् यौवन], और यह तीसरा सवन [तीसरे पहर का यज्ञ अर्थात् बुढ़ापा], गायत्री [आठ अक्षर के तीन पाद वाले गायत्री छन्द] के स्थान में है, इस लिये यह [गायत्री] इस [वाणी] में अति छोटी है । १ । (तस्य इदं प्रातःसवनम् इदं माध्यन्दिनं सवनम् इदं तृतीय सवनं त्रिष्टुभः आयतने, तस्मात् इयम् अस्यै वरिष्ठा २) उस [मनुष्य] का यह प्रातःसवन, यह माध्यन्दिन सवन, यह तीसरा सवन [संख्या १ देखो] त्रिष्टुप् [ग्यारह अक्षर के चार पाद वाले त्रिष्टुप् छन्द] के स्थान में है, इस लिये यह [त्रिष्टुप्] इस [गायत्री] से अधिक बड़ा है । २ । (तस्य इदं प्रातःसवनम्, इदं माध्यन्दिनं सवनम् इदं तृतीयं सवनं जगत्याः आयतने, तस्मात् इयम् अनयोः वरिष्ठा ३) उस [मनुष्य] का यह प्रातःसवन, यह माध्यन्दिन सवन, और यह तीसरा सवन [सं० १] जगती [बारह अक्षर के चार पाद वाले जगती छन्द] के स्थान में है, इस लिये यह [जगती] इन दोनों [गायत्री और त्रिष्टुप्] से अधिक बड़ा है । ३ । (तस्य इदं प्रातःसवनम्, इदं माध्यन्दिनं सवनम् इदं तृतीयं सवन पङ्क्त्याः आयतने पृथुः इव वै पङ्क्तिः, तस्मात् इयम् आसां प्रतिष्ठा ४) उस [मनुष्य] का यह प्रातःसवन, यह माध्यन्दिन सवन और यह तीसरा सवन [सं० १] पङ्क्ति [पांच वा आठ अक्षर के पांच पाद वाले पंक्ति छन्द] के स्थान में है, चौड़े पदार्थ के समान ही पङ्क्ति है, इस लिये यह [पङ्क्ति] इन [गायत्री, त्रिष्टुप् और जगती] की भूमि है । ४ । (तस्य इदं प्रातःसवनम्, इदं माध्यन्दिनं सवनम्, इदं तृतीयसवनं विराजः आयतने, अन्नं वै श्रीः विराट्, अन्नाद्यस्य श्रियः अवरुध्यै, तस्मात् इयम् आसां वरिष्ठा ५) उस [मनुष्य] का यह प्रातःसवन, यह माध्यन्दिन सवन और यह तीसरा सवन [सं० १] विराट् [दस अक्षर के चार पाद वाले विराट् छन्द] के स्थान में है, अन्न और श्री [लक्ष्मी वा शोभा] ही विराट् है, खाने योग्य अन्न और श्री की प्राप्ति के लिये यह है, इस लिये यह [विराट्] इन [गायत्री, त्रिष्टुप् जगता और पङ्क्ति] में अति श्रेष्ठ है । ५ । (तस्य इदं प्रातःसवनम् इदं माध्यन्दिनं सवनम् इदं तृतीयसवनम्

ह्रस्व—इष्ठन्, टाप् । ह्रस्वतमा (वरिष्ठा) उरु वर वा—इष्ठन् टाप् । लघुतमा । विस्तीर्णतमा । वरतमा । श्रेष्ठतमा (पृथुः) विस्तीर्णः (प्रतिष्ठा) भूमिः । अथवा पृथु-इष्ठन्, थस्य तः । प्रथिष्ठा । अधिकविस्तीर्णा (विराट्) वि+राजृ दीप्तौ ऐश्वर्ये च—क्विप् । विविधदीप्यमाना । विविधैश्वर्ययुक्ता ।

अतिछन्दसाम् आयतनं, अतिछन्दः वै छन्दसाम् आयतनम्, तस्मात् इदं प्रतिष्ठं फलकम् ६) उस [मनुष्य] का यह प्रातःसवन, यह माध्यन्दिन सवन, यह तीसरा सवन [सं० १] अतिछन्दों [अतिजगती, शक्करी, अतिशक्करी, अष्टि, अत्यष्टि, धृति, अतिधृति अतिछन्दों] के स्थान में है, अतिछन्द ही छन्दों का स्थान है, इस लिये यह प्रतिष्ठा वाला प्रतिफल है । ६ । (तस्य इदं प्रातःसवनम्, इदं माध्यन्दिनं सवनम्, इदं तृतीयं सवनं सैतः सैतः, अभिप्लवः, सैतः आत्मा पृष्ठ्यः, प्लवति इव अभिप्लवः, तिष्ठति इव पृष्ठ्यः, प्लवते इव हि एवम् अङ्गैः, तिष्ठति इव आत्मना ७) उस [मनुष्य] का यह प्रातःसवन, यह माध्यन्दिन सवन और यह तीसरा सवन [सं० १] खेती से सिद्ध हुआ यज्ञ है, खेती से सिद्ध हुआ यज्ञ अभिप्लव है, खेती से सिद्ध हुआ यज्ञ आत्मा रूप पृष्ठ्य है, चलता है जैसे यह अभिप्लव यज्ञ है, ठहरता है जैसे यह पृष्ठ्य है, क्योंकि वह [यज्ञ] चलता है जैसे इस प्रकार अङ्गों से, और ठहरता है जैसे आत्मा से । ७ । (तस्य दक्षिणः कर्णः अयम् एव अभिजित्) उस [मनुष्य] का दाहिना कान यही अभिजित् यज्ञ है । (तस्य अक्ष्णः यत् दक्षिणं शुक्लं सः प्रथमस्वरसामा यत् कृष्णं सः द्वितीयः, यत् मण्डलं सः तृतीयः) उस [मनुष्य] के आंख का जो दाहिना श्वेतपन है वह पहिला स्वरसाम यज्ञ है, जो कालापन है वह दूसरा, और जो मण्डल [आंख का घेरा] है वह तीसरा [स्वरसाम] है । (नासिके विषुवान्) दोनों नथने विषुवान् यज्ञ है । (मण्डलम् एव प्रथमः अर्वाक् स्वरसामा यत् कृष्णं सः द्वितीयः, यत् शुक्लं सः तृतीयः) मण्डल [बाईं आंख का घेरा] ही पहिला अर्वाक् स्वरसाम यज्ञ है, जो कालापन है वह दूसरा है और जो श्वेतपन है वह तीसरा है । (तस्य सव्यः कर्णः अयं विश्वजित्) उस [मनुष्य] का बांयां कान यह विश्वजित है । (उक्तौ पृष्ठ्याभिप्लवौ) दोनों पृष्ठ्य और अभिप्लव कह दिये हैं । (यौ अवाञ्चौ प्राणौ तौ गवायुषौ) जो नीचे वाले दो प्राण [पायु और उपस्थ] हैं वे दो गवायुषी यज्ञ हैं । (अङ्गानि दशरात्रः मुखं महाव्रतम्) शेष अङ्ग दशरात्र और मुख महाव्रत है । (तस्य उदानः एव उदयनीयः अतिरात्रः) उस [मनुष्य] का उदान [ऊपर चढ़ने वाला

छन्दोविशेषः (अतिछन्दसाम्) अतिजगतीत्याद्यातिछन्दसाम् (प्रतिष्ठम्) प्रतिष्ठायुक्तम् (फलकम्) स्वार्थे कन् । फलम् । प्रतिफलम् (सैतः) तेन निर्वृत्तम् । पा० ४ । २ । ६८ । सीता-अण् । सीतया कृषिकर्मणा निष्पादितो यज्ञः (अक्ष्णः) नेत्रस्थ (मण्डलम्) मडि भूषणे—कलच् । चक्राकारेण वेष्टनम् ॥

वायु] ही उदयनीय अतिरात्र यज्ञ है । (उदानेन हि उदयन्ति यः एवं वेद) क्योंकि वह उदान वायु से ही चढ़ता है जो ऐसा जानता है । (सः वै एषः संवत्सरः) सो यही संवत्सर यज्ञ है ॥ ४ ॥

कण्डिका ५ ॥

पुरुषो वाव संवत्सरः । पुरुष इत्येकं संवत्सरमित्येक इत्यत्र सत्समं १, द्वे अहोरात्रे संवत्सरस्य द्वाविमौ पुरुषे प्राणा इत्यत्र सत्समं २, त्रयो वा ऋतवः संवत्सरस्य त्रय इमे पुरुषे प्राणा इत्यव तत्समं ३, षड् वा ऋतवः संवत्सरस्य षडिमे पुरुषे प्राणा इत्यत्र तत्समं ४, सप्त वा ऋतवः संवत्सरस्य सप्तेमे पुरुषे प्राणा इत्यत्र तत्समं ५, द्वादश मासाः संवत्सरस्य द्वादशेमे पुरुषे प्राणा इत्यत्र तत्सम ६, त्रयोदश मासाः संवत्सरस्य त्रयोदशेमे पुरुषे प्राणा इत्यत्र तत्समं ७, चतुर्विंशतिरर्द्धमासाः संवत्सरस्य चतुर्विंशोऽयं पुरुषो विंशत्यङ्गुलिश्चतुरङ्ग इत्यत्र तत्समं ८, षड्विंशतिरर्द्धमासाः संवत्सरस्य षड्विंशोऽयं पुरुषः प्रतिष्ठे षड्विंशे इत्यत्र सत्समं ९, त्रीणि च ह वै शतानि षष्ठिश्च संवत्सरस्याहोरात्राणीत्येतावन्त एव पुरुषस्य प्राणा इत्यत्र तत्समं १०, सप्त च ह वै शतानि विंशतिश्च संवत्सरस्याहानि च रात्रयश्चेत्येतावन्त एव पुरुषस्यास्थीनि च मज्जानश्चेत्यत्र तत्समं ११, चतुर्दश च ह वै शतानि चत्वारिंशच्च संवत्सरस्यार्द्धाहाश्चार्द्धरात्रयश्चेत्येतावन्त एव पुरुषस्य स्थुरामांसानीत्यत्र तत्समम् १२, अष्टाविंशतिश्च ह वै शतान्यशीतिश्च संवत्सरस्य पादाहाश्च पादरात्रयश्चेत्येतावन्त एव पुरुषस्य स्नावा बन्धा इत्यत्र तत्समं १३, दश च ह वै सहस्राण्यष्टौ च शतानि संवत्सरस्य मुहूर्त्ताः इत्येतावन्त एव पुरुषस्य पेशशमरा इत्यत्र तत्समं १४, यावन्तो मुहूर्त्ताः पञ्चदशकृत्वस्तावन्तः प्राणाः १५, यावन्तः प्राणाः पञ्चदशकृत्वस्तावन्तोऽपानाः १६, यावन्तोऽपानाः पञ्चदशकृत्वस्तावन्तो व्यानाः १७, यावन्तो व्यानाः पञ्चदशकृत्वस्तावन्तः समानाः १८, यावन्तः समानाः पञ्चदशकृत्वस्तावन्त उदानाः १९, यावन्त उदानाः पञ्चदशकृत्वस्तावन्त्येतादीनि २०, यावन्त्येतादीनि तावन्त्येतर्हीणि २१, यावन्त्येतर्हीणि तावन्ति स्वेदायनानि २२, यावन्ति स्वेदायनानि तावन्ति क्षिप्रायणानि २३, यावन्ति क्षिप्रायणानि तावन्तो रोमकूपाः २४, यावन्तो रोमकूपाः पञ्चदशकृत्वस्तावत्यो वर्षतो धारास्तदेतत् क्रोशशतिकमपरिमाणम् । २५ ।

तदप्येतदुचोक्तम् । श्रमादन्यत्र परिवर्त्तमानश्चरत्वासीनो यदि वा स्वपन्नपि । अहोरात्राभ्यां पुरुषः क्षणेन कतिकृत्वः प्राणति चापानति च । शतं शतानि

परिवत्सराणामष्टौ च शतानि मुहूर्त्तान् यान् वदन्ति अहोरात्राभ्यां पुरुषः समेन कतिकृत्वः प्राणति चापानति चेति ब्राह्मणम् ॥ ५ ॥

कण्डिका ५ ॥ मनुष्य शरीर के दृष्टान्त से संवत्सर अर्थात् वर्ष का वृत्तान्त ॥

(पुरुषः वाव संवत्सरः) मनुष्य ही संवत्सर [वर्ष, बारह महीने का काल] है । (पुरुषः एकः इति संवत्सरम् एकम् इति, इति अत्र तत् समम् १) मनुष्य एक है और संवत्सर एक है, यह यहां उन दोनों में समता है । १ । (संवत्सरस्य द्वे अहोरात्रे पुरुषे इमौ द्वौ प्राणौ इति अत्र तत् समम् २) संवत्सर के दो दिन रात हैं, पुरुष में यह दो प्राण [प्राण अपान] हैं, यह यहां उन दोनों में समता है । २ । (संवत्सरस्य त्रयः वै ऋतवः पुरुषे इमे त्रयः प्राणाः इति अत्र तत् समम् ३) सवत्सर के तीन ही ऋतु [ग्रीष्म, वर्षा, और शीत] हैं, मनुष्य में यह तीन प्राण [प्राण, अपान, उदान,] हैं, यह यहां उन दोनों में समता है । ३ । (सवत्सरस्य षट् वै ऋतवः पुरुषे इमे षट् प्राणाः इति अत्र तत् समम् ४) सवत्सर के छह ही ऋतु [वसन्त आदि] हैं, मनुष्य में यह छह प्राण हैं, यह यहां उन दोनों में समता है । ४ । (संवत्सरस्य सप्त वै ऋतवः पुरुषे इमे सप्त प्राणाः इति अत्र तत् समम् ५) संवत्सर के सात ही ऋतु हैं, मनुष्य में यह सात प्राण [मस्तक के गोलक] हैं, यह यहां उन दोनों में समता है । ५ । (सवत्सरस्य द्वादश मासाः पुरुषे इमे द्वादश प्राणाः इति अत्र तत्समम् ६) सवत्सर के बारह महीने [चैत्र आदि] हैं । पुरुष में यह बारह प्राण हैं, यह यहां उन दोनों में समता है । ६ । (संवत्सरस्य त्रयोदश मासाः पुरुषे इमे त्रयोदश प्राणाः इति अत्र तत् समम् ७) संवत्सर [लौंद के वर्ष] के तरह महाने हैं, पुरुष में यह तेरह प्राण हैं, यह यहां उन दोनों में समता है । ७ । (संवत्सरस्य चतुर्विंशतिः अर्धमासाः, अयम् पुरुषः चतुर्विंशः विंशत्यङ्गुलिः चतुरङ्गः इति अत्र तत् समम् ८) संवत्सर के चौबीस आधे महीने हैं, और यह पुरुष चौबीस वाला [अर्थात्] बीस अङ्गुली वाला और चार अङ्ग

५—(समम्) समत्वम् (चतुर्विंशः) संख्ययाऽव्ययासन्नादूराधिकसंख्याः संख्येये । पा० २ । २ । २५ । चतुरधिका विंशतिः यत्र स चतुर्विंशः । बहुव्रीहौ संख्येये डजबहुगणात् । पा० ५ । ४ । ७३ । चतुर्विंशति—डच् । चतुर्विंशति-युक्तः । एव अन्यत्रापिसिद्धिः । (मज्जानः) श्वन्युक्षन्पूषन्शाहन् । उ० । १ । १५६ । टुमस्जो शुद्धौ—कनिन् । अस्थिसाराः (स्थुरामांसानि) स्थुड संवरणे—

[दो हाथ दो पाँव] वाला है, यह यहां उन दोनों में समता है । ८ । (संवत्सरस्य षड्विंशतिः अर्धमासाः अयम् पुरुषः षड्विंशः प्रतिष्ठे षड्विंशे इति अत्र तत् समम् ९) संवत्सर [लोंद के वर्ष] के छब्बीस आधे महीने हैं, यह पुरुष छब्बीस वाला है, दो प्रतिष्ठाये [पांव की अङ्गुलियों के स्थान] छब्बीस [जोड़] वाले हैं, यह यहां उन दोनों में समता है । ९ । (संवत्सरस्य त्रीणि शतानि च ह वै षष्टिः च अहोरात्राणि इति, एतावन्तः एव पुरुषस्य प्राणाः, इति अत्र तत् समम् १०) संवत्सर के तीन सौ और साठ [३६०] दिन रात हैं, इतने [३६०] ही पुरुष के प्राण हैं, यह यहां उन दोनों में समता है । १० । (संवत्सरस्य सप्त शतानि च विंशतिः च ह वै अहानि च रात्रयः च इति एतावन्तः एव पुरुषस्य अस्थीनि च मज्जानः च इति अत्र तत् समम् ११) संवत्सर के सात सौ और बीस [३६० × २ = ७२०] ही दिन और रात हैं, इतने [३६० × २ = ७२०] ही पुरुष की हड्डियां और मज्जा [हड्डियों का सार] हैं, यह यहां उन दोनों में समता है । ११ । (संवत्सरस्य चतुर्दश शतानि च चत्वारिंशत् च ह वै अर्धाहाः च अर्धरात्रयः च इति, एतावन्तः एव पुरुषस्य स्थुरामांसानि इति अत्र तत् समम् १२) संवत्सर के चौदह सौ और चालीस [७२० × २ = १४४०] ही हैं, इतने [७२० × २ = १४४०] ही पुरुष के खाल और मांस की ग्रन्थी हैं, यह यहां उन दोनों में समता है । १२ । (संवत्सरस्य अष्टाविंशतिः शतानि च अशीतिः च ह वै पादाहाः च पादरात्रयः च इति एतावन्तः एव पुरुषस्य स्नावाः बन्ध्याः इति अत्र तत् समम् १३) संवत्सर के अट्ठाईस सौ और अस्सी [१४४० × २ = २८८०] ही चौथाई दिन और चौथाई रात हैं इतने [१४४० × २ = २८८०] ही पुरुष के पुट्ठे और बन्धन हैं, यह यहां उन दोनों में समता है । १३ । (संवत्सरस्य दश सहस्राणि च अष्टौ शतानि

क, टाप्, उस्य रः । स्थुरा त्वचा । त्वचासहितानि मांसबन्धनानि (स्नावाः) इण्शीभ्यां वन् । उ० १ । १५२ । ष्णा शौचे—वन् । स्नायवः । वायुवाहिन्यो नाड्यः (बन्ध्याः) बन्ध बन्धने—क्यप्, टाप् । बन्धनानि (मुहूर्ताः) अश्विघृणिभ्यः क्तः । उ० ३ । ८९ । हूर्च्छा कौटिल्ये—क्त । मुडागमः, छलोपः । घटिकाद्वयकालाः । त्रिंशन्मुहूर्तमहोरात्रम् (पेशशमराः) पिश अवयवे—घञ् । अर्त्तिकमिभ्रमिचमिदेवि० । उ० ३ । १३२ । पेश+शम शान्तौ आलोचने च—अरप्रत्ययः । रूपसूचका अंशविशेषाः । पेशेस् रूपं-निघ० ३ । ७ । पेशः एवं पेशस् (एतादीनि) हसिमृग्रिण्वामि० । उ० ३ । ८६ । इण् गतौ—तन् । इति एतः ।

च ह वै मुहूर्ताः इति, एतावन्तः एव पुरुषस्य पेशशमराः इति अत्र तत् समम् १४) संवत्सर के दश सहस्र और आठ सौ [३६० दिन × ३० मुहूर्त = १०,८००] ही मुहूर्त हैं, इतने [१०,८००] ही पुरुष के पेशशमर [रूपसूचक अंश विशेष] हैं यह यहां उन दोनों में समता है । १४ । (यावन्तः मुहूर्ताः पञ्चदशकृत्वः तावन्तः प्राणाः १५) जितने मुहूर्त पन्दरह वार [१०,८०० × १५ = १,६२,०००] हैं उतने [१,६२,०००] प्राण हैं । १५ । (यावन्तः प्राणाः पञ्चदशकृत्वः तावन्तः अपानाः १६) जितने प्राण पन्दरह वार [१,६२,००० = १५ = २४,३०,०००] हैं उतने [२४,३०,०००] अपान हैं । १६ । यावन्तः अपानाः पञ्चदशकृत्वः तावन्तः व्यानाः १७) जितने अपान पन्दरह वार [२४,३०,००० × १५ = ३,६४,५०,०००] हैं उतने [३,६४,५०,०००] व्यान हैं । १७ । (यावन्तः व्यानाः पञ्चदशकृत्वः तावन्तः समानाः १८) जितने व्यान पन्दरह वार [३,६४,५०,००० × १५ = ५४,६७,५०,०००] हैं, उतने [५४,६७,५०,०००] उतने समान हैं । १८ । (यावन्तः समानाः पञ्चदशकृत्वः तावन्तः उदानाः १९] जितने समान पन्दरह वार [५४,६७,५०,००० × १५ = ८,२०,१२,५०,०००] हैं, उतने [८,२०,१२,५०,०००] उदान हैं । १९ । (यावन्तः उदानाः पञ्चदशकृत्वः तावन्ति एतादीनि २०) जितने उदान पन्द्रह वार [८,२०,१२,५०,००० × १५ = १, २३,०१,८७,५०,०००] हैं, उतने [१,२३, ०१,८७,५०,०००] एतादि हैं २० । (यावन्ति एतादीनि तावन्ति एतर्हीणि २१) जितने एतादि हैं उतने [१,२३,०१,८७,५०,०००] एतर्हि हैं । २१ । (यावन्ति एतर्हीणि तावन्ति स्वेदायनानि २२) जितने एतर्हि हैं उतने [१,२३,०१,८७,५०, ०००] स्वेदायन [पसीने के मार्ग] हैं । २२ । (यावन्ति स्वेदायनानि तावन्ति क्षिप्रायणानि २३) जितने स्वेदायन हैं उतने [१,२३,०१,८७,५०,०००] क्षिप्रायण [शीघ्र मार्ग] हैं । २३ । (यावन्ति क्षिप्रायणानि तावन्तः रोमकूपाः २४) जितने क्षिप्रायण हैं उतने (१,२३,०१,८७,५०,०००) रोमकूप हैं । २४ । (यावन्तः रोम-कूपाः पञ्चदशकृत्वः तावत्यः वर्षतः धाराः) जितने रोमकूप पन्द्रह वार [१,२३,

---

आदीयते गृह्यते आ + दा—क्ति । एतानां गतीनाम् आदीनि ग्रहणशीलानि अङ्गानि नाडीविशेषाः (एतर्हीणि) इण् गतौ-तन् । सर्वधातुभ्यः इन् । उ० । ४ । ११८ । एत + अर्ह पूजायां योग्यत्वे च—इन्, पृषोदरादि रूपम् । गतियोग्यानि अङ्गानि । नाडीविशेषाः (स्वेदायनानि) स्वेदस्य गात्रस्रवस्य अयनानि मार्गाः (क्षिप्रायणानि) क्षिप्राणि शीघ्राणि अयनानि मार्गाः येषां तानि (वर्षतः) वर्ष्म-माने पृषद् बृहन्महज्जगच्छतृवच्च । उ० २ । ८४ । वृषु सेचने प्रजनैश्वर्ययोश्च—अति ।

०१,८७,५०,००० × १५ = १८,४५,२८,१२,५०,०००] हैं उतनी वर्षत् की धारायें [सेचनशील नाड़ियों के प्रवाह] हैं । (तत् एतत् क्रोशशतिकं परिमाणम् २५) सो यह सः क्रोश वाला परिमाण [गणना] है । २५ ।

(तत् अपि एतत् ऋचा उक्तम्) सो यह भी इस ऋचा करके कहा गया है—(पुरुषः श्रमात् अन्यत्र परिवर्तमानः आसीनः यदि वा स्वपन् अपि चरतु अहोरात्राभ्यां क्षणेन कतिकृत्वः प्राणिति च अपानिति च) मनुष्य श्रम से दूसरे स्थान में लगा हुआ चाहे बैठा हुआ, चाहे सोता हुआ वर्तमान हो, वह दिन और रात्रि के साथ क्षण [की समता] से कितनी बार प्राण लेता है और अपान लेता है । १ । (परिवत्सराणां शतं शतानि अष्टौ च शतानि यान् मुहूर्तान् वदन्ति, पुरुषः अहोरात्राभ्यां समेन कतिकृत्वः प्राणिति च अपानिति च—इति ब्राह्मणम्) पुरुष परिवत्सरों के सौ सैकड़े और आठ सैकड़े जिन मुहूर्तों को कहते हैं, पुरुष दोनों दिन और रात्रि के साथ समानता से कितने बार प्राण लेता है और अपान लेता है । २ ।—यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ ५ ॥ [यह वाक्य रहस्य ब्राह्मण वचन हैं, वेदों में नहीं हैं, इन का भावार्थ विचारणीय है ।]

भावार्थ—मनुष्य शरीर में स्थूल रूप से प्राण हृदय में १, अपान मलाशय में २, व्यान समस्त शरीर में ३, समान नाभि में ४, और उदान कण्ठ में ५, रहता है ऐसा मानते हैं । फिर जैसे जैसे नाड़ियां एक से एक सूक्ष्म होकर गणना में बढ़ती जाती हैं, वैसेही वायु की गति भी सूक्ष्म और अधिक होकर बढ़ती जाती है । प्राण वा नाड़ियों में गति के भेद से एक ही वायु के अलग अलग नाम और काम हैं । तात्पर्य यह है कि जैसे शरीर के वायु मार्ग नाड़ियां अति सूक्ष्म और अगणित है, वैसेही काल की गति अति सूक्ष्म और बिना परिमाण है ॥ ५ ॥

कण्डिका ६ ॥

संवत्सरस्य समता वेदितव्येति ह स्मा ह वा स्युरेकमेव पुरस्ताद् विषुवतोऽतिरात्रमुपयन्त्येकमुपरिष्टात् १, त्रिपञ्चाशतमेव पुरस्ताद्विषुवतोऽग्निष्टो-

---

सेचनशीलनाडीसमूहस्य (धाराः) प्रवाहाः (क्रोशशतिकम्) क्रुश रोदने आह्वाने च—घञ् । क्रोशः महासंख्याविशेषः । तदस्य परिमाणम् । पा० ५ । १ । ५७ । क्रोशशत—ठन् । क्रोशशतयुक्तम् (परिवर्तमानः) परिवृतः (परिवत्सराणाम्) वत्सरविशेषाणाम् (समेन) समत्वेन ॥

मानुपयन्ति त्रिपञ्चाशतमुपरिष्टाद् २, विंशतिशतमेव पुरस्ताद्विषुवत उक्थ्यानु-पयन्ति विंशतिशतमुपरिष्टात् ३, षडेव पुरस्ताद्विषुवतः षोडशिन उपयन्ति षडु-परिष्टात् ४, त्रिंशदेव पुरस्ताद्विषुवतः षडहानुपयन्ति त्रिंशदुपरिष्टात् ५, सैषा संवत्सरस्य समता स य एवमेनां संवत्सरस्य समतां वेद संवत्सरेण स आत्मा सलोको भूत्वा देवानप्येतीति ब्राह्मणम् ॥ ६ ॥

कण्डिका ६ ॥ संवत्सर यज्ञ में विषुवान् के दोनों ओर यज्ञ की समता ॥

(संवत्सरस्य समता वेदितव्या इति) संवत्सर यज्ञ की समानता [याजकों को] जाननी चाहिये, यह वर्णन है। (ह सा ह वा स्युः) और वह अवश्य ही होनी चाहिये। (विषुवतः पुरस्तात् एकम् एव अतिरात्रम् उपयन्ति, एकम् उपरिष्टात् १) विषुवान् [तुल्य दिन रात्रि के काल वाले] यज्ञ से पहिले एक ही अतिरात्र यज्ञ को स्वीकार करते हैं और एक को पीछे। १। (विषुवतः पुरस्तात् त्रिपञ्चाशतम् एव अग्निष्टोमान् उपयन्ति त्रिपञ्चाशतम् उपरिष्टात् २) विषुवान् से पहिले त्रेपन ही अग्निष्टोमों को स्वीकार करते हैं और त्रेपन को पीछे। २। (विषुवतः पुरस्तात् विंशतिशतम् एव उक्थ्यान् उपयन्ति विंशति-शतम् उपरिष्टात् ३) विषुवान् से पहिले एक सौ बीस ही उक्थ्य यज्ञों को स्वीकार करते हैं और एक सौ बीस को पीछे। ३। (विषुवतः पुरस्तात् षट् एव षोडशिनः उपयन्ति षट् उपरिष्टात् ४) विषुवान् से पहिले छह ही षोडशी यज्ञों को स्वीकार करते हैं और छह को पीछे। ४। (विषुवतः पुरस्तात् त्रिंशत् एव षडहान् उपयन्ति त्रिंशत् उपरिष्टात् ५) विषुवान से पहिले तीस ही षडह [छह दिन वाले यज्ञों] को स्वीकार करते हैं और तीस को पीछे। ५। (सा एषा संवत्सरस्य समता) सो यही संवत्सर की समता है। (यः एवं संवत्स-रस्य एतां समतां वेद सः संवत्सरेण स—आत्मा सलोकः भूत्वा देवान् अप्येति

६—(ह सा ह) इति निपातत्रयसमूहः, अवधारणे। अवश्यम् एव (वा) चार्थे (स्युः) स्यात्। सा समता च अवश्यम् एव स्यात्, इत्यर्थः (उपयन्ति) स्वीकुर्वन्ति (विंशतिशतम्) सङ्ख्याऽव्ययासन्नादूराधिकसंख्याः संख्येये। पा० २। २। २५। विंशत्या अधिकम् शतम्। विंशत्युत्तरशतम् (स-आत्मा) समानात्मा (सलोकः) समाननिवासः (देवान्) दिव्यगुणान् (अप्येति) प्राप्नोति ॥

इति ब्राह्मणम्) जो इस प्रकार संवत्सर की इस समता को जानता है, वह संवत्सर के साथ एक आत्मा वाला और एक निवास वाला होकर दिव्य गुणों को पाता है—यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य लक्ष्य का आगा पीछा ठीक ठीक सोच कर उचित समय पर कार्य करे, जैसे विपुवान् के आगे पीछे विचार कर यज्ञ होते हैं ॥ ६ ॥

कण्डिका ७ ॥

अथातो यज्ञक्रमाः । अग्न्याधेयमग्न्याधेयात् पूर्णाहुतिः, पूर्णाहुतेरग्निहोत्रमग्निहोत्राद्दर्शपूर्णमासौ दर्शपूर्णमासाभ्यामाग्रयणं, आग्रयणाच्चातुर्मास्यानि, चातुर्मास्येभ्यः पशुबन्धः पशुबन्धादग्निष्टोमाद्राजसूयो राजसूयाद्वाजपेयः, वाजपेयादश्वमेधः, अश्वमेधात्पुरुषमेधः, पुरुषमेधात् सर्वमेधः, सर्वमेधादक्षिणावन्तो दक्षिणवन्तश्चैते दक्षिणा अदक्षिणाः सहस्रदक्षिणे प्रत्यतिष्ठं स्ते वा एते यज्ञक्रमाः । स य एवमेतान् यज्ञक्रमान्वेद यज्ञेन स आत्मा स लोको भूत्वा देवानप्येतीति ब्राह्मणम् ॥ ७ ॥

कण्डिका ७ ॥ पन्द्रह प्रकार के यज्ञों का क्रम, जिनमें राजसूय, वाजपेय, अश्वमेध, पुरुषमेध आदि सम्मिलित हैं ॥

(अथ अतः यज्ञक्रमाः) अब यहां यज्ञक्रम [कहे जाते हैं]। (अग्न्याधेयम्) अग्न्याधान । १ । (अग्न्याधेयात् पूर्णाहुतिः) अग्न्याधान से [पीछे] पूर्णाहुति । २ । (पूर्णाहुतेः अग्निहोत्रम्) पूर्णाहुति से पीछे अग्निहोत्र [साकल्य की आहुति]। ३ । (अग्निहोत्रात् दर्शपूर्णमासौ) अग्निहोत्र से पीछे दर्शपूर्णमास [अमावस्या और पूर्णमासी के यज्ञ]। ४ । (दर्शपूर्णमासाभ्याम् आग्रयणम्) दोनों दर्शपूर्णमासों से पीछे आग्रयण [नये अन्न का यज्ञ]। ५ । (आग्रयणात् चातुर्मास्यानि) आग्रयण से पीछे चातुर्मास्य [चार महीनों में पूरे होने वाले यज्ञ]। ६ । (चातुर्मासेभ्यः पशुबन्धः) चातुर्मास्यों से पीछे पशुबन्ध [पशुओं के प्रबन्ध का यज्ञ]। ७ । (पशुबन्धात् अग्निष्टोमः) पशुबन्ध से पीछे अग्नि-

---

७—(अग्न्याधेयम्) अग्निस्थापनम् । अग्न्याधानम् (आग्रयणम्) अग्र—अयन, पृषोदरादित्वात् ह्रस्वदीर्घौ । अग्रे अयनं भोजनं शस्यादेर्येन कर्मणा तत् । नवशस्येष्टिः (चातुर्मास्यानि) चतुर्मास-ण्य । चतुर्माससाध्या यज्ञभेदा व्रतभेदाश्च (पशुबन्धः) पशुप्रबन्धयज्ञः (राजसूयः) राजसूयसूर्य० । पा० ३ । १ । ११४ । राजन्+षुञ् अभिषवे—क्यप् । दार्घो निपातितः । राजाभिषेकयज्ञः (वाजपेयः)

ष्टोम । ८ । (अग्निष्टोमात् राजसूयः) अग्निष्टोम से पीछे राजसूय [राजा के अभिषेक के यज्ञ] । ९ । (राजसूयात् वाजपेयः) राजसूय से पीछे वाजपेय [बल की रक्षा का यज्ञ] । १० । (वाजपेयात् अश्वमेधः) वाजपेय से पीछे अश्वमेध [घोड़ों के गुणों की विद्या का यज्ञ] । ११ । (अश्वमेधात् पुरुषमेधः) अश्वमेध से पीछे पुरुषमेध [पुरुषों के मेलवाला यज्ञ] । १२ । (पुरुषमेधात् सर्वमेधः) पुरुषमेध से पीछे सर्वमेध [सब में धारणावती बुद्धिवाला यज्ञ] । १३ । (सर्वमेधात् दक्षिणावन्तः) सर्वमेध से पीछे दक्षिणा वाले यज्ञ । १४ । (दक्षिणावद्भ्यः दक्षिणाः अदक्षिणाः सहस्रदक्षिणे प्रत्यतिष्ठन्) दक्षिणावाले यज्ञ से पीछे बहुत दक्षिणा वाले और बड़ी से बड़ी दक्षिणा वाले यज्ञ सहस्रदक्षिणा [सहस्रों गौवों वा मुद्राओं के दान वाले यज्ञ] में ठहरते हैं । १५ । (ते वै एते यज्ञक्रमाः) सो यही यज्ञक्रम हैं । (यः एवम् एतान् यज्ञक्रमान् वेद सः यज्ञेन स-आत्मा सलोकः भूत्वा देवान् अप्येति इति ब्राह्मणम्) जो इस प्रकार इन यज्ञों के क्रमों को जानता है वह यज्ञ के साथ एक आत्मा वाला और एक निवास वाला होकर दिव्य गुणों को पाता है—यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ ७ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य क्रम से एक के पीछे दूसरा काम विचार कर करते हैं, वे कृतार्थ होते हैं ॥ ७ ॥

कण्डिका ८ ॥

प्रजापतिरकामयतानन्त्यमश्नूयेति सोऽग्नीनाधाय पूर्णाहुत्या यजेत सोऽन्तमेवापश्यत् १, सोऽग्निहोत्रेणेष्ट्वाऽन्तमेवापश्यत् २, स दर्शपूर्णमासाभ्यामि-

---

अचो यत् । पा० ३ । १ । ९७ । वाज+पा पाने पा रक्षणे वा—यत् । वाजः, अन्ननाम-निघ० २ । ७ । बलनाम-निघ० २ । ९ । बलं रक्षणीयं यस्मिन् स यज्ञः । यद् वा अन्नं रक्षणीयं भोजनीयं यत्र सः (अश्वमेधः) अश्व+मेधृ मेधाहिंसनसंगमेषु—अङ्, टाप् । अश्वगुणेषु मेधा धारणावती बुद्धिर्यस्मिन् स यज्ञः (पुरुषमेधः) पुरुषाणां मेधः संगमो यत्र स यज्ञः (सर्वमेधः) सर्वेषु मेधा यस्मिन् सः (दक्षिणाः) दक्षिणा-आर्शआद्यच् । बहुदक्षिणावन्तः (अदक्षिणाः) नास्ति अधिका दक्षिणा यस्याः दक्षिणायाः येषु ते । सर्वथा सर्वदक्षिणायुक्ता यज्ञाः (सहस्रदक्षिणे) सहस्राणां गवादीनां मुद्राणां वा दानं यस्मिन् तस्मिन् यज्ञे (प्रत्यतिष्ठन्) प्रतितिष्ठन्ति ॥

ष्ट्वाऽन्तमेवापश्यत् ३, स आग्रयणेनेष्ट्वाऽन्तमेवापश्यत् ४, स चातुर्मास्यैरिष्ट्वाऽन्तमेवापश्यत् ५, स पशुबन्धेनेष्ट्वाऽन्तमेवापश्यत् ६, सोऽग्निष्टोमेनेष्ट्वाऽन्तमेवापश्यत् ७, स राजसूयेनेष्ट्वा राजेति नामाधत्त सोऽन्तमेवापश्यत् ८, स वाजपेयेनेष्ट्वा सम्राडिति नामाधत्त सोऽन्तमेवापश्यत् ९, सोऽश्वमेधेनेष्ट्वा स्वराडिति नामाधत्त सोऽन्तमेवापश्यत् १०, स पुरुषमेधेनेष्ट्वा विराडिति नामाधत्त सोऽन्तमेवापश्यत् ११, स सर्वमेधेनेष्ट्वा सर्वराडिति नामाधत्त सोऽन्तमेवापश्यत् १२, सोऽहीनैर्दक्षिणावद्भिरिष्ट्वाऽन्तमेवापश्यत् १३, सोऽहीनैरदक्षिणावद्भिरिष्ट्वाऽन्तमेवापश्यत् १४, स सत्रेणोभयतोऽतिरात्रेणान्ततो यजेत १५, वाचं ह वै होत्रे प्रायच्छत् प्राणमध्वर्य्यवे चक्षुरुद्गात्रे मनो ब्रह्मणेऽङ्गानि होत्रकेभ्य आत्मानं सदस्येभ्यः १६, एवमानन्त्यमात्मानं दत्वानन्त्यमश्नूयेति १७, तद्या दक्षिणा अनयत्ताभिरात्मानं निष्क्रीणीय १८, तस्मादेतेन ज्योतिष्टोमेनाग्निष्टोमेनात्मनिष्क्रयणेन सहस्रदक्षिणेन पृष्ठशमनीयेन त्वरेत १९, यो ह्यनिष्ट्वा पृष्ठशमनीयेन प्रैत्यात्मानं सो निष्क्रीणीय प्रैतीति ब्राह्मणम् २० ॥ ८ ॥

कण्डिका ८ ॥ प्रजापति की कथा जिसने बहुत यज्ञों को करके आत्मिक यज्ञ से अत्यन्त सुख पाया ॥

(प्रजापतिः अकामयत् आनन्त्यम् अश्नूय इति) प्रजापति [प्रजापालक यजमान] ने चाहा—मैं अनन्त सुख प्राप्त करूं । (सः अग्नीन् आधाय पूर्णाहुत्या यजेत सः अन्तम् एव अपश्यत् १) उस ने अग्नियों की स्थापना करके पूर्णाहुति के साथ यज्ञ किया, उस ने अन्त वाला ही सुख देखा । १ । (सः अग्निहोत्रेण इष्ट्वा अन्तम् एव अपश्यत् २) उस ने अग्निहोत्र से यज्ञ करके अन्त वाला ही सुख देखा । २ । (सः दर्शपूर्णमासाभ्याम् इष्ट्वा अन्तम् एव अपश्यत् ३) उस ने दोनों अमावस्या और पूर्णमासी के यज्ञों से यज्ञ करके अन्तवाला ही सुख देखा । ३ । (सः आग्रयणेन इष्ट्वा अन्तम् एव अपश्यत् ४) उस ने आग्रयण [नये अन्न के यज्ञ] से यज्ञ करके अन्त वाला ही सुख देखा । ४ ।

८—(प्रजापतिः) प्रजापालको यजमानः (आनन्त्यम्) अनन्त—ष्य भावे स्वार्थे वा । अनन्तं सुखम् (अश्नूय) अहं प्राप्नुयाम् (यजेत) अयजत (अन्तम्) अम गतौ—तन् । ससीमं सुखम् (अधत्त) धृतवान् (सम्राट्) सम्+राजृ दीप्तौ ऐश्वर्ये च—क्विप् । सर्वभूमीश्वरः (स्वराट्) स्वेनैव राजते ईष्टे । स्वयम् एव ऐश्वर्यवान् राजा (विराट्) विशेषेण राजते ईष्टे । विशेषैश्वर्यवान् क्षत्रियः

(सः चातुर्मास्यैः इष्ट्वा अन्तम् एव अपश्यत् ५) उस ने चातुर्मास्यों [चार महीने में पूरे होने वाले यज्ञों] से यज्ञ करके अन्तवाला ही सुख देखा । ५ । (सः पशुबन्धेन इष्ट्वा अन्तम् एव अपश्यत् ६) उस ने पशुबन्ध [पशुओं के प्रबन्ध वाले यज्ञ] से यज्ञ करके अन्त वाला ही सुख देखा । ६ । (सः अग्निष्टोमेन इष्ट्वा अन्तम् एव अपश्यत् ७) उस ने अग्निष्टोम यज्ञ से यज्ञ करके अन्त वाला ही सुख देखा । ७ । (सः राजसूयेन इष्ट्वा राजा इति नाम अधत्त सः अन्तम् एव अपश्यत् ८) उस ने राजसूय यज्ञ करके, राजा यह नाम रक्खा, उस ने अन्तवाला ही सुख देखा । ८ । (सः वाजपेयेन इष्ट्वा सम्राट् इति नाम अधत्त सः अन्तम् एव अपश्यत् ९) उस ने वाजपेय [बलरक्षक यज्ञ] से यज्ञ करके सम्राट् [राजराजेश्वर] यह नाम रक्खा, उस ने अन्तवाला ही सुख देखा । ९ । (सः अश्वमेधेन इष्ट्वा स्वराट् इति नाम अधत्त सः अन्तम् एव अपश्यत् १०) उस ने अश्वमेध [घोड़ों के गुणों की विद्या वाले] यज्ञ से यज्ञ करके, स्वराट् [स्वतन्त्र ऐश्वर्यवान् राजा], यह नाम रक्खा उस ने अन्तवाला ही सुख देखा । १० । (सः पुरुषमेधम् इष्ट्वा विराट् इति नाम अधत्त सः अन्तम् एव अपश्यत् ११) उस ने पुरुषमेध [पुरुषों पर निश्चल बुद्धि वाले] यज्ञ से यज्ञ करके विराट् [विविध ऐश्वर्यवान् राजा] यह नाम रक्खा, उस ने अन्त वाला ही सुख देखा । ११ । (सः सर्वमेधेन इष्ट्वा स्वराट् इति नाम अधत्त सः अन्तम् एव अपश्यत् १२) उस ने सर्वमेध [सब पर निश्चल बुद्धि वाले] यज्ञ से यज्ञ करके सर्वराट् [सब प्रकार ऐश्वर्यवान् राजा] यह नाम रक्खा, उस ने अन्त वाला ही सुख देखा । १२ । [सः अहीनैः दक्षिणावद्भिः इष्ट्वा अन्तम् एव अपश्यत् १३) उस ने अहीन [पूरी पूरी] दक्षिणा वाले यज्ञों से यज्ञ करके अन्त वाला ही सुख देखा । १३ । (सः अहीनैः अदक्षिणावद्भिः इष्ट्वा अन्तम् एव अपश्यत् १४) उस ने अहीन (पूरी पूरी) अदक्षिणा वाले [जिस दक्षिणा से कोई अधिक दक्षिणा न हो अर्थात् बड़ी से बड़ी दक्षिणा वाले] यज्ञों से यज्ञ करके अन्त वाला ही सुख देखा । १४ । (सः उभ-

---

(सर्वराट्) सर्वेषु राजते । सर्वैश्वर्यवान् राजा (अहीनैः) गो० उ० २ । ८ । हीनतारहितैः । संपूर्णैः (सत्रेण) गुधृवीपचिवचियमिसदिक्षदिभ्यस्त्रः । उ० ४ । १६७ । षद्लृ गतौ उपवेशने च—त्र । यद्वा सत्+त्रैङ् पालने—क । सीदन्ति उपविशन्ति यत्र यद्वा सन्तः सत् पुरुषान् त्रायते तत् । सत्रनामकयज्ञेन (होत्रकेभ्यः) सहायकहोतृभ्यः (सदस्येभ्यः) न्यूनातिरिक्तताविपर्य्ययपरिहारार्थं विधान-

यतो अतिरात्रेण सत्रेण अन्ततः यजेत् १५) उस ने दोनों ओर अतिरात्र वाले सत्र [सत्पुरुषों के रक्षक] यज्ञ से अन्त में यज्ञ किया—(वाचं ह वै होत्रे प्रायच्छत्, प्राणम् अध्वर्यवे, चक्षुः उद्गात्रे, मनः ब्रह्मणे, अङ्गानि होत्रकेभ्यः, आत्मानं सदस्येभ्यः १६) उस ने [अपनी] वाणी को ही होता को दिया, प्राण अध्वर्यु को, नेत्र उद्गाता को, मन ब्रह्मा को, सब अङ्ग होत्रकों [सहायक ऋत्विजों] को, आत्मा सदस्यों [न्यून और अधिक कर्म रोकने पर दृष्टि वालों] को । [अर्थात् होता आदि के सब कर्म उस ने अपने आत्मा से किये] । (एवम् आनन्त्यम् आत्मानम् दत्वा आनन्त्यम् अश्नूय इति १७) इस प्रकार अन्तरहित आत्मबल का दान करके अनन्त सुख उस ने पाया । (तत् याः दक्षिणाः अनयत् ताभिः आत्मानं निष्क्रीणीय १८) सो जिन दक्षिणाओं को वह लाया [उस ने दिया], उन से उस ने आत्मा को मोल लिया । १८ । (तस्मात् ज्योतिष्टोमेन अग्निष्टोमेन आत्मनिष्क्रयणेन सहस्रदक्षिणेन एतेन पृष्ठशमनीयेन त्वरेत १९) इस लिये वह ज्योतिष्टोम, अग्निष्टोम, आत्मनिष्क्रयण [अपने को मोल लेने वाले] और सहस्र दक्षिणा वाले यज्ञ के साथ इस पृष्ठशमनीय [स्तुतियों से शान्ति योग्य] यज्ञ से शीघ्रता करे । १९ । (यः हि अनिष्ट्वा पृष्ठशमनीयेन प्रैति सः आत्मानं निष्क्रीणीय प्रैति इति ब्राह्मणम् २०) जो पुरुष ही [भौतिक यज्ञों से] यज्ञ न करके पृष्ठशमनीय [स्तुतियों से शान्ति योग्य] यज्ञ के द्वारा आगे बढ़ता है, वह आत्मा को मोल लेकर आगे बढ़ता है—यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है । २० ॥ ८ ॥

भावार्थ—जब मनुष्य अनेक भौतिक यज्ञों को करके अथवा न करके निरभिमान होकर उपकार में आत्मसमर्पण करता है, तब वह अत्यन्त सुख पाता है ॥ ८ ॥

दर्शिभ्यः । सभासद्भ्यः (आनन्त्यम्) अन्तरहितम् (आत्मानम्) आत्मबलम् (दत्वा) समर्प्य (अश्नूय) आश्नुत । प्रातवान् (निष्क्रीणीय) निष्क्रीतवान् । तुल्यमूल्येन गृहीतवान् (आत्मनिष्क्रयणेन) आत्मदानेन ग्रहणेन (पृष्ठशमनीयेन) तिथपृष्ठगूथयूथप्रोथाः । उ० २ । १२ । पृषु सेचने—थक् । पृष्ठैः स्तोत्रैः शमनीयेन शान्तियोग्येन यज्ञेन (त्वरेत) क्षिप्रेच्छा संभ्रमे वेगे च । वेगं कुर्यात् (अनिष्ट्वा) अविहितं यज्ञम् अकृत्वा (प्रैति) प्रकर्षेण गच्छति (निष्क्रीणीय) निष्क्रीय । मूल्येन गृहीत्वा ॥

कण्डिका ६ ॥

यद्वै संवत्सराय संवत्सरसदो दीक्षन्ते कथमेषामग्निहोत्रमनन्तरितं भवति व्रतेनेति ब्रूयात् १, कथमेषां दर्शोऽनन्तरितो भवति दध्ना च पुरोडाशेन चेति ब्रूयात् २, कथमेषां पौर्णमासमनन्तरितं भवति आज्येन च पुरोडाशेन चेति ब्रूयात् ३, कथमेषामाग्रयणमनन्तरितं भवति सौम्येन चरुणेति ब्रूयात् ४, कथमेषां चातुर्मास्यान्यनन्तरितानि भवन्ति पयसेति ब्रूयात् ५, कथमेषां पशुबन्धोऽनन्तरितो भवति पशुना च पुरोडाशेन चेति ब्रूयात् ६, कथमेषां सौम्योऽध्वरोऽनन्तरितो भवति ग्रहैरिति ब्रूयात् ७, कथमेषां गृहमेधोऽनन्तरितो भवति धानाकरम्भैरिति ब्रूयात् ८, कथमेषां पितृयज्ञोऽनन्तरितो भवत्यौपासनैरिति ब्रूयात् ९, कथमेषां मिथुनमनन्तरितं भवति हिङ्कारेणेति ब्रूयात् १०, सैषा संवत्सरे यज्ञक्रतूनामुपैति ११, स य एवमेतां संवत्सरे यज्ञक्रतूनामुपैति वेद यज्ञेन स–आत्मा सलोको भूत्वा देवाँ॑ अप्येतीति ब्राह्मणम् १२ ॥ ६ ॥

कण्डिका ६ ॥ संवत्सर यज्ञ में आवश्यक कर्मों का विधान ॥

(यद् वै संवत्सरस्य सवत्सरसदः दीक्षन्ते कथम् एषाम् अग्निहोत्रम् अनन्तरितं भवति, व्रतेन इति ब्रूयात् १) जब संवत्सर यज्ञ के लिये संवत्सर में बैठने वाले लोग दीक्षा लेते हैं, कैसे इनका अग्निहोत्र निरन्तर [लगातार] होता है—व्रत से, यह कथना चाहिये । १ । (कथम् एषां दर्शः अनन्तरितः भवति, दध्ना च पुरोडाशेन च इति ब्रूयात् २) कैसे इन का अमावस्या का यज्ञ निरन्तर होता है—दही से और पुरोडाश से, यह कहना चाहिये । २ । (कथम् एषां पौर्णमासम् अनन्तरितं भवति, आज्येन च पुरोडाशेन च इति ब्रूयात् ३) कैसे इनका पूर्णमासी का यज्ञ निरन्तर होता है—घी से और पुरोडाश से, ऐसा कहना चाहिये । ३ । (कथम् एषाम् आग्रयणम् अनन्तरितं भवति, सौम्येन चरुणा इति ब्रूयात् ४) कैसे इनका आग्रयण [नये अन्न का यज्ञ] निरन्तर होता है—सौम्य [सोमलता वा ओषधियों वाले] चरु [हव्य अन्न] से,

---

६—(अनन्तरितम्) अव्यवहितम् । निरन्तरम् (सौम्येन) सोमलतायुक्तेन अमृतमयेन (चरुणा) हव्यान्नेन (पयसा) दुग्धेन (अध्वरः) हिंसारहितो यज्ञः (गृहमेधः) गृहे मेधा धारणवती बुद्धिर्यस्य सः । गृहाश्रमः (धानाकरम्भैः) धापूवस्यज्यतिभ्यो नः । उ० ३ । ६ । दधातेः—न । टाप् । धानाः भृष्टयवाः । करम्भः । केन जलेन रभ्यते मिश्रीक्रियते । अकर्तरि च कारके संज्ञा-

यह कहना चाहिये । ४ । (कथम् एषां चतुर्मास्यानि अनन्तरितानि भवन्ति, दध्ना इति ब्रूयात् ५) कैसे इनके चातुर्मास्य [चार महीने में पूरे होने वाले यज्ञ] निरन्तर होते हैं—दूध से, यह कहना चाहिये । ५ । (कथम् एषां पशुबन्धः अनन्तरितः भवति, पशुना च पुरोडाशेन च इति ब्रूयात् ६) कैसे इनका पशुबन्ध [पशुओं के प्रबन्ध वाला] यज्ञ निरन्तर होता है—पशु से और पुरोडाश से, यह कहना चाहिये । ६ । (कथम् एषां सौम्यः अध्वरः अनन्तरितः भवति, ग्रहैः इति ब्रूयात् ७) कैसे इनका सौम्य [सोमलता वा ओषधियों वाला] अध्वर [हिंसा रहित यज्ञ] निरन्तर होता है—ग्रहों [ग्रहण साधनों] से, यह कहना चाहिये । ७ । (कथम् एषां गृहमेधः अनन्तरितः भवति, धानाकरम्भैः इति ब्रूयात् ८) कैसे इनका गृहमेध [गृहाश्रम यज्ञ] निरन्तर होता है—धाना और करम्भों [भुने जवों और दही में सने सक्तुओं] से, यह कहना चाहिये । ८ । (कथम् एषां पितृयज्ञः अनन्तरितः भवति, औपासनैः इति ब्रूयात् ९) कैसे इनका पितृ यज्ञ [पितरों का सत्संग आदि] निरन्तर होता है— उपासना कर्मों से, यह कहना चाहिये । ९ । (कथम् एषां मिथुनम् अनन्तरितं भवति, हिङ्कारेण इति ब्रूयात् १०) कैसे इनका मिथुन [स्त्री पुरुषों का कर्तव्य कर्म] निरन्तर होता है—हिङ्कार [वैदिक व्यवहार] से, यह कहना चाहिये । १० । (सा एषा संवत्सरे यज्ञक्रतूनाम् उपैति ११) यही पुरुष संवत्सर में यज्ञ कर्मों को स्वीकार करता है । (यः एवं संवत्सरे एतान् यज्ञक्रतूनाम् उपैति स वेद यज्ञेन स—आत्मा सलोकः भूत्वा देवान् अप्येति इति ब्राह्मणम् १२) जो इस प्रकार संवत्सर में इन यज्ञ कर्मों को स्वीकार करता है, वह जानता है और यज्ञ के साथ एक आत्मा वाला और एक निवास वाला होकर दिव्य गुणों को पाता है—यह ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ ९ ॥

भावार्थ—विधिपूर्वक कर्म करने से मनुष्य कृतकार्य होता है ॥ ९ ॥

याम् । पा० ३ । ३ । १९ । क+रभ आरम्भे–घञ् । रभेरशब्लिटोः । पा० ७ । १ । ६३ । इति नुम् । दधिमिश्रितशक्तवः । भृष्टयवदधिमिश्रितशक्तुभिः (औपासनैः) उपासना—अण् । भक्तिकर्मभिः (मिथुनम्) स्त्रीपुरुषाभ्यां कर्तव्य- कर्म (सा एषा) सः एषः (यज्ञक्रतूनाम्) क्रतुः कर्मनाम—निघ० २ । १ । यज्ञकर्माणि (उपैति) स्वीकरोति ॥

कण्डिका १० ॥

देवा ह वै सहस्रसंवत्सराय दिदीक्षिरे, तेषां पञ्चशतानि संवत्सराणां पर्युपेतान्यासन्नथेदं सर्वं शुश्रुवुर्ये स्तोमा यानि पृष्ठानि यानि शस्त्राणि ते देवा इह सामिवासुरुप तं यज्ञक्रतुं जानीमा यः सहस्रसंवत्सरस्य प्रतिमा को हि तस्मै मनुष्यो यः सहस्रसंवत्सरेण यजेतेति तदयातयाममध्ये यज्ञस्यापश्यंस्तेनायातयाम्यायापेदे व्युष्टिरासीत्तां पञ्चस्वपश्यद्दचि यजुषि साम्नि शान्तेऽथ घोरे, ता वा एताः पञ्च व्याहृतयो भवन्ति ओं श्रावयास्तु श्रौषड् यज येयजामहे वौषडिति । १ । ते देवा इह सामिवासुरुप तं यज्ञक्रतुं जानीमो यः सहस्रसंवत्सरस्य प्रतिमा को हि तस्मै मनुष्यो यः सहस्रसंवत्सरेण यजेतेति तत एतन्तापश्चित्तं सहस्रसंवत्सरस्याञ्जस्यमपश्यंस्ते ह्येव स्तोमा भवन्ति तानि पृष्ठानि तानि शस्त्राणि स खलु द्वादशमासां दीक्षाभिरेति द्वादशमासानुपसद्भिर्द्वादशमासां सुत्याभिरथ यद् द्वादशमासां दीक्षाभिरेति द्वादशमासानुपसद्भिस्तेनैतावग्न्यर्काप्नोति अथ यद् द्वादशमासां सुत्याभिस्तेनेदं महदुक्थ्यमवाप्नोति । २ । ते देवा इह सामिवासुरुप तं यज्ञक्रतुं जानीमो यः सहस्रसंवत्सरस्य प्रतिमा को हि तस्मै मनुष्य यः सहस्रसंवत्सरेण यजेतेति तत एतं संवत्सरन्तापश्चित्तस्याञ्जस्यमपश्यं स्ते ह्येव स्तोमा भवन्ति तानि पृष्ठानि तानि शस्त्राणि । ३ । ते देवा इह सामिवासुरुप तं यज्ञक्रतुं जानीमो यः सहस्रसंवत्सरस्य प्रतिमा को हि तस्मै मनुष्यो यः सहस्रसंवत्सरेण यजेतेति तत एतं द्वादशाह संवत्सरस्याञ्जस्यमपश्यंस्ते ह्येव स्तोमा भवन्ति तानि पृष्ठानि तानि शस्त्राणि स खलु द्वादशाहं दीक्षाभिरेति द्वादशाहमुपसद्भिर्द्वादशाहं सुत्याभिरथ यद् द्वादशाहं दीक्षाभिरेति द्वादशाहमुपसद्भिस्तेनैतावग्न्यर्काप्नोत्यथ यद् द्वादशाहं सुत्याभिस्तेनेदं महदुक्थ्यमवाप्नोति । ४ । ते देवा इह सामिवासुरुप तं यज्ञक्रतुं जानीमो यः सहस्रसंवत्सरस्य प्रतिमा को हि तस्मै मनुष्यो यः सहस्रसंवत्सरेण यजेतेति तत एतं पृष्ठ्यः षड्हं द्वादशाहस्याञ्जस्यमपश्यंस्ते ह्येव स्तोमा भवन्ति तानि पृष्ठानि तानि शस्त्राणि । ६ । ते देवा इह सामिवासुरुप तं यज्ञक्रतुं जानीमो यः सहस्रसंवत्सरस्य प्रतिमा को हि तस्मै मनुष्यो यः सहस्रसंवत्सरेण यजेतेति तत एतं विश्वजिदं पृष्ठ्यं षड्हस्याञ्जस्यमपश्यंस्ते ह्येव स्तोमा भवन्ति तानि पृष्ठानि तानि शस्त्राणि । ७ । ते देवा इह सामिवासुरुप तं यज्ञक्रतुं जानीमो यः सहस्रसंवत्सरस्य प्रतिमा को हि तस्मै मनुष्या यः सहस्रसंवत्सरेण यजेतेति स वा एष विश्वजिद् यः सहस्रसंवत्सरस्य प्रतिमैष ह प्रजानां प्रजापतिर्यद्विश्वजिदिति ब्राह्मणम् ॥ १० ॥

कण्डिका १० ॥ सहस्र संवत्सर यज्ञ और उस के स्थानापन्न विश्वजित् यज्ञ के विषय में कथा ॥

(देवाः ह वै सहस्रसंवत्सराय दिदीक्षिरे) देवताओं [विद्वानों] ने सहस्रसंवत्सर [सहस्र वर्ष के यज्ञ] के लिये दीक्षा ली । (तेषां संवत्सराणां पंचशतानि पर्युपेतानि आसन्) उन के पांच सौ वर्ष व्यतीत हो गये थे । (अथ इदं सर्वं शुश्रुवुः ये स्तोमाः यानि पृष्ठानि यानि शस्त्राणि] उन्हों ने यह सब सुने जो स्तोम, जो पृष्ठ [वैदिक स्तोत्र] और जो शस्त्र [वैदिक स्तोत्र] हैं । (ते देवाः इह सामिवासुः, तं यज्ञक्रतुम् उपजानीमः । यः सहस्रसंवत्सरस्य प्रतिमा कः हि तस्मै मनुष्यः यः सहस्रसंवत्सरेण यजेत इति) वे विद्वान् लोग इस पर व्याकुलता में रहने वाले [हुये]—उस यज्ञ कर्म को हम जान लेवें जो सहस्रसंवत्सर का प्रतिमा [स्थानापन्न] है, कौन सा वह मनुष्य है जो सहस्रसंवत्सर से यज्ञ करे । (तत् अयातयाममध्ये यज्ञस्य अपश्यन्) सो उन्हों ने उचित समय के न खोने में यज्ञ को देखा । (तेन अयातयाम्याय आपेदे व्युष्टिः आसीत्, तां पंचसु अपश्यत् ऋचि यजुषि साम्नि शान्ते अथ घोरे ताः वै एताः पंच व्याहृतयः भवन्ति ओं श्रावय, अस्तु श्रौषट्, यज, ये यजामहे, वौषट् इति १) उस से उचित समय के न खाने को उस [यजमान] ने पाया, प्रकाश हुआ, उस [प्रकाश] को पांच में देखा—ऋचा [स्तुति ये मय विद्या] में, यजु [संगतिकरण विद्या] में, साम [मोक्षविद्या] में, शान्त [शान्तिमय विद्या] में और घोर [पाप नाश करने के लिये भयानक विद्या] में,—वे ही यह पांच व्याहृतियां हैं—ओं श्रावय [ओम्, तू सुना], अस्तु श्रौषट् [श्रवण होवे], यज [यज्ञ कर], ये यजामहे [जो हम लोग यज्ञ करते हैं], वौषट् [आहुति पहुंचे—देखो आगे कण्डिका २१]। १। (ते देवाः इह सामिवासुः, तं यज्ञक्रतुम् उपजानीमः यः सहस्र संवत्सरस्य प्रतिमा, कः हि तस्मै मनुष्यः यः सहस्रसंवत्सरेण यजेत इति) वे विद्वान् लोग इस पर व्याकुलता में रहने वाले [हुये]—उस यज्ञ कर्म को हम जान लेवें जो सहस्र संवत्सर का स्थानापन्न है, कौन सा वह मनुष्य है,

---

१०—(देवाः) विद्वांसः (दिदीक्षिरे) दीक्षां चक्रिरे । दीक्षां प्राप्तवन्तः (पर्युपेतानि) सर्वतो व्यतीतानि (इह) अस्मिन् विषये (सामिवासुः) वसिवपियजिराजि० । उ० ४ । १२५ । षम वैकल्पे अवैकल्ये च—इञ् । कृवापा० । उ० १ । १ । वस निवासे—उण्, बहुवचनस्यैकवचनम् । सामिवासवः ।

जो सहस्र संवत्सर से यज्ञ करे । (ततः सहस्रसंवत्सरस्य एतं तापश्चितम् आञ्जस्यम् अपश्यन् ते हि एव स्तोमाः भवन्ति तानि पृष्ठानि तानि शस्त्राणि) फिर उन्हों ने सहस्र संवत्सर के इस तप से जाने गये गति व्यवहार को देखा, वे ही स्तोम, वे ही पृष्ठ, वे ही शस्त्र हैं । (सः खलु द्वादशमासान् दीक्षाभिः एति, द्वादशमासान् उपसद्भिः, द्वादशमासान् सुत्याभिः) वह [यजमान] निश्चय करके बारह महीनों को दीक्षाओं से पाता है, बारह महीनों को उपसदों [उपासना यज्ञों] से, और बारह महीनों को सुत्याओं [सोम निचोड़ने की क्रियाओं] से । (अथ यत् द्वादशमासान् दीक्षाभिः एति द्वादशमासान् उपसद्भिः तेन एतौ अग्न्यर्कौ आप्नोति, अथ यत् द्वादशमासान् सुत्याभिः, तेन इदं महत् उक्थ्यम् अवाप्नोति २) फिर जब वह बारह महीनों को दीक्षाओं से पाता है और बारह महीनों को उपसदों से, उस से इन अग्नि और सूर्य [के बल] को पाता है, और जब बारह महीनों को सुत्याओं [सोम निचोड़ने की क्रियाओं] से [पाता है], उस से इस बड़े उक्थ्य [प्रशंसनीय व्यवहार] को पाता है । २ । (ते देवाः इह सामिवासुः तं यज्ञक्रतुम् उप जानीमः यः सहस्रसंवत्सरस्य प्रतिमा, कः हि तस्मै मनुष्यः यः सहस्रसंवत्सरेण यजेत इति) वे विद्वान् लोग इस पर व्याकुलता में रहने वाले [हुये]—उस यज्ञ कर्म को हम जान लेवें जो सहस्रसंवत्सर का स्थानापन्न है, कौन सा वह मनुष्य है जो सहस्रसंवत्सर से यज्ञ करे । (ततः एतं संवत्सरं तापश्चित्तस्य आञ्जस्यम् अपश्यन् ते हि एव स्तोमाः भवन्ति तानि पृष्ठानि तानि शस्त्राणि ३) फिर उन्हों ने इस संवत्सर के तप से जाने गये गति व्यवहार को देखा, वे ही स्तोम, वे ही पृष्ठ और वे ही शस्त्र हैं । ३ । (ते देवाः इह सामिवासुः तं यज्ञक्रतुम् उप जानीमः यः सहस्रसंवत्सरस्य प्रतिमा, कः हि तस्मै मनुष्यः यः सहस्रसंवत्सरेण यजेत इति) वे विद्वान् लोग इस पर व्याकुलता में रहने वाले [हुये]—उस यज्ञकर्म को हम जान लेवें जो सहस्रसंवत्सर का स्थानापन्न है, कौन सा वह मनुष्य है जो सहस्रसंवत्सर से यज्ञ करे । (ततः एतं द्वादशाहं

वैकल्पे निवासिनः, बभूवुः इति शेषः (यज्ञक्रतुम्) यज्ञकर्म (प्रतिमा) स्थानापन्नः (तस्मै) चतुर्थी प्रथमार्थाः । सः (अयातयाममध्ये) अनष्टयोग्यसमयमध्ये (यज्ञस्य) यज्ञम् (अयातयाम्न्याय) अयातयाम्यम् । उचितसमयनाशराहित्यम् (आपेदे) यजमानः प्राप्तवान् (व्युष्टिः) वि+वस निवासे यद्वा उष वधे दाहे च—क्तिन् । दीप्तिः । प्रकाशः (ऋचि) स्तुत्यविद्यायाम् (यजुषि)

तृतीयसवने आगुः, यज्ञवास्तुनि एव यज्ञवास्तुं पर्यशिषः इति) वह [नारायण] भी बोला—तू यज्ञ कर तू यज्ञ कर, ऐसा ही तू कहता है, [सो] खवैये [स्वार्थी लोग] यज्ञ न करें, यह वसु [श्रेष्ठ पुरुष] प्रातःसवन में, रुद्र [पापियों को रुलाने वाले अथवा ज्ञान देने वाले लोग] माध्यन्दिन सवन में, और आदित्य [अखण्डव्रती ब्रह्मचारी लोग] तृतीय सवन में आवें । यज्ञभूमि में ही [इन के लिये] यज्ञगृह नियत कर । (एवम् आशिषः अहं वै एतत् वेद, यज्ञे वसवः प्रातःसवनेन, रुद्राः माध्यन्दिने सवने आदित्याः तृतीये सवने आगुः, यज्ञवास्तुनि एव यज्ञवास्तुं पर्यशिषः इति) [प्रजापति बोला] इस प्रकार से आशीर्वादों को मैं भी यहां जानता हूं, यज्ञ में वसु लोग प्रातःसवन में, रुद्र लोग माध्यन्दिन सवन में, और आदित्य लोग तृतीय सवन में आवें, यज्ञभूमि में ही [इन के लिये] यज्ञगृह नियत कर [यह जो तू कहता है] । (एवम् आशिषः विद्वांसः नूनं त्वा याजयेयुः) इस प्रकार आशीर्वाद जानने वाले पुरुष निश्चय करके तुझ [नारायण] से यज्ञ करावें । (एते ह वै अविद्वांसः यत्र ऋतृग्वित् होता, अयजुर्वित् अध्वर्युः, असामवित् उद्गाता अभृग्वङ्गिरोवित् ब्रह्मा भवति) वे ही अजानकार लोग होते हैं जहां ऋग्वेद [स्तुति विद्या] न जानने वाला होता, यजुर्वेद [संगतिकरण विद्या] न जानने वाला अध्वर्यु, सामवेद [मोक्षविद्या] न जानने वाला उद्गाता, और भृगु—अङ्गिराओं [प्रकाशमान ज्ञान वाले चारों वेदों] को न जानने वाला ब्रह्मा होता है । (यजस्व एव हन्त तु ते तत् वक्ष्यामि यथा सूत्रे मणिः इव, वा सूत्रम् इव मणौ, सूत्रम् एतानि उक्थाहानि भवन्ति, तस्मात् यः एव सर्ववित् स्यात् तं ब्रह्माणं कुर्वीत) तू यज्ञ ही कर, अरे भाई, तुझ से यह कहता हूं, क्योंकि सूत में मणि के समान अथवा मणि में सूत के सामन [यह व्यवहार है], सूत यह सब उक्थाहानि

लकः । मनुष्यविशेषः (आत्थ) ब्रूञ् व्यक्तायां वाचि—लट् । त्वं कथयसि (अत्रिः) अदेस्त्रिनिश्च । उ० । ४ । ६८ । अद भक्षणे—त्रिप् । अत्रयः । भक्षणशीलाः (वसवः) श्रेष्ठा विद्वांसः (रुद्राः) रोदेर्णिलुक् च । उ० २ । २२ । रोदयतेः—रक्, णेर्लुक् । यद्वा रु गतौ वधे च—क्विप्, तुगागमः+रा दाने—क । पापिनां रोदयितारः । रुतः ज्ञानस्य दातारः (आदित्याः) अखण्डव्रतिब्रह्मचारिणः (यज्ञवास्तुनि) वसेरगारे णिच्च । उ० १ । ७० । वस निवासे—तुन् णित् । यज्ञभूमौ (पर्यशिषः) शिष्लृ विशेषणे—लुङ् लोडर्थे । परितः सर्वतः विशिष्टं नियतं कुरु (यज्ञवास्तुम्) यज्ञगृहम् (आशिषः) आशीर्वादान् ।

[प्रधान स्तोत्रों के दिन] हैं [और मणि के समान याजक लोग हैं], इस लिये जो ही सब जानने वाला होवे, उसको ब्रह्मा बनावे, (एषः ह वै विद्वान् सर्ववित् ब्रह्मा यत् भृग्वङ्गिरोवित्) यही विद्वान् सब जानने वाला ब्रह्मा होवे जो भृगु अङ्गिराओं [प्रकाशमान ज्ञान वाले चारों वेदों] को जानने वाला है। (एते ह वै अस्य सर्वस्य शमयितारः पालयितारः) यह ही [वेदवेत्ता लोग] इस सब यज्ञ के शान्ति देने वाले और पालन करने वाले हैं। (तस्मात् ब्रह्मा स्तुते बहिःपवमाने वाचयति) इस लिये ब्रह्मा स्तुति किये हुये बहिःपवमान [इस नाम वाले स्तोत्र] में यह वांचता है [आगे क० १२ देखो] ॥ ११ ॥

भावार्थ—होता, अध्वर्यु, उद्गाता और ब्रह्मा के विषय में गो० पू० २। १८ देखो ॥ ११ ॥

कण्डिका १२ ॥

श्येनोऽसि गायत्रच्छन्दा अनु त्वारभे स्वस्ति सम्पारयेति । १ । स यदाह श्येनोऽसीति सोमं वा एतदाहैष ह वा अग्निर्भूत्वाऽस्मिं लोके संश्याययति । तद्यत्संश्याययति तस्माच्छ्येनस्तच्छ्येनस्य श्येनत्वं । २ । स यदाह गायत्रच्छन्दा अनु त्वारभ इति गायत्रेण च्छन्दसा वसुभिर्दैवैः प्रातःसवनेऽस्मिं लोकेऽग्निं सन्तमन्वारभते । ३ । स यदाह स्वस्ति मा सम्पारयेति गायत्रेणैव च्छन्दसा वसुभिर्दैवैः प्रातःसवनेऽस्मिं लोकेऽग्निना देवेन स्वस्ति सम्पारयेति । ४ । गायत्रेणैवैनन्तच्छन्दसा वसुभिर्दैवैः प्रातःसवनेऽस्मिं लोकेऽग्निना देवेन स्वस्ति सम्पद्यते य एवं वेद । ५ ॥ १२ ॥

कण्डिका १२ ॥ प्रातःसवन की स्तुति का मन्त्र सोम विषय में ॥

(गायत्रच्छन्दाः श्येनः असि, त्वा अनु आरभे, स्वस्ति मा संपारय इति १) [इस मन्त्र को ब्रह्मा पढ़ता है—क० ११] तू गाने योग्य आनन्द कर्मों वाला

कल्याणवचनानि (वेद) जानामि (आगुः) आ—अगुः । आ+इण् गतौ—लुङ् लिङर्थे । आगच्छेयुः (विद्वांसः) जानन्तः (याजयेयुः) यज्ञं कारयेयुः (अभृग्वङ्गिरोवित्) भृगून् प्रकाशमानान् अङ्गिरसो वेदान् न वेत्ति जानाति सः (उक्थाहानि) वच परिभाषणे—थक् । प्रधानस्तोत्रदिनानि (शमयितारः) शान्तिकर्तारः (बहिःपवमाने) बहिष्पवमाने । एतन्नामके स्तोत्रे ॥

१२—(श्येनः) श्यास्त्याहृञ्भ्यः इनच् । उ० २ । ४६ । श्यैङ् गतौ—इनच् । श्येनः शंसनीयं गच्छति—निरु० ४ । २४ । श्येन आदित्यो भवति श्यायते—

महाज्ञानी परमात्मा है, तुझ को निरन्तर मैं ग्रहण करता हूं, कल्याण के साथ मुझ को तू यथावत् पार लगा । १ । (सः यत् आह श्येनः असि इति, सोमं वै एतत् आह) वह जो यह कहता है—तू श्येन [महाज्ञानी परमात्मा] है—इस से वह सोम [सर्वजनक अथवा सर्वेश्वर परमात्मा] को ही बताता है । (एषः ह वै अग्निः भूत्वा अस्मिन् लोके संश्याययति) यह ही [परमात्मा] अग्नि [तेजस्वी वा व्यापक] होकर इस लोक में चलता रहता है । (तत् यत् संश्याययति तस्मात् श्येनः, तत् श्येनस्य श्येनत्वम् २) सो जो वह चलता रहता है, इसी से वह श्येन [महाज्ञानी परमात्मा] है, यही महाज्ञानी का महाज्ञानी-पन है । २ । (सः यत् आह गायत्रच्छन्दाः अनु त्वा आरभे इति गायत्रेण छन्दसा वसुभिः देवैः प्रातःसवने अस्मिन् लोके अग्निं सन्तम् अनु आरभते ३) वह जो कहता है—तू गाने योग्य आनन्द कर्मों वाला है तुझ को निरन्तर मैं ग्रहण करता हूं—इस गाने योग्य आनन्द कर्म से वसुदेवों [श्रेष्ठ विद्वानों] के साथ प्रातःसवन के समय इस लोक में [पृथिवी पर] अग्नि [तेजस्वी वा व्यापक परमात्मा] होते हुये को वह निरन्तर ग्रहण करता है । ३ । (सः यत् आह स्वस्ति मा सम्पारय इति, गायत्रेण एव छन्दसा वसुभिः देवैः प्रातःसवने अस्मिन् लोके अग्निना देवेन स्वस्ति संपारय इति ४) वह जो [ब्रह्मा] कहता है—कल्याण के साथ मुझ को तू यथावत् पार लगा—इस से वह गाने योग्य आनन्द कर्म से वसुदेवों [श्रेष्ठ विद्वानों] के साथ प्रातःसवन के समय इस लोक में अग्नि देव [तेजस्वी परमात्मा] के साथ वह कल्याण से पार लगता है । ४ । (तत् एनं गायत्रेण एव छन्दसा वसुभिः देवैः प्रातःसवने अस्मिन् लोके अग्निना देवेन स्वस्ति सम्पद्यते यः एवं वेद ५) सो उस पुरुष को गाने योग्य

र्गतिकर्मणः । श्येन आत्मा भवति श्यायतेर्ज्ञानकर्मणः—निरु० १४ । १३ । महाज्ञानी परमात्मा (गायत्रच्छन्दाः) अमिनक्षियजि० । उ० ३ । १०५ । गै गाने—अत्रन् णित् । आतो युक् चिण्कृतोः । पा० ७ । ३ । ३३ । इति युक् । गायत्रं गायते स्तुतिकर्मणः—निरु० १ । ८ । चन्देरादेश्च छः । उ० ४ । २१८ । चदि आह्लादने—असुन्, चस्य छः । छन्दति अर्चतिकर्मा–निघ० ३ । १४ । गायत्राणि गानयोग्यानि छन्दांसि आह्लादकर्माणि यस्य सः (अनु) निरन्तरम् (आरभे) परिगृह्णामि । आश्रयामि (स्वस्ति) कल्याणेन (मा) माम् (सम्) सम्यक् (पारय) पार कर्मसमाप्तौ—लोट् । परतीरे गमय (सोमम्) अर्तिस्तुसुहु० । उ० १ । १४० । षुञ् अभिषवे, षु प्रसवैश्वर्ययोः—मन् । सोमः सूर्यः प्रसवनात्,

ही आनन्द कर्म से वसुदेवों [श्रेष्ठ विद्वानों] के साथ प्रातःसवन के समय इस लोक में अग्निदेव [व्यापक परमात्मा] के साथ कल्याण समृद्ध करता है, जो ऐसा जानता है । ५ । ॥ १२ ॥

भावार्थ—परमेश्वर ज्ञान को मुख्य समझ कर मनुष्य को अपना कर्तव्य करना चाहिये ॥ १२ ॥

टिप्पणी—श्येनोऽसि···, यह अथर्ववेद ६ । ४८ । १ । के तीन पाद हैं, [पारय] पद के स्थान पर वेद में [वह] पद है ॥

कण्डिका १३ ॥

अथ माध्यन्दिने पवमाने वाचयति सम्राडसि त्रिष्टुप्छन्दा अनु त्वारभे स्वस्ति मा सम्पारयेति । १ । स यदाह सम्राडसीति सोमं वा एतदाहैष ह वै वायुर्भूत्वाऽन्तरिक्षलोके सम्राजति, तद्यत् सम्राजति तस्मात्सम्राट् तत् सम्राजस्य सम्राट्त्वं । २ । स यदाह त्रिष्टुप्छन्दा अनु त्वारभ इति त्रैष्टुभेन छन्दसा रुद्रैर्देवैर्माध्यन्दिने सवनेऽन्तरिक्षे लोके वायुं सन्तमन्वारभते । ३ । स यदाह स्वस्ति मा सम्पारयेति त्रैष्टुभेनैव च्छन्दसा रुद्रैर्देवैर्माध्यन्दिने सवनेऽन्तरिक्षलोके वायुना देवेन स्वस्ति मा सम्पारयेति । ४ । त्रैष्टुभेनैवैनं तच्छन्दसा रुद्रैर्देवैर्माध्यन्दिने सवनेऽन्तरिक्षलोके वायुना देवेन स्वस्ति सम्पद्यते य एवं वेद । ५ ॥ १३ ॥

कण्डिका १३ ॥ माध्यन्दिन सवन की स्तुति का मन्त्र सोम विषय में ॥

(अथ माध्यन्दिने पवमाने वाचयति, त्रिष्टुप्छन्दाः सम्राट् असि त्वा अनु आरभे स्वस्ति मा संपारय इति १) फिर माध्यन्दिन पवमान में वह [ब्रह्मा] बांचता है—तू तीनों [आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक] ताप रोकने में समर्थ सम्राट् [राजराजेश्वर परमात्मा] है, तुझ को निरन्तर मैं ग्रहण करता हूं, कल्याण के साथ मुझ को तू यथावत् पार लगा । १ । (सः यत् आह

सोम आत्माप्येतस्मादेव—निरु० १४ । १२ । सर्वजनकं सर्वेश्वरं परमात्मानम् (अग्निः) तेजस्वी । सर्वव्यापकः (संश्याययति) श्यैङ् गतौ—णिच् स्वार्थे । सम्यक् गच्छति, जानाति व्याप्नोति (श्येनत्वम्) गतिमत्त्वम् (गायत्रेण) गानयोग्येन (छन्दसा) आह्लादकर्मणा (आरभते) परिगृह्णाति (सम्पद्यते) समृद्धं करोति वर्धयति ॥

१३—(सम्राट्) राजराजेश्वरः (त्रिष्टुप्छन्दाः) ष्टुभ स्तम्भने—क्विप् ।

सम्राट् असि इति सोमं वै एतत् आह) वह जो यह कहता है-तू सम्राट् [राजराजेश्वर परमात्मा] है--इस से वह सोम [सर्वजनक अथवा सर्वेश्वर परमात्मा] को ही बताता है । (एषः ह वै वायुः भूत्वा अन्तरिक्षलोके सम्राजति) यह ही [परमात्मा] वायु [अन्तर्यामी वा महाबली] होकर अन्तरिक्ष लोक [मध्य लोक] में यथावत् राज करता है । (तत् यत् सम्राजति तस्मात् सम्राट् तत् सम्राजस्य सम्राट्त्वं २) सो जो वह यथावत् राज करता है, इस से वह सम्राट् [राजराजेश्वर] है, यही उस सम्राट् का साम्राज्य है । २ । (सः यत् आह त्रिष्टुप्छन्दाः त्वा अनु आरभे इति, त्रैष्टुभेन छन्दसा रुद्रैः देवैः माध्यदिने सवने अन्तरिक्षे लोके वायुं सन्तं अनु आरभते ३) वह जो कहता है--तू तीनों ताप रोकने में समर्थ [परमात्मा] है, तुझ को निरन्तर मैं ग्रहण करता हूं---तीनों ताप रोकने वाले सामर्थ्य से रुद्र देवों [पापियों को रुलाने वाले वा ज्ञान देने वाले विद्वानों] के साथ माध्यन्दिन सवन पर अन्तरिक्ष लोक में वायु [अन्तर्यामी वा महाबली परमात्मा] होते हुये को निरन्तर ग्रहण करता है । ३ । (सः यत् आह स्वस्ति मा संपारय इति त्रैष्टुभेन एव छन्दसा रुद्रैः देवैः माध्यन्दिने सवने अन्तरिक्षलोके वायुना देवेन स्वस्ति मा संपारय इति ४) वह जो कहता है—कल्याण के साथ मुझ को तू यथावत् पार लगा—तीनों ताप रोकने वाले ही सामर्थ्य से रुद्र देवों [पापियों के रुलाने वाले वा ज्ञान देने वाले विद्वानों] के साथ माध्यन्दिन सवन पर अन्तरिक्ष लोक में वायु देव [अन्तर्यामी वा महाबली परमात्मा] के साथ कल्याण से अपने को यथावत् पार करता है । ४ । (तत् एनं त्रैष्टुभेन एव छन्दसा रुद्रैः देवैः माध्यन्दिने सवने अन्तरिक्षलोके वायुना देवेन स्वस्ति संपद्यते यः एवं वेद ५) सो उस पुरुष को तीनों ताप रोकन वाले ही सामर्थ्य से रुद्र देवों [पापियों के रुलाने वाले वा ज्ञान देने वाले विद्वानों] के साथ माध्यन्दिन सवन पर अन्तरिक्ष लोक में वायु देव [अन्तर्यामी वा महाबली परमात्मा] के साथ कल्याण को वह प्राप्त करता है, जो ऐसा जानता है । ५ ॥ १३ ॥

तापत्रयस्य आध्यात्मिकाधिभौतिकाधिदैविकरूपस्य स्तोभने वर्जने छन्दः स्वातन्त्र्यं यस्य सः (वायुः) गतिमान् । बलिष्ठः । वायुरिव अन्तर्यामी (साम्राजस्य) सम्राजः । राजराजेश्वरस्य (सम्राट्त्वम्) साम्राज्यम् (त्रैष्टुभेन) त्रिष्टुभ्—अण् । तापत्रयनिरोधसंबन्धिनः (छन्दसा) स्वातन्त्र्येण । सामर्थ्येन (मा सम्पारय) आत्मानं सम्पारयति ॥

भावार्थ--कण्डिका १२ के समान है ॥

टिप्पणी—सम्राडसि·····, यह अथर्ववेद ६ । ४८ । ३ । के तीन पाद कुछ भेद से हैं ॥

कण्डिका १४ ॥

अथार्भवे पवमाने वाचयति स्वरोऽसि गयोऽसि जगच्छन्दा अनु त्वारभे स्वस्ति मा सम्पारयेति । १ । स यदाह स्वरोऽसीति सोमं वा एतदाहैष ह वै सूर्य्यो भूत्वाऽमुष्मिं लोके स्वरति तद्यत् स्वरति तस्मात् स्वरस्तत् स्वरस्य स्वरत्वम् । २ । स यदाह गयोऽसीति सोमं वा एतदाहैष ह वै चन्द्रमा भूत्वा सर्वाँ लोकान् गच्छति तद् यद् गच्छति तस्माद् गयस्तद् गयस्य गयत्वं । ३ । स यदाह जगच्छन्दा अनु त्वारभ इति जागतेन छन्दसाऽऽदित्यैर्देवैस्तृतीयसवनेऽमुष्मिन् लोके सूर्य्यं सन्तमन्वारभते । ४ । स यदाह स्वस्ति मा सम्पारयेति जागतेनैव च्छन्दसाऽऽदित्यैर्देवैस्तृतीयसवनेऽमुष्मिं लोके सूर्य्येण देवेन स्वस्ति सम्पारयेति । ५ । जागतेनैवैतन्तच्छन्दसाऽऽदित्यैर्देवैस्तृतीयसवनेऽमुष्मिं लोके सूर्य्येण देवेन स्वस्ति सम्पद्यते य एवं वेद ॥ १४ ॥

कण्डिका १४ ॥ तृतीय सवन की स्तुति का मन्त्र सोमविषय में ॥

(अथ आर्भवे पवमाने वाचयति, जगच्छन्दाः स्वरः असि गयः असि त्वा अनु आरभे स्वस्ति मा सपारय इति १) फिर ऋभुओं [मेधावियों] के पवमान यज्ञ में वह [ब्रह्मा] वांचता है—तू जगत में पूज्य परमात्मा है, सर्वगति है, तुझ को निरन्तर मैं ग्रहण करता हूं, कल्याण के साथ मुझ को तू यथावत् पार लगा । १ । (सः यत् आह स्वरः असि इति सोमं वै एतत् आह) वह जो कहता है—तू पूजनीय है—इस से वह सोम [सर्वजनक अथवा सर्वेश्वर परमात्मा] को ही बताता है । (एषः ह वै सूर्यः भूत्वा अमुष्मिन् लोके स्वरति) यह ही [परमात्मा सूर्य [सर्वप्रेरक वा सूर्य समान] होकर उस लोक में पूजा जाता है । (तत् यत् स्वरति तस्मात् स्वरः, तत् स्वरस्य स्वरत्वम् २) सो जो वह पूजा जाता है, इस से पूजनीय है, वह उस पूजनीय का पूज्यपन है । २ । (सः यत् आह, गयः असि इति सोमं वै एतत् आह) वह जो कहता है—तू

१४—(आर्भवे) ऋभु—अण् । ऋभुः=मेधावी—निघ० ३ । १५ । मेधाविनां सम्बन्धिनि (स्वरः) पुंसि संज्ञायां घः । पा० ३ । ३ । ११८ । स्वृ शब्दोपतापयोः—घ । स्वरति अर्चतिकर्मा—निघ० ३ । १४ । पूज्यः । स्तुत्यः (गयः)

सर्वव्यापक परमात्मा है—इस से वह सोम [सर्वजनक अथवा सर्वेश्वर परमात्मा] को ही बताता है । (एषः ह वै चन्त्रमाः भूत्वा सर्वान् लोकान् गच्छति) यह ही [परमात्मा] चन्द्रमा [आनन्द देने वाला परमात्मा वा चन्द्र समान] होकर सब लोकों में व्यापता है । (तत् यत् गच्छति तस्मात् गयः, तद् गयस्य गयत्वम् ३) सो जो वह व्यापता है इस से वह व्यापक है, यही उस व्यापक की व्यापकता है । ३ । (सः यत् आह जगच्छन्दाः त्वा अनु आरभे इति जागतेन छन्दसा आदित्यैः देवैः तृतीयसवने अमुष्मिन् लोके सूर्य सन्तं अनु आरभते ४) वह जो कहता है—तू जगत् में स्वतन्त्रता वाला [परमात्मा] है, तुझ को निरन्तर मैं ग्रहण करता हूं—इस जगत् प्रकाशक स्वतन्त्रता से आदित्य देवों [अखण्डव्रती ब्रह्मचारियों] के साथ तृतीयसवन पर उस लोक में सूर्य [सर्वप्रेरक परमात्मा] होते हुये को वह निरन्तर ग्रहण करता है । ४ । (सः यत् आह, स्वस्ति मा संपारय इति—जागतेन एव छन्दसा आदित्यैः देवैः तृतीयसवने अमुष्मिन् लोके सूर्येण देवेन स्वस्ति सम्पारय इति ५) वह जो कहता है—कल्याण के साथ मुझ को तू यथावत् पार लगा—इस जगत् प्रकाशक स्वतन्त्रता से आदित्य देवों [अखण्डव्रती ब्रह्मचारियों] के साथ तृतीयसवन पर उस लोक में सूर्य देव [सर्वप्रेरक परमात्मा] के साथ कल्याण से यथावत् पार लगता है । ५ । (तत् एनं जागतेन एव छन्दसा आदित्यैः देवैः तृतीयसवने अमुष्मिन् लोके सूर्येण देवेन स्वस्ति सम्पद्यते यः एवं वेद ६) सो उस पुरुष को जगत् प्रकाशक स्वतन्त्रता से आदित्य देवों [अखण्डव्रती ब्रह्मचारियों] के साथ तृतीयसवन पर उस लोक में सूर्य देव [सर्वप्रेरक परमात्मा] के साथ कल्याण को वह प्राप्त करता है जो ऐसा जानता है । ६ । ॥ १४ ॥

भावार्थ—पूर्ववत् ॥

टिप्पणी—स्वरोऽसि..... यह अथर्ववेद ६ । ४८ । ३ के तीन पाद कुछ भेद से हैं ॥

अध्यादयश्च । उ० ४ । ११२ । गमेः-यक्, मलोपः । यद्वा गा गतौ-यक्, ह्रस्वत्वम् । सर्वगतिः । सर्वव्यापकः (जगच्छन्दाः) जगति संसारे छन्दः स्वातन्त्र्यं यस्य सः (सूर्यः) षू प्रेरणे—क्यप्, रुडागमः । सर्वप्रेरकः परमात्मा । रविः (चन्द्रमाः) चन्द्रे मो डित् । उ० ४ । २२८ । चन्द्र+माङ् माने—असि डित् । चन्द्रमानन्दं मिमीतेऽसौ । आनन्दप्रदः परमात्मा । चन्द्रलोकः (जागतेन) जगत्प्रकाशकेन (छन्दसा) स्वातन्त्र्येण (सम्पद्यते) सम्यक् प्राप्नोति ॥

कण्डिका १५ ॥

अथ संस्थिते संस्थिते सवने वाचयते मयि भर्गो मयि महो मयि यशो मयि सर्वमिति पृथिव्येव भर्गोऽन्तरिक्ष एव महो द्यौरेव यशोऽप एव सर्वम् । १ । अग्निरेव भर्गो वायुरेव मह आदित्य एव यशश्चन्द्रमा एव सर्वं । २ । वसव एव भर्गो रुद्रा एव मह आदित्या एव यशो विश्वे देवा एव सर्वं । ३ । गायत्र्येव भर्गस्त्रिष्टुबेव महो जगत्यव यशोऽनुष्टुबेव सर्वं । ४ । प्राच्येव भर्गः प्रतीच्येव मह उदीच्येव यशो दक्षिणैव सर्वं । ५ । वसन्त एव भर्गो ग्रीष्म एव महो वर्षा एव यशः शरच्च सर्वं । ६ । तृचैरेव भर्गः पञ्चदश एव महः सप्तदश एव यश एकविश एव सर्वम् । ७ । ऋग्वेद एव भर्गो यजुर्वेद एव महः सामवेद एव यशो ब्रह्मवेद एव सर्वं । ८ । होत्रैव भर्गोऽध्वर्युरेव मह उद्गात्रैव यशो ब्रह्मैव सर्वं । ९ । प्राणेव भर्गः प्राण एव महश्चक्षुरेव यशो मन एव सर्वम् । १० ॥ १५ ॥

कण्डिका १५ ॥ संस्थित सवन में भर्ग आदि चार पदार्थों का दस प्रकार से वर्णन ॥

(अथ संस्थिते संस्थिते सवने वाचयति, मयि भर्गः मयि महः मयि यशः मयि सर्वम् इति) अब संस्थित संस्थित [प्रत्येक समाप्त] सवन में वह [ब्रह्मा] वांचता है—मुझ में भर्ग [तेज], मुझ में महत्त्व, मुझ में यश, और मुझ में सब [ज्ञान] होवे । (पृथिवी एव भर्गः, अन्तरिक्षः एव महः, द्यौः एव यशः, अपः एव सर्वम्) पृथिवी [भूलोक विद्या] ही तेज, अन्तरिक्ष [विद्या] ही महत्त्व, प्रकाश लोक [विद्या] ही यश और जल [विद्या] ही सब है । १ । (अग्निः एव भर्गः वायुः एव महः, आदित्यः एव यशः, चन्द्रमाः एव सर्वम् २) अग्नि [विद्या] ही तेज, वायु [विद्या] ही महत्त्व, सूर्य [विद्या] ही यश और चन्द्रमा [आनन्दप्रद विद्या] ही सब है । २ । (वसवः एव भर्गः, रुद्राः एव महः, आदित्याः एव यशः, विश्वे देवाः एव सर्वम्) वसु [श्रेष्ठ विद्वान् लोग] ही तेज, रुद्र [पापियों को रुलाने वाले विद्वान्] ही महत्त्व, आदित्य [अखण्ड व्रती ब्रह्मचारी लोग] ही यश और विश्वे देवा [सब विद्वान् लोग] ही सब हैं । ३ । (गायत्री एव भर्गः, त्रिष्टुप् एव महः, जगती एव यशः, अनुष्टुप् एव सर्वम् ४) गायत्री [गाने योग्य वेद विद्या] ही तेज, त्रिष्टुप् [तीन कर्म उपा-

---

१५—(संस्थिते संस्थित) प्रत्येकं समाप्ते (भर्गः) अञ्जिव्यञ्जियुजिभृजिभ्यः कुश्च । उ० ४ । २१६ । भृञ् भर्जने—असुन् कुत्वं च । तेजः । प्रजा-

सना ज्ञान को स्थिर करने हारी विद्या] ही महत्त्व, जगती [जगत् का उपकार करने वाली विद्या] ही यश और अनुष्टुप् [निरन्तर पदार्थों की स्तुति विद्या] ही सब है । ४ । (प्राची एव भगः, प्रतीची एव महः, उदीची एव यशः, दक्षिणा एव सर्वम् ५) पूर्व दिशा [की विद्या] ही तेज, पश्चिम दिशा ही महत्त्व, उत्तर दिशा ही यश, और दक्षिण दिशा ही सब है [५] । (वसन्तः एव भगः, ग्रीष्मः एव महः, वर्षाः एव यशः, शरत् एव सर्वम् ६) वसन्त ऋतु ही तेज, ग्रीष्म ही महत्त्व, वर्षा ही यश, और शरद ऋतु [की विद्या] ही सब है । ६ । (तृवृत् एव भगः, पञ्चदशः एव महः, सप्तदशः एव यशः, एकविंशः एव सर्वम् ७) तृवृत् स्तोत्र ही तेज, पंचदश यज्ञ ही महत्त्व, सप्तदश यज्ञ ही यश, और एकविंश यज्ञ ही सब है । ७ । (ऋग्वेदः एव भगः यजुर्वेदः एव महः, सामवेदः एव यशः, ब्रह्मवेदः एव सर्वम् ८) ऋग्वेद [पदार्थों की स्तुति विद्या] ही तेज, यजुर्वेद [संगतिकरण विद्या] ही महत्त्व, सामवेद [मोक्षविद्या] ही यश, और ब्रह्मवेद [अथर्व वेद वा ब्रह्मविद्या] ही सब है । ८ । (होता एव भगः, अध्वर्युः एव महः, उद्गाता एव यशः, ब्रह्मा एव सर्वम् ९) होता ही तेज, अध्वर्यु ही महत्त्व, उद्गाता ही यश, और ब्रह्मा ही सब है । ९ । (वाक् एव भगः, प्राणः एव महः, चक्षुः एव यशः, मनः एव सर्वम् १०) वाणी ही तेज, प्राण ही महत्त्व, आंख ही यश, और मन ही सब है [१०] ॥ १५ ॥

भावार्थ—मनुष्य तेज आदि चार पदार्थों की प्राप्ति से दस प्रकार सब वस्तुवों के तत्त्ववेत्ता होकर देश काल के विचार से सर्वोपकारी बन कर सुखी होवें ॥ १५ ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका को कण्डिका १६, १७, १८, १९ और २० से मिलाओ ॥

पतिः (महः) महत्त्वम् (यशः) कीर्तिः (पृथिवी) भूगोलविद्या (आदित्यः) आदीप्यमानः सूर्यः (चन्द्रमाः) आह्लादको लोकः । चन्द्रवत् सुखप्रदः (वसवः) श्रेष्ठविद्वांसः (आदित्याः) अखण्डब्रतिब्रह्मचारिणः (गायत्री) गानयोग्यवेदविद्या (त्रिष्टुप्) त्रि+ष्टुभु स्तम्भे—क्विप् । त्रीणि कर्मोपासनाज्ञानानि स्तोभते स्थिरीकरोति या सा विद्या (जगती) जगदुपकारिका विद्या (अनुष्टुप्) स्तोभति, अर्चतिकर्मा—निघ० ३ । १४ । निरन्तरस्तुतिविद्या ॥

कण्डिका १६ ॥

स यदाह मयि भर्ग इति पृथिवीमेवैतल्लोकानामाहाग्निं देवानां वसून् देवां देवगणानां गायत्रं छन्दसां प्राचीन्दिशां वसन्तमृतूनां तृवृतं स्तोमानामृग्वेदं वेदानां हौत्रं होत्रकाणां वाचमिन्द्रियाणाम् ॥ १६ ॥

कण्डिका १६ ॥ भर्ग [तेज] का वर्णन ॥

(प्रजापतिः वै रुद्रं यज्ञात् निरभजत्) प्रजापति [प्रजापालक जीवात्मा] ने रुद्र [गति वा ज्ञान देने वाले परमेश्वर] को यज्ञ [संगति दिये हुये शरीर] से भाग रहित कर दिया । (सः अकामयत मे अयम् आकूतिः समृद्धिः अस्मै, यः मा यज्ञात् निरमाक्षीत् इति) उस [रुद्र] ने इच्छा की—मेरा यह संकल्प और समृद्धि इस [प्रजापति] के लिये हैं, जिस ने मुझे यज्ञ से क्रोध करके निकाल दिया है । (तत् सः यज्ञम् अभ्यायम्य आविध्य आविद्धं निरकृन्तत्, तत् प्राशित्रम् अभवत्) तब उस [रुद्र] ने यज्ञ को पकड़ कर छेद कर दिया और छिदे हुये को काट डाला, वह [यज्ञ वा शरीर] प्राशित्र [खाने योग्य अन्न] हो गया । (तत् उदयकृत् भगाय तत् पर्य्यहरन्) तब उदयकृत [उदय वा यज्ञ

२—(प्रजापतिः) प्रजापालकः । जीवात्मा (रुद्रम्) रु गतौ शब्दे च—क्विप् तुक् आगमः । मत्वर्थीयो रः, अथवा रा दाने—क । रुद्रोरौतीति सतो रोरुयमाणो द्रवतीति वा रोदयतेर्वा । स च मध्यस्थानदेवता—निरु० १० । ५ । वायुं ।

करने वाले प्रजापति] ने भग [सेवनीय धन वा ऐश्वर्य] को वह [प्राशित्र] लाकर दिया । (तत् प्रतीक्षेत) उस [भग] ने उसे देखा । (तस्य चक्षुः परापतत् तस्मात् आहुः अन्धः वै भगः इति, अपिहतं छेद्यं नेत् इच्छति) उस की आंख गिर पड़ी इस से कहते हैं—भग अन्धा है—उस ने नष्ट किये हुये और छिदे हुये को न ग्रहण किया । (तत् सवित्रे पर्यहरन्) वह सविता [लोक प्रेरक सूर्य] को उस ने लाकर दिया । (तत् प्रत्यगृह्णात्) वह उस [सविता] ने ले लिया । (तस्य पाणी प्रतिच्छेद) उसके दोनों हाथ कट पड़े । (तस्मै हिरण्मयौ प्रत्यदधुः) उस के दोनों [हाथ] सोने के बने हुये उन्हों ने लगा दिये । (तस्मात् हिरण्यपाणिः इति स्तुतः) इस लिये—वह सोने के हाथ वाला है—ऐसा स्तुति किया जाता है । (तत् पूष्णे पर्यहरन्) उसे पूषा [वृद्धि वा पुष्टि करने वाली पृथिवी] को उस ने लाकर दिया । (तत् प्राश्नात्) वह उस ने खाया । (तस्य दन्ताः परापप्तन्त) उस के दांत गिर पड़े । (तस्मात् आहुः अदन्तकः पूषा पिष्टभाजनः इति) इस लिये लोग कहते हैं—बिना दांत वाला पूषा पिष्ट [पिसे हुये पिठी आदि अन्न] के योग्य है । (तत् आङ्गिरसाय इध्माय पर्य्यहरन्) उसे आङ्गिरस [विद्वानों के हितकारक] इध्म [अग्नि प्रदीप्त करने वाले इन्धन] को उस ने लाकर दिया । (तत् प्राश्नात्) उसे उस ने खा लिया । (तस्य शिरो व्यपतत्) उस का शिर गिर पडा । (तं यज्ञे एव अकल्पयत्) उस [प्राशित्र] को यज्ञ में ही उस ने समर्थ किया [पहुंचाया] । (सः एषः इध्मः पुरातनः ह समिधः) वही यह इध्म पहिले का समिध [काष्ट] है । (तत् आङ्गिरसाय बर्हिषे पर्य्यहरन्) उसे आङ्गिरस [विद्वानों के हितकारक] बर्हि [आकाश वा जल] को उस ने लाकर दिया । (तत् प्राश्नात्) वह उस ने खा लिया ।

प्राणगतिदातारं परमात्मानम् (यज्ञात्) संगतिकृतात् शरीरात् (निरभजत्) भागशून्यम् अकरोत् (अयम्) इयम् (आकूतिः) सङ्कल्पः (निरमाक्षीत्) मक्ष रोषे—लुङ् दीर्घः । रोषेण बहिष्कृतवान् (अभ्यायम्य) परिगृह्य (आविध्य) आ+व्यध ताडने छेदे च—ल्यप् । आछिद्य (आविद्धम्) आच्छिन्नम् (निरकृन्तत्) कृती छेदने—लङ् । सर्वथा छिन्नवान् (प्राशित्रम्) अशित्रादिभ्य इत्रोत्रौ । उ० ४ । १७३ । अशू व्याप्तौ—अश भोजने वा—इत्र । भक्षणीयम् । अन्नं । चरुम् (उदयकृत्) उत्पत्तिकर्ता । प्रजापतिः (भगाय) पुंसि संज्ञायां घः प्रायेण । पा० ३ । ३ । ११८ । यद्वा । खनो घ च । पा० ३ । ३ । १२५ । भज सेवायाम्—घ । भगः, धननाम—निघ० २ । १० । पदनाम ५ । ६ । सेवनीयाय । यशसे ।

(तस्य अङ्गा पर्वाणि व्यश्रसन्त) उस के अङ्ग और जोड़ खिसक पड़े । (तं यज्ञे एव अकल्पयत्) उस [प्राशित्र] को यज्ञ में ही समर्थ किया [पहुंचाया] । (तत् एतत् बर्हिः पुरातनः ह प्रस्तरः) वह ही यह बर्हि पुरातन प्रस्तर [फैला हुआ पदार्थ वा पत्थर] है । (तत् आङ्गिरसाय बृहस्पतये पर्य्यहरत्) उसे आङ्गिरस [चारों वेद जानने वाले] बृहस्पति [बड़ी विद्याओं के स्वामी] को उस ने लाकर दिया । (सः बृहस्पतिः अबिभेत्, इत्थं वा मा आर्तिम् आकृष्यसि इति) वह बृहस्पति डरा—इस प्रकार से ही वह मुझे पीड़ा करेगा । (सः एतं मन्त्रम् अपश्यत् अब्रवीत्, सूर्यस्य चक्षुषात्वा प्रतीक्षे इति) उस ने इस मन्त्र को देखा [विचारा] और कहा—(सूर्यस्य.....प्रतीक्षे) सूर्य [सर्वप्रेरक परमात्मा] के [दिये] चक्षु [दर्शन सामर्थ्य] से तुझ को देखता हूं [यह ब्राह्मण वचन है] । (सूर्यस्य चक्षुः किञ्चन नहि हिनस्ति) सूर्य [परमात्मा] के दर्शन सामर्थ्य को कोई भी नहीं नष्ट करता है । (सः अबिभेत्, प्रतिगृह्णन्तं मा हिंसिष्यति इति) वह डरा—ग्रहण करते हुये मुझ को यह नष्ट कर देगा । (त्वा देवस्य सवितुः प्रसवे अश्विनोः बाहुभ्यां पूष्णः हस्ताभ्यां प्रशिषा प्रसृतः प्रतिगृह्णामि इति अब्रवीत्) तुझ को प्रकाशमान सविता [सर्वोत्पादक परमेश्वर] के बड़े ऐश्वर्य के बीच, दोनों अश्वियों [सब विद्याओं में व्याप्त माता पिता] के दोनों भुजाओं से और पूषा [पोषक आचार्य] के दोनों हाथों और शिक्षा से प्रेरणा किया हुआ मैं ग्रहण करता हूं—यह [मन्त्र कुछ भेद से अथर्व० १९ । ५१ । २ । और यजु० २ । ११ का] वह बोला । (सवितृप्रसूतः एव एनं तत् देवताभिः पत्यगृह्णात्) सविता [परमात्मा] से प्रेरणा किये हुये उस ने ही इस [प्राशित्र] को देवताओं के सहित ग्रहण किया । (तत् प्राक् तृणानि

ऐश्वर्याय (पर्य्यहरन्) पर्य्यहरत् । पर्य्यालीतवान् (प्रतीक्षेत) प्रत्यक्षेण ईक्षितवान् । दृष्टवान् (नेत्) निषेधे (छेद्यम्) छिन्नम् (सवित्रे) लोकप्रेरकाय सूर्य्याय (प्रतिच्छेद) प्रतिचिच्छेद (पूष्णे) श्वजुक्षन्पूषन्० । उ० । १ । १५९ । पूष वृद्धौ अथवा पुष पुष्टौ—कनिन् । पूषा पृथिवीनाम—निघ० १ । १ । पदनाम—निघ० ५ । ६ पृथिव्यै (परोप्यन्त) परा+वप छेदने बीजसन्ताने च-कर्मणि लङ् । छिन्ना अभवन् (दन्ताः) हसिभृमृणिवामिदमि० । उ० ३ । ८६ । दसु उपशमे दमने च-तन् । दशनाः (पिष्टभाजनः) पिष्ट+भाज पृथक्करणे—ल्युट् । पिष्टस्य चूर्णितस्य पिष्टकस्य योग्यः (इध्माय) इषि युधीन्धिदसि० । उ० १ । १४५ । इन्धी दीप्तौ—मक् । इध्मः पदनाम—निघ० ५ । २ । इध्मः समिन्धनात्—निरु० ८ ।

व्यूह्य स्थण्डिले दण्डं निदधाति, त्वा पृथिव्याः नाभौ सीदयामि इति) तब पहिले तृणों को ठीक कर के चौरस स्थान पर दण्डे को वह गाड़ता है—तुझ को पृथिवी की नाभि में मैं स्थापित करता हूं [यजुर्वेद १ । ११ का भाग है] । (पृथिवी वा अन्तानां शमयित्री, तया एव एतत् शमयांचकार) और पृथिवी [सब का विस्तार करने वाला परमात्मा] ही रोगों का नाश करने वाला है, उस के ही द्वारा इस को उस ने शान्त किया । (सः अबिभेत् प्राश्नन्तं मा हिंसिष्यति इति) वह डरा—मुझ खाते हुये को यह मार डालेगा । (त्वा अग्नेः आस्येन प्राश्नामि इति अब्रवीत्) तुझ को अग्नि [सर्व प्रकाशक परमेश्वर] के [दिये हुये] मुख से मैं खाता हूं-[यह मन्त्र यजु० २ । ११ का अन्तिम पाद] वह बोला । (अग्नेः आस्यं किंचन नहि हिनस्ति) अग्नि [परमात्मा] के [दिये हुये] मुख को कोई नहीं नष्ट करता है । (सः अबिभेत् प्राणिषं मा हिंसिष्यति इति) वह डरा—खाया हुआ [प्राणिष] मुझे मार डालेगा । (त्वा इन्द्रस्य जठरे सादयामि इति अब्रवीत्) तुझ को इन्द्र के [परम ऐश्वर्यवान् परमेश्वर के दिये हुये] जठर [कोख] में रखता हूं—यह [आचार्य वचन] वह बोला । (इन्द्रस्य जठरं किंचन नहि हिनस्ति) इन्द्र [परमात्मा] के [दिये] जठर

---

४ । अग्निसन्दीपनाय काष्ठाय (आङ्गिरसाय) अङ्गिरसो वेदाङ्गे हिताय (बर्हिषे) सर्वधातुभ्य इसुन् । उ० ४ । १६८ । बृहि वृद्धौ—इसुन् नलोपः । बर्हिः, अन्तरिक्षम्—निघ०—१ । ३ । उदकम्—निघ० १ । १२ । बर्हिः परिबर्हणात्—निरु० ८ । ८ । आकाशाय अवकाशाय (व्यश्रंसन्त) खलु अधःपतने—लङ्, तस्य शः । अधोऽपतन् (प्रस्तरः) विस्तृतः पाषाणः (बृहस्पतये) बृहतीनां विद्यानां पालकाय । ब्रह्मणे (आङ्गिरसाय) चतुर्वेदवेत्रे (आतिम्) पीडाम् (आकृण्वसि) समन्तात् करिष्यसि, करिष्यति (सूर्यस्य) सर्वप्रेरकस्य परमेश्वरस्य दृशेन (चक्षुषा) दर्शनसामर्थ्येन (प्रतीचे) प्रत्यक्षं पश्यामि (हिनस्ति) नाशयति (देवस्य) प्रकाशमानस्य (सवितुः) सर्वोत्पादकस्य । परमेश्वरस्य (प्रसवे) प्रकृष्टैश्वर्ये (अश्विनोः) सकलविद्याव्याप्तयोर्मातापित्रोः (बाहुभ्याम्) भुजयोः सकाशात् (पूष्णः) पोषकस्य । आचार्यस्य (हस्ताभ्याम्) करयोः सकाशात् (प्रसूतः) प्रेरितः (प्रशिषा) शासु अनुशिष्टौ—क्विप् । प्रकृष्टशासनेन (प्रतिगृह्णामि) स्वीकरोमि (व्यूह्य) विविधं संयूह्य (प्राक्) प्रथमम् (स्थण्डिले) मिथिलादयश्च । उ० २ । ५७ । थल साधे—इलच्, नुक्, तस्य डः । यज्ञार्थं समीकृते प्रदेशे (पृथिव्याः) भूमेः (नाभौ) नहोभश्च । उ० ४ ।

को कोई नहीं नष्ट करता है । (वरुणस्य उदरे इति) वरुण [सब से श्रेष्ठ परमात्मा] के [दिये हुये] उदर में [तुझे मैं रखता हूं—यह ब्राह्मण वचन उस ने कहा] । (वरुणस्य उदरं किंचन नहि हिनस्ति इति) वरुण [परमात्मा] के [दिये] उदर को कोई नहीं नष्ट करता है ॥ २ ॥

भावार्थ—यहां प्रजापति प्रजारूप शरीर के अवयवों का पालने वाला जीवात्मा है, रुद्र सर्वज्ञ सर्वकर्ता परमात्मा और यज्ञ परमाणुओं के संयोग से बना हुआ शरीर है ॥ प्रजापति के रुद्र को यज्ञ से अलग करने पर अग्नि, सविता, पूषा, इध्म और बर्हि, यह पांचो तत्त्व अपना अपना कर्म करने में असमर्थ होते हैं । ज्ञानी पुरुष ही परमात्मा की सत्ता को सब के भीतर काम करता हुआ देखता है ॥ २ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका में उस पौराणिक कथा का मूल सा भान होता है जिस में दक्ष या प्रजापति ने शिव या रुद्र को भाग न दिया था । शिव की स्त्री सती उस यज्ञ में अस्त हो गयी, शिव के गणों ने यज्ञ को और दक्ष को विध्वंस कर दिया, ऊपस्थित देवता घायल हुये । फिर शिव का क्रोध विष्णु के बीच में पड़ने से शान्त हुआ ॥

टिप्पणी २—अर्थ वाले मन्त्र अर्थ सहित दिये जाते हैं—

१—दे॒वस्य॒ त्वा स॑वि॒तुः प्र॑स॒वेऽश्वि॑नो॒र्बाहु॑भ्यां पू॒ष्णो हस्ता॑भ्यां प्रसु॑व आरम्भे—अथ० १९ । ५१ । २, भेद से यजु० २ । २१ तथा २० । ३ ॥ [हे शूद्र !] (देवस्य) प्रकाशमान, (सवितुः) सर्वोत्पादक [परमेश्वर] के (प्रसवे) बड़े ऐश्वर्य के बीच, (अश्विनोः) सब विद्याओं में व्याप्त दोनों [माता पिता] के (बाहुभ्याम्) दोनों भुजाओं से और (पूष्णः) पोषक [आचार्य] के (हस्ता-

---

१२६ । ओद् दन्धने—इञ्, इस्य भः । मध्यस्थाने (सादयामि) स्थापयामि (पृथिवी) अथेः विवप् पवन् थ्यनः सम्प्रसारणं च । उ० १ । २५० । अथ प्रथ्याते विस्तारे च—विवन् । ङीप् । सर्वविस्तारकः परमेश्वरः (अन्तानाम्) हसिमृग्रिण्वामि० । उ० ३ । ८६ । अम रोगे गतौ च—तन् । रोगाणाम् (अग्नेः) भौतिकस्य पाचकस्य पावकस्य परमेश्वरस्य (आस्येन) असु क्षेपणे—एषत् । मुखेन (प्राशितम्) प्रकर्षेण भक्षितम् (इन्द्रस्य) ऐश्वरस्य दत्ते—इति शेषः (उदरे) कुक्षौ (वरुणस्य) वरणीयस्य । सर्वोत्कृष्टस्य (उदरे) उदि इणातेरलचौ पूर्वपद्दीर्घश्चोपधायाः । उ० ५ । १६ । उन्द+दृ विदारणे—अन्द् अन्द् वा, उन्द् इत्यस्य लोपः । सायणस्तु नेदमर्थभाग ॥

भ्याम्) दोनों हाथों से (प्रसूतः) प्रेरणा किया हुआ मैं (त्वा) तुझ को (आरभे) ग्रहण करता हूं ॥

२— देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम् । प्रतिग्रहणाभ्यनक्ष्वास्येन प्राश्नामि—यजु० २ । ११ ॥ [हे अन्न !] (देवस्य) हर्ष देने वाले (सवितुः) और सब के उत्पन्न करने वाले परमेश्वर के [उत्पन्न किये हुये] (प्रसवे) संसार में विद्यमान (त्वा) तुझ [भक्ष्य पदार्थ] को (अश्विनोः) प्राण और अपान के (बाहुभ्याम्) आकर्षण और धारण गुणों से तथा (पूष्णः) पुष्टिकारक समान धातु के (हस्ताभ्याम्) शोधन और शरीर के अङ्ग अङ्ग में पहुंचाने के गुण से (प्रतिग्रहणामि) अच्छे प्रकार ग्रहण करता हूं, (अग्नेः) प्रज्वलित अग्नि के बीच में पकाकर (त्वा) तुझ [भक्ष्य पदार्थ] को (आस्येन) अपने मुख से (प्र अश्नामि) भोजन करता हूं ॥

कण्डिका ३ ॥

अथो आहुर्ब्राह्मणस्योदरं त्वात्माऽस्यात्मनाऽऽत्मानं मे माहिंसीः स्वाहेत्यन्नं वै सर्वेषां भूतानामात्मा तेनैवैतच्छमयाञ्चकार प्राशित्रमनुमन्त्रयते । योऽग्निर्नृमणा नाम ब्राह्मणेषु प्रविष्टः तस्मिन्न एतत् सुहुतमस्तु प्राशित्रं तन्मा माहिंसीत् परमे व्योमधीति तत्सर्वेण ब्रह्मणा प्राश्नात्येनं माहिनस्तस्माद्यो ब्रह्मिष्ठः स्यात्तं ब्रह्माणं कुर्वीत बृहस्पतिर्वै सर्वं ब्रह्म सर्वेण ह वा एतद् ब्रह्मणा यज्ञं दक्षिणत उच्छ्वयतेऽप एव वा एतस्मात् प्राणाः क्रामन्ति य आविद्धं प्राश्नात्यद्भिर्मार्जयित्वा प्राणान् संस्पृशते वाङ् म आस्यं नित्यहुतं वै प्राणा अमृतमापः प्राणानेव यथास्थानमुपाह्वयते तद्वै हैक आहुरिन्द्राय पर्यहरन्निति ते देवा अब्रुवन्निन्द्रो वै देवानामोजिष्ठो बलिष्ठस्तमसा एतत्परिहरन्तीति तस्मायै पर्यहरंस्तत्सद् ब्रह्मणः शमयाञ्चकार तस्मादाहुरिन्द्रो ब्रह्मेति यवमात्रं भवति यवमात्रं वै विषस्य न हिनस्ति यदधस्तादभिधार्यते तस्मादधस्तात् प्रजरणं प्रजा अरुर्न हिनस्ति यदुपरिष्टादभिधार्यते तस्मादुपरिष्टात् प्रजरणं प्रजा अरुर्न हिनस्ति यदुभयतोऽभिधार्यत्युभयतोऽभिधारि प्रजा अरुर्घातुकं स्याद्यच्छमयाभिहरेदनभिविद्धं यज्ञस्याभिविद्येत् ॥ ३ ॥

कण्डिका ३ ॥ प्राशित्र [अन्न] का विधान ॥

(अथो आहुः, ब्राह्मणस्य उदरे + त्वात्मासादयामि—क० २ इति । आत्मा असि आत्मना मे आत्मानं मा हिंसीः स्वाहा इति) फिर वे [ऋषि] कहते हैं

३—(अनुमन्त्रयते) मन्त्रेण अनुकूलं करोति (नृमणाः) नयतेर्ड्विच् ।

—ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी] के पेट में [तुझ प्राशित्र को रखता हूं—क० २, यह मन्त्र], हे प्राशित्र ! तू आत्मा [अन्न] है, तू आत्मा [अन्न के कुप्रयोग] से मेरे आत्मा [जीवात्मा] को मत सता, यह स्वाहा [सुन्दर वचन] है [और यह दो मन्त्र वे बोलते हैं]। (अन्नं वै सर्वेषां भूतानाम् आत्मा, तेन एव एतत् प्राशित्रं शमयांचकार अनुमन्त्रयते) अन्न ही सब प्राणियों का आत्मा [जीवन] है, उस से ही इस प्राशित्र [अन्न] को वह शान्त करता है और मन्त्र के अनुकूल करता है। (यः नृमणाः नाम अग्निः ब्राह्मणेषु प्रविष्टः, तस्मिन् मे एतत् प्राशित्रं सुहुतम् अस्तु, तत् मा परमे व्योमन् मा हिंसीत् इति) जो नृमणा [मनुष्यों के हित के लिये ज्ञान वाला] नाम अग्नि [जाठराग्नि] ब्रह्मज्ञानियों में प्रविष्ट है, उस [अग्नि] में मेरा यह प्राशित्र [अन्न] अच्छे प्रकार होम किया गया होवे, वह [अन्न] मुझ को उत्तम विविध रक्षा स्थान में [रख कर] न मारे [वह इस ब्राह्मण वचन को पढ़ता है]। (तत् सर्वेण ब्रह्मणा प्राश्नात् ततः एनं मा अहिनत्) उस को सम्पूर्ण ब्रह्मज्ञान से खावे, इस लिये इस को वह न मारे। (तस्मात् यः ब्रह्मिष्ठः स्यात् तं ब्रह्माणं कुर्वीत) इस लिये जो अत्यन्त ब्रह्मज्ञान वाला हो, उसको ब्रह्मा बनावे। (बृहस्पतिः वै सर्वं ब्रह्म) बृहस्पति [बड़ी विद्याओं का स्वामी] ही सम्पूर्ण ब्रह्म [ब्रह्मा] है। (एतत् सर्वेण ह वै ब्रह्मणा यज्ञं दक्षिणतः उद्यच्छते) इस लिये वह सम्पूर्ण ब्रह्मज्ञान के साथ यज्ञ को दक्षिण दिशा में बैठकर ऊंचा करता है। (एतस्मात् अपः एव वै प्राणाः क्रामन्ति) इस लिये जल को ही प्राण प्राप्त करते हैं। (यः आविद्धं प्राश्नाति अद्भिः प्राणान् मार्जयित्वा संस्पृशते, मे नित्यं वाक् आस्यम् सुतम्) जो पुरुष अच्छे छेदन किये हुये [प्राशित्र अन्न] को खाता है, वह जल से प्राणों को शुद्ध करके [इन्द्रिय] स्पर्श करता है—मेरे लिये नित्य वाणी, मुख और सत्य होवे।

उ० २। १००। णीञ् प्रापणे—ऋ, डित्। गतिकारकोपपदयोः पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वं च । उ० ४ । २२७। नृ+मनु अवबोधने—अलि । छन्दस्यृदवग्रहात् । पा० ८ । ४ । २६ । इति णत्वम् । नृभ्यो मनुष्याणां हिताय बोधनं यस्य सः (परमे) उत्तमे (व्योमन्) नामन्सीमन्व्योमन्० । उ० ४ । १५१ । वि+अव रक्षणे—मनिन्, सप्तमीलुक् । व्योमन् व्यवने—निरु० ११ । ४० । विविधरक्षास्थाने (ब्रह्मणा) ब्रह्मज्ञानेन (ब्रह्मिष्ठः) अतिशयेन ब्रह्मज्ञानवान् (दक्षिणतः) दक्षिणस्यां दिशि स्थितः (उद्यच्छते) उत्+यम नियमने । उन्नयते (क्रामन्ति) गच्छन्ति। प्राप्नुवन्ति (मार्जयित्वा) शोधयित्वा (अमृतम्) उदकम्—निघ० १ । १२ ।

[यह वाक्य पढ़ना है] । (प्राणाः वै अमृतम्, आपः प्राणान् एव यथास्थानम् उपाह्वयते) प्राण ही अमृत [जल] हैं, जल प्राणों [जीवन साधनों] को ही अपने अपने स्थान पर बुलाता है । (तत् उ ह एके आहुः, इन्द्राय पर्यहरन् इति) सो कोई कोई कहते हैं—इन्द्र [जीवात्मा] को वे [इन्द्रिय अङ्ग] लाकर देते हैं । (ते देवाः अब्रुवन् इन्द्रः वै देवानाम् ओजिष्ठः बलिष्ठः तस्मै एतत् परिहरन्ति इति तत् तस्मै पर्यहरन्) उन देवों [इन्द्रियों] ने कहा—इन्द्र [जीवात्मा] ही देवों [इन्द्रियों] में अति ओजस्वी [पराक्रमी] और अति बलवान् है, उस के लिये यह [अङ्ग] वे लाते हैं—इस लिये उसे उस के लिये वे लाये हैं । (तत् सत् ब्रह्मणा शमयांचकार) उस होते हुये को ब्रह्मज्ञान से उस [इन्द्र] ने शान्त किया । (तस्मात् आहुः इन्द्रः ब्रह्मा इति) इस लिये वह कहते हैं-इन्द्र [जीवात्मा] ब्रह्मा है । (यवमात्रं भवति यवमात्रं वै विषस्य न हिनस्ति) वह [इन्द्र] जौ के आकार वाला [परमाणु रूप] है, जौ के आकार वाला जल का नाश नहीं करता है । (यत् अधस्तात् अभिघारयति तस्मात् प्रक्षरणम् अधस्तात् प्रजाः अरुः न हिनस्ति) जो वह नीचे की ओर सींचता है, इस लिये बहाव नीचे की ओर प्रजाओं [इन्द्रियों] को मर्म में न नष्ट करता है । (यत् उपरिष्टात् अभिघारयति तस्मात् प्रक्षरणम् उपरिष्टात् प्रजाः अरुः न हिनस्ति) जो वह ऊपर की ओर सींचता है, इस लिये बहाव [रुधिर रूप जल] ऊपर की ओर प्रजाओं [इन्द्रियों] को मर्म में नहीं नष्ट करता है । (यत् उभयतः अभिघारयति उभयतः अभिघारि प्रजाः अरुर्मात्रकं स्यात्) जो वह दोनों ओर से [आमने सामने जल वा रुधिर को] सींचे, दोनों ओर से सींचने वाला [जल टकरा-कर] प्रजाओं [इन्द्रियों] को मर्मघाती होता है । (यत् शमया अभिहरेत् अनभिविद्धं यज्ञस्य अभिविद्धत्) जो [उस जल को] विकलता से वह ले चले,

---

(आपः) जलम् (इन्द्राय) परमैश्वर्यवते । जीवात्मने (देवाः) इन्द्रियाणि (ओजिष्ठः) अतिशयेन ओजस्वी पराक्रमी (यवमात्रम्) अणुपरिमाणम् (विषस्य) उदकम्—निघ० १ । १२ । (अभिघारयति) घृ क्षरणदीप्त्योः—सर्वतः सिञ्चति प्रवहति (प्रक्षरणम्) प्रवहणम् (अरुः) अर्तिपॄवपियजि० । उ० २ । ११७ । ऋ गतौ हिंसने च—उसि । अरुषि । मर्मणि (अभिघारि) सर्वतः सेचकं जलम् (अरुर्मात्रकम्) मर्मनाशकम् (शमया) पम वैकल्येऽवैकल्ये च—अच्, टाप्, सस्य शः । समया । वैकल्येन (अनभिविद्धम्) अविच्छिन्नम् । प्राशित्रम् (अभिविद्धेत्) अभिच्छेदनं कुर्यात् ॥

बिना छिद्रा हुआ [बिना पूर्ण किया हुआ अङ्ग] यज्ञ [शरीर] का सर्वथा छिद्रमय कर देवे ॥ ३ ॥

भावार्थ—अन्न और जल सुप्रयोग से शरीरबल और आत्मबल बढ़ाते हैं, वे ही कुप्रयोग से उन्हें नष्ट कर देते हैं ॥ ३ ॥

कण्डिका ४ ॥

अग्रेण परिहरति तीर्थेनैव परिहरति वै वा एतद्यज्ञश्छिद्यते यत् प्राशित्रं परिहरति, यदाह ब्रह्मन् प्रस्थास्यामीति बृहस्पतिर्वै सर्वं ब्रह्म सर्वेण ह वा एतद् ब्रह्मणा यज्ञं दक्षिणतः सन्दधात्यथाऽऽह वा एतर्हि यज्ञः श्रितो यत्र ब्रह्मा तत्रैव यज्ञः श्रितस्तत एवैनमालभते यद्ध्स्तेन प्रमीयेद् वेपनस्याद्यच्छीर्ष्णा शीर्षक्तिमांस्याद्यत्पृष्ठ्यामालीदाऽऽमप्रत्तो यज्ञः स्यात् प्रतिष्ठेत्येव ब्रूयाद्वाचि वै यज्ञः श्रितो यत्र ब्रह्मा तत्रैव यज्ञः श्रितस्तत एवैनं सम्प्रयच्छत्यग्नीध्र आदधात्यग्निमुखानेवर्तून् प्रीणात्यथोचरासामाहुतीनां प्रतिष्ठित्याऽथो समिद्ध्यैव जुहोति परिधीत्समार्ष्टि पुनात्येवैनां सकृत् सकृत् समार्ष्टि पराङेव होतर्हि यज्ञस्तनुः सञ्यद्यतेऽथो चतुष्पादः पशवः पशूनामाप्त्यै देव सवितरेतत्ते प्राहेत्याह प्रसूत्यै बृहस्पतिः ब्रह्मेत्याह स हि ब्रह्मिष्ठः स यज्ञं पाहि स यजपतिं पाहि स मामाहि स मां पाहि कर्मण्यं पाहीत्याह यज्ञाय च यजमानाय च पशूनामाप्त्यै ॥ ४ ॥

कण्डिका ४ ॥ यज्ञ के विघ्नों का नाश और यज्ञ के आरम्भ का विधान ॥

(अग्रेण परिहरति, तीर्थेन एव परिहरति एतत् यज्ञः वै वै छिद्यते) [जो कोई यज्ञ की] पूर्व भाग से निन्दा करता है, [अथवा] तीर्थ [शास्त्र विधान] से ही निन्दा करता है। इस से यज्ञ अवश्य ही छिन्न हो जाता है। (यत् प्राशित्रं परिहरति यत् आह ब्रह्मन् प्रस्थास्यामि इति) जो वह प्राशित्र [चरु, हव्य द्रव्य] को बुरा कहता है, [अथवा] जो कहता है—हे ब्रह्मन् ! मैं चला जाऊंगा। (बृहस्पतिः वै सर्वं ब्रह्म एतत् ह वै सर्वेण ब्रह्मणा यज्ञं दक्षिणतः सन्दधाति) बृहस्पति [सब विद्याओं का स्वामी] ही सब प्रकार

४—(अग्रेण) पूर्वभागेन (परिहरति) यज्ञं निन्दति (तीर्थेन) तरणसाधनेन । शास्त्रेण । यज्ञस्थानेन (एतत्) एतस्मात् (प्रस्थास्यामि) गमिष्यामि (ब्रह्मणा) ब्रह्मज्ञानेन (दक्षिणतः) दक्षिणस्यां दिशि स्थितः (संदधाति) सम्यग् धरति (एतर्हि) इदानीम् (आलभते) गृह्णाति (प्रमीयेत्) मीञ्

ब्रह्म [ब्रह्मा] है, इसी से ही यह सम्पूर्ण ब्रह्मज्ञान से यज्ञ को दक्षिण ओर बैठा हुआ जुहोता है। (अथो अत्र वै एतर्हि यज्ञः श्रितः, यत्र वै ब्रह्मा तत्र एव यज्ञः श्रितः ततः एव एनम् आलभते) फिर यहां ही अब यज्ञ ठहरा हुआ है, जहां ब्रह्मा है, वहां ही यज्ञ ठहरा हुआ है, इस लिये ही इस [ब्रह्मा] को वह [यजमान] ग्रहण करता है। (यत् हस्तेन प्रमीयेत् वेपनः स्यात्, यत् शीर्ष्णा शीर्षक्तिमान् स्यात् यत् तूष्णीम् आसीद आसन्नप्रज्ञः यज्ञः स्यात्, प्रतिष्ठ इति एव ब्रूयात्) जो कोई हाथ से [यज्ञ] नष्ट करे, वह कांपने वाला होवे, जो सीस [शिर की टक्कर] से [यज्ञ नष्ट करे]. वह शिर की पीड़ा वाला होवे, और जो चुपचाप बैठे, यज्ञ अरक्षित होवे, [इस लिये] चला जा—ऐसा ही वह [ब्रह्मा] कहे। (वाचि वै यज्ञः श्रितः, यत्र ब्रह्मा तत्र एव यज्ञः श्रितः ततः एव एनं सम्प्रयच्छति) वाणी में ही यज्ञ ठहरा हुआ है, जहां ब्रह्मा है वहां ही यज्ञ ठहरा हुआ है, इस लिये ही इस [यज्ञ] को वह [ब्रह्मा] यथावत् चलाता है। (आग्नीध्रे अग्निमुखान् आदधाति) आग्नीध्र [होतृगृह वा हवनकुण्ड] में अग्नि प्रधान मन्त्रों से वह अग्न्याधान करता है [जैसे यह चार मन्त्र—ओं भूः भुवः स्वर्द्यौरिवभूम्ना पृथिवीव वरिम्णा। तस्यास्ते पृथिवि देवयजनि पृष्ठेऽग्निमन्नादमन्नाद्यायादधे। १। यजु० ३। ५ ॥ ओम् उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टापूर्ते सꣳसृजेथामयं च। अस्मिन् सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वे देवा यजमानश्च सीदत। २। यजु० १५। ५४ ॥ अग्निमीडे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्। होतारं रत्नधातमम्। ३। ऋ० १। १। १। स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव। सचस्वा नः स्वस्तये। ४। ऋ० १। १। ९। हवनमन्त्राः]। (ऋतून् एव प्रीणाति) वह ऋतुओं को ही प्रसन्न बनाता है [जल वायु शुद्ध करता है]। (अथ उत्तराणाम् आहुतीनाम् प्रतिष्ठित्या) और पीछे वाली आहुतियों की स्थापना से [भी ऋतुओं को शुद्ध करता है]। (अथो समिद्वत्या एव जुहोति) फिर समिध् शब्द वाली ऋचा से ही वह हवन करता है [जैसे यह चार मन्त्र—ओम्। समिधाग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम्।

हिंसायाम्। नाशयेत् (वेपनः) कम्पकः (शीर्ष्णा) रलोपः। शीर्ष्णा। शिरः-प्रहारेण (शीर्षक्तिमान्) शीर्ष+अञ्चु गतिपूजनयोः—क्तिन्, मतुप्। शीर्षं शिरः अञ्चति गच्छति व्याप्नोतीति शीर्षक्तिः शिरःपीडा, तया युक्तः (आसीद) आ—असीदत्। आसीदेत् (असन्नप्रज्ञः) आ+सम्+प्र+ज्ञा दाने—क्त। रक्षो रक्षितः, सम्प्रतिषेधः। असंरक्षितः (प्रतिष्ठ) गच्छ (सम्प्रयच्छति)

आस्मिन् हव्या जुहोतन स्वाहा । इदमग्नये इदं न मम । १ । यजु० ३ । १ । ओं । सुसमिद्धाय शोचिषे घृतं तीव्रं जुहोतन । अग्नये जातवेदसे स्वाहा—इदमग्नये जातवेदसे—इदं न मम । २ । यजु० ३ । २ ॥ ओ । तं त्वा समिद्भिरङ्गिरो घृतेन वर्धयामसि । बृहच्छोचायविष्ठ्य, स्वाहा । इदमग्नयेऽङ्गिरसे—इदं न मम । ३ । यजु० ३ । ३ । ओम् । अयं त इध्म आत्मा जातवेदस्तेनेध्यस्व वर्धस्व चेद्ध वर्धय चास्मान् प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेनान्नाद्येन समेधय, स्वाहा । इदमग्नये जातवेदसे—इदं न मम । ४ । हवनमन्त्राः] । (परिधीन् सम्मार्ष्टि पुनाति ऐव=एव) वह परिधियों को स्वच्छ करता है और शोधता भी है । (एनान् सकृत् सकृत् सम्मार्ष्टि) वह इन [परिधियों] को एक एक बार स्वच्छ करता है [जैसे यह चार मन्त्र—ओम् । अदितेऽनुमन्यस्व ॥ १ ॥ ओम् । अनुमतेऽनुमन्यस्व ॥ २ ॥ ओम् । सरस्वत्यनुमन्यस्व ॥ ३ ॥ ओम् । देव सवितः प्रसुव यज्ञं प्रसुव यज्ञपतिं भगाय । दिव्यो गन्धर्वः केतपूः केतं नः पुनातु वाचस्पतिर्वाचं नः स्वदतु ॥ ४ ॥ यजु० ११ । ७ तथा ३० । १ । हवनमन्त्राः]। (पराङ् एव हि एतर्हि यज्ञः चतुः सम्पद्यते) उत्कर्ष को पाया हुआ ही अब यज्ञ चार बार बढ़ता है । (अथो चतुष्पादः पशवः, पशूनाम् आप्त्यै देव सवितः एतत् ते प्राह इति) फिर चार पांव वाले पशु हैं, पशुओं के लाभ के लिये—देव सवितः—यह [ऊपर लिखा मन्त्र] तुझ [ब्रह्मा] से वह [यजमान] बोलता है । (आह प्रसूत्यै बृहस्पतिः ब्रह्मा इति) वह कहता है—प्रेरणा [यज्ञ की बढ़ती] के लिये बृहस्पति ब्रह्मा है [बड़ी विद्याओं का स्वामी प्रधान ऋत्विज है । देव सवितः—इस मन्त्र में प्रसुव पद और प्रसूत्यै पद षू प्रेरणे धातु से बने हैं] । (आह, सः हि ब्रह्मिष्ठः, सः यज्ञं पाहि, सः यज्ञपतिं पाहि, सः माम् पाहि, सः मां पाहि, सः मां कर्मण्यं पाहि इति यज्ञाय, यजमानाय च, पशूनाम् आप्त्यै च आह) वह [यजमान] कहता है—वह तू ही अतिशय ब्रह्मज्ञानी है, वह तू यज्ञ की रक्षा कर, वह तू यज्ञपति की रक्षा कर, वह तू मेरी रक्षा कर, वह तू

संयोजयति (आग्नीध्रे) होतृगृहे (आदधाति) अग्न्याधानं करोति (अग्निमुखान्) अग्निप्रधानान् मन्त्रान् (प्रीणाति) प्रसादयति (ऋतून्) वसन्तादीन् (प्रतिष्ठित्या) स्थापनया (समृद्धत्या) समिध इति शब्देन युक्तया ऋचा (पराङ्) परा उत्कर्षे+अञ्चु गतिपूजनयोः—क्विन् । उत्कर्षं प्राप्तः (चतुः) चतुर्वारम् (चतुष्पादः) चतुष्पादयुक्ताः (आप्त्यै) प्राप्तये (प्रसूत्यै) प्रेरणायै । उन्नतये (कर्मण्यम्) कर्मकुशलम् ॥

मेरी रक्षा कर, वह तू मुझ कर्मकुशल की रक्षा कर,—वह यह यज्ञ के हित के लिये, और यजमान के हित के लिये और पशुओं की प्राप्ति के लिये कहता है ॥ ४ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को यज्ञ विधान पूर्वक करना चाहिये ॥ ४ ॥

कण्डिका ५ ॥

न वै पौर्णमास्यां नामावास्यायां दक्षिणा दीयन्ते य एष ओदनः पच्यते दक्षिणैषा दीयते यज्ञस्यर्ध्यै इष्टी वा एतेन यजतेऽथो वा एतेन पूर्त्ती य एष ओदनः पच्यत एष ह वा इष्टापूर्त्ती य एनं पचति ॥ ५ ॥

कण्डिका ५ ॥ पौर्णमासी और अमावस को दक्षिणा के स्थान में ओदन का दान ॥

(न वै पूर्णमास्यां न अमावास्यां दक्षिणाः दीयन्ते) न तो पौर्णमासी [इष्टि] में और न अमावास्या [इष्टि] में दक्षिणायें दी जाती हैं। (यः एषः ओदनः पच्यते, एषा दक्षिणा दीयते) जो यह ओदन [चावल] पकाया जाता है यह ही दक्षिणा दिया जाता है। (यत् यज्ञस्य ऋध्यै इष्टी वै एतेन अथो वै एतेन पूर्त्ती यजते) क्योंकि वह यज्ञ की बढ़ती के लिये इष्ट [अग्निहोत्र, वेदाध्ययन, आतिथ्य आदि कर्म] को ही इस [ओदन दान] से, और भी इस से पूर्त्त [बावड़ी, कूआ, तालाब, देवमन्दिर, अन्नदान आदि कर्म] को प्राप्त होता है। (एषः ओदनः पच्यते, एषः ह वै इष्टापूर्त्ती, यः एनं पचति) यह जो ओदन [भात] पकाया जाता है, यह ही इष्ट और पूर्त्त [अग्निहोत्र वेदाध्ययन आदि और बावड़ी देवमन्दिर आदि कर्म का साधन उस यजमान के लिये] है जो इस को पकाता है ॥ ५ ॥

भावार्थ—पौर्णमासी और अमावास्या को दक्षिणा के स्थान में ओदन देने का यहां विशेष नियम विचारणीय है ॥ ५ ॥

५—(ऋध्यै) वृद्धये (इष्टी) इत्याडियाजीकाराणामुपसंख्यानम्। वा० पा० ७ । १ । ३९ । इति विसर्गस्येः ईकारः। इष्टम्। अग्निहोत्रवेदाध्ययनातिथ्यादिकम् (यजते) संगच्छते (पूर्त्ती) पूर्ववत् ईकारः। पूर्त्तम्। वापीकूपतड़ागादिदेवतायतनान्नप्रदानादिकम् (इष्टापूर्त्ती) पूर्ववत् ईकारः। इष्टं च पूर्त्तं च इष्टापूर्त्तं। अर्थः पूर्ववत् ॥

कण्डिका ६ ॥

द्वया वै देवा यजमानस्य गृहमागच्छन्ति सोमपा अन्येऽसोमपा अन्ये हुतादोऽन्ये अहुतादोऽन्य एते वै देवा अहुतादो यद् ब्राह्मणा एतद्देवत्य ऋषयः पुरानीजान एते ह वा एतस्य प्रजायाः पशूनामीशते तेऽस्याप्रीता इषमूर्जमादाया-पक्रामन्ति यदन्वाहार्य्यमन्वाहरति तानेव तेन प्रीणाति दक्षिणतः सदस्यः परि-हर्त्तवा आह दक्षिणावृतेनैव यज्ञेन यजत आहुतिभिरेव देवान् हुतादः प्रीणाति दक्षिणाभिर्मनुष्यदेवांस्तेऽस्मै प्रीता इषमूर्जं नियच्छन्ति ॥ ६ ॥

कण्डिका ६ ॥ यज्ञ में दो प्रकार के देवता आते हैं एक सोम या दूसरे असोमपा, अथवा एक हुताद और दूसरे अहुताद, उनका वर्णन ॥

(द्वयाः व देवाः यजमानस्य गृहम् आगच्छन्ति अन्ये सोमपाः, अन्ये असोमपाः, अन्ये हुतादः अन्ये अहुतादः) दो प्रकार के ही देव यजमान के घर आते हैं, एक सोमपा [सोमरस पीने वाले] दूसरे असोमपा [सोमरस न पीने वाले], [अथवा] एक हुताद [अग्नि में चढ़े हुये पदार्थ खाने वाले जल वायु सूर्य] और दूसरे अहुताद [अग्नि में न चढ़े हुये पदार्थ अर्थात् शेष हव्य खाने वाले मनुष्य आदि]। (एते वै देवाः अहुतादः यत् ब्राह्मणाः) यह ही देव अहुताद [बचे हुये हव्य खाने वाले] हैं जो ब्राह्मण हैं। (एतद्देवत्यः ऋषयः पुरा अनीजानः) इस [सोम] को देवता जानने वाले ऋषियों ने पहिले यज्ञ नहीं किया (?)। (एते ह वै एतस्य प्रजायाः पशूनाम् ईशते) यह ही [ब्रह्मज्ञानी] इस [यजमान] के सन्तान और पशुओं के स्वामी हैं। (ते अप्रीताः अस्य इषम् ऊर्जम् आदाय अपक्रामन्ति) वे अप्रसन्न होकर इस के अन्न और बल को लेकर चल देते हैं। (यत् अन्वाहार्य्यम् अन्वाहरति तान् एव तेन प्रीणाति) जब वह अन्वाहार्य्य

६—(द्वयाः) द्वि—अयट्। द्विप्रकाराः। उभयाः (सोमपाः) सोमपान-शीलाः (हुतादः) हुत + अद भक्षणे—क्विप्। हुतस्य आहुत्या अग्नौ प्रक्षिप्तस्य हव्यस्य भक्षयितारः (अहुतादः) अहुतस्य अग्नौ अप्रक्षिप्तस्य शेषहव्यस्य भक्ष-यितारः (यत्) ये (एतद्देवत्यः) एतद्देवताकाः (ऋषयः) सन्मार्गदर्शकाः (पुरा) पूर्वम् (अनीजानः) अन् + यजतेः—कानच्, एकवचनं बहुवचनस्य। यज्ञम् अकृतवन्तः (अप्रीताः) अप्रसन्नाः (इषम्) अन्नम्—निघ० २ । ७ (ऊर्जम्) बलम् (आदाय) गृहीत्वा (अपक्रामन्ति) अपगच्छन्ति (अन्वा-

[अमावस में बनाये गये पितरों के मासिक श्राद्ध] को वह अनुकूल होकर खिलाता है, उन को ही उस से वह [यजमान] प्रसन्न करता है । (दक्षिणतः सद्भ्यः परिहर्तवै आह) दक्षिण और वर्त्तमान [असुरों] को [अन्वाहार्य्य] छोड़ देने के लिये वह कहता है ? । (दक्षिणावृतेन एव यज्ञेन यजते) दक्षिणा से संयुक्त ही यज्ञ से [उन ब्रह्मज्ञानियों को] वह पूजता है । (आहुतिभिः एव हुतादः देवान् प्रीणाति, दक्षिणाभिः मनुष्यदेवान्) आहुतियों [अग्नि में चढ़ाये हुये पदार्थों] से ही हुताद [अग्नि में चढ़े हुये पदार्थ खाने वाले] देवों [जल, वायु, सूर्य] को प्रसन्न करता है और दक्षिणाओं से मनुष्य देवों [ब्रह्मज्ञानियों] को [प्रसन्न करता है] । (ते प्रीताः अस्मै इषम् ऊर्जं नियच्छन्ति) वे [दोनों प्रकार के देव] प्रसन्न होकर इस [यजमान] को अन्न और बल देते रहते हैं ॥ ६ ॥

भावार्थ—यज्ञ द्वारा जल, वायु और अग्नि शुद्ध होने से शुद्ध अन्न उत्पन्न होता है और ऋत्विज लोग दक्षिणा पाते हैं । उस सब से यजमान का अन्न और बल बढ़ता है ॥ ६ ॥

कण्डिका ७ ॥

देवाश्च ह वा असुराश्चास्पर्द्धन्त, ते देवाः प्रजापतिमेवाभ्ययजन्त अन्योऽन्यस्यासन्न सुग अजुहवुस्ते देवा एतमोदनमपश्यंस्तं प्रजापतये भागमनुनिरपंस्तं भागं पश्यन् प्रजापतिर्देवानुपावर्त्तत ततो देवा अभवन् परासुराः स य एवं विद्वानेतमोदनं पचति भवत्यात्मना परास्याप्रियो भातृव्यो भवति प्रजापतिर्वै देवेभ्यो भागधेयानि व्यकल्पयत् सोमं मन्यत आत्मानमन्तरगादिति स एतमोदनमभक्तमपश्यत्तमात्मने भागमिरवपत् प्रजापतेर्वा एष भागो परिमितः स्याद्-परिमितो हि प्रजापतिः प्रजापतेर्भागोस्यूर्जस्वान् वयस्वानक्षितोऽस्यक्षित्यै त्वा

हार्य्यम्) अनु व्याप्तौ + आ समन्तात् + हृञ् हरणे—ण्यत् । अमावास्याविहितं पितॄणां मासिकश्राद्धम् । यागदक्षिणाम् (अन्वाहरति) अनुकूलतया आहारयति भोजनं कारयति यजमानः (दक्षिणतः) दक्षिणस्यां दिशि (सद्भ्यः) श्रेष्ठेभ्यः । वर्तमानेभ्यः (परिहर्तवै) तुमर्थे सेसेनसेअसेन्० । पा० ३ । ४ । ९ । परि + हृञ् हरणे—तवै प्रत्ययः । परिहर्तुम् (दक्षिणावृतेन) दक्षिणया वेष्टितेन संयुक्तन (मनुष्यदेवान्) मनुष्येषु देवान् विदुषः पुरुषान् (नियच्छन्ति) नितरां ददति ॥

मामेद्धेष्ठाः। अमुत्रामुष्मिं लोक इह च प्राणापानौ मे पाहि समानव्यानौ मे पाह्युदानरूपे मे पाह्यूर्गस्यूर्जं मे धेहि कुर्वतो मे मा द्धेष्ठाः। ददतो मे मोपदसः प्रजापतिमहन्त्वया समृद्धमृध्यासमिति प्रजापतिमेव समृद्धमृद्धोति य एवं वेद य एवं वेद ॥ ७ ॥

कण्डिका ७ ॥ देवासुर संग्राम में प्रजापति द्वारा ओदन के विभाग से देवों की जीत ॥

(देवाः च असुराः च ह वै अस्पर्धन्त) देव [इन्द्रियां] और असुर [विघ्न] लड़ने लगे। (ते देवाः प्रजापतिम् एव अभ्ययजन्त) उन देवताओं ने प्रजापति [जीवात्मा वा पेट] को ही सब ओर से पूजा। (असुराः अन्योन्यस्य आसन् अजुहवुः) असुरों ने एक दूसरे के मुख में हवन किया। (ते देवाः एतम् ओदनम् अपश्यन् तं भागं प्रजापतये अनुनिरवपन्) उन देवों ने इस ओदन [सींचने वाले अन्न] को देखा और वह भाग प्रजापति को दे दिया। (तं भागं पश्यन् प्रजापतिः देवान् उपावर्तत) उस भाग को देखता हुआ प्रजापति देवताओं के पास वर्तमान हुआ। (ततः देवाः असुराः परा अभवन्) उस से देवताओं ने असुर हरा दिये। (यः एव विद्वान् एतम् ओदनं पचति सः आत्मना भवति, अस्य अप्रियः भ्रातृव्यः परा भवति) जो ऐसा विद्वान् इस ओदन [सींचने वाले अन्न] को पचाता है वह आत्मबल के साथ होता है, उस का अप्रिय शत्रु हार जाता है। (प्रजापतिः वै देवेभ्यः भागधेयानि व्यकल्पयत्, सोमं मन्यते, आत्मानम् अन्तः अगात् इति) प्रजापति ने ही देवताओं को भाग अलग अलग कर दिये, उस ने [उसे] सोम [अमृत] माना और आत्मबल को भीतर पाया। (सः एतम् ओदनम् अभक्तम् अपश्यत् तं भागम् आत्मने निरवपत्) उसने इस ओदन को बिना बंटा हुआ [सम्पूर्ण] देखा, उस भाग को अपने लिये रख दिया। (प्रजापतेः वै एषः भागः अपरिमितः

७—(देवाः) इन्द्रियाणि (असुराः) देवविरोधिनः। विघ्नाः (प्रजापतिम्) जीवात्मानम् (आसन्) आस्ने। मुखे (ओदनम्) सेचकम् अन्नम् (अनुनिरवपन्) निर्धारितवन्तः। दत्तवन्तः (उपावर्तत) उपेत्य वर्तमानोऽभवत् (परा-अभवन्) पराजितवन्तः (असुराः) असुरान् (आत्मना) आत्मबलेन (पराभवति) पराजितो वर्तते (भ्रातृव्यः) शत्रुः (व्यकल्पयत्) पृथक् पृथक् कृतवान् (सोमम्) अमृतम् (मन्यते) अमन्यत (आत्मानम्) आत्मबलम् (अन्तः) मध्ये (अगात्) प्राप्तवान् (अभक्तम्) अकृतभागम् (अपरिमितः)

स्यात् अपरिमितः हि प्रजापतिः) प्रजापति का ही यह भाग परिमाण रहित होवे, क्योंकि प्रजापति परिमाण रहित है। (प्रजापतेः ऊर्जस्वान् वयस्वान् भागः असि, अक्षितः असि, मे अक्षित्यै त्वा मा हेष्ठाः) [हे ओदन !] तू प्रजापति का बलवान् अन्नवान् भाग है, तू अक्षित [अनष्ट] है, तू मेरे अनाश [सम्पूर्णता] के लिये अपने को मत नष्ट कर। (अमुत्र अमुष्मिन् लोके इह च मे प्राणापानौ पाहि, मे समानव्यानौ पाहि, मे उदानरूपे पाहि, ऊर्क् असि, मे ऊर्जं धेहि, मे कुर्वतः मा हेष्ठाः) वहां उस लोक में और यहां [दूर और समीप, अथवा उस जन्म और इस जन्म में] मेरे प्राण और अपान [भीतर और बाहर जाने वाले श्वास] की रक्षा कर, मेरे समान और व्यान [नाभि में घूमने वाले और शरीर में फैलने वाले वायु] की रक्षा कर, मेरे उदान [कण्ठस्थ वायु] और रूप की रक्षा कर, तू बल है मेरे लिये बल दे, शुभ कर्म करने वाले का मत नाश कर। (मे ददतः मा प्रदसः, अहं त्वा सम्यृक्षं प्रजापतिम् ऋध्यासम् इति) [हे ओदन !] शुभ दान करते हुये का मत नाश कर, मैं तेरे साथ यथावत् देखने वाले प्रजापति को बढ़ाऊं। (सम्यृक्षं प्रजापतिम् एव ऋध्नोति यः एवं वेद, यः एवं वेद) वह यथावत् देखने वाले प्रजापति को ही बढ़ाता है, जो ऐसा जानता है, जो ऐसा जानता है ॥ ७ ॥

भावार्थ—जैसे उदर अन्न खाकर सब इन्द्रियों को रस पहुंचाकर पुष्ट और सुखी करता है, वैसे ही प्रधान पुरुष कर लेकर प्रजा के हित में लगाकर उन्हें पुष्ट और सुखी करे ॥ ७ ॥

कण्डिका ८ ॥

ये वा इह यज्ञैरार्भुवंस्तेषामेतानि ज्योतींषि यान्यमूनि नक्षत्राणि तन्नक्षत्राणां नक्षत्रत्वं यज्ञ ह्रियन्ति दर्शपूर्णमासौ वै यज्ञस्यावसानशो ये वा अनिष्ट्वा

परिमाणरहितः (ऊर्जस्वान्) बलवान् (वयस्वान्) अन्नवान्—निघ० २ । ७ (अक्षितः) अहिंसितः (अक्षित्यै) अनाशाय (त्वा) आत्मानम् (मे) मम । मह्यम् (मा हेष्ठाः) हि हिंसायाम्—लुङ् । आत्मनेपदम् । मा हिंसीः (ऊर्क्) बलम् (ऊर्जम्) बलम् (मा हेष्ठाः) नाशं मा कुरु (मा उपदसः) दसु उपक्षये उत्क्षेपे च—लुङ् । नाशं मा कुरु (सम्यृक्षम्) स्तुमृक्षिकृत्यृक्षिभ्यः कित् । उ० ३ । ६६ । ऋष गतौ दर्शने च—सप्रत्ययः कित् । संगन्तारम् । सन्दर्शकम् (ऋध्यासम्) सम्यग्वर्धयासम् (ऋध्नोति) वर्धयति ॥

दर्शपूर्णमासाभ्यां सोमेन यजन्ते तेषामेतानि ज्योतींषि यान्यमूनि नक्षत्राणि पतन्तीव तद्यथाह वा इदमस्यष्टावसानेनेहावसास्यसि नेहावसास्यसीति नोऽनुद्यन्त एवं हैवैतेऽमुष्मान् लोकान् नो नुद्यन्ते त एते प्रच्यवन्ते ॥ ८ ॥

कण्डिका ८ ॥ दर्श पौर्णमास यज्ञ के साथ ही सोम यज्ञ करने और यज्ञ करने वालों की उच्च दशा का वर्णन ॥

(ये वै इह यज्ञैः आभुवन् तेषाम् एतानि ज्योतींषि यानि अमूनि नक्षत्राणि) जो लोग ही यहां यज्ञों के साथ सब ओर वर्तमान हुये हैं, उन के यह ज्योति हैं जो वे नक्षत्र [चलने वाले वा अनश्वर तारागण] हैं [अर्थात् तारागणों के समान उनके कार्य प्रकाशमान हैं]। (तत् नक्षत्राणां नक्षत्रत्वं यत् न क्षियन्ति) यह नक्षत्रों का नक्षत्रपन है कि वे नष्ट नहीं होते हैं। (दर्शपौर्णमासौ वै यज्ञस्य अवसानदर्शौ) अमावस्या और पूर्णमासी के यज्ञ ही यज्ञ की सीमा दिखाने वाले हैं [अर्थात् अमावस्या और पूर्णमासी से यज्ञ आरम्भ हो कर अमावस्या और पूर्णमासी को पूरे होते हैं]। (ये वै दर्शपूर्णमासाभ्याम् अनिष्ट्वा सोमेन यजन्ते तेषाम् एतानि ज्योतींषि पतन्ति इव यानि अमूनि नक्षत्राणि) जो लोग ही अमावस्या और पूर्णमासी के साथ यज्ञ न करके सोम के साथ यज्ञ करते हैं, उन के यह तेज गिरते से हैं जो वे नक्षत्र हैं। (तत् यथा आह वै इदम् असि, अष्टावसानेन इह अवसास्यसि, न इह अवसास्यसि इति) सो जैसा यह कहता है–यह ही तू सत्ता वाला है, तू आठ [यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि इन आठ योगाङ्गों—योग दर्शन २ । २९] से समाप्त होने वाले विधान के साथ यहां [यज्ञ को] तू समाप्त करेगा, तू यहां नहीं समाप्त होगा। (एते ह एव एवन् अमुष्मान् लोकान् नो अनुद्यन्ते, नो अनु-

---

८—(आभुवन्) आ—अभूवन् (नक्षत्राणि) अमिनक्षियजि० । उ० ३ । १०५ । णक्ष गतौ—अत्रन्, यद्वा न+क्षि नाशे—अत्रन्, डित्। गतिशीलाः । अनश्वरा वा तारागणाः (क्षियन्ति) क्षयन्ति । नश्यन्ति (अवसानदर्शौ) समाप्तिदर्शकौ (असि) वर्तमानोऽसि (अष्टावसानेन) यमनियमाद्यष्टयोगाङ्गैः अवसानं समाप्तिर्यस्य तेन यज्ञेन (अवसास्यसि) षो अन्तकर्मणि—लृट् । यज्ञं समाप्स्यसि (अवसास्यसि) समाप्तो भविष्यसि (नो) निषेधे (अनुद्यन्ते) दो अवखण्डने—लट्, आत्मनेपदत्वम् । अनुदयन्ति । विनाशयन्ति (अमुष्मान्) अमून् (प्रच्यवन्ते) प्रकर्षेण गच्छन्ति—निघ० २ । १४ ॥

यन्ते ते एते प्रच्यवन्ते) यह ही लोग इस प्रकार उन लोकों को नहीं नष्ट करते हैं, नहीं नष्ट करते हैं, वे ही यह लोग आगे को चलते हैं ॥ ८ ॥

भावार्थ—जैसे दर्शपूर्णमासी से यज्ञ आरम्भ होकर दर्शपूर्णमासी पर समाप्त होने से सिद्ध होते हैं, वैसे ही दूसरे कार्य नियत समय पर आरम्भ होने और समाप्त होने से सिद्ध होते और यश देते हैं ॥ ८ ॥

कण्डिका ९ ॥

यस्य हविर्निरुप्तं पुरस्ताच्चन्द्रमा अभ्युदियात्तांस्त्रेधा तण्डुलान्विभजेद्ये मध्यमास्तानग्नये दात्रेऽष्टाकपालान्निर्वपेत् ये स्थविष्ठास्तानिन्द्राय प्रदात्रे दधति चरुं ये क्षोदिष्ठास्तान्विष्णवे शिपिविष्टाय श्रपते चरुरूपशवो वा एतेऽतिरिच्यन्ते तानेवाप्नोति तानवरुन्धेऽक्षिप्रैं मध्यमस्य दाता इन्द्रो वै ज्येष्ठस्य प्रदाता यदेवेदं क्षुद्रं पशूनां तद्विष्णोः शिपिविष्टं तदेवाप्नोति पशूनेवावरुन्धे ॥ ९ ॥

कण्डिका ९ ॥ चन्द्रमा के उदय होने के पीछे हवि देने का विधान ॥

(यस्य हविः निरुप्तं पुरस्तात् चन्द्रमाः अभ्युदियात्) जिस [यजमान] का हवि दिया गया होवे, [उस से] पहिले चन्द्रमा उदय होवे । (तान् तण्डुलान् त्रेधा विभजेत्) उन चावलों [चरु] को तीन प्रकार बाँटे । (ये मध्यमाः तान् अष्टाकपालान् दात्रे अग्नये निर्वपेत्) जो बीच वाले [साधारण] हैं, उन आठ पात्रों में रक्खे हुओं को दान करने वाले अग्नि के लिये देवे । (ये स्थविष्ठाः तान् चरुं प्रदात्रे इन्द्राय दधति) जो अति मोटे हैं, उन चरु रूप को बहुत दान करने वाले इन्द्र [वायु] के लिये धरे । (ये क्षोदिष्ठाः तान् चरुं शिपिविष्टाय विष्णवे श्रपते) और जो अति सूक्ष्म हैं, उन चरु रूप को प्रकाश में प्रविष्ट [व्याप्त] विष्णु [सूर्य] के लिये सेवे । (एते एव पशवः अतिरिच्यन्ते तान् एव आप्नोति

९—(उप्तम्) प्रदत्तम् (अभ्युदियात्) सर्वतः उद्गच्छेत् (विभजेत्) विभक्तान् कुर्यात् (अष्टाकपालान्) अष्टसु कपालेषु पात्रेषु संस्कृतान् (निर्वपेत्) विभागेन प्रदद्यात् (स्थविष्ठाः) स्थूल—इष्ठन् । अतिशयस्थूलाः (दधति) लेटि रूपम् । दध्यात् (क्षोदिष्ठाः) क्षुद्र—इष्ठन् । अतिशयेन क्षुद्राः (शिपिविष्टाय) सर्वधातुभ्य इन् । उ० ४ । १५८ । शिष् निशाने छेदने—इन् कित् पुकागमः । विष्लृ व्याप्तौ—क्त । शिपिविष्टोरश्मीति प्रतिपन्नरश्मिः । शिप-

तान् एव अवरुन्धे) [इस कर्म से] यही पशु [सब जीव] बढ़ते हैं, वह उन को ही पाता है, उनकी रक्षा करता है (अग्निः वै मध्यमस्य दाता, इन्द्रः वै ज्येष्ठस्य प्रदाता) अग्नि ही मध्यम [बल] का देने वाला और इन्द्र [वायु] बहुत बड़े [बल] का देने वाला है । (यत् एव इदं क्षुद्रं पशूनां तत् विष्णोः शिपिविष्टं तत् एव आप्नोति पशून् एव अवरुन्धे) जो हि यह पशुओं में सूक्ष्म [कर्म] है, वह विष्णु [व्यापक सूर्य] का प्रकाश युक्त [कर्म] है, उसे ही वह पाता है और पशुओं [जीवों] की ही रक्षा करता है ॥ ९ ॥

भावार्थ—यथायोग्य विभाग करने से यज्ञ सिद्ध होता है ॥ ९ ॥

कण्डिका १० ॥

या पूर्वा पौर्णमासी सानुमतिर्योत्तरा सा राका या पूर्वा साऽमावास्या सा सिनीवाली योत्तरा सा कुहूश्चन्द्रमा एव धाता च विधाता च यत् पूर्णेऽन्यां वसत् पूर्णेऽन्यान्तत् मिथुनं यत् पश्यत्यन्याभ्यान्यान्तन्मिथुनं यदमावास्यायाश्चन्द्रमा अधिप्रजायते तन्मिथुनस्तस्यादेवास्मै मिथुनात् पशून् प्रजनयते ॥ १० ॥

कण्डिका १० ॥ पूर्व और उत्तर पूर्णमासी और अमावास्या का विचार ॥

(या पूर्वा पूर्णमासी सा अनुमतिः) जो पहिली पूर्णमासी [पूरे चन्द्रमावाली तिथि वा पूर्णिमा] है वह अनुमति [एक कलाहीन चन्द्रमा वाली शुक्ल चतुर्दशी युक्त पूर्णिमा] है । (या उत्तरा सा राका) जो पिछली [पौर्णमासी] है, वह राका [पूरे चन्द्रमा वाली तिथि पौर्णमासी] है । (या सा पूर्वा अमावास्या सा सिनीवाली) और वह जो पहिली अमावास्या [चन्द्र और सूर्य के एक साथ बसने की अर्थात् कृष्णपक्ष की अन्तिम तिथि] है, वह सिनीवाली [कृष्णपक्ष में चतुर्दशी सहित अमावास्या, जिस में चन्द्रमा एक

योऽत्र रश्मय उच्यन्ते तैराविष्टो भवति—निरु० ५ । ८ । शिपिविष्टः पदनाम —निघ० ४ । २ । संयतरश्मये । व्याप्तप्रकाशाय (श्रुते) आर्षरूपम् । अश्नुते । सेवते (अतिरिच्यन्ते) अधिका भवन्ति (अवरुन्धे) रक्षति (शिपिविष्टम्) व्याप्तप्रकाशं रूपम् ॥

१०—(पौर्णमासी) पूर्णमासाद्यण् । वा० पा० ४ । २ । ३५ । पूर्णमास—अण्, ङीप् । पूर्णोमासश्चन्द्रोऽस्यां वर्तते सा तिथिः । या पूर्वा पौर्णमासी सानुमतिः, अनुमतिरनुमननात्—निरु० ११ । २९ । पूर्णिमा (अनुमतिः) अनु+मन

कला वाला हो] है । (या उत्तरा सा कुहूः) जो पिछली [अमावास्या] है वह कुहू [जिस तिथि में चन्द्रमा की कोई कला न दीख पड़े] है । (चन्द्रमाः एव धाता च विधाता च) चन्द्रमा ही [इन तिथियों का] धाता और विधाता [धारण करने वाला और बनाने वाला] है । (यत् पूर्णः अन्यां वसत्, पूर्णः अन्यां तत् मिथुनम्) जो पूर्ण [चन्द्रमा] एक [तिथि अनुमति, शुद्ध चतुर्दशी युक्त पूर्णिमा] में बसे, और जो दूसरी [राका, पूरे चन्द्रमा वाली तिथि] में [बसे], वह जोड़ा है । (यत् अन्यां पश्यति, न अन्यां, तत् मिथुनम्) जो वह [चन्द्रमा] एक [सिनीवाली, कृष्णपक्ष की एक कला वाली चतुर्दशी तिथि] में दीखे और दूसरी [कुहू अर्थात् कृष्णपक्ष की बिना चन्द्रमा वाली अमावास्या तिथि] में न [दीखे], वह जोड़ा है । (यत् अमावास्यायाः चन्द्रमाः अधिप्रजायते तत् मिथुनम्) जो अमावास्या से [कुहू अर्थात् चन्द्रमा की सब कलाओं रहित तिथि से प्रतिपदा को] चन्द्रमा दिखाई दे, वह जोड़ा है । (तस्मात् मिथुनात् एव अस्मै पशून् प्रजनयते) इस जोड़े से ही इस [मनुष्य] के लिये पशुओं [जीवों] को वह [परमेश्वर] उत्पन्न करता है ॥ १० ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग ज्योतिष शास्त्र से यज्ञ के लिये पूर्णमासी और अमावस के जोड़े को जानें, क्योंकि जोड़े से ही सृष्टि उत्पन्न होती है ॥ १० ॥

पूजायां ज्ञाने च—क्विन् । एककलाहीनचन्द्रवती शुक्लचतुर्दशीयुतपूर्णिमा तिथिः (राका) कृदाधारार्चिकलिभ्यः कः । उ० ३ । ४० । रा दाने—क प्रत्ययः, टाप् । योत्तरा सा राका—निरु० ११ । २९ । राका रातेर्दानकर्मणः—निरु० ११ । ३० । सम्पूर्णचन्द्रा पौर्णमासी (अमावास्या) अमा+वस निवासे—एयत्, टाप् । अमा सह वसतः चन्द्रसूर्य्यौ यस्यां सा । कृष्णपक्षान्ततिथिः । अमावसी (सिनीवाली) इण्शिभ्यां वन्जिदीङ्ख्यविभ्यो नक् । उ० ३ । २ । षिञ् बन्धने—नक्, ङीप्, वलसंवरणे यद्वा वल जीवने दाने च—अण्, ङीप् । या पूर्वामावास्या सा सिनीवाली, सिनमन्नं भवति सिनाति भूतानि वालं पर्व वृणोतेरस्तस्मिन्नन्नवती, वालिनी वालेनेवास्यामणुत्वाच्चन्द्रमाः सेवितव्यो भवतीति वा—निरु० ११ । ३१ । चतुर्दशीयुक्ता ऽमावास्या । दृष्टचन्द्रकलायुक्तामावास्या । (कुहूः) मृगय्वादयश्च । उ० १ । ३८ । कुह विस्मापने—कु, ऊङ् । योत्तरा [अमावास्या] सा कुहूः—निरु० ११ । ३१ कुहूर्गहतेः काभूदिति वा क सती हूयत इति वा काहुतं हविर्जुहोतीति वा—निरु० ११ । ३२ । नष्टचन्द्रकला ऽमावास्या (वसन्) लेटि रूपम् । वसेत् ॥

कण्डिका ११ ॥

न द्वे यजेत यत् पूर्वया सम्प्रति यजेतोत्तरया छं वषट् कुर्य्याद्यदुत्तरया सम्प्रति यजेत पूर्वया छं वषट् कुर्य्यान्नेष्टिर्भवति न यज्ञस्तदनुहोतामुख्यमुपगल्भो-ऽजायत, एकामेव यजेत प्रगल्भो हैव जायते न द्वत्यन्त द्वे यजेत, यज्ञमुखमेव पूर्व-मालभते यजत उत्तरया देवता एवं पूर्वयाप्नोतीन्द्रियमुत्तरया देवलोकमेव पूर्वया-ऽवरुन्धे मनुष्यलोकमुत्तरया भूयसो यज्ञक्रतूनामुपैत्येष ह वै सुमनानामेष्टियें मध्ये याने पश्चाच्चन्द्रमा अभ्युदियादस्मा अस्मिन् लोक आर्भुकं भवति ॥ ११ ॥

कण्डिका ११ ॥ दोनों पौर्णमासी और अमावस में से एक एक ही यज्ञ के आरम्भ और समाप्ति के लिये रहे ॥

(द्वे न यजेत) दो [तिथियों] में न यज्ञ करे । (यत् पूर्वया सम्प्रति यजेत उत्तरया छं वषट् कुर्यात्) जो पहिली [तिथि अनुमति—क० १०] से अब यज्ञ करे, पिछली [तिथि राका] से छं वषट् [शान्तिकरण और वषट्-कार] करे । (यत् उत्तरया सम्प्रति यजेत पूर्वया छं वषट् कुर्यात्) जो पिछली [तिथि राका] से अब यज्ञ करे, पहिली [तिथि अनुमति] से छं वषट् [शान्तिकरण और वषट्कार] करे । (तत् अनु न इष्टिः भवति न यज्ञः) उस के पीछे न इष्टि होती है न यज्ञ । (होता मुख्यम् उपगल्भः अजायत) होता [पीछे यज्ञ करने से] मुख्य करके निरुत्साही हो जाता है । (एकाम् एव यजेत, प्रगल्भः ह वै जायते) वह एक [तिथि] में ही यज्ञ करे, वह उत्साही ही होता है । (द्वत्यन्त द्वे न यजेत) भयस्वभावी होकर दो [तिथियों] में न यज्ञ करे । (यजतः यज्ञमुखम् एव पूर्वम् आलभते, उत्तरया देवताः) यजमान यज्ञमुख को ही पहिली [तिथि] से प्राप्त करता है और पिछली से देव-ताओं [दिव्यगुणों] को । (एवं पूर्वया इन्द्रियम् आप्नोति, उत्तरया देवलोकम्) इस प्रकार पहिली [तिथि] से इन्द्रपन [परम ऐश्वर्य] और पिछली से देव-लोक [विद्वानों का स्थान] पाता है । (एव पूर्वया मनुष्यलोकम् अवरुन्धे

११—(सम्प्रति) इदानीम् । तत्कालम् (छं वषट्) शं पूर्वकं वषट्कारम् (तदनु) तत्पश्चात् (मुख्यम्) मुख्येन (उपगल्भः) उप हीने+गल्भ धाष्ट्यें प्रागल्भे च—अच् । निरुत्साही (अजायत) जायते (प्रगल्भः) उत्साही (द्वत्य-न्त) द्वणातेर्ह्रस्वः । उ० ४ । १८४ द्वृ भये—तिप्रत्ययः । हसिमृग्रिण्वामिदमि० । उ० ३ । ८६ । अम गतौ—तन् । विभक्तिलोपः । भयस्वभावः (पूर्वम्) पूर्वया

उत्तरया यज्ञक्रतूनां भूयसः उपैति) इस प्रकार पहिली [तिथि] से मनुष्यलोक [मननशीलों का स्थान] पाता है और पिछली से यज्ञ कर्मों के बीच बहुत से [पदार्थों] को पाता है । (एष ह वै सुमनानामा इष्टिः) यह ही सुमन [सुबोधा] नाम वाली इष्टि है । (ये याने मध्ये पश्चात् चन्द्रमाः अभ्युदियात्, अस्मै अस्मिन् लोके आर्ध्नुकं भवति) जो यज्ञ प्रवृत्ति के मध्य होने पर पीछे चन्द्रमा उदय होवे, इस [यजमान] के लिये इस लोक में बहुत बढ़ती होती है ॥ ११ ॥

भावार्थ—यज्ञ का आरम्भ और समाप्ति यथाविधि होनी चाहिये ॥ ११ ॥

कण्डिका १२ ॥

आग्नावैष्णवमेकादशकपालं निर्वपेद् दर्शपूर्णमासावारिप्समाणोऽग्निर्वै सर्वा देवता विष्णुर्यज्ञो देवताश्चैव यज्ञं चारभत ऋध्या ऋध्नोत्येनौ सहारम्भावित्याहुरुदिनु श्रङ्गे श्रितो मुच्यत इति दर्शो ह्येतयोः पूर्वः पौर्णमास उत्तरोऽथ यत् परस्तात्पौर्णमास आरभ्यते तद्यथापूर्वं क्रियते तद्यत्पौर्णमासमारभमाणः सरस्वत्यै चरुं निर्वपेत्सरस्वते द्वादशकपालममावास्या वै सरस्वती पौर्णमासः सरस्वानित्युभावेवैनौ सहारभत ऋध्या ऋध्नोत्येव ॥ १२ ॥

कण्डिका १२ ॥ दर्श पूर्णमास यज्ञ पर अग्नि और विष्णु तथा सरस्वती और सरस्वान् को चरु ॥

(दर्शपौर्णमासौ आरिप्समाणः आग्नावैष्णवम् एकादशकपालं निर्वपेत्) अमावास्या और पूर्णमासी के यज्ञ को आरम्भ करना चाहने वाला पुरुष अग्नि

(आलभते) गृह्णाति । स्वीकरोति (यजतः) भृमृदृशियजि० । उ० ३ । ११० । यजतेः—अतच् । ऋत्विक् । यजमानः (इन्द्रियम्) इन्द्रत्वम् । ऐश्वर्य्यम् । धनम्—निघ० २ । १० (देवलोकम्) विदुषां स्थानम् (एव) एवम् (मनुष्यलोकम्) मननशीलानां स्थानम् (भूयसः) बहु—ईयसुन् । बहुतरान् पदार्थान् (सुमनानामा) सु+मन ज्ञाने—अप्, टाप्+नामन् । सुबोधा इति नामयुक्ता (ये) यत् (मध्ये) यज्ञमध्ये (याने) गमने । यज्ञप्रवृत्तौ (अस्मै) यजमानाय (आर्ध्नुकम्) ऋसिगृधिधृषिक्षिपेः क्नुः । पा० ३ । २ । १४० । आ+ऋधु वृद्धौ—क्नु, स्वार्थे—कन् । प्रवर्धनम् ॥

१२—(आग्नावैष्णवम्) अग्निविष्णुदेवताकम् । अग्निसूर्यदेवताकम् (निर्वपेत्) जुहुयात् (आरिप्समाणः) आ+रभ राभस्ये—सन्—शानच् ।

और विष्णु देवता वाले [पार्थिव अग्नि और सूर्य की किरणों को शुद्ध करने वाले] ग्यारह पात्रों में धरे हुये [चरु] को होम करे । (अग्निः वै सर्वाः देवताः विष्णुः यज्ञः) [क्योंकि] अग्नि ही सब देवताओं [का रूप] है और विष्णु यज्ञ है । (देवताः च एव यज्ञं च आरभते, ऋध्या एव ऋध्नोति) वह देवताओं को ही और यज्ञ को आरम्भ करता है और समृद्धि के साथ बढ़ता है । (उभौ सहारम्भौ इति आहुः) दोनों [अग्नि और विष्णु] साथ साथ आरम्भ होने वाले होते हैं—ऐसा कहते हैं । (उदिनु, श्रृङ्गे श्रितः मुच्यते इति) [इस लिये] तू ऊंचा चल, दोनों सींगों का आश्रय लिये हुये [बैल विघ्न से] छुट जाता है । (एतयोः दर्शः वै पूर्वः पौर्णमासः उत्तरः) इन दोनों में अमावास्या यज्ञ पहिले और पूर्णमासी यज्ञ पीछे है । (अथ यत् परस्तात् पौर्णमासः आरभ्यते तत् यथा पूर्वं क्रियते) फिर जब पौर्णमास यज्ञ पीछे से आरम्भ किया जाता है, तब पहिले के समान [कर्म] किया जाता है । (तत् यत् पौर्णमासम् आरभमाणः द्वादशकपालं चरुं सरस्वत्यै सरस्वते निर्वपेत्) सो पौर्णमास यज्ञ आरम्भ करता हुआ पुरुष बारह पात्रों में धरे हुये चरु को सरस्वती [गतिशीला] के लिये और सरस्वान् [गतिशील] के लिये होमै । (अमावास्या वै सरस्वती, पौर्णमासः सरस्वान् इति उभौ एव एतौ सह आरभते, ऋध्या एव ऋध्नोति) अमावास्या [इष्टि] सरस्वती और पौर्णमास [यज्ञ] सरस्वान् है, इस लिये इन दोनों को ही साथ साथ वह आरम्भ करता है और समृद्धि से ही वह बढ़ता है ॥ १२ ॥

भावार्थ—मनुष्य दर्शेष्टि और पूर्णमास यज्ञ यथाविधि कर के पदार्थों की शुद्धि से यथावत् लाभ उठावें ॥ १२ ॥

कण्डिका १३ ॥

अग्नये पथिकृतेऽष्टाकपालं निर्वपेद्यस्य प्रज्ञातेष्टिरिति पद्यते वहिष्पथं वा एष एति यस्य प्रज्ञातेष्टिरिति पद्यते, वै अग्निर्देवानां पथिकृत्तमेव भागधेयेनोपासरत्स एवं पन्थानमपि नयत्यनङ्वा दक्षिणा स हि पन्थानमभिवह इति ॥ १३ ॥

सनि मीमाघुरभलभ० । पा० ७ । ४ । ५४ । सन् इत्यस्य इस् इत्यादेशः । आरब्धुमिच्छन् (ऋध्या) ऋद्ध्या सम्पत्त्या (ऋध्नोति) वर्धते (उदिनु) उत्+इण् गतौ—लोट्, आर्षरूपम् । उदिहि । उद्गच्छ (श्रितः) आश्रितः (मुच्यते) मुक्तो बन्धशून्यो भवति (परस्तात्) पश्चात् (सरस्वत्यै) गतिशीलायै (सरस्वते) गतिशीलाय ॥

कण्डिका १३ ॥ मार्गकर्ता अग्नि के लिये अष्टाकपाल चरु ॥

(पथिकृते अग्नये अष्टाकपालं निर्वपेत्, अस्य प्रज्ञाता इष्टिः पद्यते इति) मार्ग करने वाले अग्नि के लिये आठ पात्रों में धरे हुये [चरु] को वह पुरुष होमे, जिस की अच्छे प्रकार जानी हुई इष्टि चले [प्रचुर हो] । (एषः वै बहिष्पथम् एति यस्य प्रज्ञाता इष्टिः पद्यते इति) वह ही बाहर वाले मार्ग को पाता है जिस की अच्छी प्रकार जानी हुई इष्टि चलती है । (अग्नि वै देवानां पथिकृत्, तम् एव भागधेयेन उपासरत्) अग्नि ही देवों का मार्ग करने वाला है, उस को ही भाग दान से वह [यजमान] प्राप्त करे । (सः एनं पन्थानम् अपिनयति) वह [अग्नि] इस [यजमान] को मार्ग से ही ले चलता है । (अनङ्गा दक्षिणा) बिना अङ्गों वाली [सम्पूर्ण] दक्षिणा [प्रतिष्ठा] दक्षिणा है [? दक्षिणा के विषय में क० ५ भी देखो] । (सः हि पन्थानम् अभिवः इति) वह ही [यजमान] मार्ग को सब ओर से स्वीकार करता है ॥ १३ ॥

भावार्थ—जैसे यज्ञ में अग्नि की स्थापना मुख्य कर्म है, वैसे ही शरीर में अग्नि वा बल की स्थिति आवश्यक है ॥ १३ ॥

कण्डिका १४ ॥

अग्नये व्रतपतयेऽष्टाकपालं निर्वपेद् य आहिताग्निः सम्प्रवसेद् बहु वा एष व्रतमतिपातयति य आहिताग्निः सम्प्रवसति व्रत्येऽहनि स्त्रियं वोपैति मांसं वा अश्नात्यग्निर्वै देवानां व्रतपतिरग्निमेतस्य व्रतमगात्तस्मादेतस्य व्रतमालम्भयते ॥ १४ ॥

कण्डिका १४ ॥ व्रतपालक अग्नि के लिये अष्टाकपाल चरु, और व्रत में स्त्रीगमन और मांसभक्षण का निषेध ॥

(व्रतपतये अग्नये अष्टाकपालं निर्वपेत् यः आहिताग्निः सम्प्रवसेत्) व्रतपालक अग्नि के लिये आठ पात्रों में धरे हुये [चरु] को वह होमे, जो पुरुष

१३—(पथिकृते) मार्गकर्त्रे । मार्गदर्शकाय (प्रज्ञाता) प्रकर्षेण ज्ञाता (पद्यते) गच्छति । प्रवर्तते (आङ्ग) अङ्गैः । भागधेयेन) भागदानेन (उपासरत्) उपनच्छति । प्राप्नोति (अनङ्गा) अङ्गरहिता । सम्पूर्णा (अभिवः) अभिवृणोति । स्वीकरोति ॥

१४—(व्रतपतये) व्रतपालकाय (आहिताग्निः) यज्ञाय स्थापिताग्निः (सम्प्रवसेत्) विदेशे वासं कुर्यात् (अतिपातयति) विनाशयति (व्रत्ये) व्रत-

[यज्ञ के लिये] अग्नि स्थापित किये हुये होकर विदेश में बसे । (एषः वै बहु-व्रतम् अतिपातयति, यः आहिताग्निः सम्प्रवसति वा वृत्ये अहनि स्त्रियम् उपैति वा मांसम् अश्नाति) वह पुरुष बहुत व्रत को नष्ट कर देता है, जो अग्नि स्थापित किये हुये विदेश में बसे अथवा व्रत योग्य दिन में स्त्री के पास जावे अथवा मांस [रोचक वा उत्तजक पदार्थ] खावे । (अग्निः वै देवानां व्रतपतिः, अग्निम् एतस्य व्रतम् अगात्) अग्नि ही देवों [विद्वानों] का व्रतपालक है, अग्नि को इस [यजमान] का व्रत प्राप्त होता है । (तस्मात् एतस्य व्रतम् आल-म्भयते) इस लिये वह इस [अग्नि] के व्रत को स्पर्श करता है [स्वीकार करता है] ॥ १४ ॥

भावार्थ—विदेश में बसता हुआ भी यज्ञ करता रहे और यज्ञ के दिनों में यजमान वह कर्म न करे जिस से श्रम वा काम वा क्रोध उत्पन्न होवे ॥ १४ ॥

कण्डिका १५ ॥

अग्नये व्रतभृतेऽष्टाकपालं निर्वपेद्य आहिताग्निरार्त्तिजमश्रु कुर्य्यादानीतो वा एष देवानां य आहिताग्निस्तस्मादेतेनाश्रु न कर्त्तव्यं न हि देवा अश्रु कुर्वन्त्य-ग्निर्वै देवानां व्रतभृदग्निमेतस्य व्रतमगात्तस्मादेतस्य व्रतमालम्भयते ॥ १५ ॥

कण्डिका १५ ॥ व्रतपोषक अग्नि के लिये अष्टाकपाल चरु ॥

(व्रतभृते अग्नये अष्टाकपालं निर्वपेत् यः आहिताग्निः आर्तिजम् अश्रु कुर्यात्) व्रतपोषक अग्नि के लिये आठ कपालों में धरे हुये [चरु] को वह पुरुष होमे, जो अग्नि स्थापित किये हुये होकर पीड़ा से उत्पन्न आंसु को बहावे । (एषः वै देवानाम् आनीतः यः आहिताग्निः) वह पुरुष ही देवों [विद्वानों] का लाया हुआ है जो अग्नि स्थापित किये हुये है । (तस्मात् एतेन अश्रु न कर्तव्यं हि देवाः अश्रु न कुर्वन्ति) इस लिये यह [यजमान] आंसु न बहावे, क्योंकि

योग्ये (मांसम्) मनेर्दीर्घश्च । उ० ३ । ६४ । मन ज्ञाने—सप्रत्ययो दीर्घश्च । मांस माननं वा मानसं वा मनोऽस्मिन्त्सीदतीति वा—निरु० ४ । ३ । रोचकं समुत्तेजकं वा पदार्थम् (अश्नाति) भक्षति (अगात्) इण् गतौ—लुङ् । गच्छति । प्राप्नोति (आलम्भयते) स्पृशति । स्वीकरोति ॥

१५—(व्रतभृते) व्रतपोषकाय (आर्तिजम्) पीडाजनितम् (अश्रु) जश्वादयश्च । उ० ४ । १०२ । अशू व्याप्तौ—रु प्रत्ययः । अश्नुते व्याप्नोति नेत्र-मदृश्नाय । नेत्रजलम् ॥

देवता लोग आंसु नहीं बहाते हैं। (अग्निः वै देवानां व्रतभृत्, अग्निम् एतस्य व्रतम् अगात्) अग्नि ही देवों [विद्वानों] का व्रतपोषक है, अग्नि को इस [यजमान] का व्रत प्राप्त होता है। (तस्मात् एतस्य व्रतम् आलभ्यते) इस लिये वह इस [अग्नि] के व्रत को स्पर्श करता है [स्वीकार करता है] ॥ १५ ॥

भावार्थ—महाकष्ट होने पर भी मनुष्य यज्ञ करता रहे ॥ १५ ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका का मिलान करो —ऐ० रेय ब्राह्मण। ७। ८ ॥

कण्डिका १६ ॥

ऐन्द्राग्नमुत्स्न [मुस्र] मनुसृष्टमालभेत यस्य पिता पितामहः सोमं न पिबेदिन्द्रियेण वा एष वीर्य्येण व्यध्यते यस्य पिता पितामहः सोमं न पिबति, यदैन्द्रं इन्द्र इन्द्रियेणैवैनं तद्वीर्य्येण समर्द्धयति देवताभिर्वा एष वीर्य्येण व्यध्यते यस्य पिता पितामहः सोमं न पिबति, यदाग्नेयोऽग्निर्वै सर्वा देवताः सर्वाभिरेवैनन्तद् देवताभिः समर्द्धयत्यनुसृष्टो भवत्यनुसृष्ट इव ह्येतस्य सोमपीथो यस्य पिता पितामह सोमं न पिबति तस्मादेष एवंतस्या देवतायाः पशूनां समृद्धः ॥ १६ ॥

कण्डिका १६ ॥ जिसके पिता पितामह ने सोमपान नहीं किया, वह सोमयाग करे ॥

(ऐन्द्राग्नम् अनुसृष्टम् उत्स्नम् [उस्रम्] आलभेत् यस्य पिता पितामहः सोमं न पिबेत्) इन्द्र और अग्नि देवता वाले [बिजुली और अग्नि के स्वभाव वाले], छुटे हुये बैल को वह [यजमान] छूये, जिस का पिता और पितामह सोमरस न पीवे। (इन्द्रियेण वीर्येण वै एषः व्यध्यते, यस्य पिता पितामहः सोमं न पिबति) इन्द्रिय [ऐश्वर्य] से और वीर्य [वीरत्व] से निश्चय करके वह नष्ट होता है, जिस का पिता [वा] पितामह सोमरस नहीं पीता है। (यत् तत् इन्द्रः ऐन्द्रम् एनम् इन्द्रियेण वीर्येण समर्धयति) क्योंकि उस से इन्द्र [परमेश्वर] इन्द्र देवता वाले इस [यजमान] को इन्द्रपन और वीरत्व के साथ बढ़ाता है। (देवताभिः वै एषः वीर्येण व्यध्यते, यस्य पिता पितामहः सोमं न पिबति) देवताओं करके अवश्य यह [यजमान] वीर्य से नष्ट किया जाता है जिस का पिता [वा] पितामह सोमरस नहीं पीता है।

१६—(उत्स्नम्) अस्य स्थाने उस्रम् इति पदम् अनुभूयते। स्फायितञ्चिवञ्चि० । उ० २। १३। वस निवासे आच्छादने च—रक्। उस्रम्। वृषभम्

(यत् तत् अग्निः वै सर्वाः देवताः आग्नेयः एनं सर्वाभिः देवताभिः समर्धयति) क्योंकि उस से अग्नि [परमेश्वर] सब देवताओं रूप हो करके अग्नि देवता वाले इस [यजमान] को बढ़ाता है । (अनुसृष्टः भवति, अनुसृष्टः इव हि एतस्य सोमपीथः यस्य पिता पितामहः सोमं न पिबति) वह [यजमान श्रेष्ठों करके] छोड़ा गया होता है और उस [यजमान] का सोमपान यज्ञ भी [श्रेष्ठों करके] छोड़ा गया अवश्य होता है जिस के पिता [वा] पितामह [दादा] सोमरस नहीं पीता है । (तस्मात् एषः एव तस्याः देवतायाः पशूनां समृद्धः) इस लिये यह [यजमान] उस देवता के पशुओं [जीवों] में समृद्ध होता है ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग उस मनुष्य का आदर करते हैं, जो सोमपान कराकर अपने बड़े बूढ़ों को तृप्त करता है ॥ १६ ॥

कण्डिका १७ ॥

देवा वा ओषधीषु पक्वास्वजिमयुः स इन्द्रो वेदाग्निर्वा वेमाः प्रथम उज्जेष्यतीति सोऽब्रवीद्यतरो नौ पूर्व उज्जयात्तं नौ सहेति ता अग्निरुदजयत्तदिन्द्रो नोदजयत स एष ऐन्द्राग्नः सन्नाग्नेन्द्र एका वै तर्हि यवस्य श्रुष्टिरासीदेका व्रीहेरेका माषस्यैका तिलस्य तद्विश्वेदेवा अब्रुवन् वयं वा एतत् प्रथयिष्यामो भागो नोऽस्त्विति तद्भूम एव वैश्वदेवोऽथो प्रथयत्येतेनैव पयसि स्याद्वैश्वदेवत्वाय वैश्वदेवं ह पयोऽथेमे अब्रूतां नवा ऋत आवाभ्यामेवैतद्यूयं प्रथयत मयि प्रतिष्ठितमसौ दृष्ट्या पचति नैतदितोऽभ्युज्जेष्यतीति भागो नावस्त्विति ताभ्यां वा एष भागः क्रियत उज्जित्या एवाथो प्रतिष्ठित्या एव ये द्यावापृथिवीयाः सौमीर्वा ओषधी सोम ओषधीनामधिराजो याश्च ग्राम्या याश्चारण्यास्तासामेष उद्धारो यच्छ्यामाको यच्छ्यामाकः सौम्यस्तमेव भागिनं कृणुते यदकृत्वाऽऽग्रयणं नवस्याश्नीयाद् देवानां भागं प्रतिकृतमद्यात्संवत्सराद्वा एतदधिप्रजायते यदाग्रयणं संवत्सरं वै ब्रह्मा तस्माद् ब्रह्मा पुरस्ताद्धोमस्तिष्ठतहोमेनावापेतैमहायनो दक्षिणा स हि संवत्सरस्य प्रतिष्ठा रेत एव ह्येषो प्रजातः प्रजात्यै ॥ १७ ॥

(व्यथ्यते) ताड्यते । छिद्यते (आग्नेयः) आग्नेयम् । अग्निदेवताकम् (अनुसृष्टः) निर्मुक्तः (सोमपीथः) निशीथगोपीथावगथाः । उ० २ । ६ । सोम+पा पाने—थक् । सोमपानम् ॥

कण्डिका १७ ॥ ओषधियों [अन्न आदि पदार्थों] के पकने पर इन्द्र—अग्नि, विश्वे देवा, और सोम के लिये चरु के विषय में कथा ॥

(देवाः वै ओषधीषु पक्वासु अजिमयुः) प्रसिद्ध है देवता ओषधियों के पकने पर जीमते हैं । (सः वेद इन्द्रः वा अग्निः वा इमाः प्रथमः उज्जेष्यति इति) वह [यजमान] जाने—कि इन्द्र अथवा अग्नि इन [ओषधियों] को पहिले जीतेगा । (सः अब्रवीत् यतरः नौ पूर्वः उज्जयात् तं नौ सह इति) वह [इन्द्र वा अग्नि] बोला—जो कोई हम दोनों में से पहिले जीते, उस को हम दोनों में से [हे इन्द्र वा अग्नि] तू सह । (ताः अग्निः उज्जयत् तस् इन्द्रः न उदजयत) उन [ओषधियों] को अग्नि ने जीता, उन को इन्द्र ने जीता । (सः एषः ऐन्द्राग्नः सन् आग्नेयः) सो यह [चरु] इन्द्र—अग्नि का होता हुआ अग्नि और इन्द्र का है । (तर्हि वै एका भुष्टिः अवस्य आसीत्, एका व्राहेः, एका माषस्य, एका तिलस्य) तब ही जौ का एक विभाग होता है, एक चावल का, एक उरद का, एक तिल का । (तत् विश्वेदेवाः अब्रुवन् यथा वै एतत् प्रथयिष्यामः नः भागः अस्तु इति) तब विश्वदेवा बोले—जैसे ही इस [यज्ञकर्म] को फैलावेंगे, हमारा भाग होवे । (तत् भूमः एव वैश्वदेवः) सो विभाग चरु ही विश्वे देवा का है । (अथो एतेन एव पयसि प्रथयति, वैश्वदेवत्याय वैश्वदेवं हि पयः स्यात्) फिर इस से ही अन्न में वह [यजमान] फैलता है, विश्वदेवों के लिये विश्वदेवों वाला अन्न होवे । (अथ इमे अब्रूताम् आवाभ्याम् ऋते एतत् एव न वै) फिर यह दोनों [देवता इन्द्र और अग्नि] बोले—हम दोनों के विना यह [अन्न] नहीं होता । (यूयं प्रथयत मयि प्रतिष्ठितम् एतत् असौ वृष्ट्या न पचति, इतः अभ्युज्जेष्यति हीति, नौ भागः अस्तु इति) तुम प्रसिद्ध करते हो—मुझ में ठहरे हुये इस [अन्न] को वह [इन्द्र] वृष्टि से अब पकाता

१७—(अजिमयुः) जिम अदने—लुङ् । जेमन्ति । भक्षन्ति (सह) सहनं कुरु (भुष्टिः) भू गतौ अवणे च—क्तिन्, सुडागमश्च । प्रापणीया । आहुतिः । विभागः । भुष्टीति क्षिप्रनामाशु अश्नाति—निरु० ६ । १२ (प्रथयिष्यामः) विस्तारयिष्यामः (भूमः) हविष्युधीन्धिदसिध्याधूमृभ्यो मक् । उ० १ । १४५ । भू सत्तायां—मक् । विद्यमानपदार्थः । चरुः (पयसि) अन्ने—निघ० २ । ७ (वैश्वदेवत्वाय) विश्वेभ्यो देवेभ्यः (ऋते) विना (न) सम्प्रति—निरु० ८ ।

है, इस से वह [इन्द्र वा अग्नि] जीतेगा, इस से हम दोनों का भाग होवे। (ताभ्यां वै एषः भागः उज्जित्यै एव अथो प्रतिष्ठित्यै एव क्रियते ये द्यावापृथिवीयः) उन दोनों [इन्द्र और अग्नि] के लिये ही यह भाग जीत के लिये ही और प्रतिष्ठा के लिये ही किया जाता है, जो [भाग] सूर्य और पृथिवी वाला है। (सौमीः वै ओषधीः) सोम देवता वाली ही ओषधियां [अन्न, सोमलता आदि] हैं। (सोमः ओषधीनाम् अधिराजः याः च ग्राम्याः याः च आरण्याः) सोम ओषधियों का राजा है जो गांव में उपजने वाली और जो बन में उपजने वाली हैं। (तासाम् एषः उद्धारः यत् श्यामाकः) उन [ओषधियों] का यह उद्धार [उठाने का व्यवहार] है जो समा [अन्न विशेष का यज्ञ] है। (यत् श्यामाकः सौम्यः तम् एव भागिनं कुरुते) जो समा [छोटे कणों वाला अन्न सब ओषधियों का स्थानापन्न] सोम देवता वाला है, उस [सोम] को ही [उस समा का] भागी वह [यजमान] करता है। (यत् आग्रयणम् अकृत्वा नवस्य अश्नीयात्, देवानां प्रतिकल्पं भागम् अद्यात्) जो वह [यजमान] आग्रयण [नवे अन्न का यज्ञ] न करके नवे [अन्न] का भोजन करे, वह देवताओं के प्रत्यक्ष उपस्थित भाग को खा लेवे। (संवत्सरात् वै एतत् अधिप्रजायते यत् आग्रयणम्) संवत्सर के आरम्भ से ही यह प्रगट होता है जो आग्रयण [नवे यज्ञ का अन्न] है। (संवत्सरं वै ब्रह्मा, तस्मात् ब्रह्मा पुरस्ताद्धोमसंस्थितहोमेषु आवपेत) संवत्सर ही ब्रह्मा [बढ़ा हुआ] है, इस लिये ब्रह्मा [चारों वेद जानने वाला] पुरस्तात्—होम और संस्थित—होमों में [इन अन्नों को] होमे। (एकहायनः दक्षिणा, सः हि संवत्सरस्य प्रतिमा रेतः एव हि एषः प्रजात्यै प्रजातः) एकहायन [एक वर्ष वाला यज्ञ] दक्षिणा [नाम इष्टि] है, वह [यज्ञ] ही संवत्सर की मूर्ति है, वीर्य ही यह [यज्ञ] प्रजा की उत्पत्ति के लिये उत्पन्न हुआ है ॥ १७ ॥

३१। (ये) यः (ग्राम्याः) ग्रामाद् यखञौ। पा० ४। २। ६४। ग्राम—य। ग्रामे भवाः (आरण्याः) अरण्याण् णो वक्तव्यः। वा० पा० ४। २। १०४। अरण्य—ण। बनजाताः (उद्धारः) उत्+हृञ हरणे—घञ्। उत्थापनम् (श्यामाकः) पिनाकादयश्च। उ० ४। १५। श्यैङ् गतौ—आक, मुगागमश्च। व्रीहिभेदः (आग्रयणम्) अग्र+अयन, पृषोदरादित्वाद् ह्रस्वदीर्घौ। नवशस्येष्टिः (नवस्य) नवीनान्नम् (प्रतिकल्पम्) प्रस्तुतम् (संवत्सरम्) संवत्सरः (आवपेत) निर्वपेत्। जुहुयात् (एकहायनः) एकवर्षीयो यागः (दक्षिणा) दक्षिणानामेष्टिः (प्रतिमा) मूर्तिः (प्रजात्यै) प्रजननाय ॥

भावार्थ—मनुष्य नवीन अन्न से यज्ञ करने से अपना बल वीर्य बढ़ाते हैं ॥ १७ ॥

टिप्पणी—बल और तेज ही इन्द्र और अग्नि हैं—कण्डिका २२ ॥

कण्डिका १८ ॥

अथ हैतदप्रतिरथमिन्द्रस्य बाहू स्थविरौ वृषाणावित्येतेन ह वा इन्द्रोऽसुरानप्रत्यजयदप्रति ह भवत्येतेन यजमानो भ्रातृव्यं जयति सङ्ग्रामे जुहुयादप्रति ह भवत्येतेन ह वै भरद्वाजः प्रतर्दनं समलह्यात् स राष्ट्रमवद्यं कामयेत राष्ट्री स्यादिति तमेतेन सन्नह्योद्राष्ट्री ह भवत्येतेन ह वा इन्द्रो विराजमभ्यजयद्दशताम्वाह दशाक्षरा विराड् वैराजं वा एतेन यजमानो भ्रातृव्यं वृङ्क्ते तदु हैक एकादशानुवाहुरेकादशाक्षरा वै त्रिष्टुप् त्रैष्टुभो वज्रो वज्रेणैवतद्रक्षांस्यपसेधति दक्षिणतो वै देवानां यज्ञं रक्षांस्यजिघांसथँस्तान्यप्रतिरथेनापाघ्नत, तस्माद् ब्रह्मा अप्रतिरथञ्जपेति । यद्ब्रह्मा अप्रतिरथं जपेति, यज्ञस्याभिजित्यै रक्षसामपहत्यै रक्षसामपहत्यै ॥ १८ ॥

कण्डिका १८ ॥ अप्रतिरथ नाम सूक्त के प्रयोग की कथा ॥

[अप्रतिरथ सूक्त, युद्ध यात्रा का राग, अथर्ववेद काण्ड १९ में १३ वां सूक्त ११ मन्त्र का है, उस में युद्ध विद्या का वर्णन है ।]

(अथ ह एतत् अप्रतिरथम्-इन्द्रस्य बाहू स्थविरौ वृषाणौ इति) अब यह अप्रतिरथ सूक्त [युद्ध यात्रा का राग] है—[इन्द्रस्य बाहू···] इन्द्र [परम ऐश्वर्यवान् सेनापति] के दोनों भुजायें पुष्ट और वीर्य युक्त हों·····अथर्व० १९ । १३ । ११ । (एतेन ह वै इन्द्रः अप्रति असुरान् अजयत्) इस [सूक्त के प्रयोग] से ही इन्द्र ने बेरोक होकर वैरियों को जीता है । (एतेन यजमानः अप्रति ह भवति भ्रातृव्यं जयति) इस [युद्ध राग] से यजमान बेरोक ही होता है और वैरी को जीतता है । (सङ्ग्रामे जुहुयात्, अप्रति ह भवति) वह सङ्ग्राम में

१८—(अप्रतिरथम्) प्रतिपक्षरहितयुद्धयात्रा—इत्येतन्नामकं सूक्तम्—अथर्व० १९ । १३ । १—११ (इन्द्रस्य) परमैश्वर्यवतः सेनापतेः (बाहू) भुजौ (स्थविरौ) अजिरशिशिरशिथिल० । उ० १ । ५३ । ष्ठा गतिनिवृत्तौ—किरच् वुगागमः । स्थूलौ । पुष्टौ (वृषाणौ) वीर्ययुक्तौ (असुरान्) राक्षसान् (अप्रति) प्रतिपक्षरहितः (भरद्वाजः) भरत्—वाजः । भृञ् धारणपोषणयोः—शतृ+वज गतौ—घञ् । वाजः, अन्नम्—निघ० २ । ७ । बलम्—निघ० २ । ९ ।

यज्ञ करे [सूक्त की शिक्षा के अनुसार युद्ध करे], वह बेरोक होता है । (एतेन ह वै भरद्वाजः प्रतर्दनं समनह्यत् स राष्ट्री अभवत्) इस [सूक्त] से ही अवश्य भरद्वाज [अन्न वा बल वा विज्ञान के धारण करने वाले पुरुष इन्द्र] ने शस्त्रों को सजाया है, और वह राज्य वाला हुआ है । (यं कामयेत् राष्ट्री स्यात् इति) वह [मनुष्य] जो पदार्थ चाहे, वह राजा होवे । (तम् एतेन सन्नह्येत्, राष्ट्री ह भवति) वह [ब्रह्मा] उस [यजमान] को इस [सूक्त] से संनद्ध करे, वह राजा होवे । (एतेन ह वै इन्द्रः विराजम् अभ्यजयत्) इस से ही इन्द्र ने विविध प्रकार राज्य जीता है । (दश एतान् उ आह, दशाक्षरा विराट्, यजमानः एतेन वै वैराजं भ्रातृव्यं वृङ्क्ते) वह इन दश [मन्त्रों] को ही बोलता है, दश अक्षर वाला विराट् छन्द है, यजमान इस से ही विविध राज में उत्पन्न वैरी को रोकता है । (तत् उ ह एके एकादश अनु आहुः, एकादशाक्षरा वै त्रिष्टुप्, त्रैष्टुभः वज्रः, वज्रेण एव एतत् रक्षांसि अपसेधति) फिर कोई कोई ग्यारह ही [मन्त्र] बोलते हैं, ग्यारह अक्षर वाला त्रिष्टुप् छन्द है, त्रिष्टुप् [तीन जोड़ अर्थात् बांस, सींङ शल्य अथवा त्रिशूल] वाला वज्र है, वज्र से ही यह [इन्द्र सेनापति] राक्षसों को हटा देता है । (दक्षिणतः वै देवानां यज्ञम् रक्षांसि अजिघांसन्, तानि अप्रतिरथेन अपाघ्नत) दक्षिण ओर से [उपलक्षण से सब दिशाओं से] ही देवों के यज्ञ को राक्षस नष्ट करना चाहते हैं, उन को वह [सेनापति] अप्रतिरथ [बेरोक युद्ध यात्रा] से मार गिराता है । (तस्मात् ब्रह्मा अप्रतिरथं जपन् एति) इस लिये ब्रह्मा [चारों वेद जानने वाला] अप्रतिरथ सूक्त को जपता हुआ [विचारता हुआ] चलता है । (यत् ब्रह्मा अप्रतिरथं जपन् एति, यज्ञस्य अभिजित्यै रक्षसाम् अपहत्यै रक्षसाम् अपहत्यै) जो कि ब्रह्मा [चतुर्मुखी सेनापति] अप्रतिरथ सूक्त को जपता हुआ चलता

वाजस्य अन्नस्य बलस्य विज्ञानस्य वा धारकः (प्रतर्दनम्) शस्त्रसमूहम् (समनह्यत्) सन्नद्धवान् । सज्जितवान् (राष्ट्री) राष्ट्र—इनि । राज्यवान् (उ) अवधारणे (आह) कथयति (वैराजम्) विविधराज्ये भवम् (वृङ्क्ते) वृजी वर्जने । वर्जयति (अनु) निरन्तरम् (आहुः) कथयन्ति (त्रैष्टुभः) त्रिष्टुभ्-अण् स्वार्थे । त्रिष्टुप्, त्रिवृद् वज्रस्तस्य स्तोभतीति वा—निरु० ७ । १२ । वेणुः शृङ्गम् शल्यम् इति त्रिसान्ध्ययुक्तो वज्रः । त्रिशूलवान् (अपसेधति) अपगमयति । निवारयति (अजिघांसन्) हन हिंसागत्योः—सनि-लङ् । हन्तुं नाशयितुमैच्छन् (एति) गच्छति । प्रवर्तते (अपहत्यै) सर्वनाशाय ॥

है वह [यज्ञ] यज्ञ की पूरी जीत के लिये और राक्षसों के सर्वनाश के लिये, राक्षसों के सर्व नाश के लिये, होता है ॥ १८ ॥

भावार्थ—मनुष्य वेदविहित कर्मों को पुरुषार्थ से करके विघ्नों को हटाकर आनन्द भोगें ॥ १८ ॥

टिप्पणी—प्रतीक वाला मन्त्र अर्थ सहित लिखा जाता है—

इन्द्रस्य नु स्थविरौ बृहन्तौ विश्वा रूपा बृहतौ पारयिष्णू । तौ योचे प्रथमो योगे आगते वाज्यर्वा जितमस्माकं स्यादिति । अथ० १९ । १३ । १, भेद से साम उ० ६ । ३ । ७ ॥ (इन्द्रस्य) इन्द्र [परम ऐश्वर्यवान् पुरुष सेनापति] के (इमौ) यह दोनों (बाहू) भुजायें (स्थविरौ) पुष्ट (बृहन्तौ) वीर्ययुक्त, (विश्वा) अद्भुत (बृहतौ) श्रेष्ठ और (पारयिष्णू) पार लगने वाले होवें । (तौ) उन दोनों को (योचे) अवसर (आगते) आने पर (प्रथमः) मुखिया तू (योचे) काम में लाता है, (वाज्यर्वा) जिन दोनों से (असुराणाम्) असुरों [प्राण लेने वाले शत्रुओं] का (यत्) जो (स्वः) सुख है [वह] (जितम्) जीता जाता है । शेष मन्त्र २–१८ भाष्य में देखो ॥

कण्डिका १९ ॥

अथातश्चातुर्मास्यानां चातुर्मास्यानां प्रयोगः फाल्गुन्यां पौर्णमास्यां चातुर्मास्यानि प्रयुञ्जीत । मुखं वा एतत्संवत्सरस्य, यत् फाल्गुनी पौर्णमासी, मुखम् उत्तरे फाल्गुन्यौ, पुच्छं पूर्वे, तद्यथाप्रवृत्तस्यान्तौ समेतौ स्याताम्, एवमेवैतत् संवत्सरस्यान्तौ समेतौ भवतः । तद्यत् फाल्गुन्यां पौर्णमास्यां चातुर्मास्यैर्यजते, मुखत एवैनं संवत्सरं प्रयुङ्क्ते । अथो वैश्वदेव्यर्चा वा एते, यच्चातुर्मास्यानि । तस्माच्चतुर्ष्वृतुष्वृतुसन्धिषु वै व्याधिर्जायते । तान्येतान्यष्टौ हवींषि भवन्ति, अष्टौ वै ऋतवः पौर्णमासी हवींषि ऋतवः खलु वै पौर्णमासीं वैश्वदेवं समानाः । अथ यदग्निं मन्थन्ति, प्रजापतिर्वै वैश्वदेवं प्रजात्या एव । अथैनं दैवं गर्भं प्रजनयति । अथ यत् सतदश सामिधेन्यः, सतदशो वै प्रजापतिः, प्रजापतेरवरुद्ध्यै । अथ यत् सङ्ग्रहणावाज्यभागावभिघारयति वै सङ्ग्रहौ भवतः । अथ यद्विरूपौ संयाज्ये, अन्नं वा आविरूपाट्, अन्नाद्यस्य स्थित्यवरुद्ध्यै । अथ यत्रव प्रयाजा नवानुयाजा अष्टौ हवींषि वाजिनमेवं, तद्यत्रीयां विराजमाप्नोति । अथो आहुर्दशमीं विराजमिति प्रयाजानुयाजा हवींष्याघारावाज्यभागाविति ॥ १९ ॥

कण्डिका १९ ॥ चातुर्मास यज्ञ फाल्गुनी पूर्णमासी से करने होते हैं ॥

(अथ अतः चातुर्मास्यानां चातुर्मास्यानां प्रयोगः) अब यहां से चार महीनों में होने वाले चातुर्मास्य यज्ञों का प्रयोग है । (फाल्गुन्यां पौर्णमास्यां चातुर्मास्यानि प्रयुञ्जीत) फाल्गुन महीने की पूर्णमासी पर चातुर्मास्य यज्ञों का प्रयोग [अनुष्ठान] करे । (एतत् वै संवत्सरस्य मुखं यत् फाल्गुनी पूर्णमासी) यह ही संवत्सर [वर्ष] का मुख [आरम्भ] है, जो फाल्गुनी पूर्णमासी है । (उत्तरे फल्गुन्यौ मुखं, पूर्वे पुच्छम्) पिछली दोनों फल्गुनी [अश्विना आदि नक्षत्रों में बारहवां नक्षत्र जिस के उत्तर-दक्षिण और उत्तर में दो तारे हैं] मुख और पहिले दोनों [फल्गुनी अर्थात् अश्विनी आदि नक्षत्रों में दो तारों वाला ग्यारहवां नक्षत्र] पूंछ है । (तत् यथा प्रवृत्तस्य अन्तौ समेतौ स्याताम् एवम् एव एतत् संवत्सरस्य अन्तौ समेतौ भवतः) सो जैसे घूमते हुये पदार्थ के दोनों अन्त [अर्थात् अन्त और आदि] मिले हुये हों, वैसे ही इस संवत्सर के दोनों अन्त मिले होते हैं । (तत् यत् फाल्गुन्यां पौर्णमास्यां चातुर्मास्यैर्यजते, मुखतः एव एतत् सम्वत्सरं प्रयुङ्क्ते) सो जो फाल्गुनी पूर्णमासी पर चातुर्मास्यों से यज्ञ करता है, आरम्भ से ही वह संवत्सर का प्रयोग करता है । (अथो एते वै भैषज्ययज्ञाः, यत् चातुर्मास्यानि) फिर यह ही ओषधियज्ञ हैं, जो चातुर्मास्य यज्ञ हैं । (तस्मात् ऋतुसन्धिषु प्रयुज्यन्ते, ऋतुसन्धिषु वै व्याधिः जायते) इस लिये ऋतुओं के मेल पर उन का प्रयोग होता है, ऋतुओं के मेल पर ही राग होता है ।

(तानि एतानि अष्टौ हवींषि भवन्ति, अष्टौ वै चतसृणां पौर्णमासीनां हवींषि भवन्ति, चतसृणां च पौर्णमासीनां वैश्वदेवं समासः) सो यह आठ

१९—(चातुर्मास्यानाम्) चतुर्मासेषु भवानाम् (मुखम्) आरम्भः (समेतौ) सम+आ+इण् गतौ–क । समागतौ । संगतौ (ऋतुसन्धिषु) ऋतूनां संगमेषु (व्याधिः) रोगः (वैश्वदेवम्) विश्वेषां देवानां हविः (समासः) सम्+अस् क्षेपणे—घञ् । समाहारः । संग्रहः (मन्थन्ति) मन्थ विलोडने । विलोडयन्ति (प्रजात्यै) सन्तानोत्पादनाय (दैवम्) दिव्यम् । मनोहरम् (सामिधेन्यः) समिधामाधाने षेण्यण् । वा० पा० ४ । ३ । १२० । समिध्—षेण्यण्, ङीप् । अग्निसमिन्धनमन्त्राः । धाय्याः (सप्तदशः) सप्तदशावयवयुक्तः (प्रजापतिः) संवत्सरः (आप्त्यै) पर्य्याप्त्यै । तृप्तये (सङ्क्रन्तौ) श्रेष्ठपदार्थयुक्तौ (असिसन्ति)

हवि होते हैं, आठ ही चारो पूर्णमासी के हवि होते हैं, चारो ही पूर्णमासी का वैश्वदेव हवि संग्रह है । (अथ यत् अग्निं मन्थन्ति, प्रजापतिः वै वैश्वदेवं प्रजात्यै एव) फिर जो अग्नि को मथते हैं, प्रजापति [नाम वाला सूर्य वा संवत्सर का यज्ञ] ही वैश्वदेव [सब देवताओं का हवि] सन्तान उत्पत्ति के लिये ही है । (अथ एनं दैवं गर्भं प्रजनयति) फिर [यजमान] के लिये दिव्य गर्भ वह [प्रजापति] उत्पन्न करता है । (अथ यत् सप्तदश सामिधेन्यः, सप्तदशः वै प्रजापतिः, प्रजापतेः आप्त्यै) फिर जो सत्रह सामिधेनी [अग्नि प्रज्वलन मन्त्र] हैं, सत्रह अवयव वाला [बारह महीने और पांच ऋतुयें जिस में हैं, हेमन्त शिशिर का मेल है – ऐतरेय ब्राह्मण १ । १ ।] ही प्रजापति [संवत्सर] है, प्रजापति के तृप्ति के यह है । (अथ यत् सद्धन्तौ आज्यभागौ अभिसन्ति इति वै सद्धन्तौ भवतः) फिर जो श्रेष्ठ पदार्थ वाले दो आज्य भाग हवि को डालते हैं, वे ही दोनों श्रेष्ठ पदार्थ होते हैं । (अथ यत् विराजौ संयाज्ये, अन्नं श्रीः वै विराट्, अन्नाद्यस्य श्रियः अवरुध्यै) फिर जो दो विराट छन्द संयाज्य [ऋचायें] हैं, अन्न और श्री [लक्ष्मी वा शोभा] ही विराट है, भोजन योग्य अन्न और श्री की रक्षा के लिये यह है । (अथ यत् नव प्रयाजाः नव अनुयाजाः अष्टौ हवींषि नवमं वाजिनं, तत् न अक्षरीयां विराजम् आप्नोति) फिर जो नौ प्रयाज, नौ अनुयाज, आठ हवि और नवां वाजिन हवि है, उस से अब अक्षयनाशिनी विराट् [अन्न और लक्ष्मी] वह पाता है । (अथो दशनीं विराजम् आहुः इति प्रयाजानुयाजा हवींषि आधारौ आज्यभागौ इति) फिर दश अक्षर वाले विराट् को कहते हैं, प्रयाज अनुयाजों हविओं और दोनों आधारावाज्य आहुतियों को [देते हैं] ॥ १६ ॥

भावार्थ—फाल्गुन की पूर्णमासी पर वर्ष का आरम्भ और अन्त होता है, इस से चातुर्मास्य यज्ञ फालगुनी पूर्णमासी पर आरम्भ और समाप्त होता है ॥ १६ ॥

आर्षप्रयोगः । असु क्षेपणे–स्वार्थे सन् । असिसियन्ति । अस्यन्ति (अवरुध्यै) अव+रुधिर् आवरणे—क्तिन्, दलोपः । अवरुद्ध्यै । रक्षायै (वाजिनम्) महेरिनण् । उ० २ । ५६ । वज गतौ—इनण् । हविर्विशेषः (न) सम्प्रति—निरु० ७ । ३१ । (अक्षरीयाम्) अक्षर–छ । नाशशून्याम् (विराजम्) विविधैश्वर्यम् (दशनीम्) लेखकप्रमादः । दशमीम् दशाक्षराम् ॥

कण्डिका २० ॥

अथ यदग्नीषोमौ प्रथमं देवतानां यजति, अग्नीषोमौ वै देवानां मुखं, मुखत एव तत् देवान् प्रीणाति । १, २ । अथ यत् सवितारं यजति, असौ वै सविता, योऽसौ तपति, एतमेव तेन प्रीणाति । ३ । अथ यत् सरस्वतीं यजति, वाग् वै सरस्वती, वाचमेव तेन प्रीणाति । ४ । अथ यत् पूषणं यजति, असौ वै पूषा, योऽसौ तपति, एतमेव तेन प्रीणाति । ५ ॥ अथ यन्मरुतः स्वतवसो यजति, धारा वै मरुतः स्वतवसः, तानेव तेन प्रीणाति । ६ । अथ यद्विश्वान् देवान् यजति, एते वै विश्वे देवाः, यत् सर्वे देवाः, तानेव तेन प्रीणाति । ७ । अथ यद् द्यावापृथिव्यौ यजति, प्रतिष्ठे वै द्यावापृथिव्यौ, प्रतिष्ठित्या एव । ८ । अथ यद्वाजिनो यजति, पशवो वै वाजिनः, पशूनेव तेन प्रीणाति । ९ । अथो ऋतवो वै वाजिनः, ऋतूनेव तेन प्रीणाति । १० । अथो छर्दांसि वै वाजिनः, छर्दांस्येव तेन प्रीणाति । ११ । अथो देवाश्वा वै वाजिनः, अत्र देवाः साक्षा अभीष्टाः प्रीता भवन्ति । १२ । अथ यत्परस्तात् पौर्णमासेन यजते, तथा हास्य पूर्वपक्षे वैश्वदेवेनेष्टं भवति । १३, १४ ॥ २० ॥

कण्डिका २० ॥ अग्नि और सोम के साथ दूसरे देवताओं के यज्ञ ॥

(अथ यत् अग्निषोमौ देवानां प्रथमं यजति, अग्निषोमौ वै देवानां मुखं, मुखतः एव तत् देवान् प्रीणाति) फिर जो अग्नि [तेज—क० २२] और सोम [ओषधियों के अधिराज—क० १७] के लिये देवताओं में पहिले वह यज्ञ करता है दोनों अग्नि और सोम ही देवताओं के मुख [के समान मुखिया] हैं, मुख से ही तब देवताओं को प्रसन्न करता है । १, २ । (अथ यत् सवितारं यजति असौ वै सविता, यः असौ तपति, एतम् एव तेन प्रीणाति) फिर जब सविता [प्रेरक सूर्य] के लिये यज्ञ करता है, वह ही सविता है, जो वह तपाता [प्रेरणा करता] है, इस को ही उस से वह तृप्त करता है । ३ । (अथ यत् सरस्वतीं यजति, वाक् वै सरस्वती, वाचम् एव तेन प्रीणाति) फिर जब सरस्वती के लिये यज्ञ करता है, वाणी ही सरस्वती [श्रेष्ठ विद्या वाली] है, वाणी को ही उस से वह तृप्त करता है । ४ । (अथ यत् पूषणं यजति, असौ वै पूषा यः असौ तपति, एतम् एव तेन प्रीणाति) फिर जब पूषा [पोषक सूर्य] के लिये यज्ञ करता है, वह

२०—(अग्निषोमौ) अग्निं च सोमं च । अग्निस्तेजः क० २२ । सोम ओषधीनाम् अधिराजः—क० १७ (प्रीणाति) तर्पयति (सवितारम्) प्रेरकं

ही पूषा है, जो वह तपाता है, इस को ही उस से वह तृप्त करता है । ५ । (अथ यत् स्वतवसः मरुतः यजति, घोराः वै स्वतवसः मरुतः तान् एव तेन प्रीणाति) फिर जब आत्मबलधारी मरुतों [दोषनाशक पवनों वा दुष्टनाशक वीरों] के लिये वह यज्ञ करता है, भयानक ही आत्मबलधारी मरुत देवता हैं, उन को ही उस से वह तृप्त करता है । ६ । (अथ यत् विश्वान् देवान् यजति, एते वै विश्वे देवाः, यत् सर्वे देवाः तान् एव तेन प्रीणाति) फिर जब विश्वदेवों के लिये वह यज्ञ करता है, यह ही विश्व देव हैं जो सब दिव्य पदार्थ हैं, उन को ही वह तृप्त करता है । ७ । (अथ यत् द्यावापृथिव्यौ यजति, प्रतिष्ठे वै द्यावापृथिव्यौ, प्रतिष्ठित्यै एव) फिर जब दोनों द्यावापृथिवी [प्रकाशमान और अप्रकाशमान लोकों] के लिये यज्ञ करता है, प्रतिष्ठा [गौरव रूप] ही द्यावापृथिवी है, प्रतिष्ठा के लिये ही [उन दोनों को उस से वह तृप्त करता है । ८ । (अथ यत् वाजिनः यजति, पशवः वै वाजिनः, पशून् एव तेन प्रीणाति) फिर जब वाजियों [अन्न वालों वा बलवालों] के लिये यज्ञ करता है, पशु ही अन्न वाले वा बल वाले हैं, पशुओं को ही उस से वह तृप्त करता है । ९ । (अथो ऋतवः वै वाजिनः ऋतून् एव तेन प्रीणाति) फिर ऋतुयें ही अन्न वाले वा बल वाले हैं, ऋतुओं को ही वह तृप्त करता है । १० । (अथो छन्दांसि वै वाजिनः, छन्दांसि एव तेन प्रीणाति) फिर छन्द [वेद मन्त्र] ही अन्न वाले वा बल वाले हैं, वेद मन्त्रों को ही उस से वह तृप्त करता है । ११ । (अथो देवाश्वाः वै वाजिनः, अत्र साश्वाः देवाः अभीष्टाः प्रीताः भवन्ति) फिर देव [विजय चाहने वाले वीर] और घोड़े ही अन्न वाले वा बल वाले हैं, यहां घोड़ों सहित देव [विजय चाहने वाले पुरुष बड़े चाहने योग्य और प्रिय हैं । १२ । (अथ यत् परस्तात् पौर्णमासेन यजते, तथा ह अस्य पूर्वपक्षे वैश्वदेवेन इष्टं भवति) फिर जब पीछे से पौर्णमास यज्ञ के साथ वह यज्ञ करता है, उसी प्रकार ही उस का पहिले

सूर्यम् (तपति) तापयति (पूषणम्) पोषकं सूर्यम् (मरुतः) मृङोरुतिः । उ० १ । ९४ । मृङ् प्राणत्यागे—उति । अन्तर्गतणिच् । मारयन्ति दोषान् । दोषनाशकान् वायून् । दुष्टनाशकान् वीरान् (स्वतवसः) स्व+तु हिंसायां पूर्तौ च—असुन् । आत्मबलधारकान् (घोराः) भयानकाः (द्यावापृथिव्यौ) प्रकाशमानाप्रकाशमानलोकौ (प्रतिष्ठे) गौरवरूपे (प्रतिष्ठित्यै) गौरवाय (वाजिनः) अन्नयुक्तान् । बलयुक्तान् (छन्दांसि) वेदमन्त्राः (देवाश्वाः) देवाश्च अश्वाश्च (अभीष्टाः) वाञ्छिताः (परस्तात्) पश्चात् । (पूर्वपक्षे) पूर्वार्धमासे ॥

पखवाड़े में वैश्वदेव [सब देवताओं के लिये यज्ञ] से यज्ञ होता है । १३ । १४ ॥ २० ॥

भावार्थ—यज्ञ में देवताओं को आहुति देकर उन के गुणों को यथावत् जानना चाहिए ॥ २० ॥

कण्डिका २१ ॥

वैश्वदेवेन वै प्रजापतिः प्रजा असृजत, ताः सृष्टा अप्रसूता वरुणस्य यवां जक्षुः । ताः वरुणो वरुणपाशैः प्रत्यबध्नात्, ताः प्रजाः प्रजापतिं पितरमेत्योपावदन्, उप तं यज्ञक्रतुं जानीहि, येनेष्ट्वा वरुणमप्रीणात् । स प्रीतो वरुणो वरुणपाशेभ्यः सर्वस्मात्पाप्मनः सम्प्रमुच्यन्त इति । तत एतं प्रजापतिं यज्ञक्रतुमपश्यत्, वरुणप्रघासं तमाहरत् तेनायजत, तेनेष्ट्वा वरुणमप्रीणात् । स प्रीतो वरुणो वरुणपाशेभ्यः सर्वस्मात्पाप्मनः प्रजाः प्रामुञ्चत् । प्र ह वा एतस्य प्रजा वरुणपाशेभ्यः सर्वस्माच्च पाप्मनो मुच्यन्ते । य एवं वेद । अथ यदग्नि प्रणयन्ति, यमेवामुं वैश्वदेवे मन्थन्ति तमेव तत् प्रणयन्ति । यन्मथ्यते, तस्योक्तं ब्राह्मणम् । अथ यत् सप्तदश सामिधेन्यः, सद्यन्तावाज्यभागौ, विराजौ संयाज्ये, तेषामुक्तं ब्राह्मणम् । अथ यन्नव प्रायाजाः नवानुयाजाः, नवैतानि हवींषि समानानि त्वेव पञ्च सञ्चराणि हवींषि भवन्ति पौष्णान्तानि, तेषामुक्तं ब्राह्मणम् ॥ २१ ॥

कण्डिका २१ ॥ प्रजापति के प्रजायें उत्पन्न करने और वरुण को प्रसन्न करने की कथा ॥

(वैश्वदेवेन वै प्रजापतिः प्रजाः असृजत ताः सृष्टाः अप्रसूताः वरुणस्य यवान् जक्षुः) वैश्वदेव [सब देवताओं के यज्ञ] से ही प्रजापति [प्रजापालक परमेश्वर वा सूर्य] ने प्रजाओं को उत्पन्न किया, उन उत्पन्न हुई ने सन्तानशून्य [बांझ) होकर वरुण [सूर्य वा जलेश] के जौओं को खा लिया । (ताः वरुणः वरुणपाशैः प्रत्यबध्नात्) उन को वरुण ने वरुण [रोक] के जालों से बांध लिया । (ताः प्रजाः प्रजापतिं पितरम् एत्य उपावदन्) वे प्रजायें प्रजापति पिता के पास आकर कहने लगीं—(तं यज्ञक्रतुम् उप जानीहि येन इष्ट्वा वरुणम् अप्रीणात्) उस यज्ञ व्यवहार को तू विचार, जिस से यज्ञ कर के वरुण को आप प्रसन्न करें । (सः वरुणः प्रीतः वरुणपाशेभ्यः सर्वस्मात् पाप्मनः सम्प्रमुच्यन्ते इति)

२१—(असृजत) उत्पादितवान् (अप्रसूताः) सन्तानशून्याः । बन्ध्याः (यवान्) अन्नविशेषान् (जक्षुः) अद भक्षणे—लिट् । भक्षितवन्त्यः (वरुणः)

वह वरुण प्रसन्न होकर वरुण के जालों से और सब पाप से [हमें] छुड़ा देवे। (ततः प्रजापतिम् एतं यज्ञक्रतुम् अपश्यत्) तब प्रजापति ने इस यज्ञ व्यवहार को देखा। (तं वरुणप्रघासम् आहरत्, तेन अयजत, तेन इष्ट्वा वरुणम् अप्रीणात्) वह वरुण के लिये उस अन्न को लाया और उस से यज्ञ किया और उस से यज्ञ कर के वरुण को प्रसन्न किया। (सः वरुणः प्रीतः वरुणपाशेभ्यः सर्वस्मात् पाप्मनः प्रजाः प्रामुञ्चत्) उस वरुण ने प्रसन्न होकर वरुण के फन्दों से और सब पाप से प्रजाओं को मुक्त कर दिया। (एतस्य ह वै प्रजाः वरुणपाशेभ्यः सर्वस्मात् पाप्मनः च प्रमुच्यन्ते, यः एवं वेद) उस पुरुष की प्रजायें वरुण के फन्दों से और सब पाप से छुट जाती हैं, जो ऐसा जानता है। (अथ यत् अग्निं प्रणयन्ति, यम् एव अमुं वैश्वदेवे मन्थन्ति, तम् एव तत् प्रणयन्ति) फिर जब अग्नि को आगे लाते हैं, जिस उस [अग्नि] को ही वैश्वदेव यज्ञ में मथते हैं, उस को ही उस से आगे लाते हैं। (यत् मथ्यते, तस्य ब्राह्मणम् उक्तम्) जो वह [अग्नि] मथा जाता है, उस का ब्राह्मण कहा गया है [क० १६]। (अथ यत् सप्तदश सामिधेन्यः, सप्तन्तौ आज्यभागौ, विराजो संयाज्ये, तेषां ब्राह्मणम् उक्तम्) फिर जब सत्रह सामिधेनी [अग्नि प्रज्वलित करने की ऋचायें], श्रेष्ठ पदार्थों वाले दो आज्यभाग, दो विराट् छन्द, संयाज्या [नाम ऋचायें] हैं, उन का ब्राह्मण कहा गया है [क० १६]। (अथ यत् नव प्रयाजाः, नव अनुयाजाः, नव अनुयाजाः, नव एतानि हवींषि समानानि तु एवं, पंच सञ्चराणि पौष्णान्तानि हवींषि भवन्ति, तेषां ब्राह्मणम् उक्तम्) फिर जो नौ प्रयाज, नौ अनुयाज, और नौ यह समान हवि भी और पांच संचार हवि पूषा प्रकरण के अन्त तक है, उन का ब्राह्मण कहा गया है [क० २०] ॥ २१ ॥

भावार्थ—यज्ञों को यथाविधि करने से मनुष्य पापों से छूटते हैं ॥ २१ ॥

कण्डिका २२ ॥

अथ यदैन्द्राग्नो द्वादशकपाला भवति, बलं वै तेज इन्द्राग्नी, बलमेव तत्ते-

---

जलेशः। सूर्यः (उपावदन्) आदरेणाकथयन् (यज्ञक्रतुम्) यज्ञव्यवहारम् (उपजानीहि) विचारय (अप्रीणात्) प्रीणीयात् (सम्प्रमुच्यन्ते) सम्प्रमुञ्चतु (प्रजापतिम्) प्रजापतिः (वरुणप्रघासम्) वरुणाय भोजनम् (एतस्य) तस्य पुरुषस्य (प्रणयन्ति) प्रकर्षेण प्राप्नुवन्ति (समानानि) तुल्यानि (सञ्चराणि) संचरणशीलानि (पौष्णान्तानि) पूषन्—अण्+अन्तानि। पूषप्रकरणान्तानि ॥

जसि प्रतिष्ठापयति । अथ यद्वारुण्यामिक्षा, इन्द्रो वै वरुणः, स उ वै पयोभाजनः, तस्माद् वारुण्यामिक्षा । अथ यन्मारुती पयस्या, अप्सु वै मरुतः श्रितः, आपो हि पयः । अथेन्द्रस्या वै मरुतः श्रितः, ऐन्द्रं पयः, तस्मान्मारुती पयस्या । अथ यत् काय एककपालः, प्रजापतिर्वै कः, प्रजापतेराप्त्यै । अथो सुखस्य वा एतन्नामधेयं कमिति, सुखमेव तदध्यात्मन्धत्ते । अथ यत् मिथुनौ गावौ ददाति, प्रजात्यै; रूपमुकथ्या वाजिनः । अथ यदप्सु वरुणं यजति, स्व एवैनन्तदायतने प्रीणाति । अथ यत्परस्तात् पौर्णमासेन यजते, तथा हास्य पूर्वपक्षे वरुणप्रघासैरिष्टं भवति ॥ २२ ॥

कण्डिका २२ ॥ इन्द्र—अग्नि, वरुण आदि के लिये हवि ॥

(अथ यत् ऐन्द्राग्नः द्वादशकपालः भवति, बलं तेजः वै इन्द्राग्नी, बलम् एव तत् तेजसि प्रतिष्ठापयति) फिर जब इन्द्र—अग्नि देवता वाला बारह पात्र में रक्खा हुआ चरु होता है, बल और तेज ही दोनों इन्द्र और अग्नि हैं, बल को ही उस से तेज में स्थापित करता है । (अथ यत् वारुणी आमिक्षा, इन्द्रः वै वरुणः सः उ वै पयोभाजनः, तस्मात् वारुणी आमिक्षा) फिर जब वारुणी [वरुण वा जल वाली ऋचा] आमिक्षा [सेचन समर्थ वा छाछ] है, इन्द्र ही वरुण है, वह ही जल बांटने वाला है, इस लिये वारुणी [वरुण देवता वाली ऋचा] आमिक्षा [सेचन समर्थ] है । (अथ यत् मारुती पयस्या, अप्सु वै मरुतः श्रितः आपः वै पयः) फिर जब मारुती [मरुत् अर्थात् पवन देवता वाली ऋचा] पयस्या [जल वाली वा दधि वाली] है, "आप्" अर्थात् जल में ही पवन देवता ठहरे हैं, आप् ही जल है । (अथ इन्द्रस्य वै मरुतः आ श्रितः, ऐन्द्रं पयः, तस्मात् मारुती पयस्या) फिर इन्द्र के ही आश्रित मरुत [पवन देवता] हैं, इन्द्र देवता वाला जल है, इस लिये मारुती [अर्थात् पवन देवता वाली ऋचा] पयस्या [जल वाली वा दधि वाली] है । (अथ यत् कायः एककपालः प्रजापतिः वै कः प्रजापतेः आप्त्यै) फिर जब "काय" अर्थात् प्रजापति देवता वाला एक पात्र में रक्खा हुआ चरु होता है, प्रजापति ही "क" है, प्रजापति की प्राप्ति के लिये यह [चरु] है । (अथो सुखस्य वै कम् इति एतत् नामधेयं, सुखम् एव तत् अध्यात्मं धत्ते) फिर सुख का ही "क" यह नाम

२२—(द्वादशकपालः) द्वादशकपालेषु संस्कृतः पुरोडाशः (प्रतिष्ठापयति) धारयति (वारुणी) वरुण—अण् ङीप् । वरुणस्येयम् ऋचा । जलसम्बन्धिनी (आमिक्षा) स्नुघ्रश्चि० । उ० ३ । ६६ । आ+मिष सेचने हिंसायां च—स,

है, सुख को ही उस से आत्मा में धारण करता है । (अथ यत् मिथुनौ गावौ ददाति, प्रजात्यै, उक्थ्या वाजिनः रूपम्) फिर जब जोड़ा गाय बैल का वह दान करता है, यह सन्तान उत्पन्न करने के लिये है, उक्थ्या [प्रशंसनीया ऋचा] बलवान् का रूप है । (अथ यत् अप्सु वरुणं यजति, तत् एनं स्वे एव आयतने प्रीणाति) फिर जब जल में वरुण को पूजता है, तब इस को अपने ही घर में तृप्त करता है । (अथ यत् परस्तात् पौर्णमासेन यजते, तथा ह अस्य पूर्वपक्षे वरुणप्रघासैः इष्ट भवति) फिर जब पीछे से पौर्णमास यज्ञ के साथ वरुण का यज्ञ करता है, उसी प्रकार ही उस का पहिले पखवाड़े में वरुण के हवियों से यज्ञ होता है ॥ २२ ॥

भावार्थ—यज्ञ पदार्थों के गुण जान कर यज्ञ करने से मनुष्यों में बल और पराक्रम बढ़ता है ॥ २२ ॥

कण्डिका २३ ॥

ऐन्द्रो वा एष यज्ञक्रतुः, यत् साकमेधाः, तद्यथा महाराजः पुरस्तात् सेनानीकानि व्यूह्यासयं पन्थानमन्वियात्, एवमेवैतत् पुरस्ताद् देवता यजन्ते, तद् यथैवादः सोमस्य महाव्रतम्, एवमेवैतदिष्टिमहाव्रतम् । अथ यदग्निमनीकवन्तं प्रथमं देवतानां यजति, अग्निर्वै देवानां मुखं, मुखत एव तद्देवान् प्रीणाति । अथ यन्मध्यन्दिने मरुतः सान्तपनान् यजति, इन्द्रो वै मरुतः सान्तपनाः, ऐन्द्रं माध्यन्दिनं, तस्मादेनानिन्द्रेणोपसंहितान् यजति । अथ यत् सायं गृहमेधीयेन चरन्ति, पुष्टिकर्म वै गृहमेधीयः, सायम्पोषः पशूनां, तस्मात् सायं गृहमेधीयेन चरन्ति । अथ यच्छ्वोभूते गृहमेधीयस्य निष्कासमिश्रेण पूर्णादर्व्या चरन्ति, पूर्वेद्युः कर्मणैवैतत् प्रातः कर्मोपसन्तन्वन्ति । अथ यत् प्रातर्मरुतः क्रीडिनं यजति, इन्द्रो वै मरुतः क्रीडिनः, तस्मादेनानिन्द्रेणोपसंहितान् यजति । अथ यदग्निं प्रणयन्ति, यमेवामु वैश्वदेवे मन्थन्ति, तमेव तत् प्रणयन्ति, यन्मथ्यते तस्यैकं ब्राह्मणम् ।

टाप् । सेचनसमर्था । दुग्धविकारः (पयोभाजनः) जलविभाजनः (मारुती) मरुत्सम्बन्धिनी ऋक् (एषा) पयस्—यत् । जलवती क्रिया । आमिक्षा । दुग्धविकारदध्यादि (ऐन्द्रम्) इन्द्रदेवताकम् (कायः) क—अण्, युगागमश्च । प्रजापतिदेवताकश्चरुः (आप्त्यै) लाभाय (अध्यात्मम्) आत्मनि (मिथुनौ) स्त्रीपुंसौ (गावौ) धेनुवृषभौ (प्रजात्य) संतानोत्पादनाय (उक्थ्या) ऋक् (वाजिनः) बलयुक्तस्य (वरुणप्रघासैः) वरुणचरुभिः (इष्टम्) यज्ञः ॥

अथ यत् सप्तदश सामिधेन्यः सद्वन्तावाज्यभागौ, विराजौ संयाज्ये, तेषामुक्तं ब्राह्मणम् । अथ यन्नव प्रयाजा नवानुयाजा अष्टौ हवींषि समानानि त्वेव षट् सञ्चराणि हवींषि भवन्त्यैन्द्राग्नान्तानि, तेषामुक्तं ब्राह्मणम् । अथ यन्महेन्द्रमन्ततो यजति, अन्तं वै श्रेष्ठी भजते, तस्मादेनमन्तता यजति । अथ यद्वैश्वकर्मण एककपालः, असौ वै विश्वकर्मा, योऽसौ तपत्येतमेव तेन प्रीणाति । अथ यदृषभङ्गां ददाति, ऐन्द्रो ह यज्ञक्रतुः ॥ २३ ॥

कण्डिका २३ ॥ इन्द्र, अग्नि और मरुत् देवताओं के लिये हवि ॥

(ऐन्द्रः वै एषः यज्ञक्रतुः, यत् साकमेधाः) इन्द्र [ऐश्वर्य] देवता वाला ही यह यज्ञ व्यवहार है, जो साकमेध [बल के लिये बुद्धि वाले यज्ञ] हैं । (तत् यथा महाराजः पुरस्तात सेनानीकानि व्यूह्य अभयं पन्थानम् अन्वियात्, एवम् एव एतत् पुरस्तात् देवताः यजन्ते) सो जिस प्रकार महाराजा पहिले से सेना के विभागों को व्यूह में करके निर्भय मार्ग चला जाता है, ऐसे ही इस [इन्द्र] को पहिले देवता पूजते हैं । (तत् यथा एव सोमस्य अदः महाव्रतम्, एवम् एव एतत् इष्टिमहाव्रतम्) सो जिस प्रकार ही सोम [यज्ञ] का वह महाव्रत है, वैसे ही यह इष्टि महाव्रत है । (अथ यत् अनीकवन्तम् अग्निं देवतानां प्रथमं यजति, अग्निः वै देवानां मुखं, मुखतः एव तत् देवान् प्रीणाति) फिर जो सेना [शिखा धूम आदि] वाले अग्नि को देवताओं में पहिले वह पूजता है, अग्नि ही देवताओं का मुख [प्रधान] है, मुख से ही उस [यज्ञ] से देवताओं को तृप्त करता है । (अथ यत् मध्यन्दिने सान्तपनान् मरुतः यजति, इन्द्रः वै सान्तपनाः मरुतः, ऐन्द्रं माध्यन्दिनं, तस्मात् एनान् इन्द्रेण उपसंहितान् यजति) फिर जब मध्यान्ह में भली भांति तपाने वाले मरुत् [पवन वा किरण] देवताओं को वह यज्ञ करता है, इन्द्र [सूर्य] ही भली भांति तपाने वाले मरुत हैं, इन्द्र देवता वाला माध्यन्दिन [दोपहर का सवन] है, इस लिये इन [मरुतों] को इन्द्र के साथ साथ यज्ञ करता है । (अथ यत् सायं गृहमेधीयेन चरन्ति, पुष्टिकर्म वै गृहमेधीयः,

---

२३—(साकमेधाः) शक्लृ शक्तौ—घञ्+मेधृ मेधायाम्—घञ् । शस्य सः । शकाय शक्तये मेधा येषु ते यज्ञाः (सेनानीकानि) अनिहृषिभ्यां किच्च । उ० ४ । १७ अन जीवने—ईकन् कित् । सेनाविभागान् (व्यूह्य) सैन्यसंनिवेशेन स्थापयित्वा (अनीकवन्तम्) सेनावत् शिखाधूमादियुक्तम् (सान्तपनान्) सम+तप तापे ऐश्वर्ये च—णिच्—ल्युट् । सन्तापकारकान् (उपसंहितान्) उप+सम्+दधातेः—क्त । संयुक्तान् (गृहमेधीयेन) गृहमेधिन्—छ । गृहस्थ-

सायं पशूनां पोषः, तस्मात् सायं गृहमेधीयेन चरन्ति) फिर जब सायंकाल में गृहमेधीय [गृहस्थ के कर्तव्य धर्म] के साथ व्यवहार करते हैं, पुष्टिकारक कर्म ही गृहमेधीय है, सायंकाल में पशुओं का पोषण होता है, इस लिये सायंकाल में गृहमेधाय [गृहस्थ के कर्तव्य धर्म] से व्यवहार करते हैं । (अथ यत् श्वोभूते गृहमेधीयस्य निष्कासमिश्रेण पूर्णा दर्व्या चरन्ति, पूर्वेद्युः कर्मणा एव एतत् कर्म प्रातः उपसन्तन्वन्ति) फिर जब आगामी कल्य में हुये गृहमेधीय [गृहस्थ के कर्तव्य धर्म] के निकास और संयोग के साथ पूर्ण दर्वी [भोजन पात्र] के द्वारा व्यवहार करते हैं, बीते हुये कल्य के कर्म से ही इस कर्म को प्रातःकाल विस्तृत करते हैं । (अथ यत् प्रातः क्रीडिनः मरुतः यजति, इन्द्रः वै क्रीडिनः मरुतः तस्मात् एनान् इन्द्रेण उपसंहितान् यजति) फिर जब प्रातःकाल खिलाड़ी मरुत् देवताओं का यज्ञ करता है, इन्द्र ही खिलाडी मरुत् है, इस लिये इन [मरुतों] का इन्द्र के साथ साथ यज्ञ करता है । (अथ यत् अग्निं प्रणयन्ति यम् एव अपुं वैश्वदेवे मन्थन्ति तम् एव तत् प्रणयन्ति) फिर जब अग्नि को आगे लाते हैं, जिस उस [अग्नि] को ही वैश्वदेव यज्ञ में मथते हैं, उस को ही उस से आगे लाते हैं । (यत् मथ्यते, तस्य ब्राह्मणम् उक्तम्) जो वह [अग्नि] मथा जाता है, उस का ब्राह्मण कहा गया है । [क० १९, २१] । (अथ यत् सप्तदश सामिधेन्यः, सद्वन्तौ आज्यभागौ, विराजौ संयाज्ये, तेषां ब्राह्मणम् उक्तम्) फिर जब सत्रह सामिधेनी [अग्नि प्रज्वलित करने की ऋचायें], श्रेष्ठ पदार्थ वाले दो आज्यभाग, दो विराट् छन्द संयाज्या [नाम ऋचायें] हैं, उन का ब्राह्मण कहा गया है [क० १९, २१] । (अथ यत् नव प्रयाजाः नव अनुयाजाः, अष्टौ हवींषि समानानि तु एव, षट् सञ्चराणि ऐन्द्राग्नान्तानि हवींषि भवन्ति तेषां ब्राह्मणम् उक्तम्) फिर जो नौ प्रयाज, नौ अनुयाज, और आठ समान हवि भी और छह सञ्चार हवि इन्द्र और अग्नि के प्रकरण तक हैं उनका ब्राह्मण कहा गया है [क० २२] । (अथ यत् महेन्द्रम् अन्ततः यजति, अन्तं वै श्रेष्ठी भजते, तस्मात् एनम् अन्ततः यजति) फिर जब महेन्द्र [परमेश्वर] का अन्त में यज्ञ करता है, अन्त का ही श्रेष्ठी [सेठ, बड़ा धनी] सेवता

कर्तव्येन धर्मेण यत्नेन (चरन्ति) व्यवहरन्ति (श्वोभूते) आगामिदिवसभूते (निष्कासमिश्रेण) निः+काम्ट शब्दे—घञ्+मिश्र योजने—अच् । निःसारेण सह संयोगेन (पूर्णा) पूर्णया (दर्व्या) दृ विदारणे—विन् । चमसेन (पूर्वेद्युः) गतदिवसे (उपसन्तन्वन्ति) यथावत् विस्तारयन्ति (श्रेष्ठी) बहुधनी (भजते)

है, इस लिये इस [महेन्द्र] को अन्त में वह यज्ञ करता है । (अथ यत् वैश्वकर्मणः एककपालः, असौ वै विश्वकर्मा, यः अमौ तपति, एतम् एव तेन प्रीणाति) फिर जब विश्वकर्मा देवता वाला एक पात्र में धरा चरु होता है, वह ही विश्वकर्मा [सब को बनाने वाला ईश्वर] है जो वह तपाता है, इस को ही उस [यज्ञ] से तृप्त करता है । (अथ यत् ऋषभं गां ददाति, ऐन्द्रः ह यज्ञक्रतुः) फिर जब बैल और गाय [क० २२] को वह देता है, इन्द्र [तेज वा ऐश्वर्य] देवता वाला ही यह यज्ञ व्यवहार है ॥ २३ ॥

भावार्थ—प्रातःसवन, माध्यन्दिन सवन और तृतीयसवन में देवताओं के गुण कर्म स्वभाव जान कर यज्ञ करना चाहिये ॥ २३ ॥

कण्डिका २४ ॥

अथ यदपराह्णे पितृयज्ञेन चरन्ति, अपराह्णभाजो वै पितरः, तस्मादपराह्णे पितृयज्ञेन चरन्ति । तदाहुर्यदपरपक्षभाजो वै पितरः, कस्मादेनान् पूर्वपक्ष यजन्तीति । देवा वा एते पितरः, तस्मादेनान् पूर्वपक्षे यजन्तीति । अथ यदेकार्धसामिधेनीन्निरन्वाह, सकृदु ह वै पितरः, तस्मादेकां सामिधेनीन्निरन्वाह । अथ यद्यजमानस्यार्पैऽन्वाह, नेद्यजमानं प्रमृणज्जानीति । अथ यत् सोमम्पिपृमन्तं पितॄन् सोमवतः पितॄन् बर्हिषदः पितॄनग्निष्वात्तानित्यावाहयन्ति, न हैके स्वं महिमानमावाहयन्ति, यजमानस्यैष महिमेति वदत आवाहयेदिति, त्वेव खलमा ह्येष महिमा भवति, ओं स्वधेत्याश्रावयति, अस्तु स्वधेति प्रत्याश्रावयति, स्वधाकारो हि पितॄणाम् । अथ यत् प्रयाजानुयाजेभ्यो बर्हिष्मन्तावुद्धरति, प्रजा वै बर्हिः, नेत् प्रजां पितृषु दधानीति । ते वै षट् सम्पद्यन्ते, षड् वा ऋतवः, ऋतवः पितरः, पितॄणामाप्त्यै ॥ २४ ॥

कण्डिका २४ ॥ पितरों के लिये हवि ॥

(अथ यत् अपराह्णे पितृयज्ञेन चरन्ति) फिर जब तीसरे पहर [दिन के तीन भागों में से तीसरे भाग में] पितृयज्ञ [माता पिता आदि पालक

सेवते (वैश्वकर्मणः) विश्वकर्मन्—अण् । विश्वकर्मदेवताकः (विश्वकर्मा) सर्वकर्ता । सूर्यः परमेश्वरः (ऋषभम्) वृषभम् (गाम्) धेनुम् ॥

२४—(अपराह्णे) त्रिधाविभक्तदिनस्य तृतीयभागे (अपराह्णभाजः) अपराह्णहविर्भागिनः (अपरपक्षभाजः) द्वितीयश्रेणिभागिनः (पूर्वपक्षे) प्रथम-

ज्ञानियों के सत्कार] से वे व्यवहार करते हैं, (अपराह्णभाजः वै पितरः, तस्मात् अपराह्णे पितृयज्ञेन चरन्ति) तीसरे पहर में भाग वाले ही पितर [पालनकर्ता ज्ञानी पुरुष] हैं, इस लिये तीसरे पहर में पितृयज्ञ से वे व्यवहार करते हैं। (तत् आहुः यत् अपरपक्षभाजः वै पितरः, कस्मात् एनान् पूर्वपक्षे यजन्ति इति) यह कहते हैं कि दूसरे पक्ष [श्रेणि वा पङ्क्ति] में भाग वाले ही पितर है, किस लिये इन को पहिले पक्ष [श्रेणि] में यज्ञ करते हैं। [उत्तर] (देवाः वै एते पितरः तस्मात् एनान् पूर्वपक्षे यजन्ति इति) देव [विजय चाहने वाले वीर] ही यह पितर लोग हैं, इस लिये इन को पहिले पक्ष में [पहिली श्रेणी में] यज्ञ करते हैं। (अथ यत् एकां सामिधेनीं त्रिः अन्वाह) फिर जो एक सामिधेनी [अग्नि प्रदीप्त करने की ऋचा] को तीन वार वह बोलता है। (सकृत् उ ह वै पितरः, तस्मात् एकां सामिधेनीं त्रिः अन्वाह) [उत्तर] उचित काम करने वाले ही निश्चय करके पितर [माता पिता आदि ज्ञानी पुरुष] हैं, इस लिये एक सामिधेनी को वह तीन वार [आदर के लिये] पढ़ता है। (अथ यत् यजमानस्य आर्षे अन्वाह) फिर जब यजमान के आर्ष यज्ञ में [ऋषियों के लिये सत्कार में एक सामिधेनी ऋचा को तीन वार] पढ़ता है, (यजमानं नेत् प्रमृणजानीति) [उत्तर] वह यजमान को नहीं मारता है [अमर करता है]। (अथ यत् पितृमन्तं सोम, सोमवतः पितॄन्, वर्हिषदः पितॄन्, अग्निष्वात्तान् पितॄन् आवाहयन्ति) फिर जब श्रेष्ठ माता पिता वाले सोम [प्रेरक पुरुष] को, सोम [बड़े ऐश्वर्य] वाले पितरों [माता पिता आदि ज्ञानियों] को, वृद्धिकारक व्यवहार में बैठने वाले पितरों को और अग्निष्वात्त [अग्नि अर्थात् बिजुली सूर्य और अग्नि विद्या तथा शारीरिक और आत्मिक तेज ग्रहण करने वाले] पितरों को वे बुलाते हैं [अथर्व० १८। ४। ७१–७४ भी देखो]। (एके ह स्वं महिमानं न आवाहयन्ति यज्ञमानस्य एव एषः महिमा इति वदतः आवाहयेत् इति, तु अग्नेः एव हि एषः महिमा स्थितं भवति) कोई

श्रेण्याम् (अन्वाह) पठति (सकृत्) एकवारम् अथवा, समानं साधु, समानस्य सः+करोतेः—क्विप्। तुगागमः, विभक्तिलोपः। साधुकर्माणः। उचितकर्मकर्तारः (आर्षे) ऋषिनिमित्ते (नेत्) निषेधे (प्रमृणजानीति) पारयतेरजिः। उ० १। १३६। प्र+मृण हिंसायाम्—अजि। प्रमृणज-क्विप्। नामधातोः—शप् श्ना इति द्वौ विकरणौ। प्रकर्षेण मृणति हिनस्ति (सोमम्) प्रेरकपुरुषम् (पितृमन्तम्) प्रशस्तमातापितृभ्यां युक्तम् (पितॄन्) मातापित्रादिपालकज्ञानिनः (सोमवतः)

कोई अपनी महिमा को नहीं बुलवाते हैं—यह यजमान की ही महिमा है—ऐसा कहते हुये पुरुषों को वह बुलवावे, किन्तु अग्नि [विद्वान् पुरुष] की ही यह महिमा स्थित होती है । (ओं स्वधा इति आश्रावयति, स्वधा अस्तु इति प्रत्याश्रावयति, स्वधाकारः हि पितॄणाम्) ओम् स्वधा [यह अन्न वा जल] है,—ऐसा वह बोलता है, स्वधा होवे—ऐसा वह उत्तर में बोलता है, स्वधाकार [अन्न वा जल का व्यवहार] ही पितरों के लिये है । (अथ यत् प्रयाजानुयाजेभ्यः वर्हिष्मन्ता उद्धरति, प्रजा वै वर्हिः प्रजां पितृषु नेत् दधानि इति) फिर जब प्रयाज अनुयाज यज्ञों के लिये दो वर्हि [वृद्धिकारक व्यवहार वा कुश] वाले मन्त्रों को वह बोलता है, प्रजा ही वर्हि [कुश घास के समान वृद्धिकारक] है, प्रजा को पितरों में वह नहीं धारण करता है [अर्थात् प्रजा से पितरों का अधिक आदर करता है] । (ते वै षट् सम्पद्यन्ते, षट् वै ऋतवः, ऋतवः पितरः, पितॄणाम् आप्त्यै) वे [पितर लोग यज्ञ में] छह ही सम्पन्न किये जाते हैं, छह ही ऋतुयें हैं, ऋतुओं [के समान वृद्धिकारक] पितर हैं, पितरों की तृप्ति के लिये [यह यज्ञ है] ॥ २४ ॥

भावार्थ—यज्ञ में पितर लोगों का यथावत् सत्कार करने से यजमान की महिमा बढ़ती है ॥ २४ ॥

कण्डिका २५ ॥

अथ यज्जीवनवन्तावाज्यभागौ भवतः, यजमानमेव तज्जीवयतः । अथ यदेकैकस्य हविषस्तिस्रस्तिस्रो याज्या भवन्ति, ह्वयत्येवैनां प्रथमया, द्वितीयया गमयति, प्रैव तृतीयया यच्छति । अथो देवयज्ञमेवैनं पितृयज्ञेन व्यावर्त्तयन्ति, अथो दक्षिणासंस्थो वै पितृयज्ञः, तमेवैनदुदक्संस्थं स्थं कुर्वन्ति । अथ यदग्निं कव्यवाहनमन्ततो यजति, एतत् स्विष्टकृतो वै पितरः, तस्मादग्निं कव्यवाहनमन्ततो यजति । अथ यदिडामुपह्वयावघ्राय न प्राश्नन्ति, पशवो वा इडा, नेत्पशून् प्रमृण-

---

परमैश्वर्ययुक्तान् (वर्हिषदः) वर्हिषि वृद्धिकरे व्यवहारे सदनशीलान् (अग्निष्वात्तान्) अग्नि + सु + आङ् + दद्रातेः—क्त । अग्निः सूर्यविद्युदग्निविद्या शारीरिकात्मिकतेजो वा आत्तं गृहीतं यैस्तान् (एके) केचित् (वदतः) कथयतः (स्थितम्) स्थितः (स्वधा) अन्नम्—निघ० २ । ७ । उदकम्—निघ० १ । १२ । (आश्रावयति) उच्चारयति (प्रत्याश्रावयति) अङ्गीकरोति (वर्हिष्मन्तौ) वृद्धिकरव्यवहारयुक्तौ मन्त्रौ (दधानि) दधाति (ते) पितरः ॥

जानीति । अथ यत् स्रुक्वाके यजमानस्याशिषो न्वाह, नेद्यजमानं प्रमृणज्जानीति । अथ यत् पत्नीश्च संयाजयन्ति, नेत्पत्नीं प्रमृणज्जानीति । अथ यत् पवित्रवति मार्जयन्ते, शान्तिर्वै भेषजमापः, शान्तिरेवैषां भेषजमन्ततो यज्ञे क्रियते । अथ यदध्वर्युः पितृभ्यो निवृणाति, जीवानेव तत् पितॄननु मनुष्याः पितरोऽनुप्रवहन्ति । अथा देवयज्ञमेवैनं पितृयज्ञेन व्यावर्त्तयन्ति । अथो दक्षिणासंस्थो वै पितृयज्ञः तमेवैतदुदक्संस्थं स्थं कुर्वन्ति । अथ यत् प्राञ्चोऽभ्युत्क्रम्यादित्यमुपतिष्ठन्ते देवलोको वा आदित्यः, पितृलोकः पितरः, देवलोकमेवैनं पितृलोकादुपसङ्क्रामन्तीति । अथ यद्दक्षिणाञ्चोऽभ्युत्क्रम्याग्नीदुपतिष्ठन्ते, प्रीत्यैव तद्देवेष्वन्ततोदूर्ध्वं चरन्ति । अथ यदुदञ्चोऽभ्युत्क्रम्य त्रैयम्बकैर्यजन्ते, रुद्रमेव तत् स्वस्त्यर्थं दिशि प्रीणन्ति । अथो देवयज्ञमेवैनं पितृयज्ञेन व्यावर्त्तयन्ति । अथो दक्षिणासंस्थो वै पितृयज्ञः, तमेवैतदुदक्संस्थं स्थं कुर्वन्ति । अथ यदन्तत आदित्येष्ट्या यजति इयं वा अदितिरस्यामेवैनमन्ततः प्रतिष्ठापयति । अथ यत्परस्तात् पौर्णमासेन यजते, तथाहास्य पूर्वपक्षे साकमेधैरिष्टं भवति ॥ २५ ॥

कण्डिका २५ ॥ पितृयज्ञ के साथ देवयज्ञ आदि का विधान ॥

(अथ यत् जीवनवन्तौ आज्यभागौ भवतः, यजमानम् एव तत् जीवयतः) फिर जब दो जीवन साधन वाले आज्यभाग [घृत की आहुति वाले मन्त्र] होते हैं, यजमान को ही वे दोनों जीवन देते हैं । (अथ यत् एकैकस्य हविषः तिस्रः तिस्रः याज्याः भवन्ति, एनान् एव प्रथमया ह्वयति, द्वितीयया गमयति, तृतीयया एव प्र यच्छति) फिर जब एक एक हवि की तीन तीन याज्या [ऋचायें] होती हैं, पहिली से ही इन [पितरों] को वह बुलाता है, दूसरी से वह चलाता है और तीसरी से ही वह दान करता है । (अथो एनं देवयज्ञम् एव पितृयज्ञेन व्यावर्त्तयन्ति) फिर इस देवयज्ञ [विद्वानों के सत्कार] को ही पितृयज्ञ [पितरों माता पिता आदि पालक विद्वानों के सत्कार] के साथ वर्त-

---

२५—(जीवनवन्तौ) जीवनसाधनयुक्तौ (हविषः) ग्राह्यपदार्थस्य । अन्नस्य (ह्वयति) आह्वयति (एनान्) पितॄन् (गमयति) प्रापयति (प्रयच्छति) ददाति (व्यावर्त्तयन्ति) वर्त्तमानं कुर्वन्ति (दक्षिणासंस्थः) दक्षिणस्यां दिशि सम्यक् स्थितः (उदक्संस्थम्) उत्तरस्यां दिशि सम्यक् स्थितम् (अग्निम्) विद्वांसं पुरुषम् (कव्यवाहनम्) कवि-यत्। कव्यपुरीषपुरीष्येषु ण्युट् । पा० ३ । २ । ६५ । कव्य + वहेर्ण्युट् । कविर्मेधाविनाम—निघ० ३ । १५ । कविभ्यो मेधाविभ्यो हितपदार्थानां प्रापकम् (इडाम्) इलाम् अन्नम—निघ० २ । ७ । (पशवः)

मान करते हैं । (अथो दक्षिणासंस्थः वै पितृयज्ञः, तम् एव एनत् उदक्संस्थं कुर्वन्ति) फिर दक्षिण दिशा में रक्खा हुआ ही पितृयज्ञ है, उस को ही इस से उत्तर दिशा में रक्खा हुआ करते हैं । (अथ यत् कव्यवाहनम् अग्निम् अन्ततः यजति, एतत् स्विष्टकृतः वै पितरः, तस्मात् कव्यवाहनम् अग्निम् अन्ततः यजति) फिर जब कव्यवाहन [विद्वानों को हितकारक पदार्थ पहुंचाने वाले] अग्नि [तेजस्वी पुरुष] का सत्कार करता है, इस से सुन्दर इष्ट व्यवहार करने वाले ही पितर लोग होते हैं, इस लिये कव्यवाहन [विद्वानों को हितकारक पदार्थ पहुंचाने वाले] अग्नि [तेजस्वी पुरुष] का सत्कार करते हैं । (अथ यत् इडाम् उपहूय अवघ्राय न प्राश्नन्ति, पशवः वै इडाः पशून् नेत् प्रमृणजानीति) फिर जब अन्न को मंगा कर और सूंघ कर वे अब खाते हैं, पशु [सब जीव] ही अन्न [अन्न के आश्रित] हैं, पशुओं [जीवों] को वह नहीं मारता है । (अथ यत् सूक्तवाके यजमानस्य आशिषः अन्वाह, यजमानं नेत् प्रमृणजानीति) फिर जब सूक्त वाक [सुन्दर कहे हुये वाक्य वाले यज्ञ] में यजमान के आशीर्वादों को वह पढ़ता है, यजमान को वह नहीं मारता है । (अथ यत् पत्नीं न संयाजयन्ति, पत्नीं नेत् प्रमृणजानीति) फिर जब [यजमान की] पत्नी से अब वह यज्ञ कराते हैं, पत्नी को वह नहीं मारता है [सुरक्षित करता है] । (अथ यत् पवित्रवति मार्जयन्ते, शान्तिः वै भेषजम् आपः, शान्तिः एव एषां भेषजम् अन्ततः यज्ञे क्रियते) फिर जब जल वाले [पात्र] में शुद्ध करते हैं, शान्ति ही औषध जल है, शान्ति ही इन की औषधि अन्त में यज्ञ में की जाती है । (अथ यत् अध्वर्युः पितृभ्यो निपृणाति, तत् मनुष्याः पितरः पितॄन् अनु जीवान् एव अनुप्रवहन्ति) फिर जब अध्वर्यु पितरों [पालक विद्वानों] को परिपूर्ण करता है, मननशील और पालनकर्ता पुरुष तब पितरों के पीछे पीछे जीवों को चलाते रहते हैं । (अथो एनं देवयज्ञम् एव पितृयज्ञेन व्यावर्त्तयन्ति) फिर इस देवयज्ञ

जीवाः (प्रमृणजानीति) क० २४ । प्रकर्षेण मृणति हिनस्ति (आशिषः) आशीर्वादान् (न) सम्प्रति (पवित्रवति) उदक्वति—निघ० १ । १२ । (मार्जयन्ते) शोधयन्ति (पितृभ्यः) पितॄन् (निपृणाति) पॄ पालनपूरणयोः—लट् । नितरां पालयति पूरयति वा (अनु) अनुसृत्य (प्राञ्चः) पूर्वदिक्स्थाः पुरुषाः (अभ्युत्क्रम्य) अभित उत्थाय (आदित्यम्) आदीप्यमानं सूर्य्यम् (उपतिष्ठन्ते) सेवन्ते (उपसङ्क्रामन्ति) उपसंगत्य गच्छन्ति प्राप्नुवन्ति (दक्षिणाञ्चः) दक्षिणदिक्स्थाः (उदञ्चः) उत्तरदिक्स्थाः (त्रैयम्बकैः) त्रि+अम्ब

[विद्वानों के सत्कार] को ही पितृयज्ञ [पितरों माता पिता आदि पालक विद्वानों के सत्कार] के साथ वर्त्तमान करते हैं । (अथो दक्षिणासंस्थः वै पितृयज्ञः, तम् एव एतत् उदक्संस्थं कुर्वन्ति) फिर दक्षिण दिशा में रक्खा हुआ ही पितृयज्ञ है, उस को ही इस से उत्तर दिशा में रक्खा हुआ करते हैं । (अथ यत् प्राञ्चः अभ्युत्क्रम्य आदित्यम् उपतिष्ठन्ते, देवलोकः वै आदित्यः, पितृलोकः पितरः, एतम् एव देवलोकं पितृलोकात् उपसङ्क्रामन्ति इति) फिर जब पूर्ववाले पुरुष उठ करके सूर्य को सेवते हैं, देवलोक [विद्वानों का स्थान] ही सूर्य [सज्ञान] है, पितृलोक [पितरों का स्थान] पितर [पालन करने वाले पदार्थ] हैं, इस देव लोक को ही पितृ लोक से चलकर अच्छे प्रकार प्राप्त करते हैं । (अथ यत् दक्षिणाञ्चः उत्क्रम्य अग्नीन् उपतिष्ठन्ते प्रीत्या एव तत् देवेषु अन्तरः ऊर्द्ध्वं चरन्ति) फिर जब दक्षिण दिशा वाले उठकर अग्नियों को सेवते हैं, प्रीति के साथ ही तब विद्वानों के बीच अन्त में वे ऊंचे चलते हैं । (अथ यत् उदञ्चः अभ्युत्क्रम्य त्रैयम्बकैः यजन्ते, रुद्रम् एव तत् स्वस्यां दिशि प्रीणन्ति) फिर जब उत्तर वाले पुरुष उठकर त्रैयम्बक [अर्थात् त्र्यम्बक, तीनों कालों और तीनों लोकों में नेत्र वाले परमेश्वर] को देवता रखते हुये हवियों से वे पूजते हैं, रुद्र [दुष्टों को रुलाने वाले परमात्मा] को ही तब अपनी दिशा में वे प्रसन्न करते हैं । (अथो एनं देवयज्ञम् एव पितृयज्ञेन व्यावर्त्तयन्ति) फिर इस देवयज्ञ [विद्वानों के सत्कार] को ही पितृयज्ञ [पितरों माता पिता आदि पालक विद्वानों के सत्कार] के साथ वर्तमान करते हैं । (अथो दक्षिणा-संस्थः वै पितृयज्ञः, तम् एव एतत् उदक्संस्थं कुर्वन्ति) फिर दक्षिण दिशा में रक्खा हुआ ही पितृयज्ञ है, उस को ही इस से उत्तर दिशा में रक्खा हुआ करते हैं । (अथ यत् अन्ततः आदित्येष्ट्या यजति, इयं वै अदितिः, अस्याम् एव एनम् अन्ततः प्रतिष्ठापयति) फिर जब अन्त में अदिति देवता वाली इष्टि से वह यज्ञ करता है, यह [पृथिवी] ही अदिति [अदीन देवमाता, दिव्य पदार्थों को उत्पन्न करने वाली] है, इस [पृथिवी] पर ही इस [यजमान] को अन्त

गतौ—क्वुल । तन्वादीनां छन्दसि बहुलम् । वा० पा० ६ । ४ । ७६ । इति इयङ् । त्रिषु कालेषु लोकेषु च अम्बकं नेत्रं यस्य स त्र्यम्बकः त्रियम्बकः । ततः अण् । त्रियम्बकदेवताकैः (आदित्येष्ट्या । अदिति—एय । अदितिदेवताकयेष्ट्या (इयम्) दृश्यमाना पृथिवी (अदितिः) अदीना देवमाता—निरु० ४ । २२ । दिव्यपदार्थानां जनयित्री (साकमेधैः) क० २३ । शाकाय बलाय मेधा येषु तैर्यज्ञैः ॥

में वह प्रतिष्ठित करता है । (अथ यत् परस्तात् पौर्णमासेन यजते, तथा ह अस्य पूर्वपक्षे साकमेधैः इष्टं भवति) फिर जब पीछे से पौर्णमास यज्ञ के साथ वह यज्ञ करता है, उसी प्रकार ही उस का पहिले पखवाड़े में साकमेधों [क० २३ बल के लिये बुद्धि वाले यज्ञों] से यज्ञ होता है ॥ २५ ॥

भावार्थ—जैसे यज्ञ में यज्ञदेवताओं के लिये यज्ञपदार्थ एक स्थान से दूसरे ऊंचे स्थान को लाये जाते हैं, वैसे ही मनुष्य एक पद से दूसरे उच्च पद को चढ़ते जावें ॥ २५ ॥

कण्डिका २६ ॥

त्रयोदशं वा एतं मासमाप्नोति, यच्छुनासीर्य्येण यजते, एतावान्वै संवत्सरः, यावानेष त्रयोदशो मासः । अथ यदग्निं प्रणयन्ति, यमेवामुं वैश्वदेवे मन्थन्ति, तमेव तत् प्रणयन्ति, यन्मथ्यते, तस्येक्षं ब्राह्मणं, यद्यु न मथ्यते पौर्णमासमेव तन्त्रं भवति, प्रतिष्ठा वै पौर्णमासं, प्रतिष्ठित्या एव । अथ यद्वायुं यजति, प्राणो वै वायुः प्राणमेव तेन प्रीणाति । अथ यच्छुनासीरं यजति, संवत्सरो वै सुनासीरः, संवत्सरमेव तेन प्रीणाति । अथ यत्सूर्य्यं यजति, असौ वै सूर्य्यः, येऽसौ तपति, एतमेव तेन प्रीणाति । अथ यच्छेता दक्षिणा ददाति, एतस्यैव तद्रूपं क्रियते । अथ यत् प्रायश्चित्तप्रतिनिधिं कुर्वन्ति, स्वस्त्ययनमेव तत् कुर्वन्ति, यज्ञस्यैव शान्तिर्यजमानस्य भैषज्याय । तैर्वा एतैश्चातुर्मास्यैर्देवाः सर्वान् कामानाप्नुवन्, सर्वा इष्टीः सर्वममृतत्वम् । स वा एष प्रजापतिश्चतुर्विंशः, यच्चातुर्मास्यानि, तस्य मुखमेव वैश्वदेवं, बाहू वरुणप्रघासाः प्राणोऽपानो व्यान इत्येतास्तिस्र इष्टयः, आत्मा महाहविः, प्रतिष्ठा शुनासीरं स वा एष प्रजापतिरेव संवत्सरः, यच्चातुर्मास्यानि, सर्वं वै प्रजापतिः, सर्वं चातुर्मास्यानि, तत्सर्वेणैव सर्वमाप्नोति य एवं वेद यश्चैवं विद्वांश्चातुर्मास्येयजते चातुर्मास्यैर्यजते ॥ २६ ॥

इति अथर्ववेदस्य गोपथब्राह्मणोत्तरभागे प्रथमः प्रपाठकः समाप्तः ॥

कण्डिका २६ ॥ तेरहवें महीने और शुनासीर यज्ञ के साथ अग्नि, वायु, सूर्य, संवत्सर और चातुर्मास्यों का वर्णन ॥

(त्रयोदशं वै एतं मासम् आप्नोति, यत् शुनासीर्य्येण यजते) तेरहवें ही इस महीने को वह [यजमान] प्राप्त होता है जो शुनासीर [इन्द्र, वायु वा

२६—(शुनासीर्य्येण) द्यावापृथिवीशुनासीरमरुत्त्व० पा० ४ । २ । ३२ । शुनासीर—यत् । शुनासीरदेवताकेन यज्ञेन (तन्त्रम्) तनु विस्तारे-ष्ट्रन् । तत्रि

सूर्य—आगे देखो] देवता वाले हवि से यज्ञ करता है। (एतावान् वै संवत्सरः, यावान् एषः त्रयोदशः मासः) इतना ही संवत्सर [यज्ञ] है जितना [जहां तक] यह तेरहवां महीना है। (अथ यत् अग्निं प्रणयन्ति, यम् एव अमुं वैश्वदेवे मन्थन्ति तम् एव तत् प्रणयन्ति) फिर जब अग्नि को आगे लाते हैं, जिस उस [अग्नि] को ही वैश्वदेव यज्ञ में मथते हैं उस को ही उस से आगे लाते हैं, (यत् मथ्यते, तस्य ब्राह्मणम् उक्तम्) जो वह [अग्नि] मथा जाता है, उस का ब्राह्मण कहा गया है [क० २१]। (यदि उ न मथ्यत पौर्णमासम् एव तत्र भवति) जो वह [अग्नि] अब मथा जाता है, पौर्णमास यज्ञ ही प्रधान होता है, (पौर्णमासः वै प्रतिष्ठा, प्रतिष्ठित्यै एव) पौर्णमास यज्ञ ही प्रतिष्ठा [यज्ञ का समाप्ति का द्वार] है, वह प्रतिष्ठा [कीर्ति] के लिये ही है। (अथ यत् वायुं यजति, प्राणः वै वायुः, प्राणम् एव तेन प्रीणाति) फिर जब वायु को यज्ञ करता है, प्राण ही वायु है, प्राण को ही उस से वह तृप्त करता है। (अथ यत् शुनासीरं यजति, संवत्सरः वै शुनासीरः, संवत्सरम् एव तेन प्रीणाति) फिर जब शुनासीर [सुन्दर बड़ा वीर अग्रगामी सेना वाले सेनापति इन्द्र] को वह यज्ञ करता है, संवत्सर ही सुनासीर [बड़े सेनापति के समान] है, संवत्सर को ही उस से वह तृप्त करता है। (अथ यम् सूर्यं यजति, असौ वै सूर्यः, यः असौ तपति, एतम् एव तेन प्रीणाति) फिर जब सूर्य को यज्ञ करता है, वही सूर्य है जो वह तपाता है, इन को ही उस से वह तृप्त करता है। (अथ यत् शेता दक्षिणाः ददाति, एतस्य एव तत् रूपं क्रियते) फिर जब शेता [सूक्ष्म कर्म करने वाला यजमान] दक्षिणायें देता है, इस [यजमान] का ही वह रूप किया जाता है। (अथ यत् प्रायश्चित्तप्रतिनिधिं कुर्वन्ति, स्वस्त्ययनम् एव तत् कुर्वन्ति) फिर जब प्रायश्चित्त [पापशोधन] रूप प्रतिनिधि यज्ञ करते हैं, स्वस्त्ययन [स्वस्तिवाचन] ही तब वे करते हैं, (यज्ञस्य एव शान्तिः यजमानस्य भेषज्याय) यज्ञ की ही शान्ति यजमान की ओषधी के लिये है। (तैः वै एतैः चातुर्मास्यैः देवाः सर्वान् कामान् सर्वाः इष्टीः सर्वम् अमृतत्वम्

कुटुम्बधारणे—घञ् वा। कुटुम्बकृत्यम्। प्रधानम् (प्रतिष्ठा) यज्ञसमाप्तिः। स्थितिः। आश्रयः (सुनासीरः, शुनासीरः) कृशृएकटिपटिशौटिभ्य ईरन्।] उ० ४। ३०। सु+णासृ शब्दे—ईरन्, सस्य शः विकल्पेन। सुष्ठु नासीरम् अग्रसैन्यं यस्य सः। सेनापतिरिन्द्रः। शुनासीरः शुनो वायुः शु एत्यन्तरिक्षे सीर आदित्यः सरणात्—निरु० ६। ४० (शेता) शिञ् निशाने-तृच्। सूक्ष्मकर्मा।

आप्नुवन्) उन ही इन चातुर्मास यज्ञों से देवताओं ने सब कामनाओं, [अर्थात्] सब इष्टियों [सत्क्रियाओं] और सब अमरपन को पाया है । (सः वै एषः प्रजापतिः चतुर्विंशः, यत् चातुर्मास्यानि) वह ही यह प्रजापति चौबीस अवयव [अर्धमास] वाला है, जो चातुर्मास्य यज्ञ हैं, (तस्य मुखम् एव वैश्वदेवम्, बाहू वरुणप्रघासाः, प्राणः अपानः व्यानः इति एताः तिस्रः इष्टयः, आत्मा महाहविः प्रतिष्ठा शुनासीरम्) उस [प्रजापति] का मुख ही वैश्वदेव यज्ञ है, दोनों भुजायें श्रेष्ठ अन्न हैं, प्राण, अपान, व्यान यह तीन इष्टियां [यज्ञ] हैं, आत्मा महाहवि है, प्रतिष्ठा [ठहराव वा आश्रय] शुनासीर [इन्द्र का हवि] है । (सः वै एषः प्रजापतिः एव संवत्सरः, यत् चातुर्मास्यानि) वह ही यह प्रजापति ही संवत्सर है जो चातुर्मास्य हैं । (सर्वं वै प्रजापतिः, सर्वं चातुर्मास्यानि, तत् सर्वेण एव सर्वम् आप्नोति, यः एवं वेद यः च एवं विद्वान् चातुर्मास्यैः यजते चातुर्मास्यैः यजते) सब ही प्रजापति है, सब ही चातुर्मास्य हैं, इस लिये सब के साथ ही वह सब पाता है, जो ऐसा जानता है और जो ऐसा विद्वान् चातुर्मास्य यज्ञों से यज्ञ करता है, चातुर्मास्य यज्ञों से यज्ञ करता है ॥ २६ ॥

भावार्थ—देश और काल का विचार करके संसार के पदार्थों से उपकार लेकर मनुष्य उन्नति करें ॥ २६ ॥

इति श्रीमद्राजाधिराज प्रथितमहागुणमहिम **श्रीसयाजीराव गायकवाडाधिष्ठित** बड़ोदेपुरीगत श्रावणमासदक्षिणापरीक्षायाम् ऋक्सामाथर्ववेदभाष्येषु लब्धदक्षिणेन **श्री पण्डित क्षेमकरणदास त्रिवेदिना** अथर्ववेदभाष्यकारेण कृते गोपथब्राह्मणभाष्य उत्तरभागे प्रथमः प्रपाठकः समाप्तः ॥

अयं प्रपाठकः प्रयागनगरे कार्तिकमासे शुक्लपक्षे द्वादश्यां तिथौ १९८० [अशीत्युत्तरैकोनविंशतिशतके] विक्रमीये संवत्सरे धीर-वीर-चिरप्रतापि-महायशस्वि **श्री राजराजेश्वर पञ्चमजार्ज महोदयस्य** सुसाम्राज्ये सुसमाप्तिमगात् ।

मुद्रितः—भाद्रकृष्णा ८ संवत् १९८१ वि० ता० २२ अगस्त सन् १९२४ ई० ॥

यजमानः (प्रायश्चित्तप्रतिनिधिम्) पापशोधनप्रतिनिधिरूपं यज्ञम् (इष्टीः) यजेः—क्तिन् । सत्क्रियाः (वरुणप्रघासाः) श्रेष्ठान्नानि ॥

अथ द्वितीयः प्रपाठकः ।

कण्डिका १ ॥

कण्डिका ६ ॥ आग्नीध्र द्वारा देवपत्नियों का वर्णन ॥

(अथ यत्र आह, अग्नीत् अध्वर्युः देवपत्नीः व्याचक्ष्व, सुब्रह्मण्य सुब्रह्मण्यम् आह्वय इति) फिर जहां वह [ब्रह्मा] कहता है—हे अग्नीध्र [अग्नि प्रकाशक] अध्वर्यु तू देवपत्नियों की व्याख्या कर, हे सुब्रह्मण्य ! [अच्छे प्रकार वेद में चतुर] सुब्रह्मण्य को बुला । (तत् अपरेण गार्हपत्यं प्राङ्मुखः तिष्ठन् अनवान् आग्नीध्रः न देवपत्नीः व्याचष्टे) वहां दूसरे [सुब्रह्मण्य] के साथ गार्हपत्य अग्नि से पूर्व मुख बैठा हुआ सावधान आग्नीध्र [अग्नि प्रकाशक अध्वर्यु] अब देवपत्नियों की व्याख्या करता है—(पृथिवी अग्नेः पत्नी) पृथिवी अग्नि [तेजस्वी पुरुष] की पत्नी [पालनशक्ति] है, (वाक् वातस्य पत्नी) वाणी वात [वायु समान वेग वाले पुरुष] की पत्नी है, (सेना इन्द्रस्य पत्नी) सेना [सेनादल] इन्द्र [परम ऐश्वर्यवान् पुरुष] की पत्नी है, (धेना बृहस्पतेः पत्नी) धेना [पीने योग्य अर्थात् स्वीकार करने योग्य नीति] बृहस्पति [बड़ी विद्याओं के स्वामी] की पत्नी है, (पथ्या पूष्णः पत्नी) पथ्या [शास्त्रीय मार्ग बताने वाली विद्या] पूषा [पोषण करने वाले पुरुष] की पत्नी है, (गायत्री वसूनां पत्नी) गायत्री [गाने योग्य विद्या] वसुओं [निवास कराने वाले पुरुषों] की पत्नी है, (त्रिष्टुप् रुद्राणां पत्नी) त्रिष्टुप् [तीन कर्म, उपासना और ज्ञान से पूजी गई विद्या] रुद्रों [दुष्टों के रुलाने वाले शूरों] की पत्नी है, (जगती आदित्यानां पत्नी) जगती [प्राप्ति योग्य विद्या] आदित्यों [अखण्डव्रती विद्वानों] की पत्नी है, (अनुष्टुप् मित्रस्य पत्नी) अनुष्टुप् [निरन्तर स्तुति योग्य विद्या] मित्र [सर्वहितकारक पुरुष] की पत्नी है, (विराट् वरुणस्य

६—(अग्नीत्) अग्नि+इन्धी दीप्तौ—क्विप् । अग्निप्रज्वलयिता । ऋत्विक् (व्याचक्ष्व) चक्षिङ् व्यक्तायां वाचि दर्शने च । विविधं कथय पश्य वा (सुब्रह्मण्य) साध्वर्थे यत् । हे सुष्ठुवेदज्ञाने साधो (अनवान्) अन जीवने—अच । प्राणवान् । सावधानः (न) सम्प्रति (अग्नीध्रः) अग्नि+इन्धी दीप्तौ—रक् । अग्निप्रदीपकः । ऋत्विक् (पत्नी) पत्युर्नो यज्ञसंयोगे । पा० ४ । १ । ३३ । पतिशब्दस्य इकारस्य नकारः, ङीप् । पालयित्री शक्तिः (धेना) धेट इच्च । उ० ३ । ११ । धेट् पाने—न, टाप् । वाक्-निघ० १ । ११ (पथ्या) धर्मपथ्यर्थ-

पत्नी) विराट् [विविध ऐश्वर्य वाली विद्या] वरुण [चुनने योग्य पुरुष] की पत्नी है, (पङ्क्तिः विष्णोः पत्नी) पङ्क्ति [विस्तृत विद्या] विष्णु [कामों में व्यापक पुरुष] की पत्नी है, (दीक्षा सोमस्य राज्ञः पत्नी) दीक्षा [नियम पालन प्रतिज्ञा] सोम राजा [प्रेरक प्रतापी पुरुष] की पत्नी [पालन शक्ति] है [मिलान करो—अथ० ८ । ६ । १४] । (भ्रातृव्यान् अति आरोहति, एनं भ्रातृव्याः न आरोहन्ति, उपरि भ्रातृव्यान् आरोहति, यः एवं विद्वान् अग्नीध्रः देवपत्नीः व्याचष्टे) वह वैरियों को लांघकर चढ़ाई करता है, इस पर वैरी लोग नहीं चढ़ाई करते हैं, वह ऊपर होकर वैरियों पर चढ़ाई करता है, जो ऐसा जानकार अग्नीध्र [अग्नि प्रदीप्त करने वाला पुरुष] देवपत्नियों की व्याख्या करता है ॥ ६ ॥

भावार्थ—विविध विद्याओं में चतुर पुरुष विविध विद्या वाले पुरुषों के मेल से शत्रुओं को जीतकर संसार में कीर्ति पाता है ॥ ६ ॥

टिप्पणी—सङ्केतित मन्त्र अर्थ सहित दिया जाता है—

अग्निषोमावदधुर्या तुरीयासीद् यज्ञस्य पक्षावृषयः कल्पयन्तः । गायत्रीं त्रिष्टुभं जगतीमनुष्टुभं बृहद्वयं यजमानाय स्वराभरन्तीम् । अथ० ८ । ६ । १४ ॥ (यज्ञस्य) यज्ञ [रसों के संयोग वियोग] के (पक्षौ) ग्रहण करने वाले (अग्नीषोमौ) सूर्य और चन्द्रमा [के समान] (ऋषयः) ऋषि लोगों ने, (या) जो [वेदवाणी] (तुरीया) वेगवती वा ब्रह्म की [जो सत्त्व रज और तम तीन गुणों से परे चौथा है] (आसीत्) थी, (यजमानाय) यजमान के लिये (स्वः) मोक्ष सुख (आभरन्तीम्) भर देने वाली [उस] (गायत्रीम्) गाने योग्य, (त्रिष्टुभम्) [कर्म, उपासना और ज्ञान इन] तीन से पूजी गयी (जगतीम्) प्राप्ति योग्य, (बृहदर्कीम्) बड़े सत्कार वाली (अनुष्टुभम्) निरन्यायादनपेते । पा० ४ । ४ । ६२ । पथिन्—यत् । शास्त्रायमार्गवर्ती वेदवाणी (गायत्री) गै गाने—अत्रन्—ङीप् । गायत्री गायतेः स्तुतिकर्मणः—निरु० ७ । १२ । गानयोग्या (त्रिष्टुप्) त्रि + ष्टुभ पूजायाम्—क्विप् । स्तोमतिरर्चतिकर्मा—निघ० ३ । १४ । त्रिभिः कर्मोपासनाज्ञानैः पूजिता (जगती) गम्लृ गतौ—अति, ङीप् । जगती गोनाम—निघ० २ । ११ । गम्यमाना प्राप्तव्या (अनुष्टुप्) अनु + ष्टुभ पूजायाम्—क्विप् । वाक्—निघ० १ । ११ निरन्तरस्तुत्या (विराट्) विविधैश्वरी (पङ्क्तिः) पचि विस्तारे—क्तिन् । विस्तृता (सोमस्य) प्रेरकस्य (राज्ञः) ऐश्वर्य्ययुक्तस्य (अति) अतीत्य । उल्लङ्घ्य (न) निषेधे ॥

न्तर स्तुति योग्य [विराट् वा वेदवाणी] को (कल्पयन्तः) समर्थन करते हुये (अदधुः) धारण किया है ॥

कण्डिका १० ॥

यथा वै रथ एकैकमरमभिप्रतितिष्ठन् वर्त्तते, एवं यज्ञ एकैकां तन्वमभिप्रतितिष्ठन्नेति । पुरा प्रचरितोराग्नीध्रीये होतव्या एतद्ध वा उवाच वासिष्ठः सात्यहव्यः, अस्कं सोम इत्युक्ते मा सूर्त्तत प्रचरत प्रातर्वावाद्याहं सोमं संस्थापयामीति । नास्य सोम स्कन्दति, य एवं विद्वान्त् सोमं पिबति, स ह स्म वसैहासन्द्यामासीनः सक्तुभिरुपमथ्य सोमं पिबति, अहं वाव सर्वतो यज्ञं वेद, य एतान् वेद, न मामेष हिंसिष्यतीति । नैनं सोमपीथो ऽनपेयो हिनस्ति, य एवं विद्वान्त्सोमं पिबति । तं ह स्म यदाहुः, कस्मात्त्वमिदमासन्द्यामासीनः सक्तुभिरुपमथ्य सोमं पिबसीति । देवतास्वेव यज्ञं प्रतिष्ठापयामीति अब्रवीद् ब्राह्मणः । यस्यैवं विदुषो यस्यैवं विद्वान् यज्ञार्तान् यज्ञे प्रायश्चित्तं जुहोति, देवतास्वेव यज्ञं प्रतिष्ठापयति । यज्ञार्त्तिं प्रतिजुहुयात्, सयोनित्वाय । त्रयस्त्रिंशद्वै यज्ञस्य तन्व इति, एकान्नत्रिंशत्स्तोमभागाः, त्रीणि सवनानि, यज्ञश्चतुर्थः, स्तोमभागैरेवैतत् स्तोमभागान् प्रति प्रयुङ्क्ते, सवनैः सवनानि, यज्ञेन यज्ञं, सर्वा ह वा अस्य यज्ञस्य तन्वः प्रयुक्ता भवन्ति, सर्वा आप्ताः सर्वा अवरुद्धा देवस्य सवितुः प्रसवे बृहस्पतये स्तुतेति । यद्वै सविता देवेभ्यः प्रासुवत् तेनार्ध्नुवन्, सवितृप्रसूता एव स्तुवन्, पृध्नुवन्, पृध्यन्ते ह वा अस्य स्तोमाः, यज्ञ ऋध्यते, यजमान ऋध्यते, प्रजाया ऋध्यते, पशुभ्य ऋध्यते, ब्रह्मणे यस्यैवं विद्वान् ब्रह्मा भवति ॥ १० ॥

कण्डिका १० ॥ यज्ञ में सोमपान की महिमा ॥

(यथा वै रथः एकैकम् अरम् अभिप्रतितिष्ठन् वर्तते, एवं यज्ञः एकैकां तन्वम् अभिप्रतितिष्ठन् एति) जैसे रथ [रथ का पहिया] एक एक अरे [दण्डे] में जुटा हुआ घूमता है, वैसे ही यज्ञ एक एक अंग में जुटा हुआ चलता है । (पुरा प्रचरितोः आग्नीध्रीये होतव्याः, एतत् ह वै वासिष्ठः सात्य हव्यः उवाच) पहिले प्रचार के लिये आग्नीध्र [अग्नि मण्डप] में हवन होने चाहियें—यह ही अवश्य वशिष्ठ गोत्र में उत्पन्न सात्यहव्य [सत्यहव्य अर्थात् सत्य ग्रहण करने वाले के पुत्र, मुनि विशेष] ने कहा है । (सोमः अस्कन्,

---

१०—(रथः) रथचक्रः (अरम्) ऋ गतौ—अच् । चक्रस्य नाभिनेम्योर्मध्यस्थं काष्ठम् (तन्वम्) देहम् । अङ्गम् (प्रचरितोः) भावलक्षणे स्थेणकृञ्

इति उक्ते मा सूर्क्षत, प्रचरत, प्रातः अद्य वाव अहं सोमं स्थापयामि इति) सोम न सूखा हुआ [हरा भरा] है—ऐसे कहे जाने पर, मत अनादर करो, सेवा करो, प्रातःकाल आज ही मैं सोम को स्थापित करता हूं [ऐसा यजमान कहता है]। (अस्य सोमः न स्कन्दति यः एवं विद्वान् सोमं पिबति) उस का सोम-रस नहीं सूखता है, जो ऐसा विद्वान् होकर सोम रस पीता है, (सः ह स्म वसै ह आसन्द्याम् आसीनः सक्तुभिः उपमथ्य सोमं पिबति) वह ही पुरुष निवास करने के लिये ही आसन्दी [सिंहासन] पर बैठा हुआ सक्तुओं [अन्न] के साथ मथकर सोम पीता है। (अहं वाव सर्वतः यज्ञं वेद, यः एतान् वेद, न माम् एषः हिंसिष्यति इति) मैं निश्चय करके सब प्रकार यज्ञ [देवपूजा, संगतिकरण और दान] को जानता हूं, जो मैं इन [व्यवहारों] को जानता हूं उस मुझ को यह [सोम] नहीं मारेगा [यह यजमान कहता है]। (अनपेयः सोमपीथः एनं न हिनस्ति यः एवं विद्वान् सोमं पिबति) सब प्रकार पीने योग्य सोमरस पान उस को नहीं मारता है, जो ऐसा विद्वान् सोमरस पीता है॥

(तं ह स्म यत् आहुः, कस्मात् त्वम् इदम् आसन्द्याम् आसीनः सक्तुभिः उपमथ्य सोमं पिबसि इति) उस से जो कहते हैं—किस लिये तू अब सिंहासन पर बैठा हुआ सत्तुओं के साथ मथकर सोमरस पीता है। (देवतासु एव यज्ञं प्रतिष्ठापयामि इति ब्राह्मणः अब्रवीत्) देवताओं में ही यज्ञ को स्थापित करता हूं—यह ब्राह्मण [ब्रह्मा] कहता है। (यस्य यस्य एवं विदुषः यज्ञे एवं विद्वान् यज्ञार्तान् प्रायश्चित्तं जुहोति, देवतासु एव यज्ञं प्रतिष्ठापयति) जिस जिस ऐसे विद्वान् के यज्ञ में ऐसा विद्वान् [ब्रह्मा] यज्ञ में पीड़ित पुरुषों के लिये प्रायश्चित्त हवन करता है, वह देवताओं में ही यज्ञ को स्थापित करता है। (यज्ञार्तिं सयोनित्वाय प्रति जुहुयात्) यज्ञार्तिं [यज्ञ पीड़ा वा प्रायश्चित्त] को

वदि चरि०। पा० ३। ४। १६ प्र+चर गतौ—तोसुन्। प्रचरितुम्। प्रचरणाय (आग्नीध्रीये) गो० पू० १। २३। स्वार्थे—छ। होतुर्गृहे (वासिष्ठः) वसिष्ठ-गोत्रोत्पन्नः (सात्यहव्यः) सत्यं हव्यं ग्राह्यं यस्य स सातहव्यः। सत्यहव्यस्यपुत्रः। मुनिविशेषः (अस्क=अस्कन्) अ+स्कदिर् गतिशोषयोः—क्त। आर्षरूपम्। अस्कन्नः। अशुष्कः। सुपुप्टः (सूर्क्षत) सूर्क्ष आदरानादरयोः—लोट्। अनादरं कुरुत (स्कन्दति) शुष्यते (वसै) प्रयै रोहिष्यै अव्यथिष्यै पा० ३। ४। १०। वस निवासे—कै तुमर्थे। वसितुम्। निवासाय (आसन्द्याम्) आसम् आसनं ददातीति आसन्दी, आसु उपवेशने—क्विप्+दधातेः-ङ ङीप्। सिंहासने

समान घर प्राप्ति के लिये मनुष्य करता रहे। (त्रयस्त्रिंशत् वै यज्ञस्य तन्वः इति, एकान्नत्रिंशत् स्तोमभागाः, त्रीणि सवनानि, यज्ञः चतुर्थः) तेतीस [८ वसु, ११ रुद्र, १२ आदित्य, १ वाणी, १ स्वर—गो० ब्रा० उ० २। १३ यह ३३ देवता] ही यज्ञ के अङ्ग हैं—उनतीस स्तोम भाग [?], तीन [प्रातःसवन माध्यन्दिन सवन तृतीय सवन—गो० पू० ४। ७] सवन हैं, और यज्ञ चौथा है। (स्तोमभागैः एव स्तोमभागान् प्रयुङ्क्ते, सवनैः सवनानि, यज्ञेन यज्ञम्) यह [ब्रह्मा] स्तोमभागों के साथ स्तोम भागों को प्रयोग में लाता है, सवनों के साथ सवनों को, यज्ञ के साथ यज्ञ को। (सर्वाः ह वै अस्य यज्ञस्य तन्वः प्रयुक्ताः भवन्ति, सर्वाः आप्ताः सर्वाः अवरुद्धाः, देवस्य सवितुः प्रसवे बृहस्पतये स्तुत इति) सब ही इस के यज्ञ के अङ्ग प्रयोग में लाये जाते हैं, सब ही प्राप्त किये हुये, सब रक्षा किये हुये—[देवस्य सवितुः प्रसवे] सब के प्रकाशक और उत्पादक परमेश्वर के उत्पन्न किये संसार में [देखो यजु० १। १०] और [बृहस्पतये स्तुत] सब विद्याओं के स्वामी परमात्मा के लिये स्तुति करो, [इन दो को वह पढ़ता है]। (यत् यत् वै सविता देवेभ्यः प्रासुवत् तेन आर्ध्नुवन् सवितृप्रसूताः एव स्तुवन् पृध्नुवन्) जो जो ही सविता [सर्वजनक परमात्मा] ने विद्वानों के लिये प्रेरणा की है, उस से वे बढ़े हैं, परमात्मा से प्रेरण किये हुये ही वे स्तुति करते हुये बढ़े हैं। (अस्य वै स्तोमाः पृध्यन्ते, यज्ञः ऋध्यते, यजमानः ऋध्यते, प्रजायै ऋध्यते, पशुभ्यः ऋध्यते, ब्रह्मणे, यस्य एवं विद्वान् ब्रह्मा भवति) उस पुरुष के स्तोम [स्तुति योग्य व्यवहार] बढ़ते हैं, यज्ञ बढ़ता है [श्रीमान् होता है], यजमान बढ़ता है, प्रजा के लिये बढ़ता है, पशुओं के लिये बढ़ता है, और अन्न वा धन के लिये [बढ़ता है] जिस का ऐसा विद्वान् [जानकार] ब्रह्मा होता है॥१०॥

(सोमपीथः) निशीथ गोपीथावगथाः। उ० २। ६। पा पाने रक्षणे वा—थक्। सोमरसपाने (अनपेयः) नास्ति अपेयः। सर्वतः पानयोग्यः (यज्ञार्तान्) यज्ञपीडितान् (प्रतिजुहुयात्) प्रत्यक्षेण जुहुयात् (सयोनित्वाय) समानगृहत्वाय (त्रयस्त्रिंशत्) वसुरुद्रादित्य वाक्स्वराख्त्रयस्त्रिंशद् देवाः—गो० ब्रा० उ० २। १३ (एकान्नत्रिंशत्) एकादिश्चैकस्य चादुक्। पा० ६। ३। ७६। एक+न+त्रिंशत्, एकस्य अदुगागमः, दस्य नः। एकोनत्रिंशत् (आप्ताः) प्राप्ताः (अवरुद्धाः) रक्षिताः (आर्ध्नुवन्) आर्ध्नुवन् (स्तुवन्) स्तुतवन्तः (पृध्नुवन्) आर्षरूपम्। ऋध्नुवन्। आर्ध्नुवन्। प्रवृद्धाः अभवन् (पृध्यन्ते) ऋध्यन्ते। वर्धन्ते (ब्रह्मणे) ब्रह्म, अन्ननाम—निघ० २। ७। धननाम-निघ० २। १०। अन्नाय। धनाय॥

भावार्थ—यजमान ब्रह्मा की सम्मति से यज्ञ के सब अङ्गों को यथाविधि पूरा करके संसार में समृद्ध होवे ॥ १० ॥

टिप्पणी—सङ्केतित मन्त्र अर्थ सहित लिखा जाता है—

देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम् । अग्नये जुष्टं गृह्णाम्यग्नीषोमाभ्यां जुष्टं गृह्णामि—यजु० १ । १० [हे यज्ञ] (देवस्य) सब जगत् के प्रकाशक, (सवितुः) सब जगत् के उत्पादक परमेश्वर के (प्रसवे) उत्पन्न किये हुये संसार में (अश्विनोः) सूर्य और चन्द्रमा के (बाहुभ्याम्) बल और वीर्य से तथा (पूष्णः) पुष्टि करने वाले प्राण के (हस्ताभ्याम्) ग्रहण और त्याग से (अग्नये) अग्नि विद्या की सिद्धि के लिये (जुष्टम्) सेवा किये गये (त्वा) तुझ को (गृह्णामि) स्वीकार करता हूं । (अग्नीषोमाभ्याम्) अग्नि और जल की विद्या करके (जुष्टम्) सेवा किये [तुझ] को (गृह्णामि) स्वीकार करता हूं ॥

कण्डिका ११ ॥

देवाश्च ह वा असुराश्चास्पर्द्धन्त, ते देवाः समावदेवा यज्ञे कुर्वाणा आसन्, यदेव देवा अकुर्वत, तदसुरा अकुर्वत, तेन व्यावृत्तमगच्छन् । ते देवा अब्रुवन्, नयतेमं यज्ञं तिर उपर्य्यसुरेभ्यस्तेऽस्यामहै इति । तमेताभिराच्छाद्योदक्रामन्ति, यजूंषि यज्ञे समिधः स्वाहेति । तन्तिर उपर्य्यसुरेभ्यो यज्ञमतन्वत, तमेषां यज्ञमसुराणां न्यवायन्, ततो न देवा अभवन् परासुराः । स य एव विद्वांस्तिर उपर्य्यसुरेभ्यो यज्ञं तनुते, भवत्यात्मना परास्याप्रियो भ्रातृव्यो भवति । एतैरेव जुहुयात्स वृतयज्ञे चतुर्भिश्चतुर्भिरन्वाख्यानं पुरस्तात् प्रातरनुवाकस्य जुहुयात्, एतावान् वै यज्ञः यावानेष यज्ञस्तं वृङ्क्ते, स यज्ञो भवति, अयज्ञ इतरः । एतैरेव जुहुयात्, पुरस्ताद् द्वादशाहस्य । एष ह वै प्रत्यक्षं द्वादशाहः, तमेव आलभ्य एतैरेव जुहुयात्, पुरस्ताद् दीक्षायाः । एषा ह वै प्रत्यक्षं दीक्षा, तामेवालभ्यैतैरेवातिथ्यमभिमृशेत्, यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवा इति ॥ ११ ॥

कण्डिका ११ ॥ देवताओं ने यज्ञ द्वारा असुरों पर विजय पाया ॥

(देवाः च ह वै असुराः च अस्पर्धन्त) देवता [विद्वान् लोग] और असुर [अविद्वान्] लड़ने लगे । (ते समावदेवाः देवाः यज्ञे कुर्वाणाः आसन्,

---

११—(देवाः) विद्वांसः (असुराः) अविद्वांसः (समावदेवाः) सम+अव+दिवु विजिगीषायाम्—अच् । समानविजिगीषवः (व्यावृत्तम्) निवा-

यत् एव देवाः अकुर्वत, तत् असुराः अकुर्वत, तेन व्यावृत्तम् अगच्छन्) वे समान विजय चाहने वाले देवता यज्ञ में कर्म करते हुये थे, जो ही [यज्ञ कर्म] देवता करते थे, वह [यज्ञ कर्म] असुर करते थे, उस से वे [देवता] रुकावट को प्राप्त हुये। (ते देवाः अब्रुवन्, इमं यज्ञं तिरः नयत, असुरेभ्यः उपरि ते अस्यामहै इति) वे देवता [आपस में] बोले—इस यज्ञ को छिपाकर चलाओ, असुरों से ऊपर होकर वे हम [उन को] गिरावें। (तम् आच्छाद्य एताभिः उदक्रामन्ति, यजूंषि यज्ञे समिधः स्वाहा इति) उस [यज्ञ] को छिपा कर इन [ऋचाओं] से उन्हों ने चढ़ाई की—(यजूंषि) पूजनीय कर्मों और (समिधः) विद्या आदि प्रकाश क्रियाओं को (यज्ञे) संगति व्यवहार में (स्वाहा) उत्तम वाणी से……[अथर्व० ५। २६ के १२ मन्त्रों की यह प्रतीक है]। (तं यज्ञं तिरः असुरेभ्यः उपरि अतन्वत, एषाम् असुराणां तं यज्ञं नु अवायन्, ततः देवाः न परा अभवन्, असुराः) उस [अपने] यज्ञ को छिपाकर असुरों से ऊपर होकर उन्हों ने विस्तृत किया, और इन असुरों के उस यज्ञ को निःसन्देह सुखा दिया, उस से देवता न हारे और असुर [हार गये]। (सः यः एवं विद्वान् असुरेभ्यः उपरि यज्ञं तिरः तनुते, अस्य अप्रियः भ्रातृव्यः आत्मना परा भवति भवति) जो कोई ऐसा विद्वान् असुरों से ऊपर होकर यज्ञ को छिपा कर [गुप्त रीति से विचार कर] विस्तृत करता है, उस का कुप्रिय वैरी आत्मबल से हार जाता है, हार जाता है। (सः एतैः एव जुहुयात्, वृतयज्ञे चतुर्भिः चतुर्भिः अन्वाख्यानं प्रातरनुवाकस्य पुरस्तात् जुहुयात्) वह इन [बारह मन्त्रों] से ही यज्ञ करे और स्वीकार किये हुये यज्ञ में चार चार [मन्त्रों] से व्याख्यान के अनुसार प्रातरनुवाक यज्ञ के पहिले यज्ञ करे। (एतावान् वै यज्ञः, यावान् एषः यज्ञः तं वृङ्क्ते सः यज्ञः भवति इतरः अयज्ञः) इतना ही यज्ञ है जितना यह यज्ञ उस [शत्रु] को रोकता है, यह यज्ञ होता है और दूसरा [असुरों का] कुयज्ञ। (एतैः एव द्वादशाहस्य पुरस्तात् जुहुयात्) इन ही [बारह] से द्वादशाह

रणम् (तिरः) तिरोहित्य। आच्छाद्य (उपरि) उपरि सन्तः (अस्यामहै) असु क्षेपणे—लोट्। अस्याम, क्षिपाम (उदक्रामन्ति) आर्षम्। उदक्रामन् (एताभिः) वक्ष्यमाणाभिः ऋग्भिः (नु) अवधारणे (अवायन्) वै शोषे—लङ्। आर्षरूपम्। अवायन्। शोषितवन्तः। नाशितवन्तः (अन्वाख्यानम्) आख्यानं व्याख्यान-मनुसृत्य (वृङ्क्ते) वृजी वर्जने। वर्जयति (आलभ्य) प्राप्य (आतिथ्यम्) अतिथिसत्कारम् (अभिमृशेत्) विचारयेत् ॥

[बारह दिन वाले यज्ञ] के पहिले यज्ञ करे। (एषः ह वै प्रत्यक्षं द्वादशाहः तम् एव आलभ्य एतैः एव दीक्षायाः पुरस्तात् जुहुयात्) यह ही प्रत्यक्ष द्वादशाह [बारह दिन वाला यज्ञ] है, उस को ही प्राप्त होकर इन [बारह मन्त्रों] से ही दीक्षा [नयम व्रत धारण] के पहिले यज्ञ करे। (एषा ह वै प्रत्यक्षं दीक्षा, ताम् एव आलभ्य एतैः एव आतिथ्यम् अभिमृशेत्, यज्ञेन यज्ञं अयजन्त देवाः इति) यह ही प्रत्यक्ष दीक्षा है, उस [दीक्षा] को ही प्राप्त होकर इन [आगे के पांच मन्त्रों] से आतिथ्य [अतिथि सत्कार] को विचारे—(देवाः) विद्वानों ने (यज्ञेन) अपने पूजनीय कर्म से (यज्ञम्) पूजनीय परमात्मा को (अयजन्त) पूजा है·····[अथर्व० ७। ५ के पांच मन्त्रों की यह प्रतीक है] ॥ ११ ॥

भावार्थ—जो नीतिकुशल मनुष्य अपने कर्त्तव्यों को शत्रुओं से गुप्त रखकर करते रहते हैं, वे युद्ध में जीत पाते हैं ॥ ११ ॥

टिप्पणी—प्रतीक वाले मन्त्रों में से एक एक मन्त्र अर्थ सहित दिया जाता है शेष वेद में देखो।

१—यजूंषि युज्ञे समिधः स्वाहाग्निः प्रविद्वानिह वो युनक्तु। अथ०। ५। २६। १। (प्रविद्वान्) बड़ा विद्वान् (अग्निः) तेजस्वी पुरुष (इह) यहां (यज्ञे) संगति में (यजूंषी) पूजनीय कर्मों और (समिधः) विद्यादि प्रकाश क्रियाओं को (वः) तुम्हारे लिये (स्वाहा) उत्तम वाणी से (युनक्तु) उपयुक्त करे ॥

२—यज्ञेन यज्ञमयजन्त दे वास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः ॥ अथ० ७। ५। १। यह मन्त्र ऋग्वेद में है—१। १६४। ५०, १०। ९०। १६, यजु० ३१। १६, ऋग्वेदादि भाष्य-भूमिका पृष्ठ १२९ और निरुक्त १२। ४१ में भी है ॥ (देवाः) विद्वानों ने (यज्ञेन) अपने पूजनीय कर्म से (यज्ञम्) पूजनीय परमात्मा को (अयजन्त) पूजा है, (तानि) वे [उनके] (धर्म्माणि) धारण योग्य ब्रह्मचर्य आदि धर्म (प्रथमानि) मुख्य, प्रथम कर्तव्य (आसन्) थे। (ते) उन (महिमानः) महा-पुरुषों ने (ह) ही (नाकम्) दुःख रहित परमेश्वर को (सचन्त) पाया है, (यत्र) जिस परमेश्वर में रहकर (पूर्वे) पहिले बड़े बड़े (साध्याः) साधनीय श्रेष्ठ कर्मों के साधने वाले लोग (देवाः) देवता अर्थात् विजयी (सन्ति) होते हैं ॥

कण्डिका १२ ॥

यत्र विजानाति, ब्रह्मन्त्सोमोऽस्कन्निति । तमेतयालभ्याभिमन्त्रयते, अभूद्देवः सविता वन्द्योऽनूनः इदानीमह्न उपवाच्यो नृभिः, वि यो रत्ना भजति मानवेभ्यः श्रेष्ठं नो अत्र द्रविणं यथा दधदिति । ये अग्नयो अप्स्वन्तरिति सप्तभिरभिजुहोति । यदेवास्यावस्कन्नं भवति, तदेवास्यैतदग्नौ स्वगाकरोति । अग्निर्हि सुकृतीनां हविषां प्रतिष्ठा । अथ विसृष्य वैप्रुषान् होमान् जुहुति, द्रप्सश्चस्कन्देति । या एवास्याभिषूयमाणस्य विप्रुषः स्कन्दन्ति, अंशवो ता एवास्यैतदाहवनीये स्वगाकरोति । आहवनीयो ह्याहुतीनां प्रतिष्ठा । यस्ते द्रप्स स्कन्दतीति, स्तोको वै द्रप्सः । यस्ते अंशुर्बाहुच्युतो धिषणाया उपस्थादिति, बाहुभिरभिच्युतोऽंशुरधिषवणाभ्यामधिस्कन्दन्ति । अध्वर्यवो वा एषः पवित्रात्तन्ते जुहोमि मनसा वषट्कृतमिति, तद्यथा, वषट्कृतं स्वाहाकृतं हुतमेवं भवति ॥ १२ ॥

कण्डिका १२ ॥ सोम यज्ञ का वर्णन ॥

(यत्र विजानाति, ब्रह्मन् सोमः अस्कन् इति) जहां [यज्ञ में] वह [यजमान] जान लेवे [वह कहे]—हे ब्रह्मन् [ब्रह्मा] सोम [अमृतरस] न गिर जावे । (तम् एतया आलभ्य अभिमन्त्रयते) उस [सोम] को इस [पूर्वोक्त ब्राह्मण ऋचा] से प्राप्त करके मन्त्र कहे, (देवः सविता वन्द्यः अभूत्, अनूनः इदानीं नृभिः अह्नः उपवाच्यः) प्रकाशमान लोकप्रेरक सूर्य [के समान परमात्मा] वन्दना योग्य है, वह न्यूनता रहित [सूर्य] अब मनुष्यों करके दिन का नाम है [इस ब्राह्मण मन्त्र से], (यः रत्ना मानवेभ्यः यथा विभजति, श्रेष्ठं द्रविणं नः अत्र दधत् इति) जो [परमात्मा] रत्नों को मनुष्यों के लिये जैसे बांटता है, [वैसे ही] हमारे लिये यहां श्रेष्ठ धन देवे यह ब्राह्मण मन्त्र बोले । (ये अग्नयः अप्सु अन्तः इति सप्तभिः अभिजुहोति) जो अग्नियां [ईश्वर के तेज] जल के भीतर हैं [अथ० ३ । २१ । १—७]—इन सात [मन्त्रों] से वह

१२—(ब्रह्मन्) हे चतुर्वेदवित् (अस्कन्) अस्कन्नः । अनधःपतितो भवेत् । (देवः) प्रकाशमानः (सविता) लोकप्रेरकः सूर्य इव परमात्मा (अनूनः) न्यूनतारहितः । परिपूर्णः (उपवाच्यः) प्रतिपाद्यः (वि भजति) विभज्य ददाति (द्रविणम्) धनम् (अग्नयः) ईश्वरतेजांसि (अप्सु) जलेषु (अवस्कन्नम्) अवगतम् । ज्ञातम् (स्वगाकरोति) स्वग, स्वगि सर्पणे—अच् । सुखप्रियादानुलोम्ये । पा० ५ । ४ । ६३ । स्वगशब्दात् क्रिञो योगे—डाच् बाहुलकात् आनु-

यज्ञ करे। (यत् एव अस्य अवस्कन्नं भवति, तत् एतत् एव अस्य अग्नौ स्वगाकरोति) जो ही इस [सोम रस] का अङ्ग जाना गया होता है, वह यह ही इस का [अङ्ग] अग्नि में गमन करता है। (हि अग्निः सुकृतीनां हविषां प्रतिष्ठा) क्योंकि अग्नि पुण्य कर्मों की और ग्रहण करने योग्य व्यवहारों की प्रतिष्ठा [ठहरने का ठिकाना] है। (अथ विसृप्य वैप्रुषान् होमान् जुह्वति, द्रप्सः चस्कन्द इति) फिर सरककर विविध पूर्तियुक्त ग्राह्यव्यवहारों को वे [यज्ञ करने वाले] ग्रहण करते हैं--हर्षकारी परमात्मा व्यापक है [अथर्व० १८। ४। २८। यह मन्त्र पढ़ कर]. (यः एव अस्य अभिपूयमाणस्य विप्रुषः स्कन्दन्ति, अंशुः वा, ताः एव अस्य एतत् आहवनीये स्वगाकरोति) जो ही इस निचोड़े जाते हुये [सोम] की विविध पूर्ति क्रियायें अथवा अंश व्यापक हैं, वे ही इसके अब आहवनीय [अग्नि] में गमन करते हैं, (हि आहवनीयः आहुतीनां प्रतिष्ठा) क्योंकि आहवनीय [अग्नि] आहुतियों [देने लेने की क्रियाओं] की प्रतिष्ठा [ठहरने का स्थान] है। (यः ते द्रप्सः स्कन्दति इति, स्तोकः वै द्रप्सः) जो तेरा हर्षकारी व्यवहार व्यापक है [यजु० ७। २६—यह मन्त्र पढ़ता है]—प्रसन्न करने वाला सूक्ष्म विषय ही हर्ष व्यवहार है। (यः ते अंशुः बाहुच्युतः धिषणायाः उपस्थात् इति, बाहुभिः अभिच्युतः अंशुः अधिषवणाभ्याम् अधिस्कन्दन्ति) जो तेरा अंश [हमारे] भुजाओं पर गिरा हुआ प्रकाश वा भूमि की गाद से व्यापक है [उसी मन्त्र का भाग भेद से]—बाहुओं द्वारा प्राप्त हुआ अंश दोनों [अमृत के] निचोड़ स्थानों [प्रकाश और भूमि] से ऊपर व्यापक

लोभ्ये। स्वगं सर्पणं व्यापनं करोति (सुकृतीनाम्) पुण्यकर्मणाम् (हविषाम्) ग्राह्यव्यवहाराणाम् (प्रतिष्ठा) स्थितिस्थानम् (वैप्रुषान्) विप्रुष्—अण्। विविधपूर्तियुक्तान् (होमान्) ग्राह्यव्यवहारान् (जुह्वति) गृह्णन्ति (द्रप्सः) वृतॄवदिवचि० । उ० ३। ६२। दप हर्षमोहनयोः-सप्रत्ययः। हर्षकारी परमात्मा (चस्कन्द) स्कन्दिर् गतिशोषणयोः—लिट्। स्कन्दति। गच्छति। व्याप्नोति (विप्रुषः) वि+प्रुष स्नेहनसेचनपूरणेषु—क्विप्। विविधपूर्तयः (स्कन्दन्ति) व्याप्नुवन्ति (अंशुः) विभागः (स्वगाकरोति) स्वगाकुर्वन्ति। व्यापनंकुर्वन्ति (आहुतीनाम्) दानादानक्रियाणाम् (स्तोकः) ष्टुच प्रसादे दीप्तौ च—घञ्। प्रसन्नकरः। दीप्यमानः। सूक्ष्मविषयः (धिषणायाः) धृषेर्धिष च संज्ञायाम्। उ० २। ८२। ञि धृषा प्रागल्भ्ये—क्यु, धिषादेशः, यद्वा धिषि धारणे—क्यु। धिषणे द्यावापृथिवीनाम—निघ० ३। ३०। प्रकाशस्य भूमेर्वा (अधिषवणा-

होता है। (अध्वर्योः वा पर्यः, पवित्रात् ते मनसा वषट्कृतं तं जुहोमि इति) और जो यज्ञ करने वाले का पालन व्यवहार है, शुद्ध व्यवहार से तेरी प्राप्ति के लिये मनन के साथ प्राप्त किये हुये उस को मैं ग्रहण करता हूं—[यह बोलता है]। (तत् यथा वषट्कृतम्, एवं स्वाहाकृतं हुतं भवति) सो जैसे वषट्कृत [प्राप्त किया हुआ कर्म] होता है, उसी प्रकार स्वाहाकृत [सत्यवाणी से किया हुआ] यज्ञ होता है ॥ १२ ॥

भावार्थ—जैसे ऋत्विज लोग सोम यज्ञ को विधानपूर्वक करते हैं, वैसे ही सब मनुष्य अपने कर्तव्य को विचारपूर्वक करें ॥ १२ ॥

टिप्पणी—प्रतीक वाले मन्त्रों में से एक एक अर्थ सहित लिखे जाते हैं, शेष मन्त्र वेद में देखें—

१—ये अग्नयो अपस्व१न्तर्ये वृत्रे ये पुरुषे ये अश्मसु । ये आविवेशोषधीर्यो वनस्पतींस्तेभ्यो अग्निभ्यो हुतमस्त्वेतत् । अथ० ३ । २१ । १ । (ये) जो (अग्नयः) अग्नियें [ईश्वर के तेज] (अप्सु अन्तः) जल के भीतर (ये) जो (वृत्रे) मेघ में (ये) जो (पुरुषे) पुरुष [मनुष्य शरीर] में और (ये) जो (अश्मसु) शिलाओं में हैं। (यः) जिस [अग्नि] ने (ओषधीः) औषधियों [अन्न सोमलता आदि] में और (यः) जिस ने (वनस्पतीन्) वनस्पतियों [वृक्ष आदि] में (आविवेश) प्रवेश किया है, (तेभ्यः) उन (अग्निभ्यः) अग्नियों [ईश्वर तेजों] को (एतत्) यह (हुतम्) दान [आत्मसमर्पण] (अस्तु) होवे ॥

२—द्रप्सश्चस्कन्द पृथिवीमनु द्यामिमं च योनिमनु यश्च पूर्वः । समानं योनिमनु संचरन्तं द्रप्सं जुहोम्यनु सप्त होत्राः । अथ० १८ । ४ । २८, यजु० १३ । ५, भेद से ऋ० १० । १७ । ११ । (द्रप्सः) हर्षकारक परमात्मा (पृथिवीम्) पृथिवी और (द्याम् अनु) प्रकाश में (च) और (इमम्) इस (योनिम् अनु) घर [शरीर] में (च) और [उस शरीर में भी] (चस्कन्द) व्यापक है (यः) जो [शरीर] (पूर्वः) पहिला है। (समानम्) सर्वसाधारण] (योनिम् अनु)

भ्याम्) सोमस्य अमृतस्य निष्पीडनस्थानाभ्यां । द्यावापृथिवीभ्याम् (पर्यः) खष्पशिलपशष्प० । उ० ३ । २८ । पॄ पालनपूरणयोः—पप्रत्ययः । पालनव्यवहारः (पवित्रात्) शुद्धव्यवहारात् (जुहोमि) गृह्णामि (वषट्कृतम्) वहनेन कृतम् (स्वाहाकृतम्) सत्यवाण्या कृतम् ॥

कारण में (संचरन्तम्) विचरते हुये (द्रप्सम्) हर्षकारक परमात्मा को (सप्त) सात [मस्तक के सात गोलक] (होत्राः अनु) विषय ग्रहण करने वाली शक्तियों के साथ (जुहोमि) मैं ग्रहण करता हूं ॥

३—(यस्ते द्रप्स स्कन्दति—इत्यादि) यजुर्वेद ७। २६ के भाग कुछ भेद से यहां दिये हैं, वह मन्त्र यह है। (यस्ते द्रप्स स्कन्दति यस्ते अꣳशुर्बाह्वोर्य्युतो धिषणयोरुपस्थात्। अध्वर्य्योर्वा परि वा यः पवित्रात्तन्ते जुहोमि मनसा वषट्-कृतꣳ स्वाहा। देवानामुत्क्रमणमसि) [हे ईश्वर !] (यः ते द्रप्सः) जो तेरा हर्षकारक व्यवहार [सर्वत्र] (स्कन्दति) व्यापक है, और (यः ते अंशुः) जो तेरा विभाग (धिषणयोः) प्रकाश और भूमि की (उपस्थात्) गोद से (ग्राव-च्युतः) मेघमण्डल में छूटा हुआ [व्यापक है], (वा वा) अथवा (यः) जो [विभाग] (अध्वर्योः) यज्ञ करने वाले के (पवित्रात्) शुद्ध व्यवहार से (परि) सब ओर [व्यापक है], (मनसा) विचार के साथ और (स्वाहा) सत्यवाणी के साथ (वषट्कृतम्) प्राप्त किये हुये (तम्) उस [विभाग] को (ते) तेरी प्राप्ति के लिये (जुहोमि) मैं ग्रहण करता हूं (देवानाम् उत्क्रमणम् असि) [हे परमात्मन् !] तू विद्वानों के ऊंचे चढ़ने का साधन है ॥

कण्डिका १३ ॥

ऋषयो वा इन्द्रं प्रत्यक्षं नापश्यन्। तं वसिष्ठ एव प्रत्यक्षमपश्यत्। सोऽबि-भेत्, इतरेभ्य ऋषिभ्यो मा प्रवोचदिति। सोऽब्रवीत्, ब्राह्मणास्ते वक्ष्यामि, यथा त्वत्पुरोहिताः प्रजाः प्रजनयिष्यन्ते, अथेतरेभ्य ऋषिभ्यो मा प्रवोचदिति। तस्मा एतान् स्तोमभागानुवाच। ततो वसिष्ठपुरोहिताः प्रजाः प्रजायन्त। स्तोमो वा एतेषां भागः, तत् स्तोमभागानां स्तोमभागयज्ञं प्राह। प्रेतिरसि धर्मणे त्वेति, धर्मो मनुष्याः, मनुष्येभ्य एव यज्ञं प्राह। अनितिरसि सन्धिरसि प्रतिधिरसीति, त्रयो वै लोकाः लोकेष्वेव यज्ञं प्रतिष्ठापयति। विष्टम्भोऽसीति, वृष्टिमेवावरुन्धे। प्रावेस्यन्हार्थꣳसीति, मिथुनमेव करोति। उशिगसि प्रकेतोऽसि सुदितिरसीति, अष्टौ वसव एकादशरुद्रा द्वादशादित्या वाग् द्वात्रिंशी स्वरस्त्रयस्त्रिंशदयस्त्रि-शत् देवा देवेभ्य एव यज्ञं प्राह। ओजोऽसि पितृभ्यस्त्वेति बलमेव तत् पितॄननु-सन्तनोति। तन्तुरसि प्रजाभ्यस्त्वेति, प्रजा एव पशूननुसन्तनोति। रेवदस्योष-धीभ्यस्त्वेति, ओषधीष्वेव यज्ञं प्रतिष्ठापयति। पृतनाषाडसि पशुभ्यस्त्वेति, प्रजा एव पशूननुसन्तनोति। अभिजिदसीति, वज्रो वै षोडशी, व्यावृत्तोऽसौ वज्रः, तस्मा-देषोऽन्यै व्यावृत्तः। नाभुरसीति, प्रजापतिर्वै सप्तदशः, प्रजापतिमेवावरुन्धे ॥१३॥

कण्डिका १३ ॥ आख्यायिका—वसिष्ठ ने इन्द्र को देखा और इन्द्र ने उसे स्तोम भागों द्वारा ब्रह्मज्ञान बताया ॥

(ऋषयः वै इन्द्रं प्रत्यक्षं न अपश्यन्) ऋषियों [इन्द्रियों] ने निश्चय करके इन्द्र [बड़े ऐश्वर्य वाले परमात्मा] को साक्षात् न देखा। (तं वसिष्ठः एव प्रत्यक्षम् अपश्यत्) उसको वसिष्ठ [अत्यन्त बसने वाले जीवात्मा] ने ही साक्षात् देखा। (सः अबिभेत्, इतरेभ्यः ऋषिभ्यः मा प्रवोचत् इति) वह [इन्द्र] डरा—यह [वसिष्ठ] नीच ऋषियों [इन्द्रियों] से न कह देवे। (सः अब्रवीत्, ब्राह्मणं ते वक्ष्यामि, यथा त्वत्पुरोहितः प्रजाः प्रजनयिष्यन्ते) वह [इन्द्र] बोला—[हे वशिष्ठ] मैं तुझे ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] बताऊंगा, जिससे तुझे पुरोहित [मुखिया] रखती हुई प्रजायें उत्पन्न होंगे। (अथ इतरेभ्यः ऋषिभ्यः मा प्रवोचत्) इस लिये नीच ऋषियों [इन्द्रियों] से आप न कहें। (तस्मै एतान् स्तोमभागान् उवाच) उस [वशिष्ठ] को यह [आगे वाले] स्तोमभाग [स्तुतियों के भाग] उसने बताये। (ततः वसिष्ठपुरोहिताः प्रजाः प्रजायन्त) फिर वसिष्ठ [जीवात्मा] को पुरोहित रखती हुई प्रजायें [इन्द्रिय आदि] उत्पन्न हुये। (स्तोमः वै एतेषां भागः, तत् स्तोमभागानां स्तोमभागयज्ञं प्राह) स्तोम [स्तुतियोग्य व्यवहार] ही इन [मनुष्यों] का भाग [सेवनीय] है इस लिये स्तुति योग्य व्यवहार के सेवन करने वाले पुरुषों के स्तुति योग्य व्यवहार से सेवनीय यज्ञ [पूजनीय कर्म] को वह [इन्द्र परमात्मा वेद द्वारा] बताता है। (प्रेतिः असि धर्मणे त्वा इति १, धर्मः मनुष्याः, मनुष्येभ्यः एव यज्ञं प्राह) [हे परमात्मन्!] तू उत्तमता से व्यापक है, धर्म [वेदविहित व्यवहार] के लिये तुझे [ग्रहण करता हूं], धर्म वाले ही मनुष्य हैं, मनुष्यों

१३—(ऋषयः) ऋष गतौ दर्शने च—इन् कित्। सप्तऋषयः प्रतिहिताः शरीरे—यजु० ३४। ५५। सप्तऋषयः षडिन्द्रियाणि विद्या सप्तमी—निरु० १२। ३७। इन्द्रियाणि (इन्द्रम्) परमैश्वर्यवन्तं परमात्मानम् (वसिष्ठः) वस निवासे—तृच्। तुश्छन्दसि। पा० ५। ३। ५९। वसितृ—इष्ठन्। तुरिष्ठेमेयस्सु। पा० ६। ४। १५४। तृशब्दलोपः। अतिशयेन वसिता निवासकः। जीवात्मा (इतरेभ्यः) पामरेभ्यः (त्वत्पुरोहिताः) प्रत्ययोत्तरपदयोश्च। पा० ७। २। ९८। युष्मद् इत्यस्य त्व इत्यादेशः। त्वं पुरोहितः प्रधानो यासां ताः (प्रजनयिष्यन्ते) जनिष्यन्त (प्रेतिः) क्तिच्क्तौ च संज्ञायाम्। पा० ३। ३। १७४। प्र+इण् गतौ—क्तिच्। प्रकर्षेण गन्ता। व्यापकः (धर्मणे) शास्त्रविहितव्यवहाराय

को ही यज्ञ [पूजनीय कर्म] वह बताता है । (अनितिः असि, सन्धिः असि, प्रतिधिः असि इति २, ३, ४, त्रयः वै लोकाः, लोकेषु एव यज्ञं प्रतिष्ठापयति) [हे परमात्मन् !] तू जिलाने वाला है, तू संयोग करने वाला है, तू प्रत्यक्ष धारण करने वाला है—तीन ही लोक [तीन धाम-स्थान, नाम और जन्म—निरु० ९ । २८] हैं, लोकों में ही यज्ञ [पूजनीय कर्म को वह [यजमान] स्थापित करता है । (विष्टम्भः असि इति ५, वृष्टिम् एव अवरुन्धे)] हे परमात्मन् !] तू विविध प्रकार थामने वाला है—इस [स्तुति] से वह [यजमान] वृष्टि [आनन्द वृष्टि] पाता है । (अहांसि प्रावः असि इति ६, मिथुनम् एव करोति) [हे परमात्मन् !] तू व्याप्त वस्तुओं का बड़ा रक्षक है—इस से वह [यजमान] मिथुन [स्थिर ज्ञान] उत्पन्न करता है । (उशिक् असि, प्रकेतः असि, सुदितिः असि इति ७, ८, ९) [हे परमात्मन् !] तू कामना योग्य है, तू बड़ा ज्ञानी है, तू बड़ा दानी है—[यह स्तुति करता है] । (अष्टौ वसवः, एकादश रुद्राः, द्वादश आदित्याः, वाक् द्वात्रिंशी, स्वरः त्रयस्त्रिंशः, त्रिंशत् देवाः, देवेभ्यः एव यज्ञं प्राह) आठ वसु [पृथिवी आदि] हैं, ग्यारह रुद्र [प्राण और जीवात्मा] हैं, बारह आदित्य [महीने] हैं, वाणी [जिह्वा] बत्तीसवीं और स्वर [उच्चारण व्यवहार] तेंतीसवां है, यह तेंतीस देवता हैं, इन देवताओं के हित [सुधार] के लिये ही यज्ञ [पूजनीय कर्म] वह [इन्द्र] बताता है । (ओजः असि पितृभ्यः त्वा इति १०, तत् बलम् एव पितॄन् अनु सन्ततोति) [हे परमात्मन् !] तू बल है पितरों [पालन करने वाले ज्ञानियों] के लिये तुझे [ग्रहण करता हूं], इस [मन्त्र] से वह [यजमान] बल को पितरों के पीछे पीछे फैलाता है । (तन्तुः असि प्रजाभ्यः त्वा इति ११, प्रजाः एव पशून् अनु सन्ततोनि) [हे परमात्मन् !]

(त्वा) त्वां, गृह्णामि इति शेषः (धर्मः) धर्म—अर्शआद्यच्, विभक्तेः सु—पा० ७ । १ । ३९ । धर्मयुक्ताः (अनितिः) अन प्राणने—क्तिच्, इट् च । अन्तर्गतण्यर्थः । जीवयिता (सन्धिः) सम्यक्धारकः । संयोजकः (प्रतिधिः) प्रत्यक्षधारकः (विष्टम्भः) विशेषेण स्तम्भकः । आश्रयदाता (वृष्टिम्) आनन्दवर्षम् (अवरुन्धे) प्राप्नोति (प्रावः) प्र+अव रक्षणे—घञ् । प्रकर्षेण रक्षकः (अहांसि) उदके नुट च । उ० ४ । १९७ । अह व्याप्तौ—असुन्, नुट् च । अहसां व्याप्तपदार्थानाम् (मिथुनम्) क्षुधिपिशिमिथिभ्यः कित् । उ० ३ । ५५ । मिथ वधे मेधायां सङ्गमे च—उनन् कित् । स्थिरस्थानम् (उशिक्) वशेः कित् । उ० २ । ७१ । वश कान्तौ—इजि, कित् । कमनीयः (प्रकेतः) प्र+कित ज्ञाने—अच् । प्रकर्षेण ज्ञाता

तू तन्तु [फैलाने वाला] है, प्रजाओं के लिये तुझे [स्वीकार करता हूं]--इस मन्त्र से प्रजाओं को ही वह [यजमान] पशुओं के पीछे पीछे फैलाता है। (रेवत् असि ओषधीभ्यः त्वा इति १२, ओषधीषु एव यज्ञं प्रतिष्ठापयति) [हे परमात्मन् !] तू धनवान् [ब्रह्म] है, ओषधियों [अन्न सोमलता आदि] के लिये तुझे [स्वीकार करता हूं]--ओषधियों में ही वह [यजमान] यज्ञ को स्थापित करता है। [पृतनाषाट् असि, पशुभ्यः त्वा इति १३, प्रजाः एव पशून् अनु सन्तनोति) [हे परमात्मन् !] तू संग्राम जिताने वाला है, पशुओं के लिये तुझे [स्वीकार करता हूं]—इस मन्त्र से वह [यजमान] प्रजाओं को ही पशुओं के पीछे पीछे बढ़ाता है। (अभिजित् असि इति १४, वज्रः वै षोडशी, व्यावृत्तः असौ वज्रः, तस्मात् एषः अन्यै व्यावृत्तः) [हे परमात्मन् !] तू विजयी है—वज्र [समान] ही षोडशी [प्रश्नोपनिषद् ६। ४, गो० पू० १। ८—प्राण, श्रद्धा, आकाश, वायु, प्रकाश, जल, पृथिवी, इन्द्रिय, मन, अन्न, वीर्य, तप, मन्त्र, कर्म, लोक और नाम—इन सोलह कलाओं का स्वामी परमात्मा] है, वह शत्रु निवारक वज्र रूप है, इस लिये यह [परमात्मा] वैरियों का रोकने वाला है। (नाभुः असि इति १५, प्रजापतिः वै सप्तदशः, प्रजापतिम् एव अवरुन्धे) [हे परमात्मन् !] तू शत्रुनाशक है—यहां प्रजापति [प्रजापालक परमात्मा] सत्रह [गो० पू० १। ५ चार दिशा, चार विदिशा, एक ऊपर की, एक नीचे की, दस दिशाओं, सत्त्व, रज और तम तथा ईश्वर, जीव और प्रकृति और संसार] का स्वामी है, प्रजापति [इन्द्र अर्थात् परमात्मा] को वह [यजमान] पाता है॥१३

भावार्थ—मनुष्य ईश्वर की उपासना प्रार्थना से पुरुषार्थ कर के अपनी उन्नति करे और परम आनन्द पावे॥ १३ ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका में पन्द्रह स्तुति मन्त्र ब्राह्मण वचन हैं।

(सुदितिः) सु+दाण् दाने—क्तिच्। महादाता (स्वरः) उच्चारणव्यवहारः (अनु) अनुसृत्य (रेवत्) रयि—मतुप्, सम्प्रसारणं गुणश्च, मस्य वः। धनयुक्तं ब्रह्म (पृतनाषाट्) छन्दसि सहः। पा० ३। २। ६३। पृतना+षह अभिभवे—क्विप्। सहेः साडः षः। पा० ८। ३। ५६। सस्य षः। पृतना सङ्ग्रामनाम—निघ० २। १७। संग्रामजेता (षोडशी) गो० पू० १। ८। प्राणादिषोडश कलानां स्वामी (व्यावृत्तः) कर्तरि क्तः। निवारकः (अन्यै) अन्यैः। अन्येषां शत्रूणाम् (नाभुः) कुवापाजि० । उ० १। १। णभि हिंसायाम्—उण्। शत्रुपीडकः (सप्तदशः) गो० पू० १। ५। प्राणश्रद्धाकाशादीनां सप्तदशपदार्थानां स्वामी॥

कण्डिका १४ ॥

अधिपतिरसि धरुणोऽसि संसर्पोऽसि वयोधा असीति, प्राणोऽपान-श्चक्षुः श्रोत्रमित्येतानि वै पुरुषमकरन्। प्राणानुपैति, प्रजात्या एव। त्रिवृदसि प्रवृदसि स्ववृदन्यवृदसीति, मिथुनमेव करोति। आरोहोऽसि प्ररोहोऽसि संरोहोऽन्यनरोहोऽसीति, प्रजापतिरेव। वसुकोऽसि वस्यष्टिरिसि वेषश्रीर-सीति, प्रतिगत्वम्। रश्मिरसि क्षयाय त्वेति, क्षयो वै देवाः, देवेभ्य एव प्रतिरेव। आक्रमोऽसि सङ्क्रमोऽस्युत्क्रमोऽस्युत्क्रान्तिरसीति, ऋद्धिरेव। यद्धवै सविता देवेभ्यः प्रासुवत्, तेनर्षयुत्, सवितृप्रसूता एव स्तुवन् व्यृद्धवन्ति। बृहस्पतये स्तुतेति, बृहस्पतिर्वा आङ्गिरसां देवानां ब्रह्मा। तन्नूनमेवैनं [illegible] स्तुतेत्येव। ओं भुवो जन-दिति, माध्यन्दिने सवने यजुर्भिरेवोभयतोऽथर्वाङ्गिरोभिर्वा [illegible] स्तुतेत्येव। ओं स्वर्जनदिति, तृतीयसवने सामभिरेवोभयतोऽथर्वाङ्गिरोभिर्वा [illegible] स्तुतेत्येव। अथ यद्यहीन उक्थ्यः षोडशी वाजपेयोऽतिरात्रोऽप्तोर्यामा वा स्यात्, सर्वाभिः सर्वाभिरेव ऊतूर्ध्वं व्याहृतिभिरनुजानाति। ओं भूर्भुवः स्वर्जनद् वृधत् करद् गृहन् महतच्छ्रमा मन्यवन्त स्तुतेति, सेन्द्रान्मःपगायत सेन्द्राथंस्तुत इत्येव। इन्द्रियवान् रुद्धिमान् वशीयान् भवति, य एवं वेद, यश्चैवं विद्वान् स्तोमभागै-र्यजते ॥ १४ ॥

कण्डिका १४ ॥ आगे और स्तोम भागों और व्याहृतियों का वर्णन ॥

(अधिपतिः असि १) [हे परमात्मन् !] तू अधिपति [बड़ा राजा] है, (धरुणः असि २) तू धारण करने वाला है, (संसर्पः असि ३) तू भले प्रकार व्यापक है, (वयोधाः असि ४) तू अन्न धारण करने वाला है, (प्राणः अपानः चक्षुः श्रोत्रम् इति एतानि वै पुरुषम् अकरन्) [इस प्रकार परमात्मा की स्तुति द्वारा पराक्रम और स्वास्थ्य होने से] प्राण [भीतर जाने वाला श्वास], अपान [बाहर जाने वाला श्वास], नेत्र और कान, इन्हों ने ही पुरुष

१४—(अधिपतिः) सर्वोपरिराजा (धरुणः) कृवृदारिभ्य उनन्। उ० ३। ५३ धृञ् धारणे—उनन्। धर्ता (संसर्पः) सम्यग् व्यापकः (वयोधाः) वयसि धाञः। उ० ४। २२३। वयः+डुधाञ् धारणपोषणयोः—असि। वयः, अन्ननाम—निघ० २। ७। अन्नधारकः (प्रजात्यै) प्रकृष्टजन्मने। उत्तमजीवनाय

बनाया है। (प्रजात्यै एव प्राणान् उपैति) [मनुष्य] उत्तम जन्म [जीवन] के लिये ही प्राणों को पाता है। (त्रिवृत् असि ५) [हे परमात्मन् !] तू तीनों [भूत भविष्य वर्तमान काल] में वर्तमान है, (प्रवृत् असि ६) उत्तमता से वर्तमान है, (स्ववृत् असि ७) तू अपने आप वर्तमान है, (अनुवृत् असि ८) तू निरन्तर वर्तमान है—(मिथुनम् एव करोति) इस से [मनुष्य] स्थिर ज्ञान ही करता है। (आरोहः असि ९) [हे परमात्मन् !] तू चढ़ने वाला है, (प्ररोहः असि १०) तू उपजाने वाला है, (संरोहः असि ११) तू बढ़ाने वाला है, (अनुरोहः असि १२) तू निरन्तर वर्तमान है—(प्रजापतिः एव) इस से [मनुष्य] प्रजापति [प्रजापालक] ही होता है। (वसुकः असि १३) [हे परमात्मन्] तू ढक लेने वाला है, (वस्यष्टिः असि १४) तू वस्तियों में व्यापक है, (वेषश्रीः असि १५ इति प्रतिगत्वम्) तू व्याप्त पदार्थों में शोभा देने वाला है—इस से [मनुष्य का] प्रतीति से चलना होता है। (रश्मिः असि १५, क्षयाय त्वा इति) तू व्यापक वा प्रकाशमान है, निवास के लिये तुझे [ग्रहण करता हूं]—(क्षयः वै देवाः, देवेभ्यः एव स्थितिः एव) निवास ही कामना योग्य पदार्थ हैं, देवों [कामना योग्य पदार्थों] के लिये ही [मनुष्य की] स्थिति है। (आक्रमः असि १६) [हे परमात्मन् !] तू चढ़ाई करने वाला है, (सङ्क्रमः असि १७) तू संयोग करने वाला है, (उत्क्रमः असि १८) तू ऊंचा चढ़ने वाला है, (उत्क्रान्तिः असि १९ इति ऋद्धिः एव) तू ऊपर को डग मारने वाला है [देखो यजु० १५ । ९], इस से [मनुष्य को] ऋद्धि [संपत्ति] होती है। (यत् यत् वै सविता देवेभ्यः प्रासुवत्, तेन आर्ध्नवत् सवितृप्रसूताः एव स्तुवन् न्यृध्नुवन्ति) जो जो ही सविता [सर्वजनक परमात्मा] ने विद्वानों के लिये प्रेरणा की है, उस से वह बढ़ा है, परमात्मा से प्रेरणा किये हुये ही वे स्तुति करते हुये

(त्रिवृत्) त्रिषु भूतभविष्यद्वर्तमानकालेषु वर्तमानः (प्रवृत्) प्रकर्षेण वर्तमानः (स्ववृत्) आत्मना वर्तमानः (अनुवृत्) निरन्तरवर्तमानः (मिथुनम्) क० १३ । स्थिरज्ञानम् (आरोहः) आ+रुह बीजजन्मनि प्रादुर्भावे च—घञ्। आरोहणशीलः (वसुकः) उलूकादयश्च । उ० ४ । ४१ । वस आच्छादने—उक-प्रत्ययः । आच्छादकः (वस्यष्टिः) खनिकष्यञ्यसिवसि० । उ० ४ । १४० । वस निवासे—इप्रत्ययः । वसेस्तिः । उ० ४ । १८० । अशू व्याप्तौ संघाते च—तिप्रत्ययः । वसि—अष्टिः । वसिषु वस्तिषु व्यापकः (वेषश्रीः) विष्लृ व्याप्तौ—घञ्+श्री । वेषाणां श्रीः यस्मात् सः । व्याप्तपदार्थशोभाप्रदः (प्रतिगत्वम्)

बढ़ते हुये रहते हैं [देखो क० १०]। (बृहस्पतये स्तुत इति, बृहस्पतिः वै देवानाम् आङ्गिरसः ब्रह्मा) बृहस्पति [बड़ी वेदवाणियों के पालन करने वाले विद्वान्] के लिये तुम स्तुति करो—बृहस्पति ही विद्वानों में वेद जानने वाला ब्रह्मा है। (तत् अनुमत्या एव ओम् भूः जगत् इति प्रातःसवने ऋग्भिः एव उभयतः अथर्वाङ्गिरोभिः गुप्ताभिः गुप्तैः स्तुत इति एव) उस ब्रह्मा की अनुमति से—ओ३म् भूः जगत् [यह व्याहृति है]—प्रातःसवन यज्ञ में ऋग् मन्त्रों द्वारा ही दोनों ओर से [आदि और अन्त में] निश्चल ब्रह्म के ज्ञानों से रक्षा की हुयी [व्याहृतियों] से रक्षा किये हुये [स्तोमों] द्वारा तुम स्तुति ही करो। (ओं भुवः जगत् इति, माध्यन्दिने सवने यजुर्भिः एव उभयतः अथर्वाङ्गिरोभिः गुप्ताभिः गुप्तैः स्तुत इति एव) ओं भुवः जगत् [यह व्याहृति है]—माध्यन्दिनसवन में यजुर्मन्त्रों द्वारा ही दोनों ओर से [आदि और अन्त में] निश्चल ब्रह्म के ज्ञानों से रक्षा की हुई [व्याहृतियों] से रक्षा किये हुये [स्तोमों] द्वारा, तुम स्तुति ही करो। (ओं स्वः जगत् इति, तृतीयसवने सामभिः एव उभयतः अथर्वाङ्गिरोभिः गुप्ताभिः गुप्तैः स्तुत इति एव) ओं स्वः जगत् [यह व्याहृति है]—तृतीयसवन में साम मन्त्रों द्वारा ही दोनों ओर से [आदि और अन्त में] निश्चल ब्रह्म के ज्ञानों से रक्षा की हुई [व्याहृतियों] से रक्षा किये हुये [स्तोमों] द्वारा, तुम स्तुति ही करो। (अथ यदि अहीनः उक्थ्यः षोडशी वाजपेयः अतिरात्रः अप्तोः यामाः वा स्यात्, अतः ऊर्ध्वं सर्वाभिः सर्वाभिः व्याहृतिभिः अनुजानाति) फिर जो अहीन, [गो० उ० २। ८।] उक्थ्य, षोडशी [गो० उ० २। १४] वाजपेय, अतिरात्र अथवा आप्तोः यामाः [गो० पू० ५। २३] यज्ञ होवें उस से उपरान्त [अर्थात् तीन तीन व्याहृतियों के अनुष्ठान के पीछे] सब ही व्याहृतियों से वह [ब्रह्मा] आज्ञा देता है। (ओं भूःभुवः

प्रति+गमेः—ड, भावे—त्व। प्रतीत्या गन्तृत्वम् (रश्मिः) अश्नोतेरश्च। उ० ४। ४६। अशू व्याप्तौ—मि, धातोः रशादेशः। व्यापकः। किरणः। प्रकाशः (क्षयाय) निवासाय (आक्रमः) आ+क्रमु पादविक्षेपे—घञ्। आक्रमकः। (सङ्क्रमः) संयोजकः (उत्क्रमः) ऊर्ध्वं गन्ता (उत्क्रान्तिः) ऊर्ध्वं पादविक्षेपणशीलः (स्तुवन्) स्तुवन्तः (अथर्वाङ्गिरोभिः) निश्चलज्ञानैः (उभयतः) आद्यन्तयोः (गुप्ताभिः) रक्षिताभिः, व्याहृतिभिः (गुप्तैः) रक्षितैः स्तोमैः (आप्तोः) गो० पू० ५। २३। प्राप्तायाः प्रजायाः (यामाः) गो० पू० ५। २३। नियमाः (सेन्द्रान्) इन्द्रसहितान् स्तोमान् (मा) निषेधे (अपगायत) अप-

स्वः जनत् वृधत् करत् गुहत् महत् तत् शम् ओम् इन्द्रवन्तः स्तुत इति, सेन्द्रान् मा, अपगायत सेन्द्रान् स्तुत इति एव) ओम् [सर्वरक्षक परमेश्वर है—गो० पू० १ । ५ । तथा १६], भूः भुवः स्वः [सर्वाधार, सर्वव्यापक और सुखस्वरूप परमात्मा है, गो० पू० १ । ६], जनत्, वृधत्, करत्, गुहत्, महत्, तत्, शम्, ओम्, [उत्पन्न करने वाला—पू० १ । ८, बढ़ती वाला, बनाने वाला, सब में अन्तर्यामी, पूजनीय, फैला हुआ ब्रह्म–पू० १ । १०, शान्तिकारक–पू० १ । ११ और रक्षक ब्रह्म है, इन व्याहृतियों के साथ] इन्द्रवान् [इन्द्र वाले मन्त्रों का प्रयोग करते हुये] तुम स्तुति करो, इन्द्र सहित [इन्द्र वाले मन्त्रों सहित स्तोमों] को बुरी ध्वनि से मत गाओ, इन्द्र सहित [स्तोमों] को ही गाओ । (इन्द्रियवान् न्यृद्धिमान् वशीयान् भवति, यः एवं वेद, यः च एवं विद्वान् स्तोमभागैः यजते) वह पुरुष पुष्ट इन्द्रियों वाला, नित्य सम्पत्ति वाला और अत्यन्त जितेन्द्रिय [वा स्वतन्त्र] होता है, जो ऐसा जानता है, और जो ऐसा जानकार पुरुष रतोम भागों से यज्ञ [पूजनीय कर्म] करता है ॥ १४ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा के गुणों के गूढ़ विचार से पदार्थों के विज्ञान द्वारा आत्मोन्नति करते हैं, वे ही पराक्रमी जन महाधनी होकर संसार में यशस्वी होते हैं ॥ १४ ॥

कण्डिका १५ ॥

यो ह वा आयताथं श्च प्रतियताथं श्च स्तोमभागान् विद्याच्च विष्पर्धमानयोः सवृतसोमयोः, ब्रह्मास्यास्तुतोर्जे स्तुतदेवस्य सवितुः सवे बृहस्पतिं वः प्रजापतिं वो वसून् वो देवान् रुद्रान्वो देवानादित्यान्वो देवान् साध्यान्वो देवानाप्त्यान्वो देवान्विश्वान्वो देवान् सर्वान्वो देवान्विश्वतस्परि हवामहे जनेभ्योऽस्माकमस्तु केवल इतः कृणोतु वीर्य्यम्, इत्येते ह वा आयताश्च प्रतियताश्च स्तोमभागाः, ताञ्जपन्नुपर्य्युपरि परेषां ब्रह्माणमवेक्षेत । तत एषामधःशिरा ब्रह्मा पतति, ततो यज्ञः, ततो यजमानः । यजमानेऽधःशिरसि पतिते स देशोऽधःशिराः पतति । यस्मिन्नर्धे यजन्ते देवाश्च ह वा असुराश्च, सवृतसोमो यज्ञावतनुताम् । अथ बृहस्पतिराङ्गिरसो देवानां ब्रह्मा, स आयताथं श्च प्रतियताथं श्च स्तोमभागान् जपन्नु-

---

गानेन कुत्सितध्वनिना कुरुत (इन्द्रियवान्) पुष्टेन्द्रिययुक्तः (न्यृद्धमान्) नित्यसम्पत्तिमान् (वशीयान्) वशिन्+ईयसुन्, इनेर्लुक् । अतिशयेन जितेन्द्रियः, स्वतन्त्रः ॥

पर्य्युपर्यसुराणां ब्रह्माणमवेक्षेत । तत एषामधःशिरा ब्रह्माऽपतत्, ततो यज्ञः, ततोऽसुरा इति ॥ १५ ॥

कण्डिका १५ ॥ स्तोम भागों से शत्रुओं का नाश ॥

(यः ह वै विष्पर्धमानयोः सवृतसोमयोः आयतान् च प्रतियतान् च स्तोमभागान् च विद्यात्, ब्रह्मण्याः देवस्य सवितुः सवे वः बृहस्पतिं प्रजापतिम् इषे स्तुत ऊर्जे स्तुत स्तुत) जो [परमात्मा] ही विविध प्रकार लगातार उन्नति वाले दो समान स्वीकार किये हुये सोम यज्ञ वालों के लम्बे और चौड़े स्तोम भागों [स्तुति योग्य व्यवहार के भागों] को निश्चय करके जानता है, हे ब्रह्म में निष्ठा रखने वाले पुरुषो ! प्रकाशमान प्रेरक [परमात्मा] की प्रेरणा में अपने बीच [उस] बृहस्पति [बड़े बड़े लोकों के पालक] और प्रजापति [प्रजापालक परमात्मा] की अन्न के लिये स्तुति करो, पराक्रम के लिये स्तुति करो, स्तुति, करो । (वः वसून्, वः देवान् रुद्रान्, वः देवान् आदित्यान्, वः देवान् साध्यान्, वः देवान् आप्त्यान्, वः विश्वान् देवान्, वः सर्वान् देवान् वः देवान् विश्वतः जनेभ्यः परिह्वामहे, अस्माकं केवलः अस्तु) तुम वसुओं [निवास कराने वालों] को, तुम विजयी रुद्रों [शत्रुओं के रुलाने वालों] को, तुम कामना योग्य आदित्यों [अखण्डव्रतियों] को, तुम गति वाले साध्यों [व्यवहार साधकों] को, तुम दिव्य गुण वाले आप्त [यथार्थ वक्ता] पुरुषों में रहने वालों को, तुम सब आनन्ददायकों को, तुम सब व्यवहारकुशलों को, और तुम सब स्तुति योग्यों को सब प्राणियों के लिये सब प्रकार हम बुलाते हैं। वह [परमात्मा] हमारा सेवनीय होवे—(इतः वीर्यं कृणोतु) इस [व्यवहार] से वह [परमात्मा] वीरत्व करे—(इति एते ह वै आयताः च प्रतियताः च स्तोमभागाः, तान् जपन् उपरि उपरि परेषां ब्रह्माणम् अवेक्षेत) यह ही निश्चय

१५—(आयतान्) आ+यमु उपरमे—क्त, वा यती प्रयत्ने—अच्। दीर्घान् (प्रतियतान्) विस्तृतान् (स्तोमभागान्) स्तुत्यव्यवहारभागान् (विद्यात्) जानाति (विष्पर्धमानयोः) विविधा स्पर्धा क्रमोन्नतिर्ययोस्तयोः (सवृतसामयोः) समानस्वीकृतसामयज्ञयोः (ब्रह्मण्याः) ब्रह्म+आस उपवेशने—क्यप्, टाप्। ब्रह्मणि आस्था स्थितिर्येषां ते । हे परमात्मनिष्ठाशीलाः (स्तुतोपे) लेखप्रमादः। स्तुतेषे । स्तुत इषे (इषे) अन्नाय (ऊर्जे) पराक्रमाय (सवितुः) प्रेरकस्य परमेश्वरस्य (सवे) प्रेरणे (बृहस्पतिम्) बृहतां लोकानां पालकं

करके लम्बे और चौड़े स्तोम भाग [स्तुति योग्य व्यवहारों के भाग] हैं, उन को जपता हुआ [विचारता हुआ] ऊपर ऊपर होकर वैरियों के ब्रह्मा [पुरोहित] को निहारे [उस के छल बल रोके]। (ततः एषां ब्रह्मा अधःशिराः पतति, ततः यज्ञः, ततः यजमानः) इस [व्यवहार] से इन [वैरियों] का ब्रह्मा औंधे सिर गिरता है, उस से यज्ञ [संगति व्यवहार], उस से यजमान [औंधे सिर गिरता है]। (यजमाने अधःशिरसि पतिते सः देशः अधःशिराः पतति) यजमान के औंधे सिर गिरने पर वह देश औंधे सिर गिरता है। (यस्मिन् अर्द्धे देवाः च ह वै असुराः च यजन्ते, सवृतसोमः [=सवृतसोमौ] यज्ञौ अतनुताम्) जिस ऋद्धि युक्त व्यवहार में देव [विद्वान् लोग] और असुर [अविद्वान्] यज्ञ करते हैं, दो समान स्वीकार किये हुये सोम यज्ञ विस्तृत होवें। (अथ आङ्गिरसः बृहस्पतिः देवानां ब्रह्मा, सः आयतान् च प्रतियतान् च स्तोमभागान् जपन् उपरि उपरि असुराणां ब्रह्माणम् अवेक्षेत) फिर वह वेदवेत्ता बृहस्पति देवताओं का ब्रह्मा है, वह आयतों [लम्बे] और प्रतियतों [चौड़े] स्तोमभागों को जपता हुआ [विचारता हुआ] ऊपर ऊपर रह कर असुरों के ब्रह्मा को निहारे। (ततः एषां ब्रह्मा अधःशिराः अपतत्, ततः यज्ञः, ततः असुराः इति) उस से इन [असुरों] का ब्रह्मा नीचे सिर गिरता है, उस से यज्ञ और उस से असुर [नीचे सिर] गिरते हैं ॥ १५ ॥

भावार्थ—जहां पर दो पुरुष शत्रुता करके समान प्रयत्न करते हैं, वहां जिस का ब्रह्मा वा पुरोहित अधिक चतुर होता है, वह विजय पाता है ॥ १५ ॥

कण्डिका १६ ॥

देवा यज्ञं पराजयन्त, तमाज्ञीध्रात्पुनरुपाजयन्त, तदेतद्यज्ञस्यापराजितं,

---

परमात्मानं (वः) युष्माकं मध्ये (वः) युष्मान् (वसून्) निवासनशीलान् (रुद्रान्) शत्रुरोदकान् (आदित्यान्) अखण्डव्रतिनः पुरुषान् (साध्यान्) व्यवहारसाधकान् (आप्त्यान्) आप्त—यत् । आप्तेषु यथार्थवक्तृषु भवान् (विश्वतः) सर्वेभ्यः । सर्वान् (परि) सर्वतः (हवामहे) आह्वयामः (जनेभ्यः) जनानां हिताय (केवलः) सेवनीयः (वीर्यम्) वीरत्वम् (परेषाम्) शत्रूणाम् (अवेक्षेत) अवेक्षणेन् प्रतिजागरणेन पश्येत् (एषाम्) परेषाम्। शत्रूणाम् (अर्द्धे) ऋद्धियुक्ते व्यवहारे (सवृतसोमः) सवृतसोमौ। समानस्वीकृतसोमौ (अतनुताम्) विस्तृतौ भवताम् (अपतत्) पतति ॥

यदाग्नीध्रं यदाग्नीध्राधिष्ण्यान्विहरति । तत एवैनं पुनस्तनुते पराजित्यै । अप खलु वा एते गच्छन्ति, ये बर्हिष्पवमानं सर्पन्ति । बर्हिष्पवमाने स्तुत आह अग्नीन्, अग्नीन्विहर, बर्हिस्तृणीहि, पुरोडाशानलङ्कुर्विति । यज्ञमेवापराजित्य पुनस्तन्वाना आयन्त्यङ्गारैर्द्वे सवने विहरति, शलाकाभिस्तृतीयसवनं सशुक्रत्वाय । अथो सम्भवत्येवमेवैतत्, दक्षिणतो वै देवानां यज्ञं रक्षांस्यजिघांसन्, तान्याग्नीध्रेणापाघ्नत । तस्मादक्षिणामुखस्तिष्ठन्नग्नीत् प्रत्याश्रावयति, यज्ञस्याभिजित्यै रक्षसामपहत्यै रक्षसामपहत्यै ॥ १६ ॥

कण्डिका १६ ॥ आग्नीध् द्वारा यज्ञ की सिद्धि ॥

(देवाः यज्ञम् पराजयन्त) देवताओं ने यज्ञ को हरा दिया । (तम् आग्नीध्रात् पुनः उपाजयन्त) उस को वे आग्नीध्र [अग्नि प्रज्वलन स्थान] से फिर जीत कर लाये । (तत् एतत् यज्ञस्य अपराजितम्, यत् आग्नीध्रम् यत् आग्नीध्राधिष्ण्यान् विहरति) सो यह ही यज्ञ का न हार जाना है, जो आग्नीध्र है, और जो आग्नीध्र से धिष्ण्यों [यज्ञ अग्नियों] को वह विस्तृत करता है । (ततः एव एनं पुनः अपराजित्यै तनुते) फिर ही इस [यज्ञ] को न हराने के लिये वह विस्तृत करता है । (एते वै खलु अपगच्छन्ति, ये बर्हिष्पवमानं सर्पन्ति) वे लोग निश्चय कर के नहीं हटते हैं, जो बर्हिष्पवमान [बाहिरले पवित्र स्थान विशेष] में जाते हैं । (बर्हिष्पवमाने स्तुते अग्नीत् आह—अग्नीन् विहर, बर्हिः स्तृणीहि, पुरोडाशान् अलङ्कुरु इति) बर्हिष्पवमान की स्तुति किये जाने पर अग्नीत् [अग्नि प्रदीपक ऋत्विज्] कहता है—तू अग्नियों को विस्तृत कर, आसन बिछा और पुरोडाशों [पक्वान्न विशेषों] को सजा । (यज्ञम् एव अपराजित्य पुनः तन्वानाः आयन्ति, अङ्गारैः द्वे सवने विहरति, शलाकाभिः सशुक्रत्वाय तृतीयसवनम्) यज्ञ को न हरा कर फिर [उसको] फैलाते हुये वे आते हैं, अङ्गारों [निर्धूम अग्नियों] से दोनों सवनों [प्रातःसवन, माध्य-

---

१६—(परा—अजयन्त) पराजितवन्तः (आग्नीध्रात्) अग्निगृहात् (उप-अजयन्त) उपेत्य जितवन्तः (अपराजितम्) अपराजयत्वम् (आग्नीध्रा) सुपां सुलुक्० । पा० ७ । १ । ३९ । इत्याकारः । आग्नीध्रात् (धिष्ण्यान्) सानसिवर्णसिपर्णसि० । उ० ४ । १०७ । ञिधृषा प्रागल्भ्ये—ण्यप्रत्ययः, ऋकारस्य इकारः, यद्वा धिष शब्दे—ण्य । अग्नीन् (विहरति) विस्तारयति (अपराजित्यै) अपराभवाय (खलु) निषेधे (अङ्गारैः) अङ्गिमदिमन्दिभ्य आरन् । उ० ३ ।

न्दिन सवन] को वह विस्तृत करता है, और शलाकाओं से समान वीरत्व के लिये तृतीय सवन को [विस्तृत करता है]। (अथो एवम् एव एतत् सम्भवति, दक्षिणतः वै देवानां यज्ञं रक्षांसि अजिघांसन्, तानि आग्नीध्रेण अपाघ्नत) फिर ऐसा ही यह हो सकता है—दक्षिण [दक्षिण आदि] दिशा में ही देवताओं के यज्ञ को राक्षसों ने नाश करना चाहा, उन को आग्नीध्र [अग्नि प्रज्वालक] द्वारा [देवताओं ने] हरा दिया। (तस्मात् दक्षिणामुखः तिष्ठन् आशीत् यज्ञस्य अभिजित्यै रक्षसाम् अपहत्यै रक्षसाम् अपहत्यै प्रत्याश्रावयति) इस लिये दक्षिण मुख बैठा हुआ अग्नीत् [अग्नि प्रदीपक ऋत्विज] यज्ञ की पूरी जीत के लिये और राक्षसों की हार के लिये, राक्षसों की हार के लिये स्तुति सुनाता है ॥ १६ ॥

भावार्थ—जैसे यज्ञ में अग्नि प्रज्वलित करके यज्ञ के विघ्नों को हटाते हैं, वैसे ही मनुष्य पराक्रम बढ़ाकर शत्रुओं का नाश करें ॥ १६ ॥

कण्डिका १७ ॥

तदाहुः, अथ कस्मात् सौम्य एवाध्वरे प्रवृताहुतीर्जुह्वति, न हविर्यज्ञ इति। अकृत्स्ना वा एषा देवयज्या, यद्धविर्यज्ञः। अथ हैषैव कृत्स्ना एषा देवयज्या, यत् सौम्योऽध्वरः, तस्मात् सौम्य एवाध्वरे प्रवृताहुतीर्जुह्वति। जुष्टो वाचे भूयासं जुष्टा वाचस्पतये देवि वाग् यद्वाचो मधुमत्तमं, तस्मिन्मा धाः स्वाहा वाचे स्वाहा वाचस्पतये स्वाहा सरस्वत्यै स्वाहा सरस्वत्या इति, पुरस्तात् स्वाहाकारेण जुहोति। तस्माद्वाग् अत ऊर्ध्वमुत्सृष्टा यज्ञं वहति। मनसोत्तरा, मनसा हि मनः प्रीतम्। तदु हैके सप्ताहुतीर्जुह्वति, सप्त छन्दांसि प्रवृत्तानि प्रतिमन्त्रमिति वदन्तः। यथा मेखला पर्य्यस्यते मेध्यस्य चामेध्यस्य च विहृत्यै, एवं वै ते न्युप्यन्ते मेध्यस्य च विहृत्यै यज्ञस्य विहृत्यै। प्राचानं हि धिष्ण्येभ्यो देवानां लोकाः, प्रतीचीनं मनुष्याणाम्। तस्मात् सोमं पिबता प्राञ्चो धिष्ण्या नोपसर्प्याः। जनं ह्येतद्देवलोकं ह्यध्यारोहन्ति, तेषामेतदायतनं चोदयनं च, यदाग्नीध्रं च सदश्च। तद्योऽविद्वान् सञ्चरति, आर्त्तिमार्च्छति। अथ यो विद्वान् सञ्चरति, न स धिष्ण्यीयामार्त्तिमार्च्छति ॥ १७ ॥

कण्डिका १७ ॥ प्रवृत्त आहुतियों का वर्णन ॥

(तत् आहुः, अथ कस्मात् सौम्ये एव अध्वरे प्रवृत्ताहुतीः जुह्वति न हवि-

---

१३४। अगि गतौ—आरन्। निर्धूमाग्निभिः (सशुक्रत्वाय) समानवार्यत्वाय (सम्भवति) समर्थो भवति (अपाघ्नत) पराजितवन्तः। नाशितवन्तः ॥

र्यज्ञे इति) यह कहते हैं—फिर किस लिये सोम वाले ही यज्ञ में प्रवृताहुति [लगातार आहुतियों] को वे देते हैं और हविर्यज्ञ में नहीं । (अकृत्स्ना वै एषा देवयज्या, यत् हविर्यज्ञः) [उत्तर] असम्पूर्ण ही यह देवयज्या है जो हविर्यज्ञ है । (अथ ह एषा एषा एव कृत्स्ना देवयज्या, यत् सौम्यः अध्वरः, तस्मात् सौम्ये एव अध्वरे प्रवृताहुतीः जुह्वति) फिर यह ही निश्चय करके सम्पूर्ण देवयज्या है, जो सोम वाला यज्ञ है, इस लिये सोम वाले ही यज्ञ में प्रवृत्त आहुतियां वे देते हैं । (वाचे जुष्टः भूयासम्, वाचस्पतये जुष्टः, देवि वाक् यत् वाचः मधुमत्तमम्, तस्मिन् मा धाः स्वाहा, वाचे स्वाहा, वाचस्पतये स्वाहा, सरस्वत्यै सरस्वत्यै स्वाहा इति पुरस्तात् स्वाहाकारेण जुहोति) मैं वाणी के लिये प्रसन्न होऊं, वाचस्पति [वाणी के स्वामी परमात्मा] के लिये प्रसन्न [होऊं,] हे देवि वाणी ! जो वाणी का अत्यन्त मधुर कर्म है उस में मुझ को स्वाहा [सुवाणी के साथ] धारण कर, वाणी के लिये स्वाहा [सुन्दर वाणी वा आहुति] है, वाचस्पति के लिये स्वाहा है, सरस्वती [विज्ञानवती विद्या] के लिये, सरस्वती के लिये स्वाहा है—इस मन्त्र से पहिले स्वाहा शब्द के साथ वह हवन करता है । (तस्मात् वाक् अतः ऊर्ध्वम् उत्सृष्टा यज्ञं वहति) इस लिये इस के उपरान्त वाणी छुटी हुई होकर यज्ञ को ले चलती है । (मनसः अन्तरा मनसा हि मनः प्रीतम्) मन के भीतर मन के साथ ही मन प्रसन्न रहता है ।

(तत् उ ह एके सप्त आहुतीः जुह्वति, सप्त छन्दांसि प्रतिमन्त्रं प्रवृत्तानि इति वदन्तः) फिर कोई कोई सात आहुतियां देते हैं—सात छन्द एक एक मन्त्र में प्रवृत्त हैं—ऐसा कहते हुये । (यथा मेखला मेध्यस्य च अमेध्यस्य च विहृत्यै पर्य्यस्पते, एवं ह एव एते मेध्यस्य यज्ञस्य च विहृत्यै विहृत्यै न्युप्यन्ते) [उत्तर] जिस प्रकार मेखला [यज्ञ सीमा] पवित्र वस्तु के और अपवित्र वस्तु के अलग करने के लिये डाली जाती है, वैसे ही यह [पदार्थ] शुद्ध यज्ञ के विस्तार के लिये, विस्तार के लिये ही [अग्नि में] डाले जाते हैं । (धिष्ण्येभ्यः हि प्राचीनं

१७—(जुह्वति) प्रक्षिपन्ति (अकृत्स्ना) असम्पूर्णा (जुष्टः) प्रीतः । सेवितः (मधुमत्तमम्) अतिशयेन माधुर्य्ययुक्तं कर्म (सरस्वत्यै) विज्ञानयुक्तायै वाचे (पुरस्तात्) अग्रे (उत्सृष्टा) त्यक्ता (प्रीतम्) प्रसन्नम् (मेखला) यज्ञसीमा (मेध्यस्य) पवित्रपदार्थस्य (अमेध्यस्य) अपवित्रव्यवहारस्य (विहृत्यै) वि+हृञ् हरणे—क्तिन् । पृथक्करणाय । विस्ताराय (प्राचीनम्) पूर्वदिशि वर्तमानं स्थानम् (प्रतीचीनम्) पश्चिमदिशि वर्त्तमान स्थानम् (प्राञ्चः) पूर्व-

देवानां लोकाः, प्रतीचीनं मनुष्याणाम्) अग्नियों से पूर्व दिशा वाला स्थान ही देवताओं के और पश्चिम दिशा वाला स्थान मनुष्यों के लोक हैं । (तस्मात् सोमं पिबता प्राञ्चः धिष्ण्याः न उपसर्ष्याः) इस लिये सोम पीने वाले पुरुष करके पूर्व दिशा वाली अग्नियें अब प्राप्त की जावें । (एतत् एव हि जनं लोकं हि अध्यारोहन्ति) इस से ही जन [महत्लोक से ऊपर वाले] लोक को ही वे चढ़ जाते है । (तेषाम् एतत् आयतनम् उदयनं च, यत् आग्नीध्रं च सदः च) उन का यह विश्राम स्थान और उदय स्थान है जो आग्नीध्र [अग्नि प्रज्वलन] और सदः [बैठक] है । (तत् यः अविद्वान् सञ्चरति, आर्तिम् आर्च्छति) इस लिये जो अज्ञानकार [यज्ञ] करता है, वह पीड़ा पाता है। (अथ यः विद्वान् सञ्चरति, सः धिष्ण्यीयाम् आर्तिं न आर्च्छति) फिर जो विद्वान् [यज्ञ] करता है, वह अग्नि सम्बन्धी पीड़ा नहीं पाता है ॥ १७ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को चाहिये कि सदा समय के अनुकूल वाणी बोलें, पवित्र और अपवित्र की सीमा करें और यथायोग्य सब को बैठक देवें ॥ १७ ॥

कण्डिका १८ ॥

प्रजापतिर्वै यज्ञः, तस्मिन् सर्वे कामाः सर्वा इष्टीः सर्वममृतत्वम् । तस्य हैते गोप्तारः, यद्धिष्ण्यीयः, तान् सदः प्रसृप्स्यन् मस्करोति, नमो नम इति । न हि नमस्कारमतिदेवाः, ते ह नमसिताः कर्त्तारमतिसृजन्तीति । तत एतं प्रजापतिं यज्ञं प्रपद्यते, नमो नम इति । न हि नमस्कारमतिदेवाः, स तत्रैव यजमानः सर्वान् कामानाप्नोति सर्वान् कामानाप्नोति ॥ १८ ॥

कण्डिका १८ ॥ प्रजापति को नमस्कार ॥

(प्रजापतिः वै यज्ञः, तस्मिन् सर्वे कामाः सर्वाः इष्टीः सर्वम् अमृतत्वम्) प्रजापति [प्रजापालक] ही यज्ञ [संगति व्यवहार] है, उस में सब मनोरथ, सब यज्ञ क्रियायें और सब अमरपन [मोक्ष आनन्द] है । (तस्य ह एते गोप्तारः यत् धिष्ण्यीयः, तान् सदः प्रसृप्स्यन् मस्करोति, नमोनमः इति) उस के ही यह रक्षक हैं, जो अग्नि देवता वाले [ऋत्विज] हैं, उन को सद [यज्ञशाला] में

दिशि वर्तमानाः (न) सम्प्रति । निषेधे (जनम्) महोलोकादूर्ध्वलोकम् (आयतनम्) विश्रामस्थानम् (उदयनम्) उदयकर्म (धिष्ण्यीयाम्) अग्निसम्बन्धिनीम् ॥

१८—(इष्टीः) पूर्वसवर्णदीर्घः । इष्टयः । यज्ञक्रियाः (धिष्ण्यीयः) धिष्ण्यीयाः । अग्निदेवताकाः । ऋत्विजः (प्रसृप्स्यन्) प्रगमिष्यन् (मस्करोति)

जाने की इच्छा करता हुआ [यजमान] नमस्कार करता है—नमोनमः [बहुत बहुत नमस्कार है]। (देवाः नमस्कारम् अति न हि, ते ह नमसितारः कर्तारम् अति सृजन्ति) देवता [विद्वान् लोग] नमस्कार का तिरस्कार करके नहीं रहते, वे अवश्य [दूसरों से] नमस्कार किये गये नमस्कार करने वाले को [आशीर्वाद] देते हैं [यह गोताओं को आशीर्वाद का विषय हुआ]। (ततः एतं प्रजापतिं यज्ञं प्रपद्यते, नमोनमः इति) फिर इस प्रजापति यज्ञ में वह [यजमान] पहुंचता है—नमोनमः [कहता है]। (देवाः नमस्कारम् अति न हि, सः यजमानः तत्र एव सर्वान् कामान् आप्नोति सर्वान् कामान् आप्नोति) देवता [विद्वान् लोग] नमस्कार का तिरस्कार करके नहीं रहते, वह यजमान उस [नमस्कार करने] में सब मनोरथों को पाता है, सब मनोरथों को पाता है ॥१८॥

भावार्थ—बड़े बड़ों की आदरपूर्वक सम्मति मानने से मनुष्य के मनोरथ सिद्ध होते हैं ॥ १८ ॥

कण्डिका १९ ॥

यो वै सदस्यान् गन्धर्वान् वेद, न सदस्यामार्त्तिमार्च्छति । सदः प्रसृप्यन् ब्रूयादुपद्रष्ट्रे नम इति, अग्निर्वै द्रष्टा, तस्मा उ एवात्मानं परिदधाति सर्वमायुरेति न पुरा जरसः प्रमीयते, य एवं वेद । १ । सदः प्रसृप्य ब्रूयादुपश्रोत्रे नम इति । वायुर्वाऽउपश्रोता, तस्मा उ एवात्मानं परिदधाति सर्वमायुरेति न पुरा जरसः प्रमीयते, य एवं वेद । २ । सदः प्रसर्पन् ब्रूयात्, अनुख्यात्रे नम इति आदित्यो वा अनुख्याता तस्मा उ एवात्मानं परिदधाति सर्वमायुरेति न पुरा जरसः प्रमीयते, य एवं वेद । ३ । सदः प्रसृप्तो ब्रूयात्, उपद्रष्ट्रे नम इति । ब्राह्मणो वा उपद्रष्टा, तस्मा उ एवात्मानं परिदधाति सर्वमायुरेति न पुरा जरसः प्रमीयते, य एवं वेद । ४ । एते वै सदस्या गन्धर्वाः । स एवमेतान् सदस्यान् गन्धर्वानविद्वान् सदः प्रसर्पति, स सदस्यामार्त्तिमार्च्छति । अथ यो विद्वान् सञ्चरति, न सदस्यामार्त्तिमार्च्छति । एतेन ह स्म वा आङ्गिरसः सर्वं सदः पर्य्याहुः, ते न सदस्यामार्त्तिमार्च्छन्ति । अथ यान् कामयेत न सदस्यामार्त्तिमार्च्छेयुरिति, तेभ्य एतेन सर्वं सदः परिब्रूयात्ते न सदस्यामार्त्तिमार्च्छन्ति । अथ यं कामयेत प्रमीयतेति, तमेतेभ्य आवृश्चेत् प्रमीयते ॥ १९ ॥

नस्य लोपः । नमस्करोति (अति) अतिक्रम्य । तिरस्कृत्य (कर्तारम्) नमस्कर्तारम् (अतिसृजन्ति) आशीर्वादं ददति ॥

कण्डिका १६ ॥ सदस्य गन्धर्वों को नमस्कार ॥

(यः वै सदस्यान् गन्धर्वान् वेद, सदस्याम् आर्तिं न आर्च्छति) जो [यजमान] सदस्य [यज्ञशाला में बैठने वाले] गन्धर्वों [वेदवाणी वा पृथिवी धारण करने वाले विद्वानों] को जानता है, वह यज्ञशाला में होने वाली पीड़ा को नहीं पाता है। (सदः प्रसृप्सन् ब्रूयात्, उपद्रष्ट्रे नमः इति) सद [यज्ञशाला] में जाना चाहता हुआ [यजमान] बोले—उपद्रष्टा [अधिक देखने वाले] को नमस्कार है, (अग्निः वै द्रष्टा तस्मै उ एव आत्मानं परिदधाति, सर्वम् आयुः एति, जरसः पुरा न प्रमीयते, यः एवं वेद १) अग्नि ही द्रष्टा [देखने वाला, ज्योति वाला] है, उस के लिये [उस के समान बल पाने के लिये] ही अपने को वह सब प्रकार पुष्ट करता है, पूर्ण आयु पाता है, और बुढ़ापे से पहिले नहीं मरता, जो ऐसा जानता है। १। (सदः प्रसृप्य ब्रूयात्—उपश्रोत्रे नमः इति) सद [यज्ञशाला] को चल कर वह बोले—उपश्रोता [बहुत सुनने वाले] के लिये नमस्कार है। (वायुः वै उ उपश्रोता, तस्मै उ एव आत्मानं परिदधाति, सर्वम् आयुः एति, जरसः पुरा न प्रमीयते, यः एवं वेद २) वायु ही उपश्रोता [भले प्रकार सुनने वाला, सुनने का साधन] है, उस के लिये [उस के समान बल पाने के लिये] ही अपने को वह सब प्रकार पुष्ट करता है, पूर्ण आयु पाता है, और बुढ़ापे से पहिले नहीं मरता, जो ऐसा जानता है। २। (सदः प्रसर्पन् ब्रूयात्, अनुख्यात्रे नमः इति) यज्ञशाला में आगे को चलता हुआ वह बोले—अनुख्याता [निरन्तर प्रसिद्धि करने वाले] के लिये नमस्कार है। (आदित्यः वै अनुख्याता तस्मै उ एव आत्मानं परिदधाति, सर्वम् आयुः एति, जरसः पुरा न प्रमीयते, यः एवं वेद ३) प्रकाशमान सूर्य ही [अनुख्याता] प्रसिद्धि करने वाला है, उस के लिये [उस के समान बल पाने के लिये] ही वह अपने को सब प्रकार पुष्ट करता है, सम्पूर्ण आयु पाता है, और बुढ़ापे से पहिले नहीं मरता, जो ऐसा जानता है। ३। (सदः प्रसृप्तः ब्रूयात्, उपद्रष्ट्रे नमः इति) यज्ञशाला में पहुंचा हुआ वह कहे—उपद्रष्टा [भली भांति देखने वाले] के लिये नमस्कार है। (ब्राह्मणः वै उपद्रष्टा, तस्मै उ एव आत्मानं परिदधाति, सर्वम्

१६—(सदस्यान्) सदसि यज्ञशालायां भवान् (गन्धर्वान्) गां वाणीं पृथिवीं गतिं वा धरतीति गन्धर्वः। कृगृशृदृभ्यो वः। उ० १। १५५। गो+धृञ् धारणे—वप्रत्ययः, गो शब्दस्य गम्। वेदवाणीधारकान्। भूमिधरकान् (उपद्रष्ट्रे) उप+दृशिर् प्रेक्षणे—तृच्। अधिकदर्शकाय (परिदधाति) सर्वतः पोष-

आयुः एति, जरसः पुरा न प्रमीयते, यः एवं वेद ४) ब्राह्मण [वेदवेत्ता ब्रह्मा] ही उपद्रष्टा है, उस के लिये [उसके समान बल पाने के लिये] ही वह अपने को सब प्रकार पुष्ट करता है, सम्पूर्ण आयु पाता है, और बुढ़ापे से पहिले नहीं मरता, जो ऐसा जानता है । ४ । (एते वै सदस्याः गन्धर्वाः) यह ही सदस्य [यज्ञशाला में बैठने वाले] गन्धर्व [वेदवाणी वा पृथिवी के धारण करने वाले] हैं । (सः [=यः] एवम् एतान् सदस्यान् गन्धर्वान् अविद्वान् सदः प्रसर्पति, सः सदस्याम् आर्तिम् आर्च्छति) जो इस प्रकार इन सदस्य गन्धर्वों को न जानता हुआ पुरुष यज्ञशाला में घुस जाता है, वह यज्ञशाला सम्बन्धी पीड़ा पाता है । (अथ यः विद्वान् सञ्चरति सदस्याम् आर्तिम् न आर्च्छति) फिर जो [इन को] जानता हुआ पुरुष [यज्ञशाला में] चलता है, वह यज्ञशाला सम्बन्धी पीड़ा नहीं पाता । (एते न ह स्म वै आङ्गिरसः सर्वं सदः पर्य्याहुः, ते सदस्याम् आर्तिं न आर्च्छन्ति) इस [व्यवहार] से ही आङ्गिरस [वेदवेत्ता लोग] सब यज्ञशाला का बखान करते हैं, वे यज्ञ सम्बन्धी पीड़ा नहीं पाते । (अथ यान् कामयेत सदस्याम् आर्तिं न आर्च्छेयुः इति, तेभ्यः एतेन सर्वं सदः परिब्रूयात्, ते सदस्याम् आर्तिं न आर्च्छन्ति) फिर वह जिन [पुरुषों] को चाहे—यह लोग यज्ञशाला सम्बन्धी पीड़ा न पावें—उन से इस प्रकार सब यज्ञशाला को वह [ब्रह्मा] बता देवे, वे यज्ञशाला सम्बन्धी पीड़ा नहीं पाते हैं । (अथ यं कामयेत प्रमीयेत इति, तम् एतेभ्यः आवृश्चेत् प्रमीयते) फिर जिस [पुरुष] को चाहे—वह मर जावे, उस को इन [लोगों] के हित के लिये वह छेद डाले, वह मर जाता है ॥ १६ ॥

भावार्थ—मनुष्य सत्कर्मियों के आदर और दुष्कर्मियों के निरादर से संसार में बड़ाई पाते हैं ॥ १६ ॥

कण्डिका २० ॥

तदाहुः, यदैन्द्रो यज्ञोऽथ कस्मात् द्वावेव प्रातःसवने प्रस्थितानां प्रत्यक्षादैन्द्रीभ्यां यजतो होता चैव ब्राह्मणाच्छंसी च । इदं ते सोम्यं मध्विति होता यजति । इन्द्र त्वा वृषभं वयमिति ब्राह्मणाच्छंसी, नानादेवत्याभिरितरे, कथं

यति । समर्पयति (प्रमीयते) प्रम्रियते (उपश्रोत्रे) अधिकश्रवणसाधकाय (अनुख्यात्रे) निरन्तरख्यापकाय । प्रसिद्धिकारकाय (अविद्वान्) अजानन् (आङ्गिरसः) आङ्गिरसाः । वेदवेत्तारः ॥

तेषामैन्द्रियो भवन्ति । मित्रं वयं हवामह इति, मैत्रावरुणो यजति । वरुणं सोमपीतय इति, यद्वै किञ्च पीतवत्, तदैन्द्रं रूपं, तेनेन्द्रं प्रीणाति । मरुतो यस्य हि क्षय इति, पोता यजति । स सुगोपातमो जन इति, इन्द्र वै गोपाः, तदैन्द्रं रूपं, तेनेन्द्रं प्रीणाति । अग्ने पत्नीरिहावहेति, नेष्टा यजति । त्वष्टारं सोमपीतय इति, यद्वै किञ्च पीतवत्, तदैन्द्रं रूपं, तेनेन्द्रं प्रीणाति । उक्षान्नाय वशान्नायेत्याग्नीध्रो यजति । सोमपृष्ठाय वेधस इति, इन्द्रो वै वेधाः, तदैन्द्रं रूपं, तेनेन्द्रं प्रीणाति । प्रातर्य्यावभिरागतं देवेभिर्जेन्यावसू, इन्द्राग्नी सोमपीतय इति । स्वयं समृद्धा अच्छावाकस्यैवमु हैता ऐन्द्रियो भवन्ति, यज्ञानादेवत्याः तेनान्या देवताः प्रीणाति । यद्गायत्र्यः, तेनाग्नेय्यः, तस्मादेताभिस्त्रयमवार्तं भवति ॥ २० ॥

कण्डिका २० ॥ प्रातःसवन में इन्द्र आदि के लिये हवि का निर्णय ॥

(तत् आहुः, यत् ऐन्द्रः यज्ञः, अथ कस्मात् द्वौ एव होता च एव ब्राह्मणाच्छंसी च प्रातःसवने प्रस्थितानां प्रत्यक्षात् ऐन्द्रीभ्यां यजतः) फिर वे [ब्रह्मवादी] कहते हैं—जब इन्द्र देवता वाला यज्ञ है, फिर क्यों दो ही, होता और ब्राह्मणाच्छंसी [दूसरे ऋत्विजों को छोड़कर] प्रातःसवन में उपस्थित [सोमयज्ञों] के बीच प्रत्यक्ष दो इन्द्र देवता वाली ऋचाओं से यज्ञ करते हैं । (इदं ते सोम्यं मधु—इति होता यजति, इन्द्र त्वा वृषभं वयम् इति ब्राह्मणाच्छंसी, नानादेवत्याभिः इतरे, कथं तेषाम् ऐन्द्रियः भवन्ति) इदं ते सोम्यं मधु—इस मन्त्र से होता यज्ञ करता है, इन्द्र त्वा वृषभं वयम्—इस से ब्राह्मणाच्छंसी, और अनेक देवता वाली ऋचाओं से दूसरे [ऋत्विज् यज्ञ करते हैं], कैसे इन लोगों की इन्द्र देवता वाली ऋचायें हैं । (मित्रं वयं हवामहे—इति मैत्रावरुणः यजति, वरुणं सोमपीतये—इति वै यत् किंच पीतवत्, तत् ऐन्द्रं रूपम्, तेन इन्द्रं प्रीणाति) मित्रं वयं हवामहे-इस मन्त्र से मैत्रावरुण [प्राण और अपान की विद्या जानने वाला] यज्ञ करता है, वरुणं सोमपीतये—[उस मन्त्र के सोमपीतये पद में]

२०—(यत्) यस्मात् कारणात् (ऐन्द्रः) इन्द्रदेवताकः (प्रस्थितानाम्) उपस्थितानां सोमयागानां मध्ये (प्रत्यक्षात्) श्रोत्रप्रत्यक्षेण (सोम्यम्) अमृतमयम् (मधु) मधुरं रसम् (वृषभम्) बलिष्ठम् (ऐन्द्रियः) इन्द्र—अण्, ङीप्, यज्ञायज्ञीय इयङ् । ऐन्द्र्यः । इन्द्रसम्बंधिन्यः ऋचः (मित्रम्) प्राणम् (वरुणम्) अपानम् (पीतवत्) पीतशब्दयुक्तं पदम् (प्रीणाति) तोषयति (मरुतः)

जो कुछ पीत शब्द वाला पद है, वह इन्द्र का रूप है, उस से इन्द्र को वह प्रसन्न करता है। (मरुतो यस्य हि क्षये—इति पोता यजति, स सुगोपातमो जनः—इति इन्द्र [=इन्द्रः] वै गोपाः, तत् ऐन्द्रं रूपं, तेन इन्द्रं प्रीणाति) मरुतो यस्य हि क्षये—इस मन्त्र से पोता यज्ञ करता है, स सुगोपातमो जनः—[उस मन्त्र के सुगोपातम शब्द में] इन्द्र ही गोपा [पृथिवी का रक्षक] है, वह इन्द्र का रूप है, उस से इन्द्र को वह प्रसन्न करता है। (अग्ने पत्नीरिहावह—इति नेष्टा यजति, त्वष्टारं सोमपीतये—इति यत् वै किञ्च पीतवत्, तत् ऐन्द्रं रूपं तेन इन्द्रं प्रीणाति) अग्ने पत्नीरिहावह—इस मन्त्र से नेष्टा [नेता पुरुष] यज्ञ करता है, त्वष्टारं सोमपीतये—[उस मन्त्र के सोमपीतये पद में] जो कुछ पीत शब्द वाला पद है, वह इन्द्र का रूप है, उस से इन्द्र को वह प्रसन्न करता है। (उक्षान्नाय वशान्नाय—इति आग्नीध्रः यजति, सोमपृष्ठाय वेधसे—इति इन्द्रः वै वेधाः, तत् ऐन्द्रं रूपं, तेन इन्द्रं प्रीणाति) उक्षान्नाय वशान्नाय—इस मन्त्र से आग्नीध्र [अग्नि जलाने वाला पुरुष] यज्ञ करता है, सोमपृष्ठाय वेधसे—[उस मन्त्र के इस भाग में] इन्द्र ही वेधा [बुद्धिमान्] है, वह इन्द्र का रूप है, उस से वह इन्द्र को प्रसन्न करता है। (प्रातर्यावभिरागतं देवेभिर्जेन्यावसू इन्द्राग्नी सोमपीतये—इति अच्छावाकस्य स्वयं समृद्धाः ऐवम् उ ह एनाः ऐन्द्रियः भवन्ति) प्रातर्यावभिरागतं·····यह सब अच्छावाक [ऋत्विज] की अपने आप समृद्ध [सम्पूर्ण ऋचायें] इस प्रकार से ही इन्द्र देवता वाली हैं। (यत् नानादेवत्याः, तेन अन्याः देवताः प्रीणाति) जो अनेक देवता वाली ऋचायें हैं, उस से दूसरे

हे शूरविद्वांसः (क्षये) क्षि निवासगत्योः, ऐश्वर्ये च—अच्। ऐश्वर्ये (सुगोपातमः) अतिशयेन सुष्ठु पृथ्वीरक्षकः (पत्नीः) पालनशक्तीः (वह) द्विकर्मकः। प्रापय (त्वष्टारम्) सूक्ष्मकर्तारं गुणम् (उक्षान्नाय) श्वयुवृक्षन्पूषन्० । उ० १। १५६। उक्ष सेचने वृद्धौ च—कनिन्। उक्षा महन्नाम—निघ० ३। ३। उक्षभ्यो महद्भ्यः प्रबलेभ्योऽन्नं यस्मात् तस्मै। प्रबलानां भोजनदात्रे (वशान्नाय) वशिरण्योरुपसंख्यानम् । वा० पा० ३। ३। ५८। वश स्पृहायाम्—अप्,—टाप्। वशाभ्यो वशीभूताभ्यः प्रजाभ्योऽन्नं यस्मात् तस्मै। निर्बलप्रजानां भोजनदात्रे (सोमपृष्ठाय) पृषु सेचने—थक्। ऐश्वर्यस्य सेचकाय वर्धकाय (वेधसे) मेधाविने—निघ० ३। १५ (प्रातर्यावभिः) प्रातर्गामिभिः (आगतम्) आगच्छतम् (देवेभिः) देवैः। विद्वद्भिः (जेन्यावसू) वृञ एण्यः। उ० ३। ५८। जि जये—एन्यः, स च डित्। जयशीलधनवन्तौ (गायत्र्यः) गायत्रीछन्दोभिर्युक्तः

देवताओं को वह प्रसन्न करता है । (यत् गायत्र्यः, तेन आग्नेय्यः) जो गायत्री छन्द वाली हैं, उस से वे अग्नि देवता वाली ऋचायें हैं । (तस्मात् एताभिः त्रयम् अवाप्तं भवति) इस लिये इन [ऋचाओं] से [इन्द्र, नाना देवता और अग्नि का] त्रित्व पाया जाता है ॥ २० ॥

भावार्थ—विद्वानों [देवताओं] की स्तुति उन के गुण कर्म स्वभाव के अनुसार होनी चाहिये ॥ २० ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका को ऐतरेय ब्रा० ६ । १० से मिलाओ ॥

टिप्पणी २—(वावेव) के स्थान पर (द्वावेव) ऐतरेय ब्राह्मण से, और (जन्यावसू) के स्थान पर (जेन्यावसू) ऐ० ब्रा० और वेद से शुद्ध किया है ॥

टिप्पणी ३—सङ्केत वाले मन्त्र अर्थ सहित यहां लिखे जाते हैं ॥

१—इ॒दं ते॒ सो॒म्यं मध्वधु॑क्षन्नद्रि॑भि॒र्नरः । जु॒षा॒ण इ॑न्द्र॒ तत् पि॑ब—ऋ० ८ । ६५ । ८७ सायण भाष्य । ८ । ५४ । ८ ॥ (इन्द्र) हे इन्द्र ! [बड़े ऐश्वर्य्य वाले राजन्] (ते इदं सोम्यं मधु) तेरे लिये यह अमृतमय रस (नरः) नेता लोगों ने (अद्रिभिः) शिलबट्टाओं द्वारा (अधुक्षन्) दुहा है, (तत्) उस को (जुषाणः) प्रसन्न होकर (पिब) तू पी ॥

२—इन्द्रं॑ त्वा वृष॒भं व॒यं सु॒ते सो॑मे॑ हवामहे । स पा॑हि॒ मध्वो॒ अन्ध॑सः—अथ० २० । १ । १, ऋ० ३ । ४० । १ ॥ (इन्द्र) हे इन्द्र ! [बड़े ऐश्वर्य वाले राजन्] (त्वा वृषभम्) तुझ बलिष्ठ को (सुते) सिद्ध किये हुये (सोमे) ऐश्वर्य वा ओषधियों के समूह में (वयं हवामहे) हम बुलाते हैं । (सः) सो तू (मध्वः) मधुर गुण वाले (अन्धसः) अन्न की (पाहि) रक्षा कर ॥

३—मि॒त्रं व॒यं ह॑वामहे॒ वरु॑ण॒ꣳ सोम॑पीतये । ज॒ज्ञा॒ना पू॒तद॑क्षसा—ऋ० १ । २३ । ४ ॥ (वयम्) हम (जज्ञाना) विज्ञान कराने वाले, (पूतदक्षसा) पवित्र बल वाले (मित्रम्) प्राण वायु (वरुणम्) और अपान वायु को (सोमपीतये) अमृत पीने के लिये (हवामहे) बुलाते हैं ॥

४—मरु॑तो॒ यस्य॒ हि क्षये॑ पा॒था दि॒वो वि॑महसः । स सु॒गो॒पात॑मो॒ जनः—अथ० २० । १ । २ । ऋ० १ । ८६ । १ और यजु० ८ । ३१ ॥ (विहमसः) हे

(आग्नेयः) अग्निदेवताकः (त्रयम्) इन्द्रनानादेवताग्नयः—इति त्रिविधदेवतासम्बद्धं त्रित्वम् (अवाप्तम्) प्राप्तम् ॥

विविध पूजनीय (मरुतः) शूर विद्वानों ! (यस्य) जिस [राजा] के (क्षये) ऐश्वर्य्य में (दिवः) उत्तम व्यवहारों की (पाथ) तुम रक्षा करते हो, (सः हि) वह ही (सुगोपातमः) अच्छे प्रकार पृथिवी का अत्यन्त पालने वाला (जनः) पुरुष है ॥

५—अग्ने पत्नीरिहा वह देवानामुशतीरूप ॥ त्वष्टारं सोमपीतये—ऋ० १ । २२ । ६ । यजु० २६ । २० ॥ (अग्ने) हे विज्ञानी पुरुष ! (इह) यहां पर (देवानाम्) विजय चाहने वाले वीरों की (उशतीः) कामना करती हुई (पत्नीः) पालन शक्तियों से (त्वष्टारम्) सूक्ष्म करने वाले गुण को (सोमपीतये) अमृत पीने के लिये (उप आ वह) तू ला ॥

६—उक्षान्नाय वशान्नाय सोमपृष्ठाय वेधसे । स्तोमैर्विधेमाग्नये—अथ० २० । १ । ३ । ऋ० । ८ । ४३ । ११ ॥ (उक्षान्नाय) प्रबलों के अन्नदाता, (वशान्नाय) वशीभूत [निर्बल प्रजाओं] के अन्नदाता, (सोमपृष्ठाय) ऐश्वर्य के सींचने वाले, (वेधसे) बुद्धिमान् (अग्नये) अग्नि [समान तेजस्वी राजा] को (स्तोमैः) स्तुति योग्य व्यवहारों से (विधेम) हम पूजा करें ॥

७—प्रातर्यावभिरागतं देवेभिर्जेन्यावसू । इन्द्राग्नी सोमपीतये—ऋ० ८ । ३८ । ७ ॥ (जेन्यावसू) हे जयशील धन वाले (इन्द्राग्नी) इन्द्र और अग्नि दोनों [बिजुली और अग्नि के समान राजा और मन्त्री] (प्रातर्यावभिः) प्रातःकाल चलने वाले (देवेभिः) विद्वानों के साथ (सोमपीतये) अमृत पीने के लिये (आ गतम्) तुम आओ ॥

कण्डिका २१ ॥

ते वै खलु सर्व एव माध्यन्दिने प्रस्थितानां प्रत्यक्षादैन्द्रीभिर्यजन्ति, अभितृणवतीभिरेके पिबा सोममभि यमुग्र तर्द इति, होता यजति । स इम्पाहि य ऋजीषी तरुत्र इति, मैत्रावरुणः । एवा पाहि प्रस्थिता मन्दतु त्वेति, ब्राह्मणाच्छंसी । अर्वाङेहि सोमकामन्त्वाहुरिति, पोता । तवायं सोमस्त्वमेह्यर्वाङिति, नेष्टा । इन्द्राय सोमाः प्रदिवो विदाना इति, अच्छावाकः । आपूर्णो अस्य कलशः स्वाहेति आग्नीध्रः । एवमु हैता अभितृणवत्यो भवन्ति । इन्द्रो वै प्रातः सवनमाभ्यजयत्, स एताभिर्माध्यन्दिन सवनमभ्यतृणवत्, तद्यदेताभिर्माध्यन्दिनं सवनमभ्यतृणवत्, तस्मादेता अभितृणवत्यो भवन्ति ॥ २१ ॥

कण्डिका २१ ॥ माध्यन्दिन सवन में इन्द्र को हवि ॥

(ते वै खलु सर्वे एव माध्यन्दिने प्रतिस्थानां प्रत्यक्षात् ऐन्द्रीभिः यजन्ति, एके अभितृण्णवतीभिः) वे सब ही [ऋत्विज] माध्यन्दिन सवन में उपस्थित [सोम यज्ञों] के बीच प्रत्यक्ष इन्द्र शब्द वाली ऋचाओं से यज्ञ करते हैं और कोई कोई अभितृण्णवती [अभि सहित तृद धातु के रूप वाली ऋचाओं] से [यज्ञ करते हैं, जैसे]—(पिबा सोममभि यमुग्र तर्दः—इति होता यजति, स ईम् पाहि यः ऋजीषी तरुत्रः—इति मैत्रावरुणः, एवा पाहि प्रत्नथा मन्दतु त्वा—इति ब्राह्मणाच्छंसी) पिबा सोममभि……—इस मन्त्र से होता यज्ञ करता है, स ईम् पाहि……—इस से मैत्रावरुण, एवापाहि प्रत्नथा……—इस से ब्राह्मणाच्छंसी [यज्ञ करता है, इन तीन मन्त्रों में अभि सहित तृद धातु और इन्द्र शब्द का प्रयोग है] ॥

(अर्वाङेहि सोमकामं त्वाहुः—इति पोता, तवायं सोमस्त्वमेह्यर्वाङ्—इति नेष्टा, इन्द्राय सोमाः प्रदिवो विदानाः—इति अच्छावाकः, आपूर्णो अस्य कलशः स्वाहा—इति आग्नीध्रः) अर्वाङेहि……—इस मन्त्र से पोता, तवायं सोम……—इस से नेष्टा, इन्द्राय सोमाः……—इस से अच्छावाक, आपूर्णो अस्य……—इस से आग्नीध्र [यज्ञ करता है, यह चार मन्त्र इन्द्र शब्द के प्रयोग वाले हैं] ॥

(एवम् उ ह एताः अभितृण्णवत्यः भवन्ति) इस प्रकार [माध्यन्दिन सवन में प्रयोग से] ही यह ऋचायें अभितृण्णवती [अभि सहित तृद धातु के प्रयोग वाली] होती हैं । (इन्द्रः वै प्रातःसवनं न अभ्यजयत्, सः एताभिः माध्यन्दिनं सवनम् अभ्यतृण्णवत्) इन्द्र ने ही प्रातःसवन में विजय नहीं पाया, उस

२१—(प्रस्थितानाम्) उपस्थितसोमयागानां मध्ये (अभितृण्णवतीभिः) अभिपूर्वस्य तृदिर् हिंसानादरयोः इति धातो रूपं यासु ताभिः ऋग्भिः (उग्र) तेजस्विन् (तर्दः) नाशितवानसि (ईम्) प्राप्तं वस्तु (ऋजीषी) अर्जेर्ऋज च । उ० ४ । २८ । ऋज गतौ—ईषन् कित्, ऋजीष–इनि । सरलस्वभावः (तरुत्रः) अशित्रादिभ्य इत्रोत्रौ । उ० । ४ । १७३ । तॄ प्लवनतरणयोः अभिभवे च—उत्रप्रत्ययः । अभिभविता । विजेता (प्रत्नथा) पूर्वं यथा (मन्दतु) हर्षयतु (अर्वाङ्) अभिमुखः (सोमकामम्) ऐश्वर्यं कामयमानम् (अभ्यतृण्णवत्) अभ्यतृणत्—ऐ० ब्रा० ६ । ११ । अभितः तर्दनमकरोत् । दृढ़बन्धनेन स्थापितवान् (अभितृण्णवत्यः) अभिपूर्वस्य तृदिर्धातो रूपयुक्ताः ॥

ने इन ऋचाओं से माध्यन्दिन सवन को वश में किया । (तत् यत् एताभिः माध्यन्दिनं सवनम् अभ्यतृणवत् तस्मात् एताः अभितृणवत्यः भवन्ति) सो जो इन ऋचाओं से माध्यन्दिन सवन को उस ने वश में किया, इस लिये यह ऋचायें अभितृणवती [अभि सहित तृद् मारना, अनादर करना धातु के प्रयोग वाली] हैं ॥ २१ ॥

भावार्थ—कण्डिका २० के अनुसार है ॥ २१ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका को ऐ० ब्रा० ६ । ११ से मिलाओ ॥

टिप्पणी २—(अभितृणवतीभिः तथा अभितृणवत्यः) के स्थान पर (अभितृणवतीभिः तथा अभितृणवत्यः) और (आर्वाङ्) के स्थान पर (अर्वाङ्) पद ऐतरेय ब्राह्मण से शुद्ध किया है ॥

टिप्पणी ३—संकेत वाले मन्त्र अर्थ सहित लिखे जाते हैं ॥

१—पिबा सोममभि यमुग्र तर्दो ऊर्वं गव्यं महि गृणान इन्द्रः । वि यो धृष्णो वधिषो वज्रहस्त विश्वा वृत्रममित्रिया शवोभिः—ऋ० ६ । १७ । १ ॥ (उग्र इन्द्र) हे तेजस्वी इन्द्र ! [बड़े ऐश्वर्य वाले राजन्] (सोमं पिब) सोम [तत्त्वरस] को पी, (यम् अभि) जिस [सोम] के लिये (महि गव्यं गृणानः) बड़े गौवों क घृत की स्तुति करते हुये तू ने (ऊर्वम्) मारने योग्य शत्रु को (तर्दः) मारा है, (यः) जिस तू ने (धृष्णो) हे निर्भय ! (वज्रहस्त) हे वज्र-हाथ में रखने वाले ! (शवोभिः) अपने बलों से (विश्वा वृत्रम् अमित्रिया) सब रोकने वाले वैरियों को (वि वधिषः) विशेष करके नाश किया है ॥

२—स ईं पाहि य ऋजीषी तरुत्रो यः शिप्रवान् वृषभो यो मतीनाम् । यो गोत्रभिद्वज्रभृद्यो हरिष्ठाः स इन्द्र चित्राँ अभि तृन्धि वाजान्—ऋ० ६ । १७ । २ ॥ (सः) वह तू (ईं पाहि) प्राप्त वस्तु की रक्षा कर, (यः ऋजीषी तरुत्रः) जो तू सीधे स्वभाव वाला और विजयी है, (यः शिप्रवान्) जो तू सुन्दर ठुड्डी और नासिका वाला है, (यः मतीनां वृषभः) जो तू विद्वानों में महाबला है, (यः गोत्रभित् वज्रभृत्) जो तू पहाड़ों का तोड़ने वाला और वज्र रखने वाला है, (यः हरिष्ठाः) जो तू मनुष्यों में बैठने वाला है, (सः इन्द्र) सो तू, हे इन्द्र ! [राजन्] (चित्रान् अभि) अद्भुत व्यवहारों के लिये (वाजान् तृन्धि) संग्रामों का नाश कर ॥

३—एवा पाहि प्रत्नथा मन्दतु त्वा शुधि ब्रह्म वावृधस्वोत गीर्भिः । आविः सूर्यं कृणुहि पीपिहीषो जहि शत्रूँ रभिगा इन्द्र तृन्धि—अथ० २० ।

८। १, ऋ० ६। १७। ३ ॥ (इन्द्र) हे इन्द्र ! [बड़े ऐश्वर्य वाले पुरुष] (प्रत्नथा एव) पहिले के समान ही [हमारी] (पाहि) रक्षा कर, (ब्रह्म) ईश्वर वा वेद (त्वा मन्दतु) तुझे हर्षित करे, [उसे] (श्रुधि) सुन (उत) और (गीर्भिः) वेदवाणियों से (वावृधस्व) बढ़ । (सूर्यम्) सूर्य [सूर्य समान विद्या प्रकाश] को (आविः कृणु) प्रकट कर, (इषः) अन्नों को (पीपिहि) प्राप्त हो, (शत्रून् जहि) शत्रुओं को मार और [उन की] (गाः) वाणियों को (अभि तृन्धि) सर्वथा मिटा दे ॥

४—अर्वाङेहि सोमकामं त्वाहुरयं सुतस्तस्य पिबा मदाय। उरुव्यचा जठर आ वृषस्व पितेव नः शृणुहि हूयमानः—अथ० २०। ८। २। ऋग्० १। १०४। ६ ॥ [हे सभाध्यक्ष !] (अर्वाङ् आ इहि) सामने आ, (त्वा) तुझ को (सोमकामम्) ऐश्वर्य चाहने वाला (आहुः) वे कहते हैं, (अयं सुतः) यह सिद्ध किया हुआ [तत्त्वरस] है, (मदाय) हर्ष के लिये (तस्य पिब) उस का पान कर। (उरुव्यचाः) बड़े सत्कार वाला तू (जठरे) अपने पेट में [उसे] (आ वृषस्व) सींच ले, (पिता इव) पिता के समान (हूयमानः) पुकारा गया तू (नः) हमारी (शृणुहि) सुन ॥

५—तवायं सोमस्त्वमेह्यर्वाङ् शश्वत्तमं सुमना अस्य पाहि। अस्मिन् यज्ञे बर्हिष्या निषद्या दधिष्वेमं जठर इन्दुमिन्द्र—ऋ० ३। ३५। ६ ॥ (इन्द्र) हे इन्द्र ! [बड़े ऐश्वर्य वाले पुरुष] (तव अयं सोमः) तेरा यह सोम [ऐश्वर्य कारक तत्त्व रस] है, (त्वम् अर्वाङ् आ इहि) तू सामने आ, (सुमनाः) प्रसन्न चित्त तू (शश्वत्तमम्) सदा ही (अस्य पाहि) इस [ऐश्वर्य] की रक्षा कर। (अस्मिन् बर्हिषि यज्ञे) इस वृद्धिकारक यज्ञ [संगति व्यवहार] में (निषद्य) बैठ कर (इमम् इन्दुम्) इस इन्दु [ऐश्वर्यकारक तत्त्व रस] को (जठरे आ दधिष्व) उदर में भले प्रकार धारण कर ॥

६—इन्द्राय सोमाः प्रदिवो विदाना ऋभुर्येभिर्वृषपर्वा विहायाः। प्रयम्यमानान् प्रति षू गृभायेन्द्र पिब वृषधूतस्य वृष्णः—ऋ० ३। ३६। २ ॥ (इन्द्राय) अत्यन्त ऐश्वर्य के लिये (सोमाः) उत्पन्न पदार्थ (प्रदिवः) बड़े प्रकाशमान (विदानाः) प्राप्त होते हुये हैं, (येभिः) जिन [पदार्थों] के द्वारा (ऋभुः) बुद्धिमान् पुरुष (वृषपर्वा) समर्थ पालनों वाला और (विहायाः) अनर्थ छोड़ने वाला है। (इन्द्र) हे इन्द्र ! [बड़े ऐश्वर्य वाले पुरुष] (प्रयम्यमानान्) अच्छे प्रकार नियम युक्त पुरुषों को (सु प्रति गृभाय) ठीक ठीक ग्रहण कर और

(वृषधूतस्य) सेचनों से मथे हुये (वृष्णः) बढ़ाने वाले रस का (पिब) पान कर ॥

७—आपूर्णो अस्य कलशः स्वाहा सेकेव कोशं सिसिचे पिबध्यै। समु प्रिया आववृत्रन् मदाय प्रदक्षिणिदभि सोमासः इन्द्रम्—अ० २०। ८। ३, ऋ० ३। ३२। १५ ॥ (अस्य) इस [महापुरुष] का (कलशः) कलश (आपूर्णः) मुंहामुंह भरा है, (स्वाहा) सुन्दर वाणी के साथ (सेका इव) भरने वाले के समान मैं ने (कोशम्) बर्तन को (पिबध्यै) पीने के लिये (सिसिचे) भरा है। (प्रियाः) प्यारे (प्रदक्षिणित्) दाहिनी ओर को प्राप्त होने वाले (सोमासः) सोम [महौषधियों के रस] (मदाय) हर्ष के लिये (इन्द्रम् अभि) इन्द्र [परम ऐश्वर्य वाले प्रधान] को (उ) ही (सम्) यथाविधि (आ) सब ओर से (अववृत्रन्) वर्तमान हुये हैं ॥

कण्डिका २२ ॥

तदाहुः, यदैन्द्रार्भवं तृतीयसवनमथ कस्मादेक एव तृतीयसवने प्रस्थितानां प्रत्यक्षादैन्द्रार्भव्या यजति। इन्द्र ऋभुभिर्वाजवद्भिः समुक्षितमिति होतैव नाना-देवत्याभिरितरे कथं तेषामैन्द्रार्भव्यो भवन्ति। इन्द्रावरुणा सुतपाविमꣳसुत-मिति मैत्रावरुणो यजति। युवो रथो अध्वरो देववीतय इति, बहूनि वा ह तद्-भूणां रूपम्। इन्द्रश्च सोमं पिबतं बृहस्पत इति, ब्राह्मणाच्छंसी यजति। आ वां विशन्त्विन्दवः स्वाभुव इति बहूनि वा ह तद्भूणां रूपम्। आ वो वहन्तु सप्तयो रघुष्यद इति पोता यजति। रघुपत्वानः प्र जिगात बाहुभिरिति, बहूनि वा ह तद्भूणां रूपम्। अमेव नः सुहवा आ हि गन्तनेति नेष्टाय जति। गन्तनेति, बहूनि वा ह तद्भूण रूपम्। इन्द्राविष्णू पिबतं मध्वो अस्येत्यच्छावाको यजति। आ वामन्धांसि मदिराण्यग्मन्निति, बहूनि वा ह तद्भूणां रूपम्। इमꣳस्तोम-महते जातवेदस इत्याग्नीध्रो यजति। रथमिव सं महेमा मनीषयेति, बहूनि वा ह तद्भूणां रूपम्। एवमु हैता ऐन्द्रार्भव्यो भवन्ति, यन्नानादेवत्यास्तेनान्या देवताः प्रीणाति। यदु जगत्प्रासाहै जागतमु वै तृतीयसवनं तृतीयसवनस्य समप्त्यै ॥ २२ ॥

कण्डिका २२ ॥ तृतीय सवन में इन्द्र और ऋभुओं को हवि ॥

(तत् आहुः, यत् ऐन्द्रार्भवं तृतीयसवनम्, अथ कस्मात् एकः एव तृतीय-सवने प्रस्थितानां प्रत्यक्षात् ऐन्द्रार्भव्या यजति) फिर वे [ब्रह्मवादी] कहते हैं—जब इन्द्र [बड़े ऐश्वर्य वाले पुरुष] और ऋभु देवताओं [विद्वानों] का

तृतीय सवन है, फिर किस लिये एक ही [ऋत्विज] तृतीय सवन में उपस्थित [सोमयाजों] के बीच प्रत्यक्ष रूप से इन्द्र और ऋभु देवताओं की ऋचा से यज्ञ करता है। (इन्द्र ऋभुभिः वाजवद्भिः समुक्षितम् इति होता एव, नाना-देवत्याभिः इतरे, कथं तेषाम् ऐन्द्राभ्यः भवन्ति) इन्द्र ऋभुभिर्वाजवद्भिः समुक्षितम्—इस ऋचा से होता ही। १। और अनेक देवताओं वाली ऋचाओं से दूसरे [यज्ञ करते हैं], कैसे इन [ऋत्विजों] की इन्द्र और ऋभुओं वाली [ऋचायें] होती हैं। (इन्द्रवरुणा सुतपाविमं सुतम्—इति मैत्रावरुणः यजति) इन्द्रावरुणा·····इस ऋचा से मैत्रावरुण [प्राण और अपान वायु जानने वाला] यज्ञ करता है। २। (युवो रथो अध्वरो देववीतये—इति बहूनि वा ह, तत् ऋभूणां रूपम्) युवो रथो अध्वरो देववीतये—[पूर्वोक्त ऋचा के देववीतये=देवानां वीतये] इस पद में बहुवचनत्व है, वह ऋभुओं का रूप है। (इन्द्रश्च सोमं पिबतं बृहस्पते, इति ब्राह्मणाच्छंसी यजति) इन्द्रश्च सोमं पिबतं ·····इस ऋचा से ब्राह्मणाच्छंसी यज्ञ करता है। ३। (आ वां विशन्त्विन्दवः स्वाभुवः, इति बहूनि वा ह, तत् ऋभूणां रूपम्) आ वां विशन्त्विन्दवः·····—[पूर्वोक्त मन्त्र के इस भाग में] जो बहुवचनान्त पद है, वह ऋभुओं का रूप हैं। (आ वो वहन्तु सप्तयो रघुष्यदः—इति पोता यजति) आ वो वहन्तु·····—इस ऋचा से पोता यज्ञ करता है। ४। (रघुपत्वानः प्र जिगात बाहुभिः—इति बहूनि वा ह, तत् ऋभूणां रूपम्) रघुपत्वानः·····—[पूर्वोक्त ऋचा में जो] बहुवचनान्त है वह ऋभुओं का रूप है। (अमेव नः सुहवा आ हि गन्तन

२२—(इन्द्रार्भवम्) इन्द्रदेवताकम् ऋभुदेवताकं च (ऋभुभिः) मेधाविभिः (वाजवद्भिः) प्रशस्तान्नयुक्तैः (इन्द्रावरुणा) विद्युद् वायुवद् वर्तमानौ राजप्रजाजनौ (सुतपौ) पुत्रपालकौ (सुतम्) पुत्रम् (युवोः) युवयोः (अध्वरः) अध्वन्+रा दाने—क। मार्गप्रदः (देववीतये) दिव्यपदार्थानां प्राप्तये (बहूनि) बहुवचनान्तानि पदानि (इन्द्रः) हे परमैश्वर्यवन् राजन् (सोमम्) सदोषधिरसम् (बृहस्पते) हे बृहत्या वेदवाण्या रक्षक विद्वन् (आविशन्तु) प्रविशन्तु। प्राप्नुवन्तु (इन्दवः) ऐश्वर्याणि (स्वाभुवः) सुष्ठु सर्वतो भवन्तः (वः) युष्मान् (सप्तयः) वसेस्तिः। उ० ४। १८०। षप समवाये-तिप्रत्ययः। अश्वाः (रघुष्यदः) रघि गतौ—उप्रत्ययः, नलोपः+स्यन्दू प्रस्रवणे—क्विप्। दीर्घगामिनः (रघुपत्वानः) अन्येभ्योपि दृश्यन्ते। पा० ३। २। ७५। रघु+पत्लृ गतौ—वनिप्। शीघ्रं गच्छन्तः (जिगात) गा स्तुतौ—जुहोत्यादिकः। जिगाति गति-

इति नेष्टा यजति) अमेव नः·····—इस ऋचा से नेष्टा यज्ञ करता है। ५। (गन्तन इति बहूनि वा ह, तत् ऋभूणां रूपम्) गन्तन·····—यह पद [पूर्वोक्त ऋचा में] बहुवचनान्त है, वह ऋभुओं का रूप है। (इन्द्राविष्णू पिबतं मध्वो अस्य—इति अच्छावाकः यजति) इन्द्राविष्णू·····—इस ऋचा से अच्छावाक् यज्ञ करता है। ६। (आ वामन्धांसि मदिरायगमन्—इति बहूनि वा ह, तत् ऋभूणां रूपम्) आ वामन्धांसि·····—[पूर्वोक्त ऋचा में] जो बहुवचनान्त है, वह ऋभुओं का रूप है। (इमं स्तोममर्हते जातवेदसे इति आग्नीध्रः यजति) इमं स्तोममर्हते·····—इस ऋचा से आग्नीध्र यज्ञ करता है। ७। (रथमिव सं महेमा मनीषया·····—इति बहूनि वा ह, तत् ऋभूणां रूपम्) रथमिवसं·····—[पूर्वोक्त मन्त्र के इस भाग में] जो बहुवचनान्त पद हैं, वह ऋभुओं का रूप हैं। (एवम् उ ह एनाः ऐन्द्राभ्यः भवन्ति, यत् नानादेवत्याः तेन अन्याः देवताः प्रीणाति) इस प्रकार से ही यह सब इन्द्र और ऋभु देवताओं की ऋचाय हैं, जो अनेक देवता वाली हैं उन से दूसरे देवताओं को वह प्रसन्न करता है। (यत् उ जगत्प्रासाहै, जागतम् उ वै तृतीयसवनम्, तृतीयसवनस्य समृध्यै) जो [यह ऋचायें] संसार की बड़ी सहायता के लिये हैं, संसार के हित के लिये ही यह तृतीयसवन है, [वे ऋचायें] तृतीयसवन की सिद्धि के लिये हैं ॥ २२ ॥

भावार्थ—कण्डिका २० के समान है ॥ २२ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका को ऐतरेय ब्राह्मण ६। १२ से मिलाओ ॥

टिप्पणी २—(रघुष्यदः और इन्द्रविष्णू) के स्थान पर (रघुष्यदः और इन्द्राविष्णू) वेद और ऐतरेय ब्राह्मण से यथासंख्य ठीक किये गये हैं ॥

टिप्पणी ३—संकेत वाले मन्त्र अर्थ सहित लिखे जाते हैं ॥

कर्मा—निघ० २। १४। गच्छत (अमाइव) गृहं यथा (नः) अस्मान् (सुहवाः) शोभनाह्वानाः (गन्तन) गच्छत (इन्द्राविष्णू) वायुविद्युताविव राजमन्त्रिणौ (मध्वः) मधुरस्य (अन्धांसि) अन्नानि (मदिराणि) आनन्दकराणि (स्तोमम्) गुणकीर्तनम् (अर्हते) योग्याय (जातवेदसे) जातानामुत्पन्नानां वेत्रे (सम्) सम्यक् (महेम) पूजयेम। सत्कुर्याम (मनीषया) प्रज्ञया (जगत्प्रासाहै) सह मर्षणे तृतौ च—अच्, टाप्। आपौ दीर्घयकारलोपौ। जगतः संसारस्य प्रासाहायै। प्रकृष्टसहायतायै तृप्तये (जागतम्) जगते संसाराय हितम् (समृध्यै) सम्प्राप्तये। संसिद्धये ॥

१—इन्द्र ऋभुभि र्वाजवद्भिः समुक्षितं सुतं सोममा वृषस्वा गभस्त्योः। धियेषितो मघवन् दाशुषो गृहे सौधन्वनेभिः सह मत्स्वा नृभिः—ऋ० ३। ६०। ५॥ (इन्द्र) हे इन्द्र! [बड़े ऐश्वर्य वाले राजन्] (वाजवद्भिः) उत्तम अन्न वाले (ऋभुभिः) ऋभुओं [बुद्धिमान् जनों] के साथ (समुक्षितं सुतं सोमम्) यथाविधि सींचे हुये और उत्पन्न किये हुये ऐश्वर्य को (गभस्त्योः) [हमारे] दोनों हाथों में (आ वृषस्व) सब ओर से बरसा। (मघवन्) हे बड़े धन वाले! (धिया इषितः) बुद्धि से प्रेरित तू (दाशुषः गृहे) दानी के घर में (सौधन्वनेभिः) बड़े बड़े धनुर्धारी वा विज्ञानी (नृभिः सह) नेताओं के साथ (मत्स्व) आनन्द कर॥

२—इन्द्रावरुणा सुतपाविमं सुतं सोमं पिबतं मद्य धृतव्रतौ। युवो रथो अध्वरा देववीतये प्रति स्वसरमुपयातु पीतये—अथ०। ७। ५८। १। ऋ० ६। ६८। १०॥ (सुतपौ) हे पुत्रों की रक्षा करने वाले! (धृतव्रतौ) उत्तम कर्मों के धारण करने वाले (इन्द्रावरुणा) बिजुली और वायु [के समान राजा और प्रजा जन] (इमं सुतम्) इस पुत्र को (मद्यम्) आनन्ददायक (सोमम्) ऐश्वर्य [वा बड़ी बड़ी ओषधियों का रस] (पिबतं=पाययतम्) पान कराओ। (युवोः) तुम दोनों का (अध्वरः) मार्ग बताने वाला (रथः) विमान आदि यान (देववीतये) दिव्यपदार्थों की प्राप्ति के लिये और (पीतये) वृद्धि के लिये (प्रतिस्वसरम्) प्रति दिन वा प्रति घर (उप यातु) आया करे॥

३—इन्द्रश्च सोमं पिबतं बृहस्पतेऽस्मिन् यज्ञे मन्दसाना वृषण्वसू। आ वां विशन्त्विन्दवः स्वाभुवोऽस्मे रयिं सर्ववीरं नियच्छतम्—अथ० २०। १३। १, ऋ० ४। ५०। १०॥ (बृहस्पते) हे बृहस्पति! [बड़ी वेदवाणी के रक्षक विद्वान्] (च) और (इन्द्रः) हे इन्द्र! [अत्यन्त ऐश्वर्य वाले राजन्] (मन्दसाना) आनन्द देने वाले, (वृषण्वसू) बलवान् वीरों को निवास कराने वाले तुम दोनों (सोमम्) सोम [उत्तम ओषधियों के रस] को (अस्मिन् यज्ञे) इस यज्ञ [राजपालन व्यवहार] में (पिबतम्) पीओ। (स्वाभुवः) अच्छे प्रकार सब ओर होने वाले (इन्दवः) ऐश्वर्य (वां) तुम दोनों में (आ विशन्तु) प्रवेश करें, (अस्मे) हम को (सर्ववीरम्) सब को बीर बनाने वाला (रयिम्) धन (नि) नियमपूर्वक (यच्छतम्) तुम दोनों दो॥

४—आ वो वहन्तु सप्तयो रघुष्यदो रघुपत्वानः प्र जिगात बाहुभिः। सीदता बर्हिरुरु वः सदस्कृतं मादयध्वं मरुतो मध्वो अन्धसः—अथ० २०। १३। २, ऋ० १। ८५। ६॥ (मरुतः) हे विद्वान् शूरो (वः) तुम को (रघुष्यदः)

शीघ्रगामी (सप्तयः) घोड़े (आ वहन्तु) सब ओर ले चलें, (रघुपत्वानः) शीघ्रगामी तुम (बाहुभिः) भुजाओं [हस्तक्रियाओं] से (प्र जिगात) आगे बढ़ो। और (उरु अन्तरिक्षं) चौड़े आकाश में (आ सीदत) आओ जाओ, (वः) तुम्हारे लिये (सदः) स्थान (कृतम्) बनाया गया है, (मध्वः अन्धसः) मधुर अन्न से (मादयध्वम्) [रूप को] तृप्त करो ॥

५—अश्वेव नः सुदया या हि मन्तुं नि बर्हिषि सदतना रणिष्टन। अधा सन्दक्ष पुरुणेव मन्यु मुरुष्यतं पितरेव शिक्षतं नः—ऋ० २। ३६। ३ ॥ (पुरुणाः) हे बहुत प्रकार पुरुषों [पुरुषों वाले विद्वानों ! (अमा इव) घर के समान (नः) हम में (हि) निश्चय करके (आ सदतन) आओ, (बर्हिषि) वृद्धिकारक व्यवहार में (नि षदतन) बैठो और (रणिष्टन) उपदेश करो। (अध) फिर (तक्षतः) हे सूक्ष्म करने वाले ! [सभापति] (देवेभिः) दिव्य गुणों से (अतिथिभिः) अतिथि के साथ (अन्धसः पुरुषाणः) अन्न का सेवन करता हुआ और (सुप्रयज्यवः) बड़े माननीय सभासदों वाला तू (मन्दस्व) आनन्द पा ॥

६—इन्द्राविष्णू पिबतं मधो अस्य सोमस्य दस्रा जठरं पृणेथाम्। आ वामन्धांसि मदिराण्यंग्मुप ब्रह्माणि शृणुतं हवं मे—ऋ० ६। ६९। ७ ॥ (दस्रा इन्द्राविष्णू) हे दुःखनाशक इन्द्र और विष्णु [वायु और बिजुली के समान दोनों राजा और मन्त्री] (अस्य मधः सोमस्य) इस मीठे सोम आदि ओषधियों के रस का (पिबतम्) पान करो और (जठरं पृणेथाम्) उदर को भरो। (मदिराणि अन्धांसि) आनन्द देने वाले अन्न (वाम्) तुम दोनों को (आ अग्मन्) प्राप्त हुये हैं, (ब्रह्माणि) वेदज्ञानों और (मे हवम्) मेरी पुकार को (उप शृणुतम्) तुम दोनों समीप से सुनो ॥

७—इमं स्तोममर्हते जातवेदसे रथमिव सं महेमा मनीषया। भद्रा हि नः प्रमतिरस्य संसद्यग्ने सख्ये मा रिषामा वयं तव—अथ० २०। १३। ३; ऋ० १। ९४। १ और सामवेद पू० १। ७। ४ तथा पू० ४। १। ७ ॥ (अर्हते) योग्य, (जातवेदसे) उत्पन्न पदार्थों के जानने हारे [पुरुष] के लिये (इमं स्तोमम्) इस गुण कीर्तन को (रथम् इव) रथ के समान (मनीषया) बुद्धि से (सम्) यथावत् (महेम) हम बढ़ावें। (हि) क्योंकि (अस्य) इस [विद्वान्] की (प्रमतिः) उत्तम समझ (संसदि) सभा के बीच (नः) हमारे लिये (भद्रा) कल्याण करने वाली है। (अग्ने) हे अग्नि ! [तेजस्वी विद्वान्] (ते सख्ये) तेरी मित्रता में (वयम्) हम (मा रिषाम) न दुःखी होवें ॥

कण्डिका २३ ॥

विचक्षणवतीं वाचं भाषन्ते चनसितवतीम् विचक्षयन्ति, ब्राह्मणं चनसयन्ति, प्राजापत्य सत्यं वदन्ति। एतद्वै मनुष्येषु सत्यं यच्चक्षुः। तस्मादाहुराचक्षाणमद्राक्षीति। स यदाहाद्राक्षमिति। तथाहास्य श्रद्दधति, यद्यु वै स्वयं वै दृष्टं भवति, न बहूनां जनानामेष श्रद्दधाति। तस्माद्विचक्षणवतीं वाचं भाषन्ते चनसितवतीम्। सत्योत्तरा हैवैषां वागुदिता भवति ॥ २३ ॥

कण्डिका २३ ॥ सत्य ही बोलना चाहिये ॥

(विचक्षणवतीं वाचं भाषन्ते, चनसितवतीं विचक्षयन्ति) वे [ब्रह्मवादी लोग] विचक्षणवती [विविधदर्शी शब्द वाली] वाणी बोलते हैं और चनसितवती [पूजनीय शब्द वाली वाणी] कहते हैं। (प्राजापत्यं ब्राह्मणं चनसयन्ति) प्रजापति देवता वाले ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी] को चनसित [पूजनीय] शब्द वाली वाणी वे बोलते हैं। [अर्थात् चनसित शब्द वाली वाणी ब्राह्मण को और विचक्षण शब्द वाली क्षत्रिय और वैश्य को बोलते हैं]। (सत्यं वदन्ति) वे सत्य बोलते हैं। (एतत् वै मनुष्येषु सत्यं यत् चक्षुः) यह ही मनुष्यों में सत्य है जो आंख [आंख से देखा हुआ] है। (तस्मात् आचक्षाणम् आहुः, अद्राक् इति) इस लिये बात कहते हुये से वे कहते हैं—क्या तू ने देखा है ? (सः यत् आह अद्राक्षम् इति, तथा ह अस्य श्रद्दधति) सो जब वह कहता है—मैं ने देखा है—उस प्रकार से ही उस की [बात में] श्रद्धा करते हैं। (यदि उ वै वै स्वयं दृष्टं भवति बहूनां जनानाम् एषः न श्रद्दधाति) यदि निश्चय करके अपने आप देखा हुआ वस्तु होता है, [बिना देखने वाले] बहुत जनों का यह [आप देखने वाला] विश्वास नहीं करता। (तस्मात् विचक्षणवतीं चनसितवतीं वाचं भाषन्ते) इस लिये विचक्षणवती [विविधदर्शी शब्द वाली] और चनसितवती [पूजनीय शब्द वाली] वाणी वे बोलते हैं। (एषां ह एव सत्यो-

---

२३—(विचक्षणवतीम्) गो० पू० ३। १६। विचक्षणशब्दयुक्ताम् (विचक्षयन्ति) विशेषेण कथयन्ति (ब्राह्मणम्) ब्रह्मज्ञानिनम् (चनसयन्ति) चनसितशब्दयुक्तां वाचं कथयन्ति (प्राजापत्यम्) प्रजापतिदेवताकम् (आचक्षाणम्) चक्षिङ् व्यक्तायां वाचि दर्शने च—शानच्। कांचिद् वार्तां कथयमानं पश्यन्तं वा (अद्राक्) अद्राक्षीः। दृष्टवानसि (अद्राक्षम्) दृष्टवानस्मि (श्रद्दधति) श्रद्धां धरन्ति। विश्वासं कुर्वन्ति (सत्योत्तरा) सत्यपूर्णा (उदिता) कथिता ॥

त्तरा वाक् उदिता भवति) इन [ब्रह्मवादियों] की ही सत्यपूर्ण वाणी कही हुई होती है ॥ २३ ॥

भावार्थ—एक सत्यवादी आप्त पुरुष की बात में लोगों की श्रद्धा बढ़ती है और बहुत से मिथ्यावादियों की श्रद्धा घटती है, इस लिये मनुष्यों को सदा सत्य बोलना चाहिये ॥ २३ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका को गो० पू० ३ । १६ । और ऐ० ब्रा० १ । ६ से मिलाओ ॥

टिप्पणी २—(अन्द्राक्) शब्द के स्थान पर (अङ्क्) पद ऐतरेय ब्राह्मण से शुद्ध किया है ॥

कण्डिका २४ ॥

सवृतयज्ञो वा एषः, यद्दर्शपूर्णमासौ । कस्य वाव देवा यज्ञमागच्छन्ति, कस्य वा न, बहूनां वा एतत् यजमानानां सामान्यमहः । तस्मात् पूर्वेद्युर्देवताः परिगृह्णीयात् । यो ह वै पूर्वेद्युर्देवताः परिगृह्णाति, तस्य श्वोभूते यज्ञमागच्छन्ति । तस्माद्धिहव्यस्य चतस्र ऋचो जपेत् । यज्ञविदो हि मन्यन्ते, सोम एव सवृत इति, यज्ञो यज्ञेन सवृतः ॥ २४ ॥

इत्यथर्ववेदस्य गोपथब्राह्मणोत्तरभागे द्वितीयः प्रपाठकः समाप्तः ।

कण्डिका २४ ॥ दर्शपौर्णमास यज्ञ में देवताओं को एक दिन पहिले निमन्त्रण करे ॥

(सवृतयज्ञः वै एषः, यत् दर्शपौर्णमासौ) बहुतों से एक साथ स्वीकार किया हुआ यज्ञ ही यह होता है जो दर्शपौर्णमास [अमावस और पूर्णमासी के यज्ञ] हैं । (देवाः कस्य वाव यज्ञम् आगच्छन्ति, कस्य वा न, बहूनां यजमानानाम् एतत् सामान्यम् अहः) देवता [विद्वान् लोग] किसी के ही यज्ञ में आते हैं और किसी के नहीं, बहुत से यजमानों का यह सामान्य दिन है । (तस्मात् पूर्वेद्युः देवताः परिगृह्णीयात्) इस लिये पहिले दिन देवताओं को स्वीकार करे । (यः ह वै पूर्वेद्युः देवताः परिगृह्णाति, श्वोभूते तस्य यज्ञम् आगच्छन्ति)

२४—(सवृतयज्ञः) बहुभिः समानस्वीकृतयज्ञः (देवाः) विद्वांसः (पूर्वेद्युः) पूर्वस्मिन् दिने (परिगृह्णीयात्) स्वीकुर्यात् (श्वोभूते) आगामि-

जो [यजमान] पहिले दिन विद्वानों को स्वीकार करता है, दूसरे दिन होते उस के यज्ञ में वे आते हैं। (तस्मात् विहव्यस्य चतस्रः ऋचः जपेत्) इस लिये विहव्य [विविध देने योग्य हवि] की चार ऋचाओं को [? ?] वह जपे। (यज्ञविदः हि मन्यन्ते, सोमः एव सवृतः इति, यज्ञः यज्ञेन सवृतः) क्योंकि यज्ञ जानने वाले मानते हैं—सोम यज्ञ ही समान स्वीकार किया हुआ है—[इस लिये] एक सोम यज्ञ दूसरे सोम यज्ञ से समान स्वीकार किया गया है ॥ २४ ॥

भावार्थ—मनुष्य विद्वानों के बुलाने को पहिले से निमन्त्रण देवे, जिस से वे उचित समय पर निर्विघ्न आ सकें ॥ २४ ॥

इति श्रीमद्राजाधिराज प्रथितमहागुणमहिम श्रीसयाजीराव गायकवाडाधिष्ठित बड़ोदेपुरीगत श्रावणमासदक्षिणापरीक्षायाम् ऋक्सामाथर्ववेदभाष्येषु लब्धदक्षिणेन श्री पण्डित क्षेमकरणदास त्रिवेदिना अथर्ववेदभाष्यकारेण कृते गोपथब्राह्मणभाष्य उत्तरभागे द्वितीयः प्रपाठकः समाप्तः ॥

अयं प्रपाठकः प्रयागनगरे पौषमासे कृष्णप्रतिपदायां तिथौ १९८० [अशीत्युत्तरैकोनविंशतिशतके] विक्रमीये संवत्सरे धीर-वीर-चिरप्रतापि-महायशस्वि श्री राजराजेश्वर पञ्चमजार्ज महोदयस्य सुसाम्राज्ये सुसमाप्तिमगात् ।

मुद्रितः—भाद्रशुक्ला ८ संवत् १९८१ वि० ता० ६ सेप्टेम्बर सन् १९२४ ई० ॥

दिने वर्तमाने (विहव्यस्य) विविधदातव्यस्य हविषः (सवृतः) बहुभिः समानस्वीकृतः ॥

अथ तृतीयः प्रपाठकः ॥

कण्डिका १ ॥

ओम् । देवपात्रं वै वषट्कारः । यद्वषट् करोति, देवपात्रेणैव तद्देवतास्तर्पयति । अथो यदाभितृष्यन्तीरभिसंस्थं तर्पयति, एवमेतद् देवतास्तर्पयति । यदनुवषट् करोति, तद्यथैवादोऽश्वान्वा गा वा पुनरभ्याधारं तर्पयति, एवमेव तद्देवतास्तर्पयति, यदनुवषट् करोति । इमानेवाग्नीनुपरिष्टात् प्रत्याहुतिभिर्गमयति कस्मात् पूर्वस्मिन्नेवाग्नौ जुह्वति पूर्वस्मिन्वषट् करोति । यद्वै सोमस्याग्ने वीहीत्यनुवषट् करोति, तेनैव वषट् करोति, त्रिष्ठयाद्भीयांसि । अथ संस्थितान् सोमान् भक्षयन्तीत्याहुः । येषां नानुवषट् करोति, तदाहुः, को नु सोमस्य स्विष्टकृद्भाग इति । यदैव सोमस्याग्ने वीहीत्यनुवषट् करोति, तेनैव संस्थितान् सोमान् भक्षयन्तीत्याहुः । स उ एव सोमस्य स्विष्टकृद्भागः, यदनुवषट् करोति ॥ १ ॥

कण्डिका १ ॥ वषट्कार और अनुवषट्कार का वर्णन ॥

(ओम् । देवपात्रं वै वषट्कारः) ओम् [यज्ञेश परमेश्वर !] देवताओं का पात्र रूप ही वषट्कार [यज्ञ में हवि का दान] है । (यत् वषट् करोति, तत् देवपात्रेण एव देवाः तर्पयति) जो वह [यजमान] वषट् [वषट् पद के साथ हवि का दान] करता है । इस लिये वह देवताओं के पात्र से ही देवताओं को तृप्त करता है । (अथो यत् आभितृष्यन्तीः अभिसंस्थं तर्पयति, एवम् एतत् देवताः तर्पयति) फिर जैसे अति प्यासी प्रजाओं को वह [यजमान] प्रसाद ठहरा हुआ सन्मान तृप्त करता है, ऐसे ही वह [वषट्कार] देवताओं को तृप्त करता है । (यत् अनुवषट् करोति, तत् अदः यथा एव अश्वान् वा गाः वा पुनरभ्याधारं तर्पयति, एवम् एव तत् देवताः तर्पयति, यत् अनुवषट् करोति) जो वह अनुवषट् [पीछे से हविस्त्याग] करता है सो वह जैसे घोड़े अथवा

१—(वषट्) यह आगे—अर्पयति । (आभितृष्यन्तीः (अभितृष्यन्तीः) अभि+तृषा पिपासायाम्—शतृ, ङीप् । अतो दीर्घः । तृष्यतीः पिपासिताः प्रजाः (अभिसंस्थम्) अभिः सम्यक् । स्था गतौ । अधिकरणे क्विप् (भावे) तुष्टिमान् (पुनरभ्याधारम्) पुनः+अभि+आ+धृ सेचने—घञ् । पुनः पुनः अभिमुखम् आधृत्य यथेष्टवस्तुना संसिच्य (उपासते) सेवन्ते (वीप्सा) व्याप्तिप्रज्ञनकान्त्यसनखादनेषु—सन्, अतस् तुक् (संस्थितान्) सम्यक्

बैलों को [यथेष्ट वस्तु देने से] बार बार यथावत् सींचकर मनुष्य तृप्त करता है, वैसे ही उस से देवताओं को [यजमान] तृप्त करता है, जब वह अनुवषट् करता है। (इमान् एव धिष्ण्यान् अग्नीन् उपासते—इति आहुः, अथ कस्मात् पूर्वस्मिन् एव अग्नौ जुह्वति, पूर्वस्मिन् वषट् करोति=कुर्वन्ति) [शंका] कहते हैं—इन ही धिष्ण्य [नामवाली] अग्नियों के समीप वे [ऋत्विज्] बैठते हैं, फिर किस लिये पहिली ही अग्नि में वे हवन करते हैं और अनुवषट् करते हैं। [समाधान] (यत् एव—सोमस्याने वीहि इति अनुवषट् करोति, तेन एव वषट् करोति, धिष्ण्यान् प्रीणाति) जो वह [यजमान्]—हे अग्ने ! तू सोम का भक्षण कर—इस [ब्राह्मण वचन] से अनुवषट् करता है, और उस से ही [सामान्य अग्नि शब्द से] वह वषट् करता है, उस से धिष्ण्य अग्नियों को प्रसन्न करता है। (अथ संस्थितान् सोमान् भक्षयन्ति—इति आहुः) [शंका] कहते हैं—फिर संस्थित [समाप्त किये हुये] सोमरसों को वे खाते हैं, (येषाम् अनुवषट् न करोति, सोमस्य कः नु स्विष्टकृद्भागः इति—तत् आहुः) जिन [अग्नियों] का अनुवषट् [यजमान] नहीं करता, सोम का कौनसा स्विष्टकृद् भाग [यज्ञ का समाप्ति सूचक व्यवहार] है—ऐसा वह कहते हैं। (यत् एव, सोमस्याग्ने वीहि इति अनुवषट् करोति, तेन एव संस्थितान् सोमान् भक्षयन्ति—इति आहुः) जो वह—हे अग्नि ! सोम का तू भक्षण कर—इस [ब्राह्मण वचन] से वह अनुवषट् करता है और उस से ही वे लोग समाप्त सोमरसों को खाते हैं—ऐसा वह कहते हैं। (सः उ एषः सोमस्य स्विष्टकृद्भागः यत् अनुवषट् करोति) वह ही यह सोम का स्विष्टकृद् भाग [प्रायश्चित्त वा समाप्तिसूचक मन्त्र] है, जो वह अनुवषट् [पीछे से वषट् उच्चारण] करता है ॥ १ ॥

भावार्थ—जैसे यज्ञ में वषट्कार, अनुवषट्कार और स्विष्टकृत् का विचार किया जाता है, वैसे ही प्रत्येक काम में मनुष्य को आदि, अन्त और मध्य का विचार लेना चाहिये ॥ १ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका को ऐ० ब्रा० ३। ५ से मिलाओ ॥

टिप्पणी २—निम्नलिखि ब्राह्मण वचन स्विष्टकृत् वा प्रायश्चित्त मन्त्र है—

(सोमान्) सोमरसान् (स्विष्टकृत्भागः) प्रायश्चित्तमन्त्रस्य यज्ञसमाप्तिसूचकमन्त्रस्य वा पाठः ॥

ओ३म्। यदस्य कर्मणोऽत्यरीरिचं यद्वा न्यूनमिहाकरम्। अग्निष्टत् स्विष्टकृद् विद्यात् सर्वं स्विष्टं सुहुतं करोतु मे। अग्नये स्विष्टकृते सुहुतहुते सर्वप्रायश्चित्ताहुतीनां कामानां समर्द्धयित्रे सर्वान् नः कामान्त्समर्धय स्वाहा। इदमग्नये स्विष्टकृते-इदं न मम॥ (ओम्) परमेश्वर। (यत्) जो कुछ (अस्य कर्मणः) इस कर्म में (अति--अरीरिचम्) मैं ने अधिक किया है, (यद्वा) अथवा (न्यूनम्) न्यून (इह) इस में (अकरम्) मैं ने किया है, (तत्) उस को (सु-इष्ट-कृत्) उत्तम मनोरथ का सिद्धि करने वाला (अग्निः) परमेश्वर (विद्यात्) जाने, वह मेरे (सर्वम्) सब (स्विष्टम्) उत्तम मनोरथ को (सु-हुतम्) सुन्दर रीति से अङ्गीकार (करोतु) करे।

(सु-इष्ट-कृते) उत्तम मनोरथ के सिद्ध करने हारे, (सु-हुत-हुते) उत्तम दान के दान करने हारे, (सर्वप्रायश्चित्त-आहुतीनाम्) सब पापनाशक तप की आहुतियों की (कामानाम्) उत्तम कामनाओं को (समर्धयित्रे) सिद्ध करने हारे (अग्नये) ज्ञान के निमित्त (नः) हम सब की (सर्वान्) सब (कामान्) उत्तम कामनाओं को (समर्धय) [हे परमेश्वर!] तू सिद्ध कर। (स्वाहा) यह सुन्दर आहुति है। (इदम्) यह [आत्मसमर्पण] (सु-इष्ट-कृते) उत्तम इष्ट के सिद्ध करने हारे (अग्नये) परमेश्वर के लिये है—(इदम् न मम) यह मेरे लिये नहीं है॥

कण्डिका २॥

वज्रो वै वषट्कारः। स यं द्विष्यात् तं मनसा ध्यायन् वषट् कुर्य्यात्। तस्मिंस्तद्वज्रमाप्याययति। षड्वि वषट्करोति। षड्वा ऋतवः ऋतूनामाप्त्यै। वौषड्वि वषट् करोति। असौ वाव द्यौः, ऋतवः षट्, एतमेव तद्धुतप्रादधाति, ऋतुषु प्रतिष्ठापयति। तदु ह स्माह, वैत एतानिव एतेन षट् प्रतिष्ठापयति। द्यौरन्तरिक्षे प्रतिष्ठिता, अन्तरिक्षं पृथिव्यां, पृथिव्यप्सु आपः सत्येन, सत्यं ब्रह्मणि, ब्रह्म तपसि। इत्येता एव तद्देवताः प्रतिष्ठान्याः प्रतिष्ठन्तीरिदं सर्वमनु प्रतितिष्ठति। प्रतितिष्ठति प्रजया पशुभिः, य एवं वेद॥ २॥

कण्डिका २॥ वषट्कार वज्र, छह ऋतु और छह आकाश आदि हैं॥

(वज्रः वै वषट्कारः) वज्र रूप ही वषट्कार [आहुति दान] है। (सः यं द्विष्यात् तं मनसा ध्यायन् वषट् कुर्यात्) वह [यजमान] जिस को वैरी जाने, उस को मन से ध्यान करता हुआ वषट् [आहुति दान] करे। (तस्मिन् तत्

वज्रम् आस्थापयति) उस [शत्रु] में उस से वह वज्र स्थापित करता है । (षट् इति वषट् करोति) षट् [छह, यह वषट्=व—षट्] शब्द को जताता है । (षट् वै ऋतवः ऋतून् आप्त्यै) षट् [छह] ही ऋतुयें हैं, ऋतुओं की प्राप्ति के लिये [यह है] । (बौषट् इति वषट् करोति) बौषट् यह पद वषट्कार है । (असौ वाव द्यौः, ऋतवः षट्, एतान् एव तत् ऋतुषु आदधाति, ऋतुषु प्रतिष्ठापयति) वह [दिखाई देता हुआ सूर्य] ही द्यौ [रस पहुंचाने वाला] है, ऋतुयें छह हैं, इस [सूर्य] को ही उस [आहुति दान] से ऋतुओं में वह सब ओर से धारण करता है, ऋतुओं में दृढ़ करके ठहराता है । (तद् उ ह स्म वैतः आह, एतानि एव षट् एतेन प्रतिष्ठापयति) यह ही निश्चय करके वैत [गतिवेत्ता पुरुष विशेष] कहता है—इन ही छह [आगे कहे हुओं] को ही इस आहुति दान से दृढ़ स्थापित करता है । (द्यौः अन्तरिक्षे प्रतिष्ठिता, अन्तरिक्षं पृथिव्यां, पृथिवी अप्सु, आपः सत्येन, सत्यं ब्रह्मणि, ब्रह्म तपसि) द्यौ [आकाश] अन्तरिक्ष [मध्यस्थ वायु लोक] में ठहरा है १, अन्तरिक्ष पृथिवी में २, पृथिवी जल में ३, जल सत्य [सत्तामात्र वा यथार्थ व्यवहार] के साथ ४, सत्य [सत्तामात्र वा सत्य व्यवहार] ब्रह्म [परमेश्वर वा वेद] में ५, ब्रह्म तप [ब्रह्मचर्यादि व्रत धारण] में ६ । (इति एताः एव तद् देवताः प्रतिष्ठान्याः, प्रतिष्ठन्तीः अनु इदं सर्व प्रतितिष्ठति) सो यह ही देवता दृढ़ता से ठहरने वाले हैं, दृढ़ता से ठहरे हुये [देवताओं] के साथ साथ यह सब [जगत्] दृढ़ता से ठहरता है । (प्रजया पशुभिः प्रतितिष्ठति यः एवं वेद) प्रजा [सन्तान] से और पशुओं से वह प्रतिष्ठा पाता है, जो ऐसा जानता है ॥ २ ॥

भावार्थ-यज्ञ की यथाविधि पूर्त्ति से मनुष्य को मनोरथ सिद्धि होती है ॥२॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका को ऐ० ब्रा० ३ । ६ से मिलाओ ॥

टिप्पणी २—(प्रतिष्ठाता) शब्द के स्थान पर (प्रतिष्ठिता) पद ऐतरेय ब्राह्मण से शुद्ध किया है ॥

२—(वषट्-करोति) वषट्कारं ज्ञापयति (आप्त्यै) प्राप्तये (बौषट्) वह प्रापणे—डौषट् । वषट् । हविस्त्यागः (असौ) दृश्यमानः सूर्यः (द्यौ) वह प्रापणे—डौ । रसवाहकः (वैतः) तदधीते तद्वेद । पा० ४ । २ । ५९ । वीति—अण्, गतिवेत्ता (द्यौः) आकाशः (अन्तरिक्षे) मध्यलोके । वायुलोके (ब्रह्मणि) वेदे । परमेश्वरे (तपसि) ब्रह्मचर्यादिव्रतधारणे (प्रतिष्ठान्याः) वदेरान्यः । उ० ३ । १०४ । प्रति+ष्ठा गतिनिवृत्तौ-आन्य । दृढ़स्थितिशीलः (अनु) अनुसृत्य ॥

कण्डिका ३ ॥

त्रयो वै वषट्काराः, वज्रो धामच्छदृक्तः । स यदेवोच्चैर्वलवषट् करोति स वज्रस्तन्तं प्रहरति द्विषते भ्रातृव्याय, वधं योऽस्य सृत्यः [स्तृत्यः], तस्मै स्तरीतवे । तस्मात् स भ्रातृव्यवता वषट् कृत्यः । अथ यः स यः [सः] सन्ततो निर्हरिणच्छ [अनिर्हरिणर्च्छः] स्वधामच्छद्स् [स्वधामच्छत्] तर्ं प्रजाध्य पशव-श्चानूपतिष्ठन्ते । तस्मात् स प्रजाकामेन पशुकामेन वषट्कृत्यः । अथ येनैव पट् पराध्नोति स ऋक्तो रिक्त्यात्मानं रिणक्ति यजमानस्य । पापीयान् वषट्कर्त्ता भवति, पापीयान् यस्मै वषट् करोति । तस्मात् तस्याशास्येयात् । किंन्वित् स यजमानस्य पापभद्रमाद्रियेतेति ह स्माह, योऽस्य वषट्कर्त्ता भवति, अथैवैनं यथा कामयेत तथा कुर्य्याद्यं कामयेत यथैवानीजानोऽभूत्यथैवेजानः स्यादिति । यथैवा-स्यर्चं ब्रूयात्तथैवास्य वषट् कुर्य्यात् । समानमेवैनं तत् करोति यद्वामयेत पापी-यान् स्यादिति, उच्चैस्तरामस्यर्चं ब्रूयान्नीचैस्तरां वषट् कुर्य्यात्, पापीयश्च समेवैनं तत् करोति, यं कामयेत श्रेयान् स्यादिति, नीचैस्तरामस्यर्चं ब्रूयादुच्चैस्तरान् वषट् कुर्य्यात्, श्रेयाश्च समेवैनं तत् करोति, श्रिय एवैनं तच्छ्रियमादधाति ॥ ३ ॥

कण्डिका ३ ॥ तीन वषट्कार वज्र, धामच्छत् और रिक्त का वर्णन ॥

(त्रयः वै वषट्काराः, वज्रः धामच्छत्, ऋक्तः [रिक्तः]) तीन ही वषट्-कार हैं, वज्र, धामच्छत् [यज्ञ स्थान का ढकने वाला, रक्षा करने वाला], और ऋक्त [रीता समृद्धि रहित]। (सः यत् एव उच्चैर्वल वषट्करोति, सः वज्रः) सो जो ही ऊंचे स्वर से वषट् शब्द करता है वह [वषट्] वज्र है। तं तं वधं द्विषते भ्रातृव्याय प्रहरति, यः अस्य सृत्यः, [स्तृत्यः] तस्मै स्तरीतवे) उस ही अस्त्र [वषट्] को अनिष्ट करने वाले वैरी पर चलाता है, जो इस [यजमान] के ढकने [दबाने वा मारने] योग्य है, यह कर्म उस के ढकने [दबाने] के लिये है। (तस्मात् सः वषट् भ्रातृव्यवता कृत्यः) इस लिये वह वषट् वैरी वाले [यजमान] करके करना चाहिये।

३—(धामच्छत्) छद अपवारणे—क्विप्। धाम्नः यज्ञस्थानस्य आच्छादको रक्षकः (ऋक्तः) रिचिर् पृथग्भावे—क्त, संप्रसारणम् । रिक्तः । सम्पत्तिशून्यः (उच्चैर्वल) विभक्तिलोपः । उच्चैर्वलेन । उच्चध्वनिना (वधम्) हननसाधनं वज्रम् (सृत्यः=स्तृत्यः) स्तृञ् आच्छादने-क्यप्—तुक् च । आच्छादनीयः । हन्तव्यः

(अथ यः सयः [समः] सन्ततः अनिर्हाणच्छ [अनिर्हाणर्च्छः] सः धामच्छत्) फिर जो [वषट्] सम [निर्दोष], निरन्तर [लगातार] और सर्वथा हानिरहित ऋचा वाला [सम्पूर्ण मन्त्र पाठ वाला] है वह धामच्छत् है। (तं तं अनु प्रजाः च पशवः च उपनिष्ठन्ते, तस्मात् सः प्रजाकामेन पशुकामेन वषट्कृत्यः) उस ही [धामच्छत्] के पीछे प्रजायें और पशु पास पास ठहरते हैं, इस लिये प्रजा चाहने वाले और पशु चाहने वाले पुरुष करके वह [धामच्छत्] वषट् करना चाहिये।

(अथ येन एव षट् पराभ्नोति, सः ऋक्तः [रिक्तः] आत्मानं रिक्ति [रिणक्ति], यजमानं रिणक्ति) फिर जिस [अपपाठ] करके ही षट् [वषट्] रीता करता है [समृद्धि रहित करता है], वह रिक्त वषट् [होता के] आत्मा को रीता करता है और यजमान को रीता करता है। (वषट्कर्ता पापीयान् भवति, पापीयान्, यस्मै वषट् करोति) वषट् करने वाला ऋत्विज बड़ा पापी होता है और वह [यजमान] बडा पापी होता है, जिस के लिये वह वषट् करता है। (तस्मात् तस्य आशां न इयात्) इस लिये उस [रीते वषट्कार] की इच्छा को वह न पावे [न करे]।

(किं स्वित् सः यजमानस्य पापभद्रम् आद्रियेत यः अस्य वषट्कर्ता भवति, इति ह स्म आह) क्या वह यजमान का पाप वा कल्याण चाहता है जो [ऋत्विज] इस का वषट् करने वाला है—ऐसा वह कहता है। (अत्र एव एनं यथा कामयेत तथा कुर्यात्) यहां पर ही इस [यजमान] को जैसा चाहे वैसा वह करे। (यं कामयेत यथा एव अनीजानः अभूत् तथा एव ईजानः स्यात् इति) जिस को वह चाहे—जैसा ही यज्ञ न करने वाला होता है वैसा ही यज्ञ करने वाला होवे। (यथा एव अस्य ऋचं ब्रूयात्, तथा एव अस्य वषट्कुर्यात्, तत् समानम् एव एनं करोति) जिस प्रकार से ही इस की ऋचा को वह बोले, उस प्रकार से ही इस का वषट् करे, तब इस [यजमान] को समान ही वह

शत्रुः (तस्मै) तम् (स्तरीतवे) स्तृञ् आच्छादने—तवेन्। स्तरितुम्। आच्छादयितुम् (भ्रातृव्यवता) शत्रुयुक्तेन यजमानेन (समः) समानस्वरेण (सन्ततः) निरन्तरः। विच्छेदरहितः (अनिर्हाणर्च्छः) निःशेषेण हानं परित्यागः। निःशेषहानिरहिता ऋग् यस्मिन् स तथाभूतः। सम्पूर्णमन्त्रपाठोपेतः (अनूपतिष्ठन्ते) सेवन्ते (पराभ्नोति) अवाभ्नोति। अवरोधम् समृद्धिराहित्यं करोति (रिक्ति) अदादित्वमार्षम्। रिणक्ति (रिणक्ति) रिचिर् पृथग्भावे। रिक्तीकरोति। समृ-

करता है । (यं कामयेत पापीयान् स्यात् इति उच्चैस्तराम् अस्य ऋचं ब्रूयात्, नीचैस्तरां वषट्कुर्यात्, तत् पापीयांसम् एव एनं करोति) जिस को चाहे—यह पापी हो जावे, ऊंचे स्वर से उस की ऋचा को बोले और नीचे स्वर से वषट् करे, तब वह इस [यजमान] को पापी ही करता है । (यं कामयेत श्रेयान् स्यात् इति, नीचैस्तराम् अस्य ऋचं ब्रूयात्, उच्चैस्तरां वषट्कुर्यात्, तत् श्रेयांसम् एव एनं करोति) जिस पुरुष को वह चाहे अधिक कल्याण वाला वह होवे, नीचे स्वर से उस की ऋचा को बोले और ऊंचे स्वर से वषट् करे, तब वह इस [यजमान] को कल्याण युक्त ही करता है । (श्रिये एव, तत् एनं श्रियम् [श्रियाम्] आदधाति) श्री [सम्पत्ति] के लिये ही [यह कर्म है], तब इस [यजमान] को सम्पत्ति में वह स्थापित करता है ॥ ३ ॥

भावार्थ—कार्यकुशल और प्रसन्नचित्त ऋत्विज लोग यजमान की इच्छानुसार यज्ञ को सिद्ध कर देते हैं, इस लिये यजमान उनका आदर करता रहे ॥३॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका को ऐ० ब्रा० ३ । ७ से मिलाओ ॥

टिप्पणी २—नीचे के पद ऐतरेय ब्राह्मण ३ । ७ से मिलाओ—

गोपथ	ऐतरेय	गोपथ	ऐतरेय
ऋक्तः	रिक्तः	रिक्ति	रिणक्ति
सृत्यः	स्तृत्यः	यजमानस्य	यजमानम्
स यः	समः	नीचैस्तरा	नीचैस्तरां
अनिर्हाणच्छ	अनिर्हाणर्च्छः	तच्छ्रियम्	तच्छ्रियाम्
स्वधामच्छत्	स धामच्छत्		

कण्डिका ४ ॥

यस्यै देवतायै हविर्गृहीतं स्यात्, तां मनसा ध्यायन् वषट् कुर्य्यात् । साक्षादेव तद्देवतां प्रीणाति, प्रत्यक्षादेवतां परिगृह्णाति । सन्ततमृचा वषट्कृत्यं सन्तत्यै सन्धीयते प्रजया पशुभिः, य एवं वेद ॥ ४ ॥

द्विहीनं करोति (पापीयान्) अत्यन्तपापयुक्तः (आशाम्) इच्छाम् (न) निषेधे (इयात्) प्राप्नुयात् (पापभद्रम्) पापं च कल्याणं च (आदियेत) आदितं कुर्यात् । इच्छेत (अनीजानः) अकृतयज्ञः (ईजानः) यज देवपूजादिषु-कानच् । कृतयज्ञः (श्रेयान्) प्रशस्य-ईयसुन् । कल्याणवान् (श्रिये) सम्पदर्थम् (आदधाति) स्थापयति ॥

कण्डिका ४ ॥ वषट्कार के साथ हवि के लिये देवता का निर्णय ॥

(यस्यै देवतायै हविः गृहीतं स्यात्, तां मनसा ध्यायन् वषट् कुर्यात्) जिस देवता के लिये हवि ग्रहण किया गया हो, उस को मन से ध्यान करता हुआ वषट्कार करे । (तत् साक्षात् एव देवतां प्रीणाति, प्रत्यक्षात् देवतां परिगृह्णाति) उस से साक्षात् ही देवता को प्रसन्न करता है, प्रत्यक्ष रूप से देवता को ग्रहण करता है । (ऋचा सन्ततं वषट्कृत्यं सन्तत्यै, प्रजया पशुभिः सन्धीयते, यः एवं वेद) ऋचा [वेद मन्त्र] के साथ लगातार वषट्कार किया हुआ विस्तार के लिये है, वह प्रजा और पशुओं से संयुक्त होता है जो ऐसा जानता है ॥ ४ ॥

भावार्थ—उद्दिष्ट देवता का ध्यान करके हवि देने से यजमान का मनोरथ सिद्ध होता है ॥ ४ ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका को ऐ० ब्रा० ३ । ८ तथा ७ से मिलाओ ॥

कण्डिका ५ ॥

वज्रो वै वषट्कारः । स उ एष प्रहृतः शान्तो दीदाय । तस्य ह न सर्व एव शान्तिं वेद नो प्रतिष्ठाम् । तस्माद्वाप्येतर्हि भूयानिव मृत्युः, तस्य हैषैव शान्तिरेषा प्रतिष्ठा, यद्वागिति । वषट्कृत्य वागित्यनुमन्त्रयते, वषट्कार मा मां प्रमृक्षो माहं त्वां प्रमृक्षं बृहता मन उपह्वये व्यानेन शरीरं प्रतिष्ठामि, प्रतिष्ठां गच्छन् प्रतिष्ठां मा गमयेदिति । तदु ह स्माह, दीर्घमेवैतत् सदप्रभ्योजः सह ओज इत्यनुमन्त्रयेत, ओजश्च ह वै सहश्च वषट्कारस्य प्रियतमे तन्वौ, प्रियाभ्यामेव तत्तनूभ्यां समर्द्धयति । प्रियया तन्वा समृध्यते, य एवं वेद ॥ ५ ॥

कण्डिका ५ ॥ वषट्कार को उपयोगी बनाने का उपाय ॥

(वज्रः वै वषट्कारः) वज्ररूप ही वषट्कार है । (सः उ एषः प्रहृतः शान्तः दीदाय) वह ही यह वषट्कार छोड़ा गया [हमारे लिये] शान्त चमकता है । (तस्य ह शान्तिं सर्वः एव न वेद नो प्रतिष्ठाम्) उस की शान्ति को प्रत्येक मनुष्य नहीं जानता है, और न [उस के] आश्रय को । (तस्मात् वा

४—(प्रीणाति) तर्पयति (सन्ततम्) निरन्तरम् (सन्तत्यै) विस्ताराय । सन्तानाय (सन्धीयते) संयुज्यते ॥

५—(शान्तः) उपद्रवरहितः (दीदाय) दीदयति ज्वलतिकर्म—निघ० १ । १६, लिट् । दीप्यते (नो) निषेधे (प्रतिष्ठाम्) दृढस्थानम् । आश्रयम् (एतर्हि)

अपि एतर्हि भूयान् इव मृत्युः) इस लिये ही अब बहुत अधिक सा मृत्यु है। (तस्य ह एषा एव शान्तिः एषा प्रतिष्ठा, यत् वाक् इति) उस [वषट्कार] की यह ही शान्ति और यह ही आश्रय है, जो वाक् [वाणी] है। (वषट्कृत्य वाक् इति अनुमन्त्रयते) वषट्कार करके वाक्, यह पद मन्त्र के साथ वह बोलता है। (वषट्कार मां मा प्रमृक्षः, अहं त्वां मा प्रमृक्षम्, बृहता मनः व्यानेन शरीरम् उपह्वये, प्रतिष्ठा असि, प्रतिष्ठां गच्छन् प्रतिष्ठां मा गमयेत् इति) हे वषट्कार ! मुझ को तू मत खो डाल [मत नष्ट कर], मैं तुझे न खो डालूं [न नष्ट करूं], बड़े प्रयत्न के साथ [अपने] मन को और व्यान [शरीर में फैले हुये वायु] के साथ शरीर को मैं बुलाता हूं, तू प्रतिष्ठा [आश्रय] है, आश्रय पाता हुआ तू मुझ को आश्रय पहुंचा [यह ब्राह्मण वचन है]। (तत् उ ह स्म आह, दीर्घम् एव एनत् सत् अप्रभु, ओजः सहः ओजः इति अनुमन्त्रयेत्) कोई [ब्रह्मवादी] यह कहता है—यह [मन्त्र वाक्य] लम्बा होता हुआ भी असमर्थ है, ओजः सहः ओजः—इस [तीन पद वाले मन्त्र] को मन्त्र के साथ बोले। [दूसरा ओजः पद आदरार्थ है]। (ओजः च ह वै सहः च वषट्कारस्य प्रिय-तमे तन्वौ, प्रियाभ्याम् एव तनूभ्यां तत् समर्धयति) ओजः [पराक्रम] और सहः [बल] ही वषट्कार के दो अति प्रिय शरीर हैं, दोनों प्रिय शरीरों से ही उस [यजमान] को वह बढ़ाता है। (प्रियया तन्वा समृध्यते, यः एवं वेद) वह पुरुष प्रिय शरीर से बढ़ता है जो ऐसा जानता है ॥ ५ ॥

भावार्थ—प्रकरण के अनुकूल मन्त्रों के विनियोग से यजमान का बल और पराक्रम बढ़ता है ॥ ५ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका को ऐ० ब्रा० ३ । ८ से मिलाओ ॥

टिप्पणी २—(प्रतिष्ठामि) के स्थान पर (प्रतिष्ठासि), (सदः प्रभु)

इदानीम् (भूयान्) बहु-ईयसुन्। बहुनरः (वाक्) वाणी। विद्या (अनुमन्त्र-यते) मन्त्रेण सह उच्चारयति (मा प्रमृक्षः) मृजी शोधे—लुङ्। मा शोधय। मा विनाशय (मा प्रमृक्षम्) विनष्टं मा कार्षम् (बृहता) महता प्रयत्नेन (मनः) स्वकीयं चित्तम् (उपह्वये) आह्वयामि (व्यानेन) व्यानादिवायुना (प्रतिष्ठा) आश्रयः (गच्छन्) प्राप्नुवन् (गमयेत्) गमय, प्रापय (सत्) वर्तमानम् (अप्रभु) असमर्थम् (ओजः सहः ओजः) पदत्रयात्मको मन्त्रः (ओजः) पराक्रमः (सहः) बलम् (समर्द्धयति) प्रवर्धयति ॥

के स्थान पर (सदप्रभु) और (वषट्कारश्च) के स्थान पर (वषट्कारस्य) ऐतरेय ब्राह्मण से शोधा गया है ॥

कण्डिका ६ ॥

वाक् च ह वै प्राणापानौ च वषट्कारः, ते वषट्कृते वषट्कृते व्युत्क्रामन्ति । ताननुमन्त्रयते, वागोजः सह ओजो मयि प्राणापाविति । वाचं चैव तत् प्राणापानौ च होता आत्मनि प्रतिष्ठापयति, सर्वमायुरेति, न पुरा जरसः प्रमीयते, य एवं वेद । शन्नो भव हृद आपीत इन्दो पितेव सोम सूनवे सुशेवः । सखेव सख्य उरुशꣳस धीरः प्रण आयुर्जीवसे सोम तारीरित्यात्मानं प्रत्यभिमृशति, ईश्वरो वा एषो प्रत्यभिमृष्टो यजमानस्यायुः प्रत्यवहर्त्तुर्मनरिहन्माभक्तयेदिति । तद्यदेतेन प्रत्यभिमृशति आयुरेवास्मै तत् प्रतिरते । आ प्यायस्व सन्ते पयाꣳसीति द्वाभ्यां चमसानाप्याययन्त्यभिरूपाभ्याम् । यद् यज्ञेऽभिरूपं, तत् समृद्धम् ॥ ६ ॥

कण्डिका ६ ॥ वाक् और प्राण औ अपान ही वषट्कार हैं ॥

(वाक् च प्राणापानौ च ह वै वषट्कारः) वाक् और प्राण और अपान ही वषट्कार [आहुति दान] हैं । (ते वषट्कृते वषट्कृते व्युत्क्रामन्ति) वे [तीनों] वार वार वषट्कार करने पर बाहिर चले जाते हैं । (तान् अनुमन्त्रयते, वाक् ओजः सहः ओजः प्राणापानौ मयि इति) उन को इस मन्त्र से अनुकूल करता है—वाक्, ओजः [पराक्रम], सहः [बल], ओजः, और प्राण और अपान मुझ में [होवे] । (तत् वाचं च एव प्राणापानौ च होता आत्मनि प्रतिष्ठापयति, सर्वम् आयुः एति, जरसः पुरा न प्रमीयते यः एवं वेद) उस से वाणी और प्राण और अपान को होता अपने में दृढ़ स्थापित करता है, वह पुरुष पूर्ण आयु पाता है और बुढ़ापे से पहिले नहीं मरता, जो ऐसा जानता है । (शन्नो भव हृद आ पीत इन्दो पितेव सोम सूनवे सुशेवः । सखेव सख्य उरुशꣳसधीरः प्रण आयुर्जीवसे सोम तारीः) । (इन्दो) हे बड़े ऐश्वर्य वाले (सोम) हे सोम ! [सर्वजनक परमेश्वर] (पीतः) [हम लोगों से] ग्रहण

६—(व्युत्क्रामन्ति) वहिरूर्ध्वं गच्छन्ति (शम्) सुखम् (नः) अस्माकम् (हृदे) हृदयाय (आ) समन्तात् (पीतः) गृहीतः (इन्दो) हे परमैश्वर्यवन् (सोम) सर्वोत्पादक सर्वप्रेरक परमेश्वर (सूनवे) पुत्राय (सुशेवः) शेवं सुखनाम—निघ० ३ । ६ । सुसुखयुक्तः (उरुशंस) बहुधा प्रशंसनीय । बहुकीर्ते

किया गया (सुशेवः) बड़ा सुख देने वाला तू (नः हृदे) हमारे हृदय के लिये, (पिता इव सूनवे) पिता के समान पुत्र के लिये (शम्) सुखदायक (आ भव) सब ओर से हो, (उरुशंस) हे बड़ी प्रशंसा वाले ! (सोम) हे सोम ! [सर्व-प्रेरक परमात्मन्] (धीरः) बुद्धिमान् तू, (सखा इव सख्ये) मित्र के समान मित्र के लिये, (नः आयुः) हमारा आयु (जीवसे) जीने के लिये (प्र तारीः) बढ़ा—ऋ० ८ । ४८ । ४—(इति आत्मानं प्रत्याभिमृशति) इस मन्त्र से वह अपने शरीर को भले प्रकार छूता है । (एषः अप्रत्याभिमृष्टः यजमानस्य आयुः प्रत्यवहर्तुम् ईश्वरः वै, अनर्हन् मा भक्षयेत् इति) यह अङ्ग विना छुये [मन्त्र] यजमान का आयु नाश करने को समर्थ होता है, अयोग्य होकर वह मुझे खा जायगा [यह विचार करे] । (तत् यत् एतेन प्रत्याभिमृशति आयुः एव अस्मै तत् प्रतिरते) सो जो इस [पूर्वोक्त मन्त्र] से अङ्ग स्पर्श करता है, आयु ही इस [यजमान] के लिये उस से वह बढ़ाता है । (आ प्यायस्व सं ते पयांसि इति द्वाभ्याम् अभिरूपाभ्यां चमसान् आप्याययन्ति) आ प्यायस्व, और सं ते पयांसि ऋ० १ । ९१ । १७, १८—इन दो अनुकूल विषय वाली ऋचाओं से खाद्य पदार्थों को वह बढ़ाते हैं । (यत् यज्ञे अभिरूपम्, तत् समृद्धम्) जो यज्ञ में विषय के अनुकूल है वह समृद्ध [सफल] है ॥ ६ ॥

भावार्थ—वाणी, प्राण और अपान अर्थात् समस्त इन्द्रियों के सुप्रयोग से मनुष्य संसार में उन्नति करता है ॥ ६ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका को ऐ० ब्रा० ३ । ८ तथा ७ । ३३ से मिलाओ ॥

टिप्पणी २—(इन्द्रो) के स्थान पर (इन्दो) ऋ० ८ । ४८ । ४ से और (प्रत्यविहर्तुमनरिहन) के स्थान पर (प्रत्यवहर्तुमनर्हन्) ऐ० ब्रा० ७ । ३३ से शुद्ध किया है ॥

टिप्पणी ३—दोनों प्रतीक वाले मन्त्र अर्थ सहित लिखे जाते हैं ॥

१—आ प्यायस्व मदिन्तम सोम विश्वेभिरंशुभिः । भवा नः सुश्रवः-

(धीरः) धीमान् (जीवसे) जीवनाय (प्र तारीः) प्रवर्धय । (प्रत्याभिमृशति) हस्तेन सर्वतः स्पृशति (अप्रत्याभिमृष्टः) मन्त्रेण स्पर्शरहितः (प्रत्यवहर्तुम्) विनाशयितुम् (अनर्हन्) अयोग्यः सन् (प्रतिरते) प्रवर्धयति (आ) समन्तात् (प्यायस्व) वर्धस्व (सम्) सम्यक् (ते) तव (पयांसि) जलानि । अन्नानि (चमसान्) भक्ष्यपदार्थान् (आप्याययन्ति) प्रवर्धयन्ति (अभिरूपाभ्याम्) विषयानुकूलाभ्याम् ॥

स्तमः सखा वृधे—ऋ० १ । ९१ । १७ । (मदिन्तम) हे अत्यन्त आनन्द वाले (सोम) सोम ! [बड़े ऐश्वर्य वाले विद्वान्] (विश्वेभिः) सब (अंशुभिः) तत्त्व के अंशों के साथ (आ) अच्छे प्रकार (प्यायस्व) तू बढ़, और (सुश्रवस्तमः) अत्यन्त बड़ी कीर्ति वाला वा अत्यन्त सुन्दर अन्नों वाला (सखा) मित्र तू (नः वृधे) हमारी बढ़ती के लिये (भव) हो ॥

२—सं ते पयांसि समु यन्तु वाजाः सं वृष्ण्यान्यभिमातिषाहः । आप्यायमानो अमृताय सोम दिवि श्रवांस्युत्तमानि धिष्व—ऋ० १ । ९१ । १८ । (सोम) हे सोम ! [बड़े ऐश्वर्य वाले विद्वान्] (ते) तेरे लिये (वृष्ण्यानि) वीरत्व बढ़ाने वाले (पयांसि) अनेक अन्न (सं यन्तु) अच्छे प्रकार मिलें, (उ) और (अभिमातिषाहः) अभिमानी शत्रुओं के दबाने वाले (वाजाः) पराक्रम (सं सम्) बहुत अच्छे प्रकार [मिलें] । (अमृताय) अमरपन वा मोक्ष के लिये (आप्यायमानः) सब ओर से बढ़ता हुआ तू (दिवि) व्यवहार के बीच (उत्तमानि श्रवांसि) उत्तम यशों को (धिष्व) धारण कर ॥

कण्डिका ७ ॥

प्राणा वा ऋतुयाजाः, तद्यदृतुयाजैश्चरन्ति, प्राणानेव तद्यजमाने दधति । षड्भिर्ऋतुभिरिति यजन्ति, प्राणमेव तद्यजमाने दधति । चत्वार ऋतुभिर्यजन्ति, अपानमेव तद्यजमाने दधति । द्वाभ्यामृतुभ्यामिति उपरिष्टाद्, व्यानमेव तद्यजमाने दधति । स चाप्तुसम्भृतस्त्रेधाविहृतः, प्राणोऽपानो व्यान इति । ततोऽन्यत्र गुणितस्तथाह, यजमानः सर्वमायुरेत्यस्मिंल्लोक आप्नोत्यामोत्यमृतत्वमश्नितं स्वर्गे लोके । ते वा एते प्राणा एव, यदृतुयाजाः । तस्मादनवानं ततो यजन्ति प्राणानां सन्ततत्यै । सन्तता इव हीमे प्राणाः । अथो ऋतवो वा ऋतुयाजाः । सथंस्थानुवषट्कारः । योऽत्रानुवषट् कुर्य्यात्, असथंस्थितानृतून् संस्थापयेत् । यस्तं तत्र ब्रूयात्, असथंस्थितानृतून् समतिष्ठि [समतिष्ठिपत्] । यो दुःखमनुभविष्यतीति, शश्वत्तथा स्यात् ॥ ७ ॥

कण्डिका ७ ॥ प्राण ही ऋतुयाज हैं, ऋतुयाजों में अनुवषट् न करे ॥

(प्राणाः वै ऋतुयाजाः) प्राण ही ऋतुयाज [ऋतुओं के लिये यज्ञ] हैं । (तत् यत् ऋतुयाजैः चरन्ति, प्राणान् एव तत् यजमाने दधति) इस लिये जो ऋतुयाजों से वे यज्ञ करते हैं, प्राणों [प्राण, अपान, व्यान] को ही उस से यजमान

में धारण करते हैं। (षट् ऋतुना इति यजन्ति, प्राणम् एव तत् यजमाने दधति) छह [ऋत्विज लोग]—ऋतु के साथ [ऋतुना—इन मन्त्रों के लिये देखो यजु० २१। २३—२८] इस से वे यज्ञ करते हैं, प्राण [भीतर जाने वाले वायु] को ही उस से यजमान में धारण करते हैं। (चत्वारः ऋतुभिः यजन्ति, अपानम् एव तत् यजमाने दधति) चार [ऋत्विज]—ऋतुओं से [ऋतुभिः—इस के लिये देखो यजु० १४। ७]—वे यज्ञ करते हैं, अपान [बाहर जाने वाले वायु] को ही उस से यजमान में धारण करते हैं। (द्विः ऋतुना इति उपरिष्टात्, व्यानम् एव तत् यजमाने दधति) दो [ऋत्विज]—ऋतु से [ऋतुना—ऊपर देखो]—इस से पीछे से [यज्ञ करते हैं], व्यान [शरीर में फैले हुये वायु] को ही उस से यजमान में वे धारण करते हैं। (सः च सम्भृतः असुः त्रेधा विहृतः, प्राणः अपानः व्यानः इति) और वह अच्छे प्रकार पुष्ट किया हुआ प्राण तीन प्रकार से विहार वाला है—प्राण, अपान, और व्यान। (ततः अन्यत्र गुणितः तथा आह) इस [ग्रन्थ] से दूसरे [ऐतरेय आदि] में यह कहा गया है—ऐसा वह [ब्रह्मवादी] कहता है। (यजमानः सर्वम् आयुः एति, अस्मिन् लोके स्वर्गे लोके आप्नोति, अक्षितम् अमृतत्वम् आप्नोति) यजमान [उस से] पूर्ण आयु पाता है और इस लोक में स्वर्ग लोक के बीच समृद्ध होता है, और अक्षय अमरपन पाता है। (ते वै एते प्राणाः एव, यत् ऋतुयाजाः) वे ही यह प्राण हैं, जो ऋतुयाज हैं। (तस्मात् अनवानं ततः प्राणानां सन्तत्यै यजन्ति) इस लिये श्वास न लेकर उस के पीछे प्राणों की निरन्तरता के लिये वे यज्ञ करते हैं। (सन्ततताः इव हि इमे प्राणाः) क्योंकि लगातार फैले हुये ही यह प्राण हैं। (अथो ऋतवः वै ऋतुयाजाः) फिर ऋतुयें ही ऋतुयाज हैं। (अनुवषट्कारः संस्था) अनुवषट्कार [पीछे से बोला गया वषट्] समाप्ति है। (यः अत्र अनुवषट् कुर्यात्, असंस्थितान् ऋतून् संस्थापयेत्) जो यहां [ऋतुयाज में]

७—(चरन्ति) अनुतिष्ठन्ति (दधति) स्थापयन्ति (षट्) षट्संख्याकाः ऋत्विजः (द्विः) द्वो (उपरिष्टात्) पश्चात् (असुः) प्राणः (सम्भृतः) सम्यक् पोषितः (विहृतः) विविधं प्राप्तः (अनवानम्) नञ्+अव+अन प्राणने—घञ्। द्वितीयान्तं यथा भवति तथा। उच्छ्वासमकृत्वा (सन्तत्यै) अविच्छेदाय (सन्ततताः) अविच्छिन्नाः। निरन्तराः (संस्था) समाप्तिः (असंस्थितान्) असमाप्तान् (संस्थापयेत्) उपरमयेत् (समतिष्ठ) समतिष्ठिपत्। उपरमयेत् (शश्वत्) सदा। अवश्यम्॥

अनुवषट् करे, विना समाप्त हुये ऋतुओं को वह रोक देवे। (यः त तत्र ब्रूयात्, असंस्थितान् ऋतून् समतिष्ठि [समतिष्ठिपत्], यः=सः, दुखम् अनुभविष्यति इति) जो उस [अनुवषट्कार] को वहां बोले और बिना पूरे हुये ऋतुओं को रोक देवे, वह दुःख ही पावेगा। (शश्वत् तथा स्यात्) [इस लिये यह नियम] सदा वैसा [अनुवषट् बिना] होवे॥ ७॥

भावार्थ—मनुष्य प्राण, अपान और व्यान की गतियों से बल और पराक्रम बढ़ाकर सब ऋतुओं को उपयोगी बनावें॥ ७॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका को ऐ० ब्रा० २। २६ से मिलाओ॥

टिप्पणी २—(षडतुना) के स्थान पर (षड्तुना) और (समतिष्ठि) के स्थान पर (समतिष्ठपत्) पद ऐ० ब्रा० २। २६। में है, पहिला पद शुद्ध कर दिया है॥

टिप्पणी ३—प्रतीक वाले मन्त्रों में से एक एक अर्थ सहित लिखा जाता है—

१—वसन्तेन ऋतुना देवा वसवस्त्रिवृता स्तुताः। रथन्तरेण तेजसा हविरिन्द्रे वयो दधुः—यजु० २१। २३॥ (त्रिवृता) तीनों काल में वर्तमान (वसन्तेन ऋतुना) वसन्त ऋतु के साथ (स्तुताः) स्तुति किये गये (देवाः) दिव्य गुण वाले (वसवः) पृथिवी आदि आठ वसु वा प्रथम कक्षा वाले विद्वान् लोग (रथन्तरेण) रथ से तरने वाले (तेजसा) तीक्ष्ण स्वरूप से (इन्द्रे) सूर्य के प्रकाश में (हविः) देने योग्य (वयः) आयु बढ़ाने हारे वस्तु को (दधुः) धारण करें॥

२—सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूर्देवैः सजूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा।

सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूर्वसुभिः सजूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा।

सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजू रुद्रैः सचूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनाध्वर्यू सादयतमिह त्वा।

सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूरादित्यैः सजूर्देवैर्वयौनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा।

सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूर्विश्वैर्देवैः सजूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा—यजु० १४। ७॥

[हे स्त्री वा पुरुष !] (ऋतुभिः) वसन्त आदि ऋतुओं के साथ (सजूः) एकसी प्रीति वा सेवा वाला, (विधाभिः) विविध प्रकार धारण करने वाले जलों के साथ (सजूः) एकसी प्रीति वाला, (देवैः) अच्छे गुणों के साथ (सजूः) एकसी प्रीति वाला, (देवैः) दिव्य सुख देने वाले (वयोनाधैः) जीवन आदि वा गायत्री छन्दों से सम्बन्ध वाले प्राणों के साथ (सजूः) एकसी प्रीति वाला [तू हो], (वैश्वानराय) सम्पूर्ण पदार्थों को प्राप्त कराने वाली (अग्नये) अग्नि विद्या के लिये (त्वा त्वा) तुझ को तुझ को (अध्वर्यू) हिंसा रहित गृहाश्रम आदि यज्ञ के चाहने वाले (अश्विना) सब विद्याओं में व्यापक अध्यापक और उपदेशक दोनों (इह) यहां जगत् में (सादयताम्) स्थापित करें।

[हे स्त्री वा पुरुष !] (ऋतुभिः) वसन्त आदि ऋतुओं के साथ (सजूः) एकसी प्रीति वा सेवा वाला, (विधाभिः) विविध वस्तुओं को धारण कराने वाली प्राणों की चेष्टाओं के साथ (सजूः) एकसी प्रीति वाला, (वसुभिः) अग्नि आदि आठ वस्तुओं के साथ (सजूः) एकसी प्रीति वाला, (देवैः) विजय चाहने वाले (वयोनाधैः) विज्ञानों से सम्बन्ध युक्त विद्वानों के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वाला [तू हो], (वैश्वानराय) सब जगत् के चलाने वाले (अग्नये) विज्ञान के लिये (त्वा त्वा) तुझ को तुझ को (अध्वर्यू) हिंसा-रहित गृहाश्रम आदि यज्ञ के चाहने वाले (अश्विना) सब विद्याओं में व्यापक अध्यापक और उपदेशक दोनों (इह) यहां [जगत् में] (सादयताम्) स्थापित करें।

[हे स्त्री वा पुरुष !] (ऋतुभिः) वसन्त आदि ऋतुओं के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वा सेवा वाला (विधाभिः) विविध वस्तुओं को धारण कराने वाली प्राणों की चेष्टाओं के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वाला, (रुद्रैः) [प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त, धनंजय और जीव, इन ग्यारह] रुद्रों के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वाला, (देवैः) व्यापार कुशल (वयोनाधैः) वेद आदि शास्त्रों को जताने के प्रबन्ध करने वालों के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वाला [तू हो], (वैश्वानराय) सब नरों के सुखसाधक (अग्नये) सब शास्त्रों के विज्ञान के लिये (त्वा त्वा) तुझ को तुझ को (अध्वर्यू) हिंसारहित गृहाश्रम आदि यज्ञ के चाहने वाले (अश्विना) सब विद्याओं में व्यापक अध्यापक और उपदेशक दोनों (इह) यहां [जगत् में] (सादयताम्) स्थापित करें।

[हे स्त्री वा पुरुष !] (ऋतुभिः) वसन्त आदि ऋतुओं के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वा सेवा वाला (विधाभिः) विविध प्रकार सत्य धारण कराने वाली क्रियाओं के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वाला, (आदित्यैः) वर्ष के बारह महीनों के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वाला, (देवैः) तेजस्वी (वयोनाधैः) पूरण विद्या के विज्ञान और प्रचार के प्रबन्ध करने वालों के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वाला [तू हो] (वैश्वानराय) सब नरों के पूर्ण सुख साधने वाले (अग्नये) पूर्ण विज्ञान के लिये (त्वा त्वा) तुझ को तुझ को (अध्वर्यूः) हिंसारहित गृहाश्रम आदि यज्ञ के चाहने वाले (अश्विना) सब विद्याओं में व्यापक आध्यापक और उपदेशक दोनों (इह) यहां [जगत् में] (सादयताम्) स्थापित करे ।

[हे स्त्री वा पुरुष !] (ऋतुभिः) क्षण आदि सब काल अवयवों के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वा सेवा वाला (विधाभिः) सब सुखों में व्यापक क्रियाओं के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वाला (विश्वैः) समस्त (देवः) परोपकार के लिये सत्य असत्य जताने वालों के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वाला (देवः) प्रशंसा योग्य (वयोनाधैः) कामयमान जीवन का प्रबन्ध करने वालों के साथ (सजूः) एक सी प्रीति वाला [तू हो], (वैश्वानराय) सब नरों के हितकारक (अग्नये) अच्छी शिक्षा के प्रकाश के लिये (त्वा त्वा) तुझ को तुझ को (अध्वर्यूः) हिंसारहित गृहाश्रम आदि यज्ञ के चाहने वाले (अश्विना) सब विद्याओं में व्यापक अध्यापक और उपदेशक दोनों (इह) यहां [जगत् में] (सादयताम्) स्थापित करें ॥

कण्डिका ८ ॥

तदाहुः, यद्धोता यद्धोता यद्वदिति, मैत्रावरुणो होत्रे प्रेष्यति, अथ कस्माद्धोतृभ्यः सद्भ्यो होत्राशंसिभ्यो होता यद्धोता यद्वदिति प्रेष्यतीति । वाग्वै होता, वाक् सर्वं ऋत्विजः वाग् यद्धाग् यद्वदिति । अथो सर्वे वा एते सप्तहोतारोऽपि वा ऋचाभ्युदितं, सप्तहोतार ऋतुथा यजन्तीति । अथ य उपरिष्टाद् संवत्सरः, संवत्सरः प्रजापतिः, प्रजापतिर्यज्ञः । स योऽत्र भक्षयेद्यस्तं तत्र ब्रूयात्, अशान्तो भक्षो नानुवषट्कृत आत्मानमन्तरगाश्च जीविष्यतीति । तथा हास्याद्यो वै भक्षयेत्, प्राणो द्वादशर्चजामितायै, ते वै द्वादश भवन्ति, द्वादश ह वै मासाः, भक्षः प्राण आत्मानमन्तरगादिति । तथैव ह भवति लिम्पेदिति वाव जिह्वेत्तत्र त [तद्] द्विदेवत्येषु चेति, तदु तत्र शासनं वेदयन्ते अथ यदमू व्यभिचरतो नानान्योऽन्यमनुप्रपद्येते अध्वर्यू । तस्माद्दतुर्ऋतुर्नानुप्रपद्येते ॥ ८ ॥

कण्डिका ८ ॥ होता यक्षत् होता यक्षत्—इन मन्त्रों के उच्चारण का विषय ॥

(तत् आहुः, होता यक्षत् होता यक्षत् इति, यत् मैत्रावरुणः होत्रे प्रेष्यति, अथ कस्मात् अहोतृभ्यः सद्भ्यः होत्राशंसिभ्यः प्रेष्यति इति—होता यक्षत् होता यक्षत् इति) फिर कहते हैं—होता यज्ञ करे, होता यज्ञ करे—[इन मन्त्रों के लिये देखो यजु० २१ । २६—४७] इस प्रकार जब मैत्रावरुण [प्राण और अपान वायु जानने वाला याजक] होता से कहता है, फिर किस लिये होता से भिन्न, उपस्थित, वेदवाणी से स्तुति करने वालों से यह कहता है—होता यज्ञ करे, होता यज्ञ करे । (वाक् वै होता, वाक् सर्वे ऋत्विजः, वाक् यक्षत् वाक् यक्षत् इति) [समाधान] वाणी ही होता, [हवन करने वाला] है, वाणी ही सब ऋत्विज् लोग हैं—वाणी यज्ञ करे, वाणी यज्ञ करे [यह उस का अभिप्राय है] । (अथो सर्वे वै एते सप्त होतारः अपि वै ऋचा अभ्युदितं, सप्तहोतारः ऋतुथा यजन्ति इति) और यह सब ही सात हवन करने वाले होते हैं, यह ही इस ऋचा द्वारा कहा गया है—सात हवन करने वाले ऋतु ऋतुओं के अनुसार हवन करते हैं [यह ब्राह्मण वचन है—इस को आगे टिप्पणी में दिये यजु० ३४ । ५५ के आशय से मिलाओ] । (अथ यः उपरिष्टात् संवत्सरः, संवत्सरः प्रजापतिः, प्रजापतिः यज्ञः) फिर जो पीछे से संवत्सर यज्ञ होता है, संवत्सर [वर्ष] प्रजापति है, प्रजापति यज्ञ है । (सः यः अत्र भक्षयेत्, यः=सः, तं तत्र ब्रूयात्, अशान्तः भक्षः अनुवषट् कृतः आत्मानम् अन्तः न अगात्, न जीविष्यति इति) सो जो यहां [यज्ञ में] भोजन करे, वह उस [भोजन विषय] को वहां बोले—अशान्त भोजन अनुवषट् [समाप्तिसूचक यज्ञ] करने वाले के आत्मा में नहीं जाता, वह [उसे] न जिलावेगा । (तथा ह अस्य आद्यः वै भक्षयेत्, प्राणः द्वादशर्चजामितायै, ते वै द्वादश भवन्ति, द्वादश

८—(होता) दाता । ग्रहीता (यक्षत्) यजेत् (प्रेष्यति) अनुजानाति (अहोतृभ्यः) होतृभिन्नयाजकेभ्यः (सद्भ्यः) वर्त्तमानेभ्यः (होत्राशंसिभ्यः) होत्रां वेदवाचं शंसन्ति कथयन्ति तेभ्यः (अभ्युदितम्) सर्वतः कथितम् (ऋतुथा) ऋतुप्रकारेण । ऋतुना ऋतुना (अनुवषट्कृतः) अनुवषट्कारकस्य (आत्मानम्) शरीरम् । जीवम् (अन्तः) मध्ये (अगात्) गच्छति (जीविष्यति) जीवयिष्यति (आद्यः) आद्यं भक्षणीयं पदार्थम् (प्राणः) प्राणवायुः । प्राणवायुना (द्वादशर्चजामितायै) जमतिर्गतिकर्मा—निघ० २ । १४ । जनि-

ह वै मासाः, भक्षः प्राणः आत्मानम् अन्तः अगात् इति) इस कारण से ही इस [यज्ञ] के खाने योग्य पदार्थ को ही वह खावे, प्राण बारह ऋचाओं से संबन्ध के लिये है [पूर्वोक्त यजुर्वेद २१ । २९—४० होता यक्षत् होता यक्षत्···के—पहिले मन्त्र] वे बारह हैं, बारह ही महीने हैं, भोजन प्राण द्वारा आत्मा में पहुंचता है । (तथा एव ह भवति लिम्पेत् इति वाव तत्र तत् द्विदेवत्येषु च जिघ्रेत् इति) वह वैसा ही होता है कि वह [भोजन उसे] बढ़ावे, और वहां ही उस को दो देवता वाले यज्ञों में वह ग्रहण करे । (तत्र तत् उ शासनं वेदयन्ते, अथ यत् अमू अध्वर्यू व्यभिचरतः, अन्योऽन्यं नाना अनुप्रपद्येते, तस्मात् ऋतुः ऋतुः न अनुप्रपद्येते) वहां पर यह शासन बताते हैं—फिर जब दो अध्वर्यु विरुद्ध व्यवहार करते हैं और एक दूसरे के बिना दोनों चले चलते हैं, इस लिये ऋतु ऋतु [दो ऋतुयें] साथ साथ नहीं चलते ॥ ८ ॥

टिप्पणी १—(त द्विदेवत्येषु) के स्थान पर (तद् द्विदेवत्येषु) समझ कर अर्थ किया है ॥

टिप्पणी२—प्रतीक वाले मन्त्रों में से एक मन्त्र और दूसरा संकेत वाला मन्त्र अर्थ सहित यहां दिया जाता है ॥

१—होता यक्षत् समिधाग्निमिडस्पदेऽश्विनेन्द्रꣳ सरस्वतीमजो धूम्रो न गोधूमैः कवलैर्भेषजं मधु शष्पैर्न तेज इन्द्रियं पयः सोमः परिस्रुता घृतं मधु व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज ॥ यजु० २१ । २९ ॥ (होता) हवन करने वाला (समिधा) इन्धन आदि से (अग्निम्) आग, (अश्विना) सूर्य और चन्द्रमा, (इन्द्रम्) ऐश्वर्य वा जीव और (सरस्वतीम्) सुशिक्षित वाणी को (इडः पदे) प्रथवी और अन्न के स्थान में (यक्षत्) संगत करे । (धूम्रः) धुमैले वर्ण वाला (अजः) अज [माक्षिक धातु–औषधविशेष] (गोधूमैः) गेहूं, (न) और (कवलैः) बेरों (न) और (शष्पैः) घासों के सहित (मधु) मधुर जल, (भेषजम्) औषध, (तेजः) तेज, (इन्द्रियम्) धन, (पयः) दूध वा अन्न, (परिस्रुता) सब ओर से प्राप्त हुये रस के साथ (सोमः) सोम [औषधियों

धसिभ्यामिण् । उ० । ४ । १३० । जमु भक्षणे गतौ च—इण् । जामिशब्दः समानजातीयवाचकः । द्वादशर्चैः संबन्धाय संयोगाय (लिम्पेत्) वर्धयेत् (जिघ्रेत) घ्रा गन्धोपादाने ग्रहणमात्रे च । गृह्णीयात् (द्विदेवत्येषु) द्विदेवताकेषु मन्त्रेषु (व्यभिचरतः) विरोधेन गच्छतः (नाना) विना ॥

का रस], (घृतम्) घी (मधु) मधु [रस विशेष] (व्यन्तु) प्राप्त हों । (होतः) हे होम करने वाले जन ! (आज्यस्य) घी का (यज) होम कर ॥

२—सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे सप्त रक्षन्ति सदमप्रमादम् । सप्ताप्तः स्वपतो लोकमीयुस्तत्र जागृता अस्वप्नजौ सत्रसदौ च देवौ ॥ यजु० ३४ । ५५ ॥ (सप्त ऋषयः) सात ऋषि [विषयों को प्राप्त कराने वाले, पांच ज्ञानेन्द्रिय, मन और बुद्धि] (शरीरे) शरीर में (प्रतिहिताः) ठहरे हुये हैं, (सप्त) वे सात (सदम्) ठहरने के स्थान [शरीर] की (अप्रसादम्) बिना भूल (रक्षन्ति) रक्षा करते हैं । (सप्त) वे सात (आपः) व्यापने वाले [ऋषि] (स्वपतः) सोते हुये जन के (लोकम्) लोक [दीखते हुये शरीर वा जीवात्मा] को (ईयुः) प्राप्त होते हैं, (तत्र) वहां [शरीर में] (अस्वप्नजौ) दो न सोते हुये (सत्रसदौ) सत्र में बैठने वाले [यज्ञ अर्थात् शरीर में काम करने वाले] (च) और (देवौ) दिव्य गुण वाले [प्राण और अपान] (जागृतः) जागते हैं ॥

कण्डिका ६ ॥

प्रजापतिर्वै यत् प्रजा असृजत, ता वै तान्ता असृजन । ता हिङ्कारेणैवाभ्यजिघ्रत् । ताः प्रजा अमारन्, तद् बध्यते वा एतद्यज्ञो यद्ध्वीपि पच्यन्ते । यत् सोमः सूयते, यत् पशुरालभ्यते, हिङ्कारेण वा एतत् प्रजापतिर्हि तमभिजिघ्रति, यज्ञस्याहनायै यज्ञस्याप्त्यै यज्ञस्य वीर्य्यवत्तया इति । तस्मादु हिङ्क्रियते, तस्मादु य एव पिता पुत्राणां सूर्क्षति, स श्रेष्ठो भवति, प्रजापतिर्हि तमभिजिघ्रति । यच्छकुनिराण्डमध्यास्ते यन्न सूयते, तद्धि सापि हिङ्कृणोति । अथो खल्वाहुः, महर्षिर्वा एतद्यज्ञस्याग्रे गेयमपश्यत् । तदेतद्यज्ञस्याग्रे गेयं, यद्धिङ्कारः । त देवाश्च ऋषयश्चाब्रुवन्, वसिष्ठोऽयमस्त, यो नो यज्ञस्याग्रे गेयमद्यागिति । तदेतद्यज्ञस्याग्रे गेयं, यद्धिङ्कारः । ततो वै स देवानां श्रेष्ठोऽभवत् । येन वै श्रेष्ठः, तेन वसिष्ठः । तस्माद् यस्मिन्वासिष्ठा ब्राह्मणः स्यात्, तं दक्षिणाया नान्तरीयात् । तथा हास्य प्रीतो हिङ्कारो भवति । अथ देवाश्च ह वा ऋषयश्च यद्ऋक्सामे अपश्यन् । ते ह स्मैनं अपश्यन् । ते यज्ञेन अपश्यन्, तत एवैनं सर्वं दोहमदुहन् । ते वा एते दुग्धे यातयामे, य ऋक्सामे । ते हिङ्कारेणैवाप्यायेते । हिङ्कारेण वा ऋक्सामे आपीने यजमानाय दोहं दुहाते । तस्मादु हिङ्कृत्याध्वर्यवः सोममभिषुण्वन्ति । हिङ्कृत्योद्गातारः साम्ना स्तुवन्ति । हिङ्कृत्योक्थश ऋचार्विज्यं कुर्वन्ति । हिङ्कृत्याथर्वाणो ब्रह्मत्वं कुर्वन्ति । तस्मादु हिङ्क्रियते । प्रजापतिर्हि तमभिजि-

घ्नति । अथो खल्वाहुः, एको वै प्रजापतेर्व्रतं बिभर्त्ति गौरेव, तदुभये पशव उपजीवन्ति, ये च ग्राम्या ये चारण्या इति ॥ ६ ॥

कण्डिका ६ ॥ हिङ्कार [प्रतिध्वनि] के उच्चारण की महिमा और प्रमाण ॥

(प्रजापतिः वै यत् प्रजाः असृजत, ताः वै तान्ताः असृजत) प्रजापति ने जब प्रजाओं को उत्पन्न किया, उन हो (तान्ताः) फैली हुई [प्रजाओं] को उत्पन्न किया । (ताः हिङ्कारेण एव अभ्यजिघ्रत्) उन [प्रजाओं] को हिङ्कार [प्रीतिध्वनि] से ही उस ने ग्रहण किया । (ताः प्रजाः अमारन्) उन प्रजाओं को वह न मारता हुआ [था] । (तत् एतत् यज्ञः वै बध्यते यत् हवींषि पच्यन्ते) इस लिये यह ही यज्ञ [संगतिकरण व्यवहार] संयुक्त किया जाता है, जो हवि [खाने के पदार्थ] पकाये जाते हैं । (यत् सोमः सूयते, यत् पशुः आलभ्यते, हिङ्कारेण वै एतत् प्रजापतिः हि तं यज्ञस्य अहतायै, यज्ञस्य आप्त्यै, यज्ञस्य वीरयत्तयै अभिजिघ्रति इति) जो सोम [तरुवरस] निचोड़ा जाता है, जो पशु ग्रहण किया जाता है, हिङ्कार [प्रतिध्वनि] से ही यह प्रजापति उस [सोम] को यज्ञ के अविनाश के लिये, यज्ञ की प्राप्ति के लिये और यज्ञ की वीरवत्ता के लिये ग्रहण करता है । (तस्मात् उ हिङ्क्रियते) इस लिये यह हिङ्कार किया जाता है । (तस्मात् उ यः एव पिता पुत्राणां सूर्द्धति, सः श्रेष्ठा भवति, प्रजापतिः हि तम् अभिजिघ्रति) इस लिये ही जो पिता [हिङ्कार से] पुत्रों का आदर करता है, वह [पुत्र] श्रेष्ठ होता है, प्रजापति [परमात्मा] उस को ग्रहण करता है । (यत् शकुनिः आण्डम् अध्यास्ते यत् न सूयते तत् हि सा अपि हिङ्कृणोति) जो चिड़िया अण्डे पर बैठती है और जब वह उसे अब उत्पन्न करती है, तब ही वह भी हिङ्कार करती है । (अथो खलु आहुः, महर्षिः वै

६—(असृजत) सृष्टवान् (ताः) प्रजाः (तान्ताः) हसिमृग्रिणवामिदमि० । उ० ३ । ८६ । तनु विस्तारे-तन्, आर्षो दीर्घः । तन्ताः । विस्तृताः (हिङ्कारेण) हि गतिवृद्ध्योः—डि+करोतेः—अण्, आर्षं रूपम् । वृद्धिकरेण व्यवहारेण । प्रीतिध्वनिना (अभ्यजिघ्रत्) सर्वतो गृहीतवान् (अमारन्) न मारयन् (बध्यते) बध संयमने । संयम्यते । संबध्यते । नियमे क्रियते (सूयते) अभिषवणेन प्राप्यते (आलभ्यते) समन्तात् प्राप्यते (अहतायै) अहतत्तायै । अविनाशाय (आप्त्यै) पर्य्याप्त्यै (वीरवत्तयै) वीरवत्तायै । वीर्यवत्तायै । वीरत्वप्राप्तये

यज्ञस्य अग्रे एतत् गेयम् अपश्यत्) फिर लोग कहते हैं—महर्षि [बड़े ज्ञानी पुरुष] ने ही यज्ञ के पहिले [होने वाले] इस गाने योग्य वाक्य को देखा। (तत् यज्ञस्य अग्रे एतत् गेयं, यत् हिङ्कारः) सो यज्ञ के पहिले यह गाने योग्य वाक्य है, जो हिङ्कार है। (तं देवाः च ऋषयः च अब्रुवन्, अयं वसिष्ठः अस्तु यः नः यज्ञस्य अग्रे गेयम् अद्राक् इति) उस [महर्षि] से देव [विद्वान्] और ऋषि [वेदार्थ जानने वाले] बोले—यह वसिष्ठ [अत्यन्त निवास कराने वाला वा अत्यन्त जितेन्द्रिय पुरुष] होवे, जिस ने हमारे लिये यज्ञ के पहिले गाने योग्य वाक्य देखा है। (तत् यज्ञस्य अग्रे एतत् गेयं यत् हिङ्कारः) सो यज्ञ के पहिले यह गाने योग्य वाक्य है—जो हिङ्कार है। (ततः वै सः देवानां श्रेष्ठः अभवत्) इस लिये ही वह [हिङ्कार का देखने वाला] विद्वानों में श्रेष्ठ हुआ है। (येन वै श्रेष्ठः, तेन वसिष्ठः) जिस कारण से ही वह श्रेष्ठ है, उसी से वह वसिष्ठ [अत्यन्त निवास देने वाला] है। (तस्मात् यस्मिन् वासिष्ठः ब्राह्मणः स्यात् तं दक्षिणायाः न अन्तरीयात्) इस लिये जिस [यज्ञ] में वासिष्ठ [वसिष्ठ के देखे हुये हिङ्कार को जानने वाला] ब्राह्मण होवे, उस को दक्षिणा से पृथक् न करे। (तथा ह अस्य प्रीतः हिङ्कारः भवति) इस प्रकार से कि हिङ्कार इस का प्रिय है। (अथ देवाः च ह वै ऋषयः च यत् ऋक् सामे अपश्यन्) फिर देवताओं और ऋषियों ने ही जो ऋग्वेद [पदार्थों की स्तुति विद्या] और सामवेद [मोक्ष विद्या] को देखा है। (ते ह स्म एने अपश्यन्) उन्हों ने ही इन दोनों को देखा है। (ते यत्र एने अपश्यन्, ततः एव एनं सर्वं दोहम् अदुहन्) उन्हों ने जिस [ब्रह्मचर्य्यादि व्रत] में इन दोनों को देखा है, उस से ही उन्हों ने इस सब दोहने योग्य पदार्थ [तत्त्वरस] को दुहा है। (ते वै एते दुग्धे यातयामे, ये ऋक्सामे) वह ही यह दोनों दुहे हुये नियम प्राप्त किये हुये

(सूर्छति) सूर्छ सत्कारे। सत्करोति (शकुनिः) शकुनी। पक्षिणी (अध्यास्ते) उपतिष्ठति (न) सम्प्रति (स्रूयते) उत्पद्यते (गेयम्) गातव्यं वेदम् (वसिष्ठः) अतिशयेन निवासकः। अतिशयेन वशी (अद्राक्) अद्राक्षीत् (वासिष्ठः) दृष्टं साम। पा० ४। २। ७। वसिष्ठ—अण्। वसिष्ठेन दृष्टो हिङ्कारो वासिष्ठः। तदधीते तद् वेद। पा० ४। २। ५९। वासिष्ठ—अण्। वासिष्ठवेत्ता। वसिष्ठ—दृष्ट हिङ्कारवेत्ता (यातयामे) प्रातर्नियमे (आप्यायेते) प्रवर्धेते (आपीने) प्रवृद्धे (उक्थशः) उक्थानि उक्थैर्वा शं उतीति उक्थशाः। मन्त्रे श्वेत ग्रहोक्थ शस्पुरो-डाशो ख्विन्। पा० ३। २। ७१। उक्थ+शंस कथने स्तुतौ च—णिच्। आर्ष-

हैं, जो ऋग्वेद और सामवेद हैं । (ते हिङ्कारेण एव आप्यायेते) वे दोनों हिङ्कार से ही बढ़ते हैं । (हिङ्कारेण वै आपीने ऋक्सामे यजमानाय दोहं दुहाते) हिङ्कार से ही बढ़े हुये ऋग्वेद और सामवेद यजमान के लिये दुहने योग्य पदार्थ दुहते हैं [भरपूर करते हैं] । (तस्मात् उ हिङ्कृत्य अध्वर्य्यवः सोमम् अभिषुण्वन्ति) इस लिये ही हिङ्कार करके अध्वर्य्य [सन्मार्ग बताने वाले] लोग सोम [तत्त्व रस] निचोड़ते हैं । (हिङ्कृत्य उद्गातारः साम्ना स्तुवन्ति) हिङ्कार करके उद्गाता [वेद गाने वाले] लोग साम [मोक्ष विद्या] से स्तुति करते हैं । (हिङ्कृत्य उक्थशः ऋचा आर्त्विज्यं कुर्वन्ति) हिङ्कार करके वेदमन्त्र बोलने वाले लोग ऋग्वेद [पदार्थों की स्तुति विद्या] से ऋत्विजों का काम करते हैं । (हिङ्कृत्य अथर्वाणः ब्रह्मत्वं कुर्वन्ति) हिङ्कार करके अथर्वा लोग [निश्चल ब्रह्म विद्या जानने वाले] ब्रह्मा का काम करते हैं । (तस्मात् उ हिङ्क्रियते) इस लिये ही यह हिङ्कार किया जाता है । (प्रजापतिः हि तम् अभिजिघ्रति) प्रजापति [परमात्मा] ही उस [हिङ्कार करने वाले] को ग्रहण करता है । (अथो खलु आहुः, एकः गोः वै एव प्रजापतेर्व्रतं बिभर्ति, तत् उभये पशवः उपजीवन्ति, ये च ग्राम्याः ये च आरण्याः इति) फिर अवश्य वे कहते हैं—एक ही गौ [स्तोता वेदवेत्ता] निश्चय करके प्रजापति के व्रत [नियम] को धारण करता है, दोनों प्रकार के पशु [जीव] उस पुरुष के आश्रय जीते हैं, जो गाम वाले और वन वाले हैं ॥ ६]

भावार्थ—परमेश्वर की आज्ञा मानने वाले विद्वानों के आदेश के अनुसार जो पुरुष प्रयत्न करते हैं, वे सिद्धि पाते हैं ॥

कण्डिका १० ॥

देवविशः कल्पयितव्या इत्याहुः, छन्दश्छन्दसि प्रतिष्ठाप्यमिति । शꣳसावोमित्याह्वयते, प्रातःसवने त्र्यक्षरेण । शꣳसावो दैवेत्यध्वर्य्युः प्रतिगृह्णाति पञ्चाक्षरं । तत् अष्टाक्षरं सम्पद्यते । अष्टाक्षरा वै गायत्री, गायत्रीमेवैतत् पुरस्तात् प्रातःसवने चीक्लृपताम् । उक्थं वाचीत्याह शस्त्वाचतुरक्षरमोमुक्थशाइत्यध्वर्य्युः

रूपं बहुवचनस्य । उक्शासः । उक्थानां वेदमन्त्राणां कथयितारः (अथर्वाणः) निश्चलज्ञानिनः । सर्ववेदवेत्तारः (गौः) गमेर्डोः । उ० २ । ६७ । गै गाने स्तुतौ च—डो । स्तोता—निघ० ३ । १६ (ग्राम्याः) ग्रामीणाः (आरण्याः) अरण्य—ण । अरण्ये भवाः ॥

प्रतिगृणाति चतुरक्षरं तत्, अष्टाक्षरं सम्पद्यते। अष्टाक्षरा वै गायत्री, गायत्रीमेवैतत्। उभयतः प्रातःसवनेऽचीक्लृपताम्।

अध्वर्यो शंसावोमित्याह्वयते माध्यन्दिने षड़क्षरेण, शंसावो दैवेत्यध्वर्युः प्रतिगृणाति पञ्चाक्षरं। तदेकादशाक्षरं सम्पद्यते। एकादशाक्षरा वै त्रिष्टुप्, त्रिष्टुभमेवैतत् पुरस्तान् माध्यन्दिनेऽचीक्लृपतामुक्थं वाचीन्द्रायेत्याह, शस्त्वा षड़क्षरमोमुक्थशा यजेत्यध्वर्युः प्रतिगृणाति पञ्चाक्षरं, तदेकादशाक्षरं सम्पद्यते। एकादशाक्षरा वै त्रिष्टुप्, त्रिष्टुभमेवैतत्। उभयतो माध्यन्दिने चीक्लृपताम्।

अध्वर्यो शथंशथंसावोमित्याह्वयते तृतीयसवने सप्ताक्षरेण, शथंसावो दैवेत्यध्वर्युः प्रतिगृणाति पञ्चाक्षरं, तद्द्वादशाक्षरं सम्पद्यते। द्वादशाक्षरा वै जगती, जगतीमेवैतत् पुरस्तात्तृतीयसवने चीक्लृपताम्, उक्थं वाचीन्द्राय देवेभ्य इत्याह, शस्त्वा नवाक्षरमोमुक्थशा इत्यध्वर्युः प्रतिगृह्णाति त्र्यक्षरं, तद् द्वादशाक्षरं सम्पद्यते। द्वादशाक्षरा वै जगती, जगतीमेवैतत् उभयतस्तृतीयसवने चीक्लृपतामिति।

एतद्वै छन्दः, छन्दसि प्रतिष्ठापयति, कल्पयत्येव देवविशः, य एवं वेद। तदप्येषाभ्यनूक्ता, यद्गायत्रे अधिगायत्रमाहितमिति ॥ १० ॥

कण्डिका १० ॥ प्रातःसवन, माध्यन्दिन और तृतीयसवन में विशेषता से मन्त्रों का प्रयोग ॥

(देवविशः कल्पयितव्यः इति, छन्दः छन्दसि प्रतिष्ठाप्यम् इति आहुः) देवताओं की प्रजायें बनाई जावें और छन्द [वेद] छन्द [वेद के आधार परमात्मा] में रक्खा जावे—ऐसा वे [ब्रह्मवादी] कहते हैं। (शंसावोम्-इति प्रातःसवने त्र्यक्षरेण आह्वयते) (शंसाव ओम्) हम दोनों स्तुति करें, अच्छा ! प्रातःसवन में इस तीन अक्षर वाले वाक्य से वह [होता अध्वर्यु से] कहता है। (शंसावो दैव—इति अध्वर्युः पञ्चाक्षरं प्रतिगृणाति) (शंसावः दैव) हम दोनों स्तुति करते हैं, हे देव ! अध्वर्यु इस पांच अक्षर वाले वाक्य को उत्तर में बोलता है। (तत् अष्टाक्षरं सम्पद्यते) उस से [शंसावोम्+शंसावो दैव—पहिला और दूसरा वाक्य मिल कर] आठ अक्षर वाला वाक्य बनता है।

१०—(देवविशः) देवानां प्रजाः (कल्पयितव्याः) सम्पादनीयाः (प्रतिष्ठाप्यम्) प्रतिष्ठापनीयम् (शंसाव) आवां शंसनं स्तोत्रं करवाव (ओम्) अनुमतौ (शंसावः) आवां स्तुवः (दैव) देव—अञ् स्वार्थे। हे देव ! विद्वन्

(अष्टाक्षरा वै गायत्री, गायत्रीम् एव एतत् पुरस्तात् प्रातःसवने अचीकल्पताम्) आठ अक्षर वाला ही गायत्री [छन्द] है, गायत्री [स्तुति योग्य वेद विद्या] को ही इस से आरम्भ में प्रातःसवन के बीच उन दोनों ने ठहराया है। (उक्थं वाचि—इति शस्त्वा चतुरक्षरम् आह) (उक्थं वाचि) स्तोत्र [मेरी] वाणी में है—स्तोत्र पढ़ के यह चार अक्षर वाला वाक्य वह [होता] बोलता है। (ओम् उक्थशाः—इति अध्वर्युः चतुरक्षरं प्रतिगृणाति) (ओम् उक्थशाः) हां, तू स्तोत्र बोलने वाला [हो]—अध्वर्यु यह चार अक्षर वाला वाक्य उत्तर में बोलता है। (तत् अष्टाक्षरं सम्पद्यते) उस से [उक्थं वाचि + ओम् उक्थशाः—पहिला और दूसरा वाक्य मिलकर] आठ अक्षर वाला वाक्य बनता है। (अष्टाक्षरा वै गायत्री, गायत्रीम् एव एतत् उभयतः प्रातःसवने अचीकल्पताम्) आठ अक्षर वाला ही गायत्री छन्द है, गायत्री [गाने योग्य वेद विद्या] को ही इस से दोनों ओर [स्तोत्र के पहिले और पीछे] प्रातःसवन में उन दोनों ने ठहराया है ॥

(अध्वर्यो शंसावोम्—इति माध्यन्दिने षडक्षरेण आह्वयते) (अध्वर्यो शंसाओम्) हे अध्वर्यु ! हम दोनों स्तुति करें, अच्छा ! माध्यन्दिन यज्ञ में इस छह अक्षर वाले वाक्य से वह [होता अध्वर्यु से] कहता है। (शंसावो दैव—इति अध्वर्युः पञ्चाक्षरं प्रतिगृणाति) (शंसावः दैव) हम दोनों स्तुति करते हैं, हे देव ! अध्वर्यु इस पांच अक्षर वाले वाक्य को उत्तर में बोलता है। (तत् एकादशाक्षरं सम्पद्यते) उस से [अध्वर्यो शंसावोम् + शंसावो दैव—पहिला और दूसरा वाक्य मिलकर] ग्यारह अक्षर वाला वाक्य बनता है। (एकादशाक्षरा वै त्रिष्टुप्, त्रिष्टुभम् एव एतत् पुरस्तात् माध्यन्दिने अचीकल्पताम्) ग्यारह अक्षर वाला ही त्रिष्टुप् छन्द है, त्रिष्टुप् [तीन कर्म, उपासना और ज्ञान से पूजित ब्रह्म] को ही इस से आरम्भ में माध्यन्दिन सवन के बीच उन दोनों ने ठहराया है। (उक्थं वाचीन्द्राय—इति शस्त्वा षडक्षरम् आह) (उक्थं वाचिइन्द्राय) स्तोत्र [मेरी] वाणी में इन्द्र के लिये है—स्तोत्र पढ़कर यह छह अक्षर वाला वाक्य वह [होता] बोलता है। (ओमुक्थशाः यज-

---

(प्रतिगृणाति) प्रत्युत्तरं ब्रूते (सम्पद्यते) सम्यक् प्राप्नोति (पुरस्तात्) आदौ। आरम्भे (अचीकल्पताम्) तौ कल्पितवन्तौ (उक्थम्) शंसनम्। स्तोत्रम् (वाचि) मम वाचि वर्तते (शस्त्वा) स्तोत्रं पठित्वा (उक्थशाः) गो० उ० ३ । ६ । मन्त्रशंसी (उभयतः) स्तोत्रात् पुरस्तात् पश्चाच्च (शंशंसाव)

इति अध्वर्युः पञ्चाक्षरं प्रतिगृणाति) हां, स्तुति बोलने वाला तू यज्ञ कर—अध्वर्यु यह पांच अक्षर वाला वाक्य [उक्थ=उक्थ्] उत्तर में बोलता है। (तत् एकादशाक्षरं सम्पद्यते) उस से [उक्थं वाचीन्द्राय+ओमुक्थशा यज—पहिला और दूसरा वाक्य मिलकर] ग्यारह अक्षर वाला वाक्य बनता है। (एकादशाक्षरा वै त्रिष्टुप्, त्रिष्टुभम् एव एतत् उभयतः माध्यन्दिने अचीकल्पताम्) ग्यारह अक्षर वाला ही त्रिष्टुप् छन्द है, त्रिष्टुप् [तीन कर्म, उपासना और ज्ञान से पूजित ब्रह्म] को ही इस से दोनों ओर [स्तोत्र के आदि और अन्त में] माध्यन्दिन सवन के बीच उन दोनों [होता और अध्वर्यु] ने ठहराया है ॥

(अध्वर्यो शंशं सावोम्—इति तृतीयसवने सप्ताक्षरेण आह्वयते) (अध्वर्यो शंशंसावओम्) हे अध्वर्यु ! हम दोनों स्तुति करें, अच्छा ! तृतीयसवन में इस सात अक्षर वाले वाक्य से वह [होता अध्वर्यु से] कहता है। (शंसावो दैव-इति अध्वर्युः पञ्चाक्षरं प्रतिगृणाति) (शंसावः दैव) हम दोनों स्तुति करते हैं, हे देव ! अध्वर्यु इस पांच अक्षर वाले वाक्य को उत्तर में बोलता है। (तत् द्वादशाक्षरं सम्पद्यते) उस से [अध्वर्यो शंशंसावोम्+शंसावो दैव—पहिला और दूसरा वाक्य मिलकर] बारह अक्षर वाला वाक्य बनता है। (द्वादशाक्षरा वै जगती, जगतीम् एव एतत् पुरस्तात् तृतीयसवने अचीकल्पताम्) बारह अक्षर वाला ही जगती छन्द है, जगती [जगत् की उपकार करने वाली वेद विद्या] को ही इस से आरम्भ में तृतीयसवन के बीच उन दोनों ने ठहराया है। (उक्थं वाचीन्द्राय देवेभ्यः-शस्त्वा इति नवाक्षरम् आह) (उक्थं वाचि इन्द्राय देवेभ्यः) स्तोत्र [मेरी] वाणी में इन्द्र [परमेश्वर] को दिव्य गुणों के पाने के लिये है—स्तोत्र पढ़कर यह नौ अक्षर वाला वाक्य [होता] बोलता है। (ओम् उक्थशाः—इति अध्वर्यु त्र्यक्षरं प्रतिगृणाति) (ओम् उक्थशाः) हां! तू स्तुति पढ़ने वाला हो—अध्वर्यु इस तीन अक्षर वाले वाक्य को उत्तर में बोलता है [इस वाक्य में एक स्वर के लोप से तीन अक्षर माने हैं, ऊपर चार अक्षर कह आये हैं]। (तत् द्वादशाक्षरं सम्पद्यते) इस से बारह अक्षर वाला वाक्य बनता है। (द्वादशाक्षरा वै जगती, जगतीम् एव एतत् उभयतः तृतीयसवने अचीकल्प-

---

श्रावां शंसाव स्तवाव (अभ्यनूक्ता) अभितः आनुकूल्येनोक्ता कथिता (यत्) यस्मात् कारणात् (गायत्रे) अमिनक्षियजि० । उ० ३ । १०५ । गै गाने—अत्रन्, युक् च । गायत्रं गायतेः स्तुतिकर्मणः—निरु० १ । ८ । स्तुत्ये गुणे (अवि)

ताम् इति) बारह अक्षर वाला ही जगती छन्द है, जगती [जगत् का उपकार करने वाली वेद विद्या] को ही इस से दोनों ओर [स्तुति के आदि और अन्त में] तृतीय सवन के बीच उन दोनों [होता और अध्वर्यु] ने ठहराया है ॥

(एतत् वै छन्दः छन्दसि प्रतिष्ठापयति, देवविशः एव कल्पयति, यः एवं वेद) इस से ही वह [यजमान] छन्द [वेद] को छन्द [वेद के आधार परमात्मा] में स्थापित करता है और देवताओं की प्रजाओं की भी कल्पना करता है, जो ऐसा जानता है । (तत् अपि एषा अभ्यनूक्ता—यत् गायत्रे अधि गायत्रम् आहितम् इति) इस से ही यह बहुत अनुकूल ऋचा कही गयी है—यत् गायत्रे अधि गायत्रम् आहितम्, इत्यादि—अथर्व ६ । १० । १ ॥ १० ॥

भावार्थ—मनुष्यों को यथोचित वाक्यों द्वारा पदार्थों के गुणों के यथावत् ज्ञान और उपयोग से परमेश्वर की भक्ति के साथ आनन्द भोगना चाहिये ॥ १० ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका को ऐतरेय ब्राह्मण ३ । १२ से मिलाओ ॥

टिप्पणी २—(छन्दसि) के स्थान पर (छन्दश्छन्दसि) और (उभयः) के स्थान पर (उभयतः) ऐ० ब्रा० और इसी कण्डिका के दूसरे स्थल से शुद्ध किया है ॥

टिप्पणी ३—(यद्गात्रे अधि·····) यह मन्त्र अर्थ सहित लिखा जाता है ॥

यद् गायत्रे अधि गायत्रमाहितं त्रैष्टुभं वा त्रैष्टुभान्निरतक्षत । यद् वा जगज्जगत्याहितं पदं य इत् तद् विदुस्ते अमृतत्वमानशुः—अथर्व० ६ । १० । १, ऋग्० १ । १६४ । २३ ॥ (यत्) क्योंकि (गायत्रम्) गायत्र [स्तुति करने वालों का रक्षक ब्रह्म] (गायत्रे) गायत्र [स्तुति योग्य गुण] में (अधि) ऐश्वर्य के साथ (आहितम्) स्थापित है, (वा) और (त्रैष्टुभम्) त्रैष्टुभ [तीन सत्त्व, रज और तम के बन्धन वाले जगत्] को (त्रैष्टुभात्) त्रैष्टुभ [तीन कर्म, उपासना और ज्ञान से पूजित ब्रह्म] से (निरतक्षत) उन्हों ने [ऋषियों ने] पृथक् किया है । (वा) और (यत्) क्योंकि (जगत्) जगत् [जानने योग्य] (पदम्) पद [पाने योग्य मोक्ष पद] (जगति) जगत् [संसार] के भीतर (आहितम्) स्थापित है, (ये इत्) जो ही [पुरुष] (तत्) उस [ब्रह्म] को (विदुः) जानते हैं, (ते) उन्हों ने (अमृतत्वम्) अमरपन (आनशुः) पाया है ॥

ऐश्वर्य्ये (गायत्रम्) गै गाने—शतृ+त्रङ् पालने—क, तलोपः । गायतां रक्षकं ब्रह्म (आहितम्) धृतम् ॥

कण्डिका ११ ॥

अथैतन्नानाच्छन्दांस्यन्तरेण गर्त्ता इव । अथैते अतिष्ठे बलिष्ठे नान्तरे णवते ताभ्यां प्रतिपद्यते, तद्गर्त्तस्कन्दं रोहस्य रूपं स्वर्गं तदनु वा न सङ्क्रामेत् । अमृतं वै प्रणवः, अमृतेनैव तत् मृत्युं तरति । तद्यथा मन्त्रेण वा वश्यशेन वा गर्त्तं सङ्क्रामेत्, एवं तत् प्रणवेनोपसन्तनोति । ब्रह्म ह वै प्रणवः, ब्रह्मणैवास्मै तद् ब्रह्मोपसन्तनोति । शुद्धः प्रणवः स्यात् प्रजाकामानां मकरान्तः । प्रतिष्ठाकामानां मकरान्तः प्रणवः स्यादिति हैक आहुः । शुद्ध इति त्वेव स्थितो मीमांसितः प्रणवः । अथात इह शुद्ध इह पूर्ण इति, शुद्धः प्रणवः स्याच्छस्त्रानुवचनयोर्मध्य इति, ह स्माह कौषीतकिः । तथासंहितं भवति मकरान्तोऽवसानार्थे । प्रतिष्ठा वा अवसानं, प्रनिष्ठित्या एव । अथोभयोः कामयोराप्त्या एतौ वै छन्दः प्रवाहावरं छन्दः परञ्छन्दोऽतिप्रवाहतः, तस्यायुर्न हिनस्ति, छन्दसां छन्दोऽतिप्रौढं स्यात्, यत्रैव यं द्विष्यात्तं मनसा प्रैव विध्ये छन्दसां क्रन्दत्रे द्रवति वाचं वा शीर्य्यत इति । त्रिः प्रथमां त्रिरुत्तमामन्वाह, यज्ञस्यैव तद्बर्हिसौ नह्यति, स्थेम्ने बलायाविस्रंसाय । यद्यपि छन्दः प्रातःसवने युज्येतार्द्धर्चश एव तस्य शंस्यं गायत्र्या रूपेण । अथो प्रातःसवनरूपेणेति, न त्रिष्टुब्जगत्यावेतस्मिं स्थानेऽर्द्धर्चशस्ये यत् किञ्चिच्छन्दः प्रातःसवने युज्येतां पच्छ एवैनयोः शस्यमिति सा स्थितिः ॥ ११ ॥

कण्डिका ११ ॥ छन्दों के साथ प्रणव का सम्बन्ध और व्याख्यान ॥

(अथ एतत् नाना छन्दांसि अन्तरेण गर्ताः इव) फिर यह अनेक छन्द [पूर्व कण्डिका में कहे हुये] एक दूसरे के बीच गर्तों [गड्ढों] के समान हैं । (अथ एते अतिष्ठे बलिष्ठे) फिर यह दोनों [दो प्रकार के छन्द पूर्व कण्डिका में कहे हुये] अति विख्यात और अति बलवान् हैं । (नान्तरे णवते ताभ्यां प्रतिपद्यते) अभेद में णवते [जो स्तुति किया जाय वह प्रणव ओम्] उन दोनों [दो प्रकार के छन्दों] से समझा जाता है । (तत् गर्तस्कन्दं रोहस्य रूपं स्वर्गं तत् अनु वा न सङ्क्रामेत्) उस से गर्त [गढ्ढा वा भूमिच्छिद्र] को

११—(अन्तरेण) परस्परमध्ये (गर्ताः) हसिमृग्रिण्वामि० । उ० ३ । ८६ । गॄ निगरणे—तन् । भूमिच्छिद्राणि (अतिष्ठे) थ्रु श्रवणे—अप्, श्रवः—मतुप्, इष्ठन्, मतुपो लुक् । अतिशयेन प्रसिद्धे (नान्तरे) अनन्तरे । अभेदे (णवते) नवते । नूयते । स्तूयते स प्रणवः (ताभ्याम्) द्विप्रकाराभ्यां छन्दोभ्याम्

प्राप्त होके अङ्कुर के रूप स्वर्ग को उस के अनुकूल निश्चय करके अब वह [पुरुष] अच्छे प्रकार प्राप्त करे । (अमृतं वै प्रणवः, अमृतेन एव तत् मृत्युं तरति) अमृत [अविनाशी] ही प्रणव [स्तुति योग्य ओम्] है, अमृत [अविनाशी ओम्] के साथ ही तब वह मृत्यु को पार करता है । (तत् यथा मन्त्रेण वा वंशेन वा गर्तं सङ्क्रामेत्, एवं तत् प्रणवेन उपसन्तनोति) सो जैसे मन्त्र [विचार] द्वारा अथवा बांस द्वारा गढ़हे को अच्छे प्रकार प्राप्त करे, वैसे ही तत्त्व को प्रणव द्वारा वह अच्छे प्रकार फैलाता है । (ब्रह्म ह वै प्रणवः, ब्रह्मणा एव अस्मै तत् ब्रह्म उपसन्तनोति) ब्रह्म [सब से बड़ा] ही निश्चय करके प्रणव है, ब्रह्म के द्वारा ही इस [संसार] के लिये उस ब्रह्मज्ञान को मनुष्य अच्छे प्रकार फैलाता है । (प्रजाकामानां प्रणवः शुद्धः मकरान्तः स्यात्, प्रतिष्ठाकामानां प्रणवः मकरान्तः स्यात् इति ह एके आहुः) प्रजा चाहने वालों का प्रणव [ओम्] शुद्ध मकारान्त है, और प्रतिष्ठा चाहने वालों का प्रणव मकारान्त है—ऐसा कोई कोई कहते हैं । (शुद्धः प्रणवः इति तु एव स्थितः मीमांसितः) प्रणव शुद्ध है—यह तो स्थिर, तत्त्व से निर्णय किया हुआ [सिद्धान्त] है । (अथ अतः इह शुद्धः इह पूर्णः इति शुद्धः प्रणवः शस्त्रानुवचनयोः मध्ये स्यात् इति ह स्म कौपीतकिः आह) फिर इस कारण से कि—वह यहां शुद्ध है, वह यहां पूर्ण है—वह शुद्ध प्रणव दोनों स्तोत्र और व्याख्यान के बीच में है—ऐसा कौपीतकि [तत्त्व परीक्षक का पुत्र ऋषि] कहता है । (तथा संहितं भवति मकरान्तः अवसानार्थे) इस प्रकार से यह संगत होता है—मकरान्त [ओम्] सीमा वा ठहराव के लिये है । (प्रतिष्ठा वै अवसानं, प्रतिष्ठित्यै एव) प्रतिष्ठा [ठहराव] ही सीमा है, वह [ओम्] प्रतिष्ठा के लिये ही है । (अथ उभयोः कामयोः आप्त्यै एतौ वै छन्दःप्रवाहौ अरं छन्दः परं छन्दः अतिप्रवहतः) फिर

(गर्तस्कन्दम्) गर्त + स्कन्दिर्—गतिशोषणयोः—णमुल् । गर्तं स्कन्दित्वा प्राप्य (रोहस्य) अङ्कुरस्य (न) सम्प्रति (संङ्क्रामेत्) सम्यक् प्राप्नुयात् (अमृतम्) अविनाशि ब्रह्म (मन्त्रेण) विचारेण (वंशेन) तृणजातिभेदेन (मकरान्तः) मकारान्तः प्रणवः, ओम् (मीमांसितः) तत्त्वेन निर्णीतः (शस्त्रानुवचनयोः) स्तोत्रव्याख्यानयोः (कौपीतकिः) कुसेरुम्भोमेदेताः । उ० ४ । १०६ कुष निष्कर्षे —इत, स्वार्थे—कन् दीर्घश्च । कुषीतक—इञ् अपत्यार्थे । कुषीतकस्य तत्त्वनिष्कर्षकस्य पुत्रः । ऋषिविशेषः (संहितम्) संगतम् (अवसानम्) विरामः । सीमा (अरम्) अलम् । पर्य्याप्तम् (परम्) श्रेष्ठम् (अतिप्रौढ़म्) अति प्रवृद्धम्

[प्रजा और प्रतिष्ठा की] दोनों कामनाओं की प्राप्ति के लिये यह दोनों छन्द प्रवाह अरं छन्द और परं छन्द [अर्थात् पर्य्याप्त छन्द और श्रेष्ठ छन्द] अत्यन्त करके वहते रहते हैं। (तस्य आयुः न हिनस्ति, छन्दसां छन्दः अतिप्रौढं स्यात्) उस के आयु को वह नहीं नाश करता [जिस का] छन्द [वेद ज्ञान] छन्दों के बीच अति पुष्ट होवे। (यत्र एव यं द्विष्यात् तं मनसा एव प्र विध्ये) जहां पर ही जिस से द्वेष करे, उस को मनन से ही छेद डाले। (छन्दसां क्रन्दत्रे वाचं द्रवति वा शीर्य्यते इति) छन्दों के बोलने वाले के लिये वह [शत्रु अपनी] वाणी पिघला देता है वा [आप] नष्ट हो जाता है। (त्रिः प्रथमां त्रिः उत्तमाम् अन्वाह तत् वर्हिसौ यज्ञस्य एव स्थेम्ने बलाय अविस्रंसाय नह्यति) वह तीन बार पहिली [ऋचा] और तीन बार सब से पिछली [ऋचा] पढ़ता है और उस से दो वृद्धिकारक व्यवहारों [प्रजा कामना और प्रतिष्ठा कामना, अथवा दो कुशाओं] को यज्ञ की स्थिरता के लिये, बल के लिये और अविनाश के लिये नियत करता है। (यद्यपि प्रातःसवने अर्धर्चशः एव तस्य शंस्यं छन्दः गायत्र्याः रूपेण युज्येत, अथो प्रातःसवनेरूपेण इति) यद्यपि प्रातःसवन में आधी आधी ऋचाओं से ही उस का बोलने योग्य छन्द गायत्री के रूप से बोला जावे और प्रातःसवन के रूप से भी। (त्रिष्टुब्-जगत्यौ एतस्मिन् स्थाने अर्धर्चशस्ये न युज्येताम्, यत् किञ्चित् छन्दः प्रातः-सवने) त्रिष्टुप् और जगती छन्द इस स्थान पर आधी आधी ऋचाओं के बोलने में न बोले जावें, जो कुछ छन्द प्रातःसवन में [होवे वह ही बोला जावे]। (पच्छः एव एनयोः शस्यम् इति सा स्थितिः) पाद पाद करके ही इन दोनों [त्रिष्टुप् और जगती] का कथन होवे—यह मर्य्यादा है ॥ ११ ॥

भावार्थ—प्रणव वा ओम् सर्वनियन्ता और सर्वरक्षक है। जहां जहां मन्त्र में अवसान अर्थात् विराम किया जावे, वहां ओम् शब्द बोला जावे ॥ ११ ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका का अर्थ और अधिक विचारणीय है। प्रणव वा ओम् के लिये माण्डूक्योपनिषिद् और यही गो० ब्रा० पू० १ । १६-२८ देखो ॥

(क्रन्दत्रे) कथयित्रे (द्रवति) रसीभूतां नम्रां करोति (वर्हिसौ) वृद्धिव्यवहारौ । कुशौ (स्थेम्ने) स्थिर—इमनिच् । स्थिरतायै (अविस्रंसाय) अविध्वंसाय (अर्द्धर्चशः) अर्धर्चप्रयोगेण (शंस्यं, शस्यम्) शंसु कथने—क्यप् । कथनीयम् । कथनम् (पच्छः) पद्—शः । पादशः । पादेन पादेन (स्थितिः) मर्यादा ॥

कण्डिका १२ ॥

अथात एकाहस्य प्रातःसवनम्। प्रजापतिं ह वै यज्ञं तन्वानं वहिष्पवमानं एव मृत्युं मृत्युपाशेन प्रत्युपाक्रामत। स आग्नेय्या गायत्र्याज्यं प्रत्यपद्यत। मृत्युर्वाव तं पश्यत्। प्रजापतिं पर्य्यक्रामत्। तं सामाज्येष्ठ सीदत्। स वायव्या प्रउगं प्रत्यपद्यत। मृत्युर्वाव तं पश्यत्। प्रजापतिं पर्य्यक्रामत्। तं माध्यन्दिने पवमाने सीदत्। स ऐन्द्र्या त्रिष्टुभा मरुत्वतीयं प्रत्यपद्यत। मृत्युर्वाव तं पश्यत्। प्रजापतिं पर्य्यक्रामत्। स तेनैव द्रविणे पूर्वो निष्केवल्यस्य स्तोत्रिय-मासीदत्, तमस्तृणोत्। तस्मादु य एव पूर्वमासीदति, स तत् स्तृणुते। विद्वान् मृत्युरनवकाशमपाद्रवत्, अशथ्सत्, इतरो निष्केवल्यम्। तस्मादेकमेवोक्थं होता मरुत्वतीयेन प्रतिपद्यते। निष्केवल्यमेवात्र हि प्रजापतिं मृत्युर्व्यजहात् ॥ १२ ॥

कण्डिका १२ ॥ एकाह यज्ञ के प्रातःसवन में प्रजापति मृत्यु को स्तोत्रों द्वारा भगाता है ॥

(अथ अतः एकाहस्य प्रातःसवनम्) अब यहां एकाह [एक दिन वाले] यज्ञ का प्रातःसवन [कहा जाता है]। (यज्ञं तन्वानं प्रजापतिं ह वै वहिष्पव-माने एव मृत्युं मृत्युपाशेन प्रत्युपाक्रामत) यज्ञ फैलाते हुये प्रजापति पर वहि-ष्पवमान स्तोत्र [जैसे—उपास्मै गायता नरः ·····साम उ० १ । १ । तृच १–३ वा ६ मन्त्र] पर ही मृत्यु [विघ्न] ने मृत्युपाश से धावा किया। (सः आग्नेय्या गायत्र्या आज्यं प्रत्यपद्यत्) उस [प्रजापति] ने आग्नेयी गायत्री से [अग्नि देवता वाले गायत्री छन्द से, जैसे—अग्निं दूतं वृणीमहे·····ऋग्० १ । १२ । १—१२, अथवा—समिधाग्निं दुवस्यत·····यजु० ३ । १—३] आज्य [उस गायत्री छन्द से घृत, इस नाम वाले स्तोत्र] को आरम्भ किया। (मृत्युः वाव तं प्रजापतिं पश्यत् पर्य्यक्रामत्) मृत्यु ने उस प्रजापति को देखा और [उस पर] धावा किया। (तं सामाज्येष्ठ सीदत्) उस [प्रजापति] को सामाज्येष्ठ

१२—(तन्वानम्) विस्तारयन्तम् (वहिष्पवमाने) एतन्नामके स्तोत्रे (मृत्युम्) सुपां सुपो भवन्ति। वा० पा० ७ । १ । ३९। प्रथमार्थे द्वितीया। मृत्युः (प्रत्युपाक्रामत) प्रातिकूल्येन आक्रान्तवान् (आज्यम्) एतन्नामकं स्तोत्रम् (पश्यत्) अपश्यत् (पर्य्याक्रामत्) आक्रान्तवान् (सामाज्येष्ठ) सामज्येष्ठे। एतन्नामके स्तोत्रे (सीदत्) असीदत्। प्राप्नोत् (प्रउगम्) प्र+युजिर् योगे-अच्, पृषोदरादिरूपम्। प्रयुगं। प्रयोगार्हम्। एतन्नामकं स्तोत्रम् (प्रत्यपद्यत्)

[बृहत्साम नाम वाले स्तोत्र] में उस [मृत्यु] ने पाया । (सः वायव्या प्रउगं प्रत्यपद्यत्) उस [प्रजापति] ने वायवी से [वायु देवता वाले गायत्री छन्द से, जैसे—वायवा याहि दर्शतेमे ·····ऋग्० १ । २ । १—३] प्रउग [उस गायत्री छन्द से प्रयोग योग्य, इस नाम वाला स्तोत्र] को आरम्भ किया । (मृत्युः वाव तं प्रजापतिं पश्यत् पर्य्यक्रामत्) मृत्यु ने उस प्रजापति को देखा और [उस पर] धावा किया । (तं माध्यन्दिने पवमाने सीदत्) उस [प्रजापति] को माध्यन्दिन पवमान [इस नाम वाले स्तोत्र] में उसने पाया । (सः ऐन्द्र्या त्रिष्टुभा मरुत्वतीयं प्रत्यपद्यत्) उस [प्रजापति] ने ऐन्द्री त्रिष्टुप् से [इन्द्र देवता वाले त्रिष्टुप् छन्द से, जैसे—इन्द्रस्य नु वीर्याणि प्र वोचम्····· ऋग्० १ । ३२ । १—१५] मरुत्वतीय [मरुतों अर्थात् झोंकों से युक्त मरुत्वान् इन्द्र अर्थात् वायु वा बिजुली देवता वाले स्तोत्र] को आरम्भ किया । (मृत्युः वाव तं प्रजापतिं पश्यत् पर्य्यक्रामत्) मृत्यु ने उस प्रजापति को देखा और [उस पर] धावा किया । (सः पूर्वः तेन एव द्रविणे निष्केवल्यस्य स्तोत्रियम् आसीदत्, तम् अस्तृणोत्) उस [प्रजापति] ने पहिले होकर उस [मरुत्वतीय स्तोत्र] से ही द्रविण [नाम वाले यज्ञ भाग] में निष्केवल्य [नाम वाले स्तोत्र] के स्तोत्रिय [नाम वाले स्तोत्र भाग] को पाया और उस [मृत्य] को ढक दिया । (तस्मात् उ यः एव पूर्वम् आसीदति, सः तत् स्तृणुते) इस लिये जो हि पुरुष पहिले पहुंचता है, वह उस [मृत्यु] को ढक देता है । (मृत्युः अनवकाशं विद्वान् अपाद्रवत्, इतरः निष्केवल्यम् अशंसत्) मृत्यु अनवसर जानता हुआ भाग गया, दूसरे [प्रजापति] ने निष्केवल्य स्तोत्र पढ़ा । (तस्मात् एकम् एव उक्थं होता मरुत्वतीयेन प्रतिपद्यते) इस लिये एक ही उक्थ [कहने योग्य स्तोत्र] को होता मरुत्वतीय स्तोत्र से आरम्भ करता

प्रारब्धवान् (मरुत्वतीयम्) द्यावापृथिवीशुनासीरमरुत्वदग्नीषोम० । पा० ४ । २ । ३२ । मरुत्वत्—छ, अस्य देवता इत्यर्थे । मरुत्वान् इन्द्रो देवता यस्य तत् स्तोत्रम् (द्रविणे) वले—निघ० २ । ९ । धने—निघ० २ । १० । एतन्नामके यज्ञभागे (निष्केवल्यस्य) एतन्नामकस्य स्तोत्रस्य (स्तोत्रियम्) स्तोत्र—घ । एतन्नामकं स्तोत्रभागम् (अस्तृणोत्) आच्छादितवान् (विद्वान्) जानन् (अनवकाशम्) अनवसरम् (अपाद्रवत्) दूरमगच्छत् (अशंसत्) स्तुतवान् (प्रतिपद्यते) आरभते (निष्केवल्यम्) निष्केवल्येन (व्यजहात्) विशेषेण त्यक्तवान् ॥

है । (निष्केवल्यम् एव अत्र हि प्रजापतिं मृत्युः व्यजहात्) निष्केवल्य स्तोत्र से ही यहां प्रजापति को मृत्यु ने छोड़ दिया है ॥ १२ ॥

भावार्थ—जैसे पहिले से विचार के साथ विघ्नों को हटा कर अग्नि प्रज्वलित कर के यज्ञ सिद्ध करते हैं, वैसे ही मनुष्य प्रत्येक कार्य को पहिले से विचार कर प्रयत्न के साथ पूरा करें ॥ १२ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका के कुछ कुछ अंश के लिये ऐतरेय ब्राह्मण ३ । १४ देखो ॥

टिप्पणी २—सङ्केतित मन्त्र वेद में देखो ॥

कण्डिका १३ ॥

मित्रावरुणावब्रवीत्, युवं न इमं यज्ञस्याङ्गमनुसमाहरतां, मैत्रावरुणीयाम् । तथेत्यब्रूताम् । तौ सयुजौ सबलौ भूत्वा प्रासहा मृत्युमत्यैताम् । तौ ह्यस्यैतद्यज्ञस्याङ्गमनुसमाहरतां मैत्रावरुणीयाम् । तस्मात् मैत्रावरुणः प्रातःसवने मैत्रावरुणानि शंसति । तौ ह्यस्यैतद्यज्ञस्याङ्गमनुसमाहरताम् । यद्वै व मैत्रावरुणानि शंसति, प्रति वां सूर उदिते विधेम नमोभिर्मित्रावरुणोत हव्यैः । उत वामुषसो बुधिः साकं सूर्य्यस्य रश्मिभिरिति ऋचाभ्यानूक्तम् । मा नो मित्रावरुणा नो गन्तं रिशादसेति, मैत्रावरुणस्य स्तोत्रियानुरूपौ । प्र वो मित्राय गायतेति उक्थमुखम् । प्र मित्रयोर्वरुणयोरिति पर्यासः । आयातं मित्रावरुणेति यजति । एते एव तद्देवते यथाभागं प्रीणाति वषट्कृत्यानुवषट्करोति । प्रत्येवाभिमृशन्ते नाप्यायन्ति न ह्यनाराशंसाः सीदन्ति ॥ १३ ॥

कण्डिका १३ ॥ प्रातःसवन में मैत्रावरुण द्वारा मित्र और वरुण की स्तुति ॥

(मित्रावरुणौ अब्रवीत्, युवं नः यज्ञस्य इमम् अङ्गं मैत्रावरुणीयाम् अनुसमाहरताम्) वह [यजमान] मित्र और वरुण [हितकारक और उत्तम आचरण वाले दोनों पुरुषों] के विषय में [ब्रह्मा और होता से] बोला—तुम दोनों हमारे यज्ञ के इस अङ्ग को मित्र और वरुण वाली [स्तुति] से अनुकूलता के साथ समाप्त करो । (तथा इति अब्रूताम्) ऐसा ही हो—वे दोनों [ब्रह्मा

१३—(मित्रावरुणौ) हितकरं च श्रेष्ठं च पुरुषम् (अब्रवीत्) द्विकर्मकः । अकथयत् (युवम्) युवाम् (अनुसमाहरताम्) अनुकूलतया समापयतम् (मैत्रावरुणीयाम्) मित्रवरुणसम्बन्धिनीं स्तुतिम् (सयुजौ) युजिर् योगे—

और होता] बोले । (तौ सयुजौ सबलौ प्रासहा भूत्वा मृत्युम् अति ऐताम्) [और] वे दोनों [मित्र और वरुण] समान योग [मेल] वाले, समान बल वाले और विजयी होकर मृत्यु को लांघकर चले हैं । (तौ हि अस्य यज्ञस्य एतत् अङ्गं मैत्रावरुणीयाम् अनुसमाहरताम्) उन दोनों ने ही इस यज्ञ के इस अङ्ग को मित्र और वरुण वाली [स्तुति] से अनुकूलता के साथ समाप्त किया है । (तस्मात् मैत्रावरुणः प्रातःसवने मैत्रावरुणानि शंसति) इस लिये मैत्रावरुण [मित्र और वरुण की स्तुति करने वाला ऋत्विज] प्रातःसवन में मित्र और वरुण वाले [स्तोत्र] बोलता है । (तौ हि अस्य यज्ञस्य एतत् अङ्गम् अनुसमाहरताम्) वे दोनों [मित्र और वरुण] ही इस यज्ञ के इस अङ्ग को अनुकूलता से पूरा करें । (यत् उ एव मैत्रावरुणानि शंसति, मित्रावरुणा वां सूरे उदिते नमोभिः उत हव्यैः प्रति विधेम उत वाम् उषसः बुधिः सूर्यस्य रश्मिभिः साकम्—इति ऋचा अभ्यनूक्तम्) क्योंकि वह ही [मैत्रावरुण] मित्र और वरुण वाले स्तोत्र [इस प्रकार] पढ़ता है—हे मित्र और वरुण ! [हितकारक और उत्तम आचरण वाले पुरुषो] तुम दोनों को सूर्य के उदय होने पर सत्कारों और ग्रहण करने योग्य अन्नों से प्रत्यक्ष करके हम पूजें, और तुम दोनों को प्रभात बेला के ज्ञान में सूर्य की किरणों के साथ [हम पूजें]—यह इस ऋचा [ब्राह्मण वचन] करके अनुकूल कहा गया है । (रिशादसा मित्रावरुणा मा, नः नः गन्तम्, इति मैत्रावरुणस्य स्तोत्रियानुरूपौ) हे दुःख के नाश करने वाले मित्र और वरुण [हितकारक और उत्तम आचरण वाले पुरुषो] तुम दोनों मत [जाओ], हम को हम को प्राप्त हो—यह [और पहिला ब्राह्मण वचन] मैत्रावरुण के स्तोत्र के अनुरूप दो [मन्त्र] हैं । (प्र वा मित्राय गायत—इति उक्थमुखम्, प्र मित्रयोर्वरुणयोः, इति पर्यासः, आ यातं मित्रावरुणा—इति यजति) प्र वो मित्राय गायत—ऋग्० ५ । ६८ । १, यह उक्थ यज्ञ का आरम्भ है, प्र मित्रयोर्वरुणयोः—ऋग्० ७ । ६६ ।

क्विप् । समानं युञ्जानौ (सबलौ) सामानबलवन्तौ (प्रासहा) प्र+षह मर्षणे अभिभवे च—अच्, आर्षो दीर्घः, विभक्तेराकारः । प्रकर्षेण जेतारौ (अति) अतीत्य । उल्लङ्घ्य (प्रति) प्रत्यक्षेण (सूरे) सूर्ये (उदिते) उद्गते (विधेम) पूजयेम (नमोभिः) सत्कारैः (उत) च (हव्यैः) ग्राह्यैरन्नैः (बुधिः) भुवः कित् । उ० २ । ११२ । बुध अवगमने—इसिन्, विभक्तेर्लुक् । बुधिसि । बोधे (मा) निषेधे (मा गन्तं) मा गच्छतम् (नः) अस्मान् (गन्तम्) गच्छतम् (रिशा-

वाव होत्राः, ते वा एकैकं, तस्मादेकोक्थाः । तद्यदेकैकस्य रश्मेर्द्वौ द्वौ वर्णौ भवतः, तस्माद् द्विसूक्ताः । संवत्सरो वाव होता, स वा एक एव, तस्मादेकसूक्तः । तस्य यद् द्व्यान्यहानि भवन्ति, शीतान्यन्यान्युष्णान्यन्यानि, तस्माद् द्व्युक्थः । ऋतवो वाव होत्राः, ते वा एकैकं, तद्यदेकैकस्यैतौ द्वौ द्वौ मासौ भवतः, तस्माद् द्विसूक्ताः । पुरुषो वाव होता स वा एक एव, तस्मादेकसूक्तः । स यत्पुरुषो भवत्यन्यथैव प्रत्यङ् भवत्यन्यथा प्राङ्, तस्माद् द्व्युक्थः । अङ्गानि वाव होत्राः, तानि वा एकैकं, तस्मादेकोक्थाः । तं यदेकैकमङ्गं द्युतिर्भवति, तस्माद् द्विसूक्ताः । तदाहुः, यद् द्व्युक्थो होतैकसूक्त एकोक्था होत्रा द्विसूक्ताः, कथं तत् समं भवति, यदेव द्विदेवत्याभिर्यजन्ति, अथो यद् द्विसूक्ता होत्रा इति ब्रूयात्, तदाहुः, यदग्निष्टोम एव सति यज्ञे द्वे होतुरुक्थे अतिरिच्येते, कथं ततो होत्रा न व्यवच्छिद्यन्त इति । यदेव द्विदेवत्याभिर्यजन्ति, अथो यद् द्विसक्ता होत्रा इति ब्रूयात्, तदाहुः, यदग्निष्टोम एव सति यज्ञे सर्वा देवताः सर्वाणि छन्दांस्याप्याययन्ति, अथ कतमेन छन्दसायातयामान्युक्थानि प्रणयन्ति, कया देवतयेति । गायत्रेण छन्दसाग्निना देवतयेति ब्रूयात् । देवान् ह यज्ञं तन्वाना असुरक्षांस्यभिचेरिरे यज्ञपर्वणि, यज्ञमेषां हनिष्यामस्तृतीयसवनं प्रति तृतीयसवने ह यज्ञस्त्वरिष्टो बलिष्ठः प्रतनुमेषां यज्ञं हनिष्याम इति । ते वरुणं दक्षिणतोऽयाजयन्, मध्यतो बृहस्पतिमुत्तरतो विष्णुम् । तेऽब्रवन्, एकैकाः स्मः, नेदमुत्सहामहेति, स्तु [अस्तु] नो द्वितीयो येनेदं सह व्यश्नवामहा इति । तानिन्द्रोऽब्रवीत्, सर्वे मद्द्वितीया स्थेति । ते सर्व इन्द्रं द्वितीयाः, तस्मादैन्द्रावारुणमैन्द्रावार्हस्पत्यमैन्द्रावैष्णवमेनुशस्यते । द्वितीयवन्तो ह वा एतेन स्वा भवन्ति, द्वितीयवन्तो मन्यते, य एवं वेद ॥ ६ ॥

कण्डिका ६ ॥ होताओं और होत्रक लोगों के उक्थों का वर्णन और असुरों से यज्ञ की रक्षा ॥

(तत् आहुः, कथं होता द्व्युक्थः एकसूक्तः होत्राः एकोक्थाः द्विसूक्ताः इति) वे कहते हैं—कैसे होता दो उक्थ वाला और एक सूक्त वाला होता है, और होत्रक [सहायक होता लोग] एक उक्थ वाले और दो सूक्त वाले होते हैं । (असौ वै होता यः असौ तपति, सः वै एकः एव, तस्मात् एकसूक्तः) [उस का उत्तर] वह ही [सूर्य] होता [जल का दाता और ग्रहीता] है जो वह तपता

६—(आहुः) कथयन्ति (विधात्रः) वि+धै चिन्तने—क्त । विविधचिन्तितः (भाः) किरणः (वर्णौ) शुक्लादिरूपे (द्व्यानि) द्व्ययानि द्वे अयने

है वह ही [सूर्य] एक ही है, इस लिये वह एक सूक्त वाला है । (सः यत् विध्यातः द्वौ इव भवति तेजः एव मण्डलम् भाः अपरं शुक्लम् अपरं कृष्णम्, तस्मात् द्व्युक्थः) वह [सूर्य] जब विविध प्रकार ध्यान किया गया, दो के समान होता है, तेज ही मण्डल और किरण है, [सामने की ओर अथवा किरण में] एक शुक्ल रूप और दूसरा [पिछली ओर अथवा किरण में] कृष्ण रूप है इस लिये वह [होता] दो उक्थ वाला है । (रश्मयः वाव होत्राः ते वै एकैकम्, तस्मात् एकोक्थाः) किरणों [के समान] ही होत्रक लोग हैं, वे [दोनों किरण और होत्रक] निश्चय करके एक एक हैं, इस लिये वे [होत्रक] एक उक्थ वाले होते हैं । (तत् यत् एकैकस्य रश्मेः द्वौ द्वौ वर्णौ भवतः, तस्मात् द्विसूक्ताः) फिर जो एक एक किरण के दो दो रूप [शुक्ल और कृष्ण] होते हैं । इस लिये वे [होत्रक] दो सूक्त वाले होते हैं ॥

संवत्सरः वाव होता, सः वै एकः एव, तस्मात् एकसूक्तः) संवत्सर [के समान] ही होता है, वह निश्चय करके एक ही है, इस लिये वह [होता] एकसूक्त वाला है । (तस्य यत् द्व्यानि [द्व्ययानि] अहानि भवन्ति अन्यानि शीतानि अन्यानि उष्णानि, तस्मात् द्व्युक्थः) उस [संवत्सर] के जो दो अयन [सूर्य के मार्ग, दक्षिणायन और उत्तरायण] वाले होते हैं, एक शीत और एक उष्ण, इस लिये वह [होता] दो उक्थ वाला होता है । (ऋतवः वाव होत्राः, ते वै एकैकं, तस्मात् एकोक्थाः) ऋतुओं [के समान] ही होत्रक लोग हैं, वे ही एक एक हैं, इस लिये वे [होत्रक] एक उक्थ वाले हैं । (तत् यत् एकैकस्य ऋतो [=ऋतोः] द्वौ द्वौ मासौ भवतः, तस्मात् द्विसूक्ताः) सो जो एक एक ऋतु के दो दो महीने होते हैं, इस लिये वे [होत्रक] दो सूक्त वाले हैं ॥

(पुरुषः वाव होता, सः वै एकः एव तेस्मात् एकसूक्तः) पुरुष [के समान] ही होता है वह निश्चय करके एक ही है, इस लिये वह [होता] एक सूक्त वाला है । (सः यत् पुरुषः अन्यथा एव प्रत्यङ् भवति, अन्यथा प्राङ् भवति, तस्मात् द्व्युक्थः) सो जो पुरुष एक प्रकार से ही पीछे की ओर होता है और

दक्षिणायनमुत्तरायणं च येषां तानि (ऋतौ) ऋतोः (प्रत्यङ्) प्रति+अञ्चु गतिपूजनयोः—किन् । पञ्चादेशभवः (द्युतिः) कंशंभ्यां बभयुस्तितुतयसः । पा० ५ । २ । १३८ । द्वि—ति मत्वर्थे, वर्णेऽभिधेये सति सम्प्रसारणेन वकारस्य उकारः, इकारस्य यकारः । द्वित्वयुक्तम् (अतिरिच्येते) अधिके वर्तेते (व्यवच्छि-

दूसरे प्रकार से सामने की ओर, इस लिये वह [होता] दो उक्थ वाला है। (अङ्गानि वाव होत्राः, तानि वै एकैकं, तस्मात् एकोक्थाः) अङ्गों [के समान] ही होत्रक लोग हैं, वे [अङ्ग] ही एक एक हैं, इस लिये वे [होत्रक] एक उक्थ वाले हैं। (तं [=तस्य] यत् एकैकम् अङ्गं द्युतिः भवति, तस्मात् द्विसूक्ताः) उस [पुरुष] का जो एक एक अङ्ग [जैसे हाथ और पांव] दो अवयव वाला होता है, इस लिये वे [होत्रक] दो सूक्त वाले होते हैं ॥

(तत् आहुः, यत् द्व्युक्थः एकसूक्तः होता, एकोक्थाः द्विसूक्ताः होत्राः, कथं तत् समं भवति) वे कहते हैं—जो दो उक्थ वाला और एक सूक्त वाला होता है, और एक उक्थ वाले और दो सूक्त वाले होत्रक होते हैं, कैसे यह कर्म समान होता है। (यत् एव द्विदेवत्याभिः यजन्ति, अथो यत् द्विसूक्ताः होत्राः इति ब्रूयात्) जब ही दो देवता वाली ऋचाओं से यज्ञ करते हैं, और जब दो उक्थ वाले होत्रक हैं, वह यह बतलावे। (तत् आहुः यत् अग्निष्टोमे एव यज्ञे सति होतुः द्वे उक्थे अतिरिच्येते कथं ततः होत्राः न व्यवच्छिद्यन्ते इति) जब अग्निष्टोम ही यज्ञ होने पर होता के दो उक्थ बढ़ते हैं, कैसे उस से होत्रक लोग नहीं अलग अलग होते। (यत् एव द्विदेवत्याभिः यजन्ति, अथो यत् द्विसूक्ताः होत्राः इति ब्रूयात्) [उत्तर] जब ही दो देवता वाली ऋचाओं से वे यज्ञ करते हैं, फिर जब दो सूक्त वाले होत्रक हैं [इस लिये वे अलग अलग नहीं होते]—यह कहे। (तत् आहुः अग्निष्टोमे एव यज्ञे सति सर्वाः देवताः सर्वाणि छन्दांसि आप्याययन्ति, अथ कतमेन छन्दसा कया देवतया अयातयामानि उक्थानि प्रणयन्ति इति) वे कहते हैं–जब अग्निष्टोम ही यज्ञ होने पर सब देवताओं और सब छन्दों को वे बढ़ाते हैं, फिर कौन से छन्द से और किस देवता से समय के अनुकूल उक्थों को वे आगे लाते हैं। (गायत्रेण छन्दसा अग्निना देवतया इति ब्रूयात्) गायत्री छन्द से और अग्नि देवता से [समय के अनुकूल उक्थों को वे आगे लाते हैं]—ऐसा वह कहे। (यज्ञं तन्वानाः [=तन्वानान्] देवान् ह असुररक्षांसि यज्ञपर्वणि अभिचेरिरे, एषां यज्ञं तृतीयसवनं प्रति हनिष्यामः)

द्यन्ते) विभिद्यन्ते । विनश्यन्ते (अयातयामानि) न यातो गतो याम उचितसमयो येषां तानि। समयानुकूलानि (अभिचेरिरे) अभिचारं कपटविचारं चक्रुः (अरिष्टः) अहिंसितः । सुरक्षितः (प्रतनुम्) विस्तृतम् (हनिष्यामः) नाशयिष्यामः (स्तु) अकारलोपः । अस्तु (व्यश्नवामहै) प्राप्नुयाम । समापयाम (मद्द्वितीयाः) अस्मद्—द्वितीय । प्रत्योत्तरपदयोश्च । पा० ७ । २ । ९८ । इति

यज्ञ फैलाते हुये देवताओं से असुर और राक्षस यज्ञ के उत्सव में अभिचार [छल प्रयोग] करने लगे—इन के यज्ञ को तीसरे सवन में हम नष्ट कर देंगे, (तृतीय-सवने ह अरिष्टः यज्ञः तु बलिष्ठः, एषां प्रतनुं यज्ञं हनिष्यामः इति) तीसरे सवन में ही बिना बिगड़ा हुआ यज्ञ अति बलवान् होता है, इन के फैले हुये यज्ञ को हम नष्ट कर देंगे । (ते दक्षिणतः वरुणं, मध्यतः बृहस्पतिं, उत्तरतः विष्णुम् अयोजयन्) उन [देवताओं] ने दक्षिण ओर वरुण को, बीच में बृहस्पति को और उत्तर में विष्णु को नियुक्त किया । (ते अब्रुवन्, एकैकाः स्मः इदं न उत्सहामहै इति, स्तु [अस्तु] नः द्वितीयः येन सह इदं व्यश्नवामहै इति) वे [तीनों] बोले—हम एक एक हैं, इस काम में हम उत्साह नहीं कर सकते, इस लिये हमारा कोई दूसरा [सहायक] हो, जिस के साथ इस काम को हम प्राप्त करलें (तान् इन्द्रः अब्रवीत्, सर्वे मद्द्वितीयाः स्थ इति) उन से इन्द्र बोला—तुम सब मुझे दूसरा [सहायक] रखने वाले हो । (ते सर्वे इन्द्र (=इन्द्रेण) द्वितीयाः, तस्मात् ऐन्द्रावरुणम्, ऐन्द्रावार्हस्पत्यम्, ऐन्द्रावैष्णवम् अनुशस्यते) वे सब इन्द्र के साथ सहाय वाले हैं, इस लिये इन्द्र-वरुण वाला, इन्द्र-बृहस्पति वाला और इन्द्र-विष्णु वाला सूक्त निरन्तर बोला जाता है । (द्वितीयवन्तः ह वै एतेन स्वाः भवन्ति, द्वितीयवन्तः [=द्वितीयवान्] मन्यते, यः एवं वेद) इस [विधान] से ही दूसरे [सहायक] वाले अपने लोग होते हैं, दूसरे [सहायक] वाला वह माना जाता है जो ऐसा विद्वान् है ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य को चाहिये कि संसार में सङ्घटन करके कार्य सिद्धि करे ॥ ६ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका के लिये देखो ऐ० ब्रा० ६ । १३ तथा १४ ॥

कण्डिका ७ ॥

आग्नेयीषु मैत्रावरुणस्योक्थ प्रणयन्ति, वीर्यं वा अग्निः, वीर्येणैवास्मै तत् प्रणयन्ति । ऐन्द्रावारुणमनुशस्यते, वीर्यं वा इन्द्रः, क्षत्रं वरुणः, पशव उक्थानि, वीर्येणैव तत् क्षत्रेण चोभयतः पशून् परिगृह्णाति स्त्रिया अनपक्रान्त्यै । ऐन्द्रीषु ब्राह्मणाच्छंसिन उक्थं प्रणयन्ति, वीर्यं वा इन्द्रः वीर्येणैवास्मै तत् प्रणयन्ति । ऐन्द्रावार्हस्पत्यमनुशस्यते, वीर्यं वा इन्द्रः, ब्रह्म बृहस्पतिः, पशव उक्थानि,

---

रूपसिद्धिः । अहं द्वितीयः सहायको येषां ते (इन्द्रम्) इन्द्रेण । वीर्येण—क० ७ (अनु) निरन्तरम् (मन्यते) ज्ञायते ॥

वीर्येणैव तद्ब्रह्मणा चोभयतः पशून् परिगृह्णाति स्थित्या अनपक्रान्त्यै । ऐन्द्री-ष्वच्छावाकस्योक्थं प्रणयन्ति, वीर्यं वा इन्द्रः, वीर्येणैवास्मै तत् प्रणयन्ति । ऐन्द्राबैष्णवमनुशस्यते, वीर्यं वा इन्द्रः, यज्ञो विष्णुः, पशव उक्थानि, वीर्येणैव तद्यज्ञेन चोभयतः पशून् परिगृह्य क्षत्रेऽन्ततः प्रतिष्ठापयति । तस्मादु क्षत्रियो भूयिष्ठं हि पशूनामीशते याधिष्ठाता प्रदाता, यस्मै प्रजा वेदा अवरुद्धाः, तान्ये-तान्यैन्द्राणि । जागतानि शंसन्ति, अथो एतैरेव सेन्द्रं तृतीयसवनमेतैर्जागतं सवनं, धराणि ह वा अस्यैतान्युक्थानि भवन्ति, यन्नाभानेदिष्ठो वालखिल्यो वृषाकपि-रेवयामरुत्, तस्मात् तानि सार्द्धमेवोपेयुः, सार्द्धमिदं रेतः सिक्ते समृद्धं, एकधा प्रजनयामेति ये ह वा एतानि नानूपेयुः, यथा रेतः सिक्तं विलुम्पेत कुमारं वा जातमङ्गशो विभजेत् तादृक् तत् । तस्मात्तानि सार्द्धमेवोपेयुः । सार्धमिदं रेतः सिक्तं समृद्धमेकधा प्रजनयामेति । शिल्पानि शंसति, यदेव शिल्पानि, एतेषां वै शिल्पानामनुकृतिर्हि शिल्पमधिगम्यते, हस्ती कंसो वासो हिरण्यमश्वतरी रथ-शिल्पं, शिल्पं ह्यस्य समधिगम्यते, य एवं वेद, यदेव शिल्पानि शंसति, तत् स्वर्गस्य लोकस्य रूपम् । यद्वेव शिल्पानि, आत्मसंस्कृतिर्वै शिल्पान्यात्मानमे-वास्य तत् संस्कुर्वन्ति ॥ ७ ॥

कण्डिका ७ ॥ यज्ञ में उक्थों और शिल्पों का वर्णन ॥

(आग्नेयीषु मैत्रावरुणस्य उक्थं प्रणयन्ति) अग्नि देवता वाली ऋचाओं में मैत्रावरुण ऋत्विज के उक्थ [स्तोत्र] को आगे लाते हैं । (वीर्यं वै अग्निः, वीर्येण एव अस्मै तत् प्रणयन्ति) वीर्य [पराक्रम] ही अग्नि है, वीर्य के साथ ही इस [यजमान] के लिये उस [उक्थ] को आगे लाते हैं । (ऐन्द्रावरुणम् अनुशस्यते) इन्द्र-वरुण देवता वाला [उक्थ] फिर बोला जाता है । (वीर्यं वै इन्द्रः क्षत्रं वरुणः, पशवः उक्थानि, तत् वीर्येण एव क्षत्रेण च उभयतः पशून् स्थित्याः अनपक्रान्त्यै परिगृह्णाति) वीर्य ही इन्द्र है, राज्य वरुण है, सब पशु उक्थ हैं, तब वीर्य के साथ और राज्य के साथ ही दोनों ओर से पशुओं को

७—(आग्नेयीषु) अग्निदेवताकासु ऋक्षु (प्रणयन्ति) प्रकर्षेण प्राप्नुवन्ति (अनपक्रान्त्यै) अचलतायै (प्रतिष्ठापयति) स्थापयति (ईशते) इष्टे । ईश्वरो भवति (अवरुद्धाः) रक्षिताः (धराणि) धारणीयानि । सहचराणि (नाभाने-दिष्ठः) नहो भश्च । उ० ४ । १२६ । णह बन्धने—इञ् । सुपां सुलुक्० । पा० ७ । १ । ३९ । नाभि—डा । अन्तिक–इष्ठन् । अन्तिकवाढयोर्नेदसाधौ । पा० ५ । ३ । ६३ । नेदादेशः । नाभौ वेदसम्बन्धे नेदिष्ठोऽतिसमीपः । ऋषिविशेषः । नाभा-

स्थिति [ठहराव] की अचलता [दृढ़ता] के लिये वह [यजमान] ग्रहण करता है । (ऐन्द्रीषु ब्राह्मणाच्छंसिनः उक्थं प्रणयन्ति) इन्द्र देवता वाली ऋचाओं में ब्राह्मणाच्छंसी के उक्थ को आगे लाते हैं । (वीर्यं वै इन्द्रः, वीर्येण एव अस्मै तत् प्रणयन्ति) वीर्य [पराक्रम] ही इन्द्र है, वीर्य के साथ ही इस [यजमान] के लिये उस [उक्थ] को आगे लाते हैं । (ऐन्द्राबार्हस्पत्यम् अनुशस्यते) इन्द्र—बृहस्पति वाला उक्थ फिर बोला जाता है । (वीर्यं वै इन्द्रः, ब्रह्म बृहस्पतिः, पशवः उक्थानि, तत् वीर्येण एव ब्रह्मणा च उभयतः पशून् स्थित्याः अनपक्रान्त्यै परिगृह्णाति) वीर्य ही इन्द्र है, ब्रह्म [वेदज्ञान] बृहस्पति है, सब पशु उक्थ हैं, तब वीर्य के साथ और ब्रह्म के साथ ही दोनों ओर से पशुओं को स्थिति [ठहराव] की अचलता के लिये वह [यजमान] ग्रहण करता है । (ऐन्द्रीषु अच्छावाकस्य उक्थं प्रणयन्ति) इन्द्र देवता वाली ऋचाओं में अच्छावाक के उक्थ को आगे लाते हैं । (वीर्यं वै इन्द्रः, वीर्येण एव अस्मै तत् प्रणयन्ति) वीर्य [पराक्रम] ही इन्द्र है, वीर्य के साथ ही इस [यजमान] के लिये उस [उक्थ] को आगे लाते हैं । (ऐन्द्राविष्णवम् अनुशस्यते) इन्द्र—विष्णु वाला उक्थ फिर बोला जाता है । (वीर्यं वै इन्द्रः, यज्ञः विष्णुः पशवः उक्थानि, तत् वीर्येण एव यज्ञेन च उभयतः पशून् परिगृह्य क्षत्रे अन्ततः प्रतिष्ठापयति) वीर्य ही इन्द्र है, यज्ञ [देव पूजनादि] विष्णु [व्यापक] है, सब पशु उक्थ हैं, तब वीर्य के साथ और यज्ञ के साथ ही दोनों ओर से पशुओं को ग्रहण करके राज्य पर अन्त में [यजमान को] स्थापित करता है । (तस्मात् क्षत्रियः भूयिष्ठं हि पशूनाम् ईशते यः अधिष्ठाता प्रदाता, यस्मै प्रत्ताः वेदाः अवरुद्धाः, तानि एतानि ऐन्द्राणि) इस लिये ही क्षत्रिय [राजा] बहुत करके ही पशुओं का स्वामी है, जो अधिष्ठाता और बड़ा दाता है और जिस के लिये [ऋषियों को] दिये हुये वेद रक्षित हैं, वह ही यह सब इन्द्र के कर्म हैं ॥

दिष्ठेन दृष्टम् उक्थम् (वालखिल्यः) वृञ् वरणे—घञ्, रस्य लः + खल कणश आदाने—कयप् । वालं पर्व वृणोतेः—निरु० ११ । ३१ । वरणीयस्य स्वीकरणीयस्य ग्राहयिता । वालखिल्यसंज्ञकानि सूक्तानि (वृषाकपिः) कनिन् युवृषितक्षि० । उ० १ । १६५ । वृष सेचने पराक्रमे च—कनिन्, यद्वा इगुपधज्ञाप्रीकिरः । पा० ३ । १ । १३५ । इति कप्रत्ययः । कुणिठकम्प्योर्नलोपश्च । उ० ४ । १४४ । कपि चलने—इप्रत्ययः । अन्येषामपि दृश्यते । पा० ६ । ३ । १३७ । इति दीर्घः । वृषाकपिः पदनाम—निघ० ५ । ६ । अथ यद् रश्मिभिरभिप्रकम्पयन्नेति तद्वृषाक-

(जागतानि शंसन्ति) जगती छन्द वाले [उक्थों] को वे बोलते हैं। (अथो एतैः एव सेन्द्रं तृतीयसवनम्, एतैः जागतं सवनम्) फिर इन [उक्थों] करके ही इन्द्र सहित तीसरा सवन है, इन ही करके जागत [जगत् का उपकारक] सवन है। (धराणि ह वै अस्य एतानि उक्थानि भवन्ति, यत् नाभानेदिष्ठः, वालखिल्यः वृषाकपिः, एवयामरुत्) धारण योग्य ही इस [सवन] के यह उक्थ हैं, जो नाभानेदिष्ठ [इदमित्था रौद्रं गूर्तबचा, और ये यज्ञेन दक्षिणया समक्ता·····ऋ० १०। ६१ तथा ६२, यह नाभानेदिष्ठ [वेद सम्बन्ध में अति समीप ऋषि वाले दो सूक्त], वालखिल्य [अभि प्रवः सुराधस ····· आदि, ऋ० ८। ४६–५६ यह वाल खिल्य [स्वीकार योग्य के ग्रहण करने वाले] नाम के ग्यारह सूक्त], वृषाकपि [वि हि सोतोरसृक्षत···ऋ० १०। ८६, यह वृषाकपि [बलवान् चेष्टा कराने वाले ऋषि वाला सूक्त] और एवयामरुत् [प्र वो महे मतयो यन्तु·····ऋ० ५। ८७, यह एवयामरुत् [पाने योग्य का प्राप्त कराने वाला शत्रुनाशक ऋषि] का सूक्त] है। (तस्मात् तानि सार्द्धम् एव उपेयुः) इस लिये इन को एक साथ ही वे प्राप्त करें। (इदं रेतः सार्द्धं सिक्तं समृद्धम्, एकधा प्रजनयाम इति) यह वीर्य एक साथ सींचा हुआ सफल होता है, [इस लिये] एक प्रकार से [एक साथ] हम उत्पन्न करें। (यं ह वै एतानि न अनूपेयुः, यथा रेतः सिक्तं विलुम्पेत, कुमारं वा जातं अङ्गशः विभजेत्. तादृक् तत्) जो [ऋत्विज लोग] इन [उक्थों] को न लगातार प्राप्त करें, जैसे वीर्य सींचा हुआ छिन्न भिन्न हो जावे [तब] वह कुमार [गर्भस्थ बालक] अथवा उत्पन्न हुये बालक को अङ्ग अङ्ग से खण्डित कर देवे, वैसे ही वह [यज्ञ कर्म खण्डित] होता है। (तस्मात् तानि सार्द्धम् एव उपेयुः) इस लिये उन [चार उक्थों] को एक साथ ही प्राप्त करें। (इदं रेतः सार्द्धं सिक्तं समृद्धम्, एकधा

पिर्भवति वृषाकम्पनः—निरु० १२। २७। हरविष्णु वृषाकपी—अमरः २३। १३०। वृषाकपिः=विष्णुः शिवः, अग्निः, इन्द्रः, सूर्यः,—इति शब्दकल्पद्रुमः। वृषा बलवान्, कपिः कम्पयिता चेष्टयिता इन्द्रो जीवात्मा। ऋषिविशेषः। वृषाकपिदृष्टसूक्तम् (एवयामरुत्) इण् शीभ्यां वन्। उ० १। १५२। इण् गतौ—वन् +या प्रापणे–क, आर्षो दीर्घः। मित्रोरुतिः। उ० १। ६४। मृङ् प्राणत्यागे–उति। एवयः प्रापणीयस्य प्रापकश्चासौ मरुत् शत्रूणां मारयिता च। ऋषिविशेषः। एवयामरुत् संज्ञकेन दृष्टं सूक्तम् (उपेयुः) उप—इयुः। प्राप्नुयुः (प्रजनयाम) उत्पादयाम (विलुम्पेत) लुप्लृ छेदने। विनाशयेत् (विभजेत) विभक्तं कुर्यात् (शिल्पानि)

प्रजनयाम इति) यह वीर्य एक साथ सींचा हुआ सफल होता है, [इस लिये] एक प्रकार से [एक साथ] हम उत्पन्न करें ॥

(शिल्पानि शंसति) शिल्प [कला कौशल वाले नाभानेदिष्ठ ऋषि के सूक्तों, ऋ० १० । ६१, ६२] को वह बोलना है । (यत् एव शिल्पानि, एतेषां शिल्पानां वै अनुकृतिः, हि शिल्पम् अधिगम्यते) जो ही शिल्प सूक्त हैं, वे इन शिल्पों का अनुकरण [दृष्टान्त] हैं, क्योंकि [इन से] शिल्प समझा जाता है । (हस्ती, कंसः, वासः, हिरण्यम् अश्वतरी रथशिल्पम्) हाथी, कंस [चमकीला द्रव्य वा पात्र], वस्त्र, सुवर्ण आभूषण और खच्चरी, रथ के शिल्प हैं । (शिल्पं ह अस्य समधिगम्यते, यः एवं वेद) शिल्प ही उस पुरुष का अच्छे प्रकार समझा जाता है, जो ऐसा विद्वान् है । (यत् एव शिल्पानि शंसति, तत् स्वर्गस्य लोकस्य रूपम्) जो ही वह शिल्प सूक्तों को बोलता है, वह स्वर्ग लोक का रूप है । (यत् उ एव शिल्पानि, वै आत्मसंस्कृतिः, शिल्पानि एव अस्य आत्मानम् तत् संस्कुर्वन्ति) जो हि शिल्प कर्म हैं, वे ही आत्मा के संस्कार [शुद्ध वासनायें] हैं, शिल्प कर्म ही इस [मनुष्य] के आत्मा को तब संस्कार युक्त करते हैं ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को चाहिये कि वेदमन्त्रों को भली भांति विचार कर और शिल्पशास्त्र आदि विद्याओं में निपुण होकर आनन्द भोगें ॥ ७ ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका के लिये देखो ऐ० ब्रा० ५ । १५ तथा ६ । २७ ॥

कण्डिका ८ ॥

नाभानेदिष्ठं शंसति, रेतो वै नाभानेदिष्टः । रेत एवास्य तत् कल्पयति । तद्रेतो मिश्रं भवति, क्षया रेतः सञ्जग्मानो निषिञ्चदिति, रेतसः समृध्या एव । तं नाराशं संशंसति, प्रजा वै नरः, वाक् शंसः, प्रजासु तद्वाचं दधाति । तस्मादिमाः प्रजा अदन्त्यो जायन्ते । तं हैके पुरस्तात् प्रगाथानां शंसन्ति, पुरस्तादायतना वागिति वदन्ते, उपरिष्टादेके । उपरिष्टादायतना वागिति वदन्तो मध्य एव शंसेत्, मध्यायतना वा इयं वाग्, उपरिष्टान्नेदीयसीव तं होता रेतो भूतं शस्त्वा

स्वप्नशिल्पशब्दपद्वाष्प० । उ० ३ । २८ । शील समाधौ—प, ह्रस्वत्वम् । कौशलानि । शिल्पसूक्तानि (अनुकृतिः) अनुकरणम् । सदृशीकरणम् (कंसः) वृतॄवदिवचिवसिहनिकमि कषिभ्यः सः । उ० । ३ । ६२ । कमु कान्तौ—स । तेजसद्रव्यं पात्रम् (हिरण्यम्) सुवर्णभूषणम् (आत्मसंस्कृतिः) आत्मनः शुद्धवासना (संस्कुर्वन्ति) शोधयन्ति ॥

मैत्रावरुणाय सम्प्रयच्छति । एतस्य त्वं प्राणान् कल्पयति [कल्पयेति], बालखिल्याः शंसन्ति, प्राणा वै बालखिल्याः, प्राणानेवास्य तत् कल्पयति । ता विहृताः शंसति, विहृता वै प्राणाः प्राणेनापानो अपानेन व्यानः । स पच्छः प्रथमे सूक्ते विहरति, अर्द्धर्चशो द्वितीये, ऋक्शस्तृतीये । स यत् प्रथमे सूक्ते विहरति, वाचं चैव तन्मनश्च विहरति । यद् द्वितीये चक्षुश्चैव तच्छ्रोत्रं च विहरति । यत्तृतीये प्राणं चैव, तदात्मानं च विहरति । तदुपासो विहरेत्, कामः, अन्ये तु वै प्रगाथाः कल्पयन्तेति भशं समेव विहरेत् । तथा वै प्रगाथाः कल्पयन्ते । यदेवातिमशं, तत् स्वर्गस्य लोकस्य रूपम् । यद्वेवातिमशं, आत्मा वै बृहती, प्राणाः सतोबृहती, स बृहतीमशंसीत् । स आत्माथ सतोबृहतीं, ते प्राणा अथ बृहतीमथ सतोबृहतीं, तदात्मानं प्राणैः परिवृढ्नेति । यद्वेवातिमर्शः, आत्मा वै बृहती, प्रजाः सतोबृहती, स बृहतीमशंसीत् । स आत्माथ सतोबृहतीं, ते प्रजा अथ बृहतीमथ सतोबृहतीं, तदात्मानं प्रजया परिवृढ्नेति । यद्वेवातिमशं, आत्मा वै बृहती, पशवः सतोबृहती, स बृहतीमशंसीत् । स आत्माथ सतोबृहतीं, ते पशवोथ बृहतीं, अथ सतोबृहतीं, तदात्मान पशुभिः परिवृढ्नेति । तस्य मैत्रावरुणः प्राणान् कल्पयित्वा ब्राह्मणाच्छंसिने सम्प्रयच्छति । एतस्य त्वं प्रजनयेति, सुकीर्त्तिं शंसति, देवयानिर्वै सुकीर्त्तिः तद्यज्ञियायां देवयोन्यां यजमानं प्रजनयेति [प्रजनयति] । वृषाकपिं शंसति, आत्मा वै वृषाकपिः, आत्मानमेवास्य तत् कल्पयति । तन्यूशंख इति [तं न्यूङ्खयति], अन्नं वै न्यूशंखः, अन्नाद्यमेवास्मै तत् सम्प्रयच्छति, यथा कुमाराय जाताय स्तनम् । स पाङ्क्तो भवति, पाङ्क्तो ह्ययं पुरुषः पञ्चधा विहितः लोमानि त्वगस्थिमज्जामस्तिष्कम् । स यावानेव पुरुषस्तावन्तं यजमानं संस्कृत्याच्छावाकाय सम्प्रयच्छति । एतस्य त्वं प्रतिष्ठां कल्पय, इत्यैवयामरुतं शंसति, प्रतिष्ठा वा एवयामरुत् प्रतिष्ठाया एवैनमन्ततः प्रतिष्ठापयति । याज्यया यजति, अन्नं वै याज्या, अन्नाद्यमेवास्मै तत् प्रयच्छति ॥ ८ ॥

कण्डिका ८ ॥ नाभानेदिष्ठ, नाराशंस, बालखिल्य, प्रगाथ, बृहती, सतोबृहती, वृषाकपि, न्यूङ्ख, एवयामरुत् और याज्या का विनियोग ॥

(नाभानेदिष्ठं शंसति) नाभानेदिष्ठ [नाभानेदिष्ठ ऋषि वाले सूक्त—क० ७] को वह [होता] बोलता है । (रेतः वै नाभानेदिष्ठः, अस्य रेतः एव

८—(कल्पयति) समर्थयति (मिश्रम्) रजसा मिश्रितम् (क्षमया) भूम्या—निघ० १ । १ (रेतः) वीर्यम् । उदकम्—निघ० १ । १२ (सञ्जमानः)

तत् कल्पयति) वीर्य ही नाभानेदिष्ठ [वेद सम्बन्ध में अति समीप पदार्थ] है, इस [यजमान] के वीर्य को ही उस से वह समर्थ करता है । (तत् रेतः मिश्रं भवति, क्षमया सङ्गच्छमानः रेतः निषिञ्चत् इति, रेतसः समृध्यै एव) फिर वीर्य [रज के साथ] मिला हुआ होता है, [जैसे] पृथिवी के साथ संगति करता हुआ [सूर्य] जल सींचता रहता है [वैसे ही] वीर्य की सफलता के लिये ही [यह कर्म है] । (तं नाराशंसं शंसति) उस नाराशंस [नाभानेदिष्ठ ऋषि वाले सूक्त—ऋ० १० । ६२ । १–११] को वह बोलता है । (प्रजाः वै नरः वाक् शंसः, प्रजासु तत् वाचं दधाति) प्रजायें ही नर हैं, और वाणी शंस है [अर्थात् नर+शंस=नाराशंस], प्रजाओं में उस से वाणी [जिह्वा] को वह स्थापित करता है । (तस्मात् इमाः प्रजाः अदन्त्यः जायन्ते) इस लिये यह प्रजायें बिना दांत वाली उत्पन्न होती हैं [क्योंकि जीभ दांत की है] । (तं ह वै एके प्रगाथानां पुरस्तात् शंसन्ति, पुरस्तादायतना वाक् इति वदन्ते) उस [नाराशंस सूक्त] को ही कोई २ ऋषि प्रगाथों [दो दो मन्त्रों के समूहों] के पहिले बोलते हैं, [मुख में] पहिले स्थान वाली वाणी है—ऐसा वे कहते हैं । (एके उपरिष्टात्, उपरिष्टादायतना वाक् इति वदन्तः) कोई कोई [प्रगाथों के] पीछे [बोलते हैं], पीछे [मुख के मूर्धा आदि] स्थान वाली वाणी है—ऐसा वे कहते हैं । (मध्ये एव शंसेत्, मध्यायतना वै इयं वाक्) [प्रगाथों के] मध्य में ही [नाराशंस] बोले, मध्य [शरीर में नाभि हृदय आदि] स्थान वाली ही यह वाणी है । (उपरिष्टात् नेदीयसि इव तं रेताभूतं शस्त्वा होता मैत्रावरुणाय संप्रयच्छति) उपरान्त अत्यन्त निकट वाले [नाभानेदिष्ठ के सूक्त के अन्त के अत्यन्त समीप भाग] में ही उस वीर्य रूप सूक्त को बोल कर होता मैत्रावरुण को [यजमान को] देता है—(एतस्य प्राणान् त्वं कल्पय इति) इस के प्राणों को तू समर्थ कर ॥

(वालखिल्याः शंसन्ति=शंसति) वालखिल्य ऋचाओं को [क० ७] वह [मैत्रावरुण] बोलता है । (प्राणाः वै वालखिल्याः अस्य प्राणान् एव तत् कल्पयति) प्राण ही वालखिल्य स्वीकार योग्य के ग्रहण कराने वाले] हैं, इस [यजमान] के प्राणों को ही उस से वह समर्थ करता है । (ताः विहृताः

सङ्गं प्राप्तः (निषिञ्चत्) निषिञ्चति (अदन्त्यः) नञ्+दन्त—ङीप् । दन्तशून्याः (पुरस्तादायतना) पूर्वभागस्थाना (उपरिष्टादायतना) उपरिष्टात् मूर्ध्नि आयतनं स्थानं यस्याः सा (मध्यायतना) शरीरमध्ये नाभ्यादौ स्थानं यस्याः सा (उपरिष्टान्नेदीयसि) उपरिष्टात् नाभानेदिष्टसूक्तस्यावसानभागस्यात्यन्तस-

शंसति, विहृताः वै प्राणाः, प्राणेन अपानः, अपानेन व्यानः) उन्हें आपस में मिली हुई वह बोलता है, आपस में मिले हुये ही प्राण हैं [श्वास मात्र] हैं, प्राण [भीतर जाने वाले श्वास] के साथ अपान [बाहर निकलने वाला श्वास], और अपान के साथ व्यान [समस्त शरीर में फैला वायु मिला हुआ है]। (सः पच्छः प्रथमे सूक्ते विहरति, अर्धर्चशः द्वितीये, ऋक्शः तृतीये) वह पाद पाद करके पहिले सूक्त में [वालखिल्य ऋचाओं को] बोलता है, आधी आधी ऋचाओं से दूसरे में, ऋचा ऋचा से तीसरे में। (सः यत् प्रथमे सूक्ते विहरति, तत् वाचं च एव मनः च विहरति) वह जो पहिले सूक्त में [वालखिल्य ऋचाओं को] संयुक्त करता है उस से वाणी और मन को ही संयुक्त करता है। (यत् द्वितीये, तत् चक्षुः च एव श्रोत्रं च विहरति) वह जो दूसरे में [संयुक्त करता है] उस से आंख और कान को ही संयुक्त करता है। (यत् तृतीये, तत् प्राणं च एव आत्मानं च विहरति) वह जो तीसरे [सूक्त] में [जोड़ता है], उस से प्राण को और आत्मा को ही वह जोड़ता है। (तत् उपपतिः कामः, विहरेत्) उस से कामना प्राप्त हुई, वह [वैसा ही] जोड़े। (अन्ये तु वै प्रगाथाः कल्पयन्ते, अतिमर्शम् एव सं विहरेत्) कोई कोई तो प्रगाथाओं को मानते हैं, अतिमर्श [मन्त्रों के अत्यन्त संयोग] को ही वह बोले—(तथा वै प्रगाथाः कल्पयन्ते) इस प्रकार से ही वे प्रगाथाओं को मानते हैं। (यत् एव अतिमर्शम्, तत् स्वर्गस्य लोकस्य रूपम्) जो ही अतिमर्श [मन्त्रों का मिलान] है, वह स्वर्गलोक का रूप है। (यत् उ एव अतिमर्शम्, आत्मा वै बृहती, प्राणाः सतोबृहती) जो ही अतिमर्श [मिलान] है, आत्मा ही बृहती छन्द है और प्राण सतोबृहती छन्द हैं। (सः बृहतीम् अशंसीत्, सः आत्मा, अथ सतोबृहतीम्, ते प्राणाः अथ बृहतीम् अथ सतोबृहतीं तत् आत्मानं प्राणैः परिवृढन् एति) [जो] वह बृहती छन्द बोलता है, वह आत्मा है, फिर सतोबृहती छन्द को, वे प्राण हैं, फिर बृहती फिर सतोबृहती को [बोलता है], उस से आत्मा को प्राणों के साथ बढ़ाता हुआ वह चलता है। (यत् उ एव अतिमर्शः, आत्मा वै बृहती, प्रजाः सतोबृहती) क्योंकि यह ही अतिमर्श

मीपवर्तिनि भागे (इव) एव (विहृताः) परस्परव्यतिषिक्ताः । परस्परसंगताः (पच्छः) पद्—शः । पादेन पादेन (विहरति) योजयति । शंसति (उपपतिः) प्राप्तः (कल्पयन्ते) रचयन्ति (अतिमर्शम्) संयोगम् (परिवृढन्) परिवृहन् । परिवर्धयन् (एति) गच्छति । प्रवर्तते (सुकीर्तिम्) सुकीर्तिनामकेन ऋषिणा

[मिलान] है, आत्मा ही बृहती है, और प्रजायें सतोबृहती । (सः बृहतीम् अशंसीत् सः आत्मा, अथ सतोबृहतीं, ते [=नाः], प्रजाः, अथ बृहतीम् अथ सतोबृहतीं तत् आत्मानं प्रजया परिवृढन् एति) वह जो बृहती को बोलता है वह आत्मा है, फिर जो सतोबृहती को, वे प्रजायें है, फिर जो बृहती को फिर सतोबृहती को [मिला कर बोलता है], उस से आत्मा को प्रजा के साथ बढ़ाता हुआ वह चलता है । (यत् उ एव अतिमर्शम् , आत्मा वै बृहती, पशवः सतोबृहती) क्योंकि यह भी अतिमर्श [अत्यन्त विचार] है—आत्मा ही बृहती है और पशु सतोबृहती हैं । (सः बृहतीम् अशंसीत् सः आत्मा, अथ सतोबृहतीम्, ते पशवः, अथ बृहतीम् अथ सतोबृहतीं, तत् आत्मानं पशुभिः परिवृढन् एति) [जो] वह बृहती छन्द बोलता है वह आत्मा है फिर सतोबृहती को, वे सब पशु हैं, फिर बृहती को फिर सतोबृहती को [बोलता है], उस से आत्मा को पशुओं के साथ बढ़ाता हुआ वह चलता है ॥

(मैत्रावरुणः तस्य प्राणान् कल्पयित्वा ब्राह्मणाच्छंसिने सम्प्रयच्छति–त्वम् एतस्य प्रजनय इति) मैत्रावरुण इस [यजमान] के प्राणों को समर्थ करके [उसे] ब्राह्मणाच्छंसी को देता है—तू इस का उत्तम जन्म कर । (सुकीर्तिं शंसति, देवयोनिः वै सुकीर्तिः, तत् यज्ञियायां देवयोन्यां यजमानं प्रजनयति) वह [ब्राह्मणाच्छंसी] सुकीर्ति [सुकीर्ति ऋषि के देखे हुये सूक्त—अप प्राच इन्द्रं विश्वाँ—ऋ० १० । १३१ । १–७] को बोलता है, देवों [दिव्य गुणों] की उत्पत्ति स्थान सुकीर्ति [उत्तम बड़ाई] है, तब पूजनीय दिव्य गुणों की उत्पत्ति स्थान में यजमान को उत्तम जन्म देता है । (वृषाकपिं शंसति, आत्मा वै वृषाकपिः अस्य आत्मानम् एव तत् कल्पयति) वृषाकपि [वृषाकपि के देखे सूक्त —क० ७] को वह बोलता है आत्मा ही वृषाकपि [बलवान् चेष्टा कराने वाला] है, उस के आत्मा को ही तब वह समर्थ करता है । (त न्यूङ्ख इति [=तं न्यूङ्खयति]) उस [वृषाकपि सूक्त] को न्यूङ्ख युक्त करता है [क० १] । (अन्नं वै न्यूङ्खः, अन्नाद्यम् एव अस्मै तत् सम्प्रयच्छति, यथा जाताय कुमाराय स्तनम्) अन्न ही न्यूङ्ख है, खाने योग्य अन्न ही उस [यजमान] को तब वह देता है, जैसे उत्पन्न हुये बच्चे को स्तन [माता देती है] । (सः पाङ्क्तो भवति, पाङ्क्तः हि अयम् पुरुषः पञ्चधा विहितः, लोमानि त्वक् अस्थि मज्जा मस्तिष्कम्)

द्रष्टं सूक्तम्—ऋ० १० । १३१ (तं न्यूङ्खयति) तं वृषाकपिं न्यूङ्खयुक्तं करोति (पाङ्क्तः) पङ्क्ति विंशति० । पा० ५ । १ । ५९ । पञ्चन्—तिप्रत्ययः, टिलोपः,

यह न्यूङ्ख पाङ्क्त [पङ्क्ति छन्द पांच पाद वाला] है, पाङ्क्त [पांच परिमाण वाला] ही यह पुरुष है [जो] पांच प्रकार से विधान किया गया है—लोम, त्वचा, हड्डी, मज्जा और मस्तिष्क [भेजा] ॥

(यावान् एव पुरुषः, सः तावन्तं यजमानं संस्कृत्य अच्छावाकाय सम्प्रयच्छति त्वम् एतस्य प्रतिष्ठां कल्पय इति) जितना ही पुरुष है, वह [ब्राह्मणाच्छंसी] उतना यजमान को शुद्ध करके अच्छावाक को देता है—तू इस [यजमान] की प्रतिष्ठा कर । (एवयामरुत शंसति) वह [अच्छावाक] एवयामरुत सूक्त [क० ७] बोलता है । (प्रतिष्ठा वै एवयामरुत्, प्रतिष्ठायै एव एनम् अन्ततः प्रतिष्ठापयति) प्रतिष्ठा [गौरव] ही यावयामरुत् [पाने योग्य का प्राप्त कराने वाला शत्रु नाशक] है, प्रतिष्ठा के लिये ही इस [यजमान] को अन्त में वह स्थापित करता है । (याज्यया यजति) वह याज्या [ऋचा] से यज्ञ करता है । (अन्नं वै याज्या, अन्नाद्यम् एव अस्मै तत् प्रयच्छति) अन्न ही याज्या है, खाने योग्य अन्न ही इस [यजमान] को वह उस से देता है ॥ ८ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य वेद मन्त्रों के तत्त्व को समझकर आत्मपुष्टि करते हैं, वे ही अपनी और दूसरों की उन्नति करते हैं ॥ ८ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका को मिलाओ—ऐ० ब्रा० ६ । २७, २८, २९, ३० ॥

टिप्पणी २—शुद्धि इस प्रकार है (त्वं ··· कल्पयति) = (त्वं ··कल्पयेति) (प्रजनयेति) = (प्रजनयति), और (त न्यूँ ख इति) = (तं न्यूङ्खयति)—ऐतरेय ब्राह्मण ॥

कण्डिका ९ ॥

तानि वा एतानि सहचरणानीत्याचक्षते, यन्नाभानेदिष्ठो बालखिल्यः, वृषाकपिरेवयामरुत्तानि सह वा शंसेत् सह वा न शंसेत् । यदेषामन्तरीयात् तद्यजमातस्यान्तरीयात् । यदि नाभानेदिष्ठं रेतोस्यान्तरीयात्, यदि बालखिल्याः प्राणानस्यान्तरीयात्, यदि वृषाकपिमात्मानमस्यान्तरीयात्, यदेवयामरुतं प्रतिष्ठा वा एवयामरुत्, प्रतिष्ठाया एवैनन्तथँ श्रावयेत्, दैव्याश्च मनुष्याश्च तानि सह वा शंसेत्, सह वा न शंसेत् । स ह बुडिल आश्वितरा स्युर्विश्वजितो होता सदीक्षाश्चक्रे, एतेषां वा एषां शिल्पानां विश्वजिति सांवत्सरिके द्वे होतुरुक्थे

पङ्क्ति—अण् । पञ्चपरिमाणयुक्तः । पञ्चधाविहितः (संस्कृत्य) संशोध्य । अन्यद् गतम्—क० ७ ॥

माध्यन्दिनमभिप्रच्यवेते । हन्ताहमिच्छमेवयामरुतं शस्ययानीति, तद्ध तथा शस्य-याञ्चक्रे । तद्ध तथा शस्यमाने गोश्ल आजगाम । स होवाच, होतः कथा ते शस्त्रं विचक्र स्रवत इति, किं ह्यभूयदित्येवयामरुदयमुत्तरतः शस्यत इति । स होवाच, इन्द्रो वै माध्यन्दिनः, कथेन्द्रं माध्यन्दिनान्यनीकसीति, नेन्द्रं माध्यन्दिनान्यनीषामिति । स होवाच, छन्दस्त्वदशु माध्यन्दिनं, सातिजागतं वाति, जागतं वा स उ मारुतो मेवं संसृष्टेति [मैवं शंसिष्टेति] । स होवाच, अरमाच्छावाकेत्यथास्मिन्ननुशासनमीषे । स होवाच, इन्द्रमेष विष्णुं न्यङ्गानि शंसति, अथ त्वं होतुरुपरिष्टाद्यौद्रिया धाय्या, या पुरस्तान्मारुतस्य सूक्तस्याप्यस्यधा इति । तथेति । तदप्येतर्हि तथैव शस्यते, यथा षष्ठे पृष्ठ्याहनि । कल्पत एव यज्ञः, कल्पते यजमानस्य प्रजापतिः, कथमत्राशस्त एव नाभानेदिष्ठो भवति । अथ बालखिल्याः शंसति, रेतो वा अग्रेऽथ प्राणा एवं ब्राह्मणाच्छंस्यशस्त एव नाभानेदिष्ठो भवति । अथ वृषाकपिं शंसति, रेतो वा अग्रेऽथात्मा, कथमत्र यजमानस्य प्रजापतिः, कथं प्राणा अवरुद्धा भवन्तीति । यजमानं वा एतेन सर्वेण यज्ञक्रतुना संस्कुर्वन्ति, स यथा गर्भो योन्यामन्तरेव सम्भवञ्छेते, न ह वै सकृदेवा अग्रे सर्वं सम्भवति, एकैकं वाङ्गं सम्भवति । सर्वाणि चेत्समानेऽहनि क्रियेरन्, कल्पयत एव यज्ञः, कल्पते यजमानस्य प्रजापतिः । अथ हैव एवयामरुतं होता शंसेत्, तस्यास्य प्रतिष्ठा, तस्या एवैनमन्ततः प्रतिष्ठापयति प्रतिष्ठापयति ॥ ९ ॥

कण्डिका ९ ॥ नाभानेदिष्ठ, बालखिल्य, वृषाकपि और एवया-मरुत् सहचरणों का वर्णन तथा बुडिल और गोश्ल के प्रश्नोत्तर ॥

(तानि वै एतानि सहचरणानि इति आचक्षते, यत् नाभानेदिष्ठः, बालखिल्याः, वृषाकपिः एवयामरुत्, तानि सह वा शंसेत, सह वा न शंसेत्) वे ही यह सहचरण [एक दिन में बोले गये सूक्त] हैं, ऐसा वे [ब्रह्मवादी] कहते हैं, जो नाभानेदिष्ठ, बालखिल्य, वृषाकपि, और यावयामरुत् [क० ७] हैं, उन को अथवा वह एक साथ ही बोले, अथवा एक साथ न बोले । (यत् एषाम् अन्तरीयात्, तत् यजमानस्य अन्तरीयात्) जो इन में से कुछ वह छोड़

९—(सहचरणानि) एकस्मिन् दिने सह शंसनीयानि शिल्पसूक्तानि (अन्तरीयात्) विच्छेदो भेदो भवेत् । विनाशयेत् (श्रावयेत्) श्रु गतौ । गमयेत् । च्यावयेत् (दैव्याः) देवसंबन्धिन्याः (मनुष्याः) मानुष्याः । मनुष्यसम्बन्धि-

दे, उस से यजमान का नाश करे । (यदि नाभानेदिष्ठम्, अस्य रेतः अन्तरीयात्) यदि नाभानेदिष्ठ को [छोड़े], इस के वीर्य को वह नष्ट करे, (यदि बालखिल्याः, अस्य प्राणान् अन्तरीयात्) यदि बालखिल्याओं को [वह छोड़े !] इस के प्राणों को वह नष्ट करे । (यदि वृषाकपिम्, अस्य आत्मानम् अन्तरीयात्) यदि वृषाकपि को [वह छोड़े], वह इस के आत्मा को नष्ट करे । (यत् एवयामरुतम्, प्रतिष्ठा वै एवयामरुत्, दैव्याः च मनुष्याः [मानुष्याः] च प्रतिष्ठायाः एव एनं तं श्रावयेत्) यदि एवयामरुत् को [वह छोड़े], प्रतिष्ठा ही एवयामरुत् है, दैवी [दिव्य गुण वाली] और मानुषी [मननशीलों वाली] प्रतिष्ठा से ही इस [यजमान] को वह निकाल देवे । (तानि सह वा शंसेत्, सह वा न शंसेत्) उन को अथवा वह एक साथ ही बोले, अथवा एक साथ न बोले ॥

(सः ह बुडिलः, आश्वितराः स्युः, विश्वजितः होता सत् ईक्षांचक्रे एतेषां वै एषां शिल्पानां सांवत्सरिके विश्वजिति होतुः द्वे उक्थे माध्यन्दिनम् अभि प्रच्यवेते) वह [प्रसिद्ध] बुडिल [त्यागी ऋषि] यह विचार कर, कि [यह लोग] बलवान् पुरुषों के तराने वाले हों, विश्वजित् यज्ञ का होता होकर विचारने लगा—इन शिल्पों [नाभानेदिष्ठ आदि] के संवत्सर रहने वाले विश्वजित् यज्ञ में होता के दो उक्थ माध्यन्दिन सवन पर होते हैं । (हन्त, अहम् इच्छम् एवयामरुतं शस्ययानि इति, तत् ह तथा शस्ययाञ्चक्रे) हर्ष है—मैंने चाहा है-मैं एवयामरुत् सूक्त बोलूं—उस को उस ने उसी प्रकार उच्चारण कराया । (तत् ह तथा शस्यमाने गोश्लः आजगाम) तब ही वैसा बोले जाने पर गोश्ल [वेद वाणी का सेवक, ऋषि] आ गया । (सः ह उवाच, होतः कथा ते शस्त्रं विचक्रं प्रवते इति) वह गोश्ल बोला—हे होता ! कैसे तेरा स्तोत्र बिना पहिये चलता

त्याः (बुडिलः) बुड त्यागे संवरणे च—इलच्, कित् । त्यागी । ऋषिविशेषः (आश्वितराः) अश्व—इञ् स्वार्थे+तृ तारणे—अच् आश्वीनाम् अश्वानां बलवत्पुरुषाणां तारकाः (सत्) सन् (ईक्षाञ्चक्रे) विचारितवान् (अभि) अभिलक्ष्य (प्रच्यवेते) प्रवर्तेते (हन्त) हर्षोऽस्ति (इच्छम्) लुङि आर्षरूपम् । ऐच्छम् (शस्ययानि) शंसयानि (शस्ययाञ्चक्रे) शंसयाञ्चक्रे । शंसनं कारितवान् (गोश्लः) गो+श्रिञ् सेवायां—डप्रत्ययः, रस्य लः । वेदवाणीसेवकः । ऋषिविशेषः (कथा) कथम् (विचक्रम्) चक्ररहितम् (प्रवते) गच्छति प्रवर्तते (अभूयत) अभूत् (उत्तरतः) उत्तरस्यां दिशि (अनीकसि) शीघ्र

है। (किं हि अभूत् इति) [बुडिल बोला] क्या ही [दोष] हुआ है। (एवयामरुत् अयम् उत्तरतः शस्यते [शंसति] इति)। [गोश्ल बोला] एवयामरुत् सूक्त को यह [अच्छावाक] उत्तर ओर से बोलता है। (सः ह उवाच, इन्द्रः [ऐन्द्रः] वै माध्ययन्दिनः, कथा इन्द्रं माध्यन्दिनानि अनीकसि इति) वही [गोश्ल फिर] बोला—इन्द्र देवता वाला ही माध्यन्दिन सवन है, कैसे इन्द्र को माध्यन्दिन सूक्तों से तू ने निकाला है । (इन्द्रं माध्यन्दिनानि न अनीषाम् इति) [बुडिल बोला] इन्द्र को माध्यन्दिन सूक्तों से मैं ने नहीं निकाला। (सः उवाच, इदम् उ छन्दः तु माध्यन्दिनं साति जागतं वा अतिजागतं वा) वह [गोश्ल] बोला-यह छन्द तो माध्यन्दिन के अवसान में जगती छन्द वा अतिजगती छन्द [तो ठीक है, परन्तु] (सः उ मारुतः, एवं मा संसृष्ट [मा शंसिष्ट] इति) वह [स्तोम] मरुत देवता वाला है, इस प्रकार वह [उसे] न बोले। (सः ह उवाच अरम् अच्छावाक इति, अथ अस्मिन् अनुशासनम् ईषे) वह [बुडिल] बोला—हे अच्छावाक ! बस [चुप रह], क्योंकि इस में [गोश्ल का] अनुशासन मैं मानता हूं। (स ह उवाच, एषः इन्द्रं विष्णुं न्यङ्गानि शंसति=शंसतु) वह [गोश्ल] बोला—यह अच्छावाक इन्द्र को विष्णु के चिन्हों सहित मन्त्रों [ऋ० ६। २०। १-१३ जिस के दूसरे मन्त्र में विष्णु शब्द है और जो इन्द्र देवता वाला है] बोले। (अथ त्वम् होतुः [हौतः] उपरिष्टात् या रौद्रीया धाय्या, अस्य मारुतस्य सूक्तस्य पुरस्तात् अपि धाः इति) और तू हे होता ! अन्त में जो रुद्र देवता वाली धाय्या है, [उस को] इस मारुत सूक्त के पहिले ही धारण कर। (तथा इति)। [बुडिल बोला] वैसा ही हो। (तत् अपि एतर्हि तथा एव शस्यते, यथा षष्ठे पृष्ठ्याहनि) वह अब भी वैसा ही बोला जाता है, जैसे पृष्ठ्याह यज्ञ के छठे दिन ॥

(यज्ञः एव कल्पते, यजमानस्य प्रजापतिः कल्पते, कथम् अत्र नाभानेदिष्ठः अशस्तः एव भवति) यज्ञ ही समर्थ होता है और यजमान का प्रजापालक व्यवहार समर्थ होता है, कैसे यहां नाभानेदिष्ठ स्तोम बिना बोला हुआ

प्रापणे—लुङ्, आर्षम्। अनैषीः। प्रेरितवान् असि (अनीषाम्) लुङ्, आर्षम्। अनैषम्। प्रेरितवान् अस्मि (साति) ऊतियूतिजूतिसाति०। पा० ३। ३। ९७। षो अन्तकर्मणि यद्वा षै क्षये—क्तिन्, विभक्तेर्लुक्। सातौ। अवसाने (मा संसृष्ट) मा शंसिष्ट। शंसनं मा करोतु (अरम्) अलम्। पर्याप्तम् (ईषे) ईष गतौ। गच्छामि। प्राप्नोमि (विष्णुम्) विष्णोः (न्यङ्गानि) लिङ्गानि (होतुः)

ही रहता है । (अथ बालखिल्याः शंसति, रेतः वै अग्रे अथ प्राणाः, एवं ब्राह्मणाच्छंसी [ब्राह्मणाच्छंसिना] नाभानेदिष्ठः अशस्तः एव भवति) फिर वह बालखिल्य ऋचायें बोलता है, वीर्य ही पहिले है फिर प्राण हैं, इस प्रकार ब्राह्मणाच्छंसी करके नाभानेदिष्ठ स्तोम बिना बोला हुआ ही होता है । (अथ वृषाकपिं शंसति, रेतः वै अग्रे अथ आत्मा, कथम् अत्र यजमानस्य प्रजापतिः कथं प्राणाः अवरुद्धाः भवन्ति इति) फिर वृषाकपि [वृषाकपि वाले स्तोम] को वह बोलता है, वीर्य ही पहिले फिर आत्मा होता है, कैसे यहां यजमान का प्रजापालक व्यवहार [समर्थ होता है], और कैसे प्राण रक्षित होते हैं । (यजमानं वै एतेन सर्वेण यज्ञक्रतुना संस्कुर्वन्ति, यथा सः गर्भः योन्याम् अन्तः एव सम्भवन् शेते) [उत्तर] यजमान को ही इस सब यज्ञ कर्म से वे संस्कार युक्त करते हैं, जैसे गर्भ गर्भाशय के भीतर ही उत्पन्न होता हुआ रहता है । (सर्वं सकृत् एव अग्रे न ह वै सम्भवति, एकैकं वा अङ्गं सम्भवति) सब एक बार ही पहिले नहीं समर्थ होता, एक एक ही अङ्ग समर्थ होता है । (सर्वाणि चेत् समाने अहनि क्रियेरन्, यज्ञः एव कल्पेत, यजमानस्य प्रजापतिः कल्पते) जो सब [शिल्प स्तोत्र] एक दिन में किये जावें, यज्ञ अवश्य समर्थ होता है, और यजमान का प्रजापालक व्यवहार समर्थ होता है । (अथ ह एव एवयामरुतं होता शंसेत्, तस्य अस्य प्रतिष्ठा, तस्यै एव एनम् अन्ततः प्रतिष्ठापयति प्रतिष्ठापयति) फिर ही एवयामरुत् स्तोम को होता बोले, उस [यजमान] की प्रतिष्ठा है, उस [प्रतिष्ठा] के लिये ही इस [एवयामरुत स्तोम] को अन्त में वह स्थापित करता है, वह स्थापित करता है ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य यज्ञ के अङ्ग अङ्ग के विचार के साथ यज्ञ सिद्धि करके प्रतिष्ठा पावे ॥ ६ ॥

टिप्पणी १—इस कण्डिका के लिये देखो पीछे क० ७ । ८ और ऐ० ब्रा० ५ । १५ और ६ । ३०, ३१ ॥

टिप्पणी २—संकेतित मन्त्रों में से दो मन्त्र यहां लिखते हैं, शेष वेद में देखो—द्यौर्न॑य इन्द्राभि भूमार्यस्तस्थौ र॒यिः शव॑सा पृत्सु जना॑न् । तं नः॑ स॒हस्र॑भरमुर्वरा॒सां द॒दूधि सू॑ना सहसो वृत्रतु॑रम । १ । दि॒वो न तु॒भ्य॒मन्विन्द्र॒ स॒त्रा

हे होतः (धाः) अधाः । धेहि (प्रजापतिः) प्रजातिः । जन्म (अवरुद्धाः) रक्षिताः (संस्कुर्वन्ति) संस्कारयुक्तं कुर्वन्ति (योन्याम्) गर्भाशये (सम्भवन्) उत्पन्नः सन् (शेते) वर्तते (कल्पयते) कल्पते । समर्थते ॥

सुर्यं देवेभिर्धायि विश्वम् । अहिं यद् वृत्रमपो वव्रिवांसं हन्नृजीषिन् विष्णुना सचानः । २ । ऋ० ६ । २० । १, २ ॥

१—(इन्द्र) हे इन्द्र ! [बड़े ऐश्वर्य वाले राजन्] (यः रयिः) जो धन (द्यौः न भूम) सूर्य के समान सत्तामात्र को, (शवसा) बल से (पृत्सु) सङ्ग्रामों में (अर्यः=अरेः) वैरी के (जनान्) मनुष्यों को (अभि तस्थौ) वश में करता है । (सहसः सुनो) हे बल से प्रेरणा करने वाले [शूर !] (नः) हमें (तम्) उस (सहस्रभरम्) सहस्रों पदार्थ धारण करने वाले, (उर्वरासाम्) उपजाऊ भूमि के सेवने वाले (वृत्रतुरम्) शत्रुओं के नाश करने वाले [धन] को (दद्धि) दे ॥ १ ॥

२—(इन्द्र) हे इन्द्र ! [बड़े ऐश्वर्य वाले राजन्] (दिवः=दवे न) सूर्य समान (तुभ्यम्) तेरे लिये (सत्रा) सत्य से (विश्वम्) सब (असुर्यम्) असुरों का ऐश्वर्य (देवेभिः) विद्वानों करके (अनु धायि) निरन्तर धारण किया गया है । (ऋजीषिन्) हे सरल धर्म वाले ! (यत्) जब कि तू ने (वृत्रम्) वैरी को, (विष्णुना) बिजुली से (सचानः) मिले हुये [सूर्य के समान] (अपः) जलों को (वव्रिवांसम्) बांटने वाले (अहिम्) मेघ को (हन्) मारा है ॥ २ ॥

कण्डिका १० ॥

देवक्षेत्रं वै षष्ठमहः । देवक्षेत्रं वा एत आगच्छन्ति, ये षष्ठमहरागच्छन्ति । न वै देवा अन्योऽन्यस्य गृहे वसन्ति, नर्त्तुर्ऋतोर्गृहे वसतीत्याहुः, तद्यथायथमृत्विज ऋतुयाजान् यजन्त्यसप्रदायम्, तद्वदेतान् कल्पयति, यथायथं जनिता । तदाहुः, नर्त्तुप्रैषी प्रेष्येयुर्नर्त्तुप्रैषी वषट् कुर्युः, वाग्वा ऋतुप्रेषा, आप्यायते वै वाक् षष्ठेऽहनीति । यदेतुप्रैषी प्रेष्येयुः, यदेतुप्रैषी वषट् कुर्य्युः, वाचमेव तदार्त्ता शान्तामृक्तवतीं वहरावर्णीमृच्छेयुः, अच्युताद्यज्ञस्य च्यवेरन्, यज्ञान् प्राणान् प्रजायाः पशुभ्यो जिह्मायेयुः, तस्मादृग्मेभ्य एव प्रेषितव्यमृग्मेभ्योऽधि वषट्कृत्यम् । तन्न वाचमार्त्तां शान्तामृक्तवतीं वहरावर्णीमृच्छति, नाच्युताद्यज्ञस्य च्यवेरन्, यज्ञान् प्राणान् प्रजायाः, पशुभ्यो जिह्मायन्ति । पारुच्छेपीरुपदधति, द्वयोः सवनयोः पुरस्तात् प्रस्थितयाज्यानाम् । रोहितं वै नामैतच्छन्दः, यत् पारुच्छेपम् । एतेन ह वा इन्द्रः सप्त स्वर्गाल्लोकानारोहत् । आरोहन्ति सप्त स्वर्गाल्लोकान्, य एवं वेद । तदाहुः, यत् पञ्चपद एव पञ्चमस्याह्नोरूपं, षट्पदात् षष्ठस्य, अथ कस्मात् सप्तपदात् षष्ठेऽहनि शस्यन्त इति । षड्भिरेव पद्भिः षष्ठमहरवाप्नुवन्ति,

विच्छिद्ये वै तदहः, यत् सप्तमम् । तदेव सप्तमेन पदेनाभ्यारुह्य वसन्ति, सन्तत्यैरुग्यहैरव्यवच्छिन्नैर्यन्ति, य एवं विद्वांस उपयन्ति ॥ १० ॥

कण्डिका १० ॥ षडह यज्ञ में पारुच्छेपी ऋचाओं का प्रयोग ॥

(देवक्षेत्रं वै षष्ठम् अहः) देव क्षेत्र [विद्वानों का घर] ही छठा दिन है । (देवक्षेत्रं वै एते आगच्छन्ति, ये षष्ठम् अहः आगच्छन्ति) विद्वानों के घर ही यह [यजमान लोग] आते हैं, जो छठे दिन आते हैं । (न वै देवाः अन्योन्यस्य गृहे वसन्ति, न ऋतुः ऋतोः गृहे वसति इति आहुः) न तो देवता [सूर्य वायु आदि] एक दूसरे के घर में बसते हैं, न ऋतु [वसन्त आदि] ऋतु के घर में बसता है—ऐसा लोग कहते हैं । (तत् यथायथं ऋत्विजः असम्प्रदायम् ऋतुयाजान् यजन्ति, यत् तत् जनिता यथायथम् ऋतून् कल्पयति) फिर यथायोग्य स्थान पर बैठे ऋत्विज लोग दूसरे को स्थान न देकर ऋतुओं के यज्ञों को करते हैं, जिस से तब जनिता [ऋतुओं का ठीक करने वाला ऋत्विज] यथायोग्य स्थान पर बैठा हुआ ऋतुओं को समर्थ करता है । (तत् आहुः ऋतुप्रैषी न प्रेष्येयुः न ऋतुप्रैषी वषट्कुर्युः) फिर कहते हैं—ऋतुप्रैषी [ऋतु यज्ञ के मन्त्र बतलाने वाला] प्रेष्य मन्त्र [होता यक्षदिन्द्रम्—इत्यादि यजु० २१ । ४५] को न बोले और न ऋतुप्रैषी वषट्कार [समाप्ति कर्म] करे । (वाक् वै ऋतुप्रेषा, वाक् वै षष्ठे अहनि आप्यायते इति) वाणी ही ऋतुप्रैष मन्त्र है, वाणी ही छठे दिन में समाप्त हो जाती है । (यत् ऋतुप्रैषी प्रेष्येयुः, यत् ऋतुप्रैषी वषट्कुर्युः, तत् आप्तां शान्तां ऋक्वतीं वहरावणीं वाचम् एव ऋच्छेयुः यज्ञस्य अच्युतात् च्यवेरन्) यदि ऋतुप्रैषी प्रैष मन्त्रों को बोले, और जो ऋतुप्रैषी वषट्कार करे, वह तब समाप्त हुई, थकी हुई शून्य वाली [निरर्थक] और बोझ से चिल्लाती हुई वाणी को ही प्राप्त करें और यज्ञ के न गिरते हुये प्रयोग से वे गिर पड़ें । (यज्ञान् प्राणान् प्रजायाः पशुभ्यः जिह्मायेयुः) यज्ञों और प्राणों को प्रजा से और पशुओं से वे टेढ़ा [प्रतिकूल] करें । (तस्मात् ऋग्मेभ्यः एव प्रेषितव्यम्, ऋग्मेभ्यः अधि वषट्कृत्यम्) इस लिये ऋचा [तुभ्यं हिन्वानो वसिष्ठ—ऋ० २ ।

१०—(देवक्षेत्रम्) क्षि निवासे—ष्ट्रन् । देवानां विदुषां गृहम् (अन्योन्यस्य) परस्परस्य (यथायथम्) यथायोग्यम् । स्वस्वस्थानग्रहणेन (असंप्रदायम्) नञ्+सम्+प्र+ददातेः—घञ्, युक् चं, ततो णमुल् । स्वस्थानम् अन्यस्मै अदत्वा (ऋतुप्रैषी) ऋतुप्रेष—इनि । ऋतुप्रैषाणाम् ऋतुयाजार्थं मन्त्राणां प्रवर्तकः (प्रेष्येयुः) प्रैष्येत । प्रवर्तेत (ऋतुप्रेषा) ऋतुप्रवर्तिका

३६ । १] को पहिले बोलकर ही प्रैष मन्त्र बोले और ऋचा को ही पहिले बोलकर वषट्कार बोले । (तत् आप्तां शान्ताम् ऋक्वतीम् वहरावणीं वाचं न ऋच्छन्ति, न यज्ञस्य अच्युतात् च्यवेरन्, [न] यज्ञान् प्राणान् प्रजायाः पशुभ्यः जिह्मायन्ति) तब वे समाप्त हुई, थकी हुई, शून्य वाली [निरर्थक] बोझ से चिल्लाती हुई वाणी को नहीं प्राप्त करते, और न यज्ञ के न गिरे हुये प्रयोग से गिरते और [न] यज्ञों और प्राणों को प्रजा से और पशुओं से टेढ़ा करते हैं ॥

(पारुच्छेपीः द्वयोः सवनयोः प्रस्थितयाज्यानां पुरस्तात् उपदधति) पारुच्छेपी [परुच्छेप की देखी ऋचाओं—अग्निं होतारं मन्ये—इत्यादि, ऋ० १ । सूक्त १२७—१३९] ऋचाओं को दोनों [पहिले] सवनों में प्रयोग के योग्य याज्याओं के पहिले वे धरते हैं । (रोहितं वै नाम एतत् छन्दः यत् पारुच्छेपम्) रोहित [चढ़ने योग्य] ही नाम यह छन्द है जो पारुच्छेप [परुच्छेप ऋषि के सूक्तों वाला] है । (एतेन ह वै इन्द्रः सप्त स्वर्गान् लोकान् आ-अरोहत्) इस [रोहित छन्द] से ही इन्द्र [परम ऐश्वर्यवान् जीव] सात स्वर्ग लोकों [अर्थात् भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यः सात व्याहृतियों से जिन का सम्बन्ध शिर, नेत्र, कण्ठ, हृदय, नाभि, पाद, और शिर से है] को चढ़ा । (सप्त स्वर्गान् लोकान् आरोहन्ति [आरोहति], यः एवं वेद) सात स्वर्ग लोकों को वह चढ़ता है जो ऐसा विद्वान् है । (तत् आहुः यत् पञ्चपदः एव पञ्चमस्य अहः रूपम्, षट्पदात् षष्ठस्य, अथ कस्मात् सप्तपदात् षष्ठे अहनि शस्यन्ते इति) फिर वे कहते हैं—पांच पद वाली ऋचायें ही पाचवं दिन का रूप हैं, छह पद वाले मन्त्र से छठे का [रूप है], फिर किस लिये सात पाद वाले मन्त्र से छठे दिन में वे स्तुति करते हैं । (षड्भिः एव पदैः षष्ठम् अहः आप्नुवन्ति, विच्छिद्ये वै तत् अहः यत् सप्तमम्) छह ही पादों से छठे दिन को वे प्राप्त करते हैं, काट

(आप्यायते) आ समाप्तौ + ष्यैङ् वृद्धौ—लट् । समाप्यते (आप्ताम्) समाप्ताम् (शान्ताम्) श्रान्ताम् । खेदयुक्ताम् (ऋक्वतीम्) रिचिर् विरेचने पृथग्भावे च—क्त, मतुप् आर्षरूपम् । ऋक्तां शून्याम् (वहरावणीम्) वह + रवण—स्वार्थे—अण्, ङीप्, । वहेन गुरुभारेण रवणं रादन यस्याः ताम् (ऋच्छेयुः) प्राप्नुयुः (अच्युतात) अनष्टात् प्रयोगात् (च्यवेरन्) पतनं प्राप्नुयुः (जिह्मायेयुः) जहातेः सन्वदाकारलोपश्च । उ० १ । १४१ । ओहाक् त्यागे—मन्, जिह्म इत्यस्मात् नामधातुः । कुटिलान् विरुद्धान् कुर्युः (ऋग्भ्येभ्यः) ऋच + याङ् माने—क । ऋक्शिरस्केभ्यः प्रैषमन्त्रेभ्यः ऊर्द्ध्वम् (जिह्मायन्ति) कुटिलान् कुर्वन्त (पारुच्छेपीः)

लेने पर [सातवां पाद निकाल देने पर] ही वह दिन है जो सातवां है [पारुच्छेपी सूक्त छन्दों और अतिछन्दों वाले हैं और अतिछन्दों में पांच, छह और सात पाद है]। (तत् एव सप्तमेन पादेन अभ्यारुह्य वसन्ति, संतत्यैः अव्यवच्छिन्नैः त्रयहैः यन्ति, ये एवं विद्वांसः उपयन्ति) तब ही वे लोग सातवें पाद से चढ़कर बसते हैं और फैले हुये और न टूटे हुये तीन दिन वाले यज्ञों से चलते हैं, जो ऐसे विद्वान् आते हैं ॥ १० ॥

भावार्थ—मन्त्रों के यथावत् विचार पूर्वक प्रयोग करने से यज्ञ सिद्धि करनी चाहिये ॥ १० ॥

टिप्पणी—इस कण्डिका को ऐ० ब्रा० ५। ६७। १० से मिलाओ ॥

कण्डिका ११ ॥

देवासुरा वा एषु लोकेषु समयतन्त। ते देवा षष्ठेनाह्ना एभ्यो लोकेभ्योऽसुरान् पराणुदन्त। तेषां यान्यस्तर्हस्तानि वसून्यासन्, तानादायन् समुद्रं प्राक्रम्यन्त। तेषां वै देवा अनुहायैतेनैव च्छन्दसा अन्तर्हस्तानि वसून्यादद्त। तदेवैतत् पदं, पुनःपदम्। स वांकुश आकुश्चनाया द्विषतो वसु दत्ते, निरेवैनमेभ्यः सर्वेभ्यो लोकेभ्यो नुदते, य एवं वेद। द्यौर्वै देवताः षष्ठमहर्वहति, त्रयस्त्रिंशस्तोमो रैवतं सामातिच्छन्दश्छन्दो यदादैवतमनेन यथास्तोमं यथासाम यथाछन्दः समृध्नोति, य एवं वेद। यद्वै समानोदर्कं, तत् षष्ठस्याह्नो रूपम्। यद्येव प्रथममहः, तदुत्तममहः, तदेवैतत् पदम्। पुनर्यत् षष्ठं, यदश्ववद्यद्रथवद्यत् पुनरावृत्तं, यत् पुनर्निवृत्तं, यदन्तरूपं, यदसौ लोकोऽभ्युदितः, यन्नाभानेदिष्ठं, यत् पारुच्छेपं, यन्नाराशंसं, यद् द्वैपदा, यत् सप्तपदा, यत् कृतं, यद्रैवतं, तत्तृतीयस्याह्नो रूपम्। एतानि वै षष्ठस्याह्नो रूपाणि छन्दसामु ह षष्ठेनाह्नाक्तानां रसो निनेजत्, तं प्रजापतिरुदानए नाराशꣳस्या गायत्र्या रैभ्या त्रिष्टुभा पारिक्षित्या जगत्या गाथया अनुष्टुभा एतानि वै छन्दांसि षष्ठेऽहनि शस्तानि भवन्ति अयातयामानि, छन्दसामेव तत् सरसतया अयातयामतायै। सरसानि हास्य

परुच्छेपेन महर्षिणा दृष्टाः ऋचः (प्रस्थितयाज्यानाम्) प्रातयाज्यानाम् (पञ्चपदः) पंचपादोपेताः (षट्पदात्) षट्पादयुक्ताच्छन्दसः (सप्तपदात्) सप्तपादयुक्तात् (विच्छिद्ये) छिदिर् द्वैधीकरणे—क्यप्। विच्छेदनीये सति (सन्ततैः) सम+तनु विस्तारे—क्यप्। सन्ततैः। विस्तृतैः (अव्यवच्छिन्नैः) विच्छेदरहितैः। परस्परसंयुक्तैः ॥

छन्दांसि षष्ठेऽहनि शस्तानि भवन्ति, सरसैः छन्दोभिरिष्टं भवति, सरसैः छन्दोभिर्यज्ञं तनुते, य एव वेद ॥ ११ ॥

कण्डिका ११ ॥ देवासुर सङ्ग्राम की आख्यायिका, यज्ञों में छठे दिन के कर्म ॥

(देवासुराः वै एषु लोकेषु समयतन्त) देवता और असुर इन लोकों में युद्ध करने लगे । (ते देवाः षष्ठेन अह्ना एभ्यः लोकेभ्यः असुरान् पराणुदन्त) उन देवताओं ने छठे दिन [के यज्ञ] द्वारा इन लोकों से असुरों को निकाल दिया । (तेषां यानि अन्तर्हस्तानि वसूनि आसन्, तान् [=तानि,] आदायन् समुद्रं प्रारूप्यन्त) उन [देवताओं] के जो हाथों में धन थे, उन्हें वे [असुर] ले गये और समुद्र में फेंक दिया । (देवाः वै तेषाम् अनुहाय एतेन एव छन्दसा अन्तर्हस्तानि वसूनि आददत) देवताओं ने उन का पीछा करके इस ही [पारुच्छेप] छन्द से [उन के] हाथ में के धनों को ले लिया । (तत् एव एतत् पदं, पुनःपदम्) वह ही यह पाद है, [जो] पुनःपद [छह पाद के बोले जाने के पीछे सातवां पाद] है । (सः वा अंकुशः आकुञ्चनाय, द्विषतः वसु आ दत्ते, एनम् एभ्यः सर्वेभ्यः लोकेभ्यः एव निर् नुदते, यः एवं वेद) वह ही समेटने के लिये अंकुश है, वह बैरी के धन को ले लेता है, और इस को इन सब लोकों से ही निकाल देता है, जो ऐसा विद्वान् है ॥

(द्यौः वै देवताः [देवता] षष्ठम् अहर्वहति, त्रयस्त्रिंशः स्तोमः, रैवतं साम अतिछन्दः छन्दः, अनेन यथादैवतम्, यथास्तोमम्, यथासाम यथाछन्दः समृध्नोति, यः एवं वेद) प्रकाशमान् सूर्य देवता [यज्ञ के] छठे दिन को ले चलता है, त्रयस्त्रिंश स्तोम, रैवत साम, और अति छन्द छन्द होता है । इस [विधान] से देवता के अनुसार, स्तोम के अनुसार, सामगान के अनुसार

११—(समयतन्त) सग्रामं कृतवन्तः (पराणुदन्त) परा—अनुदन्त । निःसारितवन्तः (अन्तर्हस्तानि) हस्तगतानि । अधिकारप्राप्तानि (आदायन्) आ+अदायन् । गृहीतवन्तः (प्रारूप्यन्त) प्र-अरूप्यन्त । रुह बीजजन्मनि प्रादुर्भावे च—णिच् । प्रक्षिप्तवन्तः (अनुहाय) अनु+ओहाङ् गतौ—ल्यप् । पृष्ठतो गत्वा (आददत) आ—अददत । गृहीतवन्तः (तत्) तत्र । पारुच्छेपीषु ऋक्षु (पुनःपदम्) षट्सु पादेषु समाप्तेषु पुनः पश्चात् उच्चार्यमाणः सप्तमः पादः (अङ्कुशः) वक्राग्रलौहास्त्र भेदः (आकुञ्चनाय) आकर्षणाय (आ दत्ते) गृह्णाति

और छन्द के अनुसार वह समृद्ध होता है, जो ऐसा विद्वान् है । (यत् वै समानोदर्कं, तत् षष्ठस्य अह्नः रूपम्) जो हि समान अन्त कर्म है, वह छठे दिन का रूप है । (यदि एव प्रथमम् अहः, तत् उत्तमम् अहः, तत् एव एतत् पदम्) जो ही पहिला दिन है, वह ही सब से पिछला दिन है [पहिले दिन के समान पिछले दिन काम होता है], वह ही वह पाद है । (पुनः यत् षष्ठं, यत् अश्ववत्, यत् रथवत्, यत् पुनरावृत्तम्, यत् पुनर्निवृत्तं, यत् अन्तरूपं, यत् असौ अभ्युदितः लोकः यत् नाभानेदिष्ठं यत् पारुच्छेपं यत् नाराशंसं, यत् द्वैपदा, यत् सप्तपदा, यत् कृतं, यत् रैवतं, तत् तृतीयस्य अह्नः रूपम्) फिर जो छठा [दिन] है, जो अश्व शब्द वाला, जो रथ शब्द वाला, जो आवृत्ति वाला और जो पुनर्निवृत्ति वाला, और जो अन्तरूप वाला छन्द है, जो वह [सूर्य] उदय होता हुआ लोक है, जो नाभानेदिष्ठ, जो पारुच्छेप और जो नाराशंस सूक्त है, जो दो पादवाली ऋचा और सात पाद वाली ऋचा है, जो कृत [भूत काल] है और जो रैवत साम है, वह तीसरे दिन का रूप [चिन्ह] है । (एतानि वै षष्ठस्य अह्नः रूपाणि, षष्ठेन अह्ना अक्तानां छन्दसाम् उ रसः निनेजत्) यह ही छठे दिन के रूप हैं, छठे दिन के साथ मिले हुये छन्दों का रस पुष्ट किया जावे । (तं [तस्मै] प्रजापतिः उदानः ए [एव]) उस [यजमान] के लिये उदान वायु ही प्रजापालक है । (नाराशंस्या गायत्र्या रैभ्या त्रिष्टुभा पारिक्षित्या जगत्या गाथया अनुष्टुभा) नाराशंसी, गायत्री, रैभी, त्रिष्टुप्, पारिक्षिती [पारिक्षित् शब्द वाली], जगती, गाथा, और अनुष्टुप् ऋचा के साथ [यह काम होता है] । (एतानि वै छन्दांसि षष्ठे अहनि अयातयामानि शस्तानि भवन्ति, तत् छन्दसाम् एव सरसतयै [सरसतायै], अयातयामतायै) यह ही छन्द छठे दिन में उचित समय

(द्यौः) प्रकाशलोकः । सूर्यः (वहति) निर्वहति । प्रवर्तयति (अतिछन्दः) गायत्र्यादि सप्तछन्दोभ्योः अधिकाक्षरयुक्तं छन्दः (समानोदर्कम्) तुल्यसमाप्तिकम् (पुनरावृत्तम्) पुनरावृत्तियुक्तम् (पुनर्निवृत्तम्) पुनर्निष्पादितं । पुनः सिद्धम् (पारुच्छेपम्) पारुच्छेपेन दृष्टम् (द्वैपदा) द्विपादोपेता ऋक् (सप्तपदा) सप्तपादोपेता । यथा पारुच्छेपी (कृतम्) भूतार्थवाचि प्रत्ययप्रयुक्तं धातुमात्रम् (अक्तानाम्) सङ्गतानाम् (निनेजत्) णिजिर् शौचपोषणयोः । शोधयेत् । पोषयेत् (पारिक्षित्या) परिक्षित्—अण्, ङीप् । परीक्षित्छन्देनोपेतया (अयातयामानि) उचितसमययोग्यानि (इष्टम्) अभिलषितम् । प्रियम् (भवति) प्राप्नोति (तनुते) विस्तारयति ॥

